इस प्रकार ब्रह्मचर्याश्रम में ब्रह्मचारी के लिए महर्षि दयानन्द जी ने उसके नैतिक नियमों का उल्लेख किया है।

दूसरा आश्रम **गृहस्थाश्रम** है। गृहस्थाश्रम में मनुष्य विवाह करा के प्रतिदिन पंच महायज्ञों का पालन करता है। गृहस्थ पुरुष शेष तीनों आश्रमों का पालन-पोषण करता है। इसलिए गृहस्थाश्रम और भी उत्तरदायित्वपूर्ण आश्रम है। महर्षि दयानन्द जी का कथन है कि "गृहस्थ रात्रि के चौथे पहर अथवा चार घड़ी रात से उठे व आवश्यक कार्य कर धर्म और अर्थ, शरीर के रोगों का निदान और परमात्मा का ध्यान करे। कभी भी अधर्म का आचरण न करे।"४

"गृहस्थ को चाहिये कि अपनी स्त्री तथा भगिनी, सम्बन्धी और गोत्र के तथा अन्य भद्रपुरुष वा वृद्ध हों उन सबको अत्यन्त श्रद्धा से उत्तम अन्न, वस्त्र, सुन्दर स्थान आदि देकर अच्छे प्रकार से अर्थात् जिस २ कर्म से उनका आत्मा तृप्त और स्वस्थ रहे उस कर्म से प्रीति पूर्वक उनकी सेवा करनी वह श्राद्ध और तर्पण कहाता है" सत्यार्थप्रकाश ४ समु०। इसी प्रकार गृहस्थ अपने कर्तव्यों का पालन करता हुआ अपना विकास और राष्ट्र की उन्नति में सदा लगा रहे।

---

१. इन्द्रियाणाँ विचरताँ विषयेष्वपहारिषु ।
संयमे यत्नमातिष्ठेद्विद्वान् यन्तेव वाजिनाम्
(मनु० २।८८)

२. इन्द्रियाणां प्रसङ्गेन दोषमृच्छत्यसंशयं,
सन्नियम्य तु तान्येव ततः सिद्धिं नियच्छति ।।

३. अहिंस्यैव भूतानाँ कार्यं श्रेयोऽनुशासनं,
वाक् चैव मधुराश्लक्षणा प्रयोज्या धर्ममिच्छता

यस्य वाङ्मनसो शुद्धे सम्यक् गुप्ते च सर्वदा,
स वै सर्वमवाप्नोति वेदान्तोपगतं फलम् ।।
मनु. २।१५९।।

४. ब्राह्मे मुहूर्ते बुध्येत धर्मार्थौ चानुचिन्तयेत् ।
कायक्लेशांश्च तन्मूलान् वदेत्तत्वार्थमेव च ।।
मनु. ४।९२।।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तीसरा आश्रम **वानप्रस्थाश्रम** है। इस आश्रम में मनुष्यों का कर्तव्य है कि गृहस्थाश्रम को पूर्ण करके शहर से बाहर अथवा एकान्त स्थान में जाकर तपस्या आदि का आचरण करता हुआ, जिस विद्या की न्यूनता गृहस्थ में रहते हुए हो गई थी, उसको पुनः प्राप्त करके पढ़ने पढ़ाने का कार्य करे।

चौथा आश्रम है **संन्यास आश्रम**। इस आश्रम में संसार के सभी राग द्वेषों से ऊपर उठकर तत्व-ज्ञान को प्राप्त करके निष्पक्ष भाव से सर्वत्र सत्य का उपदेश करे। महर्षि दयानन्द जी ने पंचम समुल्लास में लिखा है कि "संन्यासी बुद्धिमान् वाणी और मन को अधर्म से रोक कर उनको ज्ञान और आत्मा में लगावें, उस ज्ञान स्वात्मा को परमात्मा में लगावे और उस विज्ञान को शान्तस्वरूप आत्मा में स्थिर करे।" पंचम समुल्लास ॥ "सब भूतों में इन्द्रियों के विषयों का त्याग, वेदोक्त कर्म, और अत्युग्रतपश्चरण से इस संसार में मोक्ष पद को पूर्वोक्त संन्यासी ही सिद्ध कर और करा सकते हैं अन्य नहीं।" सत्यार्थ प्रकाश पंचम समुल्लास ॥

यह समाज का प्रथम सामाजिक विभाजन है। दूसरा इसप्रकार है—समाज के चार वर्ग किये गये हैं—१. ब्राह्मण २. क्षत्रिय, ३. वैश्य ४ शूद्र। महर्षि दयानन्द जी इन चारों वर्णों को जन्म से न मानकर कर्म से मानते हैं। उनका कथन है कि जन्म से सब शूद्र हैं, उनका वर्ण निर्विघ्न कर्म से होता है।१ इनमें ब्राह्मणों का कर्तव्य है अध्ययन, अध्यापन, यज्ञ करना तथा कराना, दान लेना एवं देना।२ मन से बुरे कामों की कभी भी इच्छा न करे। और कभी भी अधर्म में प्रवृत्त न होवे। इन्द्रियों को विषयों से रोके और जितेन्द्रिय होकर के सदैव धर्म का अनुष्ठान करे ये भी ब्राह्मण के कर्तव्य हैं।३

क्षत्रियों के कर्तव्य इस प्रकार हैं। जनता की रक्षा करना परन्तु दुष्टों को दण्ड देना। दान देना परन्तु सुपात्रों को। और वेदादि शास्त्रों का अध्ययन करना। विषयों में कभी भी आसक्त न होना। ये क्षत्रियों के कर्तव्य हैं।४

वैश्यों के कर्तव्य—पशुओं का पालन एवं संवर्धन करना, विद्या आदि की वृद्धि के लिए दान देना, और सत्य शास्त्रों का पढ़ना, सब प्रकार के व्यापार करना, अनधिकार व्याज न लेना, कृषि करना बतलाये गये हैं।५

शूद्रों के कर्तव्य इस प्रकार हैं कि अभिमान आदि दोषों को छोड़ कर शेष तीनों वर्णों की सेवा करना,

ये चारों वर्णों के संक्षेप में कर्तव्य हैं। ऋषि दयानन्द जी सत्यार्थ प्रकाश में लिखते हैं कि "जिस जिस पुरुष में जिस २ वर्ण के गुण कर्म हों, उस २ वर्ण का अधिकार देना, ऐसी व्यवस्था रखने से सब मनुष्य उन्नतिशील होते हैं। क्योंकि उत्तम वर्णों को भय होगा कि जो हमारे सन्तान मूर्खत्वादि दोषयुक्त होंगे तो शूद्र हो जायेंगे। और सन्तान भी

---

१. जन्मना जायते शूद्रः कर्मणा द्विज उच्यते ॥
२. अध्ययनं अध्यापनं यजनं याजनं तथा दानं प्रतिग्रहश्चैव ब्राह्मणानामकल्पयत् ॥
३. शमो दमस्तपः शौचं शान्तिरार्जवमेव च। ज्ञानं विज्ञानमास्तिक्यं ब्रह्मकर्म स्वभावजम् ॥
४. प्रजानां रक्षणं दानमिज्याध्ययनमेव च। विषयेष्वप्रसक्तिश्च क्षत्रियस्य समासतः ॥
५. पशूनां रक्षणं दानमिज्याध्ययनमेव च। वणिक्पथं कुसीदं च वैश्यस्य कृषिमेव च ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

डरते रहेंगे कि जो हम उक्तचाल चलन और विद्या-युक्त न होंगे तो हमें शूद्र होना पड़ेगा। और नीच वर्णों को उत्तम वर्णस्थ होने के लिए उत्साह बढ़ेगा। सत्यार्थ० ४ समु०।

महर्षि के उपरोक्त कथन से स्पष्ट होता है कि चारों वर्ण अपने-२ स्थानों पर श्रेष्ठ हैं हाँ, शूद्र के विषय में उनके वक्तव्य से स्पष्ट हो जाता है कि शूद्र उसी को कहेंगे जो विद्या आदि को प्राप्त प्रयास करने पर भी न कर सके। अर्थात् जो केवल सेवा आदि ही कर सके। यह किसी जातिविशेष का नाम नहीं है अपितु जो उस योग्य होगा वह शूद्र कहलायेगा, चाहे वह ब्राह्मण की ही सन्तान क्यों न हो।

इसप्रकार भारतीय मनीषियों ने समाज का वर्गीकरण इस प्रकार किया है कि सभी व्यक्तियों को उन्नति करने का अवसर प्राप्त हो। महर्षि दयानन्द जी का कहना है कि समाज का वातावरण इस प्रकार का हो कि हम सदैव सत्य का आचरण कर सकें। इस लिए आर्यसमाज के छठे नियम में उन्होंने कहा है कि "सत्य के ग्रहण करने और असत्य के त्यागने में सर्वदा उद्यत रहना चाहिये।" जब इस प्रकार का वातावरण बन जावेगा तो मनुष्य अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकेगा। इस के लिए उन के अनुसार वेद में बतलाया मार्ग अपनाना पड़ेगा क्योंकि मनुष्य का ज्ञान संशयात्मक हो सकता है परन्तु वेद का ज्ञान निर्भ्रान्त है। वेद में सामाजिक संगठन के लिए बहुत सुंदर उपदेश है— हे मनुष्यों! साथ मिलकर चलो, सम्यक् प्रकार से बोलो और अपने मनो को समान बनाओ।१ इसी प्रकार कहा है—संसार में जो कुछ भी है, उस में परमात्मा व्याप्त है। यह संसार जो भोगस्वरूप प्राप्त हुआ है, इस का उपभोग त्यागपूर्वक करो, लोभ मत करो। यह धन किसी का भी नहीं हुआ है और न होगा।२ वस्तुतः यह वेद का मार्ग सर्वोत्तम सुनहरा मार्ग है।

व्यक्तिगत कर्त्तव्यों में यह है कि हम स्वच्छ रहें, जो पुरुषार्थ के पश्चात् प्राप्त हो उस में संतुष्ट रहें। सुख दुःखादि द्वन्द्वों को सहन करें, ईश्वर को सर्वव्यापक जानते हुए उस का स्मरण करें आदि।३ नियम कहलाते हैं। ये व्यक्तिगत धर्म हैं, इन का पालन करना चाहिये।

महर्षि जी के नीतिसम्बन्धी विचारों का विवेचन करने से हम इस तथ्य पर पहुंचते हैं कि मनुष्य एक इकाई है. वह नैतिक सिद्धान्तों का प्रारम्भ है अर्थात् समाज के लिए व्यक्ति और व्यक्ति के लिये समाज है। जब कि हेगल कहता है समाज के लिए व्यक्ति है। परन्तु ऋषि जी के विचारानुसार दोनों में किसी एक का महत्त्व न्यून नहीं समझा जा सकता है। काण्ट का जो यह कहना है शुभ ऐसे हो जो अपने में शुभ हो अर्थात् साक्षेप शुभ नहीं है। परन्तु वह शुभ क्या क्या हो इस को काण्ट गिना नहीं पाये। अतएव काण्ट का नीतिशास्त्र एक दूसरी दुनियाँ की वस्तुमात्र थी। परन्तु महर्षि का आचारशास्त्र व्यावहारिक है। उसे व्यव-

---

१. संगच्छध्वं संवदध्वम् संवो मनाँसि जानताम्॥
(ऋग्वेद १० म०सू० १०९।

२. ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्॥
तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्यस्विद्धनम्॥
॥ यजु० ४०।१।

३. शौचसन्तोषतपःस्वाध्यायेश्वरप्रणिधानानि
नियमाः॥ (योग० सत्यार्थप्र० ३स मु०

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हार के धरातल की कसौटी पर कस कर देखा जा सकता है। वे कहते हैं कि दुष्टता को सहन करने वाला मनुष्य दुष्ट मनुष्य से भी बुरा है। अहिंसा कहाँ पर हिंसा और हिंसा कहाँ पर अहिंसा बन जाती है इस का सुन्दर विवेचन ऋषि जी ने सत्यार्थ प्रकाश के षष्ठ समुल्लास के राजनीति प्रकरण में किया है। जब कि काण्ट इससे भिन्न मानता है।

ऋषि दयानन्द जी जहाँ यह बतलाते हैं कि इन नैतिक सिद्धान्तों का उपयोग हमें बुद्धिमानी से करना होगा, वहाँ वे यह भी नहीं मानते हैं कि आचार अपने अपने देश की मान्यता है। क्योंकि अहिंसा आदि शाश्वत नियमों को स्वीकार करते हैं। पूर्व अफ्रीका के किसी स्थान पर चतुर चोरों को पारितोषिक दिया जाता है। अतः उन का यही नैतिक सिद्धान्त हुआ। उत्तर—नैतिक सिद्धान्तों को परिवर्तनशील नहीं माना जा सकता है। चोरी करना सब स्थानों पर बुरा है। नैतिकता के कुछ शाश्वत सिद्धान्तों को सार्वभौम मानना ही होगा। हाँ, यदि आपत्तिकाल में किसी राष्ट्र के रक्षक राष्ट्र की रक्षा के लिए ऐसा करते हैं तो ये एक अपवाद माना जा सकता है क्योंकि उनकी भावना नैतिक है। अपने स्वार्थ के लिए चोरी आदि कभी भी, कहीं भी नैतिक नहीं है।

महर्षि दयानन्द जी अपने नीतिशास्त्र में कर्म और ज्ञान का समन्वय करते हैं। जैसे गीता में साँख्य-योग और कर्मयोग को मोक्ष के साधनरूप में स्वीकार किया गया है। परन्तु गृहस्थी सब प्रकार के कर्मों से संन्यास नहीं ले सकता इस लिये कर्मयोग को श्रेष्ठ बतलाया गया है। श्रीकृष्ण जी गीता में योग का लक्षण कर्मों में पूर्णतः कुशलता अथवा दक्षता प्राप्त करना, मानते हैं। १ परन्तु ज्ञान का अभाव नहीं माना गया है। महर्षि दयानन्द जी की मान्यता इस विषय में स्पष्ट हैं, वे ज्ञान के बिना कर्म को स्वीकार नहीं करते हैं। क्योंकि यदि कर्त्तव्य कर्म का ज्ञान ही नहीं होगा तो अज्ञानी श्रेष्ठ कर्म कैसे करेगा। अतः उनके मत में ज्ञान और कर्म दोनों आवश्यक हैं।२ वेद, उपनिषद् और साँख्यदर्शन आदि की भी यही मान्यता है। ज्ञान के बिना मुक्ति सम्भव कभी नहीं हो सकती है।३

---

१. योगः कर्मसु कौशलम् ।। (गीता)

२. जो मनुष्य विद्या और अविद्या के स्वरूप को साथ-साथ जानता है, वह अविद्या अर्थात् कर्मोपासना से मृत्यु को तर के विद्या अर्थात् यथार्थ ज्ञान से मोक्ष को प्राप्त होता है ।। (स०पु० ९ समु०)

३. ऋते ज्ञानान्न मुक्तिः (साँ० दर्शन ३।२४।

'गुरुकुल पत्रिका—आयुर्वेद अंक'

मार्गशीर्ष-पौष २०३१ (दिसम्बर ७४-जनवरी ७५)

हमें खेद है कि किसी कारणवश हम कार्तिक-मार्गशीर्ष २०३१ को प्रकाशित किया जाने वाला 'आयुर्वेद-अंक' प्रकाशित न कर सके। अब हमारा आगामी अंक **'आयुर्वेद-अंक'** के रूप में प्रकाशित होगा, जो मार्गशीर्ष-पौष २०३१ का संयुक्तांक होगा। ग्राहकों के लिये मूल्य साधारण अंक के समान ही रहेगा। उन व्यक्तियों को जो पृथक् से इस अंक को खरीदना चाहें रु०२)५० में यह अंक उपलब्ध हो सकेगा। धन धनादेश द्वारा **'सम्पादक—गुरुकुल पत्रिका, डाकघर—गुरुकुल कांगड़ी'** के पते पर भेजें।

—सम्पादक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विजयी बना आज अंबर है

श्री सालिकराम शर्मा "विमल" बी. ए.

हमने हर कीमत पर संकट दुख को सहना सीख लिया है।
किन्तु आज ऐसा लगता है दुख की मार नहीं कम होगी ।।
एक ओर धरती ने अपना विकट विकटतम रूप दिखाया।
धूल उड़ाकर जैसे उसने हरे घाव पर नमक लगाया।
बदल गया उसका हर कोना आज दरारों, चट्टानों में।
नव हरीतिमा बदल गई है उजड़े घोर बियाबानों में।
और दूसरी ओर वारिदों का नभ से गायब हो जाना।
हमने अपने पूर्व कर्म का अनुचित कल सम ही अनुमाना।
उन्हें कसम है अगर बूंद इक भी धरती तल पर बरसे हों।
और हमारी हीन दशा पर जो अपने उर सरसे हों।
विजयी बना आज अंबर है, अंबर का कोना कोना है।
और हमें ऐसा लगता है अपनी हार नहीं कम होगी ।।१।।

रोते और बिलखते बच्चों की क्या अपने दशा बतायें।
कैसे जननी जनक भार्या, उदर-पीर को शांत करायें।
देख सदन का खाली कोना उर में टीस उभर आती है।
आंखों की काली पलकों में इक कालिमा उतर आती है।
खुली खिड़कियां कुछ कहती हैं, कुछ कहते लगते दरवाजे।
शून्य सदन कुछ व्यंग भरी अपने पर कसता है आवाजें।
चूल्हे चौके पर शायद ही कभी आग भी जल पाती हो।
काँस-पतीली में तृण सब्जी शायद कभी उबल पाती हो।
घर को श्मशान में ढलते देख नयन भी भर आते हैं।
अब तो ऐसा लगता जैसे आँसू धार नहीं कम होगी ।।२।।

अपने अपने नहीं रहे अब, सब रिश्ते तो टूट गये हैं।
प्रेम और सौहार्द आज इक झटका देकर टूट गये हैं।
ऋण तो जैसे जन्म-सिद्ध-अधिकार बन गया पूरा अपना।
महंगाई ने तोड़ दिया है, साहस, धैर्य, हौंसला, सपना।
ठंठ हड्डियों के ढाँचे में रह न गई अब शक्ति अधूरी।
जिससे देश देश में जाकर हम कुछ कर पायें मजदूरी।
अब तो घिसट घिसट कर मरना जैसे केवल शेष रहा है।
या दुर्दिन के दृश्य देखना भर ही अब अवशेष रहा है।
जिन्दा हमें जला देने को आग बहुत है धरतीतल की।
किन्तु पेट की ज्वाला में जलने में वार नहीं कम होगी ।।३।।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अमर शहीदों के प्रति

श्री विष्णुदेव प्रसाद विद्यालंकार, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

(१)

शुभ वेला इस पुण्य-दिवस में,
चहूं दिशि चारु प्रतत वितान ।
आज के ही दिन पूर्ण हुआ,
उन वीरवरों का स्वप्न महान् ।।

(२)

त्याग और बलिदानों के
उपरान्त हुआ सुन्दर परिणाम ।
पावन कीर्ति अमर रही पर
केवल काया का अवसान ।।

(३)

इसी अगस्त को अस्त हुआ,
उस दुःशासन शासन का ।
चिरकाल आसीन रहा जो,
रूप धरा पवनाशन का ।।

(४)

बलिहारी उन बलिदानी की,
पर-कर से जो मुक्त किया ।
सुत, वित अरु ऐश्वर्य त्याग कर,
बदले में वह मृत्यु लिया ।।

(५)

मसि नहि वीरों के खूनों से,
भारत का इतिहास बना ।
प्रताप, भगत, आजाद यथा,
नर-पुंगवों ने यहीं जना ।।

(६)

शक्तिशाली राष्ट्रों ने तेरा,
जब करना चाहा इम्तिहान ।
नष्ट किया जिन दिन टैंकों का,
धूल मिला उसका अभिमान ।।

(७)

निज शक्ति परीक्षण करने को,
जब भी दूसरों का ललकारा ।
फटा बम तो पाक धरा पर,
बेचारा निक्सन चित्कारा ।।

(८)

देश की रक्षा करने के हित,
जो आये खेतों में काम ।
धन्य विभूति भारत मां का,
करते जिसका सुरगण गुणगान ।।

(९)

कर हताहत अरिदलों को,
जो जाता है स्वर्ग सिधार ।
वह वीरों के खून की लाली है ।
जो रवि लाता प्रातः उपहार ।।

(१०)

तेरी गाथा को गाने में,
कवियों में है शक्ति कहाँ ।
पहुंच नहीं हो सकती मेरी
ब्रह्मलीन आसीन जहाँ ।।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अक्टूबर १९७४ अंक से आगे—

सामवेद-हिन्दी-पद्यानुवाद (उत्तरार्चिक)

श्री विद्यानिधि शास्त्री

(९८५)

पुरूरुणा चिद्ध्यस्त्यवो नूनं वां वरुण ।
मित्र वंसि वां सुमतिम् ॥

विस्तृत विशाल रक्षण हमको मिले तुम्हारा ।
हे मित्र ! हे वरुण ! तुम देओ हमें सहारा ॥
कल्याणकारिणी जो मति है प्रभो ! तुम्हारी ।
मांगू उसे यहां मैं हर दो कुबुद्धि सारी ॥

(९८६)

ता वां सम्यगद्रुह्वाणेषमश्याम धाम च ।
वयं वां मित्रा स्याम ॥

हे द्रोहहीन भगवन् ! तुम मित्र या वरुण हो ।
हम अन्न धाम धन को पावें, तुम्हीं प्रगुण हो ॥
सम्यक् पवित्र जीवन अपना सदा बनावें ।
हों भक्त आप के ही प्रभु ! आप में समावें ॥

(९८७)

पातं नो मित्रा पायुभिरुत त्रायेथां सुत्रात्रा ।
साह्याम दस्यून् तनूभिः ॥

हे मित्र ! या वरुण ! तुम रक्षा करो हमारी ।
निज सौम्य रक्षणों से हर लो विपत्ति सारी ॥
हम दस्यु को दबा दें ऊंचे शरीर बल से ।
रक्षक बनें सुजन के, भयभीत हों न खल से ॥

(९८८)

उत्तिष्ठन्नोजसा सह पीत्वा शिप्रे अवेपयः ।
सोममिन्द्र चमू सुतम् ॥

हे इन्द्र ! सोम पीकर तुम हो प्रदीप्त भाते ।
द्यौ भूमि रूप नथनों को खूब हो कंपाते ॥
उठ साथ ओज बल के, गौरव विशेष पाते ।
देखो स्वपात्र के सुत रस बिन्दु चमचमाते ॥

(९८९)

अनु त्वा रोदसी उभे स्पर्धमान मददेताम् ।
इन्द्र यद् दस्युहाभवः ।

संघर्ष में पड़े तुम रिपु को पछाड़ देते ।
द्यौ भूमि हैं तुम्हारे अनुकूल साथ देते ॥
स्पर्धा विरोध तुम से क्या दस्युजन करेगा ।
हे इन्द्रदेव ! अपनी खुद मौत वह मरेगा ॥

(९९०)

वाचमष्टापदीमहं नवस्त्रक्तिमृतावृधम् ।
इन्द्रात् परितन्वं ममे ॥

ऋग्वेदरूप वाणी मैं आठ अष्टकों की ।
बोलूं सुवर्णवर्णा जो है नहीं टकों की ॥
नवसृष्ट सत्यवर्धक वह इन्द्र के लिये ही ।
निर्मित करूं हृदय से बन नित्यमुक्त देही ॥

(९९१)

इन्द्राग्नी युवामिमे३ऽभि स्तोमा अनूषत ।
पिबतं शम्भुवा सुतम् ॥

हे इन्द्र ! अग्नि ! शम्भो ! ये स्तोत्र हैं प्रशंसित ।
गाये गये तुम्हारे हित हैं तुम्हें अभीप्सित ॥
इस इष्ट सोमरस को पीओ प्रसन्न होओ ।
मेरे समस्त संकट भय रोग शोक खोओ ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(६६२)

या वां सन्ति पुरुस्पृहो नियुतो दाशुषे नरा ।
इन्द्राग्नी ताभिरागतम् ॥

यजमान भक्त के हित जो हैं नियम तुम्हारे ।
जिन की स्पृहा करें सब, जिनके रहें सहारे ॥
हे इन्द्र ! अग्नि ! उनसे संयुक्त तुम पधारो ।
निर्मल हमें बनाकर भवबन्ध से उभारो ॥

(६६३)

ताभिरागच्छतं नरोपेदं सवनं सुतम् ।
इन्द्राग्नी सोमपीतये ॥

हे इन्द्र ! अग्नि ! नेता ! उन उच्च साधनों से ।
आओ यहां सवन में तुम पूर्ण सब धनों से ॥
पानार्थ सोमरस के, हम सब तुम्हें बुलावें ।
सबसे पवित्र मैत्री कर शत्रुता भुलावें ॥

(६६४)

अर्षा सोम द्युमत्तमोऽभि द्रोणानि रोरुवत् ।
सीदन् योनौ वनेष्वा ॥

हे सोम ! दिव्य हो तुम अतिशय महत्त्व वाले ।
जो द्रोणरूप दिल में क्रन्दन करो निराले ॥
बैठे समाधियों में, गिरिगह्वरों, वनों में ।
गतिशील रस बहा दो योगीश सज्जनों में ॥

(६६५)

अप्सा इन्द्राय वायवे वरुणाय मरुद्भ्यः ।
सोमा अर्षन्तु विष्णवे ॥

ये सोम रस बहावें प्रिय इन्द्र वायु के हित ।
साथी वरुण मरुद्गण हैं विष्णु भी उपस्थित ॥
है दर्शनीय जिनका सौन्दर्य वीर्य पूरा ।
माधुर्य भी कहीं पर होता नहीं अधूरा ॥

(६६६)

इषं तोकाय नो दधदस्मभ्यं सोम विश्वतः ।
आ पवस्व सहस्रिणम् ॥

हे सोम ! तुम हमारे धन अन्न पुत्र के हित ।
झर दो पवित्र रस को चहुं ओर से अभीप्सित ॥
संसार के हजारों ऐश्वर्य भी हमें दो ।
कोई कमी न होवे ऐसा विभव हमें दो ॥

(६६७)

सोम उ ष्वाणः सोतृभिरधि ष्णुभिरवीनाम् ।
अश्वयेव हरिता याति धारया मन्द्रया याति धारया ॥

अभिषुत हुआ सरस है यह सोम, भक्त जन से ।
शोधा गया प्रकृति के परमाणुरूप मन से ॥
वडवा समान सुन्दर गम्भीर धार वाला ।
जावे दिशा दिशा में करता फिरे उजाला ॥

(६६८)

अनूपे गोमान् गोभिरक्षाः सोमो दुग्धाभिरक्षाः ।
समुद्रं न संवरणान्यग्मन् मन्दी मदाय तोशते ॥

जल में धुली सुनिर्मल गोरूप इन्द्रियों से ।
गोपाल सोम झरता रस, भर सुगन्धियों से ॥
ज्यों जल समुद्र में जा हों मन्द मन्द बन्दी ।
त्यों सोम जोश देवे सब छोड़ चाल गन्दी ॥

(६६९)

यत् सोम चित्रमुक्थ्यं दिव्यं पार्थिवं वसु ।
तन्नः पुनान आभर ॥

हे सोम ! जो अनूठा द्यौ भूमि का विभव है ।
वह दो हमें, तुम्हारा निःस्वार्थ ही प्रसव है ॥
भगवन् ! प्रशस्त वर दो, भर दो प्रशस्त बातें ।
झर दो मिठास जिससे बीतें पुनीत रातें ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(१०००)

वृषा पुनान आयूंषि स्तनयन्नधि बर्हिषि ।
हरिः सन् योनिमासदः ॥

तुम सोम ! कामवर्षक हरि हो अनिष्टहर्ता ।
बैठे हृदयकलश में गम्भीर शब्दकर्ता ॥
हम भक्त मानवों के आयुष्य को बढ़ाओ ।
निर्मल पवित्र अपने स्वधाम में चढ़ाओ ॥

(१००१)

युवं हि स्थः स्वः पती इन्द्रश्च सोम गोपती ।
ईशाना पिप्यतं धियः ॥

स्वामी सभी सुखों के हे इन्द्र ! सोम ! तुम हो ।
गोरूप इन्द्रियों के रक्षक सदैव सम हो ॥
ईश्वर बने जगत् के तुम बुद्धि शुद्ध कर दो ।
अज्ञान तम हटा कर विज्ञान चित्त भर दो ॥

(१००२)

इन्द्रो मदाय वावृधे शवसे वृत्रहा नृभिः ।
तमिन्महत्स्वाजिषूतिमर्भे हवामहे स वाजेषु प्र नोऽविषत् ॥

बल हर्ष हेतु सब नर उस इन्द्र को बढ़ावें ।
छोटे बड़े समर में रक्षक उसे बनावें ॥
वह वृत्र का निहन्ता ऊंचा नरेश्वरों में ।
रक्षा करे हमारी धन अन्न संगरों में ॥

(१००३)

असि हि वीर सेन्योऽसि भूरि परादिः ।
असि दभ्रस्य चिद् वृधो यजमानाय शिक्षसि सुन्वते भूरि ते वसु ॥

हे वीर ! आप भारी रिपु को परे धकेलो ।
हो श्रेष्ठ सैन्यचालक भरपूर खेल खेलो ॥
कमजोर को बढ़ाओ, यजमान को सिखाओ ।
निजभक्त को बहुत धन दो, सत्य पंथ दिखाओ ॥

(१००४)

यदुदीरत आजयो धृष्णवे धीयते धनम् ।
युङ्क्ष्वा मदच्युता हरी कं हनः कं वसौ दधोऽस्माँ इन्द्र वसौ दधः

हे इन्द्र! जब समर हों तब धन मिले बली को ।
मारो तुम्हीं किसी को, धन दो तुम्हीं किसी को ॥
रवि चन्द्र मस्त घोड़े जोड़ो, हमें बचाओ ।
सर्वोच्च आप अपने ऐश्वर्य में बिठाओ ॥

(१००५)

स्वादोरित्था विषूवतो मधोः पिबन्ति गौर्यः ।
या इन्द्रेण सयावरी वृष्णा मदन्ति शोभथा वस्वीरनु स्वराज्यम् ।

स्वादिष्ठ सोम पीवें चहुं ओर से यहां पर ।
ये गौर सूर्य किरणोपम वाणियां मधुरतर ॥
वृष इन्द की बनी जो साथिन, खुशी मनावें ।
धन के निवास वाली सोहैं, स्वराज्य पावें ॥

(१००६)

ता अस्य पृशनायुवः सोमं श्रीणन्ति पृश्नयः ।
प्रिया इन्द्रस्य धेनवो वज्रं हिन्वन्ति सायकं वस्वीरनु स्वराज्यम् ॥

रवि रश्मि तुल्य सुन्दर उद्दीप्त कान्ति वाली ।
ये सोम को पकावें स्तुति वाणियां निराली ॥
प्रिय धेनु इन्द्र की बन दृढ़ वज्र को बनावें ।
धन के निवास वाली सोहैं, स्वराज्य पावें ॥

(१००७)

ता अस्य नमसा सहः सपर्यन्ति प्रचेतसः ।
व्रतान्यस्य सश्चिरे पुरूणि पूर्वचित्तये वस्वीरनु स्वराज्यम् ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इस सोम के विभव को पूजें, नमें, सराहें ।
उद्बुद्ध वाणियां ये कर्तव्य को निबाहें ॥
पालें नियम इसी का, प्राग्बोध हेतु आवें ।
धन के निवास वाली सोहें, स्वराज्य पावें ॥

(१००८)

असाव्यंशुर्मदायाप्सु दक्षो गिरिष्ठाः ।
श्येनो न योनिमासदत् ॥

मदहेतु सोम रस का अभिषव यहां किया है ।
इस देहरूप गिरि में आश्रय उसे दिया है ॥
बैठा स्वयोनि में ही वह दक्ष पक्षिसम है ।
संसाररूप जल में उत्तीर्ण एकदम है ॥

(१००९)

शुभ्रमन्धो देववातमप्सु धौतं नृभिः सुतम् ।
स्वदन्ति गावः पयोभिः ॥

शुचि सोम, भक्त जन ने जल में धुला निचोड़ा ।
जो है विनष्ट करता दुर्भावरूप फोड़ा ॥
प्रिय दिव्य वायुसेवित जिसके स्तवार्थ भारी ।
दें स्वाद दूध से गौसम वाणियां हमारी ॥

(१०१०)

आदीमश्वं न हेतारमशूशुभन्नमृताय ।
मधो रसं सधमादे ॥

अमृतत्व के लिये सब जिस सोम को सजावें ।
स्थिर अश्व तुल्य बल का प्रेरक जिसे बतावें ॥
माधुर्य पूर्ण जिसके रस की प्रशस्ति गावें ।
सहभोज में, हवन में उससे महत्त्व पावें ॥

(१०११)

अभि द्युम्नं बृहद् यश इषस्पते दिदीहि देव देवयुम् ।
वि कोशं मध्यमं युव ॥

हे देव! अन्न के पति! धन यश बहुत बढ़ा दो ।
द्युतियुक्त दिव्यपन की शुभ कामना बढ़ा दो ॥
गम्भीर मध्यवर्ती विज्ञान कोश खोलो ।
आनन्दधाम अपनी ऊंची मिठास घोलो ॥

(१०१२)

आ वच्यस्व सुदक्ष चम्वोः सुतो विशां वह्निर्न विश्पतिः । वृष्टिं दिवः पवस्व रीतिमपो जिन्वन् गविष्टये धियः ॥

मन बुद्धि पात्र में सुत हे दक्ष सोम! आओ ।
तुम वह्निसम जनों के रक्षक वचन सुनाओ ॥
द्यौलोक से झरो शुभ जल वृष्टि की झड़ी को ।
गोप्राप्ति हेतु कर दो दृढ़ कर्म की लड़ी को ॥

(१०१३)

प्राणा शिशुर्महीनां हिन्वन्नृतस्य दीधितिम् ।
विश्वा परि प्रिया भुवदध द्विता ॥

जो प्राण है जगत् का, शिशुतुल्य मैल धोओ ।
वह दीप्त सत्यवर्धक भगवान् असत्य खोवें ॥
सबका सभी जगह है जो दूसरा सहायक ।
प्रिय विश्व वस्तुओं में है व्याप्त उच्च नायक ॥

(१०१४)

उप त्रितस्य पाष्योरभक्त यद् गुहा पदम् ।
यज्ञस्य सप्त धामभिरध प्रियम् ॥

सत्त्वादि तीन गुण से जो है अतीत योगी ।
वह ईशभक्त है त्रित, रोगी न हो, न भोगी ॥
हो पैर भग्न उसका भव कूप बन्धनों से ।
है सोम मस्त सातों वह यज्ञसाधनों से ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(१०१५)

त्रीणि त्रितस्य धारया पृष्ठेष्वेरयद् रयिम् ।
मिमीते अस्य योजना वि सुक्रतुः ।।
त्रित भक्त को स्वयं प्रभु रस धार से न्हलावें ।
भव पृष्ठ भूमियों में ऐश्वर्य निज बहावें ।।
मापें विशुद्ध कर्मा त्रित हेतु तीन योजन ।
रखना तृतीय पद में ही एक है प्रयोजन ।।

(१०१६)

पवस्व वाजसातये पवित्रे धारया सुतः ।
इन्द्राय सोम विष्णवे देवेभ्यो मधुमत्तरः ।।
बल अन्न दान के हित हे सोम ! रस झरो तुम ।
अभिषुत पवित्र दिल में धारा सहित बहो तुम ।।
ये इन्द्र विष्णु आदिक सब देवगण विचारे ।
अतिशय मधुर तुम्हारे हर दम रहें सहारे ।।

(१०१७)

त्वां रिहन्ति धीतयो हरिं पवित्रे अद्रुहः ।
वत्सं जातं न मातरः पवमान वि धर्मणि ।।
बन निर्विकार मन में ज्ञानेन्द्रियां हमारी ।
पवमान ! ये तुम्हारा लें स्वाद खूब भारी ।।
ज्यों सृष्टि में जननियां निज जात वत्स चाटें ।
हरि आपसे मिली त्यों ये पाप मैल काटें ।।

(१०१८)

त्वं द्यां च महिव्रत पृथिवीं चाति जभ्रिषे ।
प्रति द्रापिममुञ्चथाः पवमान महित्वना ।।
ऊंचे व्रती ! महेश्वर ! पवमान ! तुम बड़े हो ।
द्यौ भूमि को संभाले भगवन् ! तुम्हीं खड़े हो ।।
अद्भुत महत्त्व से निज आवरण डालते हो ।
पहने जगत् कवच को सब भूत पालते हो ।।

(१०१९)

इन्दुर्वाजी पवते गोन्योघा इन्द्रे सोमः सह इन्वन् मदाय । हन्ति रक्षो बाधते पर्यरातिं वरिवस्कृण्वन् वृजनस्य राजा ।।
झर सोम इन्दु बलवान् मद इन्द्र में बढ़ावे ।
गो दुग्ध सम निरन्तर रस के प्रवाह लावें ।।
सब शत्रु राक्षसों को मारे, परे हटावे ।
राजा बना भुवन में सुख शान्तियां बहावे ।।

(१०२०)

अध धारया मध्वा पृचानस्तिरो रोम पवते अद्रिदुग्धः । इन्दुरिन्द्रस्य सख्यं जुषाणो देवो देवस्य मत्सरो मदाय ।।

मधु धार से विभूषित कर रोम रोम शोधित ।
यह सोम सोहता है आदृत महर्षि-दोहित ।।
मद हर्ष का सरोवर रस दिव्य झर रहा है ।
बन इन्दु इन्द्र का प्रिय चिर सख्य कर रहा है ।।

(१०२१)

अभि व्रतानि पवते पुनानो देवो देवान्त्स्वेन रसेन पृञ्चन् । इन्दुर्धर्माण्यृतुथा वसानो दश क्षिपो अव्यत सानो अव्ये ।।

करता हुआ स्वरस से संपृक्त देवजन को ।
शोधे स्वयं व्रतों को यह देव सब भुवन को ।।
समयानुसार सुन्दर निज धर्म में चलावे ।
दश इन्द्रियाँ समाहित कर मुदितपथ दिखावे ।।

(१०२२)

आ ते अग्न इधीमहि द्युमन्तं देवाजरम् । यद्ध स्या ते पनीयसी समिद् दीदयति द्यवीषं स्तोतृभ्य आभर ।।

हे अग्निदेव ! तुमको हम हैं प्रदीप्त करते ।
तुम दीप्तिमान् अजर हो संसार में विचरते ।।
स्तुतियोग्य वह तुम्हारी द्यौ में समिद्ध भा है ।
यजमान भक्तजन को दो अन्न, कामना है ।।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(१०२३)

आ ते अग्न ऋचा हविः शुक्रस्य ज्योतिषस्पते । सुश्चन्द्र दस्म विश्पते हव्यवाट् तुभ्यं हूयत इषं स्तोतृभ्य आभर ॥

हे अग्नि ! विश्वपति ! तुम हो दर्शनीय सुन्दर ।
प्रिय भव्य हव्यवाहक हो शुक्ल दीप्ति मन्दिर ॥
हवि दें तुम्हें ऋचा से यह शुद्ध भावना है ।
यजमान भक्त जन को दो अन्न, कामना है ॥

(१०२४)

ओभे सुश्चन्द्र विश्पते दर्वी श्रीणीष आसनि । उतो न उत्पुपूर्या उक्थेषु शवसस्पत इषं स्तोतृभ्य आ भर ॥

हे चन्द्र ! विश्वपति ! तुम रहते सदैव सुख में ।
द्यौ भूमिरूप दोनों कड़छी रखो स्वमुख में ॥
भर दो हमें स्तवों में बलवान् तुम्हें सुना है ।
यजमान भक्त जन को दो अन्न, कामना है ॥

(१०२५)

इन्द्राय साम गायत विप्राय बृहते बृहत् । ब्रह्मकृते विपश्चिते पनस्यवे ॥

प्रिय इन्द्रदेव के हित सब भक्त लोग आओ ।
प्यारा बड़ा मनोहर शुभ सामगान गाओ ॥
जो विप्र है विपश्चित् स्तोतव्य वेदकृत् है ।
माना हुआ जगत् का राजा बड़ा अमृत है ॥

(१०२६)

त्वमिन्द्राभिभूरसि त्वं सूर्यमरोचयः । विश्वकर्मा विश्वदेवो महां असि ॥

हे इन्द्र ! तुम सभी में व्यापक बने हुए हो ।
तुम सूर्य के प्रकाशक जग मे सुने हुए हो ॥
अभिभव करो सभी का प्रभु हो महान् तुम्हीं तो ।
हो देव विश्वकर्मा शिल्पी बड़े तुम्हीं तो ॥

(१०२७)

विभ्राजञ्ज्योतिषा स्वा ३ रगच्छो रोचनं दिवः । देवास्त इन्द्र सख्याय येमिरे ॥

चमको प्रकाश से तुम सुख में रहो सदा ही ।
स्वर्लोक में विराजो पा उच्च बादशाही ॥
हे इन्द्र ! देवगण सब चिर मित्रता तुम्हारी ।
चाहें, तदर्थ करते हैं वे प्रयत्न भारी ॥

(१०२८)

असावि सोम इन्द्र ते शविष्ठ धृष्णवा गहि । आ त्वा पृणक्त्विन्द्रियं रजः सूर्यो न रश्मिभिः ॥

हे इन्द्र ! शत्रुधर्षक ! राजन् ! बलिष्ठ ! आओ ।
तैयार सोम है यह पीओ महत्त्व पाओ ॥
ज्यों सूर्य रश्मियों से सब लोक पूर्ण कर दे ।
त्यों यह सभी तुम्हारे देहेन्द्रियादि भर दे ॥

(१०२९)

आ तिष्ठ वृत्रहन् रथं युक्ता ते ब्रह्मणा हरी । अर्वाचीनं सु ते मनो ग्रावा कृणोतु वग्नुना ॥

हे इन्द्र ! वृत्रहन् ! तुम बैठो स्वकीय रथ पर ।
हैं ज्ञान से नियोजित रवि चन्द्र अश्व जिस पर ॥
अनुकूल हो तुम्हारा मन सोमपान के हित ।
पाषाण सम रगड़ से हो चित्त भी समाहित ॥

(१०३०)

इन्द्रमिद्धरी वहतोऽप्रतिधृष्टशवसम् । ऋषीणां सुष्टुतीरुप यज्ञं च मानुषाणाम् ॥

उस अप्रधृष्य बल से संयुक्त इन्द्र को ही ।
रवि चन्द्र अश्व ढोवें, होवें कभी न मोही ॥
सुन्दर महर्षियों की स्तुतियां समीप होवें ।
शुभ यज्ञ मानवों के मिल सौख्य बीज बोवें ॥

॥ तृतीय प्रपाठक समाप्त ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुणागार दयानन्द

श्री महावीर 'नीर' विद्यालंकार

अगर तुम जगाते न दयानन्द स्वामी, तो भारत की जनता सोती ही रहती ।
अगर तुम बताते सुपथ ना सभी को, तो असम्भूति पूजा होती ही रहती ।।

ये वेदों की बात, य ईश्वर की बातें,
रहे तुम सुनाते, हमें मुस्कराते ।
अगर तुम सुनाते हमें यह न स्वामी,
तो काली घटायें छायी ही रहती· · ·

कहीं पंथ पूजा, कहीं था घुटाला
तुम्हीं बन के आये सभी को उजाला ।
अगर तुम उगाते न सूरज यहां पर,
तो पोपों की पूजा होती ही रहती· · ·

कहीं रो रही थी, विधवायें नारी,
कहीं रो रही थी, गऊवें बेचारी ।
अगर तुम उठाते गिरों को न स्वामी
तो विधवा व गऊवें रोती ही रहती· · ·

ढेले भी खाए, पत्थर भी खाये,
विष भी पिया और बड़े कष्ट पाये ।
अगर तुम उठाते न कष्टों को स्वामी
तो दुष्टों की चालें होती ही रहती· · ·

तुम्हें हो नमन हे दयाधाम स्वामी, तुम्हें हो नमन हे गुणागार स्वामी ।
अगर तुम पिलाते सुधारस न स्वामी । तो कवि 'नीर' आंखें रोती ही रहती· · ·

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

राष्ट्र के मुख्य छः आधार

श्री राजेन्द्रप्रसादसिंह, गुरुकुल कांगड़ी

सत्यं बृहदृतमुग्रं दीक्षा तपो ब्रह्मयज्ञः पृथिवीं धारयन्ति ।
सा नो भूतस्य भव्यस्य पत्न्युरुं लोकं नः कृणोतु ।।

अथर्ववेद के पृथ्वी-सूक्त का यह प्रथम मन्त्र है। इसमें पृथ्वी को या राष्ट्र को धारण करने वाले छः श्रेष्ठ गुणों का तथा कर्मों का वर्णन किया गया है। राष्ट्र को धारण करने का अभिप्राय उसकी स्वतन्त्रता एवं शान्ति का स्थिर रहना है। यदि राष्ट्र का एक-एक व्यक्ति अथवा परिवार अपने आपको सुखी अनुभव करता है। चोरों और डाकुओं का भय नहीं। दानवों का उपद्रव नहीं । अराजकता नहीं तो समझना चाहिये राष्ट्र स्थिर है ।

इसमें सर्वप्रथम **'सत्यं बृहत्'** अर्थात् महान् सत्य को राष्ट्र का आधार बताया गया है। निःसन्देह सत्य महान् है। सत्य ही सबसे बड़ा धर्म है। (न हि सत्यात् परो धर्मः) शतपथकार ने तो कहा (यत् सत्यं स धर्मः यो धर्मः तत् सत्यम्) अर्थात् सत्य ही धर्म है एवं धर्म ही सत्य है। सत्य ने ही इस पृथ्वी को उठा रखा है। (सत्येनोत्तभिता भूमिः) ऋ०१०।८५।१।

प्रश्न होता है--सत्य ने भूमि को किस प्रकार उठा रखा है ? उत्तर--भूमि या राष्ट्र से अभिप्राय वहाँ की हरी भरी पृथ्वी, खेत, बागबगीचे, नदी, नाले, या पर्वतों से ही नहीं है। राष्ट्र का मुख्य अभिप्राय तो उस देश में रहने वाले जनसमुदाय से है। यदि थोड़ी देर के लिए हम राष्ट्र से सत्य को विदा करदें तो उसका पुत्र विश्वास एवं इमानदारी साथ ही चली जायेगी। ऐसी अवस्था में स्वामी व सेवक का, दुकानदार व ग्राहक का व्यवहार नहीं चल सकता क्योंकि सेवक इसी विश्वास पर महीनाभर तत्परता से कार्य करता है कि मास की समाप्ति पर मुझे आजीविका के लिए द्रव्य प्राप्त हो जायेगा। यदि विश्वास न हो तो सेवक पहले वेतन प्राप्त करने की इच्छा करेगा और स्वामी पहले काम लेना चाहेगा। इस खींचातानी में कोई कार्य न हो सकेगा। सारे राष्ट्र में अव्यवस्था हो जायेगी। इसी लिए कहा गया है कि सत्य ही राष्ट्र का आधार है।

२. **'ऋतं उग्रम्'** उग्र, दृढ़, व्यवस्था नियम, अनुशासन। राष्ट्र का अनुशासन या भिन्न २ प्रकार के राष्ट्र को चलाने वाले नियम दृढ़ होने चाहियें। दृढ़ता से उनका पालन किया जाना चाहिये। छोटे से लेकर बड़े नियम तक यदि उसमें ढील दे दी जायेगी तो शनैः-शनैः अव्यवस्था हो जायेगी। चोरी एक बहुत बड़ा अपराध है। प्राचीन युग में चोरी का दंड बड़ा उग्र होता था। चोरों को मृत्युदंड दे दिया जाता था। अथवा हाथ काट दिये जाते थे। इसके लिये शंख और लिखित मुनि की कथा प्रसिद्ध है। यह कथा श्री मैथिलीशरण गुप्त जी के भारत भारती पुस्तक से उद्धृत की गई है जिसको यहाँ मैं प्रस्तुत करता हूं--आदर्श पद हैः

यदि भूलकर अनुचित किसी ने काम कर डाला कभी
तो वह स्वयं नृप के निकट दण्डार्थ जाता था तभी
अब भी, 'लिखित' मुनि का चरित वह लिखित है इतिहास में।
अनुपम सुजनता सिद्ध है जिसके अमल अभास में ।।

"शंख और लिखित नाम के दो भाई थे। वे बड़े तपस्वी और सदाचारी थे। बहुदा नदी के किनारे उन दोनों के जुदा-जुदा आश्रम थे। एक दिन लिखित मुनि अपने बड़े भाई शंखमुनि के आश्रम में पहुंचे। वहाँ के वृक्षों में स्वादिष्ट और मधुर फल

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लगे हुए थे। शंख की अनुपस्थिति में लिखित मुनि ने उन फलों को तोड़ कर खाया। जब शंख को यह बात मालूम हुई तब उन्होंने कहा--भाई, तुमने अच्छा काम नहीं किया। मेरी आज्ञा के बिना मेरे आश्रम के फल क्यों खाये? जो हो, तुम चोरी के अपराध के अपराधी हो। अतएव तुम्हें चाहिये कि तुम राजा के पास जाकर दण्ड की प्रार्थना करो। बड़े भाई की बात सुनकर लिखित मुनि राजा सुद्युम्न के पास गये और सब हाल सुनाकर बोले कि मैं चोर हूं, मुझे दण्ड दीजिए। राजा ने कहा--तुम्हारी सत्यता पर प्रसन्न होकर मैं तुम्हें क्षमा करता हूं। जब राजा के दण्ड देने से पाप दूर हो जाता है तब क्षमा कर देने से भी पाप दूर हो जायेगा, जाइए। परन्तु लिखित मुनि ने न माना निदान उनके दोनों हाथ काट डाले गये। हाथ कटवा कर वे अपने बड़े भाई शंख के पास आये और फिर उनसे क्षमा माँगकर अपने आश्रम में तप करने चले गये।"

वर्तमान में काश्मीर राज्य में महाराजा प्रतापसिंह के समय चोरी करने वालों के लिए अति कठोर दण्ड था। एक यात्री नदी के किनारे अपने रुपयों की थैली भूल गया। जिसमें सौ के लगभग रुपये थे। पीछे से आने वाले एक दूसरे यात्री ने सूने में पड़ी हुई थैली को उठा लिया और चलता बना। पहले यात्री को लगभग १० मील यात्रा करने के बाद अपनी थैली का ध्यान आया। वह तेजी से वापस लौटा। सारे मार्ग में देखता आया तथा नदी पर आकर उसने विशेषरूपेण खोज की। थैली न मिलने पर वह पास के ग्राम में गया। वहाँ के नम्बरदार या सरपंच से थैली के गुम हो जाने की बात कही। ग्रामवासियों से पूछ-ताछ की गई पर कुछ पता न चला। अन्त में नम्बरदार ने सुझाव दिया कि यदि तुम शीघ्रता से महाराज के पास पहुंच सको तो सम्भव है तुम्हारा रुपया मिल जावे। गरीब यात्री महाराज प्रतापसिंह जी के पास गया और अपनी सारी कहानी कह सुनाई। महाराज ने तत्काल सिपाहियों को बुलाकर आज्ञा दी कि अपराधी की जल्दी से जल्दी खोज करो। आज से दो दिन बाद मैं भी ग्राम पहुंचूंगा। तब तक अपराधी पकड़ा जाना ही चाहिये। सिपाहियों ने कमर कस लिया। घुड़सवार दौड़ाये गये। अपराधी पकड़ लिया गया। यथा समय महाराज भी उपस्थित हो गये। अपराधी को पेश किया गया। महाराज ने पूछा--"तुमने थैली क्यों उठाई?" "श्रीमन्! सूने में पड़ी थी, मैंने उठा ली।" "क्या तुम्हारी थी?" महाराज ने दूसरा प्रश्न किया। "नहीं, अन्नदाता! मेरी तो नहीं थी।" "जब तुम्हारी नहीं थी, तुमने क्यों उठा ली? तुम्हारे इस अपराध के कारण रुपयों के मालिक को, राजकीय कर्मचारियों को तथा मुझे कितना कष्ट हुआ। इसका अनुमान तुम नहीं लगा सकते" और आज्ञा हुई कि अपराधी के हाथ काट कर पास के बड़े नगर के प्रधान द्वार पर खड़ा कर दिया जाय और एक सिपाही आने जाने वालों को बताता जाय कि इसे चोरी के अपराध में यह दण्ड मिला है। ऐसी उग्र व्यवस्था होने पर भला कौन चोरी कर सकता है।

३. **दीक्षा**--राष्ट्र का तीसरा आधार है। दीक्षा का अर्थ यहाँ दृढ़ संकल्प है। राष्ट्र का एक-२ व्यक्ति अपने२ कर्त्तव्यके पालन में दृढ़संकल्प हो। चारों वर्ण, चारों आश्रम सभी राष्ट्र की प्रगति के लिए दृढ़ संकल्प होकर कार्य करें। अध्यापक शिक्षक का कार्य पूर्ण तत्परता से करें और समझें कि हमें बालकों (शिष्यों) को राष्ट्र के योग्य बनाना है। व्यापारी वर्ग इस बात के लिए दृढ़ संकल्प हों कि हमें श्रेष्ठ तथा विस्तृत व्यापार के द्वारा देश में धन-धान्य की वृद्धि करनी है। राष्ट्र का रक्षा-विभाग तथा न्याय-विभाग दूध और पानी का पानी करने के लिए दृढ़ संकल्प हों। देश के कृषक श्रेष्ठ अन्न के उत्पादन में तत्परता दिखायें।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

४. तपः—सत्य व्यवस्था दृढ़ संकल्प की पूर्ति बिना तप के नहीं हो सकती। कष्ट (द्वन्द्वसहनं तपः) अपने कर्त्तव्य के पालन के लिए सर्दी, गर्मी, भूख-प्यास, हानि-लाभ, सुख-दुःख आदि द्वन्द्वों का सहन तप है। राष्ट्र के एक-२ व्यक्ति को तपोनिष्ठ होने की आवश्यकता है। जो जितने बड़े अधिकारी हैं, जिनके कन्धों पर बड़ा उत्तरदायित्व है वे उसी मात्रा में अधिक तपस्वी होने चाहियें। शूद्रों की अपेक्षा वैश्य, वैश्यों की अपेक्षा क्षत्रिय तथा क्षत्रियों की अपेक्षा ब्राह्मण अधिक तपस्वी हों। विद्वान् चाणक्य की तपस्या एक आदर्श के रूप में उपस्थित की जा सकती है।

५. ब्रह्म—ब्रह्म का अर्थ है वेद-ज्ञान तथा विवेक। देश का एक-२ नागरिक सुपठित हो। एक वेद की शिक्षाओं से सुशिक्षित हो जैसा कि राष्ट्रीय प्रार्थना में कहा गया है (सभेयो युवास्य यजमानस्य वीरो जायताम्) यजु० २२।२२। यजमान के पुत्र सभ्य सुशिक्षित हों। केवल साक्षरता किस काम की। सदाचार की शिक्षा ही वास्तविक शिक्षा है। देशवासी सुशिक्षित होकर विवेकपूर्वक वाणी का प्रयोग करें। विवेकपूर्वक हृदय से संकल्प करें तथा विवेकपूर्वक ही कर्म करें। उदाहरण के लिये वाणी में बड़ी शक्ति है। यदि उसका प्रयोग बिना विचारे किया जाये, तब उसके द्वारा घोर अनर्थ हो जाते हैं। परन्तु विवेक से प्रयुक्त वाणी शान्ति की स्थापना करती है।

६. राष्ट्र का छठा आधार है **यज्ञ** अर्थात् देवपूजा, संगतिकरण और दान। राष्ट्र के एक-२ विद्वान् का सत्कार किया जाय। राष्ट्र का एक-२ व्यक्ति संगठित हो, सबके हृदय में संगच्छध्वम् की ऋचा गूंज रही हो तथा एक-२ व्यक्ति में दान की उदात्त भावना हो। और सबसे बढ़कर देश के लिये बलिदान देने की उत्कृष्ट भावना रहे।

ब्रह्म तथा यज्ञ का दूसरा सीधा-सादा अर्थ ज्ञान तथा कर्म भी है। ज्ञानपूर्वक किया हुआ कर्म ही व्यक्ति, परिवार, समाज तथा राष्ट्र को उन्नत करता है।

आज राष्ट्र के छहों आधार अस्त हो गए हैं। सत्य के स्थान पर झूठ का बोलबाला है। विद्यार्थी प्रायः नकल करके उत्तीर्ण होना चाहते हैं। बहुत से अध्यापक विद्यार्थियों को स्वयं नकल करवाते हैं। व्यापारी वर्ग में कम तौलने और कम नापने तथा खाने पीने की वस्तुओं में मिलावट की प्रवृत्ति में असत्य ही कार्य कर रहा है। राज्य-कर्मचारियों में रिश्वत बढ़ गई है। पकड़े जाने पर देने वाला लेने वाला दोनों ही मिथ्याभाषण करके बचना चाहते हैं। झूठे गवाह पेश किये जाते हैं। ऐसी अवस्था में ऊपर के आडम्बर या चमकदमक कितनी बढ़ जाय किन्तु राष्ट्र उन्नत नहीं हो सकता। दूसरे राष्ट्रों की दृष्टि में उसकी प्रतिष्ठा नहीं हो सकती। हमारे व्यापारी विदेशियों के साथ लेन-देन में जब बेईमानी करते हैं तब वे यह भूल जाते हैं कि इस बेईमानी से सारा राष्ट्र बदनाम होता है। अलीगढ़ के ताले मशहूर हैं। अलीगढ़ का एक तालों का एजेन्ट अमेरिका नगर न्यूयार्क में तालों का आर्डर लेने गया। बहुत से दुकानदारों ने उसे आर्डर दिये। दो वार माल सही निकला तीसरी बार तालों के स्थान पर ईंटें निकलीं। इस तरह की बेईमानियाँ राष्ट्र को सदा के लिये बदनाम कर देती हैं।

दूसरे नियम, अनुशासन या व्यवस्था भी बहुत ढीलीढाली है। बड़े कार्यालय से लेकर छोटे से छोटे कार्यालय तक ९५ प्रतिशत अधिकारी व्यवस्था का पालन नहीं करते। बड़े अधिकारी तो प्रायः एक-एक दो-दो घण्टे देर से पहुंचते हैं। इसका प्रभाव छोटों पर पड़ता ही है। परिणामस्वरूप कोई काम समय पर समाप्त नहीं होता। जो मुकदमे अधिक से अधिक ६ महीने में समाप्त हो जाने चाहियें। वे तीन-तीन वर्ष लटके रहते हैं। इसप्रकार अनेक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उदाहरण अव्यवस्था के दिये जा सकते हैं।

दृढ़ संकल्प के अभाव में यदि राष्ट्र के लोग संकल्पहीन हों या विकल्पों में ही घूमते रहें, ऐसी अवस्था में कोई कार्य ठीक ढंग से पूर्ण नहीं हो सकता। देश में पञ्चवर्षीय योजनायें प्रायः अधूरी ही रह जाती हैं। पाँच वर्ष पूरे हो जाने के वाद रिपोर्ट छपती है कि कितना कार्य शेष रह गया। यदि देशवासियों में दृढ़ संकल्प हो तो कार्य निश्चित समय से दो चार दिन पूर्व ही समाप्त हो जाना चाहिये।

तप की शत्रु विलासिता ने देश में मानो डेरा डाल लिया है। विलासी, आलसी व प्रमादी हो जाता है। इसके दुर्व्यसन बढ़ते चले जाते हैं। शराब, मांस, तम्बाकू, अफ़ीम आदि नशीली वस्तुओं का अधिक प्रयोग विलासिता का परिचायक है।

इसी प्रकार विवेक तथा संगठन या विवेक-पूर्वक कर्म न करने की प्रवृत्ति तथा परिवार-परिवार में, प्रान्त-प्रान्त में प्रान्तीय भाषाओं में आपस की फूट देश को आगे नहीं बढ़ने देती। जिस देश में इन ६ आधारों का ध्यान रखा जाता है वे देश ही उन्नत तथा चिरकाल तक स्वतन्त्र रहते हैं।

मन्त्र के अगले चरण में बताया गया है कि हमारे भूत तथा भविष्य की रक्षा करने वाली मातृ-भूमि हमें विस्तृत सुखसुविधाजनक स्थान प्राप्त करावे। राष्ट्रों का इतिहास उनके भूतकाल के गौरव का दर्पण होता है। जैसे पृथ्वी सूक्त में ही आगे चल कर बताया गया कि "यस्यां पूर्वे पूर्वजना विचक्रिरे यस्यां देवा असुरान् अभ्यवर्तयन्"— हम उस पृथ्वी के निवासी हैं जहाँ हमारे पूर्वजों ने विविध श्रेष्ठ कर्म किये तथा जहाँ देवों ने असुरों को पराजित किया। इसप्रकार राष्ट्र का इतिहास हमें अच्छी-अच्छी प्रेरणायें देता है। अपने पूर्वजों के श्रेष्ठ अनुकरणीय कार्यों को हमें अपनाना चाहिये। उन वीरों से सत्प्रेरणायें ग्रहण करके हम राष्ट्र के भविष्य का निर्माण करें। हमेशा भूतकाल से प्रेरणा लेकर भविष्य के लिये योजनायें बनाई जाती हैं।

इस श्रेष्ठ मन्त्र के आधार पर राष्ट्र उत्तरोत्तर वृद्धि को प्राप्त होते हैं। इसमें कोई सन्देह नहीं।

॥ ओ३म् शम् ॥

शोक समाचार

हमें यह जानकर अत्यन्त दुःख हुआ कि गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के अति पुरातन काल के संस्कृत व्याकरण के प्राध्यापक श्री पं० कन्हैयालाल जी शास्त्री का २२-१०-७४ को देहावसान हो गया। उन्होंने सौ वर्ष की आयु प्राप्त की थी। वे अध्ययन-अध्यापन में सतत संलग्न रहते थे। गुरु-शिष्य-परम्परा के वे आदर्श प्रतीक थे। दिवंगत आत्मा के लिये परमेश्वर से प्रार्थना है कि वह दिवंगत आत्मा को सद्गति तथा पारिवारिक जनों को आत्मिक शान्ति प्रदान करे।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुरुकुल समाचार

श्री महावीर 'नीर' विद्यालंकार

ऋतु–रंग

अक्तूबरमासोऽयं आगतः। अधुना सर्वत्र ऋतोः परिवर्तनकारीरूपं दरीदृश्यते यथा—

अब शीत ने अपना प्रभाव दिखाना प्रारम्भ कर दिया है। स्वास्थ्य और ताज़गी प्रदान करने वाली शीत ऋतु की अगवानी करने के लिए समस्त कुलवासी नये-नये ऊनी परिधान धारण कर सन्नद्ध और समुत्सुक हो उठे हैं। समीपस्थ फूले श्वेत-श्वेत काँस के झुण्ड पूर्णरूपेण वर्षा को विदाई दे चुके हैं। मौसम नवजीवन की ओर अग्रसरित है। गर्जन-तर्जन व वर्षण करने वाले मेघ पतंगी कागज की भांति कहीं दूर देश को उड़ गए हैं। अमृत वाटिका में नये २ फूलों की बहार आ चुकी है। पपीते के वृक्षों पर ढेर से पपीते मन को मोह रहे हैं। आँवलों के वृक्ष अपनी अलग छटा दिखा रहे हैं। समीपस्थ तालतलैयों और कल-कलनिनादिनी गंगनहर का जल स्वच्छ और उज्ज्वल हो चला है। शरद पूर्णिमा के चन्द्र की सुधावर्षिणी ज्योत्स्ना ने मानों गुरुकुल नगरी को दुग्ध की धारा से स्नान करा दिया। चन्द्रमा का हंसता हुआ मुखड़ा समस्त कुलवासियों के हृदयों में आल्हाद और उमंग भर उठा। अब कुलीय धान की फसल कटने लग गई है। नये खेतों में गेहूं आदि बोने की तैयारी प्रारम्भ हो चुकी है। मैदानों में चरती कुल की हृष्ट-पुष्ट गायें बड़ी भली प्रतीत होती हैं और साथ ही कीड़े-मकौड़ों की टोह में पंक्तिबद्ध श्वेत-श्वेत बगुलों की पंक्तियाँ मन को हठात् आकर्षित कर लेती है। आकाश स्वच्छ व उज्ज्वल हो उठा है। कुलीय जनों का स्वास्थ्य उत्तम है।

विद्यालय-विभाग

विद्यालय विभाग में अध्ययन-अध्यापन का कार्य सुचारू रूप से प्रारम्भ है। इस समय विद्यालय विभाग में लगभग २५० छात्र अध्ययन कर रहे हैं। स्वास्थ्य सबका उत्तम है। क्रीड़ा आदि के द्वारा ब्रह्मचारी अपना मनोरंजन कर स्वास्थ्य-लाभ कर रहे हैं। आशा है अधिकारी वर्ग आश्रम व विद्यालय की ओर विशेष ध्यान देकर अपनी प्रबन्धकुशलता का परिचय देकर विद्यालय की उन्नति की ओर अग्रसारित करेंगे।

क्रीड़ा-आयोजन

गुरुकुल की अपनी प्राचीन परम्परा के अनुसार महाविद्यालय-विभाग और विद्यालय विभाग में विजयादशमी का पर्व बड़ी धूम-धाम से मनाया गया। महाविद्यालय-विभाग में तो सारी ही परम्परायें ध्वस्त हो चुकी हैं किन्तु विद्यालय-विभाग के १०म श्रेणी तक के छात्र उस सुन्दर परम्परा का निर्वाह अभी भी मनोयोगपूर्वक व उत्साहपूर्वक करते आ रहे हैं। विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी २१ ता० से २६ ता० तक विजयादशमी का पर्व बड़े उल्लास व उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। क्रीड़ामन्त्री ब्र० ओम्प्रकाश १०म के नेतृत्व में क्रीड़ा का कार्यक्रम चला। अन्य ब्रह्मचारियों ने पूर्ण रूप से अपना सहयोग देकर आयोजन को सफल बनाया। विजयादशमी के क्रीड़ा-कार्यक्रमों का उद्घाटन श्री आचार्य रामनाथ जी वेदालंकर ने ध्वजारोहण के द्वारा सम्पन्न किया। विभिन्न

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

क्रीड़ा-सान्मुख्यों का परिणाम इसप्रकार रहा—

कबड्डी सान्मुख्य में ब्र० गणेश ७म का दल विजयी रहा। अशोक बुराड़ी, प्रदीप कलकत्ता ८म, ओम्प्रकाश १०म, प्रमोद आरा १०म, कलमसिंह ९म का खेल विशेष प्रशंसनीय रहा। फुटबाल में ब्र० राजेश ९ म, का दल विजयी रहा। कुण्डल शिकार में ब्र० अवधेश १०म का दल विजयी रहा। चम्मचदौड़ में राजकुमार ७म प्रथम तथा कमल ७म २य रहा। कुर्सी दौड़ में यशपाल ७म प्रथम, अनिल ८म, २य रहा। बाधादौड़ में विश्वामित्र ८ म तथा प्रमोद आरा १०म दोनों प्रथम रहे व राजेश ९म २य रहा। तीन टाँग की दौड़ में राजेश ९म तथा गणेश विद्यालंकार की जोड़ी प्रथम रही। मेघवीर ६ष्ठ व अमरेन्द्र छष्ठ की जोड़ी २य रही। १०० मीटर की दौड़ में गणेश प्रथम तथा प्रमोद १०म द्वितीय रहा। लंकाविजय में प्रमोद आरा १०म का दल विजयी रहा। अन्तिम दिन ब्रह्मचारियों को पारितोषिक दिये गए। हम समस्त ब्रह्मचारियों को बधाई देते हैं।

कृषि फार्म निरीक्षक

ज्ञात हुआ है कि गुरुकुल के पुराने कार्यकर्ता श्री बन्नाराम जी के सुपुत्र श्री धर्मवीर जी गुरुकुल के कृषि-फार्म के निरीक्षक नियुक्त किये गये हैं। आशा है उनके नेतृत्व में कृषि का कार्य तेजी से चलेगा और फार्म निरन्तर उन्नति करेगा।

मान्य विद्वानों के भाषण

विश्वविद्यालय की व्याख्यान-माला के अन्तर्गत इस माह दो मान्य विद्वानों के बड़े सारगर्भित व गवेषणापूर्ण व्याख्यान हुए। डा. सत्यकाम जी रीडर दिल्ली विश्वविद्यालय ने अपने विद्वत्तापूर्ण भाषण से सबको मोहित कर लिया। साथ ही २९।१०।७४ को श्री जवाहरलाल नेहरू विश्व-विद्यालय दिल्ली के मान्य विद्वान् डा० आर०एस० ओझा का 'स्वामी दयानन्द के शिक्षा विषयक आदर्श' विषय पर उच्च कोटि का व्याख्यान हुआ। हम गुरुकुल की ओर से मान्य विद्वानों का हार्दिक धन्यवाद करते हैं।

विजया दशमी पर्व

विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी कुल में दशहरा पर्व बड़ी धूम-धाम से मनाया गया। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की गुणावली का बखान करने के लिए गुरुकुल के विद्यालय विभाग के प्रार्थना भवन में एक सभा का आयोजन किया गया। कुल के कुलपति डा० सत्यकेतु जी ने सभा की अध्यक्षता की तथा आचार्य रामनाथ जी ने सभा का संचालन किया। सभा में श्री प्रो० बुद्धदेव जी, प्रो० रामाश्रय मिश्र जी, जगदेव जी (विद्यालय), श्री सत्यकाम जी (विद्यालय) ने रामचन्द्र जी के मधुर गुणों पर अपने विचार प्रकट किए। अन्त में सभा का समापन करते हुए श्री कुलपति जी ने बताया कि यह वीर पर्व भारतवर्ष में ही नहीं अपितु भारत के बाहर अन्य देशों में भी जहाँ २ हिन्दु रहते हैं, बड़े उत्साह और उल्लास से मनाया जाता है। शान्तिपाठ के पश्चात् सभा समाप्त हुई।

आर्यसमाज के लिए दान

आर्यसमाज गुरुकुल काँगड़ी के लिए श्री पं० चन्द्रकेतु जी अधिष्ठाता आश्रम विभाग ने ६०)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

की धनराशि दी । यह राशि उन्होंने ट्रेक्ट्स प्रकाशन के लिए दी, जिससे 'शिव संकल्प की कामना व दयानन्द के दिव्य सन्देश' नामक प्रचार-पत्र छपवाये गए । हम पण्डित जी के आभारी हैं तथा उनका धन्यवाद करते हैं ।

गुरुकुल के लिए दान की अपील

श्री स० मुख्याधिष्ठाता डा० वासुदेव चैतन्य जी के अनुसार इस समय गुरुकुल भयंकर आर्थिक तंगी से गुजर रहा है । कोष की दशा अत्यन्त शोचनीय है । इसलिए समस्त गुरुकुल प्रेमियों एवं गुरुकुल के स्नातकों से निवेदन है कि वे इस आर्थिक कठिनाईरूपी अग्नि की ज्वाला से संत्रस्त गुरुकुल को अपनी अमृतवर्षिणी धनराशि के दान से राहत दें ।

आयुर्वेद महाविद्यालय

गुरुकुल काँगड़ी श्रद्धानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय में इस मास कुछ नयी नियुक्तियाँ की गई हैं । डा० आर० एस० रहेजा एम. बी. बी.एस., ई. एन. टी (एस.पी.) की प्रोफेसर पद पर नियुक्ति की गई है तथा श्रीमती रहेजा प्रसूति विभाग में रीडर पद पर नियुक्त हुई हैं । आशा है चिकित्सालय दम्पत्तियों की सेवा से लाभ उठाकर उन्नति करता जाएगा ।

शोक समाचार

हमें यह समाचार देते हुए अत्यन्त खेद और हार्दिक दुःख हो रहा है कि आयुर्वेद महाविद्यालय के प्रिंसिपल श्री डा० अनन्तानन्द जी की धर्मपत्नी का असमय ही निधन हो गया है । वे एक मास से काफी बीमार थीं । हम समस्त शोकसंतप्त परिवार के प्रति हार्दिक सम्वेदना प्रकट करते हुए प्रभु से प्रार्थना करते हैं कि वह दिवंगत आत्मा को शान्ति प्रदान कर डाक्टर जी को पत्नीवियोग के दारुण दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें । समस्त कुलवासी इस समाचार से शोक संतप्त हैं ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्वाध्याय के लिये चुनी हुई पुस्तकें

वैदिक साहित्य

...दोद्यान के चुने हुए फूल (सजिल्द)	५.00
...द का राष्ट्रीय गीत (सजिल्द)	५.00
...रा धर्म (सजिल्द)	७.00
...रुण की नौका (दो भाग)	६.00
...ग्निहोत्र (सजिल्द)	२.२५
...ात्म-समर्पण	.५0
...दिक स्वप्न विज्ञान	२.00
...दिक अध्यात्म विद्या	.७५
...दिक सूक्तियां	.७५
...ाह्मण की गौ (सजिल्द)	.७५
...दिक ब्रह्मचर्य गीत	२.००
...दिक विनय (तीन भाग)	६.00
...द गीतांजलि	२.००
...ोम सरोवर (सजिल्द)	२.00
...दिक कर्त्तव्य शास्त्र	.५०
...न्ध्या सुमन	५०
...वामी श्रद्धानन्द जी के उपदेश	३ ७५
...ात्म मीमांसा	२.००
...दिक पशु यज्ञमीमांसा	२.00
...न्ध्या रहस्य	२.००
...थर्ववेदीय मन्त्रविद्या	३.५०
...शोपनिषद्भाष्य (सजिल्द)	२.००
...ध्यात्म रोगों की चिकित्सा	२.५०
...ह्मचर्य संदेश	४.५०
...ार्य संस्कृति के मूल तत्त्व	४.००
...त्रियों की स्थिति	४ ००
...कादशोपनिषद्	२ ००
...ष्णु देवता	२.००
...षि रहस्य	२ ००
...मारी कामधेनु	२.००

ऐतिहासिक तथा जीवन चरित्र

भारतवर्ष का इतिहास ३ य भाग	४-५०
बृहत्तर भारत	७.००
योगेश्बर कृष्ण	४.००
स्वामी श्रद्धानन्द जी महाराज	.२५
स्वामी दयानन्द का पत्र व्यवहार	.७५
गुरुकुल की आहुति	.५०
अपने देश की कथा	.३७
दी मिडिल ईस्ट (इङ्गलिश)	३.००
ऐशियण्ट फींडम	५.७०

स्वास्थ्य सम्बन्धी ग्रन्थ

स्तूप निर्माण कला (सजिल्द)	३.००
प्रमेह श्वास अर्शरोग	.२५
जल-चिकित्सा विज्ञान	.७५
होमियोपैथी के सिद्धान्त	२.५०
आसवारिष्ट	२ ५०
आहार	५.००

संस्कृत ग्रन्थ

संस्कृत प्रवेशिका प्रथम भाग	.६६
संस्कृत प्रवेशिका २य भाग	.८७
बालनीति कथामाला	.७५
साहित्य सुधा संग्रह	.२५
पाणिनीयाष्टकम् (दो भाग)	प्रतिभाग ७.००
पंचतन्त्र पूर्वार्द्ध (सजिल्द)	२.५०
पंचतन्त्र उत्तरार्द्ध (सजिल्द)	२.००
सरल शब्द रूपावली	.२५
सरल धातु रूपावली	.६०
संस्कृत ट्रांसलेशन	.२५
पंचतंत्र (मित्र सम्प्राप्ति)	.७५
पंचतंत्र (मित्र भेद)	.५०
संक्षिप्त मनुस्मृति	.५०
रघुवंशीय सर्गत्रयम्	.२५

पुस्तकों का बड़ा सूचीपत्र मुफ्त मगाइये । धार्मिक संस्थाओं के लिये विशेष रियायत का भी नियम है।

पुस्तक भण्डार, गुरुकुल कांगडी विश्वविद्यालय, हरिद्वार (जि० सहारनपुर) ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



सम्पादक : भगवद्दत्त वेदालंकार ।
प्रकाशक : डा० गंगाराम, कुलसचिव : गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय ।
मुद्रक : सुरेशचन्द्र वैष्णव, मैनेजर : गुरुकुल कांगड़ी प्रिन्टिंग प्रेस, हरिद्वार ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुरुकुल-पत्रिका

पुस्तकालय
गुरुकुल काँगड़ी
28/11/74

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

अक्टूबर १९७४ आश्विन २०३१

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विषय-सूची

सं०	विषयाः	लेखकाः	पृष्ठांकाः
१	श्रुति-सुधा		४१
२	अग्निमन्त्रमाला	श्री अरबिन्दः, अनु० श्री जगन्नाथो वेदालंकारः	४२
३	भारते भीषणभ्रष्टाचारस्य भैरवीचक्रम्	विद्याभूषणः श्री गणेशराम शर्मा	४५
४	संस्कृतवाङमये मानमानम्	श्री गायत्रीप्रसादपाण्डेयः एम.ए., आचार्यः	४६
५	सरस्वतीस्तवनम्	श्री मेधाव्रताचार्यः, अनु० श्री योगेन्द्र पुरुषार्थी	५४
६	अमरहुतात्मपण्डितरामप्रसादबिस्मिल०	अनु० श्री राजमणिपाण्डेयः	५५
७	न सुखं न निद्रा	श्री धर्मदीपः	५६
८	वैदिक-साहित्य-सौदामिनी	श्री वागीश्वरो विद्यालंकारः, साहित्याचार्यः	५७
९	माननीयां प्रधानमन्त्रिणीं इन्दिरादेवीं प्रति	श्री पं० धर्मदेवो विद्यामार्तण्डः	६२
१०	सम्पादकीय टिप्पण्यः	श्री पं० भगवद्दत्तो वेदालंकारः	६३
११	साहित्य-समीक्षा	" " "	६४
१२	महर्षि दयानन्द की विश्वदर्शन को देन	प्रो० जयदेव वेदालंकार एम.ए.	६५
१३	सामवेद-हिन्दी-पद्यानुवाद	श्री विद्यानिधि शास्त्री	६९
१४	सन्त कवि वेमना	श्री रामलिंगप्पा एम.ए.	७३
१५	वक्तव्य	वक्ता : श्री रामगोपाल शालवाले	७७
१६	गुरुकुल-समाचार	श्री महावीर 'नीर' विद्यालंकार, एम.ए.	७९

गुरुकुल-पत्रिका का वार्षिक मूल्य—

देश में - ६ रुपये   विदेश में १० रुपये   एक प्रति - ६० पैसे

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ओ३म्

गुरुकुल-पत्रिका

[गुरुकुलकांगड़ीविश्वविद्यालयस्य मासिक पत्रिका]

आश्विनः २०३१, अक्टूबरः १९७४, वर्षम्-२७, अङ्कः २, पूर्णाङ्काः ३१०

श्रुति सुधा

वेद का समाजवाद

ऋ. १०।१९१, १ अग्नि, २-४ संज्ञानम्

संसमिद्युवसे वृषन्नग्ने विश्वान्यर्य आ ।
इडस्पदे समिध्यसे स नो वसून्याभर ।।१।।

(अग्ने) हे अग्नि ! तुम (वृषन्) बलवान् बनकर तथा (अर्यः) स्वामी बनकर (विश्वानि) सबको (इत्) निश्चय से (सं सं) भली प्रकार (आयुवसे) आपस में मिला देती हो और (इडस्पदे) हृदय स्थली में (समिध्यसे) प्रदीप्त होती हो (स) वह तुम (नः) हमें (वसूनि आभर) ऐश्वर्यों को धारण कराओ ।

युवसे –यु मिश्रणामिश्रणयोः
अर्यः –अर्यः स्वामिवैश्ययोः

भावार्थ–जब किसी व्यक्ति, समाज व राष्ट्र में अग्नि प्रबल होती है और स्वामित्व को प्राप्त होती है उसी अवस्था में सबके मन व हृदय प्रेम से एकत्व को प्राप्त होते हैं, सब प्रकार का ऊंच-नीच भेद समाप्त हो जाता है और ये सब ऐश्वर्य के सर्वोच्च शिखर पर जा पहुंचते हैं ।

—o—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अग्निमन्त्रमाला

(श्री अरविन्दप्रणीत 'Hymns to the Mystic Fire' ग्रन्थस्य धारावाहिकोऽनुवादः, अनुवादकोपज्ञेन भावार्थेन तदुपज्ञनानाविधटिप्पणीभिश्च संवलितः)

अनु० श्री जगन्नाथो वेदालंकारः

ऋ. १. ३६.

कण्वो घौरः । अग्निः, १३-१४ यूपो वा ।

जनासो अग्निं दधिरे सहोवृधं
हविष्मन्तो विधेम ते ।
स त्वं नो अद्य सुमना इहाविता
भवा वाजेषु सन्त्य ॥

[1]जनासः [2]अग्निम् [3]दधिरे [4]सहः-वृधम् [5]हविष्मन्तः [6]विधेम [7]ते । [8]सः [9]त्वम् [10]नः [11]अद्य [12]सु-मनाः [13]इह [14]अविता [15]भव [16]वाजेषु [17]सन्त्य ॥

[1]Men [3]hold [2]Agni [4]in them as the increaser of strength [5]with offerings [6]we dispose the sacrifice [7]for thee [9]do thou [8]then [15]became [11]today [10]to us [12]perfect minded [14]and our keeper [13]here [16]in our havings, [17]O thou who art of the truth of being.

[1]मनुष्याः [4]बलवर्द्धकम् [2]अग्निम् आत्मनि [3]धारयन्ति, हे अग्ने, पूर्वोक्तानि [5]बाह्यान्तरहव्यानि धारयन्तः वयं [6]त्वां [6]यजामः [8]तादृशः [9]त्वम् [11]अद्य [13]इह [10]अस्मभ्यं [12]पूर्णसौमनस्यसम्पन्नः सन् [16]अस्मदैश्वर्येषु विषये अस्माकं [14]रक्षिता [15]भव, [17]हे सत्य ! सत्तायाः सत्यात् समुद्भूत !

भावार्थः

शक्तिवर्धकोऽयमग्निरिति जनास्तं स्वान्तरे धारयन्ति । हे अग्ने ! वयं सिद्धैर्हव्यैः तुभ्यं यज्ञं कुर्मः । अतः हे सत्योद्भूत ! सत्यस्वरूप! अद्य त्वम् अस्माकं कृते अवश्यं प्रसन्नमनाः, पूर्णसुमतिप्रदः, अस्माकमैश्वर्याणां रक्षकश्च भव ।

व्याकरणम्

[1]जनासः । जनशब्दाज्जसि 'आज्जसेरसुक्' इति असुगागमश्छान्दसः ।

[4]सहः - वृधम् । सहो बलं वर्द्धयतीति तम् । कर्तरि क्विप् ।

[6]विधेम । विध विधाने इत्यस्मात्तौदादिकात् वर्तमाने लिङ् ।

[12]सु—मनाः । सु शोभनं पूर्णसौमनस्ययुक्तं मनो यस्य स तथाभूतः ।

[14]अविता । द्र. १. १२. ८[10]

[16]वाजेषु । 'वज' गतौ इत्यस्माद् भौवादिकाद् भावे घञ् । धातूनामनेकार्थत्वादत्र वजिरैश्वर्यार्थको ग्राह्यः । प्रसिद्धश्च वाजशब्दो ज्ञाने, बले, ऐश्वर्ये च ।

वेदों में प्रतिपादित अध्यात्म और विज्ञान का समन्वय ही इस संसार में सदा अभीष्ट है। आप भी कृपया उसके प्रसार में प्रवृत्त हों, यह हमारा नम्र निवेदन है ॥७॥

वेदों में साम्प्रदायिकता का लवलेश भी नहीं। वह तो सनातन सुदिव्य ज्ञान है। वेद विश्व-शान्ति का निश्चय से उपदेश करता है। अतः सबको उसका प्रचार करना चाहिये ॥८॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सम्पादकीय टिप्पण्यः

ग्रहबन्धस्तस्कराणाम्

देशे सर्वत्र तस्कराणां कारग्रहो बन्धनं वा प्रत्यहं वरीवर्ति । अस्मिन् विषयेऽद्ययावत् प्रसुप्तोऽयं भारतसर्वकार आसीत् । इतः पूर्वं यदि प्रबुद्धोऽभविष्यत् तन्नूनं देशस्य बहुधनमरक्षिष्यत् देशस्य शर्कराधान्यं रजतमेवमन्यान्यपि बहूनि बहुमूल्यानि जीवनोपयोगीनि वस्तूनि देशाद् बहिर्निस्सारितानि तस्करैरेभिः । अत्र क्वचिदनावृष्टिः क्वचिच्चातिवृष्टिरेवं क्रूरकालवशाद् दुर्भिक्षं दुष्कालो वा सर्वत्र प्रसरतु नैके च पुरुषा अन्नाभावात् कुतो न कालकवलिता भवेयुः, परमेते तस्करा अन्नादीन् गुप्तमार्गेण बहिः प्रेषयितुं सदोद्यताः संलग्ना था आसन् अतस्तेषां निग्रहोऽवश्यं विधातव्यः । स च निग्रहो देशप्रेमानुरुध्य पवित्रभावनया कर्तव्यः । मनागपि स्वार्थभावना पक्षपातो वा तत्रानुचितः । अन्यच्च ये सर्वकारसम्बद्धा असम्बद्धा वा नेतारस्तेषां साहाय्यकराः स्युस्तेऽपि दण्डनीयास्तदैव साधु कार्यं सम्पत्स्यते ।

सर्वकारं प्रति विद्रोहः

अतिखेदावहोऽयं घटनाक्रमोऽद्यत्वे भारतवर्षे वरीवर्ति यत् सर्वत्र स्वसर्वकारं प्रति विद्रोहो जनतासु विशेषतश्छात्रेषु प्रचाल्यते । पूर्वं तु गुजरातप्रदेशे प्राचलत्, अधुना बिहारप्रदेशेऽत्युग्ररूपेण प्रास्फुटत् । अक्तूबरमासस्य तृतीयतारिकातः ५मतारीकापर्यन्तं सत्याग्रहस्य यद् रूपं निर्धारितं तच्चालकैस्तदतीव कष्टप्रदं यतो ह्यनेन राष्ट्रस्य सम्पत्तेर्महान् विनाशः सम्पत्स्यते मानवानां विशेषतो यूनां महद्बलिदानं भविष्यतीत्यूह्यते । अन्यच्च जयप्रकाशनारायणो न मूर्खो न प्रतिक्रियावादी न च देशद्रोही-प्रत्युत सर्वोदयनेता गांधीवादी विद्यते । यच्चोद्देश्यं लक्ष्यीकृत्य युवसु विद्रोहः प्रचालितस्तेन तदपि नानुचितं प्रतीयते । भ्रष्टाचारोत्कोचतस्करतादिदोषास्तु भारतस्य सर्वशरीरव्यापी नात्रसंशीतिलेशोऽपि । अस्मिन् विषयेऽस्माभिर्नैकशो बहुचिन्तितम्, वयं तु मन्यामहे यज्जयप्रकाशनारायणसर्वकारयोर्मध्ये दोषनिवारणार्थं सम्मिलनं समन्वयो वा नूनं भवेत् तदैव भारतवर्षस्य क्षेमकरं भविष्यति ।

—०—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

साहित्य समीक्षा

आत्मदर्शी गीताभाष्य

लेखकः– श्री आचार्य प० रघुनाथ विनायक धुलेकरः

प्रकाशकः– श्री राम धुलेकर डिप्टी रजिस्ट्रार झांसी, आयुर्वेद विश्वविद्यालय, झांसी

मूल्यम्– पुस्तकालयसंस्करणम्– ८) **मूल्यम्– सामान्यसंस्करणम्– ६)**

श्री आचार्य धुलेकरमहाभागै विरचितमिदं श्रीमद्भगवद्गीताया आत्मदर्शिभाष्यं मयेतस्ततोऽवलोकितम्। पुराकालादेव समये समये नैकानि गीताभाष्याणि सम्प्रदायप्रवर्तकैः प्रवक्तृभिः सन्तमहात्मभिर्विद्वद्भिश्च विरचितानि। प्रायः सर्वेषु भाष्येषु भाष्यकर्तुः स्वाभिमतपुष्टिकराणां विचाराणां प्रतिच्छाया तत्र तत्रावलोक्यते यतो हि भिन्नरुचिर्हिलोकः यो यच्छ्रद्धः स एव सः इत्येवं विभिन्नरुचियोग्यताशक्तिश्रद्धादिप्रदर्शकानि नानावचनानि तत्र गीतायां समुपलभ्यन्ते। एवमेवास्मिन् धुलेकरभाष्येऽप्यात्मदर्शित्वं स्फुटीभवति। भाष्यस्य प्रारम्भे धुलेकरमहाभागैर्लिखितम्– गीतामृत सब उपनिषदों का सार होने के कारण, गीता के अठारह अध्यायों में ब्रह्म के निरूपण में समस्त संप्रदायों के दृष्टिकोणों का वर्णन है, द्वैत, अद्वैत, द्वैताद्वैत, केवलाद्वैत (शुद्धाद्वैत) विशिष्टाद्वैत। ब्रह्म का निरूपण मानवी मस्तिष्क द्वारा निश्चित नहीं किया जा सकता। इस कारण मानवी भाषा उसे निश्चित रूप से वर्णन करने में असमर्थ है और वेदों ने इसीप्रकार प्रत्येक निरूपण के लिये कह दिया है नेति, नेति। इतना ही नहीं ब्रह्म का स्वरूप या वर्णन यदि इससे परे है तो द्वैत और अद्वैत और केवलाद्वैत और विशिष्टाद्वैत का झगड़ा ही क्या रहता है। वह तो अकथ है, अगाध सगुण भी है, निर्गुण भी है, सत् भी है असत् भी है और सदसत् है। एवमन्यदपि बहुविचारजातं प्रकटीकृतमेभिर्धुलेकरैः। भाषा प्रवाहपूर्णा प्रौढविचाराभिव्यञ्जिका सुललितपदावलीसंवलिता च विद्यते। अत्र श्लोकानां शब्दशोऽर्था न विद्यन्ते। मन्ये, तस्यावश्यकताऽपि नासीत्। मध्ये मध्ये अन्यासामुपनिषदां रामायणादिग्रन्थानामप्युद्धरणानि प्रदत्तानि सर्वैः ब्रह्मजिज्ञासुभिरिदं भाष्यमप्यवश्यमवलोकनीयम्।

––भगवद्दत्तो वेदालंकारः

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अगस्त १९७४ से आगे--

महर्षि दयानन्द की विश्वदर्शन को देन

(Contribution of Dayananda to world philosophy)

प्रो० जयदेव वेदालंकार

सप्तम परिच्छेद

आचार मीमांसा

आचार शास्त्र के विषय में भारतीय मनीषियों एवं पाश्चात्य दार्शनिकों ने पर्याप्त अन्वेषण किया है। आचार शास्त्र दर्शनशास्त्र का प्रमुख अंग माना जाता है। भारतीय दृष्टिकोण के अनुसार आचार शास्त्र दर्शन का क्रियात्मक पहलू है। दर्शन शास्त्र हमें सैद्धान्तिक ज्ञान कराता है तो आचार शास्त्र शुभ और अशुभ का निर्णय करता है। आचार-शास्त्र के अन्दर प्रमुखतः नैतिक निर्णयों का व्याख्यान होता है। हमने कोई कार्य किया तो लोग कहते हैं :--उसने अच्छा किया। यह जो निर्णय है कि यह अच्छा किया--इसका निर्णय हम किसी की अपेक्षा से कहते हैं। कान्ट के अनुसार शुभ अपने में शुभ है। वह किसी की अपेक्षा नहीं रखता।१ उसका कहना है कि एक भिखारी हमारे समक्ष भीख माँगने आता है, हम उसको टालने के लिये चवन्नी फेंक कर मारते हैं, वह होटल में जाकर उससे कुछ लेकर खा लेता है। कान्ट के अनुसार यह नैतिकता नहीं है। उसका कथन है कि डाक्टर आपरेशन करता है, उस आपरेशन करने से हमें उस समय दुःख होता है परन्तु डाक्टर का उद्देश्य हमें दुःख पहुंचाना नहीं है। इसी प्रकार एक शेर किसी मनुष्य पर आक्रमण करता है, हम उस मनुष्य की रक्षा के लिए उस शेर पर गोली चलाते हैं परन्तु वह गोली शेर को न लगकर मनुष्य को लग जाती है। कान्ट का कहना है कि यद्यपि उस मनुष्य की मृत्यु हो गई परन्तु हमने यहाँ उस मनुष्य के उद्देश्य को देखना है जिससे उसने गोली चलाई। गोली चलाने का उद्देश्य उसका शुभ था अतः नैतिकता है अनैतिकता नहीं। कान्ट का कहना है कि उसी नियम का पालन करो जो सर्वव्यापक बन सके।२

आचार शास्त्र में कई प्रकार की मान्यता हैं उनमें से एक मान्यता है सुखवाद। यह सुखवाद दो प्रकार का होता है--(१) स्वार्थ सुखवाद (२) परार्थ सुखवाद। इन दोनों का विवेचन हम मुक्ति प्रकरण में कर आये हैं। सुखवादी दार्शनिक मिल, बेन्थम, स्पेंशर आदि हैं। परन्तु ये नैतिक सुखवाद को मानते हैं। इनका कहना है कि--जैसे मैं सुखी होना चाहता हूं, इसी प्रकार दूसरे प्राणी भी सुख चाहते हैं इसलिए मुझे भी और को दुःख नहीं देना चाहिये क्योंकि मैं भी दुःखी नहीं होना चाहता। इसप्रकार पाश्चात्य दर्शन में मनोवैज्ञानिक नैतिक सुखवाद का प्रादुर्भाव होता है। इससे पूर्व तो

---

1. Good will is the only good that is good without qualification.

2. Act that principle which.........be an universal law.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्वार्थ सुखवादी दार्शनिक दूसरों के सुख की उपेक्षा करते थे। उनका नीतिसम्बन्धी सिद्धान्त चार्वाक के समान है। चार्वाक का कहना है कि विषयजन्य जो सुख हैं वही हमारा अन्तिम उद्देश्य है। वह कहता है कि जब तक जिओ सुख से जिओ चाहे ऋण भी क्यों न लेना पड़े।[१] यही विचारधारा स्वार्थ सुखवादी पाश्चात्य दार्शनिकों की थी। इस प्रकार पाश्चात्य नीतिशास्त्र में प्रकृतिवाद अर्थात् व्यवहारवाद, अन्तःप्रज्ञावाद, सुखवाद, विकासवाद अर्थात् पूर्णतावाद, आदि वादों का प्रचलन हुआ। विकासवाद के अनुसार सर्वाङ्गीण, विकास ही मनुष्य का उद्देश्य है। इसमें हगल एलक्जेन्डर, स्पेंशर, हर्बर्ट, ग्रीन और डारविन आदि का नाम लिया जा सकता है। इनमें हेगल अध्यात्मवादी विकासवादी है। आगे चलकर अरविन्द पर इसका प्रभाव पड़ा।

नीतिशास्त्र का एक महत्वपूर्ण सिद्धान्त बुद्धिवाद है। इस विषय में स्पिनोज़ा का कहना है कि नीतिशास्त्र एक सोद्देश्यपूर्ण शास्त्र है। अर्थात् मनुष्य का सम्बन्ध जहाँ प्रकृति के साथ है वहाँ समाज के साथ भी है। मनुष्य को अपना उद्देश्य बनाना चाहिये कि वह प्रकृति और समाज के साथ सन्तुलन बना सके। उसे चाहियें कि वह ज्ञानमार्ग की सीढ़ियों द्वारा और शरीर के सन्तुलन को मन के साथ रखता हुआ मौक्तिक ज्ञान को प्राप्त कर लेवे।

बटलर का कहना है कि हमें अन्तर्मुखी और बाह्य निरीक्षण द्वारा यह पता लगता है कि नैतिक ज्ञान सहज ज्ञान है। मनुष्य के अन्दर परोपकार, दया, सहानुभूति आदि जन्मजात है। वह कहता है कि हमारी अन्तर्बोध की शिक्षायें स्वयं भगवान की शिक्षायें हैं। इस अन्तर्बोध के सिद्धान्त को मानकर बटलर ने स्वार्थवाद का खण्डन किया है। इस प्रकार पाश्चात्य दार्शनिक भौतिकवाद से चलकर अध्यात्मवाद की ओर प्रवेश करते हैं।

अब प्रश्न यह होता है कि नैतिकता के सिद्धान्त कैसे बनते हैं? उनका मापदण्ड क्या हो? कुछ लोग परम्परा, रीतिरिवाज को ही नैतिकता मानते हैं। जिसमें परोपकार की भावना से कृत कार्य नैतिक माना जाता है। कुछ अन्य दार्शनिक एक लक्ष्य को सामने रख कर नैतिकता का निर्णय देते हैं। जैसे सुखवादी चार्वाक आदि हैं। कुछ लोग निरपेक्ष सिद्धान्त के रूप में नैतिकता को मानते हैं, जैसे—कान्ट।

महर्षि दयानन्द जी के नीतिशास्त्र के सम्बन्ध में विचार करने से पूर्व यह विचार करना होगा कि वे नैतिक सिद्धान्तों को किन बातों पर आधारित मानते हैं। अर्थात् उनका नैतिकता का मापदण्ड क्या है? क्योंकि कोई भी दार्शनिक कुछ स्वतः सिद्ध सिद्धान्तों को मानकर उनके अनुसार अपने मापदण्ड बनाता है। ऋषि दयानन्द जी के नैतिक सिद्धान्त निम्नलिखित बातों पर आधारित हैं—

१. आत्मा अभौतिक है, असृष्ट है, तथा अमर है।

२. यह चेतन है इसमें ज्ञान, संवेदना और प्रयत्न होते हैं।

३. आत्मा स्वतन्त्र है। स्वतन्त्रता इसकी मौलिक सम्पत्ति है। इसको स्वतन्त्रता किसी बाहरी तत्व से प्राप्त नहीं है, परन्तु स्वतः प्राप्त है। परन्तु यह स्वतन्त्रता कर्म करने में है, फल भोगने में नहीं।

४. आत्मा असीमित नहीं है। इसका ज्ञान, कार्य सब सीमित है। इसकी उन्नति और अवनति दोनों संभव हैं। उन्नति के लिए प्रयास करना चाहिये।

---

१. "यावज्जीवेत् सुखं जीवेत् ऋणं कृत्वा घृतं पिबेत्।"

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

५. मनुष्य को बहुत ऊंचे उद्देश्य तक जाना है। अतः उसके उत्तरदायित्व का क्षेत्र बहुत बड़ा है। अनेक विकल्पों में से किसी एक को चुनना है। उस चुनाव के लिए आचार शास्त्र सहायक होता है।

६. केवल मनुष्य ही नहीं अपितु प्राणीमात्र के पीछे एक उद्देश्य है।

७. आत्मा सक्रिय तथा विकासशील है। इसी प्रकार संसार भी विकासशील है। संसार की गति के साथ अपनी गति को मिलाना यही नैतिकता सिखाती है।

महर्षि दयानन्द जी इन सिद्धान्तों को मानकर चलते हैं। नीतिवाद के सम्बन्ध में वे यंत्रवाद, तथा उद्देश्यवाद दोनों का खण्डन करते हैं। उद्देश्यवादी सिद्धान्त के अनुसार ईश्वर सम्पूर्ण संसार का केन्द्रबिन्दु है। वह अपने लिए संसार रचता है। इस उद्देश्यवाद के अनुसार आत्मा सर्वथा परतन्त्र हो जाता है अथवा बन्धन में रहता है। पूर्ण परतन्त्रतावाद भी ठीक नहीं है क्योंकि इसके अनुसार ईश्वर जीव की रचना करता है और कृपाकरके जीवों को स्वतन्त्रता प्रदान करता है। प्रथम सिद्धान्त के अनुसार तो जीवात्मा को अपने पथ निर्वाचन करने की स्वतन्त्रता नहीं रहती। जब कभी जीव कर्म करने में स्वतन्त्र नहीं है तो उन कर्मों के फल के भोगने में बाध्य नहीं होने चाहियें क्योंकि जो जैसा करता है वैसा ही भोगता है यह एक स्वतन्त्र सर्वतन्त्र सिद्धान्त है।१ अतः इस सिद्धान्त के अनुसार तो नैतिकता का प्रश्न ही नहीं उठता। दूसरे मत के अनुसार ईश्वर स्वतन्त्रता प्रदान करता है, इससे स्वतन्त्रता का मूल्य नहीं रह जाता है।२ स्वामी जी के सिद्धान्त दोनों ही मतों के विरोधी हैं। ऐसे ईश्वर का होना तो व्यर्थ ही है जो अपने स्वार्थ के लिए जीवों की सृष्टि करता है। जीव को खतरे में डाल देता है। यह मानना कि संसार एक जेलखाना है, ईश्वर इसका जेलर। यह भी मान्यता अनुचित है। ऐसा मानने पर तो नैतिकता को कोई स्थान ही नहीं रहता है। जो लोग ईश्वर और जीव की काल्पनिक सत्ता मानते हैं। उनका भी ऋषि जी खण्डन करते हैं। इसप्रकार दोनों प्रकार के मत, भौतिकवाद एवं परतन्त्रवाद जिसे अध्यात्मवाद भी कहा जाता है, दोनों का ही खण्डन करते हैं। स्वामी मध्यम मार्ग को अपनाते हैं। उनका सिद्धान्त है जैसा कि भारतीय दर्शन में माना गया है कि आत्मा अमर है। वह पुनः जन्म लेता है। जो भी अच्छे बुरे कर्मों को करता है, उस का फल उसे अवश्य भोगना पड़ता है। इन का कहना है कि जब मनुष्य अच्छे कर्मों को करता है तो उसे उत्साह, आनन्द आदि का अनुभव हृदय में होता है। और बुरे कर्म करता है तो उसको अपने हृदय में भय, लज्जा, शंका आदि का अनुभव होता है। यहाँ पर वे एक प्रकार से अन्तरज्ञान३ के सिद्धान्त को मानते हैं, जिसे बटलर भी मानता है। स्वामी दयानन्द जी के अनुसार मनुष्य नैतिक सिद्धान्तों का केन्द्र-बिन्दु है। उन का कहना है कि व्यक्ति समाज के लिए और समाज व्यक्ति के लिए है। वे आर्य-समाज के दसवें नियम में लिखते हैं कि "सामाजिक सर्वहितकारी नियम पालने में सब परतन्त्र रहें और प्रत्येक हितकारी नियम में सब स्वतन्त्र हैं। इससे स्पष्ट हो रहा है कि ऐसे नियम भी कुछ नहीं

१. अवश्यमेव भोक्तव्यं कृतं कर्म शुभाशुभम् ॥

2. Brought freedom is not freedom.

3. INTUTION

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जो अधिक समाज का अहित करते हों । और ऐसे नियम भी अनुचित हैं जिनमें व्यक्ति के पीछे समाज बलिदान हो जाता हो । यदि व्यक्ति न होंगे तो समाज भी नहीं होगा । इस प्रकार यदि व्यक्तियों का निर्माण हो जावेगा तो समाज का निर्माण भी अपने आप हो जावेगा । दूसरे दार्शनिक समाज का सुधार चाहते हैं । परन्तु महर्षि दयानन्द जी व्यक्ति और समाज दोनों का निर्माण करना चाहते हैं ।

महर्षि दयानन्द जी हमें परिधियों में उस प्रकार से नहीं बाँधना चाहते हैं जिस प्रकार समाज, जाति, रंग और छोटी १ भावनाओं से बंधा हुआ है ।२ यह मेरा, वह उसका यह भावना छोटे मनुष्यों की है । उदार मनुष्य विश्व को ही अपना परिवार समझते हैं ।

महर्षि दयानन्द जी का मन्तव्य है कि जब तक मनुष्य अपने २ धर्मों का पालन नहीं करते हैं तभी तक समाज में विश्रृंखलता आती है । धर्म से अभिप्राय किसी मत विशेष से नहीं । उन का कहना है कि ऐसा धर्म मनुष्यकृत नहीं अपितु ईश्वरकृत वैदिक परम्परायें हैं । जिन का उल्लेख वेदों में है । धर्म किसी वर्गविशेष का नहीं अपितु सर्वमानवहित-कारी होता है । जैसा कि मनु जी कहते हैं– धैर्य रखना, क्षमा करना, इन्द्रियों का दमन करना, मन वचन कर्म से चोरी न करना, आत्मा और मन को पवित्र रखना, इन्द्रियों को विषयों में अत्यधिक लिप्त न करना, मनुष्यों का धीर होना, विद्या को प्राप्त करना, मन वचन और कर्म से सत्य का पालन करना और क्रोध कभी न करना ये धर्म के लक्षण हैं२ अर्थात् इन के पालन का नाम धर्म है । यहाँ पर ये धर्म किसी वर्गविशेष का धर्म नहीं है, अपितु इस धर्म का पालन संसार का प्रत्येक व्यक्ति कर सकता है ।

महर्षि दयानन्द जी यह मानते हैं कि मनुष्य का लक्ष्य अपने आप को जानना अथवा परमात्मा को प्राप्त करना है । इस का अभिप्राय यह है कि आचारशास्त्र का अन्तिम उद्देश्य पूर्णता को प्राप्त करना अर्थात् मुक्ति को प्राप्त करना है, परन्तु इस के साथ साथ सामाजिक उन्नति भी करना है । जैसा कि वैशेषिक दर्शन में कहा है– धर्म वह है जिससे इस लोक की उन्नति और मुक्ति की प्राप्ति हो ।३ अतः अभ्युदय साधन है और निश्रेयस साध्य है । धर्म दो प्रकार का है । पहला सामाजिक, दूसरा व्यक्तिगत जैसे हिंसा न करना, चोरी न करना, सत्य बोलना, ब्रह्मचर्य का पालन करना और संग्रह अधिक न करना४ये पाँच यम कहलाते हैं, जो सामाजिक धर्म के अंग कहे जा सकते हैं । जिन का पालन अवश्यमेव करना चाहिये । इन को सार्वभौम महाव्रत कहा गया है । भारतीय आचार शास्त्र-प्रणेताओं ने समस्त समाज को दो प्रकार से विभक्त किया है । प्रथम आश्रमों की दृष्टि से इस प्रकार है–

१. **ब्रह्मचर्याश्रम**– इस आश्रम के अपने धर्म हैं, अथवा कर्तव्य हैं । इस आश्रम में ब्रह्मचारी को गुरुओं की आज्ञापालन और विद्योपार्जन करना होता है । महर्षि दयानन्द जी ने ब्रह्मचर्य आश्रम के कर्तव्यों का उल्लेख सत्यार्थ प्रकाश तृतीय समुल्लास में इस प्रकार किया है । (क्रमशः)

---

१. अयं निजः परो वेति गणना लघुचेतसाम् ।
उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम् ।।

२. धृतिक्षमादमोऽस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः ।
धीर्विद्यासत्यमक्रोधो दशकं धर्मलक्षणम् ।।
मनु० ।।

३. यतोऽभ्युदयनिःश्रेयससिद्धि स धर्मः ।
(वैशे० १।१)

४. तत्राहिंसासत्यास्तेयब्रह्मचर्यापरिग्रहाः यमाः ।।
(सत्यार्थप्रकाश समु० सात) ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अगस्त १९७४ अंक से आगे—

सामवेद-हिन्दी-पद्यानुवाद (उत्तरार्चिक)

तृतीय प्रपाठक का द्वितीय अर्ध

(दिक्पाल छन्द)

श्री विद्यानिधि शास्त्री

(९५५)

गोवित् पवस्व वसुविद् हिरण्यविद् रेतोधा इन्दो भुवनेष्वर्पितः। त्वं सुवीरो असि सोम विश्ववित् तं त्वा नर उप गिरेम आसते ॥

हे इन्दु! रस बहा दो, हो व्याप्त तुम भुवन में ।
गोधन हिरण्य भर दो निज भक्त के सदन में ॥
तुम वीर विश्ववित् हो बल वीर्य के प्रदाता ।
स्तुति ये करें उपासक मानें तुम्हें विधाता ॥

(९५६)

त्वं नृचक्षा असि सोम विश्वतः पवमान वृषभ ता विधावसि। स नः पवस्व वसुमद् हिरण्यवद् वयं स्याम भुवनेषु जीवसे ॥

हे सोम ! सब जनों के द्रष्टा बने तुम्हीं हो ।
मलवासनाविशोधक पवमान वृष ! तुम्हीं हो ॥
सोनासमेत सब धन झरते हमें तुम्हीं हो ।
जीवित रहें भुवन में, आधार भी तुम्हीं हो ॥

(९५७)

ईशान इमा भुवनानि ईयसे युजान इन्दो हरितः सुपर्ण्यः। तास्ते क्षरन्तु मधुमद् घृतं पयस्तव व्रते सोम तिष्ठन्तु कृष्टयः ॥

हे इन्दु ! ईश हो तुम गति कर रहे भुवन में ।
शोभन हरी किरण ये करके प्रयुक्त तन में ॥
वे रश्मियां मधुरतम घी दूध खूब देवें ।
व्रत में रहें प्रजायें तुमको सदैव सेवें ॥

(९५८)

पवमानस्य विश्ववित् प्र ते सर्गा असृक्षत। सूर्यस्येव न रश्मयः ॥

हे विश्ववित् ! तुम्हारी प्रिय सृष्टियां सफल हैं ।
गम्भीर कर्मफल के निश्चय सभी अटल हैं ॥
होती विसृष्ट रवि से ज्यों रश्मियां तरल हैं ।
वैसे नियम तुम्हारे निर्मित बड़े सरल हैं ॥

(९५९)

केतुं कृण्वन् दिवस्परि विश्वा रूपाभ्यर्षसि। समुद्रः सोम पिन्वसे ॥

द्यौ से प्रकाश कर तुम संकेत दे रहे हो ।
सम्पूर्ण विश्व को ही निज गोद ले रहे हो ॥
रस के समुद्र बनकर चिर पुष्ट हो रहे हो ।
हे सोम ! आप सबके भय कष्ट खो रहे हो ॥

(९६०)

जज्ञानो वाचमिष्यसि पवमान विधर्मणि। क्रन्दन् देवो न सूर्यः ॥

वाणी प्रकट करो तुम पवमान! धर्म में स्थित ।
सबका रहस्य जानो, सर्वत्र हो उपस्थित ॥
प्रभु ! सूर्यदेवसम तुम घूमो समस्त जग में ।
अन्तर्निनाद करते रुकते कहीं न मग में ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(९६१)

प्र सोमासो अधन्विषुः पवमानास इन्दवः ।
श्रीणाना अप्सु वृञ्जते ।

जलरूप सृष्टि में स्थित मल सोम धो रहे हैं ।
पवमान इन्दु बन कर सन्ताप खो रहे हैं ।।
परिपक्व शुद्ध सुन्दर सबको बना रहे हैं ।
अपवर्ग की कथा भी अपनी सुना रहे हैं ।।

(९६२)

अभि गावो अधन्विषु रापो न प्रवता यतीः ।
पुनाना इन्द्रमाशत ।।

ज्यों निम्न भूमि में जल जावें पवित्र होवें ।
त्यों सोम जा जड़ों में सब मैल पाप धोवें ।।
पावन मधुर सरस वे गौरव विशेष पावें ।
ऐश्वर्ययुक्त अपने प्रिय इन्द्र में समावें ।।

(९६३)

प्र पवमान धन्वसि सोमेन्द्राय मादनः ।
नृभिर्यतो विनीयसे ।।

हे सोम! इन्द्र के हित आह्लाद हेतु हो तुम ।
सब पाप मैल धोओ, छनकर विशुद्ध हो तुम ।।
स्थिर संयमी नरों से अभिषव किये हुए हो ।
ऊंचा विनीत गौरव अपना लिये हुए हो ।।

(९६४)

इन्दो यदद्रिभिः सुतः पवित्रं परिदीयसे ।
अरमिन्द्रस्य धाम्ने ।।

पर्वत समान उन्नत आदृत महर्षियों से ।
हे इन्दु ! सेव्य हो तुम अभिपुत मनीषियों से ।।
तुमको पवित्र दिल में सब लोग हैं बिठाते ।
तुम इन्द्र के सदन में हो शक्तियुक्त आते ।।

(९६५)

त्वं सोम नृमादनः पवस्व चर्षणीधृतिः ।
सस्निर्यो अनुमाद्यः ।।

हे सोम! आप से ही होवें प्रसन्न सब नर ।
धारण करो प्रजा को, तुम रस झरो निरन्तर ।।
निष्णात शुद्ध रस में डुबकी लगा रहे हो ।
मदनीय हर्ष दे कर भय सब भगा रहे हो ।।

(९६६)

पवस्व वृत्रहन्तम उक्थेभिरनुमाद्यः ।
शुचिः पावको अद्भुतः ।।

हे श्रेष्ठ वृत्रघातिन् ! रस तुम झरो अनोखा ।
स्तुति से प्रशस्य जो दे उल्लास हर्ष चोखा ।।
पावक पुनीत शुचि तुम अद्भुत विभूति वाले ।
अपने समस्त उत्तम आनन्द दो निराले ।।

(९६७)

शुचिः पावक उच्यते सोमः सुतः स मधुमान् ।
देवावीरघशंसहा ।।

पावक पवित्र ऊंचा सुत सोमरस कहावे ।
मधु से भरा निराला वह भव्य कान्ति पावे ।।
सब दिव्य सद्गुणों की रक्षा करे करावे ।
पापिष्ठ दुर्जनों को भय मृत्यु का दिखावे ।।

(९६८)

प्र कवि र्देववीतयेऽव्या वारेभिरव्यत ।
साह्वान् विश्वा अभिस्पृधः ।।

दिव्यत्व हेतु सबके कवि सोम तक रहा है ।
आवरण से प्रकृति के, निज रूप ढक रहा है ।।
स्पर्धा विरोध ईर्ष्या मात्सर्य को दबावे ।
विश्वासयोग्य सारे ब्रह्माण्ड को बनावे ।।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(९६९)

स हिन्मा जरितृभ्य आ वाजं गोमन्तमिन्वति ।
पवमानः सहस्रिणम् ॥

वह ही स्वभक्त जन को गोधन समृद्धि देवे ।
ऐश्वर्य दे हजारों फिर पुष्टि तुष्टि देवे ॥
बल अन्न शक्ति, उत्तम सामर्थ्य भी वही दे ।
व्यवहार की कुशलता हित बुद्धि भी सही दे ॥

(९७०)

परि विश्वानि चेतसा मृज्यसे पवसे मती ।
स नः सोम श्रवो विदः ॥

सबको पवित्र करते मन बुद्धि चित्त से तुम ।
रस झर रहे रसीला हे सोम ! शुद्ध हो तुम ॥
श्रुति पाठ ये हमारे प्रिय भक्तिपूर्ण जानो ।
यश अन्न कीर्ति देओ हमको स्वभक्त मानो ॥

(९७१)

अभ्यर्ष बृहद्यशो मघवद्भ्यो ध्रुवं रयिम् ।
इषं स्तोतृभ्य आभर ॥

यजमान भक्तजन के हित खूब अन्न देओ ।
स्थिर कीर्ति धन विभव भी हे सोम! आप देओ ॥
स्तोता करें तुम्हारी स्तुतियां भरे हृदय से ।
दो अन्न तुम उन्हें, वे हों युक्त अभ्युदय से ॥

(९७२)

त्वं राजेव सुव्रतो गिरः सोमा विवेशिथ ।
पुनानो वह्ने अद्भुत ॥

हे सर्वकार्यवाहक ! अद्भुद विभूति ! भगवन् ।
राजा समान तुम हो शुभकर्मयुक्त मघवन् ॥
इन पुण्य वाणियों में तुम संनिविष्ट होओ ।
सबको पुनीत करके हे सोम ! पाप खोओ ॥

(९७३)

स वह्निरप्सु दुष्टरो मृज्यमानो गभस्त्योः ।
सोमश्चमूषु सीदति ॥

वह वह्नि सोम उसको दुर्लभ बना हुआ है ।
जो नर जगत-सलिल में डूबा सना हुआ है ॥
शोधें उसे विवेकी मलहीन बुद्धि मन में ।
भू द्यौ चमस बना जो आसीन है भुवन में ॥

(९७४)

क्रीडुर्मखो न मंहयुः पवित्रं सोम गच्छसि ।
दधत् स्तोत्रे सुवीर्यम् ॥

क्रीड़ा करो रसों में मखतुल्य पूज्य भाते ।
तुम तो पवित्र जन के घर हो सदैव जाते ॥
जो भक्त वेदपाठी स्तोता तुम्हें पुकारें ।
बल वीर्य दो उन्हें तुम, वे जन्म निज सुधारें ॥

(९७५)

यवं यवं नो अन्धसा पुष्टं पुष्टं परिस्रव ।
विश्वा च सोम सौभगा ॥

यव आदि उत्तमोत्तम जो पुष्ट पुष्ट धन है ।
वह दो हमें प्रभो ! तुम उसमें निविष्ट मन है ॥
सौभाग्य भी सभी दो हे सोम ! तुम दया कर ।
प्रिय भक्ष्य अन्न से घर भरदो तुम्हीं गुणाकर ॥

(९७६)

इन्दो यथा तव स्तवो यथा ते जातमन्धसः ।
नि बर्हिषि प्रिये सदः ॥

जैसा स्तवन तुम्हारा विख्यात है जगत् में ।
जिस शुद्ध उच्च रस से प्रकटे तुम्हीं जगत् में ॥
वैसे हमें बनाओ हे इन्दुदेव ! आओ ।
प्रिय यज्ञ में यहां पर बैठो प्रशस्ति पाओ ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(६७७)

उत नो गोविदश्ववित् पवस्व सोमान्धसा ।
मक्षूतमेभिरहभिः ॥

हे सोम ! साथ रस के गौ अश्व भी हमें दो ।
धन अन्न पूर्ण वैभव भगवन् ! हमें सभी दो ॥
जल्दी इन्हीं दिनों में सब इष्ट सिद्ध कर दो ।
उल्लास हास सुख से मन बुद्धि चित्त भर दो ॥

(६७८)

यो जिनाति न जीयते हन्ति शत्रुमभीत्य ।
स पवस्व सहस्रजित् ॥

बूढ़ा कभी न होवे, जीता कभी न जावे ।
जो पास शत्रु के जा विध्वंस कर दिखावे ॥
वे तुम सहस्र धन के जेता ! झरो रसों को ।
हे देव शक्तिशालिन् ! गीली करो नसों को ॥

(६७९)

यास्ते धारा मधुश्चुतोऽसृग्रमिन्द ऊतये ।
ताभिः पवित्रमासदः ॥

हे इन्दु ! जो तुम्हारी धारा मिठास चूएं ।
रक्षार्थ स्पष्ट होती वे दिव्य लोक छूएं ॥
उनसे पवित्र जन में माधर्य वीर्य भर दो ।
तुम पास बैठ उसको सन्तुष्ट पुष्ट कर दो ॥

(६८०)

सो अर्षेन्द्राय पीतये तिरो वाराण्यव्यया ।
सीदन्नृतस्य योनिमा ॥

रस को भरो निरन्तर पानार्थ इन्द्र के तुम ।
आवरण को हटा कर अव्यय विमुक्त हो तुम ॥
ऋत सत्य यज्ञ की हो आसीन योनि में तुम ।
हे सोम ! दिव्य अपनी धारा बहा रहे तुम ॥

(६८१)

त्वं सोम परिस्रव स्वादिष्ठो अङ्गिरोभ्यः ।
वरिवोविद् घृतं पयः ॥

इन अङ्गिरा जनों के हित सोम ! रस झरो तुम
स्वादिष्ट इष्ट उत्तम आनन्दधाम हो तुम ।
सुख शान्तियुक्त घर में घी दूध खूब दो तुम
हमसे प्रशस्ति पूजा पाकर खुशी रहो तुम ।

(६८२)

तव श्रियो वर्ष्यस्येव विद्युतोऽग्ने श्चिकित्र उषसामिवेतयः । यदोषधीरभिसृष्टो वनानि च परि स्वयं चिनुषे अन्नमासनि ॥

तुम अग्नि की उषासम ये दीप्तियां सुहावें
ज्यों बरसते जलद में विद्युत् चमक दिखावें ।
वन औषधि जलों में संसृष्ट हो तुम्हीं तो
खुद भोज्य कर उन्हीं को मुख में धरो तुम्हीं तो।

(६८३)

वातोपजूत इषितो वशाँ अनु तृषु यदन्ना वेविषद् वि तिष्ठसे । आ ते यतन्ते रथ्यो यथा पृथक् शर्धांस्यग्ने अजरस्य धक्षतः ॥

प्रेरित हुए हवा से इच्छानुसार जाते
तुम शीघ्र अन्नकण में बैठे उसे पकाते ।
दाहक अजर तुम्हारे बल, पूर्ण वेग पाते
ज्यों सारथी पृथक् निज रथशक्तियां दिखाते ।

(६८४)

मेधाकारं विदथस्य प्रसाधनमग्निं होतारं परिभूतमम् । त्वामर्भस्य हविषः समानमित् त्वां महो वृणते नान्यं त्वत् ॥

मेधावि वृद्धि करते तुम यज्ञ के प्रसाधक
हो व्याप्त अग्नि होता ज्ञानी अनिष्टबाधक
छोटी बड़ी मिली सब हवियां तुम्हें रिझातीं
तुमसे विभिन्न के तो ये पास भी न जातीं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संत कवि वेमना

श्री रामलिंगप्पा, एम. ए.

वेमना तेलुगु के प्रथम निर्गुण संत कवि थे। उनका नाम आँध्र प्रदेश में बहुत प्रसिद्ध है। वेमना ने कविता की रचना कविता के लिए नहीं की, लेकिन जनता के लिए की। इसलिए वेमना ने योगी बनकर कविता की। इसप्रकार पहले वे योगी थे, अनन्तर कवि थे। अधिकतर लोग मुख्यतः वेमना को योगी मानते हैं, न कि कवि। वेमना की जन्म-तिथि के विषय में विद्वानों में कई मतभेद प्रचलित हैं, कुछ विद्वान् कहते हैं कि वे १५वीं शताब्दी के हैं। और कुछ १६वीं एवं १७वीं शताब्दी के। आलोचक एवं विद्वान् श्री राल्लपल्लि अनंत कृष्ण-शर्मा जी वेमना का समय १८वीं शताब्दी मानते हैं।

उनका जीवनीसम्बन्धी विवरण उपलब्ध नहीं होता। उनके पदों से उनकी विचारधारा-मात्र का परिज्ञान परिलक्षित होता है। पहले यह जान लेना जटिल समस्या है कि कौनसे पद उनके हैं? वे कब पैदा हुए थे? उनके माँ-बाप कौन थे। पढ़े-लिखे थे कि नहीं? गृहस्थी थे या योगी? उनका पेशा क्या था? कब उन्होंने योग-निद्रा के लिए समाधि में प्रवेश किया? इन सब विषयों के बारे में हम अच्छी तरह नहीं जानते हैं। ये सभी विषय विवादास्पद हैं। वेमना के जन्म के सम्बन्ध में अनेक किंवदंतियाँ प्रचलित हैं। इन किंवदन्तियों में निम्नलिखित बातों की प्रधानता रहती है :—

कोमरगिरि वेमारेड्डी के दो पुत्र थे। बड़े का नाम था—कोमटि वेंकारेड्डी और छोटे का नाम राचवेमारेड्डी। उन दोनों को अनुवेमारेड्डी तथा वेमारेड्डी नामों से पुकारा करते थे। वेमारेड्डी वेश्यालोलुप थे। वेमारेड्डी की भाभी उन्हें अधिक प्यार करती थी। उनके मांगने पर भाभी कुछ कहे बिना पैसे देती रहती थी। एक बार वेश्या ने अपनी भाभी के नूपुर को लिवा लाने का अनुरोध किया था। यही वेमारेड्डी ने अपनी भाभी से पूछा। भाभी वेमारेड्डी में किसी तरह परिवर्तन लाना चाहती थी। इसलिए उसने यही मौका पाकर वेमारेड्डी से वचन लिया कि जब वह नग्न होकर सामने आजायं तब नूपुर दे देना, नहीं तो नहीं। उस वादे को वेमारेड्डी ने मान लिया। उन्होंने वेश्या के पास जाकर नूपुर दे दिया और नग्न होने के लिए कहा। उसकी बात मान कर वह नग्न खड़ी रही। इसप्रकार खड़ी हुई वेश्या को देखकर लज्जित होकर यहाँ से अपने घर लौटे।

राजदर्बार में अभिरामय्या नामक एक सोनार था। वह कुछ दिनों से दर्बार में विलम्ब से आया करता था। यह विषय वेमारेड्डी ने जानकर उसका पीछा कर मालूम कर लिया कि वह आस-पास के जंगल की गुफा में विलसित लंबिका शिवयोगी की उपासना किया करता था। विरक्त वेमारेड्डी को शिवयोगी आशाकिरण की तरह दिखाई पड़ा। दूसरे दिन वेमारेड्डी ने अभिरामय्या को कोई कठिन काम सौंप कर उसे शिवयोगी के यहाँ जाने से रोक दिया। बाद में उन्होंने शिवयोगी के यहाँ जाकर कहा कि अभिरामय्या ने अपने बदले में मुझे भेज दिया है। तब शिवयोगी ने उन्हें योगी के रहस्यों को बता दिया। इस प्रकार उन्होंने खुद अभिरामय्या को प्राप्त होने वाली सिद्धि का लाभ उठाया। वे जिज्ञासा के कारण अभिरामय्या को भूल नहीं सके। अतः वे अपने छंदों की पंक्ति के अन्त में विश्वदाभिराम विनुरावेमा' टेक रख कर उपदेश देते हुए लोक-पर्यटनार्थ निकल पड़े। उन्होंने हेम-तारक नामक मंत्रसिद्धि प्राप्त की। और अपने सभी ऋणों से मुक्त हुए। और भौतिक बंधनों से

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विमुक्त हुए ।

तल्लिगर्भमंदु दा बुट्टिनप्पुडु
मोदल बट्ट लेदु तुदनु लेदु
नडुम बट्टगट्ट नगुबाटु कादोको
विश्वदाभिराम विनुर वेमा ।।"

अर्थात् माता के गर्भ से पैदा होते ही कोई कपड़ा नहीं होता और अन्त में भी । इसी बीच में कपड़ा पहनना लज्जा की बात है न । इसप्रकार कहकर नग्न होकर भगवान् की खोज में निकल पड़े। आखिर उन्होंने कदिरि तालूका कठारिपल्ली नामक गाँव में शर्वरि नामक संवत्सर श्रीरामनवमी के दिन योगी-निद्रा के लिए समाधि में प्रवेश किया ।

वेमना प्रतिभासंपन्न कवि थे । प्रतिभा जन्म की देन है । उन्होंने मृदु मधुर आटवेलदि मात्रिक छंद में अपनी कविता कर कमाल किया । अब तक वेमना के लगभग ५०००पद आँध्र प्रदेश की साधारण जनता में प्रचलित हैं । इतना ही नहीं, उनके अनेक संस्करण निकले हैं । अपनी प्रशंसा के लिए उन्होंने कविता नहीं की । अगर उनमें प्रशंसा की इच्छा होती तो वे महाकाव्य की रचना करते । जिस प्रकार उनकी जीवन-यात्रा चलती गयी उस प्रकार उन में भावों की तीव्रता एवं परिस्थितियों की अनुभूति अधिक बढ़ती गई । फलस्वरूप वे अनेक विषयों के ज्ञाता बन गये । समाज में व्याप्त बुराइयों को दृष्टि में रखकर उन्होंने अपनी गहरी अनुभूति से अनेक पदों की रचना की । उनके पद अमूल्य एवं अमर हैं । इन पदों का उनके शिष्य एवं अनुयायियों ने संकलन किया और प्रचार भी किया ।

वेमना की सामान्य प्रवृत्तियाँ संकेत में निम्न प्रकार की हैं :-

निर्गुण ब्रह्म में विश्वास--वेमना निर्गुण ब्रह्म के उपासक थे । उनके निर्गुण-ब्रह्म शिव हैं । उनके शिव शैवों के शिव नहीं हैं, पर परब्रह्मस्वरूप हैं । वे निर्गुण ब्रह्म को सब से परे मानते हैं । वे ब्रह्म के बारे में इस प्रकार कहते हैं :

"अखिलाकारुडनंतुडु
सकलात्मलयंदु सर्वसाक्षियुदानै
निखिलमुल निर्विकारुडु
निकरमु ब्रह्मम्मनंदु निजमुर वेमा?"

अर्थात् ब्रह्म अनंत, निर्गुण और निराकार है । लेकिन वह सारे संसार में व्याप्त है । उस से भिन्न कोई अलग सत्ता नहीं, यही सत्य है ।

गुरु का महत्व--उनके लिए गुरु भगवान से भी अधिक महत्वपूर्ण है । वे गुरु की महिमा के बारे में बताते हुए कहते हैं :

"गुरुवुलेक विद्य गुरुतुग दोरकदु,
नृपतिलेक भूम नियत गादु,
गुरु विद्य लेक गोप्प पंडितुडौने"

गुरु के बिना विद्या शाश्वत रूप में भी नहीं मिलती । नृपति के बिना देश का रहना युक्त नहीं है । क्या कोई बिनागुरु पंडित बन सकता है ? यह असंभव है । उसी प्रकार ब्रह्म की प्राप्ति के लिए गुरु की आवश्यकता होती है ।

जाति-पांति का विरोध--वेमना के समय समाज की दशा अत्यन्त दयनीय थी । कुछ शैव अपने बच्चों को बसिवि के नाम पर विवाह न कर वेश्या के रूप में छोड़ दिया करते थे । धर्म के नाम पर, गाँवों एवं नगरों में व्यभिचार, मद्यपान, इत्यादि दुराचार विलसित थे । अनेक लोग अपनी जाति के नाम पर आपस में लड़ रहे थे । इन विलष्ट परिस्थितियों में उन्होंने अपनी गहरी अनुभूति एवं अनुभव से समाज के सुधार के लिए जाति की खूब निन्दा की । इस मत की पुष्टि में वेमना द्वारा विरचित पद उद्धृत किया जाता है :

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"जातुलंदु नेट्टि जाति मुख्यमो चूडु
येरकलेक दिरुन नेमि फलमु
एरुक गल्ग मनुजु डेजाति गलवाडो"

जातियों में कौनसी जाति बड़ी है ?" इसकी चर्चा करना नितान्त व्यर्थ है। जो मानव है वह अमूल्य समय तत्व-विचार में बिताता है, वह जाति से कोई सम्बन्ध नहीं रखता।

वेमना अस्पृश्यता की निन्दा करते हुए कहते हैं--

"माट निलुपलेनि मनुजुंडु चंडालुडु"
(वाक्कु शुद्धि लेनिवाडु चंडालुडु)

अर्थात् जो आदमी अपनी बात को टाल देता है वह नीच या चंडाल कहलाता है ?
याने कोई आदमी जन्म से ही ब्राह्मण नहीं होता। पर बाद में अपनी वाक्-शुद्धि एवं सदाचार से ही ब्राह्मण बन सकता है।

मूर्ति-पूजा--वेमना के समय लोग मूर्ति की पूजा करते थे। पर वेमना मूर्तिपूजा के विरोधी थे। अतः उन्होंने मूर्तिपूजा की निन्दा करते हुए इस प्रकार कहा --

"रातिबोम्मकेल रगैन वलुवलु
गुल्लगोपुरमुलु कुंभमुलनु
कूड गुड्ड दानु गोरुना देवुडु।"

पत्थर की मूर्ति के लिए अमूल्य वस्त्रालंकरण की क्या आवश्यकता है ? भगवान् के गोपुर एवं मंदिर बनाना क्यों ? क्या भगवान् नैवेद्य की आशा करता है ? याने, भगवान् तो स्वयं अपने लिए नैवेद्य, वस्त्रालंकरण इत्यादि चीजों को नहीं माँगता है न ? अतः मूर्ति की पूजा करने से कोई फायदा नहीं है।

व्रतादियों का खंडन--वेमना ने कहा कि कर्मकाँड एवं मंत्रोपासना से परे देवोपासना है। अतः उन्होंने व्रतादियों का खंडन किया और कहा कि--

"व्रतमुलेन्नियैन वट्टि चिवकुलेगानि
आत्म चिवकुगान नलविगाङ
आत्मचिक्कुवापुनतडे पो घनयोगि।"

व्रत-उपवासों के कितने करने पर भी क्या लाभ है ? वे सभी व्यर्थ के बन्धन हैं। जो जीवात्मा बन्धनों से मुक्त होता है, वही सच्चा ज्ञानी (सज्जन) है।

तीर्थाटन--लोक हृदय में यह विश्वास अधिक प्रचलित था कि तीर्थाटन से, पापों का नाश होता है और जीवन निर्मल बन जाता है। पर वेमना ने कहा कि यह अन्धविश्वास एवं कपटपूर्ण व्यवहार है। तीर्थाटन का मानव-कल्याण से कोई सम्बन्ध नहीं है। तीर्थाटन से मानव के हृदय में कोई परिवर्तन नहीं होता। इस प्रकार वे तीर्थाटन की निन्दा करते हुए कहते हैं --

"तिरुमलकुनु बोव, तुरक दासरि गाडु,
काशिबोव, लंज गरितगादु,
कुक्क सिंहगुने, गोदावरिकि पोव।।"

क्या मुसलमान 'तिरुमल' जाने से 'दास' (वैष्णव-भक्त) बन सकता है ? क्या वेश्या काशी जाने से महासाध्वी बन सकती है ? क्या कुत्ता गोदावरी जाने से सिंह बन सकता है ? ये सब व्यर्थ हैं। याने तीर्थाटन से कोई परिवर्तन नहीं होता। इसलिए हमें तीर्थाटन से कोई लाभ नहीं है।

रहस्यवाद--वेमना का रहस्यवाद शंकराचार्य द्वारा प्रतिपादित 'अद्वैतवाद' से प्रभावित है। वे अद्वैत के बारे में इस प्रकार कहते हैं :--

"निन्नु जूचे नेनि दा मरचुनु
तन्नु जूचेनेनि निन्नु मरचु
एविधमुन मनुजुडेरुगु निन्नुनुदन्नु।।"[८]

उक्त पद में अद्वैत की भावना, याने जीवात्मा एवं परमात्मा की एकता निहित है। जब जीवात्मा, परमात्मा से मिल जाती है, तब वह अपने को भूल

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जाती है। यही अद्वैत का परम रहस्य है। इस से यह ज्ञात होता है कि जीवात्मा परमात्मा से कोई भिन्न नहीं है।

"ओक्क घटमुलोन बेक्कु रुपुलु निल्चु
नेन्नि येन्नि रुपुलेसगुचुंडु
नवियु दोलगेनेनि यन्नि बैकोनु ।।"

अर्थात् घट के अनुसार पानी का रूप होता है। जब वह घटों से अलग किया जाता है तब वह एक ही रूप में रहता है। इसी प्रकार दृश्य जगत् में व्याप्त आत्मा मूलतः भिन्न नहीं है। याने आत्मा, परमात्मा से भिन्न वस्तु नहीं है।

लोकसंग्रह का भाव--वेमना को जीवन का सर्वाङ्गीण अनुभव है। अतः वे व्यक्तित्व के साथ सामाजिकता पर बल देते थे। वे आत्मशुद्धि के सम्बन्ध में निम्न प्रकार कहते हैं :--

"आत्मशुद्धिलेनि आचारमदियेल
बाँडशुद्धिलेनि पाकमेल
चित्तशुद्धिलेनि शिवपूजलेलरा ।।"

क्या आत्मशुद्धि के बिना आचार-व्यवहार हो सकता है? क्या बर्तन की सफाई के बिना पक्वान्न शुद्ध हो सकता है? उसी प्रकार चित्त-शुद्धि के बिना शिव की पूजा व्यर्थ है। इससे यह स्पष्ट परिलक्षित होता है कि सदाचार के लिए आत्म-शुद्धि की आवश्यकता है।

"अल्पबुद्धिवानि अधिकारमिच्चिन्
दोड्डवारिनेल्ल दोलगुगोट्टु
चेप्पुदिनेडि कुक्क, चेरकु तीपेरुगुना ?

उक्त पद में वेमना कहते हैं कि नीच को अधिकार देने से, वह बड़ों को निकाल देता है। क्या जूते खाने वाला कुत्ता, ईख के स्वाद को जान सकता है? अतः हमें नीच से दूर रहना चाहिये।

"आलिमाटलु विनि अन्नदम्मुलरोसि
वेरेपोवुवाड़ु वेरिवाडु
कुक्कतोक बट्टि गोदावरीदुना ?"

उक्त पद में वेमना कहते हैं कि--जो अपनी पत्नी की बातों से अपने भाई से अलग होता है, वह अज्ञानी है। क्या कुत्ते की पूंछ से गोदावरी नदी कोई पार कर सकता है? यह व्यर्थ प्रयत्न है। अतः हमें पत्नी की कही बातों के अनुसार परिवार से अलग होना मना है।

"ईंट यालिविडिचि, यिर जारकाँतल
वेंट दिरुगुवाडु, वेर्रवाडु
पंटचेनु विडचि परिगनेरिनयट्टलु"

उक्त पदों से यह मालूम होता है कि अपनी पत्नी को छोड़कर अन्य वेश्याओं के पीछे पड़ने वाला मूर्ख है। अतः यह मना है।

उक्त विवेचन से यह स्पष्ट परिलक्षित होता है कि वेमना ने जनता को दृष्टि में रख कर उनके सुधारने का प्रयत्न करते हुए अनेक पदों की रचना की। अतः वे समाज-सुधारक थे।

माया का बहिष्कार--वेमना ने नारी एवं माया को अपनी साधना का बाधक माना है? वे माया के बारे में निम्न प्रकार कहते हैं :--

"मायजगमटंचु मनुजुडुडेरुक लेक
मायलोन दानु मग्नुडय्ये
मायतेलियनरुनि मर्मज्ञुडंदुरु ।"

अज्ञान इस जगत् को माया न समझ कर, उस में लीन हो जाता है। जो इस माया को भलीभांति समझ लेता है, वही ज्ञानी कहलाता है। उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। अतः हमें माया को छोड़ना चाहिये।

उपर्युक्त विवेचनात्मक अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि वेमना समाज-सुधारक, उपदेशक, विचारक, एवं जन-कवि थे। वे भी कबीर की तरह जाति-पाँति का विरोध, मूर्ति-पूजा, तीर्थाटन, व्रत

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इत्यादि वाह्याडंबरों की निन्दा, ज्ञान की प्रशंसा, और सदाचार का समर्थन करते थे। वे अपने समय के पहले निर्गुण संत कवि थे। वेमना ने नीति एवं उपदेशसम्बन्धी कविताओं की रचना मानव-कल्याण के लिए की। इस प्रकार उन्होंने अपने जीवन को सफल बनाया। जैसी उनकी भावना है, वैसी उनकी भाषा है। उनकी कविता में भावों की तीव्रता, हृदय की अनुभूति एवं जीवन का अनुभव विद्यमान है। उनकी कविता में कोरी नीति के अलावा अनुभूतियों की झलक दीख पड़ती है। यत्र-तत्र हास्य का पुट झलकता है। अतः उनकी साहित्य-संपत्ति लोकप्रिय वस्तु बनी है। संत-कवि जनकवि हैं। जनता शाश्वत है। जनकवि एवं संत शाश्वत हैं।

महर्षि दयानन्द भवन, रामलीला मैदान में आयोजित प्रेस-कान्फ्रेंस में

सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान भूतपूर्व संसद सदस्य

श्री रामगोपाल जी शालवाले का वक्तव्य

सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा, देश भर में अस्पृश्यता मिटाने, विदेशी ईसाई मिशनरियों की गतिविधियों को निरस्त करने तथा गोहत्या पर प्रतिबन्ध लगवाने के लिए एक व्यापक अभियान चलायेगी। साथ ही खाद्य पदार्थों में मिलावट, जमाखोरी तथा चोरबाजारी की प्रवृत्ति को रोकने के लिए समाज में चेतना उत्पन्न करने की एक योजना बनाई जा रही है।

उक्त घोषणा यहाँ एक पत्रकार सम्मेलन में सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के नवनिर्वाचित प्रधान श्री ला० रामगोमाल शालवाले ने की।

श्री शालवाले ने आर्य समाज के भावी कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आर्य समाज के भारी प्रयास के कारण अस्पृश्यता का कलंक काफी हद तक मिट चुका है किन्तु फिर भी कुछ क्षेत्रों में इन दिनों हरिजनों व सवर्णों के आपसी विवादों की कुछ घटनाओं ने समस्त देश को झकझोर डाला है। आर्य समाज ने बची खुची अस्पृश्यता को मिटाने के लिए अन्तरजातीय विवाहों को प्रोत्साहन देने की एक व्यापक योजना बनाई है। सभा ने एक अलग विभाग खोलकर अन्तरजातीय विवाहों के लिए तत्पर युवक व युवतियों की सूचियाँ आदि एकत्रित कर इस प्रकार के विवाह प्रारम्भ करा दिये हैं। अन्तरजातीय विवाहों के प्रचलन से जन्मगत जाति व्यवस्था की भ्रांति स्वयमेव ही चकनाचूर हो जायेगी।

श्री शालवाले ने बताया कि अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस आदि पश्चिमी देश सुनियोजित ढंग से भारत पर साँस्कृतिक आक्रमण में लगे हुए हैं। लाखों विदेशी ईसाई मिश्नरी भोले भाले आदिवासियों व हरिजनों को सेवा व सहायता के नाम पर भ्रमित करके उनके धर्म परिवर्तन के कुचक्र में लगे हुए हैं। वे धर्म परिवर्तन के साथ-साथ राष्ट्र-द्रोही गतिविधियों में भी संलग्न हैं। नागालैण्ड,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मिजोरम व अरूणाँचल इसके ज्वलन्त प्रमाण हैं। आर्यसमाज इन अराष्ट्रीय गतिविधियों से विशेष-कर सीमावर्ती क्षेत्रों में डटकर टक्कर ले रहा है। उसने चिकित्सालयों व सेवा के माध्यम से विदेशी मिशनों से टक्कर लेने की व्यापक योजना बनाई है।

हम सरकार से भी यह माँग करते हैं कि वह राष्ट्र की रक्षा के लिये मिशनरियों की संधिग्ध गतिविधियों पर तुरन्त प्रतिबन्ध लगाये।

धर्म के नाम पर पाखण्ड—

श्री शालवाले ने घोषणा की कि धर्मप्राण भारत में धर्म के नाम पर पनपने वाले पाखण्ड व नये-नये मतमतान्तरों व "कलियुगी अवतारों" से धर्म व संस्कृति के अस्तित्व के लिए भीषण खतरा उत्पन्न हो गया है। ब्रह्मकुमारी, बालयोगेश्वर, आनन्दमार्ग, निरंकारी, महेश योगी, साँई बाबा आदि नये-नये मनमाने मत वैदिक धर्म व भारतीय संस्कृति की जड़ें खोदने में लगे हुए हैं। वे विदेशों में भी भारत की तस्वीर को धूमिल कर रहे हैं। अपने को भगवान का अवतार बताकर जनता का धार्मिक व आर्थिक शोषण करने में लगे हुए हैं। सार्वदेशिक सभा इस प्रकार के षड्यन्त्रों की पोल खोलने के लिये कटिबद्ध है। वह इन पाखण्डी मतों व "कलियुगी अवतारों" के कुचक्र से जनता को सावधान करने के लिए व्यापक प्रचार-अभियान चलायेगी।

गोहत्या का कलंक —

सभा प्रधान ने घोषणा की कि गोहत्या के कलंक को मिटाना आर्यसमाज का प्रमुख लक्ष्य रहा है। यह देश का दुर्भाग्य है कि स्वाधीन भारत में भी ३० हजार गायों की प्रतिदिन हत्या जारी है। गोहत्या देश की बहुसंख्यक हिन्दू जनता की धार्मिक भावनाओं पर खुला आघात है। अतः गोहत्याबन्दी के लिए भरपूर प्रयास जारी रहेंगे।

सार्वदेशिक सभा का मत है कि जब तक "श्वेत-क्रांति" के रूप में दुग्ध-उत्पादन की ओर ध्यान नहीं दिया जायेगा तब तक भारत में दूध व घी का भारी संकट दूर करना कदापि नहीं होगा। अतः हम सरकार के साथ-साथ देश के साधन-सम्पन्न लोगों से गोपालन में रुचि लेने तथा गोशालाओं व गोसंवर्धनकेन्द्रों की स्थापना की भी योजना बना रहे हैं।

जनसंख्या-रिपोर्ट—

श्री शाल वाले ने जन-संख्या रिपोर्ट के इस तथ्य पर भारी चिन्ता व्यक्त की विदेश में हिन्दुओं की संख्या तेजी से घटती जा रही है जबकि मुस्लिम व ईसाईयों की तेजी से बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि एक ओर परिवार नियोजन के प्रभाव से हिन्दू घट रहा है तो दूसरी ओर चार-चार विवाह की कानूनी छूट होने से मुसलमानों की संख्या में वृद्धि होती जा रही है। यदि यह कुचक्र जारी रहा और हिन्दू अल्प मत में हो गये तो एक दूसरे पाकिस्तान की माँग उठने की संभावना हो सकती है।

उन्होंने सभी के लिए समान आचार-संहिता जारी कर चार-चार विवाहों की छूट समाप्त करने की माँग की।

आर्यसमाज-स्थापना-शताब्दी —

श्री शालवाले ने बताया कि सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के समक्ष इस समय बड़े से बड़ा कार्य "आर्यसमाजस्थापनाशताब्दीमहोत्सव" को सुसम्पन्न करना और उसके माध्यम से न केवल भारतवर्ष में बल्कि विदेशों में भी व्यापक रूप से वैदिक धर्म का संदेश पहुंचाना तथा महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती के सिद्धान्तों का प्रचार करना है। सभा ने इसके लिए १।। करोड़ रुपये का बजट स्वीकार किया है। सभा के द्वारा चारों वेदों का हिन्दी भाष्य प्रकाशित किया जा रहा है। अंग्रेजी में भी वेदों का भाष्य प्रकाशित हो रहा है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुरुकुल समाचार

श्री महावीर 'नीर' विद्यालंकार एम.ए.

ऋतु रंग

अब ऋतु ने अपना परिवर्तनकारी रूप दिखाना प्रारम्भ कर दिया है। सितम्बर मास के प्रथम सप्ताह में अच्छी वर्षा हुई। मेघों ने गुरुकुलीय आकाश पर मस्त कुञ्जरों के समान इतस्ततः अपना परिभ्रमण रखा किन्तु पश्चात् आकाश मेघों से शून्य होगया। कभी २ रूई के ढेर के समान श्वेत श्वेत मेघ गगन में दृष्टिगोचर होते रहते हैं। दिन में ताप का प्रभाव काफी होते हुए भी रात्रियाँ अब ठण्डी होने लगी हैं। गुलाबी जाड़ा पड़ने लगा है। छोटे २ ब्रह्मचारी प्रातः स्वेटर आदि धारण करने लगे हैं। कुल में आनन्द और उत्साह सर्वत्र व्याप्त है। धान की फसल अब पकने को उद्यत है। कुलीय पथ पर कैथे और बेल के फल लटकते हुए सुन्दर प्रतीत होते हैं। हरे-भरे वृक्षों की शोभा बड़ी ही लुभावनी प्रतीत होती है। हवा के झोकों से झुकती झूमती डालियाँ ऐसी लगती हैं मानों वे कुल भूमि को नमन कर रही हों अथवा इस पुण्य भूमि का स्पर्श करने के लिए बेचैन हो उठी हों। बगुला की टोलियाँ हरित भू प्रदेश में बैठी हुई अपनी अनुपम आभा दिखा रही हैं। काँस अब फूलने लगे हैं। वर्षा अपने अन्तिम चरण को छू रही है। मच्छरों का प्रभाव अब घट रहा है। जुखाम व बुखार का प्रभाव बढ़ चला है। कुछ ब्रह्मचारियों में खाज-खुजली का रोग व्याप्त रहा। अब कुलीय वातावरण शाँत है। कुलवासी स्वस्थ तथा प्रसन्न हैं।

विद्यालय विभाग

गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय के मेरुदण्ड 'विद्यालय-विभाग का वातावरण किन्हीं कारणों से बड़ा उत्तेजित तथा क्षुब्ध रहा किन्तु अब विद्यालय में अध्ययन व अध्यापन का कार्य सामान्य है। विद्यार्थी अपने कार्यो में पूर्ववत् संलग्न हो गए हैं। समस्त छात्रों के लिए 'पुस्तकों व स्टेशनरी' की व्यवस्था कर दी गई है। आशा है डा० श्यामनाथ जी वेदालंकार के मुख्याध्यापकत्व में विद्यालय उन्नति की ओर अग्रसर होगा। क्रीडाँगन में फुटबाल का स्थान अब हाकी लेने जा रही है। कुछ ब्रह्मचारी क्रिकेट का खेल खेलकर अपना मनोरंजन करते हैं। सभी ब्रह्मचारी स्वस्थ तथा प्रसन्न हैं।

विद्यालय-क्रीड़ा-समाचार

विद्यालय क्रीड़ा विभाग की ओर से हमें यह समाचार देते हुए हर्ष हो रहा है कि ३०।६।७४ से विद्यालय के दशम श्रेणी तक के छात्रों ने एक 'श्री इन्द्र विद्यावाचस्पति क्षेत्रीय विद्यालय फुटबाल टूर्नामेंट' का आयोजन किया। जिसमें देहरादून, लक्सर, ऋषिकेश और पञ्चपुरी की टीमों ने भाग लिया। श्री आ. रामनाथ जी ने टूर्नामेंट का उद्घाटन किया व ओ३म् की पताका फहरायी। गुरुकुल फार्मेसी की ओर से टूर्नामेंट को २००) मिले तथा डा० सत्यकेतु जी की ओर से ६२) तथा श्री आचार्य जी की ओर से २१) तथा ११) खलाड़ी ब्रह्मचारियों के मिष्ठान्न के लिए प्राप्त हुए। फाइनल मैच बड़ा आकर्षक रहा। श्री गुरुरामराय, नेहरूग्राम, इन्टर कालेज, देहरादून की टीम विजेता रही तथा 'श्री भरत मन्दिर, इन्टर कालेज, ऋषिकेश की टीम उपविजेता रही। श्री आचार्य रामनाथ जी ने समस्त विजयी खलाड़ियों तथा भाग लेने वाली टीमों का धन्यवाद किया। टूर्नामेंट संयोजक ब्र० सुरेशचन्द्र पाठक १० म श्रेणी ने टूर्नामेंट की रिपोर्ट पढ़ी। इस टूर्नामेंट को सफल बनाने में जो कार्य समस्त ब्रह्मचारियों ने किया उसके लिए वे सब धन्यवाद के पात्र हैं। आशा है ब्रह्मचारी विद्यालय का नाम ऊंचा करेंगे!

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

श्री प्रो० रामाश्रय मिश्र जी निवासनिरीक्षक

श्री स० मुख्याधिष्ठाता जी की सूचना के अनुसार श्री प्रो० रामाश्रय जी (हिन्दी-विभाग) गुरुकुल के समस्त आवास-गृहों के निरीक्षक नियुक्त किए गए हैं। उत्साही तथा युवक व अनुभवी प्रोफेसर जी से आशा है कि वे कुलीय आवास की समस्याओं को सुलझाने में अधिकारियों को अपने सुझाव देते रहेंगे।

स्वामी अग्निवेश जी का आगमन

गुरुकुलीय कर्मचारी यूनियन की ओर से आमन्त्रित किये जाने पर श्री स्वामी अग्निवेश जी गुरुकुल पधारे। १०-९-७४ को कर्मचारी यूनियन के सदस्यों ने कार्यालय के खुले मैदान में उनके समक्ष गुरुकुल की वर्तमान परिस्थितयों के परिप्रेक्ष्य में अनेक समस्याओं को रखा। स्वामी जी ने समस्त समस्याओं के समाधान के लिए यूनियन के सदस्यों को आश्वास्त किया।

विज्ञान-विभाग

गुरुकुल साइंस कालेज के स्वर्गीय प्राफेसर श्री ओमप्रकाश सिन्हा के नाम पर रसायन शाला का नाम स्व० प्रो० ओमप्रकाश सिन्हा रसायन-प्रयोगशाला' रख दिया गया है। इस प्रकार इस रसायनशाला को उनकी स्मृति से जोड़ दिया गया है।

२१ सितम्बर का वह बलिदान दिवस

समस्त कुलवासियों व छात्र कल्याण परिषद् की ओर से साइंस कालेज के स्वर्गीय प्रो० ओमप्रकाश सिन्हा का बलिदान दिवस मनाया गया। स्मरण रहे कि स्व० प्रो० साहब की एक उद्दण्ड छात्र ने गोली मार कर हत्या कर दी थी। इस सभा में समस्त वक्ताओं ने स्वर्गीय प्रो० जी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर कहा कि "जो मनुष्य अपने कर्तव्य का पालन करते हुए शहीद होता है, वह सदा याद किया जाता है और उससे बढ़कर सुन्दर मृत्यु किसे मिल सकती है" सभा की अध्यक्षता श्री आचार्य जी ने की।

शोक-समाचार

बड़े खेद के साथ लिखना पड़ रहा है कि गुरुकुल आर्यसमाज के प्रधान व गुरुकुल-पत्रिका के सम्पादक श्री पण्डित भगवद्दत्त जी वेदालंकार के वयोवृद्ध पूज्य पिता जी का वर्ष १०१ मास ३ की दीर्घ आयु में देहावसान हो गया। वे अन्तिम समय तक पूर्णरूपेण स्वस्थ रहे तथा सभी दैनिक चर्या नियमित रूप से निभाते रहे। यहां तक कि प्रातः-सायं भ्रमण का क्रम भी उनका जारी रहा। मृत्यु से १५ वर्ष पूर्व वे काफी बीमार रहने लगे थे किन्तु जब से उन्होंने निरन्तर अनीमा लेना तथा भ्रमण का क्रम जारी किया, वे पूर्णरूपेण स्वस्थ रहने लगे थे। वे प्रायः इन क्रियाओं की प्रशंसा किया करते थे और कहा करते थे कि शतायु होने में ये क्रियायें बहुत सहायक रही हैं।

हम पत्रिका-परिवार की तरफ से दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिये प्रार्थना करते हैं और परम पिता प्रभु से प्रार्थना करते हैं कि वह शोक-सन्तप्त परिजनों को दुःख सहने की शक्ति दे।

साथ ही हमें यह भी समाचार देते हुए अतीव हार्दिक दुःख है कि वर्षों तक 'गुरुकुल विद्यालय विभाग' के आर्ट अध्यापक के पद पर सेवा करने वाले श्री प० प्रकाशचन्द जी का असमय ही देहावसान हो गया है। हम पंडित जी के समस्त शोक सन्तप्त परिवार के प्रति गहरी हार्दिक सम्वेदना प्रकट करते हुए प्रभु से प्रार्थना करते हैं कि वे पंडित जी की दिवंगत आत्मा को शान्ति और सद्गति प्रदान करे।

गुरुकुल काँगड़ी के पुराने कार्यकर्ता श्री गोपाल जी के सुपुत्र श्री ओमप्रकाश जी के स्वर्गवास पर तथा शिक्षा-कार्यालय के कर्मचारी श्री बलवीरसिंह की धर्मपत्नी के स्वर्गवास पर मुख्य कार्यालय के मैदान में शोक-सभा हुई। पत्रिका परिवार के सदस्य तथा समस्त कुलवासी प्रभु से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्माओं को शान्ति प्रदान करे।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्वाध्याय के लिये चुनी हुई पुस्तकें

वैदिक साहित्य

वेदोद्यान के चुने हुए फूल (सजिल्द)	५.००
वेद का राष्ट्रीय गीत (सजिल्द)	५.००
मेरा धर्म (सजिल्द)	७.००
वरुण की नौका (दो भाग)	६.००
अग्निहोत्र (सजिल्द)	२.२५
आत्म-समर्पण	.५०
वैदिक स्वप्न विज्ञान	२.००
वैदिक अध्यात्म विद्या	.७५
वैदिक सूक्तियां	.७५
ब्राह्मण की गौ (सजिल्द)	.७५
वैदिक ब्रह्मचर्य गीत	२.००
वैदिक विनय (तीन भाग)	६.००
वेद गीतांजलि	२.००
सोम सरोवर (सजिल्द)	२.००
वैदिक कर्त्तव्य शास्त्र	.५०
सन्ध्या सुमन	.५०
स्वामी श्रद्धानन्द जी के उपदेश	३.७५
आत्म मीमांसा	२.००
वैदिक पशु यज्ञमीमांसा	२.००
सन्ध्या रहस्य	२.००
अथर्ववेदीय मन्त्रविद्या	३.५०
ईशोपनिषद्भाष्य (सजिल्द)	२.००
अध्यात्म रोगों की चिकित्सा	२.५०
ब्रह्मचर्य संदेश	४.५०
आर्य संस्कृति के मूल तत्त्व	४.००
स्त्रियों की स्थिति	४.००
एकादशोपनिषद्	२.००
विष्णु देवता	२.००
ऋषि रहस्य	२.००
हमारी कामधेनु	२.००

ऐतिहासिक तथा जीवन चरित्र

भारतवर्ष का इतिहास ३ य भाग	४-५०
बृहत्तर भारत	७.००
योगेश्वर कृष्ण	४.००
स्वामी श्रद्धानन्द जी महाराज	.२५
स्वामी दयानन्द का पत्र व्यवहार	.७५
गुरुकुल की आहुति	.५०
अपने देश की कथा	.३७
दी मिडिल ईस्ट (इङ्गलिश)	३.००
ऐंशियण्ट फ्रीडम	५.७०

स्वास्थ्य सम्बन्धी ग्रन्थ

स्तूप निर्माण कला (सजिल्द)	३.००
प्रमेह श्वास अर्शरोग	.२५
जल-चिकित्सा विज्ञान	.७५
होमियोपैथी के सिद्धान्त	२.५०
आसवारिष्ट	२.५०
आहार	५.००

संस्कृत ग्रन्थ

संस्कृत प्रवेशिका प्रथम भाग	.९६
संस्कृत प्रवेशिका २य भाग	.८७
बालनीति कथामाला	.७५
साहित्य सुधा संग्रह	.२५
पाणिनीयाष्टकम् (दो भाग)	प्रतिभाग ७.००
पंचतन्त्र पूर्वार्द्ध (सजिल्द)	२.५०
पंचतन्त्र उत्तरार्द्ध (सजिल्द)	२.००
सरल शब्द रूपावली	.२५
सरल धातु रूपावली	.६०
संस्कृत ट्रांसलेशन	.२५
पंचतंत्र (मित्र सम्प्राप्ति)	.७५
पंचतंत्र (मित्र भेद)	.५०
संक्षिप्त मनुस्मृति	.५०
रघुवंशीय सर्गत्रयम्	.२५

पुस्तकों का बड़ा सूचीपत्र मुफ्त मंगाइये। धार्मिक संस्थाओं के लिये विशेष रियायत का भी नियम है।

पुस्तक भण्डार, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार (जि० सहारनपुर)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सम्पादक : भगवद्दत्त वेदालंकार।

प्रकाशक : डा० गंगाराम, कुलसचिव : गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय।

मुद्रक : सुरेशचन्द्र वैष्णव, मैनेजर : गुरुकुल कांगड़ी प्रिंटिंग प्रेस, हरिद्वार।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

76009

गुरुकुल-पत्रिका

पुस्तकालय
गुरुकुल काँगड़ी

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

Central Library
76009
Gurukula Kangri (Deemed to be University) Haridwar

सितम्बर १९७४, भाद्रपद २०३१

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विषय-सूची

सं० विषया:	लेखका:	पृष्ठांका:
१ श्रुति-सुधा		१
२ विद्याभेदा:	श्री आचार्य जयदत्त शास्त्री	२
३ संस्कृतवाङ्मये मानमानम्	श्री गायत्रीप्रसादपाण्डेय: एम.ए , आचार्य:	४
४ अथ प्रकाशाभ्युदयो नाम	श्री डा० मंगलदेव शास्त्री	८
५ अग्निमन्त्रमाला	श्री अरबिन्द:, अनु० श्री जगन्नाथो वेदालंकार:	११
६ स्वराज्यं सुराज्यं भवेत् सर्वदा न:	श्री पं० धर्मदेवो विद्यामार्तण्ड:	१५
७ वैदिक-साहित्य-सौदामिनी	श्री वागीश्वरो विद्यालंकार:, साहित्याचार्य:	१६
८ भारते भीषणभ्रष्टाचारस्य भैरवीचक्रम्	विद्याभूषण: श्री गणेशराम शर्मा	१९
९ सम्पादकीय टिप्पण्य:	श्री पं० भगवद्दत्तो वेदालंकार:	२३
१० साहित्य-समीक्षा	,, ,, ,,	२४
११ शिवरात्री का सन्देश	श्री योगेन्द्र पुरुषार्थी	२५
१२ वैदिक देवताओं का दार्शनिक स्वरूप	श्री रामदास निराकारी एम.ए ,पीएच.डी.	२६
१३ कब होंगे ?	श्री महावीर 'नीर' विद्यालंकार	२९
१४ वैदिक तरंग	डा० इन्द्रसेन जेतली	३०
१५ वेदों का विषयानुगामी भाष्य	आचार्य पं० रघुनाथ विनायक धुलेकर	३६
१६ गुरुकुल-समाचार	श्री महावीर 'नीर' विद्यालंकार, एम०ए०	३९

गुरुकुल-पत्रिका का वार्षिक मूल्य—

देश में ४ रुपये. विदेश में ७ रुपये, एक प्रति ४० पैसे

—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ओ३म्

गुरुकुल-पत्रिका

[गुरुकुलकांगड़ीविश्वविद्यालयस्य मासिक पत्रिका]

भाद्रपद: २०३१, सितम्बर: १९७४, वर्षम्-२७, अङ्क: १, पूर्णाङ्का: ३०९

श्रुति सुधा

ओ३म् एवा महस्तुविजातस्तुविष्मान् बृहस्पतिर्वृषभो धायि देव: ।
स न: स्तुतो वीरवद्धातु गोमद् विद्यामेषं वृजनं जीरदानुम् ।।७।।

(एवा) इस प्रकार स्तुभ नामक स्तुति से वह (महः) महान् (तुविजातः) बहुत रूप में उत्पन्न तथा (तुविष्मान्) बलवान् (वृषभ:) ज्ञान रस की वर्षा करने वाला वह बृहस्पति (देव:) दिव्यगुणयुक्त बृहस्पति (धायि) धारण किया जाता है (स स्तुतः) वह स्तुति किया गया बृहस्पति (न:) हमें (जीरदानुं) जीवनदाता या क्षिप्रदाता (वीरवत्) वीर पुत्रों वाले तथा (गोमत्) गौ आदि पशुओं वाले ऐश्वर्य को (धातु) धारण करावे ।

तुविजातः–बहुजातः । नि. १२।३६, बहुषु प्रसिद्धः । तुविरिति बहुनाम । निघ. ३।१

जीरदानुम्–जीराः क्षिप्रनाम निघ. २।१५
यो जीवनं ददाति तं––

जो व्यक्ति भगवान् के बार्हस्पत्य रूप की आराधना करता है अथवा बृहस्पतितत्त्व को अपने में उद्‌बुद्ध करता है उसे गौ आदि पशु, वीर पुत्र, नानाविध ऐश्वर्य प्राप्त होता है और वह बृहस्पति के समान ज्ञानी बनता है । एवं राष्ट्र में बृहस्पति आचार्य की मानप्रतिष्ठा हो तो वह राष्ट्र सर्वगुणसम्पन्न होता है, उस देश के छात्र अनुशासित रहते हैं ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विद्याभेदाः

लेखकः– श्री आचार्य जयदत्त शास्त्री,

'विद्या' शब्दोऽयं 'विद्ज्ञाने' इत्यस्माद्धातोः संज्ञायां विषये 'क्यप्' प्रत्यये कृते निष्पन्नो भवति (द्रष्टव्या-अष्टाध्यायी ३।३।९९)। एतस्य शब्दस्य प्राचीनतमः प्रयोगो यजुर्वेदे समुपलभ्यते––

'विद्यां चाविद्यां च यस्तद् वेदोभयं सह। अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा विद्ययाऽमृतमश्नुते ।। (यजु० ४०।१४) इति। अत्रेदं जिज्ञासितव्यं विद्या नामेयं किं स्वरूपा, किं मूला किं प्रकारा चेति। तत्रादौ स्वरूपं चिन्त्यते। विदन्ति जानन्ति यथावत् पदार्थ-स्वरूपं यया सा विद्या। सैषा आत्माधिष्ठाना बुद्धिग्राह्याऽस्मदादीनां बोधनिमित्ता सत्यपि ज्ञेयत्वेन शास्त्रेषूपदिश्यते। वस्तुतो यद्विषयगतं यज्ज्ञानं तज्ज्ञानमेव तद्विषयिकी विद्या। अतो विद्या विज्ञानमिति नार्थान्तिरम्। अथ किं मूलेति, उच्यते, यथा सर्वशब्दानामादिमूलमोंकारस्तद्वदत्रापि समस्तविद्यानामादिमूलं प्रणवो विज्ञेयः। उक्तं च-भर्तृहरिणा––

न केवलमारक्षिविभाग एव, सर्वकारस्य यस्य कस्यापि विभागस्य कार्यालयो गम्यताम्। चपरासी भवतो धनं याचेत, पुरस्कारमुपहारं चापेक्षेत नाममनूनम्। यदि च भवन्तः किमपि न प्रयच्छेयुस्तदा स भवत्कार्ये हस्तक्षेपं कुर्यात्। किमपि दीयताम्, भवतां कार्यं सुकरं सरलं च भवेत्ततः प्रणामो नमस्कारोऽपि लम्बाकारो लभ्येत। अहं यस्मिन् कार्यालये कार्यं सम्पादयामि स कार्यालयो जीवनबीमासंघटनस्य भवने विद्यते। तत्र लिफ्टचालका एतावदधिकं भ्रष्टाः सन्ति यत्तद्विषये किमपि वक्तव्यमतिदुष्करम्। होलिका-दीपमालिका-दुर्गापूजादिपर्वसु तेभ्यः किमपि दातव्यमेव भवति। नो चेत्ते सदा सर्वदोत्पीडयन्ति, लिफ्टसोपानयन्त्रं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

साभिसन्धि विकृतिग्रस्तं कुर्वन्ति । जीवनरक्षासङ्घटनं प्रत्यनेकवारं विषयेऽस्मिल्लिखितम् किन्तूत्तरमपि च नाप्तम् । राशनकार्डविधाने व्यक्तिविशेषाय रूप्यकमेकं रूप्यकद्वयं वा प्रदीयताम् ततस्तिस्थाने पञ्चजना लिखिता भवितुमर्हन्ति । कुतोऽपि किमपि रिकार्ड निष्कासनीयं भवेत्तदा क्लर्कमहाशयाय किमपि प्रदीयताम्, भवतां कार्यं क्षणादेव सम्पत्स्यते । काचित् कर्गदपञ्जिकाधः स्थाप्या स्यात्, अधःस्थापिता पञ्जिका सर्वाभ्योऽप्युपरि स्थापनीया वा स्यात्तदा दशविंशरूप्यकाणां चमत्कारो दृश्यताम् ।

कियद्वा परिगण्यताम् । सर्वकारस्य कर्मचारिणो बतैतावद् भ्रष्टतां गता वर्तन्ते यदित्थं प्रतीयते यत् कदाचिद्वास्तविकं जीवनमेवेदं भवेदिति । सच्चरित्रतायाः सत्याचरणस्य वार्तास्तु केवलं कल्पनामात्रं प्रतिभाति । न केवलमेतदेव यदधःस्तरीयाः कर्मचारिण एव भ्रष्टा भवेयुर्वरञ्च महतो महीयांसो वरिष्ठा अधिकारिणोऽपि भ्रष्टाचारस्य रंगरञ्जिता दरीदृश्यन्ते । कश्चन शरणार्थिनां सार्थवसतौ दुराचारमाचरति, कश्चिद्देयवस्तूनां परिमाणनिर्धारणे पक्षपातं करोति, क्वचित् परिमितिपत्रस्य भ्रष्टाचारोऽस्ति ततः कुत्रचिल्लाइसेंसविषये धनं समर्प्यते । यात्राज्ञापत्रप्रदायकानां गृहेषु त्वद्यत्वे सुवर्णं वर्षद्वर्तते । कुत्रचित् ठेकेदारैर्निर्मितेभ्यो गृहेभ्यो वर्षमात्रसमयानन्तरमेव प्रस्रवज्जलं भ्रष्टाचारस्य करुणकथास्ते, कुत्रचिदायकरस्य, विक्रयकरस्य च विडम्बनायाः कथाः श्रूयन्ते, कुतश्चिज्जीपकाण्डस्य, वायुयानदुर्घटनानां घोषा गुञ्जन्ति । एतत् सर्वं सर्वजनसमक्षं भवति, यूयं वयं च सर्वे कुर्मस्तथापि प्रमाणानि काम्यन्ते ।

अन्यत्त्वास्ताम्, न्यायालयाश्चापि भ्रष्टाचारस्य विषाक्तेन वायुनाऽस्पृष्टा न दृश्यन्ते । किन्तु सा एव प्रमाणगता वार्ता समक्षमुपयाति । विधिविधानसम्मतानि प्रमाणानि भवितुमर्हन्ति । एतन्नास्ति यद्भवद्भिश्चौर्यं कुर्वाणः कश्चन चौरो निगृहीतोऽस्ति, तदा स दण्डमाप्स्यति वरञ्च भवन्तः सबम्द्धा असम्बद्धा वा प्रश्नाः प्रक्ष्यन्ते, प्रमाणानि चापेक्षिष्यन्ते । कथं चौरो निगृहीतः ? भवद्भिरेव किमर्थं निगृहीतः ? निग्रहणसमये तस्करस्य मुखं कस्यां दिशि समभूत् ? स किं वर्णं निचौलं पर्यधत्त ? तथा च सम्भवति यद्विधिगतानां शिल्पतन्त्रान्तर्गतानां नियमानां जालपाशैर्निगडिता भवन्तः सत्यमेव हि चौराः प्रमाणिता भवेयुरिति । एवंविधाश्चाप्यभियोगा भवन्ति येषु सर्वथापि सत्यांशो न भवति । सत्यप्येवमेतादृशा अभियोगा वर्षं, वर्षद्वयं, वर्षपञ्चकं यावद्वा प्रचलन्ति । वाक्कीलानां स्यूताधनैः परिपूर्यन्ते, समयस्य नाशो भवति । वृथा परिश्रमोऽन्यः । अपि नामायमेव न्यायः ? न्यायालयएवारक्षिविभागोऽपराधिनः सकाशाद्द्रव्योत्कोचं गृह्णन् द्रष्टुं शक्यते । तत्परिवर्तेऽभियुक्तस्ताम्बूलचर्वणस्य धूम्रपानस्य च सुविधामुपलभते कदाचिद्भवन्त आश्चर्यचकिता भवेयुः परन्तु मिथ्यासाक्षित्वं वक्तुं भवन्तो व्यावसायिकान् साक्षिणः प्राप्नुयुः ।

अस्माकं देशस्यातः परं दौर्भाग्यमन्यत् किं भवितुं शक्नोति यत्प्रत्यक्षं पश्यतामेवास्माकमित्थंविधा भ्रष्टाचाराः पल्लविता भवन्ति तथापि शासनाधिकारिणः प्रमाणानि याचन्ते । अन्ततः प्रमाणं नाम किमभिधीयते ? त एते स्वतबन्धनवादो, भ्रातृभ्रातृव्यवाद, उत्कोचग्रहणं, पक्षपातादय एतावन्महति प्रमाणे दरीदृश्यन्ते, ते पर्याप्तानि प्रमाणानि न सन्ति किम् ? अपि प्रमाणस्यायमर्थो भवति यद्विधिविधाननियमानामपकौशलैरपराधिने स्वरक्षावसरः प्रदीयेत ? अपि नाम प्रमाणस्यायमभिप्रायोऽस्ति यद् व्यर्थमेव परिश्रमक्लेश आमन्त्र्येत ?

(शेषागामिन्यङ्के)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सम्पादकीय टिप्पण्यः

शिक्षायां व्यवहारविद्या

अतीव विषमोऽयमाधुनिकः क्रूरकालः समुत्पन्नो यज्जीवननिर्वाहाय नैकचिन्तासन्तानैः प्रदग्धदेहयष्टि र्लोकोऽयंनिरुद्देश्यमितस्ततः परिभ्रमन्नास्ते । अस्मन्मते तु सर्वकारेण शिक्षायामामूलचूलपरिवर्तनं विधातव्यम् । मैट्रिकपरीक्षां यावत् सर्वेभ्यः शिक्षाऽनिवार्या स्यात् तत्रापि गृहोद्योगादिसम्बद्धा शिक्षा निवेशितव्या । तदनन्तरं विश्वविद्यालयस्य शिक्षा सर्वेभ्योऽनिवार्या न भवेत् पूर्वं तु तत्रौद्धत्यमुच्छृङ्खलता च समुत्पद्येते विनयादिसद्गुणानामाधानस्य तत्र नितान्तमभावो भवति । अन्यच्च राष्ट्रायापि हितकरी न भवति । एवमेवाद्यत्वे च केवलं वेदादिधर्मशास्त्राणां संस्कृतभाषायाश्चापि केवली शिक्षा जीवननिर्वाहाय नालम् । अतएव विषमां भाविदशां दिव्यदृष्ट्यावलोक्य सरस्वतीपदभाजा महर्षिणा दयानन्देन साधुभणितम् "जैसे पुरुषों को व्याकरण धर्म और अपने व्यवहार की विद्या न्यून से न्यून अवश्य पढ़नी चाहिये वैसे स्त्रियों को भी व्याकरण धर्म वैद्यक गणित शिल्पविद्या तो अवश्य सीखनी चाहिये ।"

–सत्यार्थप्रकाश

वेदादिसच्छास्त्राणामध्येतारस्तथा संस्कृतभाषाया वा ये छात्राः सन्ति तेभ्य इदमावश्यकं यत् ते गृहोद्योगसम्बन्धिव्यवहारविद्यामवश्यं शिक्षेयुः । वेदादिसच्छास्त्रशिक्षणं प्रति सर्वकारस्यौदासीन्यं वयं निभालयामः । तेषां समीपे कस्मादपि स्थानात् नियुक्तिपत्रं न समायाति । ये च धनपतयः श्रूयन्ते तेऽपि तत्रानवहिताः सन्ति । संस्कृतस्याध्ययनं प्रति जनतासु कथं रुचिरुद्भवेत् सर्वकारेण च तत्र किं कर्तव्यमिति विविधविचारजातमस्माभिः पूर्वं प्रकटीकृतमासीत् ।

गतो निक्सनः

अमेरिकाचरित्रस्य समुज्ज्वलता

वाटरगेटकाण्डमधिकृत्य यो महान् कलकलोऽमेरिकावास्तव्यानामश्रूयत तेन सिद्धमिदं यदस्य दशस्य चरित्रमतीव समुज्ज्वलमभ्युन्नतं च विद्यते । धन्या न्यायपालिका तस्य देशस्य । इयदधिकमौन्नत्यं तस्या विद्यते यत् तत्समक्षमस्माकं देशस्य न्यायपालिका नगण्या वामनीभूता च विद्यते तदेतत् कांग्रेसनेतुर्वयोवृद्धस्य कृपलानीमहोदयस्योक्ति (भारत में रोज वाटरगेट कांड) तात्पर्यमस्माभिः प्रदर्शितम् ।

अन्यदेशानां चारित्र्यशुद्धिचर्चां श्रावं श्रावं हठात् कथयन्ति केचन यत् **"गायन्ति देवाः किल गीतकानि धन्यास्तु ये भारतभूमिभागे"** एतादृशं गानादिकं केवलं कविकल्पनाविजृम्भितमिति मन्तव्यम् । अधुना तु भारतीयानां चारित्र्यमेव न पदे पदे भ्रष्टाचारादीनां पुद्गला इतस्ततो धावन्तः परिदृश्यन्ते । धन्या साधुवादार्हा च तस्य देशस्य न्यायपालिका । तत्रैवास्ते सत्यं लोकतन्त्रम् सुरक्षितं च तिष्ठति तत् न्यायपालिकाऽस्त्रैः ।

महता विषादेन लिखितमस्माभिः वयं भारतवर्षस्य तदेव सर्वोच्चशिखरत्वमभिकाङ्क्षामः । यथोक्तम्–

एतद्देशप्रसूतस्य सकशादग्रजन्मनः ।
स्वं स्वं चरित्रं शिक्षेरन् पृथिव्यां सर्वमानवाः ।।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तेहरानक्रीडाक्षेत्रात्

तेहराननगरात् चतुःसप्तत्युत्तरैकोनविंशतिशततमे ईस्वीये सितम्बरमासस्य प्रथमदिनादारभ्य प्रचलितायां सप्तम्यामेशियाईक्रीडाप्रतियोगितायामद्ययावत् भारतीयानां ये क्रीडासमाचाराः कर्णगोचरीजातास्ते निराशाजनका एवेति मन्यन्ते प्रायः सर्वे जनाः । पञ्चपञ्चाशत् कोटिजनावाससमः भारतभूमेरङ्कात् सार्वजनीनक्रीडाप्रतियोगितायां स्वर्णपदकभाजोऽङ्गुलिगणनीया अपि नोत्पद्यन्ते भारतीया इति दुःखावहोऽयमुदन्तः । चीनदेशो यः पुरा नगण्य आसीत् तस्मादपि फुटबालक्रीडायां भृशं पराजिता भारतीयाः । अन्यासु प्रतियोगितास्वपि न प्रशंसार्हं तेषां प्रदर्शनम् अत्र या त्रुटिर्विद्यते साऽवश्यं दूरीकरणीयास्माभिः ।

साहित्य समीक्षा

गीता विमर्श

लेखक– वेदान्ताचार्य स्वामी सत्यानन्दपुरी
प्रकाशक– गुरुधाम, संन्यास रोड, कनखल

(मूल्य– २)

श्री स्वामी जी महाराज ने वेदान्त पर अपनी दृष्टि से एक समालोचनात्मक पुस्तक 'बिन चश्मे की आंख' प्रकाशित की थी । उस पुस्तक की समीक्षा हम गुरुकुल पत्रिका में प्रकाशित कर चुके हैं । अब यह उनकी लिखित एक और पुस्तक हमें प्राप्त हुई है । श्रीमद्भगवद्गीता पर अनेकानेक विद्वानों द्वारा बहुत कुछ लिखा जा चुका है । भिन्न२ सम्प्रदायों तथा भिन्न२ दृष्टिकोण वाले विचारकों द्वारा अपने२ मन्तव्यों का भी परिपोषण करने का प्रयत्न हुआ है । स्वामी जी महाराज ने भी इस पुस्तक की भूमिका में दिया है कि– "यदि विद्वान् लोग किसी सम्प्रदायविशेष के रंगीन चश्मे को अर्थात् बौद्धिक पूर्वाग्रह को त्यागकर किसी सत्य को स्वीकार करलें तो न तो खींचातानी करनी पड़े और न किसी मत को श्रेष्ठ और किसी मत को हीन बताने की चेष्टा ही करनी पड़े ।" स्वामी जी महाराज का उपर्युक्त कथन सही है । इसी दृष्टि को लेकर स्वामी जी महाराज के गीता विमर्श का हमें अध्ययन करना चाहिये ।

लालभुजक्कड़ योगमाला

लेखक और प्रकाशक– पूर्ववत्

मूल्य– १)

इस पुस्तक में भी स्वामी जी महाराज ने सर्वसाधारणजनों को समझाने के लिये सरल भाषा द्वारा व्यङ्ग्यात्मक शैली से अजातवादी लालभुजक्कड़ और अनुत्पन्न वेदान्त व्याघ्रों का दिग्दर्शन कराया है । स्वामी जी ने लिखा है कि ये सभी अजातवादी वेदान्तव्याघ्र ज्ञानमूर्ति, तपोमूर्ति, विडालाक्ष और प्रसिद्ध लालभुजक्कड़ अजात और अनुत्पन्न अर्थात् अविद्यमान हैं और अपने अजातवादी प्रसिद्ध सिद्धान्त न किंचित् के अनुसार हैं तथा ये सभी वेदान्तव्याघ्र अपने२ सुषुप्ति काल में ही "सुषुप्तिकाले सकले विलीने" के अनुसार सब नष्ट व मर चुके हैं, इसलिये अब "आदावन्ते च यन्नास्ति वर्तमानेऽपि तत् तथा" के अनुसार कोई भी वेदान्तव्याघ्र वर्तमान नहीं है । हमारे विचार में स्वामी जी की दोनों पुस्तिकाओं का सबको अध्ययन कर उचितानुचित का निर्णय करना चाहिये ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शिवरात्रि का सन्देश

श्री योगेन्द्र 'पुरुषार्थी' वानप्रस्थ आश्रम, ज्वालापुर

शिवरात्रि का सन्देश नव संचार का आधार है ।
शिवभक्ति के सच्चे स्वरूपों का यही उद्‌गार हैं ।।
जड़पूजकों की भ्रान्ति से जो बन गया व्यापार है ।
युगभ्रान्त ऐसे मानवों के जन्म का पतवार है ।।१।।

शिवरात्रि से सन्देश पाकर 'मूल' यतिवर बन गये ।
प्राप्त करके सत्यशिव को शुद्ध ऋषिवर बन गये ।।
एक ईश्वर पूज्य है आदेश सबको कर गये ।
वहुदेव पूजन है नहीं, यह वेदसम्मत कर गये ।।२।।

नित नये भगवान् पैदा हो रहे हैं फिर यहां ।
पाखण्ड नानाविध बढ़ाये जा रहे हैं फिर यहां ।।
आचार के नाशक सिनेमा बन रहे हैं फिर यहां ।
शक्तिनाशक खाद्य भी तो बिक रहे हैं फिर यहां ।।३।।

विविध भ्रष्टाचार का एक वेद ही सदुपाय है ।
संघशक्ति प्रेम से बोले यदि समुदाय है ।।
यदि वेषभूषा एक भाषा धर्म एक निकाय है ।
तो एकता के सूत्र का यह एकमात्र उपाय है ।।४।।

हे आर्यजन! सम्भव तभी जब आर्य राष्ट्र बन जायगा ।
वैदिक विधानों से सभी शासन चलाया जायगा ।।
गोवंश घातन दोष तब इस देश से मिट पायगा ।
जब घातकों को गोलियों से उड़ाया जायगा ।।५।।

निःशुल्क शिक्षा, न्याय हो बेकार रहना बन्द हो ।
तब छात्र-आन्दोलन हटें हड़ताल करना बन्द हो ।।
पालन करें ब्रह्मचर्य का व्यभिचार करना बन्द हो ।
'पुरुषार्थी' विद्वान् होवें आर्य नहिं मतिमन्द हो ।।६।।

—★—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वैदिक देवताओं का दार्शनिक स्वरूप

श्री रामदास निराकारी एम.ए., पी-एच. डी.

वैदिक देवताओं के स्वरूप की व्याख्या अनेक प्रकार से की गई है। परम्परागत व्याख्यायें आधिदैविक, आध्यात्मिक, और आधिभौतिक मानी जाती हैं। आधिदैविक आदि का भी भिन्न-भिन्न अर्थ लिया जाता है। प्रत्येक सम्प्रदाय या समाज अपने-अपने सिद्धान्तों के अनुसार वैदिक देवों के स्वरूप की परिभाषा करता है। हमारा उद्देश्य भी वैदिक देवताओं के स्वरूप की व्याख्या करना है, पर हमारी व्याख्या किसी सम्प्रदाय या समाज-विशेष से सम्बन्धित नहीं है; अपितु शुद्ध दार्शनिक दृष्टि से अग्नि, इन्द्र, आदि देवताओं के स्वरूप की व्याख्या करना ही हमारा लक्ष्य है।

'देवता' शब्द के कई अर्थ किये जाते हैं, । निरुक्त में भी इस शब्द के कई अर्थ किये गये हैं, पर वे सब अर्थ धातुगत-अर्थ हैं और निर्वचन पर आधारित हैं। दार्शनिक-दृष्टि से 'देवता' का अर्थ 'दिव्य-शक्ति' है या 'दिव्यता की अभिव्यक्ति' है। इन अर्थों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि अग्नि, इन्द्र, सोम, वरुण, आदि देवता किसी विशेष आकार वाले या मानवाकार वाले नहीं हैं, अपितु वे विविध प्रकार की शक्तियों के प्रतिनिधि हैं, और शक्तियाँ स्वरूपतः आकारहीन होती हैं, उनका ज्ञान उनके कार्य से ही होता है। यह शक्तियाँ हमारी व्याख्या के अनुसार कई प्रकार की होती हैं, उन्हें हम दिव्य-शक्तियाँ, आध्यात्मिक-शक्तियाँ और आचार-शक्तियाँ कह सकते हैं। सभी वैदिक देवता इन सब शक्तियों का किसी न किसी प्रकार से प्रतिनिधित्व करते हैं। यह व्याख्या काल्पनिक नहीं है, अपितु वेदों के मन्त्रों के आधार पर उनके अध्ययन की एक दार्शनिक-प्रक्रिया है, जिससे वेदों के अध्ययन की सफलता सिद्ध होती है, वैदिक ऋषियों के यथार्थअनुभवों या अनुभूतियों का ज्ञान होता है, और भारतीय परम्परागत दार्शनिक-तत्त्वों का भी ज्ञान होता है। इस व्याख्या के आधार पर हम वेदों के कुछ प्रमुख देवताओं के स्वरूप पर विचार करते हैं, क्योंकि सभी देवताओं के स्वरूप पर यहाँ विचार करना सम्भव नहीं है।

अग्नि-शक्ति

सब से पहले हम '**अग्नि**' को लेते हैं, क्योंकि ऋग्वेद भी अग्नि से प्रारम्भ होता है। दिव्य-शक्तियों में अग्नि का स्थान भी प्रथम है, जैसा कि ऐतरेय ब्राह्मण में कहा गया है। 'अग्निर्वै देवानां प्रथमम्' (२०.१)। अग्नि को निर्वचन के आधार पर 'अग्रणी' या आगे ले जाने वाला कहा गया है इसलिए यह एक ऐसी शक्ति है, जो कि मानव को आगे ले जाती है, या प्रगति की ओर ले जाती है यह वृत्रों को या पाप की आवरण-शील शक्तियों को नष्ट करने वाली शक्ति है। 'अग्निर्वृत्राणि जङ्घनत्' (सामवेद, पूर्व०, १.१.४), और यह हमें भी बुराइयों से बचाने की क्षमता रखती है, इसलिए इसे प्रार्थना की गयी है, कि वह हमें पाप से बचाये 'अग्ने रक्षा णो अंहसः' (साम० पू० १.२.४) अग्नि पवित्रता और शुद्धता की शक्ति मानी जा सकती है, क्योंकि इसे बहुधा 'पावक' (साम० पू० १.३.६) कहा जाता है। यह एक ऐसी विश्व-व्यापक शक्ति भी है, जो कि सम्पूर्ण मानवता में निवास करती है, इसलिए 'विश्वचर्षणिः' (ऋग्वेद १.२७.६) 'वैश्वानरः' और 'विश्वकृष्टिः' (ऋ० १.५६.७), आदि नाम दिये जाते हैं। मर्त्य प्राणियों में अमृतत्व का प्रतिनिधित्व करने वाली शक्ति भी अग्नि ही है, इसलिए ऋग्वेद कहता है, कि यह मर्त्यों में अमृत-ज्योति है। 'इदं ज्योति

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रमृतं मर्त्येषु' (६.६.४)। इससे यह भी ज्ञात होता है, कि अग्नि ही हमारे शरीर में आध्यात्मिक शक्ति का स्वरूप है। यह देवों को या इन्द्रियों को दीर्घ आयु देने वाली शक्ति भी है, इसलिये यजुर्वेद में कहा है 'स देवेषु कृणुते दीर्घमायुः' (३४.५१)। इसी प्रकार अग्नि प्रकाश आदि की भी शक्ति है।

इन्द्र-शक्ति

अग्नि के बाद हम **इन्द्र**-शक्ति पर विचार करते हैं, क्योंकि यह ऋग्वेद का सब से प्रमुख देवता है, और इसके मन्त्र अपेक्षाकृत सब से अधिक हैं। इन्द्र का सीधा सम्बन्ध इन्द्रियों से होता है, इसलिए हम इसे इन्द्रियों के पीछे रहने वाली इन्द्रिय-शक्ति कह सकते हैं। इन्द्रियों में मन की श्रेष्ठता तो व्यवहार सिद्ध है, इसलिए हम इसे मन की शक्ति भी मान सकते हैं। आत्मा का स्थान हमारे शरीर और इन्द्रियों में सब से अधिक है, अतः यदि इन्द्र को आत्म-शक्ति कहा जाये तो अनुचित न होगा। शतपथ ब्राह्मण में इसे बलरूप और बल का स्वामी कहा गया है :– 'इन्द्रो बलं बलपतिः' (११.४.३.१२)। यदि वृत्र को अन्धकार की शक्ति मानें, तो इन्द्र को उसका विनाश करने वाली प्रकाश की शक्ति माना जा सकता है, इन्द्र और वृत्र के युद्ध की प्रतीक-कथा को प्रकाश और अन्धकार का युद्ध माना जा सकता है। प्रकाश अन्धकार का विनाशक है, इसलिए इन्द्र को 'वृत्रहा' कहा जाता है। 'स वृत्रहेन्द्रः' (ऋग्वेद० २.२०.७); इन्द्र को सूर्य भी माना जाता है, अतः सूर्य की शक्ति को भी इन्द्र का नाम दे सकते हैं। इन्द्र के बिना कोई भी मानव युद्ध में विजय प्राप्त नहीं कर सकता, इसलिए इन्द्र को विजय की शक्ति भी माना जा सकता है। 'यस्मान्न ऋते विजयन्ते जनासः' (ऋ०२.१२.९)। इसे भद्रता या कल्याण की शक्ति भी कहना चाहिये, क्योंकि वैदिक पुरुष भद्र की या मंगल की कामना से इन्द्र की प्रार्थना करते थे :— 'भद्रं भद्रं न आ भर' (ऋ० ८.९३.२८)। सम्पूर्ण लोकों को धारण करने की शक्ति का नाम भी इन्द्र है। 'दाधार यः पृथिवीं द्यामुते माम्' (ऋ० ३.३२.८)। इन्द्र का सम्बन्ध वर्षा से है, और वर्षा से अन्न की उत्पत्ति होती है, अतः इन्द्र को अन्नपति या वाजपति कहने का अर्थ है कि इन्द्र अन्न की उत्पादक और रक्षक शक्ति भी है। 'वाजानाँ च वाजपतिः' (साम० पू० २.१३.४)। इन्द्र दिव्यता और सत्यता की शक्ति है, अतः 'देवं सत्यमिन्द्रम्' (ऋ० २.२२.१) कहा गया है। ब्राह्मण-ग्रन्थों में इन्द्र को 'प्राण' कहा गया है। 'प्राण एवेन्द्र' (शतपथ० १२.९.१.१४), इसलिए इन्द्र हमारे प्राणों की या हमारे जीवन की शक्ति का स्वरूप है। इसी प्रकार इन्द्र और भी कई प्रकार की शक्तियों का प्रतिनिधित्व करता है।

सोम-शक्ति

इन्द्र के बाद **सोम** को हम प्रमुख देवताओं में लेते हैं, क्योंकि इसका भी महत्व ऋग्वेद में बहुत अधिक है, और लगभग सम्पूर्ण नवम-मण्डल सोम की महिमा का ही गान करता है। 'सोम' भले ही किसी रस, या लता, या किसी पेय का नाम हो, पर वेदों में इसके अनेक रूप प्राप्त होते हैं। उसी के आधार पर सोम को हम दिव्य-शक्ति का प्रतीक मानते हैं, और यह अनेक प्रकार की शक्ति का संकेत देता है। 'सोम' दिव्यता की रक्षक और पाप की विनाशक शक्ति है, इसीलिए इसे ऋग्वेद में 'देवावीरघशंसहा' (९.२४.७) कहा गया है। सारे प्राणियों को धारण करने वाली शक्ति भी यही है —'विश्वादधान ओजसा' (साम० पू० ५.१.३) यह ऐसी चेतना की शक्ति है, जो कि कवियों या विद्वानों में मनन-शक्ति का आधार भी है, अतः इसे 'चेतनः प्रियः कवीनां मतिः' (साम०

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पू० ५.२.५) कहा गया है। इसे 'मधुमत्तमः' (साम० पू० ५.१.६) कह कर माधुर्य या आनन्द की अत्युत्तम शक्ति का स्थान दिया जा सकता है। यह एक ऐसी विचित्रशक्ति है, जिसने न केवल बुद्धियों को ही जन्म दिया अपितु द्यौ, पृथिवी, सूर्य, आदि का उत्पादकइ से ही भी माना गया है। 'सोमः पवते जनिता मतीनाँ जनिता दिवो जनिता पृथिव्याः। जनिताग्नेर्जनिता सूर्यस्य जनितेन्द्रस्य जनितोत विष्णोः ॥ (ऋ० ९.९६.५)। सम्पूर्ण-ज्ञान की शक्ति भी सोम ही है, क्योंकि इसे 'विश्ववित्' (ऋ० ९.२८.५) कहा गया है।

इस प्रकार वैदिक देवताओं को अनेक प्रकार की दिव्यशक्तियाँ मानकर यदि हम वेदों का अध्ययन करें तो हमें वैदिक-दर्शन को समझने में कठिनाई नहीं होगी। वेदों के तीन प्रमुख देवताओं के बारे में हमने ऊपर थोड़ा सा विवरण दिया है। हम सम्पूर्ण देवताओं का या एक देवता के सम्पूर्ण-रूपों का यहाँ पर विचार नहीं कर सकते, क्योंकि इस लघु लेख में यह सम्भव नहीं है, फिर भी उपर्युक्त देवताओं के अतिरिक्त जो देवता प्रमुख हैं, उनके स्वरूप का संकेत-मात्र हम यहाँ दे सकते हैं, जैसे वरुण को विवेकशक्ति या अदब्ध-शक्ति कहा जा सकता है; रुद्र को उग्र-शक्ति या रौद्र-शक्ति, विष्णु को व्यापक-शक्ति या बन्धन-शक्ति, सविता को प्रेरणा-शक्ति या प्रसव-शक्ति, पितरों को पालन-शक्ति या प्रजनन-शक्ति, बृहस्पति को वाक्-शक्ति या ऋत-शक्ति, वायु को प्रवहण-शक्ति या क्रिया-शक्ति, आदि का प्रतिनिधि माना जा सकता है। अतः सम्पूर्ण वैदिक देवताओं को हम विभिन्न-शक्तियों का प्रतिनिधि मान सकते हैं। वे सारी शक्तियाँ विश्व में अनेक प्रकार के कार्य करती हैं, या यूं कहा जाये, कि विश्व का मूलाधार एक ही शक्ति है। 'एक सत्' (ऋ० १.१६४.४६), और वह अनेक शक्तियों या देवताओं के रूप में काम करती है।

महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती के ९१वें निर्वाण दिवस पर अजमेर में आयोजित भव्य ऋषि मेला

श्री श्रीकरण शारदा मन्त्री परोपकारिणी सभा सूचित करते हैं कि इस वर्ष ऋषि मेला दि० १७, १८ व १९ नवम्बर को अजमेर में ऋषि उद्यान आनासागर तट पर महात्मा आनन्द स्वामी जी महाराज की अध्यक्षता में मनाया जायेगा। जिसमें यजुर्वेदपारायण महा यज्ञ, आर्य सम्मेलन, वेद-सम्मेलन आदि कार्यक्रम होंगे जिनमें देश के आर्य नेता व विद्वान् सम्मिलित होंगे। आर्य नर-नारियों से निवेदन है कि उक्त तिथियों में अजमेर ऋषि मेले में पधार कर धर्म लाभ उठावें व मेले को सफल बनावें।

—राधाबल्लभ शर्मा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कब होंगे ?

श्री महावीर "नीर" विद्यालंकार

कब सपने पूरे होंगे सब, कब मरघट पनघट होंगे ।
कब वीराने महक उठेंगे, कब घर-घर मंगल होंगे ?
कब झुग्गी से अरे महल का, विवाह रचायेगा कोई ।
कब विष के घट फूट गिरेंगे, कब मानव, मानव होंगे ।।
कब खेतों में स्वर्ण उगेगा, कब मजदूर सुखी होंगे ।
कब वनजारे नहीं रहेंगे, कब बटमार नहीं होंगे ?

कब भूखों को अन्न मिलेगा, कब निर्धन धनमय होंगे ।
फटे-चीथड़े कब उतरेंगे, कब कोई अभाव नहीं होंगे ?
सोच रहा हूँ कब यौवन के, नंगे नाच नहीं होंगे ।
कब फूटेंगे मदिरा के घट, कब वेश्यालय नहीं होंगे ?
कब ईश्वर को मानेगा युग, कब जीवन ऊंचे होंगे ।
कब ये खण्डहर टूट गिरेंगे, कब निर्माण नये होंगे ?

कब होगा श्रृंगार देश का, कब कांटे मधुवन होंगे ।
कब यहां बंशी मधुर बजेगी, कब यहां 'सामगान' होंगे ?
कब 'हिन्दी' को मान मिलेगा, भाषा-वाद नहीं होंगे ।
कब पनपेगी राष्ट्र-एकता, कब मन एक-तान होंगे ?
कब कड़केगी यारो ! बिजली, कब सब आर्य यहां होंगे ।
कब धधकेगी जीवन-ज्वाला, व्यर्थ-विवाद नहीं होंगे ?

आशा है शायद वह होगा, जिसकी हम इच्छा करते ।
कण-कण से सोना बरसेगा, यहां दुःख-दर्द नहीं होंगे ।
अर्थ-दीवार मिटेगी यारो ! शासक भ्रष्ट नहीं होंगे ।
सुन्दर चरित्र यहां पनपेंगे, यहां के मनुज, मनुज होंगे ।
आयेगा वह 'नीर' एक दिन, जब मरघट पनघट होंगे ।
सब वीराने महक उठेंगे, हर घर-घर मंगल होंगे !

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वैदिक तरंग

डा० इन्द्रसेन जेतली

वेद वाणी क्या है ?

जो कहानी अब चली है,
है पते की बहुत वह
ध्यान धर रखना दिलों में
भूल मत जाना कभी।
सृष्टि का आरम्भ था तब
आर्य जन का जन्म जब
इस धरा के उच्च तल पर
जगत इस में था हुवा।
था ज़माना वेद का तब
वेद वाणी बोल कर।
भाव थे हम प्रगट करते
आशयों को खोल कर।
वेद-वाणी में हि थे हम
गान करते काव्य कर।
काव्य हैं ये वेद सारे
जो न मर सकते कभी।
यदपि हो गै हैं पुराने,
जर्जरित होते न भी।
जो न जरते, जो न मरते,
देव के प्रिय काव्य हैं।
ध्येय हैं ये, गेय हैं ये,
सर्वजन संभाव्य हैं।
प्रथित हुई थी वेद वाणी
छन्द सों के नाम से
भ्रष्ट ही वह वेदवाणी
कह रहे संस्कृत जिसे।
और दे दो नाम इस को
चूँकि है संस्कृत न ये।
यास्क जी ने क्या कहा है ?
देखलो जाकर निरुक्त।
नाम इस का वे न लेते,
हैं कहीं पर संस्कृत।
वेदवाणी ही विगड़ कर
लोक की भाषा बनी,
लोक की भाषा बिगड़ कर
थी कभी प्राकृत चली।
प्राकृतें भी बिगड़ गईं जब
तो बनी अपभ्रंश थीं।
पर रही अपभ्रंश भी नहिं,
भोज ब्रज अवधी हुईं।
हाँ इन्हीं से ही निकल कर,
आज की हिन्दी हुई।

—०—

देवताओं के नाम कैसे पड़े ?

कार्य की जो पृथक्तायें
नाम उन से हैं बहुत।
देव देवों के हुवे, यह
यास्क कहते हैं स्वयम्॥
वेद ऋक् के मण्डलों में
अग्नि को औ' विष्णु को,
साथ देते आहुती हैं,
पर स्तवन साझा नहीं।
इस तरह के और भी लो
ये उदाहरण पेश हैं,
अग्नि पूषा देव दोनों
साथ लेते आहुती
पर न कोई मन्त्र ऐसा,
स्तौत होवें साथ वे।
अग्नि है वह देवता कि
भूमि जिसका वास है,
इन्द्र का भी वायु का भी
क्षेत्र जानो अन्तरिक्ष।
(भूमि नीचे द्यौ है ऊँचे,
बीच में है अन्तरिक्ष।)
लोक ऊँचे तीसरे (द्यु) में
सूर्य जी का वास है।
कृत्य अध्वर जो सिखायें
वे सभी अध्वर्यु हैं।
यज्ञ कर्ता ऋत्विजों के
नाम से विख्यात हैं।
प्राप्त कर सब ज्ञान याज्ञिक
ब्रह्म से प्रख्यात हैं।

—०—

(ऋक मण्डल१०, सू०७१, म०११)

अध्वरों में ब्रह्म, होता,
और उद्गाता तथा।
तीन ये अध्वर्यु चौथा
याग-याजक चार हैं।

—०—

कार्य सबके हैं पृथक्

पुष्टि करता जो ऋचों की
होतृ कहलाता है वह
पोषता होमाग्नि इस से
है पुपुष्वा नाम भी।
गान करता जो ऋचें, उद्
गात कहलाता है वह।
शक्वरी के गान करता,
साम गायक है वही।
यज्ञ-विद्या ज्ञान सब ले
ब्रह्म बनता ज्ञानवान्

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वह सिखाता यज्ञ विधि को
जात-विद्या बुद्धि मान् ।
तीन ये । अध्वर्यु चौथा
यज्ञ की शुभ वेदिका
माप कर निर्माण करना
काम उसका है सदा ।।

--०--

आरण्यक

गिरिवनों में पठन जिनका
था किया एकान्त में ।
वे हुवे थे ख्यात सब
आरण्यकों के नाम से ।
यज्ञ यागों में लिखे जो
तथ्य आत्मिक हैं कहीं ?
हाँ, वही मीमांसकों ने
कर विचार दिये यहीं ।
प्राणविद्या की महत्ता
को भि गाया है गया ।
काल की परमार्थता को
भी जगाया है गया ।।४।।
ब्राह्मणों के बाद आयीं
हैं सभी आरण्यकें ।
ब्राह्मणों में यज्ञ-विधि है,
जो न इन में है कहीं ।।५।।
आचुकी आरण्यकें जब
तो जगीं थी उपनिषद्
विषय इनका आत्मज्ञानें
सो सभी हैं गारहीं ।।६।।

--०--

उपनिषद्

उपनिषद् तो बहुत संख्या
में सुनी जातीं, सुनो,
मुख्य उन में दस सिरफ़ हैं ।
शेष जो हैं गौण हैं ।
ईश सब से प्रथम है, फिर
केन कठ औ प्रश्न हैं ।
मुण्ड औ माण्डूक्य हैं फिर
ऐतरेयी तैत्तरेय ।
नवम है छान्दोग्य-नामी,
दशम वृहदारण्य है ।
शांकरी है भाष्य दस पर
बाकियों पर है नहीं ।
ईश आई है कहाँ से
ये कहानी भी सुनो,
वेद चारों में यजुष् के
अन्त का अध्याय है ।
हाँ, वही चालीसवाँ
अध्याय कहते हैं जिसे ।
मन्त्र ईशावास्य आदिक
बीस से कम तीन हैं ।
हाँ, यही हैं, मन्त्र सत्रह
गूढ़ दर्शन तत्व के
कर्म का उपदेश देते,
कर्म जो निष्काम हैं ।
रूप ईश्वर का सुनाया
कवि, मनीषी कह उसे,
और अव्रण भी कहा है
काय हो नाँ व्रण कहाँ ?७।।

--०--

मन्त्र लहरें

तं वः सखायो मूर्तिभिः

(सामवेद, पूर्वार्चिक,
दशम खण्ड, तृतीय सवन)

मित्र, मेरे तुम पुराने
ईश की स्तुतियाँ करो ।
मित्र, तुम स्तुति गान द्वारा
मोद मद याचन करो ।
रूपहवि का गान सुन कर
ईश हो जाते प्रसन्न ।
लोरियां सुन कर यथा हैं,
शिशु सभी होते प्रसन्न ।।१।।

--०--

ओम् नमः सायं नमः प्रातः
नमो रात्र्या नमो दिवा ।
भवाय च शर्वाय च
उभाभ्यामकरं नमः ।
(अथर्व वेद)

दिवस में उसको नमः हो,
रात में उसको नमः,
प्रात में उसको नमः हो,
साँझ में उसको नमः ।
जन्म देता जो सभी को,
हो नमः उसको सदा,
प्राण हरता जो सभी के
हो नमः उसको सदा ।
सर्व रूपों में नमः हो,
सर्व कालों में नमः ।
हे प्रभो ! मेरा नमः लो,
ओं नमः हो, ओं नमः ।।१।।
यदि उषा है नाम तेरा
औ चमकती तू अगर,
सूर्य हूँ मैं क्यों न पीछे,
तो तुम्हारे जाऊँगा ।
मर्त्य योषाओं के पीछे
जायगा यह है लिखा,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तो भला क्या अनुगमन से
मैं कभी घबराऊँगा ।।२।।

--०--

अहं राष्ट्री संगमनी वसूनाम्
चिकितुषी यज्ञियानाम् ।
तां मा देवा व्यदधुः पुरत्रा
भूरिस्थात्रां भूर्यावेशयन्तीम् ।
ईश्वरी हूँ शक्ति जग की,
धन मुझी से विश्व के जन,
प्राप्त करते हैं सभी ।
ब्रह्मज्ञानी हूँ तथा मैं,
यज्ञियों में हूँ प्रथम,
उस मुझी को, जो कि हूँ मैं,
बहुत रूपों में अवस्थित,
बहुत भूतों में प्रतिष्ठित,
पूजते सब देवगण ।

--०--

तृष्णा

(या दुस्त्यजा दुर्मतिभिः)
छूटती नहिं छोड़ने से
व्याधि है प्राणान्त की ।
दुर्मती क्या छोड़ देंगे ?
दुस्त्यजा जिनके लिये ।
जीर्ण भी हो जाय काया
मनुज की चाहे सभी,
पर नहीं जो जीर्ण होती,
त्याग दो तृष्णा, प्रिये ।

--०--

स्फूर्त जीवन

स्पन्दता में स्फूर्त जीवन
मूर्त मृत शव में नहीं ।

प्राप्त होगा फल तुम्हें तब,
जब करोगे हिलचुलें ।
दैव को दुत्कार दोगे ।
लोक लज्जा त्याग कर ।
छानते दुनियाँ फिरोगे,
कोशिशें करते हुए ।
कशमकश की ज़िन्दगी
सिर धारकर बढ़ते हुए ।

--०--

अग्निमारुत सूक्त

(महेन्द्रवज्रा लय में)
(ऋ०, म० १ सू० १९ म० १)
हे अग्नि आवो जी आप आवो,
इस चारु अध्वर में आप आओ,
आहूत करते हम आपको हैं ।
लो, सोम सुखकर का पान पावो,
इकले न केवल खुद आप आना,
हे देव मरुतों को साथ लाना ।।

(अग्नि-मारुत म० २)
शंसा जगत में यह आपकी है ।
महिमा महानों में आपकी है ।
तव यज्ञ कर्मों का कर उलङ्घन,
ना कोई उत्कृष्ट बना कभी है ।
इकले न केवल खुद आप आना
हे देव मरुतें भी साथ लाना ।

(अग्निमारुत सूक्त म० ३)
महिमा महा है मरुतों की अग्ने
है मेल उनका, सब देव गण से,
वे जानते हैं जल किस तरह से,
बरसें व सरसें सब भूमियों को,
इकले न केवल, खुद आप आना
हे अग्नि, मरुतों को साथ लाना ।

(अग्नि-मारुत मन्त्र ४)
बल का अनादर न जिनका हुआ
जो अर्कपूजा को कर रहे हैं,
होते हुवे जो अत्यन्त उग्री
उत्पन्न उदकों को कर रहे हैं ।
ओजें न जिनकी हुई हैं अनादृत
तुम अग्ने केवल इकले न आना
मरुतों को अपने भी साथ लाना

(अग्निमारुत मन्त्र ५)
हिंस्त्रक विनाशक धनधान्य युक्त
ओ शुभ्र कीर्ते, ओ उग्र अग्ने,
इकले न केवल, खुद आप आना
अपने सहित तुम मरुतें भी लाना

(अग्निमारुत मन्त्र ६)
दिव लोक से भी जो लोक ऊप
वे ही कहाते रवि लोक से है
उन से भि ऊपर है वास जिनका
हे देव अग्ने ! इकले न आना ।
उन देव मरुतों को साथ लाना ।

(अग्निमारुत मन्त्र ७)
मरुतें बली जो पर्वत चलाते
जिनसे तिरस्कृत अर्णव समूचे
उन देव मरुतों को साथ लाना
हे देव अग्ने ! इकले न आना

(अग्निमारुत म० ८)
मरुतें कि जो तेज औ' रश्मियों
छाती समुद्रों को हैं सदैव,
हे अग्नि उनको तुम साथ लाना
इकले न केवल खुद आप आना

--०--

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सत्येन वायुरावाति

(अनु ६,३,२)

सूर्य भाता सत्य से है,
वायु बहती सत्य से,
वाक् प्रतिष्ठा सत्य से है ।
परम ऊँचा सत्य है ।।
पाठान्तर--
सत्य से बहती है वायु,
सूर्य चमके सत्य से,
सत्य में वाणी प्रतिष्ठित,
सत्य ही सर्वोच्च है ।।

--०--

सुषारथिरश्वानि यन्मनुष्यान्

यदि कभी भी वेग वाले
अश्व काबू में न रह कर
रश्मियों को खींचते औ
भागते स्वच्छन्द हैं,
तो उन्हों का कर नियन्त्रण
चाबुकों से सारथी
मोड़ लेता बाग डोरें
उचित पथ पर है यथा
उस तरह की शक्ति प्रभु मन
मोड़ने की दो हमें ।
हे प्रभो! यह मन चलावे,
उचित मार्गों पर हमें ।
मन कि जिसका वास देही
के हृदय में है हुवा,
पर जरा से ग्रस्त होता
जो कभी भी है नहीं ।
शीघ्रता में जो कि शीघ्रों
से हमेशा शीघ्र है ।
एक उससे है हमारी,
बस यही अभ्यर्थना,
"शुभ करो संकल्प हे, मन!"
बस यही, है याचना ।

--०--

यज्जाग्रतो दूरमुदैति--

चेतना में बेखबर हो
दूर जाता जागते ।
सुप्त होकर नींद में भी
मन, न चूका भागते ।

--०--

काले तप: काले ज्येष्टं

(अथर्व १९-५३-८)

काल में तप तप्त होता,
काल में ही ब्रह्म है ।
काल ईश्वर है सभी का
काल में ही ज्येष्ट है
काल में ही वह समाया,
जो प्रजापति का पिता ।

--०--

'वशा'

ये वशा ही है जिसे
अमृत पुकारा है गया ।
ये वशा ही है जिसे
मृत्यू पुकारा है गया ।
पितर देवों औ' मनुष्यों
को न समझो और कुछ ।
ये सभी, औ असुर, ऋषि भी
सब वशा हैं, सब वशा ।

--०--

पर्जन्य सूक्त

(म०५, सूक्त ८३, मन्त्र २)

पतन कर ओले व बिजुली
वृक्ष देते हो गिरा ।
हानिकारक जन्तु गण भी
नष्ट करते हो तुम्हीं ।।
जब बरसते हो बहुत या
जब बरसते हो नहीं,
जगत के सब जीव मरते
हाँ महावध है वही ।
इस महावध से सदा हैं,
भीत होते जीव गण ।
मेघ तुम निष्पाप हो कर
पाप शासक हो निपुण ।।
जब बरसते ही नहीं तो
दुष्कृतें हैं उपजतीं ।
तब बरस करके तुम्हीं तो
दूर करते हो उन्हें ।

--०--

इन्द्र सूक्त

(मन्त्र १, ७, ८,९, १०, १२,१३,

(१)

१४, इन्द्रवज्रा लय में)

जो जन्म से ही माना गया है,
देवों में सब से पहिला मनस्वी ।
वृत्रादिकों का वध कर्म कर कर
देवों को भूषित जिसने किया है ।
जिस की कि बलवान सैन्यों के डर से
द्यौ और पृथ्वी भी काँपते हैं ।
उसको ही जानो, है इन्द्र वो ही
उस को ही मानो, है इन्द्र वो ही१।।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(७)

जिसके प्रशासन में हम सभी हैं।
क्या बैल,क्यागौ,क्याअश्व,क्यारथ?
या ग्राम वीरों के जो कहीं हैं,
उसके प्रशासन में क्या नहीं है?
इस सूर्य का है जो जन्मदाता
जो जन्मदाता दैवी उषा का
जो देव प्रेरक है सब जलों का,
है इन्द्र वो ही, है इन्द्र वो ही ।।

(८)

युद्धों में लड़ती कर क्रन्दनों को
दैवी चमू ने या मानुषी ने
'रक्षा हमारी, आ कीजियेगा,'
कह कह पुकारा है इन्द्र वो ही ।।

बलवान निर्बल जो भी हैं शत्रु
पर या अपर हाँ जो भी अमित्र
लड़ते पुकारें जिसको सभी हैं,
है इन्द्र वो ही, है इन्द्र वो ही ।।

रथ का रथी हो या सारथी हो
रक्षा के हेतु हैं बिलबिलाते,
इक सुर बुलाते जिसको समर में
नाना तरह से, है इन्द्र वो ही ।।

(६)

जिसके बिना तो जन जीतते नहिं
युद्धों में जिस को रक्षार्थ अपने
करते पुकारें है इन्द्र वो ही।
इस विश्व भर का प्रतिमान है वह,
च्युत अच्युतों का कर्ता वही है,
हाँ, इन्द्र जानो उसको सभी तुम
हाँ, इन्द्र वो ही, है, इन्द्र वो ही ।।

(१०)

सब एन-धारी जन को कि जिसने
महिमा न मानी थी जिस किसी ने,
निज हाथ में ले कर शस्त्र शर्वा
मारा सँहारा है इन्द्र वो ही।

जो मानते नर उसको नहीं हैं,
चाहे करें वे कितना भि उत्साह
श्रद्ध्या-स्वरूपी उत्साह का फल
देता नहीं वह उन को कभी है।
हाँ इन्द्र वो है, हाँ इन्द्र वो ही ।।

(१२)

जो सप्तरश्मी है वृष्टि करता,
जो सप्त सिन्धू की सृष्टि करता,
द्यूलोक चढ़ते रौहिण असुर को
जिस वज्र बाहू ने था सँहारा,
उसको ही जानो, मुझ को न मानो
है इन्द्र वो ही, हाँ इन्द्र वो ही ।।

(१३)

द्यावाभि झुककर पृथिवीभी झुककर
शीशें नवाते जिसके लिये हैं।
डरते हैं पर्वत जिसके बलों से,
कुलिशाँग वाला जो सोम-पायी
जो वज्र कर में धारे हुवे है,
जानो जनो तुम पहिचान कर लो
जो वज्र बाहू है इन्द्र वो ही ।।

(१४)

रक्षा है करता उस की कि जो जो,
नर सोम औषध से सोम रस का,
उसके लिये ही अभिषव है करता।
औ' जो पुरोडाशों को पकाता,
औ' शस्त्र मन्त्रों को है उचरता,
औ' शान्ति मन्त्रों के गीत गाता।
रक्षा है करता उसकी भि जो कि
यज्ञार्थ अन्नों को है पकाता,
या शस्त्र मन्त्रों के गीत गाकर
या स्तोत्र मन्त्रों के गान कर कर,
स्तुतियों को करता रक्षा सुहित है।
जो ब्रह्म वर्द्धन जो सोमवर्द्धन,
सामृद्ध्य अन्नों का जो कि करता
जानो जनों तुम, है इन्द्र वो ही ।।

--०--

(ऋक् १०-६०-१ से ८)

पुरुष सूक्त

पुरुष का है रूप कैसा ?
शीर्ष जिसके हैं हज़ार।
आँख जिसकी हैं हज़ारों,
पैर भी जिसके हज़ार।
भूमि को जो सब तरफ़ से
घेर कर ठहरा हुआ।
व्याप्त जो है जगत भर में,
और भी आगे अरे।
जाँच लेना देख लेना,
क्या न दस अंगुल परे ।।

(२)

पुरुष ही वह समझ सारा
जो भि कुछ इस जगत में,
है न उससे कोई न्यारा
जो हुआ होगा कभी।
अन्न से जो वृद्धि पाते,
प्राणियों का भी वही,
मरणधर्मा या अमर जो,
स्वामि सबका है वही।
प्रगट सब में हो रहा है।
शक ज़रा इस में नहीं ।।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(३-४)
यूँ कहा है पुरुष जितना
ओ, न उतना ही समझना,
पुरुष महिमा तो कहीं रे
बहुत उस से है अधिक।
जीवनी औ' मरण वाले
(पंक भव में जो धँसे।)
जगत के वे भूत इसके
एक चौथे में बसे।
शेष है जो तीन चौथा
(नित्य रहता शान्ति से।)
मरण बन्धन में न पड़ कर
चमकता निज कान्ति से।

त्रिपादुर्ध्व उदैत् पुरुषः
पादोस्येहाभवत् पुनः।
ततोविष्वङ् व्यक्रामत्
साशनानशने अभि ।।

जो त्रिपादों में गिनाया
'भाग' उसका है गया।
दोष गुण से शून्य है वह
औ' अवस्थित ऊर्ध्व में।
प्रलय सर्जन के न चक्रों
में पड़ा है वह कभी।
शेष का जो पाद उसका
तीन पादों से पृथक्
सृष्टि चक्रों में हमेशा
घूमता रहता है वह।
और चारों तरफ़ उस के
(स्थावरी या जंगमी में।)
साशनी या अनशनी में,
व्याप्त रहता वह स्वयम् ।।

तस्माद्विराडजायत
विराजो अधिपूरुषः
सजातो अत्यरिच्यत
पश्चाद्भूमिमथो पुरः ।।

(५-६)
आदि के उस पुरुष से था,
जन्म पाया रूप ने इक,
विश्व रूप विराट जिस को
कह रहे सब वेद हैं।
(स्वर्ण–सा था चमकता वह
दीप्तियों से पूर्ण था।
पुरुष के इस रूप को ही
वेद कहते स्वर्ण–गर्भ,
गर्भ में उस के उपस्थित,
सकल विश्व भविष्य था।
गर्भ में हेमाण्ड के उस,
पुरुष ही जीवात्म बन,
चेतना को ला गया लो
चर जगत पैदा हुवा,
जन्मते ही 'चर' हुआ अति–
रिक्त सब से एक दम।)
इस तरह तब पुरुष था पति
एक इकला भूत का।
लोक तीनों की हुई थी
सृष्टि तब हेमाण्ड से
लोक तीनों में भि भूमि
बाद में पैदा हुई।
भूमि सर्जित हो चुकी जब
प्रगट हो गईं तब पुरें।
चूँकि सातों धातुओं से
पूर्ण होती देह है।
इस लिये थी ये कहातीं
पुर, न कुछ सन्देह है।
देव गण ने यज्ञ ऐसा
ये रचा जिसमें हुई
(मान लो या निज न मानो,)
पुरुष की हवि थी हुई।।।
पुरुष के बलिदान वाला
यज्ञ देवों ने किया।
ग्रीष्म इन्धन थी बनी औ'
आज्य-रूप वसन्त थी।
शरद् की हवियाँ हुवाईं
याग देवों ने किया।

(७-८)
पुरुष का था यज्ञ जिस से
जन्म पाया पुरुष ने
अग्रतः वह जन्म पाकर
पुरुष ही बलि हो गया।
देवगण ने यज्ञ का पशु
मान कर इस पुरुष को
शुद्ध जल से छींट कर के
यज्ञ में हुत कर दिया।
पुरुष की इस आहुती से,
साधु ऋषि पैदा हुए।
साधु ऋषि भी देव गण ने
यज्ञ के अर्पित किये ।।

तस्माद् यज्ञात् सर्वहुतः
संभृतं पृषदाज्यम्
पशून्ताश्चक्रे वायव्यान्
आरण्यान्ग्राम्यांश्च ये ।।

सर्व हुत इस यज्ञ से फिर
आज्य निकला दधि मिला,
और नाना पशु भि निकले
ग्राम्य या जो वन्य थे।
वायुवासी वायवी भी
यज्ञ से पैदा हुवे ।।

—०—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वेदों का विषयानुगामी भाष्य

आचार्य पं० रघुनाथ विनायक धुलेकर

(लेखक ने 'चतुर्वेद विषयानुगामी भाष्य' प्रारम्भ किया हुआ है । संक्षेप में कुछ अंश पत्रिका में समय-समय पर देने का प्रयास कियां जाएगा) । —सम्पादक

[नोट—लेखक के सभी विचारों से सम्पादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है]

जगत् के सर्वसाधारण जन यह भली भांति समझ लें कि चारों वेद ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद मूलतः धार्मिक ग्रन्थ नहीं हैं अपितु वैज्ञानिक ग्रन्थ हैं । जगत् के सब मनुष्य अपने-अपने धर्म या सम्प्रदायों में रहते हुए और अपने रीति-रिवाज, भजन, पूजन का आचरण करते हुए वेदों को पढ़ सकते हैं और उनसे लाभ उठा सकते हैं ।

हमारा स्पष्ट मत है कि वेदों का विज्ञान कोई पृथक् धर्म या सम्प्रदाय नहीं है । वेदों में कर्मकांड, उपासना काँड और ज्ञान कांड के सहस्रों मंत्र हैं जो मनुष्यों को यह सिखाते हैं कि वे जगत् में रहते हुए, शुद्ध कर्म कैसे करें, परमात्मा की उपासना कैसे करें और ब्रह्म या आत्मा जो समस्त ब्रह्मांड में ओतप्रोत है, उसे कैसे जानें और परमपद अर्थात् मोक्ष कैसे प्राप्त करें ।

पुराने अथवा अर्वाचीन भाष्यकारों अथवा अनुवादकर्त्ताओं की शैली हमने नहीं अपनायी है । उनकी शैली यह है कि वेद के प्रत्येक मंत्र को प्रारम्भ से क्रमसंख्यानुसार भाष्य करें अथवा अनुवाद करें । इस शैली के अपनाने जाने के कारण साधारण जन या विद्वान् जन भी यह स्पष्ट रीति से समझ नहीं पाते कि वास्तव में वेदों के ऋषियों का क्या मन्तव्य है । दूसरी बात यह भी है कि वेदमन्त्रों के क्रमानुसार कोई विषय-संगति नहीं है । अर्थात् यदि दो-तीन मन्त्र अध्यात्म विद्या के हैं तो उसके पश्चात् यज्ञ का विषय भी कुछ मंत्रों में आ जाता है और उसके पश्चात् कुछ व्यावहारिक बातें भी मंत्रों में आ जाने का संकेत मिलता है ।

यह भी बात ध्यान में रखने की है कि कर्मकांड, उपासनाकांड, ज्ञानकांड के मन्त्र अलग-अलग नहीं हैं । मंत्रों का यह विभाजन तो ब्राह्मण ग्रंथों द्वारा किया गया है । साराँश यह है कि वेद-विषयों के वर्गीकरण के लिए प्रत्येक मनुष्य को प्रयत्न करना पड़ता है, जो बहुत बड़ा काम है और साधारणजनों की शक्ति के बाहर है ।

ब्राह्मणग्रन्थों में यह विभाजन कर्मकांड, उपसनाकाँड, ज्ञानकाँड के रूप में पाया जाता है । ब्राह्मणग्रन्थों में ज्ञानकांड को उपनिषद् कहते हैं ।

यह बात सब जानते हैं कि चारों वेदों में सहस्रों मंत्र हैं और सैकड़ों विषय हैं । वेदों को पढ़ने और समझने के लिए बड़े लम्बे अध्ययन की आवश्यकता है ।

माहात्म्य

वेदों के पढ़ने और सुनने का माहात्म्य बड़ा ही पवित्र है । जो भी मनुष्य इस जगत् में पैदा हुआ है वह निरन्तर दुःख भोगता रहता है । वेदों के विषयों का लक्ष्य केवल एक है कि मनुष्य इस बात को भली प्रकार समझ ले कि यह सारा ब्रह्मांड उसी एक ब्रह्म (आत्मा) का स्वरूप है और मनुष्य अपने को जीवात्मा और अल्पज्ञ समझता है, यह

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बात मिथ्या और असत्य है। और, केवल अज्ञान के कारण वह अपने को ब्रह्म से अलग समझता है। ईश्वर, जीव और जगत्-तीनों एक हैं; यही वेदों का ज्ञान है। जो मनुष्य इस ग्रन्थ को पढ़ेगा, पढ़ायेगा और दूसरों को सुनायेगा वह परमगति (मोक्ष) अवश्य पायगा। **'ब्रह्मवित् ब्रह्मैव भवति'** ब्रह्म का जानने वाला स्वयं ब्रह्म हो जाता है फिर वह इस मृत्यु लोक में नहीं लौटता।

मंगलाचरण

ॐ नमो ब्रह्मणे। नमस्ते वायो। त्वमेव प्रत्यक्षं ब्रह्मासि। त्वामेव प्रत्यक्षं ब्रह्म वदिष्यामि। ऋतं वदिष्यामि सत्यं वदिष्यामि। तन्मामवतु। तद्वक्तारमवतु। अवतु माम्। अवतु वक्तारम्।

अर्थ--हे प्राण (वायु), तुझे नमस्कार। प्राण, तू ही प्रत्यक्ष दिखाई देने वाला ब्रह्म है। तुझे ही मैं प्रत्यक्ष ब्रह्म समझता हूं और सदैव समझता रहूंगा। मैं यह पूर्णतया उचित बात कहता हूं, सत्य कहता हूं और कहूंगा। तुम ही आयु हो। तुम ही जीवन हो।

वह ब्रह्म मेरी अर्थात् शिष्य-श्रोता की रक्षा करे। वह ब्रह्म वक्ता (प्रवचनकर्ता आचार्य धुलेकर) की रक्षा करे। वह ब्रह्म मेरी तथा मेरे शिष्य अर्थात् श्रोता की रक्षा करे। तथा आचार्य की रक्षा करे।

वन्दे सिद्धेश्वरं नित्यं सत्यं शिवं च सुन्दरम्।
एकं अद्वितीयम् ब्रह्म, सोऽहम् सोऽहम् न संशयः॥
पूर्णात् पूर्णमुदचति पूर्णं पूर्णेन सिच्यते।
उतो तदद्य विद्याम यतस्तत् परिषिच्यते॥

(अथर्ववेद-काण्ड-१०, सूक्त-८, मंत्र-२९)

अर्थ–पूर्ण ब्रह्म से यह दृश्य जगत् उत्पन्न होता है। जो जगत् उत्पन्न होता है, वह जगत् भी पूर्ण है। पूर्ण ब्रह्म द्वारा ही पूर्ण जगत् सींचा जाता है अर्थात् जीवन पाता रहता है। आज हमने जाना कि जीवन स्रोत कहीं है।

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः

वेदों का विषयानुगामी अर्थ

वेदों की संहितायें चार हैं—ऋग्वेद संहिता, यजुर्वेद संहिता, अथर्ववेद संहिता और सामवेद संहिता। प्राचीन तथा अर्वाचीन भाष्यकारों तथा अनुवादकों ने प्रत्येक संहिता का भाष्य अथवा अनुवाद संहिता के प्रथम मंत्र से आरम्भ करके क्रमानुसार अन्तिम मंत्र तक किया है। हमने यह शैली नहीं अपनायी है।

चारों संहिताओं में से पहले विषय छांट लिये हैं। फिर उन्हीं विषयों पर अपने प्रवचनों में चारों वेदों के सम्बन्धित मंत्रों को पढ़ कर बिलकुल सादी भाषा में अर्थ समझाया है।

विद्या अनादि है

विद्या अर्थात् ज्ञान अनादि है, अनन्त है **'सत्यं ज्ञानं अनन्तं ब्रह्म'** (तैत्तरियोपनिषद्) ब्रह्म है, उसका अस्तित्व सदैव था, इस समय है और आगे भी रहेगा–इसी को सत्यं (सति–अयम्) कहते हैं।

वर्तमान काल एक काल्पनिक वस्तु है, जिस समय हम यह शब्द लिख रहे हैं वर्तमान काल, प्रतिक्षण भूतकाल होता जाता है। समय ठहरता नहीं, गतिमान है। भविष्य काल भी क्षण-क्षण आ- आकर वर्तमान बनकर भूतकाल हो जाता है। भूतकाल कहाँ तक गया, इसका पता नहीं। भूत, वर्तमान, भविष्यत् तीनों ही काल्पनिक वस्तु हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कालातीत, इस उपर्युक्त व्याख्या को कहते हैं। ब्रह्म कालातीत, काल (समय) के परे है--यही अर्थ, ब्रह्म कालातीत का है, ऐसा समझना चाहिये।

ज्ञान भी इस प्रकार हमेशा था और हमेशा रहेगा। जो सत्य है, वही ज्ञान है। ज्ञानमय वस्तु ही सत्य--सदा टिकने वाली, कालातीत होती है। ऐसा कोई समय नहीं था, जब ज्ञान का अस्तित्व न हो। क्यों? इस कारण कि ब्रह्म सदैव था। वह ज्ञान का पुञ्ज है, प्रकाश है। ज्ञान की सीमा नहीं होती और न प्रकाश की सीमा होती है।

सत्य, ज्ञान, अनन्त ब्रह्म सब निराकार है। साकार वस्तु की सीमा होती है--भेद होता है--कमोवेशी होती है--जो है, वह है, वह ज्ञान है, वह प्रकाश है, अनन्त होती है। जो "है" उसकी शक्तियाँ भी अनन्त हैं। उसकी कोई सीमा नहीं। वह नाशवान नहीं, वह अमर है। ब्रह्म के साथ ही ज्ञानरूप वेद सदैव रहते हैं।

यह सारा ब्रह्माण्ड ब्रह्मरूप है

हर क्रिया नियमानुसार होती है। कोई भी क्रिया नियमरहित नहीं है।

सत्यं, ज्ञान, अनन्तं ब्रह्म, यह ब्रह्म की व्याख्या है। ब्रह्म है, और नियमानुसार ही ब्रह्म में अनन्त क्रियायें अनन्त शक्तियों द्वारा अनंत नियमों से संचालित हो रही हैं।

वेदों में वर्णित विषय

वेदों में ऋषियों द्वारा वर्णित विषयों की सूची देना अत्यन्त कठिन है।

सृष्टि की उत्पत्ति सृष्टि का मूल कारण ब्रह्म क्या है, ब्रह्म की अनन्त शक्तियाँ क्या हैं जो सृष्टि के भीतर अनन्त क्रियाओं का संचालन कर रही हैं, भूगर्भ विद्या, नक्षत्रों की रचना, नक्षत्रों का आकाश में भ्रमण, कृषि विद्या अनेक प्रकार के फल, अनाज, अनेक प्रकार के जीव-कीटाणु, छोटे जन्तु, समुद्र का उतार-चढ़ाव, बिजली का चमकना, मेघों का बनना, आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथ्वी से सृष्टि की रचना तथा और पंच महाभूतों से अनन्त जीवों की शरीर रचना, शरीरों की बनावट और उनमें जीवों का निवास, इन्हीं जीवों द्वारा सृष्टि के अनन्त रूपों में भ्रमण, मनुष्य क्या है उसके भीतर जीव वास्तविक क्या है, यह जीव शरीर में कहाँ से आता है, सुख-दुःख शरीर भोगता है या जीव भोगता है, क्रियायें मनुष्य क्यों करता है, आदि-आदि।

क्रियाओं का फल मनुष्य क्यों भोगता है या नहीं भोगता, कुटुम्ब की रचना, विवाह, माता, पिता, पुत्र इन सबका परस्पर सम्बन्ध स्थायी है या अस्थायी है, लोभ, मोह, मद, मत्सर, जीवन, मरण, पुनर्जन्म उसके कारण, मृत्यु, वास्तव में क्या है, ब्रह्म की सत्ता क्या है, वृक्ष, वनस्पति, पत्थर, पहाड़, नदी, सूर्य, नक्षत्र आदि-आदि विषय वेदों में स्थान-स्थान पर पाये जाते हैं, इन सबका वर्णन करना असम्भव है।

आध्यात्मिक तथा धार्मिक विषय

इन अनन्त विषयों में धार्मिक विषय भी हैं, सुख-दुःख के कारणों का शोध, कर्मफल, बन्धन, मोक्ष, निर्वाण, अनेक धर्म तथा सम्प्रदाय, मानव धर्मशास्त्र, पुराण, अवतारवाद, भजन, पूजन, ध्यान, यज्ञ, दान, तप, कर्मयोग, उपासना, ज्ञान आदि अनेक धार्मिक विषय भी हैं।

भारत के बाहर इस समय जितने भी धर्म या सम्प्रदाय चल रहे हैं, उन सबके मूल सिद्धान्तों का वर्णन वेदों में पाया जाता है।

इसी प्रकार द्वैतवाद, अद्वैतवाद, शुद्धाद्वैतवाद केवलाद्वैतवाद, चार्वाक मत, भौतिकवाद, नास्तिकवाद, जैन सम्प्रदाय, बौद्ध सम्प्रदाय, शाक्त मत आदि-आदि सबका आधार वेद मन्त्र हैं। आचार्यों ने अपने-अपने अर्थ लगाये हैं; भिन्नता का यही कारण है।

---o---

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुरुकुल-समाचार

श्री महावीर "नीर" विद्यालंकार

ऋतु-रंग

समयोऽयं श्रावणभाद्रपदमासयोः अधुना वर्षा-कालः निजयौवनपदमाह्वयति । अतः हिन्दीभाषायाः सुकवेः सेनापतेः पदं इदं पुनः स्मृतिपथं आयाति । यथा—

अब आयौ भादौ, मेह बरसे, सघन कादौ,
'सेनापति' जादौपति बिना क्यों बिहात है ।
रवि गयो दबि, छबि अंजनु तिमिर भयो,
भेद निसि दिन को न क्यों हूं जान्यो जात है ।
होति चकाचौंधि ज्योति चपला के चमके तें,
सूझि न परत पीछे, मानों अधरात है ।
काजर ते कारौ अंधियारो भारौ गगन में,
घुमरि घुमरि घन घोर घहरात है ।।

इस माह ऋतु-रंग ने एक दम पलटा खाया । अगस्त मास प्रारम्भ होते ही ऐसा प्रतीत हुआ कि वर्षा अपने प्रबल यौवन की ओर अग्रसरित हो चली है । देश के विभिन्न भागों से बाढ़ आदि के समाचार आने के साथ-साथ गुरुकुलीय गगन पर विशाल-काय काले-काले मस्त कुञ्जरों के समान बड़े-बड़े मेघ बिखर गए और कुछ मूसलाधार वर्षा भी पड़ी । अंधेरी रात में बिजली की चमक और कड़कड़ाहट व गड़गड़ाहट से बड़ा भयावना दृश्य समुपस्थित सा होने लगा किन्तु यह क्रम लगभग एक सप्ताह ही रहा । तत्पश्चात् मेघों के गर्जन-तर्जन व वर्षण का स्थान भयंकर धूप ने ले लिया । कुलवासी इस असह्य उत्ताप से परेशान हो उठे हैं । शरीर पर स्वेद और घाम का प्रकोप बढ़ चला है । पुरवैय्या की शीतल पवन का स्थान विद्युत के पंखों ने ले लिया है । भादों की इस भयंकर गर्मी से सभी व्याकुल हो उठे हैं । गंग-स्नान आदि का क्रम फिर से चल पड़ा है । प्रातः कुछ हल्की ठण्ड पड़ने लगी है । जुकाम, खांसी का प्रकोप प्रारम्भ हो चला है । कुलीय धान के खेत लहलहा रहे हैं । वीर बहूटियाँ और गिंडोले और गिजाई धरती से प्रादुर्भूत हो उठे हैं । विविध प्रकार के झाड़-झंखाड व पौधे उग आए हैं । मेंढ़कों की टर्रटें की ध्वनि बस कभी २ सुनाई पड़ती है । नीलकण्ठ नाम के पक्षी के दर्शन कुल में कहीं भी किए जा सकते हैं, कुल में वर्षा का अत्यधिक अभाव महसूस किया जा रहा है ।

विद्यालय-विभाग

विद्यालय-विभाग में अध्ययन व अध्यापन का कार्य प्रारम्भ हो गया है । ब्रह्मचारी नित्यप्रति क्रीडाँगन में फुटबॉल का खेल खेलते हैं । स्वतन्त्रता-दिवस पर ब्रह्मचारियों ने फुटबाल प्रतियोगिता में भाग लिया । खेलने वाले छात्रों को प्रमाण-पत्र बाँटे गये । भोजन-भण्डार में मिष्ठान्न आदि का आयोजन हुआ । इस समय विद्यालय में लगभग पौने तीन सौ ब्रह्मचारी हैं । प्रवेश अब भी हो रहा है ।

साथी अध्यापकों की विदाई

गुरुकुल विद्यालय-विभाग की दो वर्ष सेवा करने के अनन्तर श्री सत्यवीरसिंह जी विद्यालंकार एम. ए., बी. एड मुख्याध्यापक पद से त्याग-पत्र देकर अन्यत्र चले गए हैं । विद्यालय के बड़े छात्रों ने उनको विदाई दी, पश्चात् चाय पान आदि हुआ । हम अपने स्नातक बन्धु की उन्नति की मंगल कामना करते हैं । साथ ही श्री सुरेन्द्र कुमार जी संस्कृत अध्यापक जो कि विद्यालय के अध्यापक पद से त्याग पत्र देकर अपनी उन्नति के लिए सांसारिक कार्य-क्षेत्र में उतरे हैं उनकी उन्नति की भी मंगल कामना करते हैं ।

नयी नियुक्तियां

विद्यालय गुरुकुल में २९ अगस्त को श्री कुलपति डा० सत्यकेतु ने विद्यालय विभाग की उन्नति के लिए श्री डा० श्यामनाथ जी वेदालंकार की नियुक्ति मुख्याध्यापक पद पर की है । हम उनका स्वागत करते हैं तथा आशा करते हैं कि वे अपने कार्य काल में विद्यालय की चहुंमुखी उन्नति करेंगे ।

साथ ही गुरुकुल कार्यालयाध्यक्ष के पद पर श्री सुदर्शनकुमार जी मल्होत्रा की नियुक्ति की गई है । हम उनका स्वागत करते हैं ।

श्रावणी पर्व

इस माह श्रावणी पर्व के उपलक्ष्य में वेद मन्दिर के भव्य भवन में बृहद् यज्ञ का आयोजन हुआ ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जिसमें समस्त ब्रह्मचारियों, अध्यापकों व कर्मचारियों ने सोत्साह भाग लिया। कुलपति डा० सत्यकेतु जी ने श्रावणी पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला। अनन्तर आचार्य रामनाथ जी, श्री प्रो० बुद्धदेव जी, डा० निगम जी ने प्रवचन व श्लोक पाठ किए। श्रावणी पर्व के समस्त कार्यक्रम का पेरिस में भारतीय संस्कृति के प्रचारक तथा "भोलानन्द वेदान्त संघ पेरिस" के संस्थापक श्री स्वामी श्रद्धानन्द गिरि ने फिल्माँकन किया। हम उनके आभारी हैं।

कार्य परिषद् का चुनाव

कुलसचिव डा० गंगाराम जी की सूचना के अनुसार १।८।७४ को बड़े ही उत्साहपूर्ण व उत्तेजनापूर्ण वातावरण में गुरुकुल काँगड़ी व कन्या गुरुकुल देहरादून की ओर से कार्य परिषद् के सदस्यों का चुनाव हुआ। जिसमें श्री प्रो० जयदेव जी वेदालंकार (दर्शन विभाग) तथा श्री प्रो० नारायण शर्मा जी (आँगलभाषा विभाग) चुने गए। हम विजयी सदस्यों को पुनः बधाई देते हैं।

कृष्ण जन्माष्टमी

१० अगस्त १९७४ को वेदमन्दिर के भव्य भवन में एक विशाल सभा का समायोजन किया गया। यज्ञ आदि के पश्चात् गीता के द्वितीय अध्याय का सस्वर पाठ किया गया। तदनन्तर अनेक वक्ताओं ने श्री कृष्ण जी के दिव्य-चरित्र पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

स्वतन्त्रता-दिवस

पन्द्रह अगस्त का पुण्य दिवस प्रति वर्ष भारतवासियों के लिए जैसे एक आजादी का महानतम प्रतीक बनकर आता है, उसी प्रकार गुरुकुलवासियों के लिए भी यह एक महान् प्रेरणादायी स्रोत बन जाता है। आजादी की लड़ाई में इस गुरुकुल का भी अपना एक अलग स्थान रहा है।

कुल में स्वतन्त्रता दिवस का कार्यक्रम बड़ा ही रोचक व प्रेरणादायक रहा। प्रातः प्रभातफेरी के साथ कार्यक्रम का प्रारम्भ होकर सायंकाल क्रीड़ा व काव्यगोष्ठी के रूप में सम्पन्न हुआ। प्रातः ९ बजे एन. सी. सी. के छात्रों ने श्री वीरेन्द्रसिंह अरोड़ा के नेतृत्व में राष्ट्रध्वज को सलामी दी। कैडिटों एवं सामान्य जनता ने प्रतिज्ञा-पत्र पढ़े व शपथ ग्रहण की। मान्य कुलपति डा० सत्यकेतु जी ने १५ अगस्त के महत्व पर अपने विचार प्रकट किए तथा कहा कि "राष्ट्रीयता और देशभक्ति" इन दोनों बातों को प्रत्येक कैडिट को अपने जीवन में ढाल लेना चाहिये। गुरुकुल काँगड़ी, भल्ला कालेज हरिद्वार तथा आनन्दमयी सेवा सदन के युवक और युवतियों ने मार्च पास्ट किया। मिलिट्री के बैंड की सुन्दर धुन अनुपम समा बाँध रही थी। कुलपति जी ने परेड़ का निरीक्षण किया।

तदनन्तर वेद मन्दिर में आचार्य श्री रामनाथ जी वेदालंकार की अध्यक्षता में सभा का समायोजन हुआ। डा० अनन्तानन्द जी, प्रो० बुद्धदेव जी, ब्र० योगेन्द्र जी पुरुषार्थी, प्रो० वेदप्रकाश जी, डा० वासुदेव जी, जगदेव जी (विद्यालय विभाग) प्रो० बुद्धिप्रकाश जी, श्री रामावतार जी (शोध छात्र) शिवकुमार जी आदि ने अपने विचार प्रकट किए। श्री आचार्य रामनाथ जी ने स्वतन्त्रता संग्राम में गुरुकुल विश्वविद्यालय की गतिविधि का वर्णन करते हुए बताया कि "आचार्य रामदेव जी तथा आचार्य देवशर्मा जी अनेक बार जेल गए। ब्र० सर्वमित्र का स्वतन्त्रतासंग्राम में बलिदान हुआ।" आचार्य जी ने कहा कि यह गुरुकुल धार्मिक शिक्षण संस्था ही नहीं अपितु राष्ट्रीय भावों को उद्भूत करने वाला शिक्षणालय भी है। शान्तिपाठ के पश्चात् सभा समाप्त हुई।

विरोध दिवस

कुल में ६ अगस्त को गुरुकुल के कुलाधिपति तथा आर्य प्र० नि० सभा पंजाब के प्रधान स्वामी श्री इन्द्रवेश जी की गिरफ्तारी के विरोध में कुलवासियों की विशाल सभा हुई। इसमें हरियाणा सरकार की दमनीय नीति की कटु आलोचना की गई, साथ ही विरोधस्वरूप प्रस्ताव भी पारित हुआ। निश्चय हुआ कि सभा प्रधान जी की गिरफ्तारी के विरोध में किए गए किसी भी आन्दोलन में कूदने के लिए कुलवासी पीछे नहीं रहेंगे। सभा की अध्यक्षता श्री आचार्य जी ने की।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

स्वाध्याय के लिये चुनी हुई पुस्तकें

वैदिक साहित्य

वेदोद्यान के चुने हुए फूल (सजिल्द)	५.००
वेद का राष्ट्रीय गीत (सजिल्द)	५.००
मेरा धर्म (सजिल्द)	७.००
वरुण की नौका (दो भाग)	६.००
अग्निहोत्र (सजिल्द)	२.२५
आत्म-समर्पण	.५०
वैदिक स्वप्न विज्ञान	२.००
वैदिक अध्यात्म विद्या	.७५
वैदिक सूक्तियां	.७५
ब्राह्मण की गौ (सजिल्द)	.७१
वैदिक ब्रह्मचर्य गीत	२.००
वैदिक विनय (तीन भाग)	६.००
वेद गीतांजलि	२.००
सोम सरोवर (सजिल्द)	२.००
वैदिक कर्त्तव्य शास्त्र	.५०
सन्ध्या सुमन	५०
स्वामी श्रद्धानन्द जी के उपदेश	३.७५
आत्म मीमांसा	२.००
वैदिक पशु यज्ञमीमांसा	२.००
सन्ध्या रहस्य	२.००
अथर्ववेदीय मन्त्रविद्या	३.५०
ईशोपनिषद्भाष्य (सजिल्द)	२.००
अध्यात्म रोगों की चिकित्सा	२.५०
ब्रह्मचर्य संदेश	४.५०
आर्य संस्कृति के मूल तत्त्व	४.००
स्त्रियों की स्थिति	४ ००
एकादशोपनिषद्	[illegible] ००
विष्णु देवता	२.००
ऋषि रहस्य	२ ००
हमारी कामधेनु	२.००

ऐतिहासिक तथा जीवन चरित्र

भारतवर्ष का इतिहास ३ य भाग	४-५०
बृहत्तर भारत	७.००
योगेश्वर कृष्ण	४.००
स्वामी श्रद्धानन्द जी महाराज	.२५
स्वामी दयानन्द का पत्र व्यवहार	.७५
गुरुकुल की आहुति	.५०
अपने देश की कथा	.३७
दी मिडिल ईस्ट (इङ्गलिश)	३.००
ऐशियण्ट फींडम	५.७०

स्वास्थ्य सम्बन्धी ग्रन्थ

स्तूप निर्माण कला (सजिल्द)	३.००
प्रमेह श्वास अर्शरोग	.२५
जल-चिकित्सा विज्ञान	.७५
होमियोपैथी के सिद्धान्त	२.५०
आसवारिष्ट	२.५०
आहार	५.००

संस्कृत ग्रन्थ

संस्कृत प्रवेशिका प्रथम भाग	.६६
संस्कृत प्रवेशिका २य भाग	.८७
बालनीति कथामाला	.७५
साहित्य सुधा संग्रह	.२५
पाणिनीयाष्टकम् (दो भाग)	प्रतिभाग ७.००
पंचतन्त्र पूर्वार्द्ध (सजिल्द)	२.५०
पंचतन्त्र उत्तरार्द्ध (सजिल्द)	२.००
सरल शब्द रूपावली	.२५
सरल धातु रूपावली	.६०
संस्कृत ट्रांसलेशन	.२५
पंचतंत्र (मित्र सम्प्राप्ति)	.७५
पंचतंत्र (मित्र भेद)	.५०
संक्षिप्त मनुस्मृति	.५०
रघुवंशीय सर्गत्रयम्	.२५

पुस्तकों का बड़ा सूचीपत्र मुफ्त मगाइये । धार्मिक संस्थाओं के लिये विशेष रियायत का भी नियम है।

पुस्तक भण्डार, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार (जि० सहारनपुर) ।

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सम्पादक : भगवद्दत्त वेदालंकार ।

प्रकाशक : डा० गंगाराम, कुलसचिव : गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय ।

मुद्रक : सुरेशचन्द्र वैष्णव, मैनेजर : गुरुकुल कांगड़ी प्रिंटिंग प्रेस, हरिद्वार ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

76009

गुरुकुल-पत्रिका

PR
गु. ८६५५

आयुर्वेद विशेषाङ्कः

50.8
254 x 100
500

पुस्तकालय
गुरुकुल काँगड़ी
25-6-75

म्बर-१९७४, मई-१९७५ मास मार्गशीर्ष-२०३१, वैशाख-२०३२

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विषय-सूची

स०	विषया:	लेखका:	पृष्ठांका:
१	श्रुति-सुधा		१२१
२	संन्यास-वानप्रस्थ की दीक्षायें	उप कार्यालय, आ०प्र० सभा, रोहतक	१२२
३	आर्य युवकों के लिए स्वर्ण अवसर	आर्य युवक परिषद्, रोहतक	१२३
४	व्याकरणशास्त्रस्य वैशिष्ट्यम्	श्री अशोकचन्द्र गौड़: शास्त्री	१२४
५	अंगारों पर दहक रही है	श्री महावीर 'नीर' विद्यालंकार	१३२
६	श्रद्धेयाचार्यवर्यस्मरणम्	श्री पं० धर्मदेवो विद्यामार्तण्ड:	१३३
७	आयुर्वेदोक्ता:केचन सिद्धयोगा:	विद्याभूषण: श्री गणेशराम शर्मा	१३४
८	अश्वघोषस्य प्रतिमानम्	श्री निगम शर्मा	१४०
९	सम्पादकीय टिप्पण्य:	श्री पं० भगवद्दत्तो वेदालंकार:	१४५
१०	साहित्य-समीक्षा	,, ,, ,,	१४७
११	विश्व हिन्दी सम्मेलन के कुछ संस्मरण	डा० अम्बिकाप्रसाद वाजपेयी	१४९
ब्र.च.८.८० ॥

अन्यत्र च सौन्दरानन्दे नन्दो नन्दनचारिणीं देवतामिव हृदयानन्दजननीं नन्दयन् प्रश्वासवायुना दर्पणं मलीयसं विधाय कोपभ्रूकुटिं द्रष्टुमक्षमो मूर्ध्ना प्रियायाश्चरणयोर्ननाम।

सा तं स्तनोद्वर्तितहारयष्टि-
रुत्थापयामास निपीड्य दोर्भ्याम्।
कथं कृतोऽसीति जहास चोच्चै-
र्मुखेन साचीकृतकुण्डलेन ॥
४.१९।

य एव कविरित्थं तरुणयोरन्तर्गतं भावमभिव्यनक्ति। स एव जराजर्जरं कलेवरमित्थं वर्णयति, येन प्रतीयते रूपधारिणी जरैव स्थिता ऽस्मान् प्रतीक्षते--

छन्दको राजकुमारमुत्तरेणानुगृह्णाति--

पीतं ह्यनेनापि पयः शिशुत्वे,
कालेन भूयः परिसृप्रमुर्व्याम्।
क्रमेण भूत्वा युवा वपुष्मान्,
क्रमेण तेनैव जरामुपेतः ॥
ब्र.च.३.३१

रूपस्य हन्त्री व्यसनं बलस्य,
शोकस्य योनिर्निधनं रतीनाम्।
नाशः स्मृतीनाँ रिपुरिन्द्रियाणा-
मेषा जरा नाम ययैष भग्नः ॥
३.३०।

यथा स्तनयित्नुघोषमाकर्ण्य तरुणोऽपि गोवत्सो भीत भीत इव कम्पते, तथा राजकुमार उद्विग्नचेताः समजनि। अस्यामेव चिन्तायां निलीनमानसः स्फोटस्योपरि पिटिकामिवापरां रोगपीडां पश्यति। कथयति च--

निवर्त्यतां सूत बहिः प्रयाणा
न्नरेन्द्रसद्मैव रथः प्रयातु।
श्रुत्वा च ये रोगभयं रतिभ्यः,
प्रत्याहतं संकुचतीव चेतः ॥
ब्र.च. ३.४७

इत्थं यदेव कविना गृहीतं तत्सर्वं प्रकृतिपरिपोषाय एव। वाग्देवतावतारेण मम्मटेन यदेतदुट्टंकितम्--'अनलंकृती पुनः क्वापि' तस्य सुन्दरं योजनं समन्वयं च वयं कवेरश्वघोषस्य कृतौ पश्यामः। नात्रालंकाराश्चमत्कृतिहेतवोऽन्यकविवद् दरीदृश्यते।

कालिदासो यादृशीं कविप्रतिभोद्भिन्नां नवां सुगन्धिदायिनीं वल्लरीमिव रसस्फीतां ग्रणोद्भूताम्द्भुतां साधितवेशां सचमत्कारां नगरवधूमिव शिक्षितविनयां विलसदलंकारां कविरचनां कृतवान्। न तादृशीं शोभाव्यञ्जनामश्वघोषस्य कृतौ वयं पश्यामः। तथापि अश्वघोषस्य कविता भ्रूविक्षेपपरिचयरहिता सहजोन्मेषदायिनी ग्रामकृषकवधूरिव नितरां प्रमोददायिनी।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अश्वघोषस्य शैली नितराँ सरला प्रसादात्मिका च। माधुर्यगुणानुरूपं वाक्यानां विनियोजनं येन चित्तं तत्कालमेव आर्द्रतां प्रयाति। कथोपकथनप्रसंगतः कविः प्रकरणस्य प्रभावातिशयं पुष्णाति। असित-महाराजयोः, गौतमच्छन्दकयोः, गौतमपुरोहितयोः, पितृपुत्रयोः अराडगौतमयोः, नन्दगौतमयोः, सुन्दरीनन्दयोश्च कथोपकथनानि द्रष्टुं योग्यानि। यत्र रतेः स्वभावस्य स्नेहस्य मानस्य यथार्थस्य शृंगारस्य च भावाः स्वत एवोल्लसन्ति।

बाह्यसौन्दर्यसाधनरूपं कवेर्नासीन्मनस्यलंकार-निरूपणवर्णनम्। तथापि उपमा-रूपकप्रभृतयः कतिचन एवालङ्कारा यथावसरं कविना प्रतिपाद्यस्य उत्तेजनार्थं स्पृष्टाः, उत्थापिताश्च। पिपासुं व्याघ्रं वर्णयन् कविराह-

व्याघ्रः क्लमव्यायत खेलगामी,
लाङ्गूलचक्रेण कृतापसव्यः।
बभौ गिरेः प्रस्रवणं पिपासु
र्दित्सन्पितृभ्योऽम्भ इवावतीर्णः॥
सौ. १०.१०।

तस्मिंश्च हिमवति किन्नर्यः वर्ण्यन्ते—

दरीचरीणामतिसुन्दरीणां,
मनोहरश्रोणिकुचोदरीणाम्।
वृन्दानि रेजुर्दिशि किन्नरीणां
पुष्पोत्कचानामिव वल्लरीणाम्॥
सौ. १०.१३।

कीदृशी शब्दानामत्र योजना, अनुप्रासस्यच्छटा, उपमायाश्च सौन्दर्यं नैपुण्यमावहति। बालप्रियत्वं क्वचिच्चमरः प्रदर्शयति—

चलत्कदम्बे हिमवन्नितम्बे
तरौ प्रलम्बे चमरो ललम्बे।
छेत्तुं विलग्नं न शशाक बालं
कुलोद्गतां प्रीतिमिवार्यवृत्तः॥
सौ. १०.११।

इत्थमश्वघोषः प्रकृत्या प्रकर्षतया कविहृदयतां परिपाति, परं शान्तात्मना बुद्धेनास्य चित्तं तथा प्रभावितं चाभिभूतं चास्ति येनायं काव्यन्यायं प्रति न न्यायमाचरति। अश्वघोषेण स्त्रीपात्राणि नितान्तं विलासजननान्येव चित्रितानि। कालिदासस्य भासस्य वा स्त्रीपात्रं गृहिणी, सचिवः, सखा, प्रियशिष्या इत्यादिकं गुणैरनर्घमस्ति, परमश्वघोषेण स्त्री कामुकी, विलासवती, मोहजननी, जन-नीराग-हेतुः, कामस्य अस्त्रम्, इत्येवमादिभीरूपैरनुचित्रिता। प्रतीयते प्रकरणविवरणात् प्रतिपाद्यस्य वा विशेषात्। तथापि केनचिदन्येनोपायेन रक्ष्या स्यात् कवीनां भारतीया परम्परा काव्यगुणेन। अन्यथा कविर्वाच्योभवति सताम्। यथाऽत्रैव स्वमतां सुदतीं प्रियां रुदतीं परित्यज्य गतस्य नन्दस्य तां प्रति सर्वथैवोपेक्षा नोचिता। औचित्यनिर्वाहः कोऽपि कवेः कमनीयः प्रयासः। योभगवान् बुद्धो नारीणामुद्धारार्थं वेश्यालयं प्रत्यपि गच्छति, तत्र का हानिरासीद् भ्रातुरालयं प्रति गमने, तस्य प्रेषणे वा; अन्येन वा भिक्षुणा धर्मदेशनादाने।

एतदनौचित्यं सहृदयानां चेतसि उद्वेगं जनयति। अन्यच्च कविरश्वघोषः स्वकीयं करुणावतारं बुद्धं सर्वतः श्लाघ्यं मनुते। मनुतां वयमपि स्वीकुर्मः। परं यदा बुद्धो भगवन्तं संस्कृतेरुत्कर्षदायिनं महात्मानं रामं निन्दति, यं वयं मर्यादा-पुरुषोत्तमं मन्यामहे, तत्रापि बुद्धकृता निन्दा पीडयति भारतीयानां नो हृदयानि। बुद्धः कथयति—

गृहप्रवेशं प्रति यच्च मे भवा-
नुवाच रामप्रभृतीन् निदर्शनम्।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

न ते प्रमाणं न हि धर्मनिश्चयं-
प्वलं प्रमाणाय परिक्षतव्रताः ॥
बृ.च. ९.७७।

अद्यावधि श्रीरामचन्द्रं न कश्चन साहसं चकार वक्तुं यदयं 'परिक्षतव्रतोऽस्ति।' येन पितरं सत्यवादिनं कर्त्तुं कालकान्तारगह्वरं गृहमिवासादितम्, घोरैः राक्षसैः सह येन पुरुषपौरुषपरीक्षा प्रादायि, लोकरंजनार्थं येन प्राणेभ्योऽपि गरीयसी-सीता कानने परित्यक्ता, यस्य जीवनं ऋषिभिस्तुल्यं विस्मयकरमानन्दजननं चासीत्, तं प्रति अयं प्रतिभादरिद्रो व्रतपरिक्षतमाह, सर्वथैवानुचितमेतत्।

एवमेव शिष्टानुमतं ऋषिभिर्निषेवितं शास्त्र-मर्यादानुसाधितं संस्कृतिपरम्परामार्गमपि कविरयं दूनाति। प्राचीनानां बृहस्पति-विश्वामित्र-अम्बरीष-जनक-प्रभृतीनां निन्दोद्घोषेणैव बुद्धस्य गौरवं जागर्ति, इति कवेर्विचारो न प्रमाणकोटिमवतरति। यद्यपि बुद्धस्य समग्रं दर्शनजालं सांख्यस्यैव एकां धारां परिपुष्णाति तथापि तेन नात्र निन्दा प्रयोक्तव्या।

यद्यपीत्थं यत्र तत्र बहुत्र सन्ति वादजननानि कवेरश्वघोषस्य वचनानि तथापि शान्तरसस्य परि-पुष्टिविषये यथाशक्ति कविना भूयान् प्रयासः कृतोऽस्ति। बुद्धेनाक्रान्तहृदयत्वाच्च महती निष्ठा तस्मिन् व्यधायि कविना। अत एव काव्यमस्य रुचिकरं स्वाध्याययोग्यं च। यदि कवि निर्दिष्टेषु स्थलेष्वपि यत्नवानभविष्यच्चेत्तर्हि नूनमेवास्य काव्य-द्वयं अन्यकविकाव्यवत् प्रभूतां प्रतिष्ठामगाहिष्यत।

कवौ तु महती कल्पनाशक्तिरासीत्। यथा स्थाने स्थाने उदाहरणेषु प्रतीयते, परं प्रचारगुणै-राक्रान्तत्वात् सम्प्रदायवृत्तित्वाच्च तत्प्रतिभानं भस्माच्छन्नाङ्गारवत् निर्जीवमिव वञ्चितमिव सम-जनि। यैर्गुणैः कविः कालिदासः कविकुलगुरुता-मलञ्चकार, तानेव गुणांस्तिरस्कृत्य अयं कविः प्रचारकमात्रपदमलंकरोति। अन्यच्च--गौतमबुद्धः स्वजनकस्य राजधान्यां सम्यक्पूजासत्कारैराद्रितो भवति--नन्दस्तथा भ्रातरं तथागतं पश्यति--

अथ स पथि ददर्श मुक्तमानं
पितृनगरेऽपि तथा- गताभिमानम्।
दशबलमभितो विलम्बमानं
ध्वजमनुयान इवैन्द्रमर्च्यमानम् ॥
सौ. ४.४६

पश्यन्तु कवेरत्र प्रौढिम्। पितृनगरस्य प्रयोगः कीदृशः साधीयान् प्रतीयते? यमनगरमेव कथं न स्पष्टं निरवोचत् कविः?

शब्दानां प्रयोगकौशले धातूनां च प्रयोगे तत्र च प्रावीण्यप्रदर्शने लब्धं साहित्यमेव सुन्दरमजिर-मस्मै--

यत्र स्म मीयते ब्रह्म कैश्चित् कैश्चिन्न मीयते।
काले निमीयते सोमो न चाकाले प्रमीयते ॥
सौ. १.१५।

कीदृशी वचश्छटा व्याकरणपुङ्गवस्य। अरे कवे! साहित्ये सुकुमारवस्तुनि न श्लाघायोग्यान्येवं विधानि बुद्धि-व्यायामपराणि पदानि। अपि च-चङ् प्रयोगाः सम्यक् परिचितास्ते--

यत्र 'विप्रानजीजयन् (१.४४), अर्हतोऽतिष्ठिपन् (१-४६), यशोधामान्यचीकरन् (१.४६) दिक्षु सर्वास्वचीखनन् (१.५०), नाधर्मिष्ठमतिष्ठिपत् (२.३८), न संरागादवीवृधत् (२.३८), एवमेव लिट्प्रयोगाः--

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यः ससज्जे न कायेषु श्रीप्राप्तौन विषिस्मिये ।
नावमेने परानृध्या परेभ्यो नापि विव्यथे ॥
सौ. २.२ ।

एवं प्रयोगाः कवेः सहृदयतामपहरन्ति । सहैव च, वयं काव्यशोभाकरान् धर्मान् सादरं रक्षामः, शिष्टाचारानुरोधेन च वयं शीलस्य शालीनतायाः श्रियः शृंङ्गारस्य परम्परायाश्च प्रौढिं रक्षामः । कालिदासः खलु शृङ्गारस्य महान् रससिद्धः कविः, तत्र इयत्सौन्दर्यमियती कला, तथा च वैभवं प्रकाशते यद्वयं तृप्ता इव प्रसन्ना इव अनुमता इव रतेः पारं यामः, परं नात्र क्वापि पदमपि तथाविधं प्रयुक्तं वर्तते यत्र कोऽपि तर्जनीनिर्देशं कुर्य्यात् । परमयं तु भिक्षुः सुन्दरीसौन्दर्यवर्णने तस्याः प्रागल्भ्यं चाविष्करणे गृहस्थानपि पदद्वयं पश्चादनुवर्ति नश्चकार—

भगवन्तं भ्रातरं प्रति नमस्कर्तुं नन्दो गच्छति, तत्प्रिया सम्यग् जानाति ज्येष्ठं भ्रातरं प्रति प्रियो गच्छतीति, आगमिष्यति चरणवन्दनं कृत्वा । परं सा शपथेन तं दण्डमपि श्रावयति––

स चेद्भवेस्त्वं खलुदीर्घसूत्रो,
दण्डं महान्तं त्वयि पातयेयम् ।
मुहुर्मुहुस्त्वां शयितं कुचाभ्यां
विबोधयेयं च न चालपेयम् ॥
सौ. ४.३५ ।

इत्थं शिष्टाचारानुरोधीनि वाक्यानि अनौचित्यादुर्गर्हितानि भवन्ति कवेः प्रतिभावतोऽपि । अत एव वर्ज्यानित्याहुः ।

एवमेव सौन्दरानन्दकाव्ये यथा नन्दस्योद्धारक्रमः प्रदर्शितोऽनेन तथैव केनचिदुपायेन सुन्दरी खल्वपि समुद्धृता स्यात् । प्रियविरहकातराक्षी सा नानाप्रकारैः पीडिता उपवर्णिता, क्वचिदधोमुखी शेते, कदापि गवाक्षतोऽधः पश्यति, क्वापि आगच्छन्तीं दासीं समाकर्ण्य भर्तुरेव पदध्वनिरिति सोपानपद्धतिं यावद् वेगादागच्छति, एवंविधानि तस्या आचरितानि निर्वर्ण्य कवि मौनमाकलय्य तिष्ठति । नन्दं स्वर्गनगरेऽप्सरोभिः सङ्गं प्रदर्शयति । तत्र तासां विद्युत्पीतावदातां सुन्दरतां निभाल्य नन्दः स्वप्रियां विस्मरति किमिदमेव भारतकवेर्नैपुण्यं न्याय्यं वा ।

यस्य मनो यत्रानुरुद्धं न ततोऽन्यत्र प्रयाति, यदि नन्दस्य मनस्तथाविधं अयोग्यं अपरिपक्वं विश्वासरहितं च, तेन वृथैव वञ्चिता स्वकीया प्राणवल्लभा ! न खलु तस्य कुलानुकूलं वृत्तम् । अथवा सत्यमेव––प्रियाविवञ्चनपटोर्बुद्धस्य भ्रातृत्वेन ।

कुत्रचिज्जम्बूद्वीपे इत्थं कथा श्रूयते यत्रासिकाच्छिन्ने नारायणो दृश्यते । एकं प्रदयसं प्रति नापितेन विरोधः समजनि । अवसरवादी नापितस्तस्य नासाच्छेदमकरोत्, पलायितश्च । लज्जाभयात् तेन स्वनगरं परित्यक्तम् । अगमच्च दूरम् । तत्रापि जनास्तं पीडयन्ति, बालाः सकरतलनादं हासयन्ति । स्वरक्षार्थं वंचनार्थं च तेन प्रयासः कृतः, हसति चेतस्ततः जनान् मूढानिति चाधिक्षिपति––घोषयति च नासाच्छिन्ने नारायणो दृश्यते । शनैः शनैः तस्य समाजे बहवः सदस्याः संजाताः । नासाच्छेदानन्तरं कथयति, तव नासाच्छेदः समजनि, न पुनरारोहति, त्वमपि, अस्य धर्मस्य प्रचारं कुरु ।

इत्थमेव प्रमुग्धमते बुद्धस्य अश्वघोषस्य च महिमा, घोषश्च । एते मानवधर्मं, शिष्टाचारं, ऋषिचर्यां, पद्धतिं––वेदान्, शास्त्राणि सर्ववृत्तं च निन्दन्तः सर्वान् मोक्षमार्गभिक्षून् निर्मान्ति । तत्रैवास्य बुद्धस्य जाले नन्दोऽपि निपतितः––

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अतो नतं तस्य मुखं सवाष्पं,
प्रवास्यमानेषु शिरो रुहेषु ।
वक्राग्रनालं नलिनं तडागे
वर्षोदकक्लिन्नइवावभासे ॥
सौ. ५.५२ ।

इत्थं वियोजितौ चक्रवाकौ दयापरेण बुद्ध-पक्षिजीवकेन । एकत्र सा बाला क्रन्दति--

ततो हृते भर्तरि गौरवेण
प्रीतौ हृतायामरतौ कृतायाम् ।
तत्रैव हर्म्योपरि वर्तमाना
न सुन्दरी सैव तदा बभासे ॥
६.१ ।

ततश्चिरस्थान परिश्रमेण
स्थितैव पर्यंकतले पपात ।
तिर्यक् च शिश्ये प्रविकीर्णहारा
सपादुकैकार्धविलम्बपादा ।
।६.५

अथ चात्र महर्षिकुलसम्भवस्य नन्दस्य दशां पश्यन्तु---

अद्यावगच्छामि सुदुष्करं ते
चक्रुः करिष्यन्ति च कुर्वते च ।
त्यक्त्वा प्रियामश्रुमुखीं तपो ये
चेरुश्चरिष्यन्ति चरन्ति चैव ॥
७.१३ ।

तथाविधं लोकप्रभाभास्वरं भगवन्तं बुद्धं भ्रातरं सम्प्राप्य नन्दो न ननन्द । अपि तु अप्सरोगणं दृष्ट्वा तत्र निहितादरः सन् ।

ता निःसृताः प्रेक्ष्य वनान्तरेभ्य-
स्तडित्पताका इव तोयदेभ्यः ।
नन्दस्य रागेण तनुर्विवेपे
जले चले चन्द्रमसः प्रभेव ॥
सौ. १०.३९ ।

लघोभ्रातुः रागाविष्करणं ज्येष्ठस्य भ्रातुः समक्षे विजितलोकाभिनन्दननन्दितस्य भगवतो बुद्धस्य समक्षे तु नितान्तमनुचितं प्रतिभाति। इत्थं भगवतो बुद्धस्य मतौ विवर्धिषुणा नन्देन अप्सरसः प्रति निष्ठां विधाय तपः क्रियते ! आनन्दः पश्यन् एवं मोहजातं एनमुपहसति---

तितांद्रमिषया दृप्तो यथा मेषोऽपसर्पति ।
तद्वदब्रह्मचर्याय ब्रह्मचर्यमिदं तव ॥
११.२५ ।

यथा पश्यति मध्वेव न प्रपातमवेक्षते ।
पश्यस्यप्सरसस्तद्वद् भ्रंशमन्ते न पश्यसि ॥
११.२६ ।

इत्थमेव स्वशास्त्रगताः साकूताः प्रयोगाः काव्यक्षेत्रे ललितात्मनि शोभावहाः सन्ति । एतेभ्योऽतिशिष्टेपु स्थलेषु यत्र कविः स्वसहजामन्तःसौन्दर्यसारपरम्परानुवर्तिनीं कल्पनाकल्लोलां वाग्-झरीं प्रवाहयति, भवति तत्र प्रशंसापात्रम् ।

जन्मसिद्धोऽयं कविर्भावनापरिपुष्टश्च । परं संप्रदायप्रचारेऽस्य बुद्धिः संकीर्णा समजनि । यद्यपि प्रतीयतेऽस्ति शास्त्राणामध्ययनमस्य परं सुगतार्पितचित्तत्वात् सर्वत्र दोषदर्शी काव्यमार्गस्य स्वीकृतां पद्धतिं न सम्यगवेक्षते । तथापि काव्येऽस्य निर्वेदपरा प्रतिष्ठा निष्ठया दृढीकृता कविना । नानाप्रकारैस्तत्त्वज्ञानस्य मुहुर्मुहुरावृत्तिर्वर्तते येन मानवशोककातरं जराव्याधिमरणभयेनाक्रान्तं जगत्समीक्ष्य दुःखस्य हेतुं निश्चेतुं प्रयतते ।

अयमेव कवेराशयः, कथं मानवानां संसारदुःखादुद्धारः स्यात् । कविर्वाञ्छति वक्तुं यद् बुद्धनिर्दिष्ट एव मार्गः साधीयान् सरलश्च । यथाऽऽतुरो मृष्टादपथ्याद्विरतः सन् जिजीविषुः कटुकमौषधं गृह्णाति स्वस्थश्च भवति, तथेमे संसारस्य भावा आपातमात्रमधुरा अपथ्याश्च । अतः कविः कथयति

रिरंसा यदि ते तस्मादध्यात्मेधीयतां मनः ।
प्रशान्ता चानवद्या च नास्त्यध्यात्मसमा रतिः ॥
सौ. ११.३४

---०---

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सम्पादकीय टिप्पण्यः

भारतवर्षस्य प्रच्छन्न शत्रुः

भारतवर्षस्य प्रच्छन्नशत्रुरमेरिकासर्वकार इति भारतीयजनतासु प्रसृतोऽयं चर्चाविषयः । पाकिस्तानाय घातायुधानामुपायनीकरणेनास्मिन् भारतीयेऽपमहाद्वीपे युद्धविभीषिका समुत्पन्ना नात्र संशीति लेशोऽपि । यदायदाऽमेरिकादेशेन पाकिस्तानाय भृशं संहारकराण्यस्त्राणि प्रदत्तानि तदा-तदा पाकिस्तानो भारतवर्षमभ्यक्रामत् तदेतत् सर्वं पौनःपुन्येन भारतीयसर्वकारेणामेरिकासर्वकाराय निवेदितं परं यो जानन्नप्यज्ञायते पश्यन्नपि नावपश्यति तत्समक्षं प्रार्थनातर्कचर्चोचितप्रत्युक्त्यादिकं सर्वमेतन्निवेदनं निरर्थकमेव । अस्माभिरेतन्नूनं हृदि निधातव्यं यदमेरिका-ब्रिटेनादयो विकसिता-देशाः नेहन्ते स्वप्नेऽपि भारतवर्षस्य प्रतिमामुन्नतिं द्रष्टुम् । न च वाञ्छन्त्येते यत्कोऽप्यविकसितो देशस्तदिङ्गितमवहेल्य स्वतन्त्रनीति निर्धारणं स्वच्छन्दविहरणं वा विदध्यात् । अहोऽस्मिन् विषये कूटनीतिरवलम्बनीया । सौभाग्येनास्मिन्नेवावसरे रूसदेशस्य जल-थल-नभसां सर्वोच्चसेनान्योऽपि पारस्परिकविचारविनिमयायोभयत्र हितसाधनाय मन्त्रणायै परिस्थितिसमीक्षायै च भारतवर्षं समागताः । युक्तावसरोऽयं लब्धः प्रधानमन्त्रिपदधिष्ठितया श्रीमत्या इन्दिरादेव्या । अहो ! शुभाशंसनीया समये कूटनीतिर्गर्भिता विचारचातुरी महाभागायाः । मन्ये ! नानाविधविपत्तिझंझावातेन सन्दोलिता महोर्मिकल्लोलेऽमेरिकापाकिस्तानादिमकरनक्रसंकुलेऽस्मिन् हिन्दमहासागरे भारततरणिः सुरक्षिता तिष्ठति सन्धृतानि प्रधानमन्त्रिहस्ते ।

शिक्षाक्षेत्रे परिवर्तनम्

भारतवर्षस्य शिक्षा जगति यादृशी दुरवस्थाऽधुना विद्यते न तादृशी पुरा कदाप्यासीत् । छात्रवर्गेषूद्दण्डतोच्छृङ्खलतानुशासनहीनतादयो बहवो दोषाः पराकाष्ठां नीताः । गुरोरवमानना तु प्रत्यहं वृत्तपत्रेषु पठ्यते । पुरा वृत्तपत्रेषु प्रकाशितोऽयं समाचारः सर्वैः पठितो यत् लखनऊ बनारस विश्वविद्यालययोस्तत्रभवन्तमुपकुलपतिं प्रति तत्रत्यैश्छात्रैर्हस्तपादादिप्रणोदन पूर्वकमभद्रो व्यवहारो विहितः । एवमेवाध्यापकवर्गेष्वपि स्वोच्चादर्शानुसारि व्यवहारप्रदर्शनं न भवति । अस्यामवस्थायां सर्वे भणन्ति यत् शिक्षायां परिवर्तनं विधातव्यं परं न कोऽपि साहसं विदधाति ।

अस्मन्मते सर्वप्रथममुपाधीनां महत्त्वं समापनीयम् नियुक्तिषु न ते गणनीयाः । यतो हि तेऽनुचितोपायैः सम्प्राप्यन्ते । मैट्रिकपरीक्षापर्यन्तमेव शिक्षाया अनिवार्यता स्थापनीया । तदनन्तरं सर्वकारीयोद्योगाद्यधीनं यथावश्यकं शिक्षणं प्रचालनीयम् तत्र नियुक्तेरवश्यंभाविता स्यात् तत्रापि नियमपरायणानां सदाचारप्रवणानां छात्राणामुच्चस्थानं भवेत् । अन्यच्च ये कलासम्बन्धिविषयाः स्युस्तेषामध्ययनाध्यापनाय प्रौढपाण्डित्यसम्पन्नाः ससम्मानं विद्वांसो नियोक्तव्याः । तेषां स्थिरावृत्तिर्विधातव्या । तेषां समीपे विद्यार्थिनः सन्तु न वा सन्तु वृत्तेर्व्याघातो यावज्जीवं न जायेत । तेषां गृहमेव शिक्षणालय इति मन्तव्यम् । अस्मिन् विषये पुराकाल इव विविधा वैयक्तिकसंस्थाः धनिनो वा प्रोत्साहनीयाः ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

साहित्य समीक्षा

'कवि श्री जॉनडन' अनुवादक डा० रामसेवकसिंह, रीडर अंग्रेजी विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र

प्रकाशक : सेतु प्रकाशन झांसी, १९७४; पृष्ठ १४२

मूल्य—८-०० रु० मात्र ।

अंग्रेजी कवि ड्राइडेन ने एक बार कहा था कि डन अपनी कविताओं में दर्शन का पुट अधिक देता है । उसी सूत्र को पकड़ कर डा० जानसन ने डन तथा उन के अनुयायियों को 'मेटाफिजिकल' विशेषण से विभूषित किया । यह विशेषण ऐसा सक्षम है कि डन के काव्य की तमाम विशेषतायें इसमें समाहित हैं । डन का काव्य अपनी विविधता तथा गूढ़ता के लिए प्रसिद्ध है । चूंकि आधुनिक युग या सभ्यता, टी० यस० इलियट के मतानुसार विविधता तथा गूढ़ता को भली-भांति समझता है, अतः डन वर्तमान युग या सभ्यता के काफी सन्निकट हैं । ऐसा ही मत प्रसिद्ध आलोचक जेम्स रीव्ज ने भी व्यक्त किया है । वस्तुतः आज अंग्रेजी कविता में डन परम्परा के प्रति प्रगाढ़ प्रेम है तथा उसे पुनर्जीवित रखने के प्रति विशेष जागरूकता है । ऐसे उपयुक्त वतावरण में यह सर्वथा उचित ही है कि कवि डन की विभिन्न पहलुओं से व्याख्या की जाय तथा उनके काव्यगत सन्देश को अनेकानेक भाषाओं में अनूदित किया जाय । डा० रामसेवकसिंह द्वारा लिखित "कवि श्री जानडन" इस दिशा में किया गया एक प्रयास है ।

उक्त पुस्तक में अनुवादकीय, प्राक्कथन, जानडन : एक परिचय, संचित कविताओं का अनुवाद एवं अनुक्रमणिका पाये जाते हैं । इसके अतिरिक्त अनुवादक की टिप्पणियां यत्र-तत्र सर्वत्र विद्यमान हैं जो कि अधिकांशतः ज्ञानवर्द्धक तथा कविताओं के समझने में सहायक हैं ।

अपने संक्षिप्त 'अनुवादकीय' में अनुवादक ने अनुवादक के मार्ग में आने वाले कुछ व्यवधानों का संकेत किया है तथा बताया है कि कवि श्री जानडन शायद प्रथम बार ही हिन्दी में अनूदित हो रहा है ।

चार पृष्ठों का "प्राक्कथन" डा० बी० के० कालिया, अध्यक्ष अंग्रेजी विभाग कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र, द्वारा विवेचनात्मक ढंग से लिखा गया है । इसमें आशा व्यक्त की गई है कि डा० सिंह का सुन्दर अनुवाद हिन्दी पाठकों को अपनी ओर आकर्षित करेगा तथा हिन्दी कवियों को सोचने की एक नवीन दिशा देगा ।

डा० सिंह का "जान डन : एक परिचय" विस्तृत रूप से चौवालिस पृष्ठों में प्रस्तुत किया गया है । इसमें कवि डन की जन्म से मृत्यु पर्यन्त जीवनी दी गयी है तथा उसके काव्य के क्रमिक विकास की एक झांकी दिखलाई गई है ।

अपने अनुवाद के हेतु डा० सिंह ने सांग्स एण्ड सानेट्स, सूक्तियों, शोक-गीतों, व्यंग्य-काव्यों, दूसरी बरसी और धार्मिक कविताओं का चयन किया है ।

यह सर्वमान्य तथ्य है कि 'सांग्स एण्ड सानेट्स' जॉनडन की सर्वोतम कृति है । निसन्देह डा० सिंह ने कविताओं के चयन में एक सूझ-बूझ का परिचय दिया है । उनका शब्दों व मुहावरों, लयों व छन्दों का चयन भी प्रशंसनीय है । इससे सहज अनुमान

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लगाया जा सकता है कि डा० सिंह को कितना परिश्रम करना पड़ा होगा । उनके अनुवाद को पढ़कर लगता है कि उन्होंने मौलिक कविताओं की आत्मा तक पहुंचने का सफल प्रयास किया है। यह बात नहीं है कि उनके द्वारा अनूदित सारी कविताएं समान रूप से मनोरम व दोषमुक्त हैं, तथापि उन में से अनेक—प्रथम 'गीत', 'अवशेष' 'ट्विकनम गार्डेन', 'विदाई : पुस्तक की', 'स्वप्न', 'आनन्द तिरेक', 'औरत की वफादारी', 'सन्त-घोषणा', 'कामदेव', 'उदासीनता', 'तेहरी मूर्खता' आदि - वस्तुत: डा० सिंह के स्तुत्य प्रयास के प्रमाण हैं। इन कविताओं में अनवाद की कोई न कोई विशेषता अवश्य ही परिलक्षित होती है।

संकलित सूक्तियों में 'हीरो एण्ड लिआंडर', 'आत्माभियोक्ता', 'फ्रायनी', और 'क्लोकियस' आदि का अनुवाद छन्दोबद्ध होने के कारण जानदार व आह्लादकर है।

अपने जीवन में जॉनडन ने कुल बीस शोक-गीतों को लिखा, जिनमें से पांच प्रस्तुत पुस्तक में अनूदित हैं। इन पांच में से, 'ईर्ष्या' तथा 'अपनी प्रेमिका से' विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।

१५९३-९४ ई० में डन ने पांच व्यंग्य-काव्यों का सृजन किया । इन में से दो यहां पर अनूदित हुए हैं। इन दो में से एक दरबारियों की चापलूसी का पर्दाफाश करता है तो दूसरा व्यर्थ में पनपने वाले धार्मिक वाद-विवाद का।

'दूसरी बरसी' का डन की कविताओं में एक विशिष्ट स्थान है। यह लम्बी कविता १६१२ ई० में एलजवेथ ड्रूरी, एक पन्द्रह वर्षीय बालिका, के निधन पर लिखी गई थी। नौ भागों में विभक्त इस कविता के अनूदन में डा० सिंह को कठिनाइयों व कष्टों के बीच से गुजरना पड़ा होगा।

अपने काव्य जीवन के अन्तिम चरण में जानडन ने कुल पैंतीस धार्मिक कवितायें लिखी, जिन में से सात इस पुस्तक में अनूदित हैं। इनमें से चार मृत्यु विषयक हैं तथा अन्य तीन ईश-भक्ति प्रधान।

तत्पश्चात् दो पृष्ठों की अनुक्रमणिका दी गई है, जिसमें सभी अनूदित कविताओं का उल्लेख है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह कार्य शीघ्रता में किया गया, क्योंकि इसमें 'अवसान' नामक कविता का उल्लेख नहीं है।

स्पष्टत: इस पुस्तक में मुद्रण व संशोधन सम्बन्धी कुछ अशुद्धियां हैं। आशा है, इन्हें दूसरे संस्करण में दूर कर दिया जायेगा।

अन्त में, डा० सिंह का उत्तम अनुवाद हिन्दी पाठकों को अपनी ओर अवश्य ही आकर्षित करेगा तथा कवियों को, जैसा कि 'प्राक्कथन' में कहा गया है, नव गति, नव लय एवं नव रस प्रदान कर एक नई परम्परा स्थापित करेगा।

डा० अमरनाथ द्विवेदी,
प्रवक्ता—अंग्रेजी विभाग,
गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ऋग्वेद भाष्यम्

(मण्डल १, सूक्त-५१-१०५ पर्यन्तम्)

भगवत्पाद दयानन्द सरस्वती विरचितम्

तस्यायं तृतीयोभागः

सम्पादकः—श्री युधिष्ठिरो मीमांसकः

प्रकाशकः—श्री चौधरी प्रतापसिंह, प्रधान रा.ब. चौ० नारायणसिंह, प्रतापसिंह धर्मार्थ ट्रस्ट। ५७ एल० माडल टाउन, करनाल (हरयाणा)

प्राप्ति स्थानम्—रामलाल कपूर ट्रस्ट, बहालगढ़ सोनीपत (हरयाणा) मूल्यम्—३०-००

महता प्रयासेन संशोध्य नैकविधटिप्पणी परिशिष्टादिसंवलितोऽयं तृतीयोभागः प्रौढपाण्डित्यसमलङ्कृतैः श्री मीमांसकमहोदयैः प्राकाश्यं नीतः। आदावत्रभाष्ये ऋग्वेदस्य प्रथममण्डलस्य पंचाधिकशततमसूक्तस्य (१-१०५) विषये 'विशेषविचार' इतिकृत्वा त्रित्व-द्वित-एकत इत्याख्यानवलम्ब्य वेदेष्वनित्यैतिह्यखण्डनपरा वेदविद्याजुषां विचारोद्बोधिका संस्कृतार्यभाषाद्वयोपेता भूमिका प्रदत्ता। तदनन्तरं तृतीयभागस्य विस्तृता विषयसूची तत्पश्चात् भाष्यम्, अन्तेच अष्टसंख्यकानि परिशिष्टानि च प्रदत्तानि। तथा—१ परिवर्तनं परिवर्धनं संशोधनम् २ भाष्यउद्धृतानां प्रमाणानां सूची, ३ टिप्पण्यामुद्धृतानां प्रमाणानां सूची, ४ भाष्यउद्धृतानां ग्रन्थानां सूची, ५ टिप्पण्यामुद्धृतानां ग्रन्थानां सूची, ६ भाष्ये स्मृतानां व्यक्तीनां सूची, ७ टिप्पण्यां स्मृतानां व्यक्तीनां सूची, ८ अस्मिन् तृतीय खंडे व्याख्यातानां मन्त्राणां सूची एवमष्टविध सूची समलंकृतोऽयं भागः सर्वाङ्गपरिपूर्णः समजनि। अध्येतृभ्योऽतीव साहाय्यकर समपद्यत।

महाभाष्यम्

पतञ्जलिमुनिविरचितम्

(तृतीयोभागः—द्वितीयोध्यायः)

व्याख्याकारः—श्री पं० युधिष्ठिरो मीमांसकः

प्रकाशकः—श्री प्यारेलाल द्राक्षादेवी न्यास (ट्रस्ट) सी० ४, सी०सी० कालौनी, दिल्ली

मूल्य—२०-००

पतञ्जलिमुनिविरचितस्य हिन्दीव्याख्या समन्वितस्य महाभाष्यस्यायं तृतीयो भागः प्राकाश्यं नीतः। अत्राष्टाध्याय्या द्वितीयोध्यायः पूर्णतां गतः।

व्याकरणशास्त्रपारंगतै हिन्दी व्याख्याकारैः श्री मीमांसक महोदयै भाष्यगतग्रन्थीनां यादृक्समाधानं सूत्राणां च स्पष्टीकरणमत्रकृतं न तदन्यत्राऽस्माकं दृष्टिपथं यातम्। 'विशेष' इति कृत्वा टिप्पण्यां व्याख्यानस्य यत् पुनः स्पष्टीकरणं कृतं तत् संस्कृतप्रेमिणां बालानामपि सुखबोधायातीव महत्त्वशालि संजातम्। अतः सर्वैः संस्कृतप्रेमिभिरवश्यं भाष्यमिदं पठनीयम्।

धन्योऽयं मीमांसक महाभागश्चिरायुर्भवेत्।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विश्व-हिन्दी-सम्मेलन के कुछ संस्मरण

(डा० अम्बिकाप्रसाद वाजपेयी एम०ए०, पी-एच०डी, डीलिट०—हिन्दी विभागाध्यक्ष,
गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय)

विश्व-हिन्दी-सम्मेलन नागपुर में सम्पन्न हुआ और १० जनवरी से १४ जनवरी तक इसके अन्तर्गत विविध कार्यक्रम चलते रहे। इस सम्मेलन की ओर से कई पत्र मुझे तथा माननीय कुलपति महोदय को प्राप्त हुए। माननीय कुलपति महोदय का आदेश हुआ कि मैं इस सम्मेलन में विश्वविद्यालय की ओर से प्रतिनिधि के रूप में भाग लूं। तदनुसार मैं इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए नागपुर गया।

मेरा अनुमान था कि इस सम्मेलन की व्यवस्था उसी ढंग से होगी जैसी कि अन्य हिन्दी-सम्मेलनों की हुआ करती है, परन्तु नागपुर पहुंचने पर मुझे उनकी व्यवस्था देखकर बड़ा आश्चर्य हुआ। नागपुर रेलवे स्टेशन पर उनका बड़ा पण्डाल था, जहाँ से विश्व-हिन्दी सम्मेलन की बसें आगन्तुकों को यथोचित स्थान पर पहुंचाने के लिए तैयार खड़ी रहती थीं। वहां पर स्वयंसेवकों की पर्याप्ति संख्या तथा उनके विनम्र व्यवहार को देखकर एक आगन्तुक को कितनी शान्ति और कितना सन्तोष मिलता होगा इसकी कल्पना सहज ही में की जा सकती है। स्वयंसेवकों के रूप में कार्य करने वाले सभी व्यक्ति प्राय: उच्च शिक्षा प्राप्त अध्यापक, प्राध्यापक, विश्वविद्यालयों के छात्र, वकील, डाक्टर, व्यवसायी तथा अन्य सभी उच्चवर्गों के लोग थे। महिला स्वयंसेविकाओं की संख्या भी पर्याप्ति थी। ऐसा प्रतीत होता था मानो सारा नगर ही इस सम्मेलन में आने वाले विद्वानों की अगवानी के लिए उपस्थित हो। ऐसा भावपूर्ण स्वागत मैंने पहली बार ही देखा, अत: इसे देखकर मुझे बड़ी प्रसन्नता हुई। इस सम्मेलन की व्यवस्था के लिए इसके संयोजक श्रीमान् अनन्त गोपाल शेवडे जी की जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है।

मेरा अनुमान था कि इतने बड़े सम्मेलन में आवास की व्यवस्था सन्तोषजनक न होगी, परन्तु उन्होंने मुझे अपने सर्वोत्तम निवास आमदार निवास (न्यू एम० एल० ए० होस्टल) में ठहराया, जिसमें सभी आधुनिक साधन विद्यमान थे और लिफ्ट से चढ़ने उतरने की व्यवस्था भी थी। सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि घण्टी का स्विच दबाते ही तुरन्त कोई न कोई भृत्य उपस्थित हो जाता था। यहां अतिथियों का स्वागत करने की हार्दिक भावना का मुझे सुखद अनुभव हुआ। प्राय: सभी अतिथियों का यही कथन था कि हिन्दी के विद्वानों का इतना सुन्दर स्वागत पहली बार ही देखने को मिला है। जलपान और भोजन की समुचित व्यवस्था एवं व्यक्तिगत रूप से अतिथियों की देखरेख का उदाहरण भी अन्यत्र मिल सकना कठिन है।

प्रथम दिवस का कार्यक्रम उद्घाटन का था, इसमें मारिशस के प्रधानमन्त्री तथा श्रीमती इन्दिरा गांधी के व्याख्यान हुए। दोनों ने इस सम्मेलन को अपनी सद्भावनाएं अर्पित कीं तथा काका कालेलकर ने आधुनिक परम्पराओं को तोड़ते हुए (अपने मुद्रित भाषण को न पढ़कर) भाव-विभोरता में मस्त होकर अपनी मौलिक शैली में व्याख्यान दिया। इस प्रकार सम्मेलन में नवीनता और प्राचीनता दोनों का ही समन्वय हो गया।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उसी दिन दिल्ली के कुछ छात्रों ने सम्मेलन के विरुद्ध प्रचार करने वाले पर्चे भी बांटे, जिनमें इस सम्मेलन को राजनीति से प्रेरित कहा गया था। इसका अधिक प्रभाव नहीं हुआ और न सम्मेलन के कार्यक्रमों में कोई बाधा ही उत्पन्न हुई।'

दूसरे दिन से विचार गोष्ठियों तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारम्भ हुआ। विचार गोष्ठियों में विदेशी अतिथियों को ही मुख्य रूप से बोलने का अवसर दिया गया। कदाचित् ऐसा इस लिए हुआ होगा कि विदेशी विद्वान अपने आपको गौरवान्वित अनुभव करें तथा इस देश की जनता को यह ज्ञात हो सके कि हिन्दी को विदेशों में कितना सम्मान मिल रहा है। हिन्दी को राष्ट्रसंघ की भाषा बनाने के लिए एक सुन्दर भूमिका भी तैयार की गई और उसे व्यापक समर्थन प्राप्त हुआ। मारिशस के युवा क्रीड़ा मंत्री का भाषण अत्यन्त प्रभावशाली रहा तथा विश्व हिन्दी सम्मेलन को स्थायी संस्था बनाने की मांग भी उनके द्वारा की गई। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए भारत के विदेश मंत्री श्री चह्वाण ने भी हिन्दी के पक्ष में भाषण दिया।

इसके पश्चात् युवा पीढ़ी विषयक गोष्ठी हुई, जिसकी अध्यक्षता फिजी के संसद सदस्य श्री विवेकानन्द शर्मा, श्री अमृतराय तथा श्री राजेन्द्र यादव ने की। इसके संयोजक श्रीकमलेश्वर तथा विषयप्रतिपादक श्री धर्मवीर भारती थे। फिजी के संसद सदस्य ने हिन्दी को विश्व के विराट परिवार में प्रतिष्ठित करने पर बल दिया और भाषा की सहजबोधगम्यता पर बल दिया। इसी गोष्ठी में कुछ वक्ताओं ने विरोधी स्वर मुखरित किया। इन्होंने सभाकक्ष से बाहर समानान्तर गोष्ठी का आयोजन भी किया, जिसमें पर्याप्त वाद-विवाद उत्पन्न हुआ।

इसी दिन एक विचार गोष्ठी में डा० शिव-मंगलसिंह 'सुमन' (कुलपति, विक्रम विश्वविद्यालय) का ओजस्वी भाषण हुआ जिसमें उन्होंने यह बतलाया कि विश्व को भारत की देन वस्तुतः हिन्दी की ही देन है। सभी वक्ताओं का यह मत था कि 'विश्व मानव' की भावना के प्रचार के लिए हिन्दी को अन्तरराष्ट्रीय क्षेत्र में प्रतिष्ठापित किया जाना चाहिए।

अगले दिन की गोष्ठी की अध्यक्षता भारत के उपराष्ट्रपति श्री जत्ती ने की थी। उन्होंने कहा कि अन्य सभी को एक मंच पर लाने का श्रेय हिन्दी की गुरुत्वाकर्षण शक्ति को है।

इसी गोष्ठी में भाषण देते हुए सिन्धी के साहित्यकार प्रो० राम पंजवानी ने कहा कि मैं सिन्धी से हिन्दी हो गया हूं। श्री भारत प्रकाश भाटिया ने ११० शब्द प्रति मिनट की गति से हिन्दी टाइपिंग का प्रदर्शन भी किया जिसे देखकर लोगों को आश्चर्य हुआ। उनका यह कार्यक्रम 'हिन्दी एक झांकी' प्रदर्शन में हुआ।

'ज्ञान विज्ञान' गोष्ठी में तैलगू के कतिपय विद्वानों ने हिन्दी भाषा को अपनाने पर बल दिया। उनका कथन था कि हिन्दी को एकमात्र विश्वविद्यालय-शिक्षा का माध्यम बनाना चाहिए। भारतीय भाषाओं के कतिपय लेखकों का सम्मान भी किया गया। इसी बीच विश्व हिन्दी प्राध्यापक परिषद् के गठन की घोषणा की गई तथा एक तदर्थ समिति बनाई गई। इतना ही नहीं कथित समानान्तर हिन्दी सम्मेलन का षड्यन्त्र भी रचा गया।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उक्त विरोधाभासों के होते हुए भी सम्मेलन का कार्य अबाधगति से चलता रहा। अन्त में सम्मेलन में आए हुए कतिपय विद्वानों के लिखित सुझाव साइक्लोस्टाइल कराकर देश-विदेश के प्रतिनिधियों में विचारार्थ वितरित किए गए। इन समस्त चौदह लेखों में से एक लेख इस लेखक का भी है। सम्मेलन की योजना यह है कि उन्हें मुद्रित कराकर सभी सदस्यों के पास प्रेषित किया जायगा।

१४ जनवरी को पवनार, वर्धा तथा सेवाग्राम दर्शन की योजना का कार्यक्रम भी पूर्ण हुआ। वर्धा में गोस्वामी तुलसीदास की प्रतिमा स्थापित की गई तथा विश्व हिन्दी विद्यापीठ का शिलान्यास भी हुआ।

उक्त कार्यक्रमों को देखकर मैं यह कह सकता हूं कि 'विश्व हिन्दी-सम्मेलन' ने हिन्दी को एक ऐसा मंच प्रदान किया है, जिसमें प्रथम बार देशी तथा विदेशी विद्वानों को सम्मानित किया गया है। हिन्दी का भविष्य देशवासियों के हाथ में है। सम्मेलन ने इसके लिए उपयुक्त पृष्ठभूमि तैयार कर दी है।

—★—

गुरुकुलपत्रिकाविवरणम्

१.	प्रकाशनस्थानम्	:	कांगड़ी गुरुकुलम्
२.	प्रकाशनं कदा भवति	:	मासिकी पत्रिका
३.	स्वामिनी समितिः	:	गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालयस्य विद्या-सभा
४.	सम्पादकस्य नामधेयम्	:	श्री भगवद्दत्तो वेदालंकारः
	राष्ट्रियता	:	भारतीयः
	संकेतः	:	कांगड़ी गुरुकुलम्
५.	प्रकाशकस्य नामधेयम्	:	डा० गंगाराम गर्गः
	राष्ट्रियता	:	भारतीयः
६.	मुद्रकस्य नामधेयम्	:	श्री सुरेशचन्द्र वैष्णवः
	राष्ट्रियता	:	भारतीयः

अहं गंगारामगर्गो घोषयामि यदुपरलिखितं विवरणं मदीयज्ञानविश्वासानुसारं यथार्थं वर्तते।

ह० गंगाराम गर्गः
गुरुकुलपत्रिका-प्रकाशकः

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वेदों में आयुर्वैदिक चिकित्सा की चर्चा

डा० शिवपूजनसिंह 'कुशवाहा' एम० ए०, प्राणाचार्य, कानपुर

वेद सब सत्य विद्याओं का पुस्तक है। इसमें बीज रूप से सृष्टि की सारी विद्याओं का सूक्ष्म रूप से वर्णन है। सम्प्रति पाश्चात्य चिकित्साप्रणाली "एलोपैथी" को देख कर लोगों की यह धारणा हो गई है कि यह भूमंडल की सर्वोत्क्रष्ट चिकित्सा-पद्धति है। पर वेदों का ऊहापोह से स्वाध्याय करने पर लोगों की यह धारणा भ्रमपूर्ण सिद्ध होती है। वेदों में आयुर्वेद का एक महत्त्वपूर्ण स्थान है और इनमें वर्णित भेषजों (औषधों) के तात्त्विक विवेचन के सम्मुख पाश्चात्य चिकित्साप्रणाली हेय है।

आयुर्वेद की उत्पत्ति प्रथम परमात्मा से ही प्रादुर्भूत मानी गई है। यथाः—

"इह खल्वायुर्वेदमुपाङ्गमथर्ववेदस्यानुत्पाद्यैव प्रजाः श्लोकशतसहस्रमध्यायसहस्रं च कृतवान् स्वयम्भूः"। सु०सू० १।१०

अर्थ-रूप आयुर्वेद को, वेदार्थ की तरह अनादित्व आदि कारणों से नित्य मान कर वेदवत् द्विजों से, शब्दरूप 'आयुर्वेद' की उपादेयता का प्रतिपादन किया गया है।

सुश्रुत के इस वचन में कहा है कि आयुर्वेद अथर्ववेद का उपांग है। उसे स्वयम्भू ने प्राणियों के उत्पन्न करने से पूर्व ही रचा है।

'भेषज' ही अथर्वा है। कहा भी है—'येऽथर्वाणस्तद् भेषजम्"। गोपथ ब्रा० पू० ३।४।। जो अथर्वा है, वह भेषज है। भेषज कहते हैं प्रतिकूल गति के प्रतिषेध या प्रतिकार को। ऐसा ही तात्पर्य अथर्वा का महर्षि यास्क ने भी अपने निरुक्त में निर्वचन करते हुए प्रदर्शित किया है—

"थर्वतिश्चरतिकर्मा तत्प्रतिषेधः" निरुक्त ११।१९

प्रतिषेध, प्रतिकार, प्रतिक्रिया ये पर्याय शब्द हैं, इन्हीं को भेषज भी कहते हैं, जब कि प्रतिकूल गति के रोकने में प्रयुक्त किए हों। इस प्रकार समन्वय से अथर्वा का अर्थ भेषज या प्रतिकूल गति का प्रतिकार हुआ। इससे शरीर के अन्दर हुई प्रतिकूल गतियों-व्याधियों और बाह्य जगत् की प्रतिकूल गतियों, शीतोष्ण, वर्षा के उपद्रवों एवं पृथ्वी, जलादि के दोषों चन्द्र, सूर्य, वायु आदि से हुए ऋतुविषमता आदि का प्रतिकार या भेषज ही अथर्वा है।

"सोऽरिष्ट न मरिष्यसि...अथर्व ८०।२। २४, २५ में रोगी-परिचर्या का वर्णन है।

अथर्ववेद काँड १, सूक्त ११, मंत्र १,२,३, ४,५,६ में गर्भ-प्रसूति का वर्णन है। प्रसव-समय गर्भिणी स्त्री को छोड़ योनि स्थान के आवरण को हटा प्रसव कराने वाली चिकित्सा के अधीन हो योनि को शिथिल कर दे और चिकित्सिका योनि को खोले। वह गर्भिणी तथा चिकित्सिका आदि परिचारिकाओं के प्रसवकाल के कर्तव्य हैं।

सुश्रुत शरीर स्थान १०।१४-१९ में भी इसी प्रकार गर्भिणी की प्रसव समय कोख ढीली हो जाने आदि तथा योनिमुख से श्लेष्मा गर्भजल आ जाने पर उसे तेल मर्दन करा पुनः गरम जल से स्नानादि कराने का वर्णन है।

स्वर्ण भस्म, रसायन अमृत तुल्य, शीतल कान्तिदायक, शुक्रप्रद और क्षयहर माना जाता है। इसका वर्णन यजुर्वेद में आया है—

आयुष्यं, वर्च्चस्यं, रायस्पोषमौद्भिदम्।
इदं हिरण्यं वर्च्चस्वज्जैत्राया विशतादु माम्॥
(यजु० ३४।५)

अर्थ—(इदं हिरण्यं) यह सोना (आयुष्यम्) आयु के लिये हितकर है, (वर्चस्यं) कान्तिदायक है

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(रायः पोषं) शक्ति तथा पुष्टि का देने वाला है, (औद्भिदं) सर्वरोगो का भेदन करने वाला और (वर्चस्वत्) वर्चस्वी बनाने वाला है, (जैत्राय) रोगों से विजय प्राप्त करने के लिये उक्त सुवर्ण (मा आविशतात् उ) मुझे सदा प्राप्त हो, मैं सदा उसका सेवन करूं।

सुवर्ण का कितना सुन्दर वर्णन है। अगले मन्त्र में और भी अधिक है--

न तद्रक्षांसि न पिशाचास्तरन्ति देवानामोजः प्रथमजं ह्येतत्। यो बिभर्त्ति दाक्षायणं हिरण्यं स देवेषु कृणुते दीर्घमायुः स मनुष्येषु कृणुते दीर्घमायुः। (यजु० ३४।५१)

अर्थात्--(तत्) उक्त गुण वाले स्वर्ण को कोई राक्षस (न राक्षसाः) या पिशाचरूपी रोग (न पिशाचाः) (तरन्ति) तरते हैं। अर्थात् स्वर्ण से कोई रोग नहीं बच सकता। (यो) (दाक्षायणं हिरण्यं) चतुर रसज्ञ से तैयार किए हुए स्वर्ण का (बिभर्त्ति) सेवन करता कराता है। वह देवों की ही नहीं अपितु मनुष्यों की भी (देवेषु मनुष्येषु) (आयुः) आयु को (दीर्घं) दीर्घ (कृणुते) करता (कृणुते) और फिर करता है।

भारतीय रसायनाचार्यों ने ही नहीं वरम् योरोप के वैज्ञानिकों ने भी स्वर्ण की ऐसी ही प्रशंसा की है।

यूरोप के प्रसिद्ध विद्वान् डाक्टर डब्ल्यू० टी० फर एस० डी० ने अपनी पुस्तक "Precious stones for curative weor" में स्वर्ण के औषधीय गुणों Raemedial uses के विषय में लिखा है कि--

'Gold is an admirable remedy for Constitutions broken down by the Combined influence of syphilis and mercury."

अर्थात्--यह स्वर्ण क्षयपीड़ित रोगों के लिए अति प्रशंसनीय औषध है। यहीं तक नहीं, आगे चल कर के वे लिखते हैं--

मैंने स्वर्ण से बहुत उन्माद के रोगियों को अति शीघ्र और सर्वथा अच्छा किया है। फिर आगे वर्णन करते हुए वे कहते हैं:--'Gold is repated to increase the vitality.'

यदि इस वाक्य का अनुवाद संस्कृत में किया जाय तो ठीक ऊपर से दिये हुवे वेदमन्त्र का टुकड़ा हो जायगा "स मनुष्येषु कृणुते दीर्घमायुः" अर्थात्--स्वर्ण मनुष्यों की जीवन-शक्ति को बढ़ाता है।

श्री हंसराज अग्रवाल एम० ए०--रसायन विद्या (Chemistry) का वर्णन करते हुए लिखते हैं--".....कज्जली, पारा, लोहा, सोना आदि सभी औषध रूप में प्रयुक्त होते थे।"१ क्विस कालेज के प्राध्यापक रोआयल (Royal) कहते हैं कि उनकी रासायनिक निपुणता भी कुछ कम न थी।"२

पर्यटक अलबेरुनी बतलाती है कि वे हिन्दू कीमिया की भांति एक अन्य विद्या भी जानते हैं जिसे रसायन कहते हैं। इसका सिद्धान्त निराश रोगियों को पुनः स्वस्थ करना और बूढ़ों को तरुण बनाना है।३

अथर्व० १।१२।३; ५।२२।५; ५।२२।१०; ५।२२।१३; १।२५।३; १।२५।१; ६।२०।१,२; ५।२२।२ में ज्वर के उत्पत्ति प्रदेश, ज्वर के कारण, ऋतुज्वर, शोक मोह से ज्वर की सम्प्राप्ति प्रभृति का विस्तृत वर्णन है।

---

१. "हमारी सभ्यता और विज्ञान" प्रथम संस्करण पृष्ठ ११५।
२. "दि लैण्ड आफ दि वेदाज (The land of the Vedas.)
३. 'Alberuni's India' Vol pp. 888. (अलबेरुनी का भारत पृ० १८८)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अथर्ववेद काँड १, सूक्त २२ में सूर्य-किरण-चिकित्सा का वर्णन है। जल रोग दूर करने में परम साधन और जीवन शक्ति दाता है, अतः वैदिक निघण्टु में जल को अमृत कहा है। अमृत-मुदकनाम, निघण्टु १।१२।

'अप्स्वन्तरमृतमप्सु भेषजम्" अथर्व० १।४।४ जलों में अमृत है, जीवन देने वाली शक्ति है और जलों में भेषज भी है।

इस जल-चिकित्सा का स्पष्ट वर्णन अथर्ववेद काँड ६, सूक्त ५७ में है। प्राकृतिक पदार्थों में अग्नि भी 'भेषज'-रूप है, यह शीत का औषध है। वेद में कहा भी है—

अग्निर्हिमस्य भेषजम्। यजु: २३।१०। रोगी के शीत दूर करने तथा शीत से उत्पन्न रोगों को हटाने के लिए अग्नि का उपयोग करना चाहिये।

अग्नि में होम करना, अग्नि और वायु की सम्मिलित चिकित्सा तथा होमचिकित्सा का विधान, अथर्ववेद काँड १६ सूक्त ३८ में है।

बरेली के डा० फुन्दनलाल जी एम. डी; होम-चिकित्सा द्वारा क्षय रोगियों को अच्छा कर देते हैं। इस सम्बन्ध में उन्होंने एक ग्रन्थ 'यज्ञ-चिकित्सा' भी लिखा है।

अथर्ववेद काण्ड ४, सूक्त १२ में 'शल्यचिकित्सा' का वर्णन है।

यां ते रुद्र इषुमास्यदंगेभ्यो हृदयाय च।
इदं तामद्य वयं विषूचीं विवृहामसि॥
(अथर्व० ६।६०।१)

अर्थ— (रुद्र:) रुलाने वाले क्रूर मनुष्य ने (ते) हे आहत! तेरे (अंगेभ्य:) अंगों के लिये अंगों में घुसाने के लिए (च) और (हृदयाय) हृदय के लिये हृदय को वेदना देने के लिये, प्राण हरने के लिये (याम्) जिस-जिस (इषुम्) चुभने-अन्दर घुसने वाले वाण आदि शस्त्र को (आस्यत्) फेंका है। (वयम्) हम (अद्य) आज-अब (ताम्) उस (विषूचीम्) विषरूप विकार फैलाने वाले को (इदम् विवृहामसि) इसी प्रक्रिया से शस्त्र से चीर-फाड़ कर निकालते हैं।

शरीर के अन्दर किसी शस्त्र का टुकड़ा घुस जाने पर उसे शीघ्र से शीघ्र शल्यक्रिया से बाहर निकाल देना चाहिए, क्योंकि वह शरीर में, रुधिर में तथा माँस और हड्डी के अन्दर रह कर विषविकार-विष जैसे प्रभाव को फैलाकर जीवन का घातक बनता है। अनेक पाश्चात्य विद्वानों ने भी हमारी शल्य चिकित्सा सर्जरी और अस्थिविद्या की भूरि प्रशंसा की है।

श्री बेबर लिखते हैं—'आज भी पाश्चात्य विद्वान् भारतीय शल्य चिकित्सा से बहुत कुछ सीख सकते हैं। उन्होंने कटी हुई नाक के जोड़ने की विधि भारतीयों से सीखी थी' ।४

श्री मेक्डानल—भी इसी का समर्थन करते हैं—नाक का आपरेशन और कृत्रिम नाक बनाना अंग्रेजों ने भारतीयों से विगत शताब्दी में सीखा था ।५

सर डब्ल्यू० हण्टर के कथनानुसार— 'हिन्दू नाक, कान आदि के चीर-फाड़ और उनकी कृत्रिम रचना में विशेष निपुण थे। जिसे कि योरोपियन सर्जनों ने उनसे लिया है। प्राचीन भारतीय अंगच्छेद करते थे रुधिरस्राव को रोक सकते थे, पथरी निकालते थे, अन्त्रवृद्धि, भगन्दर, नाड़ी व्रण एवं अर्श को वे ठीक कर देते थे। वे गर्भ एवं स्त्रियों के रोगों के सूक्ष्म आपरेशन करते थे' ।६

डा० सील—बतलाते हैं कि यहाँ विद्यार्थियों को सिखाने के लिये शवों का आपरेशन होता था।

---

४. ' Weber's Indian literature" pp.261
५. "History of Sanskrit literature" pp. 247.
६. "Indian Gazetteer" India, pp. 220

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इतिहासकार एल्फिन्सटन७ की सम्मति है कि भारतीयों का शल्यशास्त्र उसी कमाल का है--जैसी कि उनकी औषधियाँ ।

पादरी पीटर पर्सिकल लिखते हैं:- उन (हिन्दुओं) की प्राचीन पुस्तकों में १२७ प्रकार के चीरफाड़ के अस्त्रों का वर्णन है ।८

विदुषी मेनिंग बतलातीं हैं:--प्राचीन आर्यों के अस्त्र इतने तीव्र थे कि लम्बाई में बाल को चीर कर दो भाग कर देते थे ।९

'सुश्रुत' में शल्य विद्या का बहुत वर्णन मिलता है ।१०

'भोज प्रबन्ध' में लिखा है कि राजा के सिर में बहुत दर्द होता था । बहुत चिकित्सा कराने पर भी उसे आराम न हुआ । एक दिन उसके दरबार में दो वैद्य आए, जिन्होंने मस्तिष्क का आपरेशन किया और फिर संजीवनी से उनकी मूर्च्छा को दूर कर दिया ।११

इसी प्रकार गोडल के ठाकुर साहब द्वारा लिखित "मानव विज्ञान" में लिखा है--जीवक महात्मा बुद्ध का निजी वैद्य था । उसने भी एक बार कुशलता से उनकी खोपड़ी का आपरेशन (Cranical Surgery) किया था ।१२

महाभारत में भीष्म के शरशय्या पर लेटने पर दुर्योधन का शल्य निकालने वाले वैद्यों के लाने का उल्लेख है ।१३

'विनयपिटक' के 'महावग्ग' में लिखा है--अश्वघोष ने एक भिक्षुक के भगन्दर रोग पर शल्य कर्म का प्रयोग किया था ।१४

सुश्रुत ने यन्त्रों, जो चीरने के काम में आते हैं, की संख्या १०१ मानी है, परन्तु वाग्भट्ट ने ११५ मानकर आगे लिख दिया है कि कर्म अनिश्चित है, इसलिए यन्त्रसंख्या भी अनिश्चित है । वैद्य अपने आवश्यकतानुसार यन्त्र बना सकता है । शस्त्रों की संख्या भिन्न भिन्न विद्वानों ने भिन्न-भिन्न मानी है । यन्त्रों का विस्तृत वर्णन भी इन ग्रन्थों में दिया है । अर्श, भगन्दर, योनिरोग, मलदोष, आर्तव दोष, शुक्रदोष आदि के लिए भिन्न-भिन्न यन्त्र प्रयुक्त होते थे। व्रणबस्ति, बस्तियन्त्र, पुष्पनेत्र लिंग में औषध प्रविष्ट करने के लिये, शलाका यन्त्र, नखाकृति, गर्भशंकु जीवित शिशु को गर्भाशय से बाहर निकालने के लिये, सर्पमुख आदि सीने के लिये बहुत से यन्त्र हैं। व्रणों और उदरादि सम्बन्धी रोगों के लिये भिन्न-भिन्न प्रकार की पट्टी बाँधने का भी वर्णन किया गया है। (सुश्रुतसं० २५।२८)

गुदभ्रंश के लिये चर्मबन्धन का भी उल्लेख है जो मनुष्य या घोड़े के बाल सीने आदि के लिये प्रयोग में आते थे । दूषित रुधिर निकालने के लिये जोंक का भी प्रयोग होता था । जोंक की पहले परीक्षा कर ली जाती थी कि वह विषैली है अथवा नहीं । टीके के समान मूर्छा में शरीर को तीक्ष्ण अस्त्र से लेखन कर दवाई को रुधिर में मिला दिया जाता था । (सुश्रुत सं० २५।११) ।

गति व्रण तथा अर्बुदों की चिकित्सा में भी

---

७. "ओझाजीकृत मध्यकालीन भारतीय संस्कृति" पृष्ठ १०२ ।
८. "History of India" pp. 147.
९. "The land of the Vedas" pp. 39.
१०. "Ancient and medaeval India" Vol II pp. 346.
११. ओझाजीकृत "मध्यकालीन भारतीय संस्कृत पृष्ठ ९६ ।
१२. साप्ताहिक "श्री वेंकटेश्वर समाचार" बम्बई का "दीपमालिकाँक" वर्ष ४५, शुक्रवार २१ वीं अक्टूबर, सन् १९४९ ई० संख्या २५, पृष्ठ ७१ ।

१३. वही, पृष्ठ ७१ १४. वही, पृ० ७१ ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सूचियों का प्रयोग होता था। त्रिकूर्चक शस्त्र का भी कुष्ठ आदि में प्रयोग होता था। आजकल लेखन करते समय टीका लगाने के लिये जिस तीन-चार सुइयों वाले औजार का प्रयोग होता है, वह यही त्रिकूर्चक है। वर्तमानकाल का 'टूथ एलिवेटर' पहले दन्तशंकु के नाम से प्रचलित था। प्राचीन आर्य कृत्रिम दाँतों का बनाना और लगाना तथा कृत्रिम नाक बना कर सीना भी जानते थे। दाँत उखाड़ने के लिये एनीपद शस्त्र का वर्णन मिलता है। मोतिया बिन्द के निकालने के लिये भी अस्त्र था। कमलनाल का प्रयोग दूध पिलाने अथवा वमन कराने के लिए होता था, जो आजकल के स्टमक पम्प का कार्य देता था।"१५

सर्पविष-चिकित्सा——साँप जब किसी को काटता है तो काटते ही तुरन्त छिद्र वाले दातों द्वारा विष की थैली में से इंजेक्शन की भांति विष को अन्दर छोड़ देता है। वह विष पुनः रक्त के साथ हृदय में पहुंच उसे स्तब्ध कर देता है। सबसे विषैले सर्प नाग होता है। साँपों की और भी अनेक जातियाँ होती हैं।१६

अथर्ववेद काण्ड ५, सूक्त १३ में सर्पविष दूर करने की मन्त्रविद्या आश्वासनचिकित्सा का वर्णन है। इसी को संवशीकरण (Hypnotism) भी कहते थे।

---

१५. "त्रैमासिक नागरी-प्रचारिणी-पत्रिका" काशी भाग ८, अंक १, २ में प्रकाशित प्राचीन शल्यतन्त्र" शीर्षक लेख; तुलना करो प्रो० शिवदत्त ज्ञानी एम० ए० कृत "भारतीय संस्कृति" द्वितीय संस्करण पृ० ३२२।

१६. साँपों के विषय में विशेष जानकारी के लिये पाठकों को श्रीरामेश बेदी आयुर्वेदालंकार कृत "साँपों की दुनियाँ" पुस्तक, देखनी चाहिये। ——लेखक।

अथर्ववेद काण्ड ७, सूक्त ९३ में विषैले सर्प के काटे घाव पर स्थावर विष लगाने का वर्णन है।

'चरक' के विष चिकित्सा प्रकरण में विष की विष से चिकित्सा बतलायी गई है। वहाँ, जंगम सर्प आदि के विष को स्थावर विष नष्ट करता है। ऐसा कहा है——

तस्मात् दंष्ट्रिविषं मौलं हन्ति मौलं च दंष्ट्रजम्।" —चरक, विषचिकित्सा अ०२३।१५)।

'अथर्ववेद' में "....अहिमेवाभ्यपेहि तं जहि (अथर्व० ७।९३।१) काटने वाले सर्प पर आक्रमण कर उसे मार। इस आदेश के अनुसार जिसको जिस सर्प ने काट लिया हो, वह मनुष्य उसी सर्प पर तुरन्त आक्रमण करके उसे मार दे, पुनः सर्प विष का प्रभाव नष्ट हो जाएगा।

'सुश्रुत' में भी उसी साँप को मार देने से सर्प-विष दूर हो जाने की यह चिकित्सा दी है "स दष्टव्यो ऽथवा सर्पो लोष्टो वाऽपि तत्क्षणम्" (सुश्रुत, सर्पदष्ट चिकित्सा अ० ५।६)।

"दष्टमात्रो दशेदाशु तमेव पवनाशिनम्"
——(अष्टाँग हृदय, उत्तर अ० ३६।४०)।

जिसको जिस सर्प ने काटा हो वह तुरन्त उसी सर्प को काट ले ऐसा कहा गया है। 'अथर्ववेद काण्ड ६, सूक्त १२ में आत्मिक बल से 'सर्प-चिकित्सा' का वर्णन है।

'अथर्ववेद' काण्ड १०, सूक्त ४, में विद्युत सूर्यकिरणों तथा जल के फुवारों से सर्प-विष को निर्बल करने का वर्णन है।

'ऋग्वेद, मण्डल' १, सूक्त १९१ में सर्पविष पर 'सोमवनस्पति' और गोघृत के सेवन का वर्णन है।

अथर्ववेद काण्ड ७, सूक्त ५६, मन्त्र २ "मधुश्चुन्मधुलामधु" में मुलहटी द्वारा सर्प-विष नाश का वर्णन है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अथर्ववेद काण्ड ४, सूक्त ६ में जंगम और स्थावर विष की सम्मिलित चिकित्सा का वर्णन है ।

'अथर्ववेद' में एक मन्त्र आया है कि—

"कैरात पृश्न उपतृण्य बभ्रु आ मे श्रृणुतासिता अलीकाः । मा मे सख्युस्तामानमपिष्ठाता श्रावयन्तो निविषेरमध्वम् ।।" (अथर्व० ५।१३।५) ।

अर्थात्—"हे कैरात, पृश्नि, उपतृण्य, बभ्रु, असित और अलीक इन नाम वाले सर्पगण ! आप लोग मेरे मित्र इस मनुष्य के आहाते में मत ठहरो औरखटका सुनते हुए विषैले स्थान में सदा रमण किया करो ।"

इस प्रार्थना पूजा से भी जब सर्प न माने और अपने गृहों में घुस आवे या हम पर आक्रमण करे तो उस समय वेद ने उसे मार डालने की आज्ञा भी प्रदान की है :—

"घनेन हन्मि वृश्चिकमहिं दण्डेनागतम् ।"

—(ऋ० १।१९१; अ० १०।४।९ ।

अर्थात्—"किसी कठोर ताड़ने योग्य हथौड़े से बिच्छू को मारूं और समीप आए साँप को दण्ड से मारूं ।"

भारतीय सर्पविष-चिकित्सा की प्रशंसा पाश्चात्य विद्वानों ने भी की है :—

प्रो०बेबर, शतपथ ब्राह्मण और आश्वलायन का उद्धरण देते हुए सिद्ध करते हैं कि हिन्दू सर्प विद्या के ज्ञाता थे ।१७

सिकन्दर का सेनापति निमार्क्स कहता है कि—"भारतीयों ने यूनानियों को सर्प-चिकित्सा सिखलाई थी ।१८

१७. हिष्ट्री आफ हिन्दूकेमिस्ट्री" जिल्द १, पृ. ५५ ।

१८. "Webor's History of India" pp 145

कृमि-चिकित्सा—शरीर के अंगों में कृमियों का आक्रमण न हो, कदाचित् किसी अंग के कृमियों से आक्रान्त हो जाने पर उन्हें दूर करना एवं खान-पान आदि वस्तुओं में कृमियों के संसर्गज दोषों और उनसे हुए प्रभावों को हटाना कृमि-चिकित्सा है । इसका वर्णन अथर्ववेद काण्ड ५, सूक्त २३ और २९ में है ।

केश रोग (Hair Diseases) —बालों का न उगना, न बढ़ना, गिर जाना और असमय श्वेत हो जाना प्रभृति केश रोग हैं ।

औषधियों के द्वारा केश दृढ़, लम्बे और काले हो जाना स्वास्थ्य का प्रतीक है । विशुद्ध सरसों तैल, तिलतैल, नारियल तैल ही शिर में लगाना उचित है । सम्प्रति बाजारू सुगन्धित तैलों को लगाने से बाल असमय में ही श्वेत हो जाते हैं । क्योंकि प्रायः सभी सुगन्धित तेल "व्हाइट आयल" पर बनाये जाते हैं, जो बालों का प्रबल शत्रु है । बालों को काला करने के लिये लोमा, लीना, हेनोला प्रभृति तैल बिकते हैं, पर वर्षों लगाने पर इनसे बाल काले नहीं होते हैं । अतः इन पर पैसे व्यय करना व्यर्थ है ।

'अथर्ववेद' काण्ड ६, सूक्त १३६ में केश रोग को लक्ष्य करके कही जाने वाली औषधियों का वर्णन है ।

'अथर्ववेद' काण्ड ६ सूक्त १३७ में "सौराष्ट्र मृत्तिका" द्वारा केशों के विकृत रूपों को और समूल गिरने के रोग को दूर करने का वर्णन है ।

'अथर्ववेद' काण्ड ६, सूक्त २१, मंत्र ३ में "....केशदृंहणीरथो ह केशवर्धनी:" केशों को दृढ़ करनेवाली और केशवर्धनी नाम की औषधि 'भृङ्गराज' का वर्णन है । यहाँ मंत्र में 'केशवर्धनी' नाम से औषधि कहा है, जो 'भृङ्गराज' अर्थात् 'भांगरा' औषधि का नाम है ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'राजनिघण्टु' में भृङ्गराज' को 'कुन्तल-वर्धन' कहा है।

अथर्ववेद काण्ड ६, सूक्त ९६ में मन में मोह और शोक दोष की चिकित्सा का वर्णन है।

अथर्ववेद काण्ड ६, सूक्त १११ में उन्माद रोग की चिकित्सा का वर्णन है।

अथर्ववेद, काण्ड ४, सूक्त २० में नेत्र रोगों को दूर करके दृष्टि-शक्ति की वृद्धि का वर्णन है।

हृदयरोग:—हृदय में जलन, कम्प, और शूल होना हृद्रोग है।

'अथर्ववेद काण्ड ३, सूक्त ७ में औषधियों द्वारा हृदयरोग की चिकित्सा वर्णित है। अथर्ववेद काण्ड ४, सूक्त १७ में अग्निमान्द्य, वमन, भस्मक और तृषारोग की चिकित्सा 'अपामार्ग' औषधि के द्वारा वर्णित है।

अथर्ववेद काण्ड २, सूक्त २५, में 'अर्श' (बवासीर) की चिकित्सा का वर्णन है।

अथर्ववेद काण्ड, १, सूक्त ३, में मूत्ररोग की चिकित्सा का वर्णन है।

अथर्ववेद काण्ड, १, सूक्त ३, में मूत्ररोग की चिकित्सा का वर्णन है।

अथर्ववेद काण्ड १०, सूक्त ५, मंत्र २४ में, "......दुःष्वप्न्यं प्रमलं वहन्तु" में दुष्ट स्वप्न, स्वप्नदोष (Night Fall. night dream, night pollution) की चिकित्सा जल द्वारा वर्णित है।

ताजे जल से पूरा स्नान, नाभिस्नान, उपस्थस्नान (मूत्रेन्द्रिय का स्नान), प्रभृति स्वप्नदोषों को रोकते हैं। अधिक स्वप्नदोष रोग में सोते समय जल में वस्त्र भिगोकर उपस्थ और नाभि के मध्य में रखने से स्वप्नदोष को बहुत लाभ होता है। 'शीर्षासन' करने से स्वप्नदोष में लाभ होता है। आयुर्वेदिक औषधि "चन्द्रप्रभावटी" भी इसमें विशेष लाभप्रद है।

अथर्ववेद काण्ड ४, सूक्त ४ में 'वाजीकरण' चिकित्सा का वर्णन है।

अथर्ववेद काण्ड ७, सूक्त ३८ में 'कामिनीकरण' चिकित्सा का वर्णन है। महिलाओं में कान्ति, सौन्दर्य, सुकुमारता और पति की प्रिया होना आदि गुणों का लाना कामिनीकरण है।

अथर्ववेद काण्ड ३, सूक्त २३ में बन्ध्या रोग की चिकित्सा है।

अथर्ववेद काण्ड ६, सूक्त ११ में गर्भधारण करने कराने की चिकित्सा का वर्णन है।

अथर्ववेद काण्ड २०, सूक्त ९६, मंत्र ११-१६ में योनिक्रमि, गर्भस्राव, जातघातक रोग की चिकित्सा का वर्णन है।

गर्भह्रास :—गर्भाशय के अन्दर गर्भ का व्यङ्ग अर्थात् किसी अङ्ग का क्षय हो जाना या समस्त गर्भ का नष्ट हो जाना 'गर्भह्रास' रोग है। इसकी चिकित्सा अथर्ववेद काण्ड २, सूक्त २५ में कही है।

संक्रामक रोग की चिकित्सा :—किसी मलिन, गले अङ्गों वाले और अंग भंग रोगी के सम्पर्क, सहवास तथा सहभोग से अनेक स्पृश्य रोग हो जाते हैं। उनकी चिकित्सा अथर्ववेद काण्ड ७, सूक्त ६५ (६७) में वही है।

"श्यावदता कुनखिना वण्डेन यत् सहासिम।
अपामार्ग त्वया वयं सर्वं तदपमृज्महे॥"
(अथर्व० ७।६५।३)

अर्थ—(अपामार्ग) हे अपामार्ग ! (वयम्) हम (श्यावदता) काले गन्दे दाँत वाले के साथ (कुनखिना) गले हुए नख वाले के साथ (वण्डेन) विकलाङ्गी गंजे आदि दूषित अंग वालों के साथ (यत्) जो (आसिम) बैठते उठते और खाते पीते हैं (तत् सर्वम्) उन सब दोषों को (त्वया) तेरे द्वारा (अपमृज्महे) अपमार्जित करते हैं। काले गन्दे दाँत वाले के साथ बैठने उठने, रहने खानेपीने

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

और श्वास में उसके वायु के अन्दर जाने से उसके दन्तपूय (पायोरिया) प्रभृति रोग अपने में ही हो सकते हैं। इन रोगों के दोषों से अपामार्ग (चिड़-चिड़ा, पोगा) औषधि द्वारा रक्षा हो सकती है, ऐसा वेद का कथन है।

"अपामार्गः सरस्तीक्ष्णः. . ." (भावप्रकाश नि०) प्रभृति आयुर्वेदिक निघण्टुओं में अपामार्ग को खाज, दद्रु, कुष्ठ, कृमि और विष-नाशक बतलाया है।

कुष्ठचिकित्साः—माँस, मेद के दोष से त्वचा में लालमिश्रित श्वेत, या केवल श्वेत चिन्ह, चकते, श्वेतकुष्ठ और हड्डी तक पहुंचा हुआ गलित-कुष्ठ हो जाता है। इनकी चिकित्सा 'अथर्ववेद काण्ड १, सूक्त २३ में है।

'अथर्ववेद' काण्ड १, सूक्त २४ में 'केवल श्वेतकुष्ठ की चिकित्सा का वर्णन है। संग्राम में लगे शस्त्र के घावों की चिकित्सा का वर्णन अथर्ववेद काण्ड २, सूक्त २७ में है।

'अथर्ववेद' काण्ड ५, सूक्त ५ में प्रहार के घावों के भरने या पके घाव को ठीक करने की चिकित्सा 'लाक्षा' औषधि के द्वारा करने का वर्णन है। घाव का बहते रहना 'व्रणस्राव' कहलाता है, इसकी चिकित्सा 'अथर्ववेद' काण्ड २ सूक्त ३ में नैसर्गिक पदार्थों के द्वारा करना लिखा है।

अथर्ववेद काण्ड ६, सूक्त १२७ में विद्रधि रोग (विषमय या विष जैसा प्रभावकारी खानपान तथा दूषित जलवायु के सेवन से शरीर के रस-रक्त-माँस आदि में विकार होकर शरीर के बाहर-भीतर फोड़ा-फुन्सी तथा गाँठ-गिल्टी का हो जाना और उसका चिरपाकी बन जाना विद्रधि रोग है) की चिकित्सा का वर्णन है।

अथर्ववेद काण्ड ६, सूक्त १०९ में क्षेपक, पक्षाघात (लकवा, अर्धाङ्ग) रोग की चिकित्सा का वर्णन है।

अथर्ववेद काण्ड५, सूक्त २२ में ज्वर चिकित्सा का वर्णन है।

सूचीवेध (अन्तःक्षेप Injection) चिकित्सा सम्प्रति एलोपैथिक डाक्टरवर्ग अन्तःक्षेप का अधिक प्रयोग करते हैं। आयुर्वेद इंजेक्शन भी हापुड़, बड़ौत से निर्माण किए गए हैं जिनका आयुर्वेदभिषक् प्रयोग करते हैं। होमियोपैथिक में इंजेक्शन बने हुए हैं। जनता का अधिक विश्वास इंजेक्शन पद्धति से औषधि कराने का विशेष है। भारतीयों का विश्वास है कि इसके आविष्कारक पाश्चात्यदेशवासी ही हैं, पर यह भ्रम है। इस चिकित्सा का संकेत भी अधस्तन 'मंत्र' के तात्पर्य से सिद्ध होता है—

यस्याञ्जनप्रसर्पस्यङ्गमङ्गं परुष्परुः।
ततो यक्ष्मं वि बाधस उग्रो मध्यमशीरिव ॥"
१ ऋ०१०।९७।१२

इस मन्त्र में 'प्रसर्पसि' (प्रविश्य अन्तः शिरामुखे व्याप्नोषि) का "शिरा के मुख में प्रविष्ट होकर अञ्जन, गतिशील (अञ्जू व्यक्तिम्रक्षणकान्तिगतिषु) औषधि की शारीरिक व्याप्ति के अभिप्राय से उपर्युक्त चिकित्सा का प्रकार सिद्ध होता है।

इसकी पुष्टि अनेक पाश्चात्य विद्वान् भी करते हैं—

"मद्रास के भूतपूर्व गवर्नर लार्ड एम्पथिल ने सन् १९०५ ई० में व्याख्यान देते हुए कहा था कि कर्नल किंग ने जेनर (Janner) के आविष्कार से पूर्व भारत में टीके (Vaccination) और सूचिका भेद (Injection) की प्रक्रिया का प्रचलित होना सिद्ध कर दिया है।१९

आयुर्वेद में 'सूचिका भेद रस' आज भी मिलता है जिसका नाम ही इस बात का द्योतक है कि यह इंजेक्शन के लिये पेटेण्ट था।

---

१९. "हिन्दू सुपिरीओरीटी" पृष्ठ २६७,२६८,२६९ (श्री हरविलास शारदा जी कृत)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पशु-चिकित्सा—अथर्ववेद काण्ड ६, सूक्त ५९ में समस्त पशुओं की चिकित्सा का वर्णन है।

इतिहासज्ञ वेबर कहते हैं—"वैदिक काल में लोग पशु-शरीर-रचना से पूर्णतया परिचित थे। उन्होंने उनके प्रत्येक अंग के नामों तक का वर्णन किया है।२०

दो प्राच्य विद्वान् भी इसका समर्थन करते हैं :—

श्री हंसराज अग्रवाल एम० ए० तथा श्री मनोहर लाल गौड़ एम० ए० एम० ओ० एल०, शास्त्री लिखते हैं:—"औषधियों का रोगों पर प्रभाव, औषधियों के अनेकों नाम, बीमारियों के नाम अथर्ववेद में बहुतायत से मिलते हैं। ऋग्वेदादि में भी कहीं-कहीं आते हैं। आयुर्वेद में अर्वाचीन आचार्यों ने भी इस विज्ञान की उत्पत्ति अथर्ववेद से ही मानी है।२१

डा० गौरीशंकर हीराचन्द ओझा डी. लिट्, 'साहित्यवाचस्पति' ने भी अपने व्याख्यान में कहा था—"अथर्ववेद में रोगों के नाम और उनके लक्षण तक ही नहीं; अपितु मनुष्य के शरीर की हड्डियों तक की पूरी संख्या दी है।"२२

वैदिक स्वाध्याय की परम्परा के शिथिल और नष्टप्राय हो जाने से भले ही किसी को यह कहने का अवसर मिले कि 'अमुक' चिकित्सा प्रकार पाश्चात्य वायु में पले नवीन मस्तिष्कों की उपज है, पर वास्तव में ज्ञान और विज्ञान सभी का एकमात्र केन्द्र 'वेद' को ही मानना पड़ेगा और वैदिक आयुर्वेद को ही "वैज्ञानिक-चिकित्साप्रणाली" का मूल स्रोत कहना होगा।

२०. 'Webers Indian literature pp. 263-264.

२१. "हमारी सभ्यता और विज्ञानकला" पृ० ११३, तुलना करो प्रो० शिवदत्त जी ज्ञानी एम० ए० कृत "भारतीय संस्कृति" द्वितीय संस्करण पृष्ठ ३२०—३२१।

२२. "मध्यकालीन भारतीय संस्कृति" पृ० ९५।

—o—

दिवंगत सर्वपल्ली श्री डा० राधाकृष्णन् के प्रति

श्रद्धाञ्जली

प्रकाण्ड विद्वान्, महान् दार्शनिक, कुशल राजनेता, भारतवर्ष के भूतपूर्व राष्ट्रपति, हिन्दू धर्म के कट्टर अनुयायी होते हुए भी उदारचेता, दिवंगत सर्वपल्ली श्री डा० राधाकृष्णन् की पावन स्मृति में पत्रिका परिवार उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करता है और उनके प्रति हार्दिक श्रद्धाञ्जली अर्पित करता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भारत का प्राची अतीत

श्री अशोककुमार विद्यालंकार, विद्यावाचस्पति, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

भारत के प्राची अतीत को वर्तमान बनाना है।
खोया विश्वगुरु का गौरव हमने फिर से पाना है।।

आदि सृष्टि से भारत में, वेदों की वाणी गूंजी थी,
सत्य, अहिंसा, दया, न्याय ही, असली जिसकी पूंजी थी।
तपोवनों में ऋषि-मुनि अहर्निश तपस्या करते थे,
पंचयज्ञ, ईश्वरोपासना से, जीवन पावन करते थे।
दृढ़ संकल्प करो वीरों, फिर से वह युग लाना है ।।१।।

वर्णाश्रम-धर्म व्यवस्था थी, न था जातपाँत का भेद,
सम्प्रदाय नहीं थे नाना, सबका धर्म एक था वेद।
'मनुर्भव' का पाठ पढ़ते थे, जीवन होता था महान्,
भारत के चरणों में शिष्य बन, आता था अखिल जहान्।
मानवता का पुनः पाठ पढ़, फिर से दुनियां को पढ़ाना है ।।२

मेरे देश के युवकों ! जागो अब तो निद्रा का त्याग करो,
अपने गौरव को पहचानो, और निज अतीत को याद करो।
स्वधर्म-संस्कृति कर भूला, क्यों पश्चिम के पीछे भाग रहे,
तुम शिष्य नहीं गुरु उसके थे, तुमको नित यह याद रहे।
दिग्भ्रान्त जगत् को तुमने ही, फिर सच्चा पथ दिखलाना है ।।३।।

विश्व-जगत् का नेतृत्व वीरों, तुम ऐसे नहीं कर पाओगे,
जबतक स्वदेश में प्राची का, तुम सतयुग नहीं ले आओगे।
'धर्म-ज्योति' से खुद हो आलोकित,जनजन तक वह पहुंचाओ,
भोगवाद की निद्रा से जग, जनजन को प्रथम जगाओ।
सबसे पहले भारत ही ऋषि-मुनियों का बनाना है ।।४।।

भोगवाद की ज्वाला धधकी है, पश्चिम से ऐसी भयंकर,
जिसमें मानवता जल जायेगी, है ऐसी वह प्रलयंकर।
मानवता असुरक्षा हित, तुम्हें पुकार रही है,
सजल नयन हो दयार्द्रदृष्टि से, तुम्हें निहार रही है।
दानवता का कर दमन, मानवता को बचाना है ।।५।।

अब तो नवयुवकों ! जागो ! ओ स्वदेश के पहरेदारों !
नवयुग के निर्माता ! ओ दुनियां के रखवारों ।।
दशा देश की क्या होती, जब खुद प्रहरी ही सोता है,
सर्वविदित उस देश का सत्वर, सर्वनाश ही होता है।
हो गया प्रभात जागो अब, जग को तुम्हें जगाना है ।।
भारत के प्राची अतीत को वर्तमान बनाना है ।।६।।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आयुर्वेदीय निघण्टु के प्रतिसंस्कार की आवश्यकता

(श्री आचार्य ब्रह्मदत्त शर्मा आयुर्वेदालंकार, २८५-१३ सी-४ बी, जनकपुरी, नयी दिल्ली-५८)

'आयुर्वेद' में 'औषधिविज्ञान' या 'द्रव्यगुण शास्त्र' का स्थान

उपलब्ध आयुर्वेदीय संहिताओं में आयुर्वेद की अभिव्यक्ति एवं अवतरण का जो वर्णन है उसके अनुसार सर्वप्रथम ब्रह्मा ने उपलब्ध आयुर्वेदीय ज्ञान को १००० अध्यायों में एवं एक लाख श्लोकों में निबद्ध किया तथा बाद में इस ज्ञान को संक्षिप्त करके आयुर्वेद के आठ अङ्गों में उपन्यस्त किया।१ इन आठ आयुर्वेदांगों में 'द्रव्यगुण' या 'औषधिविज्ञान' या 'भेषजशास्त्र' का पृथक् अंग-रूप में कोई स्थान नहीं है, केवल तत्तत् अंग में या तन्त्र में तदुपयोगी द्रव्यों एवं औषधियों का वर्णन पृथक् एक या एकाधिक अध्याय में कर दिया गया है तथा कुछेक का वर्णन प्रकीर्ण-रूप में भी किया गया है। चरक-सुश्रुत-वाग्भट की बृहत्त्रयी में यही स्थिति है।

बृहत्त्रयी में 'द्रव्यगुण' या 'औषधिविज्ञान' को प्रमुखता या पृथक् तन्त्र का स्थान न मिलने का कारण कई विद्वान् यह बताते हैं कि आयुर्वेद का प्रधान प्रयोजन 'स्वस्थ की स्वास्थ्यरक्षा' है तथा 'स्वस्थवृत्त'-'सद्वृत्त'-'आचाररसायन'-'दिनचर्या' एवं 'ऋतुचर्या' का यथावत् पालन करने पर रोगोत्पत्ति होती ही नहीं, जिसके लिए औषधियों की आवश्यकता पड़े। परन्तु यह मान्यता तर्कसंगत नहीं है क्योंकि ऐसी अवस्था में तो कायचिकित्सा - शल्यशालाक्य - कौमारभृत्य-भूतविद्या-अगदतन्त्र इन छह विकृति-चिकित्सापरक आयुर्वेदांगों की आवश्यकता नहीं थी। वस्तुस्थिति यह है कि आयुर्वेद हितायु-अहितायु एवं सुखायु दुःखायु का अर्थात् स्वस्थ-रुग्ण दोनों अवस्थाओं का वर्णन करता है,२ तथा 'स्वस्थ का स्वास्थ्यरक्षण एवं 'आतुर का विकारप्रशमन' ये दोनों आयुर्वेद के प्रयोजन समकक्ष रूप में माने गये हैं३। अथ च आयुर्वेद तो हेतु-लिङ्ग-औषध—इस प्रकार के तीन स्कन्धों वाला 'त्रिसूत्र' शास्त्र४ है जिसमें औषध-सूत्र अर्थात् 'द्रव्यगुण' एवं 'औषधिविज्ञान' का बड़ा महत्त्वपूर्ण स्थान है। अर्थात्, आयुर्वेद में 'द्रव्यगुण' एवं 'औषधिविज्ञान' की हीनता नहीं अपितु महत्ता ही अभिप्रेत है।

तो, फिर ? प्राचीन आयुर्वेद-साहित्य में 'द्रव्यगुण' एवं 'औषधिविज्ञान' को पृथक् तन्त्र या आयुर्वेदांग का स्थान क्यों नहीं मिला ? वस्तुस्थिति यह है कि प्राचीन संहिता-काल में मानव-समाज पहले-जैसा अरण्यवासी या यायावर न रहकर

---

१. 'इह खल्वायुर्वेदं नामोपाङ्गमथर्ववेदस्य .... श्लोकशतसहस्रमध्यायसहस्रं च कृतवान् स्वयम्भूः, ततो..भूयोऽष्टधा प्रणीतवान्।' (सुश्रुत। सूत्र।१।६)।

२. 'हिताहितं सुखं दुःखमायुस्तस्य हिताहितम्। यत्रोक्तमायुर्वेदः स उच्यते।।' (चरक। सू०।१।४१)

३. 'प्रयोजनं चास्य स्वस्थस्य स्वास्थ्यरक्षणमातुरस्य विकारप्रशमनं च।।' (चरक। सूत्र।३०।२६)

४. 'हेतुलिंगौषधज्ञानं स्वस्थातुरपरायणम्। त्रिसूत्रं शाश्वतं पुण्यं बुबुधे यम् पितामहः।। सोऽनन्तपारं त्रिस्कन्धमायुर्वेदम्..।।' (चरक। सूत्र।१।२४-२५)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ग्रामवासी-नगरवासी हो गया था; इससे एक ओर तो उनका सम्पर्क वन-उपवन-पर्वत-आदि से टूटने के कारण प्रत्यक्ष ओषधज्ञान का अभाव हो गया था तथा दूसरी ओर परिग्रह-धनसंचय-शरीरगौरव-आलस्य-लोभ - अभिद्रोह-असत्य-आदि की प्रवृत्ति बढ़ते-बढ़ते जनपदोद्ध्वंसी रोगों की उत्पत्ति होने लगी थी।१ सम्पन्न समाज की तो बात ही क्या, जनसामान्य का भी सम्बन्ध वन-उपवन-पर्वत-आदि से टूट गया और ओषधियों का ज्ञान-परिचय आदि जनसामान्य के क्षेत्र से बाहर होकर गाय-भेड़ बकरी-आदि चराने वाले वनवासियों तक ही सीमित रह गया।२ इसी लिए, जहां समाज में ओषधियों के नाम-रूप-आदि से परिचित न रहने वाले वैद्य को भी केवल ओषधि-उपयोग के आधार पर ही 'तत्त्वज्ञ' मान लिया जाता था, वहां चरक ने आदर्श स्थिति यह बतायी है कि वैद्य को ओषधियों के नाम-रूप-परिचय-उपयोग-व्याप्त्-आदि की दृष्टि से सम्पूर्ण ('सर्वथा') ज्ञान होना चाहिये।३ इस प्रकार, इस विषय में चरक ने जहां समाज की तत्कालीन स्थिति का चित्रण किया है, वहां आदर्श स्थिति भी बतायी है।

और, निघण्टु ग्रन्थों में ?· · · ·

यास्क-निरुक्त की परिभाषा के अनुसार 'निघण्टु' का अर्थ है–वह शास्त्र जो संहतीकृत करके, बटोरकर, समग्र ज्ञान करावे।४ व्यवहार में, 'निघण्टु' का स्वरूप यह रहा है कि किसी वस्तु भाव या व्यक्ति की वाचक विविध संज्ञाओं एवं पर्यायों का संग्रह करके तथा फिर प्रत्येक संज्ञा का उद्घाटन करके तद्वाच्य अर्थ का बोध कराना। अर्थात्, 'निघण्टु' केवल पर्याय-संग्राहक 'कोश' ही नहीं, अपितु प्रत्येक के वाच्यार्थ का एवं स्वरूप का भी बोध कराने वाला शास्त्र है। निघण्टु में वर्णित तथा ज्ञापित 'स्वरूप' केवल गुणादिपरक (यथा–प्रकाशमान, आवरणकर्ता, 'वृत्र', अदाता 'अरि' 'अराति', गन्ध-क्रीडा-यातना-आदि प्रेमी 'गन्धर्व', प्रभृति) ही नहीं हैं अपितु रचनादिपरक भी है। फलतः वाच्य वस्तु, भाव या व्यक्ति या क्रिया-प्रक्रिया का समग्र ज्ञान प्राप्त होता है–रचना-आदि की दृष्टि से भी तथा गुण-कर्म-स्वभाव-आदि की विशेषता से भी।

परन्तु, आयुर्वेदीय निघण्टु-ग्रन्थ द्रव्यों एवं ओषधियों का ऐसा समग्र-सर्वांगीण ज्ञान नहीं कराते। नामपर्यायों का तथा रस-वीर्य-विपाक-

---

१. (क) 'अयं च रोगप्रादुर्भावः कृतयुगान्ते बोद्धव्यः।' (चक्रपाणिटीका। चरक। सूत्र।१।६)
(ख) 'अश्यति तु कृतयुगे केषांचिदत्यादानात् सांपन्निकानां सत्त्वानां शरीरगौरवमासीत्, शरीरगौरवाच्छ्रमः, श्रमादालस्यम्, आलस्यात् संचयः, संचयात्परिग्रहः, परिग्रहाल्लोभः प्रादुरासीत् कृते। ततस्त्रेतायां लोभादभिद्रोहः, अभिद्रोहादनृतवचनम्, अनृतवचनात् कामक्रोधमानद्वेषपारुष्याभिघातभयतापशोकचिन्तोद्वेगादयः प्रवृत्ताः। · · ततस्तानि प्रजाशरीराणि व्याधिभिर्ज्वरादिभिराक्रान्तानि।'
(चरक। विमान।३।२४)

२. 'ओषधीर्नामरूपाभ्यां जानते ह्यजपा वने। अविपाश्चैव गोपाश्च ये चान्ये वनवासिनः।
(चरक। सूत्र।१।१२०)।

३. 'योगवित्त्वप्यरूपज्ञस्तासां तत्त्वविदुच्यते। किम् पुनर्यो विजानीयादोषधीः सर्वथा भिषक्॥'
चरक। सूत्र।१।१२२)।

४. 'निगमयन्तीति निगन्तवः, निगन्तव एव निघण्टवः।' . . .

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कर्म-प्रभाव-परक स्वरूप का ज्ञान अवश्य इन निघण्टुओं में निबद्ध है, परन्तु रंग-रूप रचना-अंग-प्रत्यंग-काल-देश-उपलब्धि आदिपरक स्वरूप का वर्णन नहीं मिलता (सुश्रुत में 'सोम' के देश स्वरूप पत्रादि-ह्रास-विकास वाले सामान्य वर्णन१ को छोड कर; वह एक अपवाद है)। यह बात अवश्य माननी पड़ेगी कि कुछ पर्याय वानस्पतिक आदि स्वरूप भी बताते हैं, तद्यथा—मंजरी सुमंजरी-सुरभिमंजरी-त्रिदशमंजरी-आदि से तुलसी की विशिष्ट मंजरी का वनस्पतिशास्त्रीय स्वरूप-ज्ञान होता है; देवदुन्दुभि आदि द्वारा तुलसी के दुन्दुभि सदृश पुष्प का वनस्पतिशास्त्रीय वर्णन है, त्रिवृत् संज्ञा द्वारा निशोथ-काण्ड के तिपहलू रूप का निर्देश होता है; खरमंजरी-प्रत्यक्पुष्पा-अधःशल्य (पुठकण्डा)-मयूरकः—शिखरी आदि अपामार्ग पर्याय इसकी विशिष्ट रचना बताते हैं; मण्डूकपर्णी-शंखपुष्पी-क्षीरपुष्पी-स्वर्णक्षीरी-हंसपादी - पारावत-पदी-दुग्धिका-ज्योतिष्मती - कंगुणिका - षड्ग्रन्था-उग्रगन्धा-गोलोमी-शतपर्विका-सुलोमशा आदि संज्ञाएं रचनादिपरक स्वरूप बताती हैं; और रामठ-वाह्लीक-द्वीपान्तरवचा-माण्डूकी-जलवेतस-नादेय-पारसीक-यवनी-तुरुष्क-यावनी-आदि संज्ञाएं तत्तत् द्रव्य के उत्पत्तिदेश का परिचय देती हैं। तथापि यह कटु सत्य है कि द्रव्यों के वानस्पतिक परिचय-अंग-प्रत्यंग-रचना-काल-देश-उपलब्धि-आदि विशेषताओं का व्यवस्थित वर्णन आयुर्वेदीय निघण्टुग्रन्थों में नहीं है।

ओषधि-परिचय की उपेक्षा का परिणाम—

इन निघण्टुओं की इस त्रुटि का प्रधान कारण यह है कि इनकी रचना आयुर्वेद के संहिताकाल से भी बहुत बाद में हुई हैं। इसी लिए चरक-संहिता के निर्देश एवं जनसामान्य की परम्परा के अनुसार इन निघण्टुग्रन्थों ने भी ओषधियों के रूपादिज्ञान का विषय ग्वालों-गड़रियों-वनचारियों आदि का एकाधिकार मानकर त्याग दिया है और केवल पर्यायों-गुण-रस-वीर्य-विपाक-प्रभाव-कर्म का ही वर्णन किया है। इस विषय में आयुर्वेदीय निघण्टु-वर्णित द्रव्यगुण विज्ञान का यह कितना विचित्र एवं कष्टप्रद विरोधाभास है कि जहां भारतीय विद्वान् एवं जनमानस का प्रकृति-वन-पशु-पक्षी

---

१. 'सर्वेषामेव सोमानाम् पत्राणि दश पञ्च च।
तानि शुक्ले च कृष्णे च जायन्ते निपतन्ति च॥
एकैकं जायते पत्रं सोमस्याहरहस्तदा।
शुक्लस्य पौर्णमास्यां तु भवेत् पञ्चदशच्छदः॥
शीर्यते पत्रमेकैकं दिवसे दिवसे पुनः।
कृष्णपक्षक्षये चापि लता भवति केवला॥
अंशुमानाज्यगन्धस्तु कन्दवान् रजतप्रभः।
कदल्याकारकन्दस्तु मुञ्जवाँल्लशुनच्छदः॥
चन्द्रमाः कनकाभासो जले चरति सर्वदा।
गरुडाहृतनामा च श्वेताक्षश्चापि पाण्डुरौ॥
सर्पनिर्मोकसदृशौ तौ वृक्षाग्रावलम्बिनौ।
तथाऽन्ये मण्डलैश्चित्रैश्चित्रिता इव भान्ति ते॥
सर्वे एव तु विज्ञेयाः सोमः पञ्चदशच्छदाः।
क्षीरकन्दलतावन्तः पत्रैर्नानाविधैः स्मृताः॥
हिमवत्यर्बुदे सह्ये महेन्द्रे मलये तथा।
श्रीपर्वते देवगिरौ गिरौ देवसहे तथा॥
पारिपात्रे च विन्ध्ये च देवसुन्दे ह्रदे तथा।
उत्तरेण वितस्तायाः प्रवृद्धा ये महीधराः॥
पञ्च, तेषामधो मध्ये सिन्धुनामा महानदः।
हठवत् प्लवते तत्र चन्द्रमाः सोमसत्तमः।
तस्योद्देशेषु चाप्यस्ति मुंजवानंशुमानपि।
काश्मीरेषु सरो दिव्यं नाम्ना क्षुद्रकमानसम्॥
गायत्रस्त्रैष्टुभः पांक्तो जागतः शाक्वरस्तथा।
अत्र सन्त्यपरे चापि सोमाः सोमसमप्रभाः॥'
सुश्रुत। चिकित्सा। २९।२०-३१।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वनस्पति-आदि से घनिष्ट सम्पर्क-परिचय एवं ज्ञान रहने के कारण संस्कृत एवं भारतीय भाषाओं के वाङ्मय में तथा कहावतों तक में उपमा-विरोध आदि के लिए प्रकृति पशु-पक्षी-वनस्पति-आदि के साथ तुलना-सादृश्य-सारूप्य-वैरूप्य के प्रधान आधार हैं तथा मेघ-नदी-पर्वत-अशोकपुष्प आदि को राग-विराग-आदि भावों वाले जीवन्त-मानव-मानवी-रूपों में वर्णन किया गया है तथा निघण्टुओं में ओषधियों के रूपादि परिचायक पर्याय भी विद्यमान हैं वहां औषधियों के रचनादिपरक व्यवस्थित वर्णन का नितान्त अभाव है। यह कमी वस्तुतः बहुत खटकती है।

निघण्टुग्रन्थों की इस खटकने वाली कमी का ही यह परिणाम है कि आयुर्वेदीय ओषधियों की एक बड़ी भारी संख्या आज भी सन्दिग्ध है। यद्यपि भारत सरकार के स्वास्थ्य मन्त्रालय द्वारा तथा अन्य संस्था, संस्थानों, प्रतिष्ठानों आदि द्वारा गठित विविध समितियों ने सन्दिग्ध वनौषधियों के स्वरूपनिर्णयार्थ पर्याप्त प्रयास एवं कार्य किया है, तथा यादव जी-बापालालभाई-इन्द्र जी-कृष्ण जी-रामेशबेदी-ठाकुर बलवन्तसिंह-विश्वनाथद्विवेदी-प्रजापतिमिश्र-प्रियव्रत शर्मा-फादर बुल्के बासुकीर्ति-कर-वामनगणेशदेसाई-रामनाथ चोपड़ा प्रभृति विद्वानों-अन्वेषकों ने भी बहुत स्तुत्य खोजकार्य किया है, तथापि अभी तक संदिग्ध वनौषधियों की संख्या एवं विवादास्पदता घटी नहीं है। च्यवन-प्राश आदि रसायनों के महत्त्वपूर्ण घटक अष्टवर्ग के सम्बन्ध में अखिल भारतवर्षीय आयुर्वेद महा सम्मेलन ने यद्यपि पर्याप्त विचार विमर्श के बाद निर्णायक व्यवस्था (फतवा, वर्डिक्ट) दे दी है तथापि कुछ महानुभावों का इस विषय में मतभेद चला ही आ रहा है। अरलुक-श्योनाक के सम्बन्ध में श्री प्रियव्रत शर्मा ने, अंकोल-कंकुष्ठ-सारिवा आदि के सम्बन्ध में आचार्य यादव जी ने, कुष्ठ पुष्करमूल के बारे में श्री विश्वनाथ द्विवेदी ने, गढ़वाल एवं भूटान की विविध वनौषधियों एवं अशोक आदि के सम्बन्ध में श्री रामेशबेदी ने तथा अन्य अनेक ओषधियों के सम्बन्ध में अन्य विद्वानों ने निर्णायक कार्य किये हैं और वे सभी प्रशंसार्ह हैं, परन्तु अभी तक रास्ना-निर्विषी-वृष्टि-अश्मन्तक - पाषाणभेद-चेतकी-सप्तरंगी-शिवलिंगी-चोरक-सहदेवी-ब्रह्मसुवर्चला-आदि का असन्दिग्ध निर्णय नहीं हो पाया। और-तो-और, ब्राह्मी-मण्डूकपर्णी-आकारकरभ-आदि के सम्बन्ध में अभी तक मतभेद हैं। अजगरी-श्वेतकापोती-कृष्णकापोती-गोनसी-वाराही-कन्याछत्रा-अतिच्छत्रा-करेणु- अजा-चक्रका-आदित्यपर्णी-महाश्रावणी-श्रावणी- गोलोमी-अजलोमी-महावेगवती - संजीवनी - विशल्यकरणी आदि दिव्यौषधियों की तो चर्चा करना भी असम्भव सा हो गया है, क्योंकि इनका रूप परिचय ज्ञान ही नहीं हो पाया। और, 'सोम' की तो बात ही मत पूछिये। सुश्रुतसंहितोक्त परिचय के बावजूद निघण्टुओं ने तथा परम्परा ने 'सोम' के विषय में ऐसी चुप्पी साधी है कि निर्णायक व्यवस्था के अभाव में कुछ 'देवताओं' ने 'सोम' की टाँग ही तोड़नी शुरू कर दी है। भारतीय संस्कृति एवं ज्ञान के कट्टर द्वेषी 'कुछ' पाश्चात्यों के अनुकरण में 'सोम' को मद्यसदृश सन्धानीय पेय सिद्ध करके कुछ विद्वान् महानुभावों ने वैदिक काल पर थोपने चिपकाने का अश्लाघ्य प्रयास किया है। यह सब न होता, यदि निघण्टुग्रन्थों में ओषधियों के रचना-रूप-रंग-अंग-प्रत्यंग-उत्पत्ति-देश - काल-आदि का वर्णन कर दिया गया होता।

निघण्टु-प्रतिसंस्कार--

तो फिर, करना क्या चाहिये ?-यही कि आयुर्वेदीय निघण्टु का प्रतिसंस्कार किया जाय,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पुनर्नवीकरण किया जाय ("संस्कर्त्ता कुरुते तन्त्रम् पुराणं च पुनर्नवम्") । इस प्रतिसंस्कार में केवल 'विस्तारयति लेशोक्तं' और 'संक्षिप्तयति विस्तरम्' ही नहीं होगा क्योंकि तब तो न्यूनाधिक वही पूर्वस्थिति बनी रहेगी, अपितु 'नवीनीकरण' का महत्त्व होगा। विशेषतया, ओषधियों के रंग-गन्ध-रूप-रचना-अंग-प्रत्यंग-देश (उत्पत्तिवाले प्रदेश तथा स्थान, पर्वत, घाटी, ऊंचाई-नीचाई-आदि की दृष्टि से) काल (उगने, फूल-फल-बीज लगने, पकने, संग्रहण, उपयोग-अवधि, आदि की दृष्टि से) सक्रियघटक उपयोगी-अंग-कुल-गण-प्रकार-प्रभृति विषयों का नया समावेश किया जायगा। विविध देशों की उपयोगी वनस्पतियों का भी समावेश इसमें होगा। इस नव समादिष्ट विषय के साथ प्रतिसंस्कारित नवीन निघण्टु का विषयाधिकार निम्नलिखित होगा:—

१. प्रचलित नाम (संस्कृत या प्रसिद्धतम प्रादेशिक नाम)।
२. कुल-गण-प्रभृति ।
३. पर्याय (संस्कृत तथा प्रादेशिक एवं लैटिन अंग्रेजी-आदि भाषाओं में) तथा तन्निर्दिष्ट विशेषता ।
४. भेषजपरिचय (संक्षिप्त फार्मेकोग्नोजी) तथा, प्रकार ।
५. उत्पत्ति-प्राप्ति-देश । उत्पादन-संवर्धन विधि। संग्रह-संचय-देश ।
६. काल ।
७. गुण एवं उपयोगी अंग । मात्रा आदि । सक्रिय घटक ।
८. रस एवं अनुरस ।
९. वीर्य । विविध मतभेदों के निराकरण सहित। यथा-लवंग का वीर्य उष्ण है अथवा शीत; आदि ।
१०. विपाक ।
११. कर्म एवं प्रभाव । बाह्य-आभ्यन्तर एवं प्रतिसंस्थानगत । नवीन चिन्तन-परीक्षण-पर्यवेक्षण एवं निर्धारणों के द्वारा पूर्ववर्ती जो 'अचिन्त्य' प्रभाव अब युक्तिसिद्ध सुनिश्चित कर्म सिद्ध हो चुके हैं उनका प्रतिद्रव्य वर्णन-समाविष्ट करना होगा ।
१२. उपयोग । बाह्य-आभ्यन्तर-प्रतिसंस्थानगत एवं रोगानुसारी ।
१३. कल्प का स्वरूप (चूर्ण-क्वाथ-स्वरस-फाण्ट-हिम-प्रभृति) ।
१४. महत्त्वपूर्ण योग तथा उनके प्रमुख घटक।
१५. उपयोगविधि - व्यापदें - सावधानियां तथा प्रतिकार ।

प्रतिसंस्कार-सामग्री—

इस विषय में सर्वप्रथम स्थान एवं आधार तो होगा, प्राचीन साहित्य या पूर्ववर्ती निघण्टुग्रन्थों का, जिनका ही प्रतिसंस्कार अभीप्सित है। यथा-बृहत्त्रयीवर्णित ओषधि-द्रव्य-विषय, काश्यपसंहिता-हारीत-भेल-शार्ङ्गधर-प्रभृति संहिताओं में उपलब्ध विषय, भावप्रकाशनिघण्टु, राजनिघण्टु, धन्वन्तरिनिघण्टु, कैयदेवनिघण्टु, मदनपालनिघण्टु, नरहरिनिघण्टु, शिवकोश, अमरादिकोशों में तथा पुराणादि में और जैन-बौद्ध-साहित्य में वर्णित द्रव्य-विषय, आदि-आदि ।

द्वितीय स्थान है, अर्वाचीन निघण्टु-द्रव्यगुण-ग्रन्थों का । तद्यथा-बृहन्निघण्टुरत्नाकर, शालिग्राम-निघण्टुभूषण, रूपनिघण्टु, वनौषधिदर्पण, वनौषधि-विज्ञान, वनौषधिचन्द्रोदय, निघण्टु-आदर्श (बापालाल), द्रव्यगुणविज्ञान (यादव जी), द्रव्यगुण-विज्ञान (प्रियव्रत शर्मा), भावप्रकाशनिघण्टुटीका ओषधिविज्ञान प्रभृति (विश्वनाथ द्विवेदी), बासु-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कीर्तिकर-रामनाथ चोपड़ा-खोरी-धरगलकर-बोर-नादकरणी-नामजोशी-प्रजापतिमिश्र-ठाकुर बलवन्त सिंह-इन्द्रजी-कृष्णा जी-रामेश बेदी-वामनगणेश-देसाई-धर्मदत्त वैद्य (कनखल)-डाक्टर इन्द्रसेन मायाराम अनियाल-दुर्गाप्रसाद शर्मा-चुनेकर प्रभृति नवीन द्रव्यगुण लेखकों का साहित्य। भारत सरकार के आयुर्वेद परामर्शदाता द्वारा प्रकाशित स्थूलाकार आयुर्वेदीय निघण्टु भी दर्शनीय है।

तृतीय स्थान है विविध संस्था-संस्थान-प्रतिष्ठानों का। यथा–काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का द्रव्यादिविज्ञानीय-विभाग तथा वाटिका, जामनगरीय गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्यालय का द्रव्यगुणविभाग तथा वनस्पति-उद्यान, देहरादून का वन-अनुसन्धान-प्रतिष्ठान, लखनऊ का राष्ट्रीय-वानस्पतिक-उद्यान, कलकत्ता का वानस्पतिक उद्यान, रानीखेत का वानस्पतिक प्रतिष्ठान, पूना का जवाहरलाल नेहरू वनस्पति-उद्यान, आदि आदि। इन संस्थाओं के कार्य तथा प्रकाशित साहित्य से प्रभूत सामग्री मिलेगी।

चतुर्थ स्थान है, प्रमुख पुस्तकागारों का। यथा काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, तंजावूर (सरस्वती महाल), वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, प्रभृति के विशाल पुस्तकालय तथा प्राचीन पुस्तक-भण्डार।

'को वेदानुद्धरिष्यति ?'

प्रतिसंस्कार करे कौन ? कुण्डा कौन खोले ? 'कोऽत्रार्थे विनियोज्येत प्रतिसंस्कारनामके ?' यह समस्या है जटिल ! 'अहमर्थे नियुज्येयमत्र' इस प्रकार बीड़ा उठाने वाले भरद्वाज-ऋषि तो चले गये युगों पहले ! उनका आश्रम था प्रयागराज में गंगातट पर, तो नये भरद्वाज को गंगातट पर ही काशीधाम में ढूंढना पड़ेगा। तो, भाई, यह प्रतिसंस्कार का काम करना होगा काशीवासी प्रियव्रत शर्मा को। वैयक्तिक पत्र द्वारा करने पर तो 'भाई साहब' टाल जाते, अतः हमें एतदर्थ लेख के इस सार्वजनिक माध्यम को चुनना पड़ा है। सार्वजनिक माध्यम प्रायः चुनौती प्रस्तुत कर देता है और भाई शर्मा जी में इस चुनौती को स्वीकारने के लिए दम-खम दोनों हैं, परन्तु हम तो इसके साथ-साथ वैयक्तिक अनुरोध भी कर रहे हैं। और, हमें विश्वास है कि भाई शर्मा जी अवश्य अनुरोध को स्वीकार करेंगे, अन्यथा चुनौती तो सामने खड़ी ही है। इस उभयतः पाशा रज्जु से बचकर भाई साहब जायेंगे कहां !

श्री प्रियव्रत शर्मा जी इस प्रतिसंस्कार-भार को वहन करने में समर्थतम हैं भी। उन्होंने 'द्रव्यगुणविज्ञान' (तीन भागों में) लिखकर इसका आधारभूत ढांचा तो पहले से बना ही रखा है, काशी के द्रव्यादिविज्ञानीय-विभाग के पिछले ११ वर्ष से अध्यक्ष रहने के नाते उन्होंने इस विषय पर पर्याप्त कार्य किया तथा कराया है, और काशी के दो विशाल समृद्ध पुस्तकागारों की, वनस्पति वाटिका की तथा सुसाधनसम्पन्न प्रयोगशालाओं एवं सुशिक्षित सहकारियों अनुस्नातकों की सहायता सुविधा भी उन्हें प्राप्त है। परन्तु इस सब से बढ़कर उनकी व्यक्तिगत योग्यता एवं उपलब्धियां हैं जो उन्हें इस कर्म में समर्थतम बनाती हैं। प्रथम उन्होंने संस्कृत का प्रौढ ज्ञान उपार्जित किया है तथा पद्यनिर्माण का अच्छा अभ्यास किया है, जिससे वे सुचारु पद्यबद्ध रचना कर सकेंगे। द्वितीय प्रत्येक कवि या लेखक अपनी साहित्य साधना का प्रारम्भ अध्ययन से करता है और स्वकीय चिन्तन-मनन एवं प्रेरणा के बल पर प्रौढ़ 'द्रष्टा' की अन्तिम सीढ़ी पर पहुंचता है, जब कि उसकी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कृतियों में मौलिकता-व्यापकता-प्रौढता-गम्भीरता एवं प्रभावकता आ जाती हैं, वह उसका स्थायी एवं प्रौढसाहित्य के निर्माण का काल होता है। श्री शर्मा जी अब उस प्रौढ 'द्रष्टा' की स्थिति में पहुंच चुके हैं और उनके द्वारा किया हुआ यह प्रतिसंस्कार एक प्रौढ एवं उपादेय कृति होगी। तृतीय, योगक्षेम की समस्या या कठिनाई उनके मार्ग में बाधक नहीं है।

फलतः वे जमकर लिख सकते हैं और उन्हें जहां 'लाङ्गूलचालनमधश्चरणावपातैर्भूमौ निपत्य वदनोदरदर्शनं च' की आवश्यकता नहीं होगी वहाँ 'अहोरूपमहो ध्वनिः' वाली चाटुकारिता की प्रवत्ति भी नहीं होगी। चतुर्थ, प्रकाशन के लिए उन्हें बहुत भटकना नहीं होगा।

तो, भाई शर्मा जी को इससे लाभ क्या होगा? यों तो ऐसी चिन्ता शर्मा जी को नहीं होनी चाहिये, परन्तु यदि वस्तुतः हो भी तो उत्तर यह है–'काव्यं यशसेऽर्थकृते व्यवहारविदे शिवेतर-क्षतये।' चरकोक्त तिस्रैषणाओं में से प्राणैषणा एवं वित्तैषणा तो उनकी पर्याप्त रूप में पूर्त या पूर्तिपथीन हैं ही, परन्तु ये दोनों केवल जीवनकाल तक ही सार्थक होती हैं। और, लोकैषणा एवं कीर्ति जितनी उन्हें अब तक उपलब्ध है, जो कि वस्तुतः स्पृहणीय है, उसमें और भी वृद्धि इस कार्य द्वारा होगी तथा उसकी सार्थकता उनके बाद भी पीढ़ियों तक सारे क्षेत्र में बनी रहेगी। इस यशोपलब्धि का महत्त्व कम नहीं हैं। सो, हमारा अनुरोध शर्मा जी को पालना ही होगा।

हमारा कर्त्तव्य--

हमें चाहिये कि निघण्टु-प्रतिसंस्कार के इस महत्कार्य की सफलता के लिए ज्ञान-सूचना-धन-जनमत-आदि के द्वारा पूरी सहायता प्रदान करें और इस विषय को पृथक् समृद्ध विपुल आयुर्वेदांग के रूप में प्रतिष्ठापित करावें। यह अवधेय हैं कि हमारा यह द्रव्यगुण-ओषधि विज्ञान-नामक आयुर्वेदांग यदि युगानुरूप में समृद्ध रहेगा तो आयुर्वेद की श्रीवृद्धि राज्याश्रय के बिना भी अवश्य बनी रहेगी, बल्कि बढ़ती ही जावेगी। हाँ, यह अवश्य है कि अन्य आयुर्वेदांगों को भी हमें ह्रास से बचाये रखना तो जरूरी ही होगा।

गुरुकुल पत्रिका के नियम

१ 'गुरुकुल पत्रिका' मासिक है। यह प्रत्येक अंग्रेजी मास की १२, १३ तारीख को प्रकाशित होती है।

२ यह आधी संस्कृत में तथा आधी हिन्दी में होती है। इस में कवर समेत प्रायः ४४ पृष्ठ होते हैं। वर्ष में एक या दो विशेषांक लगभग १२०-१५० पृष्ठों तक के होते हैं।

३ इसमें प्रमुख रूप से लेख वैदिक-साहित्य, भारतीय-संस्कृति-सम्बन्धी होते हैं।

४ वार्षिक मूल्य देश में ६) और विदेश में १०) है, जो धनादेश (मनीआर्डर) द्वारा ही **"सम्पादकः गुरुकुल-पत्रिका"** के नाम से आना चाहिए। ग्राहक कभी भी बन सकते हैं।

५ लेख छोटे, सारगर्भित तथा मौलिक एवं शुद्ध, सुपाठ्य और एक ओर लिखे, ये लेख, कविता तथा समालोचनार्थ पुस्तकें (२ प्रतियां), परिवर्तनार्थ पत्र-पत्रिकाएं सम्पादक के नाम भेजनी चाहियें।

६ किसी लेख अथवा कविता आदि के प्रकाशित करने या न करने, घटाने बढ़ाने या संशोधन करने का अधिकार सम्पादक को है। बिना डाक खर्च भेजे अप्रकाशित कविता वा लेख लौटाये न जा सकेंगे।

सम्पादक—गुरुकुल पत्रिका, डाकघर : गुरुकुल कांगड़ी
जिला : सहारनपुर (उ० प्र०)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar



आयुर्वेद महाविद्यालय भवन

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सर्जिकल कैम्प गुरुकुल



लेफ्टीनेण्ट करनल श्री डा० मानवेन्द्रनाथ वशी अपने सहायकों के साथ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जीवात्मा काण्ड

आचार्य श्री रघुनाथ विनायक धुलेकर, 'धुलेकर भवन', ४० नरसिंह राव टोरिया, झांसी

(लेखक ने 'चतुर्वेद विषयानुगामी भाष्य' प्रारम्भ किया हुआ है। जिसके कुछ अंश हम पत्रिका में यदा-कदा दे रहे हैं। अब पाठकों के समक्ष २य अंश प्रस्तुत है) —सम्पादक

यह आवश्यक नहीं कि लेखक के विचारों से सम्पादक सहमत हो।

जीवात्मा का निवासस्थान-शरीर (१)

(गर्भोपनिषद)

अब हम इस जीवात्मा काण्ड में यह बतायेंगे कि ब्रह्म ही स्वयं जीवात्मा बना है इसके लिये हम यह आवश्यक समझते हैं कि सम्पूर्ण "गर्भोपनिषद" आपको अर्थ सहित सुना दें।

गर्भोपनिषद (मनुष्य का शरीर)

ॐ पञ्चात्मकं पंचसु वर्तमानं षडाश्रयं षड्गुणयोगयुक्तम्।

अर्थ-ॐ-जीवात्मा का निवासस्थान अर्थात् शरीर पंचात्मक है। पांच तत्वों में वर्तमान है। छः आश्रय वाला है और छः गुणों वाला है।

पंचात्मकं=आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथिवी

षड् आश्रय=६ रस=मधुर, तिक्त, कटु, कषाय, अम्ल और लवण।

तं सप्तधातुं त्रिमलं द्वियोनि चतुर्विधाहारमयं शरीरं भवति।

अर्थ-इस शरीर में सात धातु हैं, ३ मल हैं-सत्व रज व तम, दो योनियां है अर्थात् स्त्री और पुरुषयोनियाँ हैं। चार प्रकार का अन्न यह शरीर खाता है। सप्तधातु=रस, रक्त, मांस, मज्जा, अस्थि, वीर्य, ओज। चतुर्विध अन्न=भक्ष्य, भोज्य, लेह्य, चोष्य।

पंचात्मकं का अर्थ

पंचात्मकमिति कस्मात् पृथिव्यापस्तेजो वायुराकाशमित्यस्मिन्पंचात्मके शरीरे का पृथिवी का आपः किं तेजः को वायुः किमाकाशमित्यस्मिन्पंचात्मके शरीरे तत्र यत्कठिनं सा पृथिवी यद्द्रवं ता आपः यदुष्णं तत्तेजः यत्संचरति स वायुः यत्सुषिरं तदाकाशमित्युच्यते।

अर्थ-इस शरीर को पंचात्मक क्यों कहते हैं?

उत्तर-पंच महाभूत अर्थात् पृथिवी, जल, तेज, वायु और आकाश से शरीर बनता है।

(१) पृथिवी तत्त्व कठिन है, (२) जल तत्त्व तरल है, (३) उष्णता तेज तत्त्व है, (४) वायु शरीर में क्रियाओं का संचार करने वाला है, (५) आकाश तत्त्व जो रिक्त स्थान शरीर में हैं वह आकाश तत्त्व है।

पंच तत्त्वों के कार्य

तत्र पृथिवी धारणे आपः पिंडीकरणे तेजः प्रकाशने वायुर्व्यूहने आकाशमवकाशप्रदाने।

(१) पृथिवी तत्त्व का कार्य धारण करना है। (२) जल तत्त्व का कार्य एकत्रित करना है। (३) तेज तत्त्व का कार्य प्रकाशित करना है। (४) वायु तत्त्व का कार्य शरीर के अवयवों को यथा स्थान रहने देना है। अथवा उनको अपना कार्य करने देना है। (५) आकाश तत्त्व का कार्य अवकाश पोलापन प्रदान करना है।

इन्द्रियों का कार्य

पृथक्श्रोत्रे शब्दोपलब्धौ त्वक् स्पर्शे चक्षुषी रूपे जिह्वा रसने नासिका घ्राणे उपस्थ आनन्दने अपान उत्सर्गे बुद्ध्या बुध्यति मनसा सङ्कल्पयतिवाचा वदति।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(१) कान का कार्य–सुनना, (२) त्वचा का कार्य–स्पर्श करना (३) आँख का कार्य–देखना, जिह्वा का कार्य–रसों का स्वाद लेना, (५) नाक का कार्य–सूंघना ।

षडाश्रय का अर्थ

षडाश्रयमिति कस्मात् । मधुराम्ललवणतिक्तकटुकषायरसान्विन्दतीति ।

अर्थ–शरीर के ६ आश्रय कौन हैं ?

शरीर ६ रसों का भोग करता है–(१) मीठा, (२) खट्टा, (३) नमकीन, (४) चिरपिरा (मिर्च का स्वाद), (५) कडुआ, (६) कषैला (सुपारी का स्वाद) ।

स्वर के प्रकार–दश

षड्जऋषभगान्धारमध्यमपंचमधैवतनिषादाश्चेतीष्टानिष्टशब्दसंज्ञाः प्रणिधानाद्दशविधा भवन्ति ।

अर्थ–(१) षड्ज, (२) ऋषभ, (३) गान्धार, (४) मध्यम, (५) पंचम, (६) धैवत (७) निषाद (सा, रे, गा, मा, पा, धा, नी,) इन स्वरों में इष्ट अर्थात् (८) मीठे लगने वाले स्वर, (९) अनिष्ट कान को कटु लगने वाले स्वर तथा (१०) प्रणिधानकारक स्वर (अनिश्चित स्वर) होते हैं। इन तीनों के मिलने से शब्द बनते हैं। अर्थात् जब मनुष्य और प्राणी बोलते हैं तब १० प्रकार के स्वरों का मिश्रण होता है और उनसे जो शब्द बनते हैं वे मधुर, तीखे, कटु आदि अनेक प्रकार के हो जाते हैं। श्रोताजनों को समझना चाहिए कि मनुष्यों की वाणी क्यों मधुर होती है, क्यों कड़वी लगती है, क्यों बुरी लगती है, सुनने से क्यों दुःख होता है, क्यों सुख होता है ? आदि-आदि ।

शरीर में सात रंग

शुक्लो रक्तः कृष्णो धूम्रः पीतः कपि[ल] पाण्डुरं इति ।।१।।

अर्थ–शरीर में सात रंग होते हैं––

(१) सफेद, (२) लाल, (३) काला, (४) पी[ला] (५) नीला (६) नारंगी, (७) धुंधला ।

सप्त धातुनिर्मित शरीर

सप्तधातुकमिति कस्मात् यदा देवदत्तस्य द्र[व्या]दिविषया जायन्ते । परस्परं सौम्यगुण[त्वात्] षड्विधो रसो रस च्छोणितं शोणितान्मांसं मां[सा]न्मेदो मेदसः स्नायवः स्नायुभ्योऽस्थीनि अस्थि[भ्यो] मज्जा मज्जातः शुक्रं शुक्रशोणितसंयोगादा[व]र्गर्भो हृदि व्यवस्थां नयति हृदये ऽन्तराग्निः अग्नि[]स्थाने पित्तं पित्तस्थाने वायुः वायुतो हृ[] प्राजापत्यात्क्रमात् ।।२।।

अर्थ–यह शरीर सप्त धातु का बना हुआ है इसका क्या अर्थ है ?

अर्थ–उत्तर-उदाहरण के लिये जब कि[सी] देवदत्त नामक मनुष्य को भोग्य पदार्थों की इच्[छा] होती है तब वह षड् रस वाला अन्न खाता है, त[ब] सप्तधातु बनते है (१) रस (२) रक्त, (३) मांस (४) मेद (स्नायु), (५) अस्थि (६) मज्जा (७) वीर्य ।

इन सात धातुओं से मनुष्य का शरीर बनता है। पुरुष के वीर्य और स्त्री के रज के संयोग [से] गर्भ की धारणा होती है ।

यह सभी सात धातुएं मनुष्य के हृदय [में] स्थित रहती हैं। वहीं से पूरे शरीर को यह धा[तु] पहुंचाई जाती हैं ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वहीं अन्तराग्नि उत्पन्न होती है, अग्नि के स्थान में पित्त, फिर उसके स्थान में वायु और वायु से ही हृदय बनता है।

जो अग्नि पेट में रहकर अन्न पचाती है उसे जठराग्नि कहते हैं। अग्नि को वैश्वानर भी कहते हैं।

गर्भ की रचना

मंत्र–ऋतुकाले संप्रयोगादेकरात्रोषितं कललं भवति सप्तरात्रोषितं बुद्बुदं भवति अर्धमासाभ्यन्तरे पिण्डो भवति। मासाभ्यन्तरे कठिनो भवति मासद्वयेन शिरः संपद्यते। मासत्रयेण पादप्रदेशो भवति। अथ चतुर्थे मासे गुल्फजठरकटिप्रदेशा भवन्ति। पंचमे मासे पृष्ठवंशो भवति। षष्ठे मासे मुखनासिकाक्षिश्रोत्राणि भवन्ति। सप्तमे मासे जीवेन संयुक्तो भवति। अष्टमे मासे सर्वलक्षणसंपूर्णो भवति। पितृ रेतोऽतिरेकात्पुरुषो मातृरेतोऽतिरेकात्स्त्री उभयोर्बीजतुल्यत्वान्नपुंसको भवति।

अर्थ–उपरोक्त मंत्रों का अर्थ स्पष्ट है। सातवें मास में गर्भ सब लक्षणों से सम्पन्न हो जाता है।

वीर्य के आधिक्य से पुत्र उत्पन्न होता है और रज के आधिक्य से कन्या उत्पन्न होती है।

वीर्य और रज की समानता से नपुंसक उत्पन्न होता है।

बौनी, कुबड़ी अन्धी सन्तान

–व्याकुलित मनसोऽन्धाः खंजाः कुब्जा वामना भवन्ति। अन्योन्यवायुपरिपीड़ितशुक्रद्वैविध्यात्तनु स्यात्ततो युग्माः प्रजायन्ते। पंचात्मकः समर्थः पंचात्मिका चेतसा बुद्धिर्गन्धरसादिज्ञाना क्षराक्षरमोंकारं चिन्तयतीति तदेतदेकाक्षरं ज्ञात्वाष्टौ प्रकृतयः षोड़शविकाराः शरीरे तस्यैव देहिनः। अर्थः मात्राशितपीतनाड़ीसूत्रगतेन प्राण आप्यायते। अथ नवमे मासे सर्वलक्षणज्ञानकरणसंपूर्णो भवति पूर्वजातिं स्मरति। शुभाशुभं च कर्म विन्दति॥३॥

अर्थ–स्त्री पुरुष के संभोग के समय यदि व्याकुलता हो तो सन्तान बौनी, कुबड़ी अन्धी होती है।

यदि वायु के संघर्ष से वीर्य दो भागों में हो जाय तो दो गर्भ बन जाते हैं और जुड़वा पैदा होते हैं।

यदि गर्भ पिण्ड स्वस्थ है तो पंच ज्ञानेन्द्रियां बुद्धि सहित ठीक-ठीक प्राप्त होती हैं।

विशेष बात

विशेष बात जानने की यह है कि जीवात्मा वास्तव में अविनाशी ब्रह्म है। पूर्व जन्म के संस्कार से यदि वह उन्नत अवस्था में हैं तो प्रणव का चिन्तन करता हुआ गर्भ से बाहर आता है। नवम मास में ज्ञानेन्द्रियां पुष्ट हो जाती हैं।

पूर्वजन्म की स्मृति

इस समय (अर्थात् जन्म के पहले) जीवात्मा अपने पूर्व जन्मों का स्मरण करता है। उसके शुभ और अशुभ कर्म उसके सामने आते हैं और वह गहराई से उन पर चिन्तन करने लगता है और इस प्रकार सोचता है:—

जन्म के पहले चिन्तन

मंत्र–पूर्वयोनिसहस्राणि दृष्ट्वा चैव ततो मया।
आहारा विविधा भुक्ताः पीता नानाविधाः स्तनाः॥
जातश्चैव मृतश्चैव जन्म चैव पुनः पुनः।
यन्मया परिजनस्यार्थे कृतं कर्म शुभाशुभम्॥

प्रभु का स्मरण

एकाकी तेन दह्येऽहं गतास्ते फलभोगिनः।
यदि योन्याः प्रमुच्येऽहं तत्प्रपद्ये महेश्वरम्॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अशुभक्षयकर्तारं फलमुक्तिप्रदायकम् ।
यदि योन्याः प्रमुच्येऽहं तत्प्रपद्ये नारायणम् ।।
अशुभक्षयकर्तारं फलमुक्तिप्रदायकम् ।
यदि योन्याः प्रमुच्येऽहं तत्सांख्यं योगमभ्यसे ।।
अशुभक्षयकर्तारं फलमुक्तिप्रदायकम् ।
यदि योन्याः प्रमुच्येऽहं ध्याये ब्रह्मसनातनम् ।।

जीवात्मा का प्रलाप

अर्थ–जीवात्मा सोचने लगता है कि मैं सहस्रों योनियों में अर्थात् कभी मनुष्य, कभी पशु, कभी पक्षी, कभी सर्प आदि शरीरों में शुभ और अशुभ कर्मों के कारण भटकता रहा। सहस्रों योनियों की माताओं का स्तनपान किया। बार-बार जन्म लिया, बार-बार दुःखमय जीवन बिता कर मरता रहा। हजारों प्रकार का अन्न खाया।

बार-बार दूसरों के लिये कर्म करता रहा। दुःख और सुख दोनों भोगता रहा। बार-बार जन्म लिया बार-बार मरा।

जिन्होंने मेरे कर्मों का सुखरूपी फल भोगा वे मुझसे अलग हो गये किन्तु दुष्कर्मों का फल यह नरकाग्नि एकाकी मैं भोग रहा हूं।

यदि अब मैंने जन्म लिया तो मैं संसारी बन-कर काम न करूंगा, विरक्त होकर परमात्मा की (महेश्वर) की भक्ति करूंगा।

प्रभु से प्रार्थना

यदि अब मैं गर्भ से बाहर सुरक्षित निकला तो मैं नारायण को भजूंगा। जो नारायण पापों का क्षय कर देते हैं और जो प्रभु मोक्ष को देने वाले हैं, उन्हीं की सेवा करूंगा।

यदि मैं इस माता की योनि से सुरक्षित बाहर आया तो मैं सांख्य योग अर्थात् ज्ञानप्राप्ति के साधनरूपी योगाभ्यास को अपनाऊंगा, जिससे मेरे पापों का क्षय हो जायगा और मैं मुक्ति पा जाऊंगा।

यदि मैं सुरक्षित उत्पन्न हो गया तो सनातन ब्रह्म की ही जीवनभर उपासना करूंगा जिससे मुझे मोक्षरूपी फल मिलेगा।

किन्तु ध्यान करें

माता की योनि से निकलने से पहले मनुष्य अपने पूर्व जन्म का स्मरण करता है और बारम्बार कहता है:–'हे प्रभु ! यदि तुम इस बार मुझे सुरक्षित माता की योनि से निकाल दो और मुझे समस्त कर्मन्द्रियां, समस्त ज्ञानेन्द्रियां, मन और बुद्धि भी अच्छी प्रदान कर दो, तो हे परमात्मा ! माता की योनि से निकल कर तुम्हारा ही स्मरण, भजन, उपासना, पूजन करूंगा और फिर संसारबन्धन में न फसूंगा'

किन्तु निकलते ही सब भूल जाता है।

मंत्र–अथयोनिद्वारं संप्राप्तो यन्त्रेण पीड्यमानो महता दुःखेन जातमात्रस्तु वैष्णवेन वायुना संस्पृष्टस्तदा न स्मरति जन्ममरणानि न च कर्म शुभाशुभं विन्दति ।।४।।

अर्थ–मनुष्य का गर्भपिण्ड माता की योनि से बड़ी कठिनाई से बाहर निकलता है। पिण्ड चारों ओर से दबता हुआ बड़े दुःख के साथ बाहर निकलता है। कभी-कभी इतना दुःख पाता है कि मर भी जाता है। इसप्रकार बड़ा दुःख पाता हुआ मनुष्यपिण्ड बाहर आता है। रक्त से लथपथ जब वह बाहर आता है तो दुःखी होकर 'किहां किहां' चिल्लाता है, रोता है फिर बाहर की वैष्णवी माया में लिपट कर जन्म के पहले की सब बातें भूल जाता है। जो वचन उसने प्रभू को दिये थे कि 'मैं तेरा ही भजन जीवन भर करता रहूंगा' सब भूल जाता है। और संसार

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

में फंस जाता हैं। बालक, युवावस्था और बुढ़ापा काटता है और अपने जीवन में शुभ अशुभ कर्म फिर करता हुआ मर जाता है।

अब हम यहीं विश्राम लेंगे। गर्भोपनिषद् का प्रकरण चालू रहेगा।

प्रवचन ७९

जीवात्मा का निवास स्थान–शरीर (२)

(गर्भोपनिषद्)

वेदविद्या के प्रेमीजन,

हमने आपको पिछले प्रकरण में 'गर्भोपनिषद्' के मंत्रों को सुनाया और आपको बताया कि ये जीवात्मा वास्तव में अविनाशी ब्रह्म है। यह शरीर उसका निवासस्थान है। ये भी आपको बताया कि शरीर तीन प्रकार के होते हैं:—

(१) स्थूल शरीर (२) सूक्ष्म शरीर और (३) लिङ्ग शरीर।

ये लिङ्ग शरीर संस्कारों का समूह हैं। जीवात्मा के पुराने जन्मों में जो जो संस्कार शुभ और अशुभ इस शरीर द्वारा किये गये हैं वे पंच कर्मेन्द्रिय तथा पंच तन्मात्रायें सब मिलकर गांठ (ग्रन्थि) के रूप में बन जाते हैं। इनमें मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार ये चार भी सम्मिलित रहते हैं। इन चारों के समूह को हृदय कहते हैं।

इस उपरोक्त समूह को जिसमें जीवात्मा रहता है और जो समूह एक शरीर से छूटने पर दूसरे में जीवात्मा के साथ जाता है "लिङ्ग शरीर" कहते हैं। इसी को बन्धन कहते हैं। इसी को हृदयग्रन्थि कहते हैं। इसी हृदय ग्रन्थि को काट देना मोक्ष और यही अन्तः करण कहलाता है।

पाठकजन, यह विषय गम्भीर और गूढ़ है इसे वारम्बार सुनिये और समझिये। अब गर्भोपनिषद् का अगला भाग जिसमें यही विषय समझाया गया है आप को सुनायेंगे और इसकी सरल सुबोध व्याख्या भी करेंगे।

शरीर क्यों कहलाता है ?

मंत्र–शरीरमिति कस्मात्। अग्नयो ह्यत्राश्रियन्ते ज्ञानाग्निः दर्शनाग्निः कोष्ठाग्निरिति। तत्र कोष्ठाग्नि र्नामाशितपीतलेह्यचाष्यं पचति। दर्शनाग्नी रूपाणां दर्शनं करोति। ज्ञानाग्निः शुभाशुभं च कर्म विन्दति।

अर्थ–प्रश्न–शरीर क्यों कहलाता है ?

उत्तर–इस कारण कि ये शरीर तीन अग्नियों का आश्रय है। (१) ज्ञानाग्नि (२) दर्शनाग्नि (३) जठराग्नि।

(१) शुभाशुभ कर्मों को सामने उपस्थित करने वाला ज्ञानाग्नि कहलाता है। (२) जो रूपों को दिखाता है वह दर्शनाग्नि है। (३) जो अन्न को पचाता है वह जठराग्नि है।

शरीर यज्ञरूप है

मंत्र–त्रीणि स्थानानि भवन्ति मुखे आहवनीय उदरे गार्हपत्यो हृदि दक्षिणाग्निः।

आत्मा यजमानो मनो ब्रह्मा, लोभादयः पशवो, धृतिर्दीक्षा, संतोषश्च बुद्धेन्द्रियाणि, यज्ञपात्राणि हवींषि कर्मेन्द्रियाणि, शिरः कपालं, केशादर्भा मुखमन्तर्वेदिः।

अर्थ–यह शरीर यज्ञरूप है। तीन अग्नियों के तीन स्थान हैं। (१) मुख में आहवनीय अग्नि, (२) उदर में गार्हपत्याग्नि तथा हृदय में (३) दक्षिणाग्नि।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आत्मा (जीवात्मा) यजमान है, मन ब्रह्मा है, लोभ, मोह, मद, मत्सर, आदि पशु हैं। धृति यजमान के यज्ञ करने का संकल्प आदि दीक्षा है। सन्तोष इस यज्ञ की बुद्धि और इन्द्रियां यज्ञपात्र हैं और कर्मेन्द्रियाँ यज्ञ में डाली जाने वाली हवियां हैं।

पाठकगण, आपका शरीर यज्ञरूप है। ठीक ठीक समझिये, इस यज्ञ में जो भी आप कर्म करते हैं वे सब कर्मेन्द्रियों द्वारा करते हैं। अर्थात् हाथ, पैर, आंख कान, उदर आदि से आप सब काम करते हैं। आपकी सब इन्द्रियां काम करते करते घिसती जाती हैं। कमजोर और बुड्ढी होती जाती हैं। इसका स्पष्ट अर्थ है कि ये कर्मेन्द्रियां शरीररूपी यज्ञाग्नि में दिन प्रतिदिन जलती जाती हैं। आप समझते हैं कि हम कर्म करते हैं किन्तु असली बात यह है कि आपके शरीर के सब अवयव नित्य प्रति जल-जल कर भस्मीभूत हो रहे हैं अर्थात् हविकुण्ड में आपका शरीर हवि बनकर जलाया जा रहा है। आप समझते हैं, हम मजा उड़ा रहे हैं किन्तु आप अपने शरीर को आग में झोंक रहे हैं।

इसी कारण आपको (अर्थात् आत्मा या जीवात्मा को) यजमान बताया गया है। आप यजमान बनकर काम कर कर के अपने शरीर के सब अवयवों को, मन और बुद्धि और ज्ञानेन्द्रियों की सहायता से हवनकुण्ड में (वेदी में) झोंकते जा रहे हैं, सोचिये और विचारिये।

यज्ञ की उपमा चालू

मंत्र–चतुष्कपालं शिरः षोडश पार्श्वदन्तपटलानि सप्तोत्तरं मर्मशतं साशीतिकं संधिशतंसनवकं स्नायुशतं सप्तशिरा शतानि पंचमज्जाशतानि अस्थीनि च हवै त्रीणि शतानि षष्ठीः सार्ध चतस्रो रोमाणि कोटयो०।

अर्थ–सिर यज्ञ का चतुष्कपाल है, दंत पंक्तियां षोड़श कपाल माने गये हैं। शरीर में एक सौ सात मर्मस्थान, एक सौ नौ स्नायु और सात सौ शिरायें हैं। पांच सौ मज्जायें और तीन सौ आठ हड्डियां, रोम साढ़े चार करोड़ शरीर में हैं।

मंत्र–हृदयं पलान्यष्टो द्वादशपला जिह्वा पित्तप्रस्थं कफस्याढकं शुक्रकुडवं मेदः प्रस्थौ द्वाव- नियतं मूत्रपुरीषमाहारपरिमाणात्। पैप्पलादं मोक्ष शास्त्रं पैप्पलादं मोक्षशास्त्रमिति ॥६॥

अर्थ–कुछ अवयवों की तोल मात्रा दी जाती है। (१) हृदय की मात्रा आठ पल, (२) जिह्वा की मात्रा बारह पल, (३) पित्त की मात्रा एक प्रस्थ, (४) कफ की मात्रा एक आढक, (५) शुक्र की मात्रा एक कुडव तथा (६) मेद की मात्रा दो प्रस्थ है।

इन सबके सिवाय आहार के परिमाण के अनुसार मलमूत्र का परिमाण होता है, परन्तु यह परिमाण अनियमित है, सब में एक समान नहीं होता।

मोक्ष शास्त्र

इस शास्त्र को मोक्ष शास्त्र कहा गया है। तथा पिप्पलाद नामक ऋषि ने इसे प्रकट किया है।

पाठकजन, हमने आपको पिछले दो प्रकरणों में जीवात्मा के निवासस्थान अर्थात् शरीर का वर्णन किया। यदि आपने इस गर्भोपनिषद् को भली प्रकार समझ लिया होगा तो आप अपने को इस शरीर से अलग समझने लगेंगे। आप में वैराग्य उत्पन्न हो जायगा और आप इस संसारबंधन से छूटने का प्रयत्न करने लगेंगे।

नहीं तो बार-बार गर्भ में आते जाते रहेंगे और पछताते रहेंगे। अब हम अगले प्रकरणों में शरीर के सम्बन्ध में और भी बातें बतायेंगे।

—0—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुरुकुल में आयुर्वेद की पुरानी स्मृतियां और आयुर्वेद का भविष्य

डाक्टर इन्द्रसेन

जब गुरुकुल में स्वामी श्रद्धानन्द जी ने आयुर्वेद विषय की पढ़ाई प्रारम्भ की थी तो वह पर्याय विषय के रूप में थी। उस समय गुरुकुल तीन महाविद्यालयों में विभक्त नहीं हुआ था, एक ही महाविद्यालय था। अधिकारी परीक्षा को उत्तीर्ण करके विद्यार्थी किसी भी एक विषय को विशेष रूप से ले सकते थे। उनमें इतिहास, दर्शन, धर्म सिद्धान्त, रसायन आदि विषय पर्याय विषय थे। इसी तरह आयुर्वेद को भी पर्याय विषय नियत किया गया था। उस समय इस विषय को जो विद्यार्थी लेकर स्नातक हुए उन्हें विद्यालंकार की उपाधि ही दी गई। १९२५ ई० से पूर्व ऐसे कुछ ही स्नातक निकले। उनमें मुख्य रूप से जयदेव विद्यालंकार, अत्रिदेव विद्यालंकार, जन्मेजय विद्यालंकार, सुधन्वा विद्यालंकार आदि स्नातक हैं। उस समय आधारभूत संस्कृत (BASIC) का ज्ञान प्रत्येक विद्यार्थी को ऊंचा होता था। अधिकारी परीक्षा उत्तीर्ण करने तक वे संस्कृत साहित्य, व्याकरण, उपनिषद्, महाभारत, रामायण, दर्शन आदि का अध्ययन कर चुकते थे। आर्यभाषा अर्थात् हिन्दी में भी उनकी योग्यता उच्च स्तर की होती थी। परिणामस्वरूप इन स्नातकों ने मुख्यतः सुश्रुत, चरक आदि वैद्यग्रन्थों के सुन्दर सुबोध एवं प्रामाणिक हिन्दी अनुवाद किये। इनमें जयदेव विद्यालंकार जी का नाम विशेषरूपेण उल्लेखनीय है।

इसी समय महाविद्यालय में डा० राधाकृष्ण जी आ चुके थे और गुरुकुल के आजीवन सदस्य भी बन चुके थे। उन का प्रभाव ऐसा हुआ कि उन्होंने डाक्टरी के बहुत से विषयों को अपनी हिन्दी में लिखाना शुरू किया। इसी के परिणामस्वरूप अत्रिदेव जी विद्यालंकार के अनेकों डाक्टरी विषयों पर हिन्दी में साहित्य लिखने में सफल प्रयत्न हुए और पर्याप्त रूप से विख्यात हुए।

बाद में जब आयुर्वेद महाविद्यालय अपनी पृथक् सत्ता में आया तो उस समय गुरुकुल में एक और परिवर्तन आया। पं० जनकदेव जी ने गुरुकुल आयुर्वेदिक फार्मेसी की स्थापना की। गुरुकुल धार्मिक संस्था है। इसलिए जनता में यह विश्वास होना कि गुरुकुल आयुर्वेदिक फार्मेसी की औषधें पूर्णरूपेण शास्त्रीय विधि के अनुसार तैयार की हुई होंगी स्वाभाविक ही था। अतः गुरुकुल फार्मेसी उन्नतिशील हुई। इसी दौरान डा० आर्यन ने अपना भीमसेनी सुरमे का नुस्खा भी गुरुकुल को दिया। वह भी अच्छी औषध होने से गुरुकुल फार्मेसी की उन्नति में सहायक हुआ। इस फार्मेसी का प्रभाव यह हुआ कि उस समय के कई स्नातकों ने गुरुकुल से उत्तीर्ण होकर फार्मेसियाँ स्थापित कीं। उनमें रणधीर जी आयुर्वेदालंकार, दिलीप जी आयुर्वेदालंकार आदि के नाम उल्लेखनीय हैं।

इस फार्मेसी का एक यह भी लाभ हुआ कि कई स्नातकों ने फार्मेसी की एजेन्सियाँ आदि लीं जो उनकी आजीविका का उत्तम साधन बना।

इस समय के आयुर्वेद महाविद्यालय और उस समय के आयुर्वेद महाविद्यालय में बहुत अन्तर है। इस समय आयुर्वेद के स्नातकों का अधिक ध्यान नौकरी और अपनी प्रैक्टिस की ओर है।

मैं कह रहा था कि कुछ स्नातक निकले जिन्होंने फार्मेसियाँ खोलीं। इसके बाद एक वह समय आया कि जब यहाँ के स्नातकों में और पढ़ने की प्रवृत्ति जागृत हुई। उस समय हमारा गुरुकुल

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मान्य नहीं था। इसलिए ऊंचे स्तर की पढ़ाई के लिए बहुत अड़चनें थीं। प० धर्मदत्त जी का और अन्य डाक्टर प्रोफेसरों का और बाहर से आने वाले डाक्टरों जैसे डाक्टर खेड़ा जी आदि के प्रभाव से यह प्रवृत्ति जागृत हुई। वैद्य धर्मदत्त जी जैसा कि आज सारे वैद्य जगत् को ज्ञात है अनथक विद्यार्थी हैं। इन्होंने गुरुकुल से विद्यालंकार और सिद्धान्तालंकार दोनों उपाधियों को प्राप्त किया। और किसी स्नातक ने दो अलंकारों की उपाधि नहीं प्राप्त की हैं। तदनन्तर ये मद्रास में गये। वहाँ से डा० लक्ष्मीपति जी के शिक्षणालय में आयुर्वेद की शिक्षा प्राप्त की और आयुर्वेद भूषण की उपाधि प्राप्त की। फिर आकर करीबन १९२३ ई० में उपाध्याय पद पर नियुक्त हुए (मैं सब कुछ अपनी याद से लिख रहा हूं)। उस समय मैं उनसे पढ़ता था। यह डा० राधाकृष्ण जी के डाक्टरी के लैक्चरों में विद्यार्थी बन कर बैठ जाते थे। इन्होंने बड़ी लगन से डाक्टरी का स्वाध्याय, जो हो सकता था किया, उसी के फलस्वरूप इन्होंने बाद में अपनी अद्वितीय मैडिसिन की पुस्तक लिखीं, जैसी कि इस समय और कोई नहीं है।

इस काल में डा० धर्मानन्द, डा० बलराम, डा० इन्द्रसेन आदि हुए। जिन्होंने स्वदेश व विदेश से डाक्टरी की स्नातक व स्नातकोत्तर परीक्षायें उत्तीर्ण कीं। इनमें डा० बलराम जी का नाम विशेषरूपेण उल्लेखनीय है। वे जर्मनी गये। वहाँ उन्होंने कहा कि मुझे स्नातकोत्तर परीक्षा देने की अनुमति दो। इस पर उस देश वालों ने संकोच किया। तब इन्होंने समझाया कि वे एक स्वाधीन भारतीय संस्था के स्नातक हैं इत्यादि। इस समझाने और एक आयुर्वेदालंकार के जर्मनी से सर्वप्रथम एम० डी० करने का श्रेय उन्हीं को है।

इसके बाद १९३२ में मैंने गुरुकुल में आयुर्वेद वाटिका लगाई। इसको लगाने के लिए उस समय के मुख्याधिष्ठाता श्री देवराज जी सेठी ने प्रेरित किया। बाद में इस वाटिका लगाने का भी प्रभाव यह हुवा कि रामेश बेदी आयुर्वेदालंकार बूटियों की रिसर्च में सर्वोच्च पद तक भारतीय अनुसन्धान विभाग में पहुंचे। और कई स्नातक इस समय कच्ची औषधों के व्यापारी भी हैं जैसे श्री रघुनाथ जी।

इसके बाद गुरुकुल के कई स्नातकों ने अध्यापन की दिशा पकड़ी। वे आयुर्वेद महाविद्यालयों में अध्यापन का कार्य करते रहे और कई अब भी कर रहे हैं। इसमें डा० नित्यानन्द, डा० इन्द्रसेन (१९३८-३९-४० ने गुरुकुल में अध्यापन का कार्य किया) श्री पुरुषोत्तमदेव, श्री अनन्तानन्द जी, श्री विनय जी, श्री ब्रह्मदत्त जी आदि के नाम उल्लेखनीय हैं।

इसके बाद के गुरुकुल के आयुर्वेद के स्नातकों की गतिविधियों से मैं कम अभिज्ञ हूं। इसलिए इस विषय को यहीं छोड़ता हूं।

अब मैं कुछ इस समय की आयुर्वेद की स्थिति पर प्रकाश डालना चाहता हूं। इस समय मैडिकल कौलिजों में दाखिला मिलना बहुत कठिन हुआ हुआ है। दूसरी ओर अनेकों डाक्टरों के और वैद्यों के सुपुत्र जो अपने पैत्रिक पेशे में ही रहना चाहते हैं रह नहीं सकते हैं। और इसके अतिरिक्त भी अनेकों विद्यार्थी डाक्टरी को पढ़ना चाहते हैं। चूंकि इन आयुर्वेदिक कालिजों में आयुर्वेद के साथ कुछ न कुछ डाक्टरी पढ़ाई जाती है इस लिये वे अगर डाक्टरी के कालिजों में प्रवेश न मिले तो इन्हीं में प्रविष्ट होने में अपना लाभ समझते हैं।

यदि इन विद्यार्थियों को कहा जाय कि आप उन विद्यालयों में प्रवेश प्राप्त करें जो केवल आयुर्वेद ही पढ़ाते हैं तो वे उनमें प्रवेश प्राप्त करने में अपना हित नहीं मानते हैं। और इन कालिजों में तो २-२ या ३-३ हजार तक रुपये देकर भी प्रविष्ट होने को तैयार होते हैं। यहाँ तक न्यूनतम प्रतिशत

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तक प्राप्त अंकों की संख्या का स्तर ५७ प्रतिशत आ चुका है। जो कि फर्स्ट डिविजन ही समझें। मैडिकल कालिजों में ये स्तर १० प्रतिशत और ऊंचा है। इस १० प्रतिशत के बीच वाले विद्यार्थी इन कालिजों में प्रवेश पा रहे हैं।

दूसरी ओर गवर्नमैंट भी इन कालिजों के स्नातकों को गवर्नमैंट की नौकरी देने को तैयार है। जनता आयुर्वेद की उन डिस्पैंसरियों को अपने गाँवों में खुलवाना चाहती है जिनमें दोनों प्रकार की चिकित्सा होती हो। यदि शुद्ध आयुर्वेद की चिकित्सा कर दी जाय तो गाँव वाले माँग करते हैं कि उन्हें डाक्टरी डिस्पैन्सरी दो। यह बात मैंने हैल्थ मिनिस्टरों के मुंह से सुनी है।

एक ओर तो इन की माँग बढ़ गई है, दूसरी ओर मैडिकल कालिज से पास स्नातक इन गाँवों में जाने को तैयार नहीं हैं। सो इसलिए दोनों तरफ से रास्ता इन स्नातकों के लिए खुल जाता है। जनता भी माँग करती है और डाक्टर भी नहीं जाना चाहते।

इसका एक और प्रभाव पड़ रहा है, वह यह कि चिकित्साधिकारी के लिए और आयुर्वेद कालिजों में अध्यापकों की नियुक्ति के लिए स्नातकोत्तर उपाधि आवश्यक हो गई है। और स्नातकोत्तर उपाधि देने वाली संस्थायें गिनी चुनी हैं। और वह भी जनरल प्रैक्टिशनर नहीं निकाल रही है। मैं नहीं कह सकता कि उन की स्नातकोत्तर उपाधि आयुर्वेद के उपाध्यायों के लिए या चिकित्साधिकारी के लिए कितनी उपादेय होगी। पर जहाँ कितने ही प्रत्याशी हों यह निर्णय तो आखिर करना ही होता है कि किसको लेवें। सो स्नातकोत्तर उपाधि इस निर्णय को अवश्य प्रभावित करती है।

आयुर्वेद कालिजों में पढ़ाने वाले मुख्यतः अक्रियाशील उपाध्याय ही देखने में आते हैं। उनका क्रियात्मक ज्ञान बहुत कम होता है। यदि कोई आयुर्वेदीय प्रसूतिविज्ञान पढ़ा रहा है तो वह क्रियात्मक तौर पर प्रसूतियाँ नहीं करवा रहा। यदि कोई न्याय वैद्यक पढ़ा रहा है तो उसने न्याय वैद्यक की प्रेक्टिस नहीं की, न मरणोत्तर शव परीक्षायें ही स्वयं की हैं। यदि कोई आयुर्वेदीय शल्य पढ़ाता है या आयुर्वेदीय शालाक्य पढ़ाता है तो वह इस शास्त्र में प्रैक्टिकल कार्य कर ही नहीं रहा होता। इसलिए पढ़ाई क्रियात्मक न रहकर किताबी ही केवल हो जाती है।

किसी समय में डाक्टरी में लाइसैन्शियेट हुवा करते थे। पर उन्होंने एम. बी. बी. एस. ग्रेजुएट का मुकाबला करना शुरू किया, जिसकी प्रतिक्रियास्वरूप उस लाइसैन्शियेट् के पढ़ाई को सर्वथा ही बन्द करना पड़ा।

अब यह भी देखना है कि आयुर्वेद का भविष्य क्या है? इस समय जनता के अन्दर आयुर्वेद पढ़ने की और विशेषतः मिश्रित आयुर्वेद (एलोपैथी और आयुर्वेद दोनों) पढ़ने की बड़ी उत्कण्ठा है। हर साल इस प्रकार के विद्यार्थी दुगने हो रहे हैं। इस साल हरियाणा में विद्यार्थियों की संख्या २५० करनी पड़ी है। पिछले साल यह संख्या २४० थी और अब ४६० या ५०० पहुंच गई है। इस प्रकार आने वाले ४-५ सालों में आयुर्वेद संसार में बड़ा भारी परिवर्तन आने की संभावना है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रोगनिदान के विशेष विज्ञानोपाय और यन्त्रप्रामाण्य

आचार्य ब्रह्मदत्त शर्मा आयुर्वेदालंकार

'रोग का अर्थ'—

'रुजतीति रोगः।' अर्थात् जो रुजा उत्पन्न करे वह 'रोग' है। 'रुजा' का अर्थ है, वेदना-कष्ट-पीडा-तकलीफ।१ यथा—शिरोरुजा, उदरशूल, सन्ताप एवं कष्टजनक 'ज्वर', उदरोत्सेध-आदि व्यथाएं करने वाला 'जलोदर', आदि। यहाँ 'रोग' की निष्पत्ति 'रुज वेदनायाम्—' धातु से हुई है।

परन्तु 'रुजो भंगे'—धातु से भी 'रोग' की निष्पत्ति होती है। तब 'रोग' का अर्थ बनेगा, 'शरीर का वह भाव-क्रिया या अवस्था जिसमें स्वास्थ्य की अविच्छिन्न बहती धारा में भंग या बाधा अथवा व्याघात उपस्थित होजावे।' शरीर में दोष-अग्नि धातु-मल एवं विविध क्रियाएं स्वस्थावस्था में सम रहती हैं परन्तु रोगावस्था में इनके व्यापार में भंग या व्याघात उपस्थित हो जाता है। उदाहरणार्थ—अग्नि द्वारा पाचन-क्रिया यथावत् नहीं हो पाती, कम या अधिक या गलत रूप में होती हैं; ग्रहणीकला (पित्तधरा-अग्निधरा षष्ठी कला) में पाचन-क्रिया के इस भंग या वैषम्य को 'ग्रहणीरोग' कहेंगे; हस्त-पाद-आदि अंगों के स्वाभाविक स्पर्श-आदि-संज्ञाओं एवं उत्क्षेपण-अवक्षेपण-आदि क्रियाओं के व्यापार में भंग या विलोप को 'पक्षाघात२ कहेंगे; आदि-आदि।

'रोग' का स्वरूप—

दोषों की विषमता को 'रोग' कहते हैं।३ ये वातादि दोष वस्तुतः शरीर के घटक४ भी हैं तथा कार्यकर्ता भी।५ इसका अभिप्राय यह बना कि वातादि दोष प्राकृत अवस्थामें रहने पर शरीर के उपादान घटक (अर्थात् 'धातु') भी होते हैं तथा कर्मसंचालक भी; और, जब विकृत अवस्थामें हों तो रोग के रूप में शरीर को हानि पहुंचाते हैं।६ अर्थात्, पञ्चमहाभूतजनित ये वातादि दोष प्राकृत-रूप में स्वस्थ शरीर के उपादान होते हैं तथा वैकृत रूप में रोग या व्याधि के उपादान। दूसरे शब्दों में, पंचमहाभूत-त्रिदोष-रूप जिन उपादानों के प्राकृत-रूप ('सम्पत्) से शरीर बना है, उन्हीं के वैकृत-रूप ('विपत्') से रोग घटित होता है।७ वात-पित्त-कफ एवं रज यदि अपनी

---

१. "रोगशब्देन च रुजाकर्तृत्वम् (दर्शयति)" (चक्रपाणिटीका। चरक। निदान १।५)।

२. 'हन्ति पक्षं, तमाहुर्हि पक्षाघातम् भिषग्वराः॥ यस्य कृत्स्नं शरीरार्धमकर्मण्यमचेतनम्।' (सुश्रुत। निदान। १।६१–६२)।

३. 'रोगस्तु दोषवैषम्यम्' (अष्टाँगहृदय। सूत्र १।२०)।

४. 'नर्ते देहः कफादस्ति न पित्तान्न च मारुतात्। शोणितादपि वा नित्यं देह एतैस्तु धार्यते॥' (सु.।सू.।२१।४)।

५. 'विसर्गादानविक्षेपैः सोमसूर्यानिला यथा। धारयन्ति जगद्, देहं कफपित्तानिलास्तथा॥' (सु.।सू.।२१।८)।

६. 'वायुः पित्तं कफश्चेति त्रयो दोषाः समासतः। विकृताविकृता देहं घ्नन्ति ते वर्तयन्ति च॥' (अष्टाँगहृदय। सूत्र।अ० १)।

७. (क) 'येषामेव हि भावानां सम्पत्संजनयेन्नरम्। तेषामेव विपद् व्याधीन् विविधान् समुदीरयेत्॥' (चरक। सूत्र २५।२९)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मात्रा से घट जावें या बढ़ जावें अथवा इनके अपने गति-पचन-पोषण-प्रभृति कर्मों में हीनता-वृद्धि या गलती (मिथ्यात्व) हो जावे तो रोग हो जायगा। इन्हीं उपादानात्मक एवं कर्मात्मक विषमताओं के तर-तम-भेद से विविध व्याधियों की उत्पत्ति होती है जिनके पृथक् पृथक् लक्षण शास्त्र में वर्णित हैं।

शरीर के घटक या 'धातु' केवल वातादि दोष ही नहीं हैं, अपितु रसादि सात दूष्य तथा मूत्र-पुरीष-स्वेद ये तीन मल भी शरीर धारण का कार्य करते हैं[1] इसीलिए वातादि तीन दोष, रसादि सप्तदूष्य एवं मूत्रादि तीन मल ये सभी १३ भाव या द्रव्य शरीर-धातु कहलाते हैं। इन तेरहों धातुओं का प्राकृत रूप स्वस्थ शरीर का उपादान होता है तथा वैकृत-विक्रियात्मकरूप होने पर (Anatomically, Physiologically, Pathological) रोग का उपादान वनता है।

प्राकृत या 'सम्पत्'-रूप वाले इन धातुओं-उपादानों (वातादि त्रिदोष, रसादि सप्तदूष्य एवं पुरीषादि त्रिमल) का अपना-अपना विशिष्ट मूर्त-रूप एवं स्पष्ट कार्य होता है, जिसके कारण इनमें से प्रत्येक 'भाव' एक विशिष्ट 'घटक' एवं कार्यकर्ता' रूप में प्रत्यक्ष होता है। प्रत्येक का अपना विशेष मूलाधिष्ठान भी होता है। प्रत्येक का ऐसा विस्तृत पृथक्-पृथक् वर्णन शास्त्र में दिया हुआ है।

उदाहरणार्थ--'व्यान-वायु' सर्वशरीरग है, सर्व-शरीर की धमनियों—वातनाडियों में रहता है और उत्क्षेपण-अवक्षेपण-आकुञ्चन-प्रसारण-उन्नमन- विनमन-आदि गतियाँ कराता है; 'रञ्जक पित्त' लाल रंग का होता है, यकृत्-प्लीहा-अस्थिमज्जा में रहता है तथा आप्य रस धातु को रंजित करके रक्त धातु वना देता है, 'श्लेषक कफ' जलाभ परन्तु श्लक्ष्ण स्वरूप का होता है, सन्धियों में रहता है तथा सन्धि पृष्ठों पर श्लक्ष्णता वनाये रख कर संघर्ष-रहित श्लक्ष्ण गति को सम्भव करता है; 'रसधातु' आप्य स्वरूप का होता है, समग्र शरीर की रसवाहिनियों में संचार करता है[2] तथा आहार-रस से प्राप्त तत्तत् प्रकृति वाला पौष्टिक तत्त्व शरीर के तत्तद् भूत तथा धातु को प्रदान करके समग्र शरीर का प्रीणन करता है; 'रक्तधातु' का रंग चटख-लाल, अधिष्ठान प्लीहा-यकृत् है, और यह समग्र धातुवृद्धि में 'निमित्त' (उपादान नहीं) का कर्म करता है;[3] 'मूत्र' का स्वरूप पीताभ जलीय एवं अधिष्ठान वस्ति है तथा यह शरीर में से विलेय किट्ट को बाहर निकालने का कर्म करता है; आदि-आदि। इन सबके स्वरूप-अधिष्ठान-वर्ण-कर्म आदि को हम इन्द्रियों से प्रत्यक्ष कर सकते हैं तथा कुछेक को अनुमानादि प्रमाणों से भी जान सकते हैं।

इसी प्रकार, इन धातुओं-उपादानों के वैकृत या 'विपन्न' रूप जहाँ रोगजनक होते हैं वहाँ अपने क्षीणता-वृद्धि-आदि विकृति एवं विक्रिया वाले

(ख) "येषामिति यज्जातीयानाम्, ते च महाभूतादयः। तेन महाभूतत्वेनैव वातादीनां ग्रहणम्। सम्पदिति प्रशस्तगुणता। नरमित्ति संयोगिपुरुषम्। विपदिति वैगुण्यम्। समुदीरयेदिति जनयेत्।" (चक्रपाणिटीका। चरक। सूत्रा। २५। २६)।

१. 'दोषधातुमलमूलं हि शरीरम्।' (सुश्रुत। सूत्र। १५। ३)।

---

२. 'व्यानेन रसधातुर्हि विक्षेपोचितकर्मणा। युगपत्सर्वतोऽजस्रं देहे विक्षिप्यते सदा॥' (चरक। चि० १५।३६)।

३. 'त एते शरीरधारणाद् धातव इत्युच्यन्ते॥२०॥ तेषां क्षयवृद्धी शोणितनिमित्ते"..॥२१॥' (सुश्रुत। सूत्र।१४।२०-२१)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विशिष्ट स्वरूप में भी विशेष प्रकार से इन्द्रिय-प्रत्यक्ष एवं अनुमानादिगम्य होते हैं। उदाहरणार्थ—'व्यानवायु' की विपन्नता के कारण ग्रस्त शरीराँग में विसंज्ञता-अचेतनता-अकर्मण्यता-आक्षेपक-अपतानक धनुःस्तम्भ-पक्षाघात-आदि विकार प्रत्यक्ष दीखते हैं; 'रंजकपित्त' की विपन्नता से नखनयन-आनन-पाणितल-आदि में पाण्डुरता एवं पाण्डुरोग-आदि अथवा नखादि में एवं मूत्र में पीतवर्णता एवं कामला-रक्तपित्त-आदि को तथा विकृत पित्त को हम देख सकते हैं, आदि-आदि।

रोगनिदान और उसके उपाय—

'देखना', अर्थात्—जानना। ज्ञानेन्द्रियों से उपलब्ध करना। यथा—दृश्य भाव को चक्षु से ग्रहण करना (लाल-पीले-नीले-आदि रंगों वाले स्थूल-सूक्ष्म-आदि स्वरूप वाले भावों को); श्रव्य ध्वनि को कान से सुनना (उदर में गुडगुडाहट-आटोप-आदि को; अच्छे बुरे गन्धों को नाक से सूंघना (मद्यप-मधुमेही-दुष्टपूतिव्रणी-पुष्पितक-कुणप-आदि के गन्धों को); शीत-उष्ण-खर-श्लक्ष्ण-कठिन-मृदु-आदि स्पर्शों को त्वचा से ग्रहण करना; तथा मधुरता-अम्लता-तिक्तता-विषजुष्टता-आदि रससम्बन्धी ज्ञान अपनी अथवा रोगी की अथवा पिपीलिका-कुक्कुर-आदि की रसनेन्द्रिय द्वारा प्राप्त करना। पाँचों ज्ञानेन्द्रियाँ इस प्रकार रोगनिदान में सहायक होती हैं। यों तो प्रत्येक ज्ञानेन्द्रिय की अपनी क्रिया का एक विशिष्ट नाम है (यथा—चक्षु का दर्शन, कर्ण का श्रवण, नासिका का सूंघना, त्वचा का स्पर्शन तथा जिह्वा का रसग्रहण), परन्तु इन पाँचों में दर्शनेन्द्रिय प्रधान एवं व्यापकतम होने के कारण सभी ज्ञानेन्द्रियों के ज्ञान (या, कर्म) का अन्तर्भाव सामूहिक रूप में 'दर्शन' या 'देखना' में हो जाता है।

इस 'देखना' की शास्त्रीय संज्ञा है, 'प्रत्यक्ष', जिसका अर्थ है, 'इन्द्रिय का इन्द्रियार्थ के साथ सीधा अव्यवहित सम्पर्क होने पर प्राप्त हुआ अव्यभिचरित-अव्यपदेश्य-व्यवसायात्मक१ ज्ञान'।१ दूसरे शब्दों में, 'आत्मा-मन-इन्द्रिय-इन्द्रियार्थ इस प्रकार क्रमवद्ध शृंखला में सन्निकृष्ट सम्पर्क स्थापित होने पर तत्काल प्राप्त होने वाला ज्ञान प्रत्यक्ष कहाता है।२ इस प्रक्रिया में इन्द्रियाँ स्वयं सीधा सम्पर्क स्थापित कराके ज्ञान कराती हैं।३ 'स्वयं' का अभिप्राय है कि आत्मा स्वयं इस ज्ञान को ग्रहण करता है और इन्द्रियों को किसी बाह्य ज्ञानोपाय की आवश्यकता नहीं होती तथा सम्पर्क भी सीधा ही होता है।४ मन और आत्मा द्वारा गृहीत सुख-दुःखादि भी प्रत्यक्ष कहाते हैं।५

---

१. 'इन्द्रियार्थसन्निकर्षोत्पन्नं ज्ञानमव्यपदेश्यमव्यभिचारि व्यवसायात्मकं प्रत्यक्षम्।' (न्यायदर्शन। १।४)।

२. 'आत्मेन्द्रियमनोर्थानाँ सन्निकर्षात् प्रवर्त्तते। व्यक्ता तदात्वे या बुद्धिः 'प्रत्यक्षं' सा निरुच्यते॥' (चरक। सूत्र ११। २०)।

३. 'प्रत्यक्षं तु खलु तद्यत् स्वयमिन्द्रियैर्मनसा चोपलभ्यते।' (चरक। विमान। ४।४)।

४. (क) "स्वयमिन्द्रियैर्मनसा चेत्यनेन यदात्मनेन्द्रियैश्चक्षुरादिभिरव्यवधानेन गृह्यते रूपादि तत् प्रत्यक्षमिति बाह्यम् प्रत्यक्षं गृह्णाति।" (चक्रपाणिटीका। चरक। विमान। ४।४)।

(ख) "स्वयमुपलभ्यत इति साक्षादुपलभ्यते।" (चक्रपाणिटीका। चरक। विमान। ८।३९)।

५. (क) 'प्रत्यक्षं नाम तद् यदात्मना चेन्द्रियैश्च स्वयमुपलभ्यते; तत्रात्मप्रत्यक्षाः सुख-दुःखेच्छाद्वेषादयः, शब्दादयस्त्विन्द्रियप्रत्यक्षाः।' (चरक। विमान। ८।३९)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रोग के पञ्चांग और त्रिविध विशेषविज्ञानोपाय–

किसी ज्ञेय भाव के समग्रशः ज्ञानार्थ हमें उसके विविध अंगों का ज्ञान प्राप्त करना आवश्यक होता है। उदाहरणार्थ–– हाथी की स्थूणाकार स्तम्भाकार टाँगों, बड़े ढोल-जैसे उदर, पंखे या छाज जैसे कानों, लटकती हुई विशाल सूंड-आदि अंगों का ज्ञान होने पर ही हाथी का व्यवस्थित ज्ञान प्राप्त होता है। इसी प्रकार, रोग के व्यवस्थित ज्ञान के लिए पाँच अंग निर्धारित हैं; तद्यथा–– निदान, पूर्वरूप, रूप, संप्राप्ति तथा उपशय। इन पाँचों रोगांगों का स्पष्ट ज्ञान होने पर ही रोग का व्यवस्थित ज्ञान होता है। ये रोग के पाँच विज्ञेय भाव हैं।१ विविध विधियों से हम इनका ज्ञान प्राप्त करके रोग का निदान, निर्णय या विनिश्चय करते हैं।

रोग के निदान, निर्णय अथवा विनिश्चय में सहायक ज्ञान को प्राप्त कराने वाली इन विधियों को रोग के विशेष विज्ञानोपाय कहा जाता है। इनकी संख्या चरकसंहिता में तीन बतायी गयी है, तद्यथा–– आप्तोप्रदेश, प्रत्यक्ष और अनुमान।२

आप्तोपदेश––

इनमें से 'आप्तोपदेश' का अर्थ है, आप्त व्यक्ति का वचन। 'आप्त' उस व्यक्ति को माना जाता है जो रज-तम से सर्वथा रहित हो, अपने तप एवं ज्ञान के बल से जो भूत-भविष्य-वर्तमान के प्रत्येक भाव को स्पष्ट रूप में देख-जान सकता हो, यहाँ तक कि दीवार-आदि व्यवधानों के पार भी जिसके ज्ञान-चक्षुओं की स्पष्ट गति हो, जिसका ज्ञान अनिश्चय संशय-स्मृति-एकदेश-राग-द्वेष आदि दोषों से रहित निःसंशय एवं सर्वथा दो-टूक स्पष्ट हो। ऐसे आप्त व्यक्ति का वचन निर्दोष प्रमाण होता है।३ ऐसे आप्तोपदेश द्वारा हमें रोग के निदानादि सर्वांगों का तथा चिकित्सासूत्रों का स्पष्ट उपदेश प्राप्त होता है।४ शास्त्र में ये ही आप्तवचन हैं। इन वचनों के पीछे ऐसे त्रिकालदर्शी, अव्याहतज्ञानी, रज-तम-रहित, शुद्ध-बुद्ध-निर्मुक्त-क्रान्तदर्शी आप्त महापुरुषों का सतत-अवेक्षण-अनुभव-परिपुष्ट क्रान्तदर्शी सत्यज्ञान आधार रूप से स्थिर रहता है। इसी लिए 'आप्तो-

---

(ख) "मनसा चेत्यनेन च मनसाऽव्यवधानेन यदुपलभ्यते सुखादि।" (चक्रपाणि-टीका। चरक। विमान ४।४)।

१. (क) 'निदानं पूर्वरूपाणि रूपाण्युपशयस्तथा। संप्राप्तिश्चेति विज्ञानं रोगाणां पंचधा स्मृतम्॥'

(ख) 'रोगं निदानप्राग्रूपलक्षणोपशयाप्तिभिः' (अ०हृ०। सूत्र। १।२२)।

२. 'त्रिविधं खलु रोगविशेषविज्ञानं भवति; तद्यथा– आप्तोपदेशः, प्रत्यक्षम्, अनुमानं चेति।' चरक। विमान। ४।३)॥

३. (क) 'रजस्तमोभ्यां निर्मुक्तास्तपोज्ञानबलेन ये। येषां त्रिकालममलं ज्ञानमव्याहतं सदा॥ आप्ताः शिष्टा विबुद्धास्ते तेषां वाक्यमसंशयम्। सत्यं, वक्ष्यन्ति ते कस्मादसत्यं नीरजस्तमाः॥' (चरक। सूत्र।११।१८-१९)।

(ख) 'आप्ता ह्यवितर्कस्मृतिविभागविदो निष्प्रीत्युपतापदर्शिनश्च । तेषामेवं-गुणयोगाद्वचनं तत् प्रमाणम्।' (चरक। वि० ४।४)।

४. 'तत्रेदमुपदिशन्ति बुद्धिमन्तः–; रोगमेकैकमेवम्प्रकोपणमेवं योनिमेवमुत्थानमेवमात्मानमेवमधिष्ठानमेवं वेदनमेवंसंस्थानमेवंशब्दस्पर्शरूपरसगन्धमेवमुपद्रवमेवंवृद्धिस्थानक्षयसमन्वितमेवमुदर्कमेवंनामानमेवं योगं विद्यात्। तस्मिन्नियम् प्रतीकारार्थो प्रवृत्तिरथ वानिवृत्तिरित्युपदेशाज्ज्ञायते।' (चरक। विमान। ४।६)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पदेश' को सर्वप्रथम रोगविशेषविज्ञानोपाय माना गया है।

यह आवश्यक नहीं कि ऐसे 'आप्त' व्यक्ति केवल सुदूर भूतकाल में ही हुए हों। और, यह भी आवश्यक नहीं कि सभी 'आप्त' एक समान स्तर वाले रहे हों; उनमें भी तर-तम-विशिष्ट सापेक्षता माननी पड़ेगी, इसीलिए उनके उपदेशों में भी तर-तम-विशिष्ट सापेक्षता स्पष्ट देखी जा सकती है। निकट भूत तथा वर्तमान काल के कुछ आप्त सुप्रख्यात हैं; तद्यथा—स्वामी दयानन्द सरस्वती, महात्मा गान्धी, अरविन्द घोष, स्वामी विवेकानन्द, रामकृष्णपरमहंस, स्वामी रामतीर्थ, विनोबाभावे, आदि। आयुर्वेद के क्षेत्र में—आचार्य यादवजी त्रिकमजी, आदि।१ नवीन विज्ञान एवं चिकित्सा के क्षेत्र में—गेलिलियो, न्यूटन, आइन्स्टीन, सी० वी० रमण, जगदीशचन्द्र बोस, पास्तर, हाफ़किन, फीर्को, जेन्नर, पावलोफ़, ऐर्लिक, ऐडीसन, कोपर्निकस, हौयल, खुराना, प्रभृति। इनमें परस्पर तर-तम-कोटियाँ अवश्य हैं, पर वर्ग वही 'आप्त' का है। इनके द्वारा दिए हुए ज्ञान एवं उपदेशों की मान्यता हुई है।

'प्रत्यक्ष'-प्रमाण—

'आप्तोपदेश' की मान्यता एवं प्रामाणिकता के क्षेत्र में इतनी अधिक महत्ता है कि बहुधा इसे मन्त्र के समान परममान्य एवं अमीमांस्य भी कह दिया जाता है; परन्तु उस मन्त्रवत्—परममान्यता के पीछे आधार दो तथ्यों का होता है—प्रथम, ज्ञान या सैद्धान्तिक स्तर पर आगम या 'वेद' अथवा वेदार्थ विपरीत तत्समकक्ष मान्य शास्त्र२ द्वारा अनुमोदन तथा द्वितीय, क्रिया एवं व्यवहार में फलदर्शन। वस्तुतः आप्तता की कसौटियाँ कठिनतम कर देने भी तथा आप्तोपदेश की भी आगमसिद्धता तुला पर तोलने के बाद भी आयुर्वेद ज्ञान-विज्ञा की धारा को इतना अविच्छिन्न निर्बाध एवं स्वत (परन्तु 'निरंकुश' नहीं) क्षेत्र प्रदान करता है प्रत्यक्ष एवं अनुमान द्वारा भी रोगपरीक्षा करने मान्यता देता है।

इस रोगपरीक्षा की प्रक्रिया यह होती है कि रोग के कारण-निदान-पूर्वरूप आदि के सम्बन्ध में सैद्धान्तिक ज्ञान हमने आप्तोपदेश द्वारा प्राप्त कि है तदनुसार दर्शन-स्पर्शन-प्रश्न आदि द्वारा प्रत्य अनुमान-अन्वय-व्यतिरेक-आदि की पद्धति से ह परीक्षा एवं तर्कणा ऊहा करके निर्धारित करते हैं प्रस्तुत रोगी में रोग के अमुक लक्षण हैं, तथा अमु हेतुओं—पूर्वरूपों एवं सम्प्राप्ति की प्रक्रिया रही है इससे रोगनिश्चय होता है तथा चिकित्सा निर्धारित किया जाता है।

रोग के विशेष विज्ञान की इस परम्परा परीक्षा की दृष्टि से सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण स्थान 'प्रत्यक्ष' का। प्रत्यक्ष की परिभाषा हम पीछे दे आये हैं तथा यह भी देख आये हैं कि रोग के कौन कौन से भाव या लक्षण या चिन्ह प्रत्यक्षगम्य हो

---

१. यद्यपि आयुर्वेद के क्षेत्र में भी न्यूनाधिक आप्तता वाले अनेक महानुभाव निकट भूत तथा वर्तमान में हुए हैं तथा हैं, तथापि हमें वैद्यबन्धुओं में परस्पर द्वेषाधिक्य के कारण अहमहमिका—वितण्डा शुरू होजाने के भय से नाम गिनाना उचित नहीं है।

२. 'तत्राप्तागमस्तावद्वेदः, यश्चान्योऽपि कश्चि द्वेदार्थादविपरीतः परीक्षकैः प्रणीतः शिष्टा मतो लोकानुग्रहप्रवृत्तः शास्त्रवादः, स चा गमः।' (चरक। सूत्र। ११।२७)

३. 'एष आगमसिद्धत्वात्तथैव फलदर्शनात्॥ म वत्सम्प्रयोक्तव्यो न मीमाँस्यः कथंचन।' (सु.। चि.। १।७५-७६)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हैं। प्रत्यक्ष द्वारा 'दृष्ट' या 'गृहीत भाव 'प्रायः' निःसंशय होता है; इसीलिए किसी विषय के संशयाच्छन्न होने पर प्रत्यक्ष द्वारा उसे पुष्ट किया जाता है। 'हाथकंगन को आरसी क्या ?'—वाली कहावत भी प्रत्यक्ष की महत्ता बताती है। परन्तु प्रत्यक्ष की यह महत्ता तथा निःसंशयता तभी तक है जब तक कि द्रष्टा की इन्द्रियाँ (ज्ञानेन्द्रियाँ) स्वस्थ-समर्थ हों तथा ऊहा एवं तर्कणाशक्ति भी अविप्लुत-अविकृत हो।

ज्ञानोपायों में 'प्रत्यक्ष' की महत्ता एवं निःसंशयता अवश्य बहुल है, परन्तु व्यापकता अधिक नहीं। वस्तुतः प्रत्यक्ष क्षेत्र बहुत ही सीमित होता है। जिन इन्द्रियों से हम प्रत्यक्ष-दर्शन-ग्रहण करते हैं, वे स्वयं भी प्रत्यक्ष नहीं होतीं। यहाँ तक कि जो भाव सत्तावान् एवं प्रत्यक्षगम्य हैं वे भी अतिसान्निध्य, अतिविप्रकर्ष, कुड्या-यवनिका-आदि-जनित आवरण एवं व्यवधान, कामला-विकार-आदि-जनित इन्द्रियवैकल्प—दौर्बल्य, मानसिक अनवधानता, अतिसूक्ष्मता, आदि के कारण प्रत्यक्ष-उपलब्ध नहीं हो पाते।१ अर्थात् प्रत्यक्ष का क्षेत्र अतिसीमित है। तो फिर ? ऐसी परिस्थितियों में रोग का विशेष विज्ञान कैसे होगा ? इसका उत्तर है——अप्रत्यक्ष या प्रत्यक्ष-अनुपलब्ध भाव के विशेष विज्ञानार्थ हमें आगम—-आप्तोपदेश, अनुमान एवं युक्ति का अवलम्ब लेना होगा।१ इनमें से आप्तोपदेश एवं आगम का विषय हम उपर देख आये हैं। 'अनुमान' का वर्णन नीचे कर रहे हैं।

'अनुमान'-प्रमाण——

'युक्ति' के आधार पर किये गये तर्क को अनुमान कहते हैं।२जिसके द्वारा परोक्ष या अप्रत्यक्ष का ज्ञान होता है।३ इसमें भी सर्वप्रथम प्रत्यक्ष के आधार पर गर्भ-मैथुन, फल-बीज, धूप-अग्नि का अविनाभाव-सम्बन्ध (जिसे दूसरे शब्दों में 'युक्ति कहते हैं)४ ज्ञात किया हुआ होता है; और इस व्याप्ति या युक्ति के आधार पर तर्क करके जो परोक्ष ज्ञान प्राप्त किया जाता है, उसे 'अनुमान' कहते हैं जो त्रिविध एवं भूत-भविष्यत्-वर्तमान इस प्रकार त्रिकालपरक होता है।५ उदाहरणार्थ—— हमने प्रत्यक्ष देखा है कि जहाँ जहाँ धूम होता है, वहाँ अग्नि अवश्य होती है तो 'धूम—अग्नि' इस व्याप्ति या अविनाभावी युक्ति के आधार पर धूम को देखते ही निगूढ अग्नि का भी अनुमान कर लेते हैं। इसी प्रकार, गर्भ को देखते ही हम भूतकालीन मैथुन का अनुमान कर लेते हैं। तीसरी ओर, बीज को देख कर हम अनागत भविष्यत्कालीन

---

१. 'प्रत्यक्षं ह्यल्पम्; अनल्पमप्रत्यक्षमस्ति, यदागमानुमानयुक्तिभिरुपलभ्यते; यैरेव तावदिन्द्रियैः प्रत्यक्षमुपलभ्यते, तान्येव सन्ति चाप्रत्यक्षाणि ।।७।। सताँ च रूपाणामतिसन्निकर्षादतिविप्रकर्षादावरणात् करणदौर्बल्यात् मनोऽनवस्थानात् समानाभिहारादभिभवादतिसौक्ष्म्याच्च प्रत्यक्षानुपलब्धिः ।।८।।' (चरक। सूत्र ११।७-८)।

१. 'प्रत्यक्षं ह्यल्पम्, अनल्पमप्रत्यक्षमस्ति,यदगमानुमानयुक्तिभिरुपलभ्यते।' (चरक।सूत्र ११।७

२. 'अनुमानं खलु तर्को युक्त्यपेक्षः'। (चरक। विमान। ४।४)।

३. 'अविनाभावजम् परोक्षज्ञानमनुमानमित्यर्थः।' (चक्रपाणिटीका। चरक। विमान। ४।४)।

४. 'युक्तिः सम्बन्धोऽविनाभाव इत्यर्थः'। (चक्रपाणिटीका। चरक। विमान ४।४)

५. 'प्रत्यक्षपूर्वं त्रिविधं त्रिकालं चानुमीयते।' "(येन तदनुमानम्)।" (चरक। सूत्र। ११।२१)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

फल का अनुमान कर लेते हैं।१ ये सब 'अनुमान' के उदाहरण हैं।

प्रमाणों में अनुमान का क्षेत्र सर्वाधिक व्यापक है। रोगनिदान के क्षेत्र में भी इसकी व्यापकता सबसे अधिक रहती है। उदाहरणार्थ--आतुरशरीर पर मक्खियाँ तथा मूत्र पर चींटियाँ अधिक जाने से मधुमेह का अनुमान; रक्तपित्त के सन्देह में यदि प्रस्रुत रक्त को कुत्ता-कौआ आदि न खावे तो रक्त पित्त का विनिश्चय; आदि।२ शरीर के कुछ प्राकृत भावों के ज्ञान में भी अनुमान सहायक होता है; तद्यथा--जरण-शक्ति से अग्नि का अनुमान, व्यायाम शक्ति से बल का, आदि।३

नाडी-मूत्र-मल-जिह्वा-आदि की परीक्षा, के द्वारा रोग का ज्ञान भी अनुमान के क्षेत्र में आता है। उदाहरणार्थ--नाड़ी में सर्पमण्डूक-आदि की गति को देख कर हम विकृत-क्षीण-प्रवृद्ध वातादि दोषों को, बल्कि कभी-कभी सीधे रोग को भी, पहचान लेते हैं; मूत्र के वर्ण-गन्ध-घनत्व-निक्षेप-तैलपरिसर्पण-आदि के द्वारा भी हम विविध रोगों का निदान कर लेते हैं (इस विषय में 'सचित्र आयुर्वेद' के जनवरी-७४ से अगस्त-७४ तक चार लेख श्री वैद्य हरिदास जी श्रीधर कस्तूरे प्रकाशित कर चुके हैं; वे दर्शनीय हैं); मल एवं जिह्वा की परीक्षा के द्वारा भी हम रोगनिदान अनुमानपद्धति से कर सकते हैं। जामनगर की केन्द्रीय आयुर्वेदान्वेषण संस्था में निरन्तर दर्शनपरक मलपरीक्षा एवं नख नयन-परीक्षा द्वारा रोगनिदान करने की क्षमता का इतना सूक्ष्म एवं अचूक अभ्यास वहाँ के वैद्यों ने किया था कि वे रक्त में शोणवर्तुलि (हीमोग्लोबिन) की मात्रा तक ठीक-ठीक बता सकते थे। निरन्तर अभ्यास के द्वारा नाड़ी-मूत्र-मल-जिह्वा-नेत्र-नख आकृति आदि देख कर रोगनिदान करने की, और अचूक रूपमें करने की, क्षमताका विकास न्यूनाधिक रूप में आप्तता की सीमा तक अर्जित किया जा सकता है। इस दृष्टि से इनका मनोयोग एवं निष्ठापूर्वक विकास करने वाला प्रत्येक वैद्य आप्त की कोटि के समीप पहुंचता जाता है। वस्तुतः चिकित्सा के क्षेत्र में आयुर्वेद की तथा अभ्यास प्राणाभिसर वैद्य की यह उपलब्धि (जबकि बिना साधनों के ही रोगनिदान करने की तथा औषध भण्डारों के बिना सामान्य उपलब्ध जड़ी बूटी से ही सफल चिकित्सा करने की क्षमता अर्जित विकसित की जाती है) विज्ञान की सर्वोत्कृष्ट महनीय आदर्श विशेषता है। इस विशेषता का जितना विकास किया जायगा, उतना ही आयुर्वेद राष्ट्र एवं विश्व के लिए लाभकारी होता जायगा।

यन्त्र प्रामाण्य--

ऊपर हमने देखा है कि अतिसन्निकर्ष-अति विप्रकर्ष-आवरण-इन्द्रियवैकल्य-दौर्बल्य-मनोनवस्थान समानाभिहार-अभिभव-अतिसौक्ष्म्य-आदि के कारण प्रत्यक्षगम्य भाव-उपलब्ध नहीं होता। ऐसे भाव को देखने-पहचानने की दो विधाएं हो सकती हैं, तद्यथा--

---

१. 'वह्निर्निगूढो धूमेन मैथुनं गर्भदर्शनात्॥ एवं व्यवस्यन्त्यतीतं बीजात् फलमनागतम्। दृष्ट्वा बीजात् फलं जातमिहैव सदृशं बुधाः॥' (चरक। सूत्र। ११।२१-२२)।

२. यूकापसर्पणेन त्वस्य शरीरवैरस्यं, मक्षिकोपसर्पणेन शरीरमाधुर्यं, लोहितपित्तसन्देहे तु किं धारिलोहितं लोहितपित्तं वेति श्वकाकभक्षणाद् धारिलोहितम् अभक्षणाल्लोहितपित्तमित्यनुमातव्यम्।' (चरक। विमान। ४।७)।

३. 'इमे तु खल्वन्येऽप्येवमेव भूयोऽनुमानज्ञेया भवन्ति भावाः। तद्यथा--अग्निं जरणशक्त्या परीक्षेत, बलं व्यायामशक्त्या ..-।' (चरक। विमान ४।८)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१. **आगम**—आप्तोपदेश-अनुमान-युक्ति के द्वारा जानना। जिन ऋषियों ने निरन्तर अवेक्षण एवं ज्ञानचक्षुओं के द्वारा सत्य का साक्षात्कार किया है तथा जो इस ज्ञान को सर्वथा सत्य रूप में ही कहेंगे उनके उपदेश एवं आगमवाक्य द्वारा प्रामाणिक रूप में ज्ञान हमें होगा ही। परन्तु वह सैद्धान्तिक होगा। प्रस्तुत रोगी में उपस्थित भावों के द्वारा रोगनिदान के लिए हमें अनुमान का सहारा लेना होगा। परीक्षा एवं अनुमान के अभ्यास द्वारा हम ऐसी क्षमता का विकास कर सकते हैं कि रोग का सही-सही निदान नाड़ी-मूत्र-मल-नेत्र-नख-नयन-आनन आदि की परीक्षा द्वारा बिना प्रश्न-परीक्षा के ही कर सकें। यह आदर्श स्थिति है।

यह विधा आदर्श एवं महनीय तथा उपार्जनीय होने पर भी इसमें तीन कठिनाइयाँ हैं—(क) यह व्यक्तिपरक एवं आत्मपरक (सब्जैक्टिव) है, अभ्यासी वैद्य में ही विकसित होती है और सभी वैद्य या चिकित्सक इस क्षमता का उपार्जन नहीं कर सकते; (ख) व्यापक परीक्षणों के लिए यह विधा परदर्शनात्मक एवं परज्ञेय (डिमौंस्ट्रेटिव, आब्जैक्टिव) नहीं हो सकती; (ग) अभिभव (यथा—दिन दोपहरी में उल्कापात का दर्शन न हो पाना; उष्णजल में से निकले हाथ की अंगुलियों को रोगी के तापमान या ज्वर का यथावत् ज्ञान न हो पाना) आदि के कारण हमारी यह क्षमता कभी-कभी धोखा खा जाती है।

२. **यन्त्र की सहायता से जानना**। इस विधा में प्रथम विद्या के तीनों दोषों का निराकरण हो जाता है। उदाहरणार्थ—थर्मामीटर या तापमापकयन्त्र सभी अवस्थाओं में शरीर का सही तापमान बतावेगा, अभिभव का दोष उसे नहीं लगेगा और ना ही व्यक्तिपरक एवं आत्मपरक (सब्जैक्टिव) होगा। वक्षस् में विद्यमान विकृतियाँ ध्वनियों के विविध रूपों में स्टैथोस्कोप यन्त्र से प्रत्यक्ष होंगी। अत्यन्त समीप या दूर वाले अथवा अतिसूक्ष्म भाव विविध शक्तियों के ताल वाले अणुवीक्षणयन्त्र एवं दूरवीक्षणयन्त्र से प्रत्यक्ष स्पष्ट दीखेंगे। समानाभिहार की त्रुटि का भी निवारण विविध रंजक माध्यमों एवं अणुवीक्षणयन्त्र की सहायता से हो जायेगा। आवरण आदि का प्रतीकार भी क्षकिरणयन्त्र लेज़र-आदि की सहायता से होगा। यकृत्-हृदय विविध ग्रन्थि-अर्बुद-आदि की बायौप्सी परीक्षा द्वारा हम रोग की गहराई तक पहुंच सकेंगे।

इस सारे विवेचनसे हमारा प्रयोजन यह बताने का है कि यद्यपि आयुर्वेद के लिए, बल्कि सारे विश्व के लिए, रोगनिदानार्थ आदर्श विधा यह है कि बिना यन्त्रों की सहायता के ही वैद्य या चिकित्सक उस क्षमता का उपार्जन एवं विकास करे जिसके द्वारा नाड़ी आदि की परीक्षा से ही अचूक निदान कर सके; परन्तु आदर्श सदा सुलभ नहीं होता तथा कुछ गिने चुने वैद्यों को छोड़कर ९९.९ प्रतिशत वैद्य चिकित्सक ऐसी क्षमता का उपार्जन नहीं कर पायेंगे तथा व्यापक परदर्शनात्मक-परज्ञेय परीक्षणों के लिए वह विधा व्यावहारिक नहीं होगी, अतः यन्त्रप्रामाण्य की भी मान्यता रखनी होगी। आयुर्वेद के लिए यन्त्र कोई नई चीज नहीं। अर्शोयन्त्र तालयन्त्र आदि रोगनिदानात्मक यन्त्र आयुर्वेद में वर्णित हैं। विविध विशिष्ट चश्मों से हम दृष्टि दोष दूर करते ही हैं। यहाँ हमें करना यह है कि रोगनिदान एवं चिकित्सा को सुलभ एवं सरल करने के लिए थर्मामीटर—स्टोथोस्कोप आदि यन्त्रों का उपयोग करें, उनसे घृणा न करें। अन्यथा, वैद्य महानुभाव चोरीछिपे व्यवहार करेंगे, बिना सीखे-जाने बरतेंगे, और उपहास के पात्र बनेंगे। यह स्थिति स्पष्ट दिखाई दे रही है।

हाँ, यह अवश्य है कि ज्ञानेन्द्रियरूप बाह्यकरणों एवं मन आदि अन्तःकरणों के समान यंत्र भी करण हैं यन्त्रोपयोग करते-करते हम यन्त्रों के दास न बन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जावें और आधुनिक चिकित्सा के समान वह स्थिति न आजाये कि समूचे यन्त्रों के द्वारा अत्यन्त मंहगी प्रयोगशालीय परीक्षायें कराने के बाद भी निदान का न केवल निर्णय न हो पावे अपितु संशय अन्धकार ही बढ़ जावे। अर्थात् हमें नाडी आदि की परीक्षा वाली वैयक्तिक रोगनिर्णयक्षमता के उपार्जन को आदर्श मान्यता देकर व्यवहारिक रूप में यन्त्रों के यत्किंचित् सही एवं सदुपयोग को भी गौण मान्यता देनी चाहिये। बिना यन्त्र-दास बने हमें यन्त्रों का उपयोग करना सीखना चाहिये, यन्त्रों को अपना करण या साधन या दास बनाना चाहिये तथा यथावश्यक यन्त्रोपयोग द्वारा निदान को इतर-गामी भी बनाना चाहिये। यह भी ध्यान रखना चाहिये कि यन्त्रोपयोग का प्रमुख रूप वह हो जिसमें आयुर्वेदीय निदान में सहायता मिले। समन्वयात्मक निदान के लिए यन्त्रोपयोग का दृष्टिकोण सर्वथा भिन्न है जिस पर फिर किसी लेख में प्रकाश डालेंगे।

—★—

आवश्यक निवेदन

पत्रिका के मूल्य तथा वार्षिक शुल्क में वृद्धि

गुरुकुल-पत्रिका के ग्राहकों तथा पाठकों को सखेद सूचित किया जाता हैं कि कागज के मूल्य में आशातीत वृद्धि हो जाने के कारण बाध्य होकर हमें पत्रिका के मूल्य तथा वार्षिक शुल्क में अक्टूबर १९७४ से वृद्धि करनी पड़ रही है। वस्तुतः कागज के मूल्य-वृद्धि की तुलना में यह वृद्धि नगण्य है।

परिवर्तित मूल्य

एक प्रति	—	—	६० पैसे
वार्षिक (देश में)	—	—	६-०० रुपये
वार्षिक (विदेश में)	—	—	१०-०० ,,

आशा है ग्राहक व पाठक परिस्थितिवश मूल्य-वृद्धि को उचित समझेंगे तथा अपना सहयोग बनाये रखेंगे।

—सम्पादक तथा प्रबन्धक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ऋग्वेद में वर्णित सोम को क्या हम जान पाये हैं?

डा० विनोद प्रकाश उपाध्याय, बी० एस-सी०, बी० ए० एम० एस० आयुर्वेदाचार्य

प्रवक्ता—आयुर्वेद महाविद्यालय, गुरुकुल कांगड़ी

ऋग्वेद में वर्णित सोम अभी तक ऐसी समस्या बना हुआ है, जिसका समाधान निकलता प्रतीत नहीं होता। विभिन्न अर्थ एवं विभिन्न प्रकार की कई वनस्पतियां सोम के नाम से वर्णित है, जो एक भी सोम के वेदोक्त गुणों से पूर्णतः युक्त नहीं है। प० दा० सातवलेकर जी ने ऋग्वेदोक्त सोम के गुणों, रूपों तथा प्रयोग से लाभ का 'दैवत संहिता' में विवेचन किया है। सुश्रुत संहिता में सोम के २४ भेद बतलाये हैं। ऋग्वेद में भी दो तथा पर्याय के अनुसार ५ भेद बतलाये गये हैं। संहिताओं में प्राप्त वर्णन से यह स्पष्ट है कि सोम उस प्राचीन समय में भी दुर्लभ था तथा बड़े तपस्वी, धर्माचरण करने वाले व्यक्ति को ही उपलब्ध होता था। सोम को प्राप्त करने के लिये होड लगती थी, छीना झपटी तक हो जाती थी। सोम को अत्यधिक बल, बुद्धि तथा विद्या का देने वाला, असाध्य रोगों को दूर करने वाला तथा इन्द्र भी जिसे प्राप्त करने को लालायित रहते थे, ऐसा दर्शाया गया है।

सुश्रुत में सोम के २४ भेद बताये है। यह संभव है कि कोई २४ द्रव्य जो सोम के विशिष्ट गुणों से युक्त थे इसके २४ भेदों के अन्तर्गत ले गये हों। क्योंकि जैसा कि सुश्रुत में वर्णित विभिन्न गणों में १०–१० औषधियों का समावेश है, जिनमें विभिन्न वनस्पतियां हैं तथा किसी का पञ्चांग, किसी की मूल, पत्र तथा पुष्पों का समावेश है वैसे ही विभिन्न औषधियां सोम के भेदों में वर्णन कर दी गई हों। चरक में सोम का वर्णन नहीं मिलता। सोम के वर्णन में दिया गया है कि पत्रों का रस, दूध कंद का रस आदि प्रयोग में लेते थे। स्वर्णिम आभा युक्त होता था एवं पानी पर तैरने वाला, वृक्ष से लटकने वाला, भूमि पर उगने वाला आदि बताया गया है। कुछ विशिष्ट पर्वत जहां सोम प्राप्त होता था उनके नाम दिये गये हैं। इनमें मुंञ्जवान हिमालय में तथा मलय दक्षिण में स्पष्ट है। पारसी धर्म ग्रन्थ 'जिंद अवस्ता' में भी 'होम' नाम आया है। भाषा भेद से यह सोम का ही नाम है।

सोम के वानस्पतिक गुणों का वर्णन निम्न प्रकार मिलता है। सभी प्रकार के सोम में १५ पत्ते होते थे, जो शुक्लपक्ष में निकलते तथा कृष्णपक्ष में झड जाते थे। शुक्ल पक्ष में प्रतिदिन सोम का एक पत्ता निकलता था तथा पूर्णमासी के दिन वे पूरे १५ हो जाते थे। पुनः कृष्णपक्ष में एक-एक पत्ता झडने लगता था तथा पक्ष की समाप्ति पर केवल लता शेष रह जाती थी। परन्तु इस प्रकार वर्णित कोई वनस्पति इस समय उपलब्ध भी है इसमें वनस्पतिशास्त्रियों को संदेह है।

उपरोक्त वर्णित कुछ तथ्यों का यदि ध्यानपूर्वक अध्ययन किया जाय तो यह स्पष्ट हो जाता है कि एक नहीं वरन, कई वनस्पतियों का जो सोम के गुणों से युक्त थीं, प्रयोग होता था। एक ही वनस्पति जल पर तैरने वाली, (जलोद्भव) वृक्षों पर लटकने वाली, (पराश्रयी अथवा आरोही) एवं भूमि पर उत्पन्न होने वाली (टेरेस्ट्रियल) नहीं हो सकती। अपवाद मिल सकते हैं। साथ ही जो वनस्पति हिमालय पर उत्पन्न होती है वह

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दक्षिण में मलय पर्वत पर कठिनाई से उत्पन्न होगी, । (इकोलोजिकल फैक्टर) इससे सिद्ध होता है कि विभिन्न वनौषधियों का प्रयोग सोम के रूप में होता था ।

पिछले काफी वर्षों से सोम पर कार्य हो रहा है। वैज्ञानिकों ने निम्न बहुत सी वनस्पतियों का सोम के रूप में वर्णन किया है। इनमें पूर्णतः तो नहीं परन्तु कुछ गुण विद्यमान हैं जो सोम के वर्णित हैं ।

डा० वाट ने सारकोस्टेम्मा एसिडम (रौक्स) वोगृ (मदार कुल) को जिसे संस्कृत, हिन्दी, बंगला भाषा में सोम या सोमलता तथा मलयालम एवं तमिल भाषा में सोमम् कहा गया है, सोम माना है। कोंकण, कर्नाटक, सिंहभूम, पुरी, रांचीं तथा बगांल में यह प्राप्त होती है, यह आरोही (ट्रेलिंग या ट्वाईनिंग) झाडी के रूप में फैलती है, इसकी एक अन्य जाति को भी सोम कहते हैं । आधुनिक बनौषधि ग्रन्थों में इसके शुष्क तने का प्रयोग वामक के रूप में तथा पञ्चांग को कटुपौष्टिक, शीतल एवं प्रकृति स्थापक बताया गया है ।

पेरिप्लोका एफाइल्ला डेकने (मदार कुल) को भी सोम माना जाता है । पंजाब में इसे वरी, बम्बई में बुराये कहते हैं तथा यह पंजाब के मैदानों झेलम से पश्चिम की ओर, हिमालय के निचले भाग में बिलोचिस्तान तक मिलता है। यह छोटापत्र हीन पौधा होता है । इसके दूधिया रस का प्रयोग सूजन व फोडे पर एवं पंचांग को मस्तिष्कगत ज्वर एवं आमाशयोत्तेजक बताया गया है ।

डा० उस्मान अली तथा नारायण स्वामी ने सिरो पिजिया जाति को (मदारकुल) सोम का प्रतिनिधि सिद्ध किया है । इसके काफी भेद प्रा[illegible] होते हैं तथा उत्तर एवं दक्षिण भारत में यह प्रा[illegible] होती है । केरल में सोम के नाम से प्रयुक्त [illegible] होती है । इसकी मूल का प्रयोग टानिक, पा[illegible] एवं कटु पौष्टिक के रूप में होता है ।

पेशावर यूनिवर्सिटी के वनस्पतिशास्त्री [illegible] एन० ए० काजिल्वास ने एफेड्रा पैकिक्लाडा [illegible] (ग्नेटेसी) तथा इसकी एक अन्य जाति को [illegible] हिन्दूकुश पर्वत, सफेद मोह तथा सुलेमान रेंज [illegible] मिलते है, अपने अकाट्य तथ्यों के आधार प[illegible] वेदों का सोम सिद्ध किया है । हरे पौधे को, कुच[illegible] कर शहद में मिलाकर संधान करने के पश्चात् दूध आदि में मिलाकर पीने से श्रमहर, यौन दौर्बल[illegible] दूर करने वाला तथा पारद के साथ औषधि बनाक[illegible] लेने से कायाकल्प करने वाला गुण विद्यमा[illegible] बताया है । अफगानिस्तान में वहां के चिकित्सक[illegible] इसका प्रयोग करते हैं । इसी एफेड्रा की अन[illegible] जाति एफेड्रा वल्गेरिस का मां हुआंग के नाम [illegible] चीन में प्रयोग होता है । पञ्चांग का क्वाथ बना[illegible] कर कालिमिर्च के चूर्ण के साथ कास, ठंड लगना, शीतपित्त, त्वक्रोगों में तथा श्रमहर के रूप में प्रयोग किया जाता है । सोम की कुछ जातियां नेपाल तथा हिमालय में भी पाई जाती हैं। एफेड्रा गिरार्डियाना चकरौता से उपर देववन में मिलती है । आधुनिक औषधिशास्त्री इसके एल्क[illegible] लायड एल एफेड्रीन तथा स्यूडो एफेड्रीन का प्रयोग श्वास-कास, हृद्रोगों की विभिन्न अवस्थाओं में एड्रीनेलीन के समान ही करते हैं । डा० मायर्स ने भी एफेड्रा को ही सोम माना है । दमा के रोगियों के लिये एफेड्रीन किसी दिव्य औषधि से कम नहीं है ।

वयोवृद्ध अमेरिकन कवक शास्त्री श्री रिचार्ड गार्डनवासन ने अपने १५ वर्ष के अनुसंधान के

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पश्चात् फ्लाई अगेरिक नामक कुकुरमुत्ता की जाति के अमानिता मस्कारिया को सोम बताया है। इस तथ्य को श्री एन० सी० शाह (राष्ट्रिय वनस्पति उद्यान, लखनऊ) ने अपने एक लेख में प्रतिपादित किया है। उनके अनुसार यह कवक अफगानिस्तान, एशिया के उत्तरी समशीतोष्णवनीय भाग तथा उत्तरी साईबेरिया में भोजवृक्ष (बर्च) तथा चीड के वनों में पाया जाता है। इस अत्यंत सुन्दर कवक का प्रयोग मद के लिये होता है। कवक के टुकडे अथवा रस के सेवन से शारीरिक शक्ति बढ जाती है। कभी-कभी रंगीन दिवास्वप्न भी दिखाई देते हैं। इसमें मस्केरीन, एट्रोपीन, स्कोपोलेमीन, हाइयोसायेमीन आदि एल्कलायड पाये जाते हैं। ऋग्वेदोक्त सोम के गुणों से इस कवक का साम्य प्रतिपादित करके लेखक ने संदेह निवारण करने का प्रयास किया है।

इसके अतिरिक्त भी डा. आर. एन. चौपड़ा ने गिलोय एवं रुटा ग्रेवियोलेसं (सिताब पंजाब में) को सोम बताया है। लगभग १०० वनस्पतियों का नाम सोम के साथ जोडा गया है। यदि वैज्ञानिक उपरोक्त वनस्पतियों को प्रयोगशाला में वेदोक्त रूप से प्रयुक्त करें एवं परिणामों की सोम के गुणों से तुलना करलें तो इस समस्या का समाधान हो सकता है।

यहाँ हम चीन में प्रयुक्त होने वाली गिनसेंग नामक वनौषधि (पैनेक्स शेनशुगं (अरालिऐसीकुल) को नहीं भुला सकते। इसकी मूल में वे सब दिव्य गुण विद्यमान हैं जो सोम के वर्णित है तथा चीन में इसका चिकित्सा में प्रयोग होता है। रुस में भी इसको उगाने का कार्य हो रहा है। क्या यह संभव नहीं की बाद के सीमाविभाजन व भौगोलिक परिवर्तन से हमारे देश में इसका प्रयोग समाप्त हो गया हो तथा इससे पूर्व तिब्बत तथा हिमालय में उत्पन्न होती हो एवं ऋषिगण इसका उपयोग सोम के रूप में करते रहे हों ?

यहाँ पर प्रसिद्ध ताड़ के पौधे से प्राप्त होने वाली "नीरा" का संदर्भ देना अनुपयुक्त न होगा। जिसका प्रयोग स्थानीय लोग दीपक, पाचक श्रमहर के रूप में करते हैं।

समस्त पूर्वाग्रहों से हट कर इस दिशा में यदि अनुसंधान किया जाय तो इस वेदोक्त अमूल्य, दिव्य औषधि के सर्वमान्य संदिग्धता निवारण में अपने इस सूक्ष्म प्रयास को मैं सफल समझूंगा।



"शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्"

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

✡गुग्गुल वैज्ञानिक कसौटी पर

डा० विनोद प्रकाश उपाध्याय बी० एस-सी०, बी० ए० एम० एस०, आयुर्वेदाचार्य
प्रवक्ता, आयुर्वेद महाविद्यालय गुरुकुल कांगड़ी

गुग्गुल का प्रयोग शताब्दियों पूर्व से आयुर्वेदिक चिकित्सा-शास्त्र में विभिन्न रोगों पर सफलता-पूर्वक होता आया है। आयुर्वेदिक केन्द्रिय अनुसंधान परिषद के तत्त्वावधान में आयुर्वेद में प्रयुक्त विभिन्न औषध द्रव्यों एवं योगों के प्रमाणीकरण का कार्य चल रहा है। जिसके अन्तर्गत गुग्गुल को देश में स्थित विभिन्न प्रयोगशालाओं एवं चिकित्सालयों में आधुनिक विधियों द्वारा सफलतापूर्वक व्याधियों पर प्रयोग किया जा रहा है। कई अवस्थाओं में तो आधुनिक औषधियों से भी कहीं उत्साहवर्धक परिणाम प्राप्त हुए हैं।

गुग्गुल का वानस्पतिक नाम 'कोमीफोरा मुकुलईग्ल है जो बरसेरेसी कुल का एक मुख्य पौधा है। इसके छोटे-छोटे पेड़ होते हैं, तने से गुग्गुल की प्राप्ति होती है। शुष्क प्रदेशों में, मुख्यतः सिंध, मारवाड, कच्छ, काठियावाड तथा मैसूर में गुग्गुल के वृक्ष पाये जाते हैं। अफ्रीका तथा अरब में भी गुग्गुल के वृक्ष होते हैं। गंध, संयुक्त एकान्तर पत्ती लाल फूल तथा मांसल लाल फलों से गुग्गुल को पहचाना जा सकता है।

सर्व प्रथम गुग्गुल का प्रयोग संहिता ग्रन्थों में सुश्रुत संहिता में 'एलादिगण' में मिलता है; भाव प्रकाश निघंटु, कैयदेव निघंटु, प्रयोगामृत एवं अष्टांग संग्रह में प्रचुर वर्णन रोगों में प्रयोग पर पाया जाता है। भाव प्रकाश में गुग्गुल के ५ भेद कहे गये हैं परन्तु बाजार में मुख्यतः दो, (१) कण-गुग्गुल तथा (२) भैंसा गुग्गुल ही प्राप्त होते हैं। कण गुग्गुल मारवाड से आता है तथा लालिमा-युक्त पीले कणों से पहचाना जाता है। भैंसा गुग्गुल सिंध एवं कच्छ से प्राप्त होता है एवं हरीतिमायुक्त पीले रंग का होता है। औषध-प्रयोग से पूर्व गुग्गुल का शोधन किया जाता है। यहां कुछ पर्याय दिये हैं जो गुग्गुल के औषध गुणों को परिलक्षित करते हैं। "पलंकस", पलं मांसं कषति हिनस्ति अर्थात् जो शरीर के निरर्थक मांस को कम करे। गुग्गुल, 'गुजो व्याधेर्गुडति रक्षति वह औषध जो व्याधि दूर करने में सहायक हो। उत्पत्ति भेद से पर्याय "कौशिक" अर्थात् तने पर स्थित कोष से प्राप्त होता है। 'कुम्भ' कोष कुम्भ अर्थात् घडे के आकार का होता है। 'देवधूम' देवताओं की पूजा में गुग्गुल का प्रयोग होने के कारण इसे देव धूम कहते हैं।

आयुर्वेदिक द्रव्य गुण विज्ञान के अनुसार गुग्गुल का रसः—तिक्त, कटु, मधुर, कषाय, वीर्यः—उष्ण, विपाक—कटु, गुणः—लघु, तीक्ष्ण, पिच्छिल, सूक्ष्म, खर तथा प्रभावः—त्रिदोषहर वर्णित है। रासायनिक दृष्टि से गुग्गुल तिक्त, ऐरोमेटिक गमरेजिन है। विश्लेषण करने पर इसमें १% उड़नशील तैल, ६% गोंद तथा २३.६% रेजिन होता है। ताजे गुग्गुल में बैंजाइल सिनोमेट तथा सिनामिक एसिड भी पाया जाता है।

औषध प्रकृति विज्ञान की दृष्टि से फ्रैक्शनल डिस्टिलेशन करने पर गुग्गुल के ४ फ्रैक्शन प्राप्त हुए, फ्रैक्शन ए, बी, सी एवं फ्रैक्शन डी। 'ए' को सर्वाधिक क्रियाशील तत्त्व के रूप में पाया गया है।

अधिक वसाजन्य पदार्थों के सेवन से रक्त-वसा, लाइपोएड तथा कोलेस्टरोल की मात्रा बढ़

✡ लेखक द्वारा १७ फरवरी १९७३ को गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय में 'प्लांट्स इन रिलेशन टू ह्यूमैन वैलफेयर" विषय पर हुई सिंपोजियम में पढ़े गये पेपर पर आधारित।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जाती है जो अंत में मोटापा तथा थ्रोम्बस बन कर हृदयावरोध का कारण बन सकती है एवं धमनी में जमा होकर धमनीकाठिन्य (एथिरोस्कलेरोसिस) को पैदा करती है जो उच्च रक्तचाप का एक कारण है। सामान्यत: मनुष्य में रक्त कोलेस्टरोल की मात्रा १२५ मि० ग्रा० से ३०० मि० ग्रा० प्रति १०० मि० लि० रक्त होती है। मेदवृद्धि की अवस्था में यह ३ से ४ गुना तक बढ़ जाता है। इसमें फ्रैक्शन 'ए' दिया गया, जिसमें २१ दिन की चिकित्सा के बाद सीरम कोलेस्टरोल में औसतन ३३ मि० ग्रा० प्रतिशत से ११ मि० ग्रा० प्रतिशत की कमी पाई गई।

आरोग्यवर्धनी इस अवस्था में प्रयुक्त होने वाला एक उत्तम योग है। जिसका परीक्षणों द्वारा प्रमाणीकरण किया जा रहा है। आधुनिक चिकित्साशास्त्र में इस अवस्था में वसाहीन भोजन, तथा भूख हरने वाली आदि औषधियों का प्रयोग किया जाता है, जो स्वास्थ्य के लिये हानिकारक सिद्ध हो सकती है। गुग्गुल के प्रयोग में ऐसी कोई समस्या नहीं है। इसके अतिरिक्त एट्रोमाइड नामक औषधि काफी महंगी होती है।

संधिवात की विभिन्न अवस्थाओं में गुग्गुल का प्रयोग दीर्घ काल से होता आया है। आधुनिक प्रयोगशालाओं में जब इसके प्रयोग किये तो वे बहुत ही उत्साहवर्धक रहे। इस प्रकार हमारी प्राचीन औषधियों के आधुनिक प्रयोगशालाओं में खरे उतरने से उनका महत्त्व और भी बढ़ जाता है। इससे हम अधिक लोगों का विश्वास प्राप्त कर सकेंगे।

गुग्गुल में दूसरी औषधियों के गुण धारण करके उन्हें बढ़ाने की अद्भुत शक्ति है। विभिन्न व्याधियों पर कुछ योग निम्न प्रकार हैं, गुग्गुल इनका मुख्य घटक है:—

(१) **संधिवात तथा विभिन्न वातजशूल एवं वात रोगों में**:—योगराज गुग्गुल, महायोगराज गुग्गुल, सिंहनाद गुग्गुल का प्रयोग रास्नासप्तक क्वाथ के साथ सफलतापूर्वक किया जाता है।

(२) **मेदवृद्धि में**:—आरोग्यवर्धनी तथा लिपिडेक्स का प्रयोग होता है।

(३) **आहार प्रणाली के रोग**:—चन्द्र प्रभा, कैशोर गुग्गुल, सप्तविंशति गुग्गुल का प्रयोग विभिन्न अनुपानों से अर्श, अतिसार, प्रवाहिका, धातुस्राव आदि में किया जाता है।

(४) **गलगंड**:—डा० अनन्तानन्द जी प्रोजेक्ट आफिसर के पथप्रदर्शन में गुरुकुल कांगड़ी में केन्द्रिय आयुर्वेद अनुसंधान परिषद् के तत्त्वावधान में रिसर्च इकाई कार्य कर रही है। जिसमें कांचनार गुग्गुल एवं शिलाजीत आदि की उपयोगिता प्रतिवादित करने के लिये कार्य हो रहा है।

(५) **मूत्रवह संस्थान**:-गोक्षुरादि गुग्गुल का प्रयोग मूत्राशय संक्रमण की कुछ अवस्थाओं में तथा अश्मरी दूर करने के लिये होता है। उपदंश में चोप चीनी चूर्ण के साथ गोक्षुरादि गुग्गुल लाभ करता है।

(६) **टानिक एवं बलवर्धक**:—ताजा गुग्गुल उत्तम बलवर्धक तथा रसायन है। नपुंसकत्त्व में इसके प्रयोग से लाभ होता है।

(७) **स्त्री रोगों में**:—गुग्गुल आर्तवावरोध को दूर करता है।

सदर्भः—

१—सी० सी० आर० आई० एम० एच० वार्षिक रिपोर्ट—१ व २।
२—सुश्रुत संहिता टीकाकार श्री अत्रिदेव।
३—भाव प्रकाश टीका।

—०—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुरुकुल इन्द्रप्रस्थ

डा० श्री कान्तिकृष्ण, "अपूर्व" एम० ए०

अरे ! विधे ! पुनः बसादे हमारा गुरुकुल ।
जिसके हित उर आकुल ।।

(१)

जिसके शैल-शिला-श्रृंगों पर,
जीवन ने संघर्ष कठिन करना सीखा ।
प्रलय-पयोदें भी घिरने पर,
जीवन ने उत्कर्ष जहां करना सीखा ।
कंटकसंकुल पगडण्डी पर,
पथ के विघ्नों में आगे बढ़ना सीखा ।

(२)

जब प्रचण्ड प्रखंर किरणों में,
तृषित तप्त पथ में मन विभ्रान्त होता था ।
तब जिसकी कुंज कुटीरों में,
शीतल पा छाया नित विश्रान्त होता था ।

(३)

जिसकी प्रस्तर चट्टानों में,
स्वर्ण स्मृति का, शैशव की, प्रासाद छिपा ।
जहां कंकड़ों भूखण्डों में,
सुख दुःख का, शैशव के, आल्हाद छिपा ।

(४)

जहां विरह वेदना से, खग मृग व्याकुल ।
अरे ! विधे पुनः बसादे हमारा गुरुकुल ।
जिसके हित उर आकुल ।

(५)

पलाश घिरे 'सूरज कुण्ड' पर,
तरल तरंगों में कौन नहाता होगा ।
'ओखला' की यमुना के तट पर,
सरस आमोद प्रमोद मनाता होगा ।
मेघावृत शिखिनर्त्तित भू पर,
हास-परिहास सोल्लास मनाता होगा ।

(६)

खजूर घिरे चहुं 'झरने' में,
कूद कूद ऊधम कौन मचाता होगा ।
'इमली' की उस तरु छाया में,
खोद अखाड़ा मल्लयुध रचाता होगा ।

(७)

करीर फलों की लाली से छवि निराली ।
पलाश पुष्पों की लाली शोभाशाली ।
लाल संध्यायमान की तरह वह गुरुकुल ।
अरे ! विधे ! पुनः बसादे हमारा गुरुकुल ।
जिसके हित उर आकुल ।

(८)

झड़बेरी के खट्टे-मीठे,
बसन्त में पीले बेर तोड़ता होगा ।
बना कर पत्थर के पिंजड़े,
बघेल विज्जू खेल में पकड़ता होगा ।

(९)

उन शैलगुहा वनकुंजों में,
छिप करके आंखमिचौनी करता होगा ।
शरद की स्वर्णिम संध्या में,
कबड्डी गुल्ली डण्डा खेलता होगा ।

(१०)

पावस की रिमझिम कजली में,
क्रीडाकल्लोल कौन करता होगा ।
सावन की रंगभरी बदली में,
नृत्य से मोरों के नैन भरता होगा ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(११)

गा रहे गीत जिसके शुक सारिका मोर।
मचा रहे चहक चहक वनकुंजों में रोर।
गा रहे किंशुक कुंजों में विहग कुल कुल।
अरे ! विधे ! पुनः बसादे हमारा गुरुकुल।
जिसके हित उर आकुल।

(१२)

सीमा पर लाल किले का शुभ मुकुट पहन,
शोभ रहा दिल्ली गौरव विशाल।
लोल लहरें यमुना की पखारती चरन,
स्वच्छ उच्छल शुभ्र चपल उत्ताल।

(१३)

मुरली से स्तुति करने जिसके पास खड़ा,
श्याम का वृन्दावन क्रीड़ाकुल अभिराम।
प्रहरी दौवारिक जिसके द्वार पै खड़ा,
अभ्रंकष उत्तुंग कुतुब लाट ललाम।

(१४)

वही शिलाखण्डों का गुरुकुल,
किंशुकवन का वहि बहुल प्यारा गुरुकुल।
अरे ! विधे ! पुनः बसादे हमारा गुरुकुल।
जिसके हित उर आकुल।

गुरुकुल पत्रिका के नियम

१ 'गुरुकुल पत्रिका' मासिक है। यह प्रत्येक अंग्रेजी मास की १२, १३ तारीख को प्रकाशित होती है।

२ यह आधी संस्कृत में तथा आधी हिन्दी में होती है। इस में कवर समेत प्रायः ४४ पृष्ठ होते हैं। वर्ष में एक या दो विशेषांक लगभग १२०-१५० पृष्ठों तक के होते हैं।

३ इसमें प्रमुख रूप से लेख वैदिक-साहित्य, भारतीय-संस्कृति-सम्बन्धी होते हैं।

४ वार्षिक मूल्य देश में ६) और विदेश में १०) है, जो धनादेश (मनीआर्डर) द्वारा ही "सम्पादकः गुरुकुल-पत्रिका" के नाम से आना चाहिए। ग्राहक कभी भी बन सकते हैं।

५ लेख छोटे, सारगर्भित तथा मौलिक एवं शुद्ध, सुपाठ्य और एक ओर लिखे, हों लेख, कविता तथा समालोचनार्थ पुस्तकें (२ प्रतियां), परिवर्तनार्थ पत्र-पत्रिकाएं सम्पादक के नाम भेजनी चाहियें।

६ किसी लेख अथवा कविता आदि के प्रकाशित करने या न करने, घटाने बढ़ाने या संशोधन करने का अधिकार सम्पादक को है। बिना डाक खर्च भेजे अप्रकाशित कविता वा लेख लौटाये न जा सकेंगे।

सम्पादक—गुरुकुल पत्रिका, डाकघर : गुरुकुल कांगड़ी
जिला : सहारनपुर (उ० प्र०)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सुशिक्षितयोर्नवयूनोः कौशलशर्मनीराजनयोः पुण्ये विवाहावसरे

पठ्यमानमभिनन्दनपत्रम्

श्री विद्यानिधिः शास्त्री

(उपजातिवृत्तम्)

नीराजनाख्या वपुषाभिरूपा
सम्यग् विनीता युवतिः कुमारी ।
विवाहवेद्यां समुपस्थितेयं
ह्युषर्बुधस्यार्चिरिवोच्चकास्ति ॥१॥

सुशिक्षितः साधुवरः सुशीलो
विभात्ययं कौशलशर्मनामा ।
नीराजनां नाम समुज्ज्वलाङ्गीं
प्रीत्याग्निवेद्यामुपयच्छमानः ॥२॥

(वसन्ततिलकं वृत्तम्)

मन्ये वसन्ततिलकं तिलकं दधाना
नीराजनेयमधुना मधुना समाना ।
अन्तर्वसन्तमिव सन्ततमिमं भजन्ती
स्वं कौशलं प्रकटयेत् सह कौशलेन ॥३॥

नीराजनां प्रियतमां सुतमां प्रपन्नः
प्रीतो वरो लसतु कौशलशर्मनामा ।
कल्याणिनोरभययोरुभयोरहीनः
कल्पेत कल्पमनु सत्प्रणयप्रकर्षः ॥४॥

नीराजनां जनयतां निजबान्धवानां
नीराजनां प्रददतामिह कौशलाय ।
नूनं प्रकाशितमभूदभितः प्रहर्षात्
स्वं कौशलं च कुशलं च समं समेषाम् ॥५॥

आनन्दहेतुरयमिष्टतमश्चकास्यात्
सम्बन्धिनोर्मिलितयोः स्थिरसंनिकर्षः ।
विद्यानिधिः स भगवान् मघवानघानां
कुर्याद् विघातमददातमथ प्रभातम् ॥६॥

नीराजनां प्रति विशिष्टाः शुभाशिषः

(शार्दूलविक्रीडितं वृत्तम्)

हे श्री वेदविदां वरस्य तनये ! नीराजनाख्ये ! सुते !
गच्छन्त्यास्तव साम्प्रतं पतिगृहं नीराजनां कुर्महे,
भूयो लब्धनया गृहीतविनया शिष्टा प्रहृष्टा स्वयं ।
सत्कर्तव्यपरायणासि नियतं किं त्वां प्रति ब्रूमहे ॥१॥

श्रीमद्वेदविदग्रणीष्टभगवद्दत्तात्मजे ! पुत्रिके !
त्वं शास्त्राणि सुशिक्षितासि बहुशः पुण्ये गुरूणां कुले ।
मूर्धन्यार्यकुमारिकासु भवती नापेक्षसे वाच्यतां
यास्यन्ती गृहिणीपदं त्वमधुना किंचित् तथाप्युच्यसे ॥२॥

मान्यान् मानय बान्धवाननुदिनं पित्रोः कृतज्ञा सती
शुश्रूषस्व गुरून् मुदा भज पतिं प्रख्यापय स्वान् गुणान् ।
प्राच्यापाच्यसमस्त वस्तुविषयप्रज्ञानमुद्द्योतय
सत्कृत्यैः श्वशुरालयं प्रतिपदं स्वर्गास्पदं लम्भय ॥३॥

आर्याचारविचारचारुचरिताः सर्वे प्रसन्नाननाः
विद्वांसोऽत्र समागताः वरवधूद्वन्द्वाय दत्ताशिषम् ।
येन स्यात् सुयशो दिशन् प्रतिदिशं नीराजनाकौशलो-
द्वाहः सत्फलितः स्वकौशलकृतं नीराजनाभाजनम् ॥४॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आयुष्मती नीराजना एवं आयुष्मान् कौशल शर्मा के शुभ विवाह के अवसर पर पठित: —

मंगल कामना

तुम सुमन बन खिलो आज 'नीराजना,'
प्रिय तुम्हारा यहां आ गया आ गया।
साधना सिद्ध तेरी हुई आज है,
हर्ष का घन गगन भूमि में छा गया ॥१॥

देख लो आज कितनी प्रकृति रम्य है,
मन मगन हो रहे मन मगन हो रहे।
आज कुल में घनी 'माधुरी' छा रही,
'बन्दना' के ललित गीत हैं हो रहे ॥२॥

'वेद' की गूंजती है ऋचा कान में,
आज भगवान का मन मुदित हो गया।
शान्ति में भी सुधा का भरा कुण्ड जो,
वह उमड़ कर बहा स्नात घर हो गया ॥३॥

भर रही हैं दिशाएं मधुर राग अब,
पट तिमिर बना ज्योति के वर्ण हैं।
स्वर्ण भूषण पड़े कण्ठ में कौंधते,
पद पड़े पायलों के रजत पर्ण हैं ॥४॥

अभिनवी कण्व की पुत्रिका के सदृश,
है जनकनन्दिनी सी महापूत तू।
योग में मिल गया कल्य "कौशल" अरी!
सृष्टि के नव जनन की सुभग सूत तू ॥५॥

अस्तु माँगल्यमय पर्व उद्वाह का,
निष्कलुष नित्य ही तुम मनाती रहो।
स्नेह स्वर में तुम्हारी बजे बांसुरी,
एकता के सदा गीत गाती रहो ॥६॥

स्नेह के ये सुमन हैं समर्पित तुझे,
ये युगल नित्य नूतन चमकता रहे।
तुम बनो आरती ये बने देव सा,
सान्ध्य सम्बन्ध यह नित दमकता रहे ॥७॥

देव दम्पति तुम्हें सब मिले विश्व में,
कामना की तरी पूर्ण होकर चले।
जो मिले वह रहे मोद में डूबता,
कैरवी सी खिलो चन्द्र सा वह खिले ॥८॥

स्वप्न देखा वही आज साकार हो,
लोयनों कोयनों में यहां छा गया।
तुम सुमन बन खिलो आज नीराजना,
प्रिय तुम्हारा आ गया आ गया ॥

आज वह चिर प्रतीक्षित समय आ गया।
तुम सुमन बन खिलो आज नीराजना,
प्रिय तुम्हारा यहाँ आ गया आ गया ॥

श्री शंकरसिंह वेदालंकार

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नवम्बर १९७४ से आगे—

महर्षि दयानन्द की विश्वदर्शन को देन

(Contribution of Dayananda to world philosophy)

प्रो० जयदेव वेदालंकार

अष्टम अध्याय

मोक्ष मीमांसा

मोक्ष किसे कहते हैं ? उसमें जीव की क्या अवस्था रहती है ? इत्यादि प्रश्न दर्शन क्षेत्र में बड़े ही विवादास्पद हैं । मुक्ति से वापिस लौटने का प्रश्न तो और भी जटिल है । स्पष्ट रूप से इस युग में महर्षि दयानन्द जी ने ही मोक्ष से जीव वापिस लौट आता है, यह उद्घोषणा की है । इस पर बाद में विचार करेंगे । पूर्व तो मोक्ष में जीव की अवस्था एवं मोक्ष के स्वरूप के विषय की मीमांसा करनी अपेक्षित है ।

भारतीय दर्शनों में चार्वाक मोक्ष को स्वीकार नहीं करता है । उस का कहना है कि दुःख ही नरक है, इस संसार में स्वीकृत राजा ही ईश्वर है । संहारक (संहारकर्ता), पुनर्जन्म का प्रदाता ईश्वर नाम की कोई चीज नहीं है । यह शरीर ही आत्मा है, इस शरीर का विनाश ही मोक्ष है और कोई मोक्ष नाम की अन्य वस्तु नहीं हो सकती है ।१ ज्ञान आदि द्वारा जो मुक्ति का प्रपञ्च है वह तो मायावी लोगों का फैलाया हुआ है । न ही वह किसी प्रकार के अमर आत्मा के अमरत्व को स्वीकार करता है । जब तक शरीर है तब तक सुख से जीना चाहिये । मृत्यु से परे कुछ भी अवशिष्ट नहीं रहता है । चाहे ऋण करके घृत का पान करो फिर तो आगमन होगा नहीं२ ।

वस्तुतः इस प्रकार के दार्शनिक, स्वार्थ सुखवादी दार्शनिक हैं । इनके अनुसार इन्द्रियों द्वारा जो सुख हमें प्राप्त होते हैं, उन सुखों की प्राप्ति में चाहे जो भी करना पड़े करना चाहिये । इनके जीवन का लक्ष्य भौतिक सुख की प्राप्ति है । ये इन्द्रिय सुख को ही सब कुछ मानते हैं । चार्वाक का कहना है कि मोक्ष आदि की कल्पना व्यर्थ है। सुन्दर स्त्री से भोग भोगना परम पुरुषार्थ है।३ इससे बढ़कर अन्य मुक्ति आदि की कल्पना करना मूर्खों का काम है । चार्वाक सुखवादी दार्शनिक है ।

भारतवर्ष की तरह अन्य देशों में भी सुखवाद के प्रवर्तक पाये जाते हैं । अन्य देशों में सुखवाद के दो भाग हो गए हैं, प्रथम स्वार्थ सुखवाद, और द्वितीय परार्थ सुखवाद। स्वार्थ सुखवाद के अनुसार मनुष्य की सबसे बड़ी भलाई अपने सुख के उपार्जन करने में है।

---

१ लोकसिद्धो भवेद् राजा परेशो नापरः स्मृतः ।
देहस्य नाशो मुक्तिस्तु न ज्ञानान्मुक्तिरिष्यते ।।

२ यावत् जीवेत् सुखं जीवेत् ऋणं कृत्वा घृतं पिबेत् ।
भस्मीभूतस्य देहस्य पुनरागमनं कुतः ।।

३ "अङ्गनालिङ्गनाज्जन्य सुखमेव पुमार्थता"।
(सर्वदर्शन स० चार्वाक मत संग्रह)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जो मनुष्य अपने जीवन को जितना अधिक सुखी बनाता है, वह उतना ही अधिक भला है। यूनान देश में इस सुखवाद के प्रवर्तक अरस्टीयस और इपीक्यूरस थे। अरस्टीयस के सुखवाद के सिद्धान्त चार्वाक के सिद्धान्त के अनुसार थे। यह सुख-प्राप्ति ही जीवन का परम पुरुषार्थ मानते थे। इनका कहना था कि प्रत्येक मनुष्य को चाहिए कि वह अपने आपको जितना अधिक से अधिक सुखी बना सके, उतना सुखी बनाए। सुख प्राप्ति के लिए यदि अपमान को सहन करना पड़ता है तो इसमें हानि की कोई बात नहीं। अरस्टीयस प्रतिक्षण के सुख पर जोर देता था, इनका कहना था कि यदि प्रतिक्षण का सुख अधिक रहा तो जीवन भर का सुख स्वयं ही अधिक हो जावेगा।

उक्त सिद्धान्त से भिन्न इपीक्यूरस का सिद्धान्त है। इनका कहना है कि अपने सुख को ज्यादा से ज्यादा समय तक रखने के लिए इन्द्रियों का संयम आवश्यक है। यदि हम अन्धे होकर मूढ़ की तरह इन्द्रियों का उपभोग करने लगेंगे तो थोड़े ही समय में हमारी इन्द्रियां काम करना बन्द कर देंगी। इन्द्रियां जब विषयों का उपभोग बन्द कर देंगी तो हमारे अन्दर बेचैनी आ जायेगी। भोग्य पदार्थ सामने पड़े होंगे, किन्तु हम उनका उपभोग न कर पायेंगे। इतना ही नहीं, अधिक भोग के कारण मनुष्य का शरीर रोगी हो जाता है। इन रोगों के तथा इन्द्रियों के निष्क्रिय हो जाने के कारण मनुष्य सुखी होने के बजाय दुःखी हो जाता है। अत एव मनुष्य को संयम से काम लेना होगा। अधिक से अधिक सुखप्राप्ति के लिए इन्द्रियों से धैर्यपूर्वक काम लेना और इन्द्रियों को विषयों से विमुख करने का प्रयास करना चाहिए। इस प्रकार हम देखते हैं कि इपीक्यूरस चतुराई से सुखोपभोग करते हुए जीवन व्यतीत करने की शिक्षा देते हैं।

स्वार्थ सुखवाद का सिद्धान्त आत्मसुख तक ही सीमित था, अत एव यह ज्यादा देर तक टिक नहीं सका। इसकी जगह परार्थ सुखवाद ने ले ली। इसके प्रवर्तक 'बेन्थम' और 'जान स्टुअर्टमिल' हैं। ये न तो ईश्वर को मानते थे और न किसी आध्यात्मिक शक्ति को। इनका विश्वास था कि मरने के बाद मनुष्य का शरीर नष्ट हो जाता है, फिर कोई वस्तु शेष नहीं रहती। अतएव इन्होंने कहा कि संसार में अधिक से अधिक सुख प्राप्ति का प्रयत्न करना चाहिए। ये आत्म-सुख में विश्वास नहीं करते थे। इनका कहना था कि जीवन की सार्थकता तभी है, जब कि हम अधिक से अधिक लोगों को अधिक सुख प्राप्त करवा सकें। यदि एक काम को करने पर अधिक लोगों को सुख मिले तथा अल्पों को दुःख तो उस काम को कर लेना चाहिए। इसके विपरीत यदि अधिक को दुःख और कम को सुख हो तो उस काम को नहीं करना चाहिए। इनका कहना था कि उन मनुष्यों का नैतिक स्तर गिर चुका होता है कि जो कि अपने सुख के लिए दूसरों को कष्ट देते हैं। जब मनुष्य अपने ही सुख की चिन्ता में लग जाता है तो वह दूसरों को दुःख में डाल देता है। इससे सांसारिक सुख में वृद्धि की अपेक्षा दुःख की वृद्धि होती है।

चार्वाक आदि सुखवादी दार्शनिकों की आलोचना

सुखवाद चार्वाक का ही नहीं अपितु संसार का एक व्यापक सिद्धान्त है। समाज में अधिक लोग सुख की ही चाह करते हैं। इससे यह नहीं माना जा सकता कि मनुष्य का लक्ष्य सुख प्राप्त

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

करना ही है। सुख की इच्छा मनुष्यों और पशुओं में समान रूप से है। यदि मनुष्य सिर्फ सुख की वृद्धि करना लक्ष्य बना ले तो उसमें और पशु में कोई भी अन्तर नहीं रह जायेगा। मनुष्य को एक विवेकशील प्राणी समझा जाता है। वह भले बुरे की पहचान कर सकता है। इसी कारण समस्त प्राणी में मनुष्य का स्थान सबसे ऊंचा है। मनुष्य का विवेक उसे अनुचित सुखों की ओर जाने से रोकता है। यह विवेक सुख की ओर भागने से नहीं, अपितु सुख की तरफ जाने की अपेक्षा से+रोकने (पर होता है। जो व्यक्ति जितना अपने आप को सुख की तरफ से हटा लेता है वह व्यक्ति उतना ही अधिक विचारवान हो जाता है। तथा अपने विवेक को प्रबल बना लेता है। अतएव मनुष्य के सामने सुखवादी आदर्श रखना, उसे मनुष्य-श्रेणी से पशु-श्रेणी में लेजाना है।

सुखवाद मनुष्य को सुखी न बनाकर दुःखी ही बनाता है। जब सुख ही एकमात्र मनुष्य का लक्ष्य हो जाता है, तो वह उसके लिए भोग की सामग्रियों को इकट्ठा करने का प्रयास करता है। भोगसामग्री सीमित है और इच्छायें अनन्त हैं। अन्ततः भोगसामग्री प्राप्त न होने पर इच्छाएं अधूरी रह जाती हैं। मनुष्य दुःखी हो जाता है। तब वह इसके लिए छीनाझपटी शुरु कर देता हैं। परिणामस्वरूप एक वर्ग दूसरे वर्ग से, राष्ट्र दूसरे राष्ट्र से लड़ना शुरु कर देता हैं। इससे विनाश और दुःख की वृद्धि हो जाती है।

सुखवाद को वे ही लोग जीवन का लक्ष्य मान सकते हैं जो कि पाप-पुण्य, धर्म-अधर्म, तथा ईश्वर आदि में विश्वास नहीं रखते हैं। ऐसे चार्वाकादि नास्तिक ही हैं।

महर्षि दयानन्द जी के अनुसार जीवन का आधार आत्मा के अमरत्व और परमात्मा-प्राप्ति में है। जो मनुष्य आत्मा के अमरत्व में विश्वास नहीं करता वह मनुष्य 'भले कर्मों का परिणाम भला और बुरे कर्मों का परिणाम बुरा होता है' उसके लिए ऐसा मानना कठिन हो जायेगा। वह सोचता है कि—"यदि चोरी भी करूंगा तो कौन देखने वाला है। किसी को मार भी दूंगा तो कौन सा अगला जन्म होगा जिसमें वह बदला लेगा।" यदि इस प्रकार के विचारों को संसार में फैलाया जायगा तो सारा संसार तलवार हाथ में लेकर एक दूसरे का धन छीनने में लग जायगा। न कोई किसी का भाई रहेगा, न कोई किसी की बहन, न ही पुत्र और पिता, न मित्र और सखा; और न राजा रहेगा न प्रजा रहेगी। इस प्रकार के विचारों की कल्पनामात्र से संसार कम्पित सा होता दिखाई देता है। जो लोग पुनर्जन्म और मोक्ष को स्वीकार नहीं करते वे किसी भी नियम में बंध नहीं सकते हैं। इसके विपरीत जो मनुष्य आत्मा की अमरता में विश्वास करने वाला है, अथवा पुनर्जन्म का मानने वाला है, वह अनुभव करता है कि "यदि मैं कोई बुरा कर्म करूंगा तो ईश्वर मुझे दण्ड देगा।" वह अपने जीवन का उद्देश्य संसार सुख बना कर मोक्ष आनन्द को बनाता है। वह कर्म की इस दार्शनिकता को अच्छी प्रकार समझता है कि जिस प्रकार "हम बैंक में रुपया जमा कराते हैं, तो वह रुपया हमें ब्याज सहित मिलता है, उसी प्रकार जिस कर्म को अब हम कर रहे हैं, उनका फल इस जन्म में अथवा अगले जन्म में अवश्य मिलेगा।"

उपरोक्त हेतुओं से हमने यह सिद्ध करने का प्रयास किया है कि सुखवाद की प्रवृत्ति को स्वतन्त्र सिद्धान्त मान लिया जाये तो संसार के अन्दर नियम, मर्यादायें अथवा व्यवस्थाएं सभी समाप्त

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हो जायेंगी-जैसे कि हमने ऊपर दिखलाया है कि सुख की प्रवृत्ति प्रत्येक प्राणी में सर्वत्र दृष्टिगोचर होती है। यदि विश्व के समस्त इतिहास का परिशीलन किया जाये तो हमें सहज ही में पता लग जायेगा कि हम एक ऐसे सुख की अभिलाषा करते हैं जो सांसारिक सुख की अपेक्षा अधिक स्थिर हो, स्थाई हो। सुख-स्थापना की प्रवृत्ति ही यह सिद्ध करती है-मुक्ति नाम की कोई वस्तु है जो कि इस-प्रवृत्ति की पराकाष्ठा हो सके। हम देखते हैं कि यज्ञादि श्रेष्ठ अनुष्ठानों के द्वारा बड़े-बड़े वैभवों की प्राप्ति हो जाती है। लौकिक दृष्टि से हमारा जीवन प्रायः सुखमय हो जाता है। जब हमें शुभ कर्मों के द्वारा इस प्रकार का लौकिक सुख प्राप्त हो जाता है तो ज्ञान अतिशयता के द्वारा अनन्त शान्ति की प्राप्ति क्यों नहीं हो जायेगी। साँसारिक सुख कितना ही बड़ा क्यों न हो उस में दुःख अवश्यमेव मिश्रित रहता है। उस को हम पूर्ण सुख नहीं कह सकते। शारीरिक व्याधियाँ, पारिवारिक दुर्घटनायें होती रहती हैं। यदि दुर्जन-तोष न्याय से इन दुःखों का न होना भी माना जाये तो भी हमारे सम्मुख जन्म और मरण का चक्कर है जिसे संसार के दार्शनिकों ने महा दुःख का नाम दिया है। वह तो प्राणी के सामने सदा खड़ा ही रहेगा। अतः हम ऐसे आनन्द की कामना करते हैं-जिसके मध्य में जन्म मरण आदि व्यवधान न बन सकें। यह आनन्द यदि न हों तो विश्व की यह जो प्रवृत्ति है कि हम सर्वांश में सुखी हो जायें निरर्थक हो जायेगी। मोक्ष के लिए जन्म मरणादि जो व्यवधान हैं उनकी समाप्ति को लेकर दार्शनिक जगत में धर्म की शरण में जाना पड़ेगा-इसके लिये सम्यक् जीवन, परस्पर प्रेम, अहिंसा और सरलता के लिए इन बातों पर ध्यान देना होगा।

उपरोक्त निष्कर्ष से हमें भली भांति यह ज्ञात हो गया कि सभी जीवात्मायें अपना विकास करके मुक्ति की ओर जाना चाहते हैं। विकास से अभिप्रायः भौतिक विकास से नहीं है अपितु संसार के संसर्ग से जो राग, द्वेष आदि दोष आ जाते हैं उनसे छुटकारा पाना है। दूसरे शब्दों में हम इस प्रकार कह सकते हैं कि जीवात्मा स्वतन्त्र होना चाहता है। जब वह इस स्वतन्त्रता की पराकाष्ठा तक पहुंच जाता है उसी का नाम मुक्ति है। मुक्ति को शास्त्रों में परम पद कहा है। इस पद का अभिप्राय भौतिक अर्थ में नहीं है। यह एक ऐसी अवस्था है जिसमें ज्ञातृत्व, कर्तृत्व और भौतिक शक्तियों की पराकाष्ठा हो जाती है। संसार के सभी बन्धन छूट जाते हैं। सभी संशय दूर हो जाते हैं और जन्म मरण के चक्र से छूटकर जीवात्मा परमानन्द की प्राप्ति कर लेता है। १ परन्तु इस मुक्ति के विषय में दार्शनिक क्षेत्र में भ्रम फैला हुआ है। समझा जाता है कि मुक्ति कोई ऐसा स्थान है जहाँ पर जीवात्मा अपने शुभ कर्मों के परिणामस्वरूप भेज दिया जाता है। परन्तु मुक्ति का कोई स्थानविशेष नहीं है अपितु जीवात्मा की स्वतन्त्रता की वह पराकाष्ठा है जबकि वह ज्ञान की अन्तिम सीढ़ी को प्राप्त करके, मरण के बन्धनों से छूट करके स्वतन्त्र विचरता है।

पूर्वपक्ष--जीवात्मा और ब्रह्म एक होने से जीव न कभी आवरण में आता है, न कभी जन्म लेता है, उसका न कभी बन्ध है और बन्ध नहीं तो उससे छूटने का प्रयास भी नहीं करता है। जब बन्ध ही नहीं तो मुक्ति किसकी।२

---

१. भिद्यते हृदयग्रन्थि छिद्यन्ते सर्वसंशयाः ।
तस्मिन्दृष्टे परावरे ।।

२. न विरोधो न चोत्पत्तिर्न बद्धो न च साधकः ।
न मुमुक्षु र्न वै मुक्त इत्येषा परमार्थता।
(गौडपादकारिका २।३२) सत्यार्थ प्रकाश ६ समुल्लास।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उत्तर पक्ष—यह सिद्धान्त अनुचित है, क्योंकि जीवात्मा अल्पज्ञ है और उसका स्वरूप अल्प है। जीवात्मा का जब शरीर के साथ संसर्ग होता है तो जन्म कहलाता है। संसार में आकर के जब वह अनेक प्रकार के कर्म करता है तब उसके भोग अथवा बन्धन में फंस जाता है। उन बन्धनों से छूटने का प्रयास करता हुआ वह दिखाई देता है। जब ज्ञान, कर्म और उपासना पूर्ण रूप से करता है तब परम ब्रह्म के परमानन्द को प्राप्त कर लेता है जिसको हम मुक्ति कहते हैं, अतः यह कहना कि उसका बन्ध और मोक्ष नहीं, ठीक नहीं।१

पू० पक्ष—जन्म और मरण इत्यादि सब के सब धर्म, देह और अन्तःकरण के हैं, जीवात्मा के कदापि नहीं हो सकते।

उ०—शरीर और अन्तःकरण चेतन नहीं हैं, जड़ हैं। अतः उनमें बन्ध और मोक्ष, जन्म और मरण इत्यादि का सामर्थ्य बिना जीवात्मा के नहीं हो सकता। मनुष्य और इतर प्राणी चेतन होने से शीत और उष्ण के स्पर्श का भान करते हैं। नहीं तो मन भी जड़ है, प्राण भी जड़ है, तब तो उनको भूख प्यास और हर्ष, शोक इत्यादि नहीं हो सकते, अतः नाना प्रकार सुख दुःख का भोग जीवात्मा ही करता है।

पू०—चिदाकाश ब्रह्म में सभी अन्तःकरण रहते हैं जैसे मछली और अन्य जल प्राणी समुद्र में रहते हैं। वे अन्तःकरण अपने आप में जड़ हैं परन्तु व्यापक ब्रह्म की सत्ता से वे भी चेतन हो जाते हैं। इस प्रकार जीवात्मा का बन्ध और मोक्ष नहीं बनेगा। एक ब्रह्म ही है अन्य कुछ भी नहीं।

उ०—यह भी ठीक नहीं। यदि ब्रह्म ही केवल सर्वव्यापक होकर सब अन्तःकरणों में भासता होता तो ब्रह्म के सर्वज्ञादि सभी गुण उसमें आने चाहियें परन्तु ऐसा नहीं होता। क्योंकि सभी जीव अल्पज्ञ ही हैं, सर्वज्ञ नहीं। (नवीन वेदान्तियों का अद्वैतवाद का यह सिद्धान्त द्वैतवाद प्रकरण में पूर्वपक्ष के रूप में रखकर के खण्डन किया है वहीं पर देख लेना चाहिये क्योंकि नहीं तो ऐसा करने से हम प्रसङ्ग से दूर चले जायेंगे)।

मुक्ति की परिभाषा साधारण रूप से हम इस प्रकार कर सकते हैं कि जिसमें दुःख आदि पूर्ण रूप से छूट जाते हैं और जीवात्मा ब्रह्मानन्द को पूर्णरूप से प्राप्त कर लेता है।१ सुखवाद का खण्डन करते समय हमने यह स्पष्ट किया था कि संसार के सभी प्राणी एक ऐसे आनन्द के लिये प्रयास कर रहे हैं जिस में दुःख मिश्रित न हों क्योंकि संसार भर के सभी प्राणी के सभी सुख चाहे चक्रवर्ती राजा ही क्यों न हो दुःखों से पूर्ण रूप से विहीन नहीं हो सकते। जीव अल्पज्ञ होने के कारण संसार में फंस कर नानाविध कर्मों को करता है, वहाँ पर पूर्ण सुख की प्राप्ति होना असम्भव है। अतः जैसा कि हम ऊपर कह चुके हैं पूर्णानन्द मुक्ति से ही सम्भव है जो मुक्ति, ज्ञान, कर्म और उपासना इत्यादि साधनों को करने से प्राप्त होती है। इन साधनों का वर्णन पीछे करेंगे पहले मुक्तावस्था में जीवात्मा की क्या

---

१. यह नवीन वेदान्तियों का कहना सत्य नहीं क्योंकि जीव का स्वरूप अल्प होने से आवरण में आता, शरीर के साथ प्रकट होने रूप जन्म लेता, पाप रूप कर्मों के फल भोगरूप बन्धन में फंसता है उसके छुड़ाने के साधन कर्ता, दुःख से छूटने की इच्छा करता और दुःखों से छूटकर परमानन्द परमेश्वर को प्राप्त होकर मुक्ति को भी भोगता है। (स० ९ समुल्लास)।

१. मुञ्चन्ति पृथग् भवन्ति जना यस्यां सा मुक्तिः (स०प्र०९म समुल्लास)।

(क्रमशः)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अवस्था होती है इसका संक्षेप से वर्णन करते हैं। मुक्ति में जीवात्मा की क्या अवस्था होती है इस विषय में दार्शनिक क्षेत्र के अन्दर अनेकों मतभेद हैं। उनमें से एक है जीवात्मा का ब्रह्म में लय होना माना जाता है मुक्ति में जीवात्मा का लय हो जाता है इसका खण्डन त्रैतवाद प्रकरण में कर आये हैं कि ब्रह्म और जीव सदैव पृथक् रहते हैं वे दोनों नित्य हैं और उनका परस्पर व्याप्य व्यापक सम्बन्ध है। महर्षि दयानन्द जी मुक्तावस्था में जीव के सत्य संकल्पादि स्वाभाविक गुण रहते हैं भौतिक साधन मुक्ति में नहीं रहते ऐसा मानते हैं। सत्यार्थ प्रकाश के नवम् समुल्लास में मुक्ति प्रकरण में शतपथ का प्रमाण देते हुये वे कहते हैं कि—मुक्ति अवस्था के अन्दर जीवात्मा के साथ भौतिक शरीर व इन्द्रियों के भौतिक भोग नहीं होते हैं। परन्तु उन सबके अपने अपने स्वाभाविक और शुद्ध गुण रहते हैं। जब जीवात्मा मुक्ति के अन्दर सुनना चाहता है, स्पर्श करना चाहता है, सूंघना चाहता है, देखना चाहता है, तब तब उस उस इन्द्रिय की स्वशक्ति सामर्थ्यरूप में जीवात्मा के अन्दर आ जाती है[1]।

1– शृण्वन् श्रोत्रं भवति, स्पर्शयन् त्वग् भवति, पश्यन् चक्षुर्भवति, रसयन् रसना भवति, जिघ्रन् घ्राणं भवति....अहं कुर्वाणोऽहंकारो भवति (शतपथ०काण्ड १४)।।

मोक्ष में भौतिक शरीर व इन्द्रियों के गोलक जीवात्मा के साथ नहीं रहते किन्तु अपने स्वाभाविक गुण रहते हैं,....मुक्ति में सब आनन्द भोग लेता है।

(सत्यार्थप्रकाश नवम समु०)।

मुक्ति के अन्दर जीवात्मा का क्या स्वरूप रहता है? सभी दर्शनकार अपने २ सिद्धान्तों का प्रतिपादन करते हैं। जैसा कि हम पूर्व लिख आये हैं चार्वाक को छोड़कर सभी भारतीय दार्शनिक मुक्ति का प्रतिपादन करते हैं। जैन दर्शन यद्यपि ईश्वर की सत्ता में विश्वास नहीं रखता परन्तु वह मुक्ति को स्वीकार करता है। उसके यहाँ मिथ्या दर्शन आदि बन्ध के कारण हैं उनका निरोध, संवर कर लेने पर तथा नये कर्मों का अभाव होकर निर्जरारूपी कारण के सम्पर्क से पूर्वोपार्जित कर्मों का विनाश हो जाता है। तब सब प्रकार के कर्मों से सदा के लिये मुक्ति मिल जाती है। बस, उनके यहाँ यही मोक्ष है। कहा है कि बन्ध के कारणों का अभाव तथा निर्जरा के सभी कर्मों से बच जाना मोक्ष है। उसके बाद प्राणी ऊपर ही चला जाता है। जब तक कि लोक का अन्त न मिल जाये। जैसे हाथ और डन्डे से गोलाकार घुमाया गया कुम्भकार का चक्र हाथ से क्रिया बन्द करने पर भी जब तक कि संस्कार क्षीण नहीं होते तब तक चलता ही रहता है। उसी प्रकार वृद्धावस्था में आत्मा ने मोक्ष की प्राप्ति के लिये कई वार जो योग किया था अब मुक्त हो जाने पर पहले किये गये योग साधनों के संस्कारों के कारण आत्मा लोक से ऊपर तक चली जाती है। अथवा जैसे मिट्टी का लेप करके भारी बनाया गया लौकी का तुम्बा पानी में नीचे गिर जाता है परन्तु नीचे जाकर जब मिट्टी का बन्धन छूट जाता है तब वह फिर ऊपर चला आता है उसी प्रकार कर्म से रहित होकर आत्मा ऊपर चली जाती है। आत्मा अग्नि शिखा की भांति अपनी ऊर्ध्वगामिनी प्रकृति के कारण मोक्ष में चली जाती है। जैन आचार्य पदमनन्दी जी कहते हैं कि चन्द्र सूर्यादि ग्रह तो जा जाकर लौट आते हैं। परन्तु लोक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

से परे जो आकाश है उसमें गये हुये मोक्ष आत्मा आज तक नहीं लौटे ।१

बौद्ध दर्शन भी मुक्ति को स्वीकार करता है। बौद्ध दर्शन में मुक्ति के लिये निर्वाण शब्द का प्रयोग हुआ है जिसका शाब्दिक अर्थ है बुझा हुआ। परन्तु यह विचार भ्रामक है। क्योंकि ऐसा होता तो महात्मा बुद्ध मृत्यु से पूर्व निर्वाण कैसे प्राप्त कर लेते। वस्तुतः निर्वाण का अर्थ वासना की अग्नि बुझ जाना है। जब मनुष्य के अन्दर से कामासव, भावासव, और अविद्यासव आदि की अशुद्धियाँ समाप्त हो जाती हैं तब पुनर्जन्म नहीं होता है। निर्वाण को बौद्ध दर्शन में शीतीभाव अथवा शीतलता की अवस्था कहा गया है। उसमें वासना और उससे जनित दुःखों की शान्ति हो जाती है। परन्तु मुक्ति अवस्था में भी आत्मा के अस्तित्व का अभाव नहीं होता है। बौद्ध दर्शन के पालिग्रन्थों में निर्वाण को शान्ति की अवस्था चित्रित किया गया है। निर्वाण को परमानन्द की अवस्था अमृतपद निःश्रेयस आदि धम्मपद में माना गया है। बौद्ध-दर्शन में मुक्ति में सुख को नहीं माना गया। सुख एक लौकिक अनुभव है जो इन्द्रियों द्वारा प्राप्त होता है। परन्तु बौद्धदर्शन मुक्ति में अभाव को नहीं मानता। अपितु मोक्ष में आत्मा की आनन्दमय अवस्था मानता है, यद्यपि इस मान्यता से सभी बौद्ध-दार्शनिक सहमत नहीं हैं, कुछ विद्वान् निर्वाण को वर्णनातीत मानते हैं।

बौद्धदर्शन में निर्वाण के दो रूप बतलाये गए हैं — पहला सोपाधि निर्वाण, द्वितीय अनुपाधि निर्वाण। प्रथम में पुनर्जन्म के कारण उपादान कुछ बचे रहते हैं, दूसरे को पूर्ण बुझा हुआ माना गया है। अर्थात् जन्म-मरण के चक्कर से जीव सदा छूट जाता है। जब निर्वाण प्राप्त हो जाता है तो उसका परिणाम यह होता है कि जन्म-मरण के कारणों के नष्ट हो जाने से पुनर्जन्म और दुःखों की सम्भावना समाप्त हो जाती है। यह तो मृत्यु के बाद का परिणाम है। मृत्यु से पूर्व निर्वाण-प्राप्त व्यक्ति का जीवन मृत्यु तक शान्ति और शान्ति के साथ बीतता है। संसारिक-सुखों अथवा साधारण अनुभवों से इसका वर्णन नहीं किया जा सकता। केवल यही कहा जा सकता है कि इससे मनुष्य के दुःख दूर हो जाते हैं। बौद्धों के इस वर्णन से हम इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि मुक्ति-अवस्था में जीवात्मा के अस्तित्व का विनाश नहीं होता, अपितु उसका अपना अस्तित्व पूर्णरूप से बना रहता है। और मुक्ति के अन्दर विचित्र-आनन्द की अनुभूति होती रहती है।

मीमाँसकों के अनुसार मोक्ष-अवस्था में धर्म और अधर्म इन दोनों का सम्बन्ध नहीं रहता है इस पर दूसरे विचारकों की आपत्ति है कि मुक्तावस्था में जब सब धर्म नष्ट हो जाते हैं, तो मुक्त व्यक्ति को किसी प्रकार के सुख की प्राप्ति नहीं होगी, इस प्रकार मुक्तावस्था में जब सुख नहीं रहेगा तो कोई भी मोक्ष को क्यों चाहेगा ? इस आक्षेप का उत्तर मीमाँसक इस प्रकार देते हैं कि— मुक्तावस्था में न आनन्द का अनुभव होता है न ज्ञान का। आनन्द का अनुभव करने के लिए इन्द्रियों की आवश्यकता रहती है और इन्द्रियाँ मोक्ष के समय नहीं होतीं हैं, जिनके द्वारा आनन्द का उपभोग हो सके। इसी प्रकार बाह्य-इन्द्रियों की तरह मुक्ति में मन भी नहीं रहता है। जिसकी सहायता से आनन्द-लाभ किया जा सके। श्रुति भी

१— गत्वा गत्वा निवर्तन्ते चन्द्रसूर्यादयो ग्रहाः ।
अद्यापि न निवर्तन्ते त्वलोकाकाशमागताः ।।
(प०न०आ०) ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कहती है, मुक्तावस्था में मन नहीं रहता है।१ अतः मुक्तावस्था में आनन्द की स्वीकृति वेद भी नहीं देता। यही बात ज्ञान के विषय में है। जब ज्ञान के साधन नहीं रहते तो ज्ञान होगा ही नहीं। ज्ञान और मोक्ष इन्द्रियों के न होने से यह नहीं समझना चाहिये कि ज्ञान की शक्ति का ही नाश हो जाता है, इस का अभिप्राय तो केवल यही है कि साधनों के न रहने से सिर्फ ज्ञान का लोप होता है ज्ञानशक्ति का नहीं।२ इस प्रकार के अनेकों वाक्य जिनसे सिद्ध होता है कि मुक्तावस्था में आत्मा की ज्ञानशक्ति नष्ट होती है, जैसे–वह नहीं देखता; वह देखते हुये भी नहीं देखता, देखने वाले की दृष्टि का भी विनाश नहीं होता।३ इसी प्रकार मुक्ति-अवस्था के अन्दर आत्मा के सभी साधन नहीं रहते। जब साधन ही नहीं रहेंगे, तो आत्मा मुक्त-अवस्था में आनन्द का उपभोग नहीं कर सकता। परन्तु ये सब होते हुये भी मुक्तावस्था चरम-कोटि की अवस्था है। उस अवस्था में दुःखों का लेशमात्र भी नाम नहीं रहता। दुःखों से पूर्णतः छूट जाना भी बहुत बड़ा फल है। अतः दुःख तथा सुख आदि सभी आत्मगुणों का उच्छेद ही मोक्ष है।१ और इन सब दुःखों के तथा सुखों के उच्छेद में हम को अधर्म तथा धर्म के उच्छेद को कारण मानना पड़ेगा, जब धर्म रहेगा तो सुख अवश्य रहेगा एवं जब अधर्म रहेगा तो दुःख अवश्य होगा। इन दोनों में जब तक एक की भी सत्ता है तब तक मुक्ति कहाँ? शरीर की प्रवृत्ति कर्म से उत्पन्न फल को भोगने के लिये होती है। जब किसी प्रकार का हमारा शुभ तथा अशुभ कर्म ही नहीं रहेगा, तो फिर हमें क्यों और किस फल के लिये शरीर धारण करना पड़ेगा।२ अत एव मीमाँसक – शास्त्र में कहा है कि जो मोक्ष चाहता है वह काम्य और निषिद्ध दोनों प्रकार के कर्म मत करे। क्योंकि वह काम्य कर्म करेगा तो सुख की प्राप्ति अवश्य होगी और निषिद्ध कर्म करेगा तो दुःख आदि की प्रवृत्ति होगी।३ जब ऐसा होगा तो मोक्ष दुर्लभ हो जायेगा। केवल नित्य-कर्म ही करने चाहिये, जिससे साधारण दोष उसमें न लगें। इस प्रकार वह कर्म-बन्धन से मुक्त हो जावेगा।४ (क्रमशः)

---

१. अमनोऽवाक्।
२. न हि जातुर्ज्ञातिविपरि लोको विद्यते।
३. यद्वै तन्नपश्यति पश्यन्वै तन्नपश्यति। न हि द्रष्टुर्दृष्टेर्विपरिलोपो विद्यते ॥

---

१. सुखदुःखोपभोगो हि संसार इति शब्द्यते,
तयोरनुपभोगं तु मोक्षं मोक्षविदो विदुः।
२. कर्मजन्योपभोगार्थं शरीरं नः प्रवर्त्तते।
तदभावेन कश्चिद्धि हेतुस्तत्रावतिष्ठते ॥
३. मोक्षार्थी न प्रवर्त्तेत तत्र काम्य-निषिद्धयोः।
नित्य नैमित्तिके कुर्यात्प्रत्यवायजिहासया ॥
४. सुखदुःखविहीनोऽतो मुक्तः स्वस्थोऽवतिष्ठते ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

महात्मा मुन्शीराम जी सम्बन्धी कुछ संस्मरण

कविराज पं० धर्मदत्त जी विद्यालङ्कार, सिद्धान्तालङ्कार, वैद्यविशारद

आज १९७४, दिसम्बर २३ को लगभग ७२ साल हो गये, जब १९०३ में मेरे पिताजी मुझ आठ वर्ष के बालक को यहाँ गुरुकुल में प्रविष्ट कराने को लाये थे, तब मैंने पहले पहल उस महान तपस्वी त्यागी ऊंचे कद के भारी शरीर के दाढ़ी वाले तेजस्वी महापुरुष को देखा था जिसे लोग उन दिनों महात्मा मुन्शीराम कहते थे। १९०३ से लेकर १९१७ तक मैं शिष्य के नाते उनके अति निकट रहा। १९१७ में मैं स्नातक होगया और उन्होंने श्री स्वामी सत्यानन्द जी महाराज से संन्यास लेकर गुरुकुल से विदा लेली। जितने वर्ष मैं यहाँ रहा मेरा ख़याल हुआ करता था कि सारे भारतवर्ष में इस आदमी से कोई बड़ा आदमी नहीं है। बड़े-बड़े आदमी उस काल में गुरुकुल आये, मैं देखता था वे सारे उसके सामने नतमस्तक हो जाते थे। उस महान् व्यक्ति के संबन्ध में जो धुन्धले से संस्मरण मुझे हैं मैं उनका उल्लेख करता हूं :

(१) जब तक मैं विद्यालय में रहा मुझे स्मरण है कि हर ऐतवार के प्रातःकाल छात्रों के हवन के बाद उनका उपदेश हुआ करता था। जब मैं कालेज में आगया तब उनका वह सिलसिला तो टूट गया था परन्तु उन्होंने ऐसा प्रबन्ध किया था कि महीने में एक उपदेश छात्रों को किसी महान् व्यक्ति का हो जाया करे। इससे मैं देखता था कि छात्रों को चरित्र वनाने में सहायता मिलती थी।

(२) दूसरे वे प्रातःकाल के व्यायाम पर या ड्रिल पर विशेष बल देते थे। उस समय कोई व्यायामशिक्षक या ड्रिलमास्टर अवश्य रहता था जो लड़कों को व्यायाम की शिक्षा देता था। उन्होंने एक अच्छा Gymnasium भी गुरुकुल में बनाया हुआ था जहाँ लड़के व्यायाम करते थे।

(३) सायंकाल के समय किसी न किसी खेल या Games में या अखाड़े में कुश्ती करना भी उन्होंने आवश्यक किया हुआ था। कभी-कभी वे स्वयं अखाड़े में आते थे तथा खेल के मैदान में तो आकर कभी-कभी वे स्वयं लड़कों को खेलता हुआ देखते थे और खेल के लिए उत्साहित करते थे।

(४) उन दिनों कालेज में एक हिन्दी वाग्वर्धिनी, एक संस्कृतोत्साहिनी तथा एक English-Club ये तीन सभायें समय-समय हुआ करती थीं, जिसमें लड़के बोलने का अभ्यास करते थे। मुझे स्मरण है मैंने एक बार उनसे English Club में भाषण के लिये प्रार्थना की थी। उन्होंने एक सुन्दर भाषण दिया था। उनका विषय Nationalism था।

(५) उन दिनों कालेज के लड़के हर मास एक हस्तलिखित पत्रिका निकालते थे। एक बार एक पत्रिका मेरे संपादकत्व में निकली थी। पुस्तकालय में रखने से पहले उस पर आचार्य के हस्ताक्षर जरूरी थे। मैं उनके हस्ताक्षरों के लिए पत्रिका उनको दे आया। अगले दिन जब उस पत्रिका को लेने मैं गया तो देखा वे बड़े क्रोध में थे, बोले क्या तुम ने गुरुकुल में हत्यारों की बड़ाई करना सीखा है ? तुम इन पन्नों को फाड़कर फिर पत्रिका को लाओ। मैंने उस पत्रिका में बंगाल के क्राँतिकारी लड़कों की जिन्होंने कुछ अफसरों का खून किया था बड़ाई की हुई थी। यह बात जब की है जब महात्मा गान्धी अभी हिन्दुस्तान आये भी नहीं थे, जब गांधी जी के सत्य और अहिंसा की कोई चर्चा भी नहीं थी। जब मैंने उन पन्नों को फाड़ दिया तब उन्होंने हस्ताक्षर किये।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(६) एक बार एक गुरुकुल जन्मोत्सव की सभा में जिसके सभापति महात्मा मुन्शीराम जी थे, औरों के अतिरिक्त मैं ने भी भाषण दिया और कहा कि गुरुकुल की विशेषता यह कि यहां पूर्व और पश्चिम का अच्छा मिश्रण हुआ है । सभा के अन्त में सभापति का भाषण देते हुए उन्होंने इस मेरी बात का उल्लेख किया और ये वचन कहे कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली में यहाँ तक कि डी. ए. वी. कालेजों में भी पाश्चात्य विषयों की शिक्षा पर बल दिया जाता है । दूसरी ओर बनारस आदि की पाठशालाओं में केवल प्राचीन विषयों की शिक्षा पर बल दिया जाता है परन्तु इन दोनों प्रकार के विषयों के सम्मिश्रण करने की शिक्षाप्रणाली के उद्देश्य से मैंने इस गुरुकुल की स्थापना की थी उनके ठीक शब्द तो याद नहीं पर उनका भाव यही था ।

(७) जब वाइसराय साहब ने उन्हें मिलने के लिये देहली बुलाया था तब वहां से लौटकर उन्होंने अक्षरशः जो दोनों की बात हुई थी वह सब सभा में सुनाई थी । उनकी स्मृति शक्ति इतनी थी, कि उन्होंने अक्षरशः सारी बात दुहराई थी । उसका अभिप्राय यह था कि वाइसराय साहब को यह रिपोर्ट दी जा रही है कि गुरुकुल में अंग्रेजी राज के खिलाफ बगावत की शिक्षा दी जाती है । महात्मा जी का जवाब यह था कि आपको जो रिपोर्ट दी गई है वह गलत है । गुरुकुल की स्थापना इस लिये हुई है कि वहां से सदाचारी, पूर्ण शिक्षित विद्वान निकलें न कि हत्या करने वाले हत्यारे । इस पर चैम्सफोर्ड साहब को सन्तोष हो गया था और उसके बाद वे गुरुकुल में पधारे भी थे । हमने देखा वे तथा यू०पी०के गवर्नर सरजेम्स मेस्टन जो पीछे लार्ड मेस्टन हो गये कितना सम्मान उनके लिए प्रदर्शित करते थे । उन्होंने गुरुकुल को आर्थिक सहायता देने की भी बात छेड़ी थी पर महात्मा जी ने पूरी तरह इन्कार कर दिया ।

(८) शायद १९१५ की गर्मियों की बात है कि मैं सुबह कालेज में जा रहा था । मैंने देखा शहर कनखल की ओर से एक साधारणसा व्यक्ति एक लड़के के साथ महात्मा जी के बंगले की ओर जा रहा है । उधर महात्मा जी बड़ी जल्दी में कालेज अपने आफिस की ओर जा रहे थे । उस आदमी ने आगे बढ़कर महात्मा जी के चरण छुए । महात्मा जी जल्दी में थे, वे बिना रुके आगे बढ़ गये । तब आगन्तु व्यक्ति का लड़का दौड़ा और उसने महात्माजी से कुछ कहा फिर, क्या था, महात्मा जी पीछे की ओर लपके और आगन्तुक व्यक्ति को गले से लगा लिया पीछे हमें मालूम हुआ कि आगन्तुक व्यक्ति महात्मा गांधी थे । वे अभी कर्मवीर गांधी कहाते थे, अभी वे महात्मा नहीं हुए थे, हिन्दुस्तान में अभी लोग उन्हें जानते भी न थे ।

(९) एक दफा एक बौद्ध भिक्षु लंका से गुरुकुल आकर रहे थे वे हिन्दी तथा अंग्रेजी दोनों भाषायें नहीं जानते थे, केवल संस्कृत या पाली ही बोल सकते थे । एक दिन मैंने देखा महात्मा जी उनसे खड़े बात कर रहे हैं । मुझे कौतूहल हुआ कि महात्मा जी उनसे किस भाषा में बोल रहे होंगे, परन्तु पास जाने में डर भी लगता था फिर भी साहस कर के मैं उन के पास से गुजर गया । मैंने देखा महात्मा जी उनसे संस्कृत में बात कर रहे हैं । मुझे आश्चर्य हुआ कि बिना पढ़े उन्होंने काम-लायक संस्कृत बोलना कैसे सीख लिया ?

(१०) वे अपने लड़कों का कितना ख्याल रखते थे इसका एक उदाहरण मुझे याद आता है । हमारी क्लास में एक लड़का सत्यप्रिय था उसको किसी अपराध पर उन्होंने गुरुकुल से निकाल दिया था । कुछ काल बाद रंगून से

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

महात्मा जी के किसी व्यापारी मित्र ने उन्हें लिखा कि उसे एक लेखक की आवश्यकता है, वे किसी को भेज दें। उन्होंने सत्य प्रिय को लिखा कि वह उनका पत्र लेकर रंगून चला जाये, उसकी नियुक्ति वहाँ ८० या १०० रु० मासिक पर कर दी है। उसके बाद सत्य प्रिय ने मुझको लिखा कि वह वहां पर बहुत खुश है।

(११) १९१७ मई मास के लगभग संन्यास लेते समय जिस समय उन्होंने श्वेत वस्त्र उतार कर भगवे कपड़े डाले, हम सब की आंखों में आंसू आ गये थे। हमारे पास खड़ा एक पंजाबी बोल उठा यह वह आदमी था' जो अपनी पेन्ट में शिकन नहीं आने देता था आज इसने सर्वस्व छोड़ कर भगवा डाल लिया। वक्त क्या नहीं करता।

हरिश्चन्द्र विद्यालंकार को श्रद्धाञ्जली

ब्रह्मचारी धर्मचन्द्र 'प्रचारी' (विद्याविनोद द्वितीय वर्ष) गु० कांगड़ी

प्रथम सुमन मेरे उपवन के तुझको नमन करूं मैं।
ओ श्रद्धा के सेनानी तेरा क्या कथन करूं मैं॥
तू था पहला चांद अकेला,
जो कुल नभ मण्डल में खेला॥
तेरी त्याग चन्द्रिका से, निज तन को शमन करूं मैं॥१॥ ओ०
था इस माता का प्रथम पूत,
जिसमें हम हैं अब फलीभूत॥
ज्येष्ठ सहोदर कुल माता के तेरा अनुसरण करूं मैं॥२॥ ओ०
था उस माला का एक बीज,
संस्कृती जिसको रही रीझ॥
निज को पिरोकर उस माला में तुझ सम भ्रमण करूं मैं॥३॥ ओ०
मौक्तिक था तू इस सागर का,
रत्न रहा तू इस आकर का॥
तेरे सम पाकर सक्षमता निज को रत्न करूं मैं॥४॥ ओ०
तू उस माली की पैदा थी,
जिस पर सब दुनिया सैदा थी॥
फिर से आवें एसे माली, भगवन् से भजन करूं मैं॥५॥ ओ० श्रद्धा..
तू आज है हमसे दूर हुआ,
विधि का नियम भरपूर हुआ॥
अर्पण तेरी सेवा में कविता के सुमन करूं मैं॥६॥ ओ० श्रद्धा.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अन्तःस्रावी ग्रन्थियों का एक्सचेन्ज

(पीयूष-ग्रन्थि)

श्री मदनपाल सिंह चौधरी, ४र्थ वर्ष

वर्तमान समय में मानव-शरीर की रचना विज्ञान की एक प्रमुख शाखा मानी जा रही है। मनष्य के शरीर से सम्बन्धित विभिन्न संस्थान तथा उनकी कार्य-प्रणाली का ज्ञान प्रमुख विषय हैं। जिस प्रकार किसी राष्ट्र आदि में विभिन्न स्थानों से सम्पर्क कर उन्हें नियन्त्रित कर उन्हें कार्य के लिए प्रेरित करने के लिये कुछ नियन्त्रण कक्ष होते है। उसी प्रकार शरीर के विभिन्न संस्थानों पर नियन्त्रण करने के लिए तथा उन्हें विभिन्न क्रियाओं के लिए प्रेरित करने के लिए शरीर में कुछ ऐसी ग्रन्थियां है जो अपना विशिष्ट स्राव (Harmone) रक्त में बिना किसी अन्य वाहनी की सहायता के ही सीधा भेज देती है तथा संस्थानविशेष को प्रेरित कर या प्रभावित कर अपना लक्ष्य पूर्ण करती है। इन ग्रन्थियों को अन्तः-स्रावी ग्रन्थियां (Endocrine glands) कहते है। Endocrine शब्द दो शब्दों के योग से बना है (endo=within), Krions=Separate इन ग्रन्थियों से क्षण-प्रतिक्षण Harmones का स्राव होता रहता है जो शरीर की मानसिक तथा भौतिक क्रियाओं पर नियन्त्रण रखता है।

वैसे तो अन्तःस्रावी ग्रन्थियाँ हमारे शरीर में कई प्रकार की हैं तथा प्रत्येक अपने २ कार्य में भिन्नता रखते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों का सम्पादन करती है, परन्तु ग्रन्थि छोटा स्वरूप रखते हुए स्वयं अपने में एक जटिल तथा महत्वपूर्ण अन्तःस्रावी ग्रन्थि है। किसी विद्वान ने पीयूष ग्रन्थि का महत्व दर्शाते हुए उसे Master gland भी कह दिया है। अन्य अन्तःस्रावी ग्रन्थियों पर प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से पीयूष ग्रन्थि का नियन्त्रण अवश्य रहता है। इसके अतिरिक्त यह छोटी सी ग्रन्थि जिन महत्त्वपूर्ण Harmones को पैदा करती है वह हमारे शरीर की अनेक क्रियाओं को किसी न किसी प्रकार अपने प्रभाव में रखे हुए है।

यह पिट्यूटरी ग्रन्थि Sphanoid bone के Fossa Hypophysis में optic-chiasma के पीछे स्थित है। इस ग्रन्थि के तीन मुख्य पिण्ड (Lobes) होते हैः-

१ **अग्रपिण्ड** (Ant-Lobe) इस खण्ड से लगभग चौदह हारमोन्स निकलते हैं, जिनमें से कुछ मुख्य हारमोन्स निम्नलिखित हैः—

i Growth Promoting Harmone or S.T.H —यह Ant lobe के eosinophil cells का स्राव है। इस स्राव की कमी से शारीरिक वृद्धि का नियमन भंग होकर व्यक्ति बौने रह जाते हैं। यदि स्राव अधिक बढ़ जाय तो व्यक्ति सामान्य से अधिक लम्बे हो जाते है। यदि व्यक्ति की लम्बाई बढ़ने का समय पूरा होने के बाद इस स्राव की वृद्धि हो तो अस्थियाँ चौड़ाई में बढ़ने लगती है।

ii Gonado tropic Harmone—यह जनन ग्रन्थियों की क्रिया पर प्रभाव डालता है। यदि जननांगों की परिपक्वता से पूर्व ही यह स्राव कम हो जाय तो लैंगिक विकास ठीक नहीं हो पाता। अंडाशय (overy) के कुछ अन्य Harmones भी इसकी उपस्थिति के

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बिना पैदा नहीं हो सकते। इसकी कमी से पुरुष के परिपक्व जननांगों का भी क्षय होने लगता है। स्त्रियों में डिम्ब ग्रन्थि में से स्त्रीबीज (ovum) को परिपक्व करके बाहर निकालना तथा पीत पिण्ड के निर्माण (Formation of corpus Luteum) के लिये भी यह उत्तरदायी है।

iii Prolactin or L.T.H.—यह स्राव स्तनों में उपस्थित ग्रन्थियों को दुग्ध-निर्माण हेतु उत्तेजित करता है। साथ ही साथ पीत पिण्ड को स्राव निकालने में भी सहायक होता है।

V Pancreatotropic Harmone— यह Harmone Pencreas पर प्रभाव डालकर Insuline के स्राव की उत्पत्ति कराने के लिए उत्तरदायी है। इसकी कमी से Glicosuria हो जाता है। अर्थात् रक्त में शर्करा की मात्रा बढ़ जाती है।

V Thyrotropic Harmone—यह Harmone Thyroid gland को क्रियाशील बनाए रखता है। इसकी कमी से Basal Metabolic Rate घट जाता है, जिससे मनुष्य को भूख कम लगती है तथा शरीर में स्थूलता बढ़ने लगती है। इसके विपरीत यदि यह स्राव सामान्य से बढ़ जाय तो थायराइड ग्रन्थि अधिक क्रियाशील होकर अधिक Thyroxin पैदा करने लगती है, जिससे B. M. R. बढ़ जाता है तथा मनुष्य को भूख बहुत अधिक लगती है और वह कृश रहने लगता है। शरीर में गरमी भी अधिक रहती है। कभी तापक्रम सामान्य से अधिक रहने लगता है।

VI Adrenotropic Harmone—यह स्राव Adrenal gland के Cortex भाग को क्रियाशील रखता है। यदि यह स्राव कम हो जाय तो शरीर से जल तथा लवण अधिक मात्रा में मूत्र के साथ निकल जाते हैं तथा पेशियाँ शिथिल पड़ जाती हैं। Cortex के स्राव के बढ़ जाने से Sex भी बदल सकता है। यहाँ तक की महिलाएं पुरुष में बदलने लगती हैं। Menstration पर भी यह स्राव प्रभाव करता है।

२. **पश्चाद् पिण्ड** Post-Lobe—इस खण्ड से Pitutrin सत्व निकलता है, जिसके दो प्रमुख हारमोन हैं:—

i Anti diuretic Harmone or A. D. H.—यह Harmone renal vaso Constriction करता है तथा जल का शोषण भी अधिक कर देता है, जिससे मूत्र की मात्रा कम हो जाती है। इसकी अधिक मात्रा से कोशिकाओं का संकोच हो जाता है जिसके परिणामस्वरूप Blood Pressure बढ़ जाता है। परन्तु कभी २ हृदय अवसाद के कारण B. P. गिरता हुआ भी देखा जाता है।

ii Oxytocin—यह गर्भाशय की पेशियों को संकुचित करता है। परन्तु इसकी क्रियाशीलता इस बात पर निर्भर करती है कि गर्भाशय पहले oestrogen के सम्पर्क में आ चुका है या नहीं। अर्थात् कन्याओं vergins पर यह क्रियाशील नहीं है, केवल अन्य युवतियों के uterus को यह तीव्रता से संकुचित करता है। मासिक स्राव के First half में यह गर्भाशय पर थोड़ी क्रिया करता है तथा Second half में कुछ अधिक क्रियाशील

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आ जाती है। गर्भ स्थिति हो जाने पर First half में क्रियाशीलता कम रहती है, परन्तु जैसे २ गर्भस्थिति का समय बढ़ता जाता है तो इसकी क्रियाशीलता भी बढ़ती जाती है और प्रसवकालीन वेदना के समय चरम सीमा पर पहुंच जाती है जिसके फलस्वरूप यह Harmone uterus को संकुचित करके Foetus को बाहर फेंक देता है। इसके बाद सूतिका काल में कुछ समय तक रहकर यह स्वयं समाप्त हो जाता है। यह Harmone स्तनों से दुग्ध स्रवित कराने में भी सहायक है।

३. **मध्यस्थ पिण्ड** (Pars Intermedia)—मनुष्य के लिए इस पिण्ड का विशेष महत्व नहीं है। यह निम्न स्राव पैदा करता है।

i Malanophore Stimulating Harmone—इसके बढ़ जाने से त्वचा में अस्थाई काला रंग आ जाता है।

कुछ कथाएं तथा ऐतिहासिक बातें हमें पढ़ने को मिलती हैं कि साधु लोग अपने शिष्यों को (छोटे बच्चों को) लोहे के टोप प्रारम्भ से ही उढ़ाकर रखते थे, जिससे उन बच्चों की वृद्धि तथा जननाँगों का विकास आदि रुक जाते थे। ये साधु इन शिष्यों को चूहे कहकर पुकारते थे। इस कथा के पीछे भी रहस्य यही है कि लोहे का टोप पहना कर Skull के विकास को या यह कहिये कि पिट्यूटरी के विकास को रोकना उनका उद्देश्य था।

कुछ वर्ष पूर्व समाचारपत्रों में समाचार आया कि हिमालय क्षेत्र से कुछ सामान्य से अधिक लम्बाई के अस्थिपंजर मिले हैं। उनमें पाया गया कि उनकी Fossa Hypophysis बहुत बड़ी थी। अतः इसमें भी लम्बाई का सम्बन्ध पिट्यूटरी के विकास पर निर्भर है, यह ही परिणाम निकलता है।

उपरोक्त तथ्यों पर दृष्टिपात करने के बाद हमें यह पता चलता है कि पीयूष ग्रन्थि शरीर की वृद्धि, विकास तथा अन्य अन्तः स्रावी ग्रन्थियों के लिए कितनी सहयोगी है। यहाँ सहयोगी कहना ठीक नहीं बल्कि उत्तरदायी ही कहा जाय तो अधिक उपयुक्त होगा। यदि इस छोटी सी ग्रन्थि को निकाल दें या इसमें कोई Tumor आदि हो जाय तो शरीर पर कितना दुष्प्रभाव पड़ता है कि अन्य अन्तः स्रावी ग्रन्थियां कार्य नहीं कर पातीं, यौनाँगों का विकास नहीं होता और शरीर विकृत हो जाता है, मनुष्य उत्साहरहित हो जाता है तथा अपने को मानसिक बीमार महसूस करता है। इसकी अधिक क्रियाशीलता के भी भयानक प्रभाव हमारे शरीर पर होते हैं, यह भी ऊपर बताया जा चुका है।

अतः हमें अपने स्वास्थ्यहेतु अपने शरीर की अन्तःस्रावी ग्रन्थियों के एक्सचेंज 'पीयूषग्रन्थि' को स्वस्थ रखना चाहिये।

—★—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जीवनीय (VITAMINS)

श्री योगेश द्विवेदी, ३य वर्ष

Vitamin शब्द दो शब्दों का संयुक्त रूप है, Vita का तात्पर्य शरीर की Vitality (strength) से है, एवं Amine शब्द Amine Group को दर्शाता है। इनकी शरीर में अत्यन्त उपयोगिता के कारण ही इहें 'जीवनीय' संज्ञा दी गई है।

Vitamins की भोजन में अनुपस्थिति से मनुष्यों में अनेक रोग उत्पन्न होते देखे गए हैं। एक पौष्टिक आहार भी यदि वह Vitamins से रहित है, शरीरवृद्धि के लिए पर्याप्त नहीं है, शरीर की विशिष्ट क्रियाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए जीवनीय प्रायः बाह्यस्रोतों External Sources द्वारा हमें प्राप्त होते हैं। यह एक प्रकार के शक्तिमय कार्बनिक पदार्थ हैं जो कि शरीर के लिए अत्यन्त सूक्ष्म मात्रा में ही बहुत अधिक लाभकारी हैं।

जीवनीय वनस्पतियों एवं जन्तुओं दोनों में प्राप्त होते हैं। वनस्पतियों (Plants) में लगभग सभी प्रकार के जीवनीय उपस्थित रहते हैं तथा कुछ जीवनीय मनुष्य के शरीर के अन्दर भी पैदा होते हैं। Vit-D का निर्माण त्वचा के अन्दर होता है तथा B group के कुछ Vitamins एवं Vit-D का निर्माण लघु आंत्र (Small intestine) में होता है। कुछ Vitamins शरीर में संचित (Store) रहते हैं। वसा में घुलनशील जीवनीय का शरीर में संचय मुख्यरूप से यकृत Liver तथा Subcutaneous tissue में होता है। Vit-C का संचय Adrenal Cortex में मुख्यरूप से होता है।

Vitamins शरीर के लिए बहुत ही अल्प मात्रा में उपयोगी हैं, जिसे हम संतुलित भोजन द्वारा प्राप्त कर सकते हैं और जीवनीय की अधिक मात्रा शरीर में दुष्कर प्रभाव भी उत्पन्न कर सकती है। जिसे Hyper Vitaminosis कहते हैं।

चूंकि Vitamins पर पाचक रसों का कोई प्रभाव नहीं पड़ता अतः इनका मुख द्वारा प्रयोग भी सूचीवेध के समान ही प्रभावशाली है। सभी Vitamins के कार्य करने का ढंग अभी स्पष्ट रूप से ज्ञात नहीं हो सका है। ये शरीर के अन्दर होने वाली विभिन्न रासायनिक क्रियाओं में भाग लेते हैं। प्रत्येक Vitamin किसी विशेष tissue पर ही अपना प्रभाव डालता है।

जीवनीय का इतिहास

जीवनीय (Vitamin) की खोज लगभग २०० वर्ष पूर्व हुई थी। १७वीं० ई० में अनेक वैज्ञानिकों ने 'Scurvy' नामक रोग की चिकित्सा विभिन्न हरी वनस्पतियों एवं नीबू व नारंगी से की तथा १८ वीं०ई० में 'Beri-heri' नामक रोग की चिकित्सा माँस व हरी वनस्पतियों की संतुलित मात्रा से की गई। अन्त में Dr. Funk ने एक Anti heri heri नामक पदार्थ की खोज की और इसे Amine Compound बताया। चूंकि यह Amine Compound शरीर की Vitality के निर्माण के लिए आवश्यक है, अतः इसे Vitamine की संज्ञा दी। बाद में Vitamine शब्द से 'e' वर्ण का लोप सन् १९२० में Dr. Drummond ने किया।

जीवनीय का वर्गीकरण

घुलनशीलता के आधार पर Vitamins दो प्रकार के हैं—

१. वसा में घुलनशील Vitamins— इसके अन्तर्गत Vitamin A. D.E. एवं K आते हैं।

२. जल में घुलनशील Vitamins— इसके अन्तर्गत Vitamins B. C. P. एवं H आदि आते हैं।

उपयुक्त वर्गीकरण प्रत्येक जीवनीय, शरीर के लिए अनेक प्रकार से उपयोगी है।

—o—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वैदिक शारीर विज्ञान

परमव्योम=शिरस्थऐन्द्रियिककेन्द्र (BRAIN CENTRES) तथा गोलक

श्री पं० भगवद्दत्त वेदालंकार

प्राचीनशास्त्रों की यह मान्यता रही है कि "यथा ब्रह्माण्डे तथा पिण्डे" जैसा ब्रह्माण्ड में है वैसा ही पिण्ड (शरीर) में है। ब्रह्माण्ड में जितनी शक्तियाँ जगत् कार्य का निर्वाह कर रही हैं वे सब अंश१ रूप में शरीर में स्थित हो इस शरीर का सञ्चालन कर रही हैं। अतः इस ब्रह्माण्ड की समग्र शक्तियों तथा उनकी गति-विधियों को जानने के लिए प्राचीन ऋषि मुनि अन्तर्मुखी अवस्था में पहुंचकर सकल शरीर स्थानों, रचनाओं तथा उनके क्रियाकलापों का ज्ञान प्राप्त किया करते थे। ब्रह्माण्ड और पिण्ड में स्थित ये सब शक्तियाँ वेदों में देव व देवता नाम से वर्णित हुई हैं। वहाँ आता है कि जिस प्रकार गौएं२ गौशाला में आ विराजती हैं उसी प्रकार से सब देवता इस मानव शरीर में विराजमान हैं। यह मानव देह आठ३ चक्रों तथा नौ द्वारों की देवों की नगरी है जिसका नाम अयोध्या है। यही अमृत४ तत्त्वों से घिरी ब्रह्मपुरी है। इसी पुरी के कारण मनुष्य को पुरुष कहा जाता है। जो व्यक्ति इस ब्रह्मपुरी को जान जाता है उसे ब्रह्म तथा ब्राह्म शक्तियाँ स्वयं को और चक्षु (इन्द्रियाँ) प्राण प्रजा आदि प्रदान करती है। और वृद्धावस्था से पूर्व ये सब इन्द्रियाँ उसका परित्याग नहीं करतीं।

इन उपर्युक्त उद्धरणों से यह स्पष्ट है कि एक उत्तम वैद्य को केवल स्थूल शरीर का ही ज्ञान पर्याप्त नहीं है उसे इन्द्रियाँ प्राण व मन आदि सूक्ष्म शरीर का भी ज्ञान होना चाहिये। और आत्मा के साथ इन सबका सम्बन्ध किस प्रकार का हो यह भी उसे ज्ञात होना चाहिये।

यदि हम आयुर्वेद सम्बन्धी मन्त्रों का गहराई से अवलोकन करें तो उनसे यह स्पष्ट ध्वनित होता है कि एक सर्वोत्तम वैद्य में योगजशक्ति का भी प्रादुर्भाव होना चाहिये। "अस्पार्शमेनं शतशारदाय" "सहस्राक्षेण शतवीर्येण शतायुषा हविषाहार्षमेनम्" "जरा त्वा भद्रा नेष्ट" अथर्व०३।११ इत्यादि मन्त्रों से उपर्युक्त कथन परिपुष्ट होता है। एक सर्वोत्तम वैद्य ही वेदों का असली ज्ञाता हो सकता है।

इस संक्षिप्त भूमिका के पश्चात् अब हम सिर में विद्यमान इन्द्रियों की स्थिति व उनके कार्य कलापों का वेदमन्त्रों की शातपथीय व्याख्या के आधार पर विवेचन प्रस्तुत करते हैं। यहाँ इन्द्रियों को पशु कहा गया है। ये ही इन्द्रियाँ अपने स्वरूप कार्य व शक्ति की दृष्टि से कभी देव, कभी ऋषि, कभी प्राण, कभी छन्द तथा कभी पशु नाम से वर्णित हुई हैं। इनका पशुरूप कब होता है, यह निम्न मन्त्र से इंगित होता है। इन्द्र देवता के लिये आता है--

तवेदं विश्वमभितः पशव्यं यत् पश्यसि चक्षसा

---

१. सूर्यो मे चक्षुर्वातः प्राणोऽन्तरिक्षमात्मा पृथिवी शरीरम्। अथर्व ५।९।७।
बृहता मन उपह्वये मातरिश्वना प्राणापानौ। सूर्याच्चक्षुरन्तरिक्षाच्छ्रोत्रं पृथिव्याः शरीरम्। अथर्व ५।१०।८
२. सर्वे देवा गावो गोष्ठ इवासते।
३. अष्टचक्रा नवद्वारा देवानां पूरयोध्या०। अथर्व १०।२।३१।
४. यो वैतां ब्रह्मणो वेदामृतेनावृतां पुरम्। तस्मै ब्रह्म च ब्राह्माश्च चक्षुःप्राणं प्रजां ददुः॥ न वै तं चक्षुर्जहाति न प्राणो जरसः पुरा पुरं यो ब्रह्मणो वेद यस्याः पुरुष उच्यते। अथर्व० १०।२।२९-३१।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सूर्यस्य । ऋ. ७।९८।६ ।

अर्थात् इन्द्र इस विश्व को जो सूर्य की आँख से देखता है, वह उसका पशुभाव है ।

यहाँ 'चक्षस्' शब्द इन्द्रियों को अपने अन्दर समाविष्ट किये हुए है अर्थात् ऐन्द्रियिक दर्शन व 'ऐन्द्रियिक कार्य का निर्वाहमात्र पशुभाव है । इन इन्द्रिय-पशुओं का मस्तिष्क में स्थापन, धारण तथा उनके स्वरूप व कार्य का वर्णन यजुर्वेद के १३वें अध्याय में हुआ है । वहाँ द्युलोक व मस्तिष्क को परमव्योम नाम से सम्बोधित किया है ।

शत. ब्रा. के ७वें काण्ड के ४र्थ व ५म अध्याय में यजुर्वेद के इस १३वें अध्याय की व्याख्या की गई है ।

श. ७५।२।१ में आता है कि--

पशुशीर्ष का उपधान करता है । पशुशीर्ष पशु ही हैं, इसलिए पशुओं का ही उपधान करता है । इन पशुओं को उखा में रखता है । ये लोक ही उखा हैं । इन लोकों में पशुओं को रखता है । इसलिये इन लोकों में ये पशु विद्यमान हैं५ ।

पशुशीर्ष--मनुष्य के सिर में विद्यमान ज्ञानेन्द्रियों (Brain centres) को यहाँ पशुशीर्ष कहा है । ब्राह्मणकार कहता है कि ये पशुशीर्ष भी पशु ही हैं । फिर प्रश्न होता है कि इनको पशुशीर्ष क्यों कहा ? वह इसलिए कि मनुष्य के शरीर में ये पशु अभिव्याप्त हैं उनके सिरों (मस्तिष्क केंद्रों) का यहाँ ग्रहण करना है । इन मस्तिष्क केन्द्रों को योनि भी कहा है (योनिर्वा उखा) ये पशुशीर्ष अर्थात् सिर के पशु निम्न हैं जिनका कि आगे वर्णन किया जायेगा--मन (मानस पुरुष), आँख, श्रोत्र, नाक, वाक् (मुख) ।

उखा--इन उपर्युक्त इन्द्रियों के स्थानों को उखा, लोक व परम व्योम कहा गया है ।

अगली कण्डिकामें इन पशुओंके सम्बन्धमें कहा कि-

इन पशुओं को उखा में आगे से अपनी ओर को धारण करता है, यह इसलिए कि जहाँ प्रजापति ने इन्हें आलम्भन करना चाहा तो ये उत्क्रमण के लिए तैयार हो गए । तब प्रजापतिने इनको प्राणों में ग्रहण कर लिया, प्राणों में ग्रहण करके आगे से अपनी ओर अर्थात् अपनेमें धारण कर लिया ।६ भाव यह है कि मानस विद्युत् का जब इन्द्रियों के साथ सम्पर्क होता है तब उसके आघातसे ये इन्द्रियाँ बाहिर की ओर भागती हैं । मानस विद्युत का आघात ही आलम्भन है । इस आलम्भनसे ये इन्द्रियां बाह्य संसार की ओर उत्क्रमण करती हैं और वहां से ज्ञान प्राप्त कर अन्दर की ओर लौटती हैं । उनका आगे जाना व लौटना सब प्राण द्वारा होता है । मनुष्य की जब मृत्यु होती है तब जीवात्मा इन्द्रियों को आगे से अन्दर की ओर प्राणों में ग्रहण कर लेता है और प्राणों में ग्रहण करके अपने में धारण कर लेता है ।

अगली कण्डिका में यह बताया कि कौन २ सी इन्द्रियाँ कौन २ सा पशु हैं । दूसरे यह परमात्मा की सृष्टि का भी वर्णन है, परन्तु हमें पिण्ड की सृष्टि का ही वर्णन देखना है ।

प्रारम्भ में प्रजापति अकेला था । उसने कामना की कि अन्नका सर्जन करूं अर्थात् स्वयं पैदा होऊं तो इस कामना के अनुसार उसने प्राणों से पशुओं का निर्माण किया । मन से पुरुष, चक्षु से अश्व, प्राण से गौ, श्रोत्र से अवि और वाक्से अज को उत्पन्न किया । क्योंकि प्राणों से इनका निर्माण किया इसलिए

---

५. पशुशीर्षाण्युपदधाति । पशवो वै पशुशीर्षाणि पशूनेवैतदुपदधाति तान्युखायामुपदधातीमे वै लोका उखा, पशवः पशुशीर्षाणि, एषु तल्लोकेषु पशून्दधाति तस्मादिम एषु लोकेपु पशवः ।।१।।

६. तान्पुरस्तात् प्रतीच उपदधाति । एतद्वै यत्रैतान् प्रजापतिः पशूनालिप्सत त आलिप्स्यमाना उदक्रमिषंस्तान् प्राणेषु समगृह्णात् तान् प्राणेषु संगृह्य पुरस्तात् प्रतीच आत्मन्नधत्त ।।४।।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्राण ही पशु है यह कहा जा सकता है। मन इन प्राणों में प्रथम है इसलिए मन से उत्पन्न पुरुष सब पशुओं में श्रेष्ठ है७। यह उपर्युक्त प्रकरण का सार है और यह ब्रह्माण्ड और पिण्ड दोनों में घटता है। पिण्ड में पुरुष के सिर में निहित चक्षु आदि इन्द्रियों को निम्न पशु नाम से कहा गया है। यथा—

मन	पुरुष
चक्षु	अश्व
नासिका (प्राण)	गौ
श्रोत्र	अवि
वाक्	अज

इस प्रकार ये पाँच इन्द्रिय पशु हैं। अगली कण्डिका में आता है कि जब इनका मस्तिष्क में उपधान करते हैं तब प्रत्येक में सात सात 'हिरण्य शकल" रखते हैं। 'हिरण्यशकल' हिरण्मय परमाणु हैं (प्राणा वै हिरण्यम्) अर्थात् सुवर्णीय आभा वाले सूक्ष्मतम कण हैं जो कि प्राण रूप हैं। आगे कहा कि प्रत्येक इन्द्रिय में सात सात हिरण्यशकल रखते हैं। कहा भी है "सप्त प्रत्यस्यति। सप्त वै-शीर्षन्प्राणास्तानस्मिन्नेतद् दधात्यथ यदि पञ्चपशवः स्युः पञ्चैव कृत्वः सप्त सप्त प्रत्यस्येत्०।" प्रत्येक इन्द्रिय में सात सात इसलिए रखते हैं क्योंकि सिर में सात प्राण (Seven Brain Centres) हैं। इससे यह स्पष्ट ध्वनित होता है कि प्रत्येक इन्द्रिय अपनी २ शक्ति को प्रमुख रूप में रखते हुए भी ७ प्रकार की शक्तियाँ रखती हैं। यूं भी कह सकते हैं कि एक ही धारा ७ में विभक्त होने पर भी धारा के समग्र रूपों को अपने में रखती है। मनु महाराज ने भी कहा है "सप्तद्वारावकीर्णां न वाचमनृतां वदेत्" अर्थात् सात द्वारों में बिखरी वाणी से असत्य न बोले। जब सब इन्द्रियों में सात २ प्राण हैं तो हम योगज शक्ति द्वारा एक ही इन्द्रिय से सब इन्द्रियों का कार्य कर सकते हैं। क्या यह सम्भव है? "एतस्मिन्वै पशौ सर्वेषां पशूनाँ रूपम्" यह इसी तथ्य को उजागर करता है। इस सम्बन्धमें विस्तार से हम फिर लिखेंगे।

मुख में हिरण्य शकल——

आगे कहा कि ये हिरण्य शकल (प्राण-अणु) सर्व प्रथम मुख में प्रक्षिप्त करता है (मुखे प्रथमं प्रत्यस्यति)। मन्त्र यह दिया है।

> सम्यक् स्रवन्ति सरितो न धेनाऽन्तर्हृदा मनसा पूयमाना। घृतस्य धाराअभिचाकशीमि हिरण्ययो वेतसो मध्यअग्नेः।
>
> यजु. १३।३८

यह धेना (वाक्) अन्तर्हृदयस्थ मन से पवित्र हुई २ सरिताओं की तरह सम्यक् प्रकार से प्रवाहित होती हैं। मैं अन्दर घृत (तेज=घृ क्षरण-दीप्त्योः) की धारा देखता हूं। अग्नि के मध्य में वह हिरण्मय पुरुष विद्यमान है। 'अन्नं वै धेनाः। भौतिक अन्न अर्थ लेने पर सरिताएं मुख में स्रवित होने वाले 'लालारस' होंगे।

प्राण (नासिका)——

ऋचे त्वेति ह। प्राणो वा ऋक् प्राणेन ह्यर्चति रुचे त्वेतीह प्राणो वै रुक् प्राणेन हि रोचतेऽथो प्राणाय हीदं सर्वं रोचते।" श.प. ७।५।२।१२ (यजु. १३।३९)।

---

७. यद्वेव पशुशीर्षाणि उपदधाति। प्रजापतिर्वा इदमग्र आसीदेक एव सोऽकामयताऽन्नं सृजेय प्रजायेयेति स प्राणेभ्य एवाधि पशून् निरमिमीत मनसः पुरुषं चक्षुषोऽश्वं प्राणाद्गाँ श्रोत्रादविं वाचोऽजं तद्यदेनान् प्राणेभ्योऽधि निरमिमीत तस्मादाहुः प्राणाः पशवः इति मनो वै प्राणानां प्रथमं तद्यन्मनसः पुरुषं निरमिमीत तस्मादाहुः पुरुषः प्रथमः पशूनाँ वीर्यवत्तम इति मनो वै सर्वे प्राणा मनसि हि सर्वे प्राणा मनसि हि सर्वे प्राणाः प्रतिष्ठितास्तद् यन्मनसः पुरुषं निरमिमीत तस्मादाहुः पुरुषः सर्वे पशव इति पुरुषस्य ह्येवैते सर्वे भवन्ति।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नासिका से प्राण अविरत गति से प्रवाहित रहता है। एक प्रकारसे आत्मा की अर्चना कररहा है यह कहा जा सकता है। और यही प्राण मनुष्य में रोचमान है। शरीर के तेज व दीप्ति का कारण है और जबतक शरीरमें प्राण है तबतक यह रोचमान है। प्राण के निकलते ही यह शरीर अपवित्र व कान्तिहीन हो जाता है।

चक्षु--

भासे त्वेतीह ज्योतिषे त्वेतीह भारवतीहीमे ज्योतिष्मती चक्षुषी, अभूदिदं विश्वस्य भुवनस्य वाजिनमग्ने वैश्वानरस्य चेतीहाग्निर्ज्योतिषा ज्योतिष्मान् रुक्मो वर्चसा वर्चस्वान्। श.प. ७।५।२।१२ (यजु. १३।४०)।

इन दोनों चक्षुओं में भा (दीप्ति) तथा ज्योति विद्यमान होती है। यह चक्षु विश्व भुवन का एक प्रकार का वाजी है। यह अग्नि इसी चाक्षुष ज्योति से ज्योतिष्मान् है। इसी के वर्चस् से वर्चस्वी है।

श्रोत्र--

विश्ववतीश्यां विश्वं हि श्रोत्रम्' श.प. ७।५।२।१२ (यजु. १३।४०)।

श्रोत्र अपने में विश्व को ग्रहण करता है। चक्षु तो अपनी पलकों से अपने को ढक भी लेती है पर श्रोत्र तो सदा खुले रहते हैं।

आगे पुरुष व पशुओं के सम्बन्ध में कहा है कि पुरुष (मन+पुरुष) द्विपात् है और ये इन्द्रियाँ चतुष्पात् हैं, इत्यादि का शरीर-विज्ञान की दृष्टि से क्या भाव है? यह हम आगे दिखायेंगे। हमारे वैदिक साहित्य में परिभाषाओं, तथा परोक्ष-कथनों द्वारा सृष्टि के गम्भीर से गम्भीर तथा अलौकिक रहस्य बताये गये हैं। अश्व आदि सामान्य पशु समझे जाते हैं, परन्तु यदि हम वैदिक रहस्य-वर्णन-प्रणाली को जान जायें तो इन्हीं अश्व आदि शब्दों से सृष्टि के गूढ़ से गूढ़ रहस्य हमें पता चलेंगे। उदाहरण के तौर पर अश्व के ऊपर हम थोड़ा विचार करते हैं।

अश्व०--श० १३।३।१।१ में अश्व की उत्पत्ति के सम्बन्ध में कहा है कि--

प्रजापतेरक्ष्यश्वयत् तत्परापतत् ततोऽश्वः समभवद् यदश्वयत् तदश्वस्याश्वत्वम्।

प्रजापति (जीवात्मा) की आँख में गति हुई (टुओश्वि गतिवृद्ध्योः अशूङ् व्याप्तौ) वह परे पदार्थो पर पड़ी (ततः) उस पदार्थ में वह (अश्वयत्) व्यापक हो गई। आँख को अश्व इसलिए कहते हैं कि वह (अश्वयत्) पदार्थ पर पड़कर उसमें व्याप्त हो जाती है।

वैदिक साहित्य में आँख का किसी पदार्थ को देखने का तरीका यही बताया गया है। आँख से किरण निकलती हैं वह पदार्थ में जाकर व्याप्त हो जाती है और तब हमें उस पदार्थका ज्ञान होता है।

अश्व की व्युत्पत्ति और भी देखिए--

श. ६।१।१।११ में आता है कि--

यदश्रु संक्षरितमासीत् सोऽश्रुरभवदश्रुर्ह वै तमश्व इत्याचक्षते परोक्षम्।

अर्थात् जो अश्रुक्षरित हुवा उसे अश्रुः कहने लगे। और फिर यह अश्रु ही अश्व कहलाने लगा।

इस उपर्युक्त कथन को समझने के लिए अगले कथन से मिलान कीजिए।

श. ६।१।२।३ में आता है कि--

यदश्रु संक्षरितमासीत् सोऽश्मा पृश्निरभवदश्रुर्ह वै तमश्मेत्याचक्षते।

अर्थात् जो अश्रुक्षरित हुए वे अश्मापृश्नि बन गये। यह अश्मापृश्नि Crystalline lans है। मौनियर विलियम के कोष में 'पृश्नि' का एक अर्थ (Ray of light) प्रकाशकिरण भी दिया है। इस अश्मा सामान्य भाषा में पत्थर को कहते हैं। इसलिए सामान्य भाषा में हम यह कह सकते हैं कि 'अश्मा पृश्नि' वह पत्थर है जो कि प्रकाश किरण फेंकता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आदित्य को भी इसी कारण 'अश्मा पृश्नि' कहा है। श० ६।२।३।१४ में आता है कि "असौ वा आदित्यो ऽश्मा पृश्निः" अर्थात् वह आदित्य प्रकाश किरण फेंकने वाला पत्थर है। इससे यह भी कल्पना की जा सकती है जो कि धार्मिक पुरुषों के लिए उचित है कि जिस प्रकार हमारी आँख में अश्मा पृश्नि (Crystalline lans) केवल किरण फेंकता है यह किरण व प्रकाश इसके अपने नहीं, उसी प्रकार शायद आदित्यरूपी अश्मा पृश्निः प्रकाश फेंकने वाला ही हो, इसका अपना प्रकाश न हो। वह प्रकाश कहीं और से आता हो। वह प्रकाश "तस्य भासा सर्वमिदं विभाति" ब्रह्म का है।

अब हम अपने प्रकरण में आते हैं और पुरुष के सिर का जहाँ वर्णन है वह देखते हैं। ऊपर का यह सारा प्रकरण हमने इसलिए दिया कि आगे मनुष्य के सिर का वर्णन करते हुए जो उसके सिर में अश्व अर्थात् घोड़े आदि बैठाये जायेंगे वे हैं क्या ? यह समझ में आ जाय।

श.ब्रा. ७।५।२।१३ में आता है कि——

अथ पुरुषशीर्षमुद्गृह्णाति। महयत्येवैनदेतत् सहस्रदा असि सहस्राय त्वेति सर्वं वै सहस्रं सर्वस्य दाताऽसि सर्वस्मै त्वैतत्।

अर्थात् अब पुरुष के सिर को लेते हैं। इसको महान् बनाते हैं। "सहस्रदा असि सहस्राय त्वा" यजु० १३।४०।

अर्थात् हे मस्तिष्क! तू सहस्रों ज्ञानों से युक्त है और सब को ज्ञान देने वाला है। इसलिए सहस्रों अर्थात् सबके धारण के लिए तेरी शक्ति को बढ़ाते हैं। इसमें मस्तिष्क शक्ति को बढ़ाने के लिए कहा गया है।

अब अगली कण्डिका श. ७।५।२।१४ में सामान्य रूप से यह दिखाया गया है कि मस्तिष्क में उपर्युक्त पशुओं की स्थिति क्या है ? वह इस प्रकार है——

अथैनान् (उखायाम्) उपदधाति।..मध्ये पुरुषमभितः इतरान् पशून् पुरुषं तत्पशूनां मध्यतोऽत्तारं दधाति तस्मात् पुरुष एव पशूनाँ मध्यतोऽत्ता।

अब इन पशुओं को उखा अर्थात् अपने २ लोकों में रखते हैं। बीच में मानस पुरुष और उसके चारों ओर अन्य पशु। अर्थात् मन में विद्यमान जीवात्मा के चारों ओर इन्द्रियाँ हैं। वे इन्द्रियाँ ज्ञान ग्रहण करके आती हैं और मन में विद्यमान जीवात्मा उस ज्ञान को खाता है अर्थात् ग्रहण करता है।

चरक शारीरिक स्थान १म अध्याय में आत्मा मन द्वारा इन्द्रियों से संयुक्त होकर ज्ञान प्राप्त करता है इस का बहुत स्पष्ट रूप से वर्णन आता है।

अब आगे इन पशुओं को मस्तिष्क में अपनी २ जगह पर बैठाते हैं।

अश्वं चाविं चोत्तरतः श. ७।५।२।१५

अर्थात् अश्व (चक्षु) अवि (श्रोत्र) ये दोनों उत्तर में हैं। वैदिक साहित्य में मनुष्य की दिशा यह है कि ऊपर मस्तिष्क की ओर उत्तर नीचे दक्षिण है।

गाँ चाजं च दक्षिणतः। श. ७।५।२।१६

गौ (नासिका) अज (वाक् मुख) दक्षिण की ओर हैं।

नासिका और मुख का स्थान व प्रवाह दक्षिण की ओर को है।

अर्थात् मुंह से खाया हुवा भोजन नीचे तथा श्वास प्रणाली भी नीचे की ओर है। इसलिये इनका मुख्यतया सम्बन्ध दक्षिण की ओर ही है।

अब आगे पुरुष को भी अपने स्थान पर बैठाते हैं——

श.ब्रा.७।५।२।१७ में आता है कि——

पयसि पुरुषमुपदधाति।

पय अर्थात् मस्तिष्क के द्रव भाग (Ventricles) में रखता है। क्योंकि अन्दर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मस्तिष्क में जीवात्मा द्रव भाग में बैठता है इसलिए बाह्य यज्ञ रूपी नाटक में भी 'उखामध्ये पयः पूरिते-पुरुषमुपदध्यात्'' (सायण) अर्थात् उखा के बीच में पय भरकर उसमें मनुष्य को बैठाते हैं। प्राचीन समय में शरीर विज्ञान बहुत उन्नत था। श० ३।५।४।१ में सिर में जो चार द्रव भाग (Ventricles) हैं इनके सम्बन्ध में आता है कि--

शीर्षं श्चत्वारः कूपा इमौ अह द्वौ इमौ द्वौ।

अर्थात् सिर में चार कूए हैं दो ये और दो ये। केवल इतना ही नहीं यह जो प्रकरण चल रहा है जिसमें कि पुरुष को द्रव भाग में बैठाया है इस पुरुष के लिये इसी ब्राह्मण की २५वीं तथा २६वीं कण्डिका में मस्तिष्क की अस्थियों को हटाकर उसमें वीर्य अर्थात् शक्ति आधान करने का विधान है और फिर उसे वैसे ही जोड़ने का विधान किया है। वह इस प्रकार है--

अस्थि वा ऋक् इदं तच्छीर्षकपालं विहाप्य यदिदमन्तरतः शीर्ष्णो वीर्यं तदस्मिन्दधाति।

श.ब्रा. ७।५।२।२५ ।।

अर्थात् ऋक् को अस्थि कहते हैं। इस सिर के कपाल को भेदन करके सिर के अन्दर वीर्य का आधान व स्थापनकरते हैं। अर्थात् सिरकी शक्ति बढ़ाते हैं।

अगली कण्डिका में भेदन किये हुए सिर के कपाल को जोड़ने का वर्णन है।

इदं तच्छीर्षकपालं सन्धाय यदिदमुपरिष्टाच्छीर्ष्णो वीर्यं तदस्मिनु दधाति। श.ब्रा. ७।५।२।२६।।

अर्थात् सिर में शक्ति के आधान करने के अनन्तर सिर के कपाल (सन्धाय) जोड़ कर सिर के ऊपर जो शक्ति है उसको धारण करावे।

इस प्रकार ब्राह्मणों में अनेकों स्थलों पर शरीर-विज्ञान-सम्बन्धी उन्नति की चरम सीमा पता चलती है।

इस मानस पुरुष को श.ब्रा. ७।५।२।१७ में कहा गया है कि 'सहस्रस्य प्रतिमाँ विश्वरूपमिति पुरुषो वै सहस्रस्य प्रतिमा'' अर्थात् यह मानस पुरुष हजारों की प्रतिमारूप है न जाने इस मानस पुरुष पर कितनी प्रतिमाएं छपी हुई हैं। इसलिए इसे विश्वरूप भी कहा है।

अब आगे हम इन्द्रिय-सम्बन्धी मन्त्रों की श.ब्रा. के आधार पर व्याख्या करते हैं। मन्त्र इस प्रकार है--

अश्व=चक्षु--

वातस्य जूतिं वरुणस्य नाभिमश्वं जज्ञानं सरिरस्य मध्ये। शिशुं नदीनाँ हरिमद्रिबुध्नमग्ने मा हिंसीः परमे व्योमन्। श० ब्रा० ७।५।२।१८।

यजु० १३।४२॥

(वातस्य जूतिम्) यह दृष्टि वायु वेग वाली है अर्थात् अत्यन्त वेगवान् है।

(वरुणस्य नाभिम्) वरुण की नाभि हैं। वरुण जलाधिपति माना जाता है। इसलिए आँख को वरुण की नाभि कहने का भाव यह हुवा कि इसमें जल भरा हुआ है यह आँख जल के मध्य में हैं।

सरिरस्य मध्ये अश्वं जज्ञानम्--

सरिर के मध्य में यह अश्व अर्थात् दृष्टिशक्ति पैदा होती है। सरिर के लिये शतपथ ब्राह्मण में कहा कि 'आपो वै सरिरम्' अर्थात् सरिर भी जल है। परन्तु यह सरिर जल यह है जो सरण करता है अथवा दृष्टि जिसमें सरण करती है या चलती है।

सम्भवतः यह सरिरजल (Hyaline canal) हो क्योंकि यह भी चक्षु किरण के गुजरने का एक माध्यम है।

शिशुं नदीनाम्--

यह आँख नदियों का छोटा रूप है। आँख में अश्रु आदि रूपों में तथा अन्दर भी पानी बहता रहता है। यह आँख एक प्रकार से पानी से ही बनी हुई है। ब्राह्मणों में इसके लिये कहा है कि 'अप्सु योनि-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

र्वा अश्वः' अर्थात् यह अश्व जल से पैदा होता है। समुद्र के मध्य में 'बडवानल' यही अश्व है। दृष्टि शक्ति को शास्त्रों में अश्व कहा गया है और अग्नि भी यही है। दृष्टि शक्ति से ऋषि मुनि दूसरे को भस्म कर सकते थे। आजकल भी साधारण मनुष्य दृष्टि की क्रोधाग्नि से दूसरे के मन में आग लगा ही सकता है। यह चक्षुरूपी अश्व पानी के माध्यम से उत्पन्न होने वाला है।

हरिम्;—मानस पुरुष का यह हरण करने वाला है। मनुष्य के अन्तरात्मा को बताने वाली आँख होती है। मनुष्य अपने को कितना ही छिपाए परन्तु आँख बता देती है।

अद्रिबुध्नम्—अद्रि अर्थात् पर्वत के मूल में है। मस्तिष्क को यहाँ पर्वत कहा गया है।

अग्ने मा हिंसी परमे व्योमन्—हे प्राणाग्नि! परमव्योम में विद्यमान इसकी तू हिंसा मत कर।

अगला मन्त्र नासिका के सम्बन्ध में है।

अथ दक्षिणतो गाम् (नासिका) श. ७।५।२।१६

अजस्रमिन्दुमरुषं भुरण्युमग्निमीडे पूर्वचित्तिं नमोभिः। स पर्वभिर्ऋतुशः कल्पमानो गाँ मा हिंसीरदितिं विराजम्॥ यजु० १३।४३।

'अजस्रं इन्दुम्' इस नाक में निरन्तर (इन्दुः) द्रव रहता है। श. ब्रा. में इन्दु को सोम कहा है। यह सोम द्रव है। इसलिए नाक में निरन्तर द्रव (Mucous) झरता रहता है।

अरुषम्—यह नाक अन्दर से कुछ २ लाल है। अथवा यह मर्मस्थान है। अरुष के ये दो अर्थ होते हैं। ये दोनों ही अर्थ इसमें घटते हैं। नाक में रक्त से भरी हुई छोटी २ रक्तवाहिनियाँ (Nasal Arteries) निरन्तर चल रही हैं। ये बाह्य प्राण वायु को शरीर के अनुकूल बनाती हैं। दूसरे यह नाक मर्मस्थान भी है,

भुरण्युम्—भरण पोषण करने वाली हैं। शरीर में जो प्राण है वह इसी नाक द्वारा जाता है और इसी द्वारा शरीर का भरण पोषण होता है।

पूर्वचित्तिं अग्निं नमोभिः ईडे—प्राण वायु (Oxygen) का पूर्व चयन या ज्ञान इसी नासिका को होता है। शरीर में सब से पहले प्राणवायु यहीं आती है।

स पर्वभिः ऋतुशः कल्पमानः—यह नासिका ऋतु अनुसार पर्वों द्वारा समर्थ होता है। अर्थात् प्राण वायु जो कि नाक द्वारा हम अपने अन्दर धारण करते हैं वह ऋतु अनुसार सदैव सम होती रहती है। इसको पर्वों सम्भवतः Inferior, Superiors Meatus आदि द्वारा यह नासिका वायु को शरीर के अनुकूल बनाती रहती है।

अदितिम्—यह नाक अदिति है। (अदिति—न दिति—'दो अवखण्डने' अर्थात् रात दिन कार्य करती है। और इन्द्रियाँ तो रात्रि को कार्य बन्द कर देती हैं, इसलिए उन्हें दिति, खण्डित कहा जा सकता है। परन्तु नासिका अदिति है। इसका कार्य कभी नहीं बन्द होता।

विराजम्—विशेष रूप से शोभायमान। मनुष्य का सौंदर्य नाक पर बहुत अवलम्बित है। अथवा इसी नाक के कारण हम इस पृथ्वी पर विराजमान हैं। सम्पूर्ण शरीर की स्थिति, शोभा आदि नाक से ग्रहण किये हुए प्राण-वायु पर अवलम्बित है। इसलिए वास्तव में नाक ही विराजमान है।

अगला मन्त्र श्रोत्र के सम्बन्ध में है।

अथोत्तरतोऽविम् (श्रोत्र) श० ७।५।२।२०

अवि—श्रोत्र—

वरूत्रीं त्वष्टुर्वरुणस्य नाभिमविं जज्ञानां रजसः परस्मात्।

महीं साहस्रीमसुरस्य मायामग्ने मा हिंसीः परमे व्योमन्। यजु० १३।४४

त्वष्टुः वरूत्रीम्—

श्रोत्र का यह आवरण त्वष्टा की वरूत्री है। वरूत्री का अर्थ है घेरने वाली जो कि वायु तरंगों को

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

घेरती हैं। श० प० ब्रा० ने वरूत्री का अर्थ स्वयं खोला है। श० ६।५।४।६ में आता है कि "अहोरात्राणि वै वरूत्रयः अहोरात्रैर्हीदं सर्वं वृतम्।" अर्थात् दिन रात भी वरूत्री हैं क्योंकि इन्होंने सब को घेरा हुआ है। अब विचारणीय यह है कि इसे त्वष्टा की वरूत्री क्यों कहा। त्वष्टा 'त्वक्ष तनूकरणे' से बनता है। अर्थात् जो सूक्ष्म करता है। वायु तरंगें (waves) आती हैं, कान के पर्दे पर पड़ कर अन्दर की ओर सूक्ष्म होती चली जाती हैं। त्वष्टा को रूप देने वाला भी बताया है। कर्ण स्थित यह त्वष्टा वायु तरंगों को रूप देता है जिससे कि हमें वही सुनाई देता है जो कि बोला जाता है।

वरुणस्य नाभिम्—यह कान वरुण की नाभि है अर्थात् इसमें भी जल भरा हुवा है।

अवि जज्ञानाँ रजसः परस्मात्—

'अवि' शब्द 'अव रक्षणे' से बनता है। जज्ञानाँ-अवि...उत्पन्नानाँ रक्षिका। अर्थात् यह उत्पन्न शब्दों की रक्षिका है। यह शब्द परमाणुओं (रजस्) का आश्रय ले दूर देश से आता है। रजस् के अर्थ लोक व दिशा भी होते हैं। श्रोत्र दिशाओं का ही एक रूप है।

महीम्—यह कर्णशक्ति दिशारूप होने से दूर २ तक फैली हुई है अतः महान् है। अथवा श्रोत्र का सम्बन्ध सीधा आत्मा से है (श्रोत्रं चात्मानं च विहरति) इस दृष्टि से भी यह महान् है।

साहस्रीम्— सहस्रों वायु तरंगों को समेटने वाली है।

असुरस्य मायाम्—असुर की माया है। आसुरी माया के सम्बन्ध में आता है कि "आसुरी माया स्वधया कृतासीति प्राणो वा असुस्तस्यैषा माया" शतपथ ६।६।२।६ अर्थात् प्राणवायु की तरंगें जब कान के पर्दे पर आकर पड़ती हैं तब वे अ. आ. क. ख. आदि वर्णों व शब्दों में निर्मित होजाती हैं।

अगला मन्त्र वाक् के सम्बन्ध में है—

अज=वाक्—(वाग् वा अजो वाचो वै प्रजा) श. प. ७।५।२।२१

यो अग्निरग्नेरध्यजायत शोकात्
पृथिव्या उत वा दिवस्परि।
येन प्रजा विश्वकर्मा जजान
तमग्ने हेडः परि ते वृणक्तु॥ यजु० १३।४५

यो अग्निः अग्नेः अध्यजायत—

यह वाक्रूपी अग्नि अग्नि से पैदा हुई है। (अग्निर्वाग्भूत्वा मुखं प्राविशत्)।

पृथिव्याः शोकात्—पृथिवी अर्थात् स्थूलशरीर के शोक, कामाग्नि से यह पैदा हुई है।

मनः कामाग्निमाहन्ति स प्रेरयति मारुतम्।
मारुतस्तूरसि चरन् मन्द्रं जनयति स्वरम्। पा. शि.

दिवः शोकात्—द्युलोक अर्थात् मस्तिष्क का तेज, वाक्रूप है जो कि सप्तधाराओं में विभक्त होती हैं। इसकी प्रमुखधारा वाणी है।

येन प्रजा विश्वकर्मा जजान—

विश्वकर्मा मानस पुरुष इस वाक् (मुख) द्वारा सम्पूर्ण प्रजाएं बनाता है। शरीर की सम्पूर्ण प्रजायें भोजन से ही बनती हैं, और बाह्य सृष्टि में भी सारे कार्य वाणी द्वारा ही होते हैं।

तमग्ने हेडः परि ते वृणक्तु—

हे अग्नि! जो तेरा अनादर करता है, उसको तू छिन्न-भिन्न कर देता है।

लार मुंह में न आवे तो भोजन सुचारू रूप से पच नहीं सकता। और दूसरे अपने वचनों का मान न कर सकें और दूसरों से करवा न सके वह छिन्न-भिन्न हो ही जाता है। अतः वाक् अग्नि प्रबल होनी चाहिये।

(क्रमशः)

—०—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सर्वाङ्गीण चिकित्सा-शास्त्र

आयुर्वेद का भावी विकास

डा० इन्द्रसेन

चिकित्सा-शास्त्र अनेक हैं, उनके आधार और सिद्धान्त भी अनेक हैं और सभी का छोटा-बड़ा इतिहास है, लौकिक-अलौकिक सफलताओं का विवरण है, सभी की कुछ न कुछ कठिनाइयाँ और कमजोरियाँ भी हैं। यदि इन अनेक शैलियों में अभी तक उचित समन्वय नहीं हो पाया और मानव के स्वास्थ्य-वर्द्धन तथा रोग-निवारण के लिए एक संगठित चिकित्सा-शास्त्र नहीं बन पाया है तो क्या इसका यह अर्थ नहीं कि हम अभी तक इस शास्त्र के उस वास्तविक आधार को उपलब्ध नहीं कर पाये हैं जो कि इन सब शैलियों को उचित रूप में समन्वित कर सके?

श्री अरविंद के ग्रन्थों को पढ़ते हुए तथा विशेष रूप में अनेक मानव-विकास, अतिमानसिक अवतरण, रोग-मुक्त अवस्था तथा मानवीय व्यक्तित्व, उनके विकार, उनका निराकरण आदि विषयों पर विचारों को देखते-भालते हुए लेखक ने अनुभव किया कि इनमें चिकित्साशास्त्र के लिए एक विशालतर आधार मौजूद है और वह आधार शायद इस समय की विभिन्न शैलियों को समन्वित कर सकता है।

श्री अरविन्द भी विकास को मानते हैं। यद्यपि यह विकास, वास्तव में, एक व्यापक सार्वभौम चेतना की अभिव्यक्ति है और जड़-तत्व प्राण और मन उस अभिव्यक्ति के विभिन्न क्रमिक स्तर हैं। सारे विकास में एक दिशा और लक्ष्य है और वह है चेतना का उत्तरोत्तर बढ़ना, सुदृढ़ होना, जीवन को अधिकृत करना। परन्तु मानव-मन विकास का अन्तिम स्तर नहीं। यह तो वास्तव में संक्रमण की अवस्था का द्योतक है। यह ऐसी बहिर्मुखी चेतना है जो अन्तर्मुखी (स्वप्रेरित और स्वप्रचालित) हो सकती है और जिसमें यह प्रवृत्ति गति में आ चुकी है। मन अतिमन अर्थात् पूर्णतः स्वस्थित स्वाधिकृत, स्वचालित चेतना होने जा रहा है। आज हमारा व्यक्तित्व शरीर, प्राण और मन का बहिर्मुखी संगठन है। वह परिस्थिति के साथ क्रिया-प्रतिक्रिया के सम्बन्धों द्वारा बन्धा हुआ है। हमारे व्यक्तित्व की प्रकृति बाह्य प्रकृति से स्वतन्त्र नहीं। वह आत्मा-स्थित नहीं, आत्मा-प्रचालित नहीं। अतिमानसिक अवस्था में हमारे व्यक्तित्व को एक उच्च श्रेणी की आत्मिक चेतना अधिकृत करेगी और प्रचालित करेगी। तब शरीर, प्राण और मन रूपान्तरित हो जायेंगे और सारे व्यक्तित्व को अतिमानसिक चेतना पूर्णतः अधिकृत करेगी। तब मानव व्यक्तित्व का परिस्थिति से सम्बन्ध ही बदल जायेगा। वह उसके पराधीन न रहकर, स्वतन्त्र चेतन सत्ता के रूप में शरीर-प्राण-मन के साधन द्वारा उस पर कर्म करेगा। उस अवस्था में अतिमानस का पूर्ण आनंद सारे व्यक्तित्व में व्याप्त हो जायगा और शरीर वास्तव में रोगमुक्त हो जायगा।

रोगमुक्त शरीर सभी चिकित्सा-शास्त्रों का आदर्श है, परन्तु इसकी क्रियात्मक और निश्चयात्मक भावना लेखक को श्री अरविन्द में ही मिली है और यदि वह विचार चिकित्सा-शास्त्र के लिए आधारभूत है तो प्रत्यक्ष ही श्री अरविन्द के दर्शन पर जो चिकित्सा-शास्त्र स्थित होगा वह इस आदर्श की ओर विश्वासपूर्वक अग्रसर हो सकेगा।

श्री अरविंद का दर्शन विकास-क्रम में अतिमानसिक स्तर की ओर बढ़ने और उसे प्राप्त करने

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

की स्वाभाविक तथा अनिवार्य गति मानता है। जिस प्रकार जड़-तत्व में प्राण उद्भूत हुआ और प्राण में मन, वैसे ही मन में अतिमन उद्भूत होगा। परन्तु मन में अतिमन के विकास-क्रम को तथा इसकी अवस्थाओं को हमें अच्छी प्रकार समझना होगा। क्योंकि यदि यह क्रम विश्व की अनिवार्य गति है तो हमारे चिकित्सा-शास्त्र को इस शक्ति का प्रयोग करना चाहिए, न कि विरोधी दिशा लेकर इसके साथ संघर्ष करना। मन बहिर्मुखी चेतना है, यह प्रधान रूप में बाह्य जगत के साथ लेन-देन का कारण है। यह उसके रूप, रस, गंधादि द्वारा प्रचालित होता है और उस पर ही निर्भर रहता है। परन्तु मानव-अवस्था में इसमें चिन्तन मनन तथा किसी अंश में सजग स्वप्रचालन की शक्ति पैदा हो जाती है। यह प्रवृत्ति वास्तव में स्वयं सत् अन्तश्चेतना का संकेत देती है और श्री अरविंद निश्चित शब्दों में कहते है कि मानव-मन, विश्व-प्रकृति के स्वाभाविक कर्म द्वारा ही, उत्तरोत्तर पूर्ण अंतश्चेतना को, अतिमन को विकसित करता जा रहा है। दूसरे शब्दों में हम सहज ही परिस्थिति-निर्भरता तथा परतन्त्रता से आत्मनिर्भरता तथा स्वतन्त्रता की ओर विकसित हो रहे हैं। इसका अर्थ यह हुआ कि हममें अन्तश्चेतना की शक्ति बढ़ रही है और अन्त में वह हमारे शरीर के सारे व्यवहार को अधिकृत और प्रचालित करने लगेगी। यदि विकास-क्रम की यह गति सत्य है और यदि हम इससे सहायता लेना चाहते हैं तथा स्वयं भी इसके सहायक बनना चाहते हैं तो हमें अपनी चिकित्सा में वाह्य पराधीनता को कम करने पर अधिकाधिक बल देना चाहिए तथा अन्तश्चेतना से अपने शरीरादि के विकारों को दूर करने का यत्न बढ़ाना चाहिए।

इसकी व्याख्या वास्तव में आध्यात्मिक चिकित्सा-शैली का वर्णन चाहेगी। इसके कुछ एक मौलिक विचार श्री अरविंद और माताजी के अपने शब्दों में हम यहां देते हैं :—

"रोग इस बात का चिन्ह है कि शरीर में कहीं कुछ अपूर्णता या त्रुटि है अथवा भौतिक प्रकृति विरोधी शक्तियों के स्पर्श के प्रति वहीं से खुली हुई हैं, अथवा जैसे कि अधिकतर होता है निम्न प्राण या भौतिक मन अथवा किसी प्रकार अन्य स्थान में किसी प्रकार का अंधकार या असामंजस्य है।

यदि कोई श्रद्धा और योग-शक्ति से या भागवत शक्ति को अन्दर में उतार कर रोग से पूरी तरह छुटकारा पा सके तो यह बहुत ही अच्छी बात है परन्तु एकबारगी ऐसा करना बहुत संभव नहीं होता। कारण समग्र प्रकृति शक्ति के प्रति उद्घाटित नहीं होती अथवा उसका साथ देने में असमर्थ होती है। हो सकता है कि मन श्रद्धालु हो और शक्ति का साथ दे, किन्तु निम्न प्राण और शरीर उसका अनुगमन न कर सकें। या, यदि मन और प्राण तैयार हों तो यह संभव है कि शरीर साथ न दे और यदि साथ दे भी तो केवल आंशिक रूप से। कारण, इसकी यह आदत है कि यह उन शक्तियों की जो एक विशिष्ट रोग को पैदा करती हैं, पुकार का उत्तर देता है और प्रकृति के जड़ भाग में जो आदत पड़ जाती है वह एक महा हठीली शक्ति होती है। ऐसी अवस्थाओं में भौतिक साधनों का आश्रय लिया जा सकता है—प्रधान साधन के तौर पर नहीं, बल्कि एक सहायता के तौर पर अथवा यह समझकर कि शक्ति की क्रिया के लिए यह एक तरह का स्थूल सहारा होगा। परन्तु तीव्र और उग्र औषधियों का नहीं बल्कि ऐसी औषधियों का जो शरीर में हलचल मचाये विना लाभ पहुंचाएं।"

(योग के आधार, १९३९, पृष्ठ २५९-२६०)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"रोग पर अन्दर से क्रिया की जा सकती है और उसे ठीक किया जा सकता है। परन्तु बात यह है कि यह कार्य सदा सहज नहीं होता। कारण, भौतिक प्रकृति बहुत अधिक प्रतिरोध किया करती है, जो कि जड़त्व का प्रतिरोध होता है। अतः इसके अनर्थक अध्यवसाय की आवश्यकता होती है। आरम्भ में यह प्रयास सर्वथा असफल भी हो सकता है तथा रोग के लक्षण बढ़ सकते हैं, परन्तु क्रमशः शरीर पर तथा रोग-विशष पर अधिकार दृढ़तर हो जाता है। इसके अतिरिक्त, किसी रोग के आकस्मिक आक्रमण को आन्तरिक साधनों से रोक डालना अपेक्षाकृत सहज है, परन्तु शरीर को ऐसा बना डालना कि भविष्य में वह रोग इसमें हो ही न सके, अधिक कठिन है। किसी जीर्ण रोग का अन्तःक्रिया द्वारा उपचार करना और भी कठिन होता है। वह पूर्णरूप से हटने के लिए तैयार ही नहीं होता। इसकी अपेक्षा शरीर के कभी-कबार के विकार आसान होते हैं।"

(योग के आधार १९३९, पृष्ठ २६३–२६४)

"पूर्ण रोगमुक्तता तो अतिमानसिक रूपान्तर से ही उपलब्ध होगी। कारण, अतिमानसिक स्तर के नीचे की रोगमुक्तता तो अनेक शक्तियों पर एक शक्ति-विशेष की क्रिया का परिणाम होती है और यह संतुलन बिगड़ जाने से वह खंडित हो सकती है। अतिमानसिक स्थिति में वह प्रकृति का धर्म बन जाती है। अतिमानसीकृत शरीर की नई प्रकृति में रोग-मुक्तता स्वाभाविक तथा अन्तर्निहित होगी।"

माताजी के अनुसार भी रोग मन-प्राण-शरीर में किसी असंतुलन, किसी रोक, अन्धकार या दिव्य चेतना के प्रति उन्मुक्तता के अभाव का द्योतक है। ऐसी आन्तरिक स्थिति बाह्य विरोधी शक्तियों को भी निमंत्रित कर लेती हैं जो रोग पैदा कर देती हैं। श्री माताजी कहती हैं :

"तुम्हारी आंतरिक अवस्था रोग का कारण तब बनती है जब वहां पर कोई प्रतिरोध या विद्रोह होता है अथवा जब कि तुम्हारे अन्दर कोई ऐसा भाग होता है जो भागवत संरक्षण का प्रत्युत्तर नहीं देता अथवा वहाँ कुछ ऐसा तत्त्व भी हो सकता है जो इच्छापूर्वक और जान-बूझ कर विरोधी शक्तियों को अन्दर बुलाता हो।"

(मातृवाणी १९४३, पृष्ठ ११२-११३)

"तुम्हारे शरीर में और उसके आस-पास रोग की सम्भावनाएं सदा बनी रहती हैं। तुम्हारे अन्दर या तुम्हारे चारों ओर सब प्रकार की बीमारियों के कीटाणु या रोग-जीवाणु विद्यमान होते हैं अथवा ये तुम्हारे चारों ओर मंडराते रहते हैं। जो रोग तुमको वर्षों से नहीं हुआ, उसके तुम एकाएक शिकार क्यों हो जाते हो? तुम कहोगे कि इसका कारण 'प्राणशक्ति का सुस्त पड़ जाना है,' : परन्तु यह प्राणों में सुस्ती कहां से आती है? यह सत्ता में किसी प्रकार का असामंजस्य होने से, भागवत शक्तियों के प्रति ग्रहणशीलता का अभाव होने से आती है। जब तुम उस शक्ति और ज्योति से, जो तुम्हारा धारण-पोषण करती है, अपने आपको जुदा कर लेते हो, तब यह सुस्ती आती है, तब जिसको वैद्यक-शास्त्र रोग के लिए अनुकूल क्षेत्र कहता है वह तैयार हो जाता है और उस समय कोई ऐसा रोग ही उसका फायदा उठा लेता है। सन्देह, निरुत्साह, विश्वास का अभाव, निजी स्वार्थ के लिए भगवान से मुंह फेर कर अपनी ओर पलट आना—ये हैं जो ज्योति और दिव्य शक्ति से तुम्हें अलग कर देते हैं और रोग के आक्रमण को लाभ पहुंचाते हैं। यही है तुम्हारे बीमार पड़ने का कारण, न कि रोग के कीटाणु।"

(मातृवाणी, १९४३, पृष्ठ ११३)

"शांति और निश्चलता रोगों को दूर करने के लिए महान् औषध हैं। जब हम अपने शरीर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

क अणुओं में शांति ले आ सकेंगे, तभी हम रोग-मुक्त हो जायेंगे।"

(मातृवाणी, १९४३, पृष्ठ १८–१९)

"भगवान् के प्रति उन्मुक्त होना और सदा अधिकाधिक उन्मुक्त होते जाना, अपने अन्दर शांति और अचंचलता रखना और अपने रोम-रोम में सुख और शांति का अनुभव करना आध्यात्मिक दृष्टि से स्वस्थ जीवन की प्रधान शर्त है और वास्तव में भारतीय सांस्कृतिक जीवन इन गुणों पर बहुत बल देता रहा है और ये गुण किसी हद तक यहाँ जनता को प्राप्त भी थे।"

ऊपर श्री अरविंद और माताजी के वचनों में एक दृष्टिकोण काफी स्पष्ट आ गया है और लेखक के विचार में वह एक नए चिकित्सा-शास्त्र की, एक समन्वयपूर्ण, सर्वाङ्गीण चिकित्सा-शास्त्र की सम्भावना प्रस्तुत करता है। इस दृष्टिकोण की अपूर्व अनुभूति अतिमानस चेतना की है। उस चेतना स्तर की जिसकी उपलब्धि पर पूर्णतया स्वस्थ शरीर प्राप्त हो सकता है। श्री अरविंद इसके लिए सामान्य मानव सम्भावना के रूप में यत्नशील थे और वे निश्चयात्मक भाव में कहते थे कि अतिमानस ध्रुव सत्य है और वह मानव को प्राप्त होगा और उसकी प्राप्ति के अनेक फल होंगे और उनमें से एक होगा रोगमुक्त शरीर। रोगमुक्त शरीर की निश्चित भावना और इसकी प्राप्ति का आध्यात्मिक साधन चिकित्सा-शास्त्र की दिशा और धारा स्थिर कर देता है। बाह्य प्रयोग, दवाइयाँ अथवा अन्य साधन, व्यक्ति की किसी अवस्था की आंतरिक चेतन-शक्ति के अनिवार्य पूरक और सहायक के रूप ही माने जायेंगे। यदि ऐसे प्रयोगों से व्यक्ति की चेतन-शक्ति निर्बल होती है, उसका आत्म-विश्वास कम होता है, उसके अन्दर विवशता और पराधीनता बढ़ती है, तो वे प्रयोग उस समय उस व्यक्ति के लिए अनुचित कहे जायेंगे।

वर्तमान समय में चिकित्सा-शास्त्र के क्षेत्र में अनेकों सिद्धान्त तथा शैलियां हैं और औषधि-उपचार अत्यन्त बढ़ गया है, रोग नए नए पैदा हो रहे हैं, मानव प्रकृति की स्वास्थ-रक्षण की निजी शक्ति कम हो रही हैं और रोग मानसिक रूप धारण कर रहे हैं। इसमें सदेह नहीं कि अनेक पुराने निरुपाय रोगों के सफल उपाय भी निकल रहे हैं तथा गवेषणा द्वारा कई चमत्कारी उपलब्धियां भी प्राप्त हुई हैं। परन्तु सब मिलाकर स्थिति यह है कि मानव प्रकृति का स्वस्थ रहने का निजी बल कम हो रहा है, औषधि पर पराधीनता बढ़ रही है तथा मानसिक विकार जीवन के आनन्द को विशेष रूप में आक्रान्त कर रहे हैं।

इस स्थिति में श्री अरविंद का दर्शन, जो निश्चयात्मक योगानुभव में प्रतिष्ठित है तथा स्वास्थ-परक उनके निर्देश विशेष प्रेरणा प्रदान करते हैं और इससे चिकित्सा-शास्त्र के क्षेत्र में एक नई सम्भावना प्रकट हो जाती है।

इस सम्भावना को चारितार्थ करने का विशेष सामर्थ्य वास्तव में भारत के आयुर्वेद में दिखाई देता है। इस कारण कि यह देश की आध्यात्मिक संस्कृति की उपज है तथा इसके अपने स्वरूप में आध्यात्मिक भाव-भावना ओत-प्रोत है। इसके मूल सृजक ऋषि मुनि योगी, त्यागी व्यक्तित्व थे। इसका समग्र सत्तासम्बन्धी विचार आत्म-तत्व को मूल और प्रधान मानता है तथा मानव प्रकृति में प्रधान तत्व आत्मा को। जीवन के समग्र हित का यह पोषण करता है। इसकी अन्वेषण तथा सामान्य कार्य शैली में अन्तर्दृष्टि का महत्वपूर्ण स्थान है। औषधि-निर्माण में भावना एक आवश्यक तत्व है। आयुर्वेद के विद्यार्थी और इसके गुरु के गुण भी नैतिक आध्यात्मिक दृष्टि को प्रदर्शित करते हैं। ये सब के सब आध्यात्मिक दृष्टि तथा समग्र सत्ता

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समाज, मानव और जीवन के समग्र हित की भावना को स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं। चरक संहिता तथा सुश्रुत संहिता, जो आयुर्वेद के प्रधान स्रोत-ग्रंथ हैं, इस भावना का आनन्ददायक अनुभव लगभग प्रत्येक प्रसंग में देते हैं।

आयुर्वेद की स्वास्थ-विषयक मूल दृष्टि है वात, पित्त, कफ के साम्य तथा वैषम्य की। सारा निदान ही इस पर आधारित है। चिकित्सा के सब उपाय इसी से प्रेरित हैं। मानव प्रकृति के ये तीन मौलिक अंग हैं। इनके संतुलन से शरीर और मन का स्वास्थ-लाभ होता है और इन के असंतुलन से ही सब रोग पैदा होते हैं। फिर व्यक्ति-व्यक्ति में इन की स्थिति भिन्न-भिन्न होती है। इसी से अनेक प्रकृतियां बन जाती हैं। व्यक्ति की विशेष प्रकृति को देखकर अर्थात् सामान्यतया उसमें क्या प्रधान है और क्या गौण और फिर रुग्ण अवस्था में यह देख कर कि इन तीनों के वैषम्य का क्या स्वरूप है? निदान तथा उपयुक्त औषधि का निर्णय होता है।

यह विचार भारतीय दर्शन तथा योग के सत्व, रज, तम के विचार तथा अनुभूति से सम्बन्ध रखता है और इन की सत्यता का भागी है। यह 'वात पित कफ' की दृष्टि मानव के शारीरिक तथा मानसिक सब विकारों पर अद्भुत अधिकार प्रदान कर सकती है, परन्तु यह दृष्टि सक्रिय और वास्तविक रूप में प्राप्त होनी चाहिए। योग-साधना में मानव प्रकृति को शुद्ध करने, संगठित करने तथा अतिक्रांत करके द्वन्द्वातीत भाव को प्राप्त करने के लिए सत्व, रज, तम के स्वरूपों की पहचान से आश्चर्यजनक सहायता प्राप्त होती है। उपरितलीय गुण-दोषों की विविधता इतनी है कि साधक उनसे निपट नहीं पाता, परन्तु सत्व, रज, तम की तीन जड़ों को पकड़ कर वह सारे स्वभाव पर अधिकार अनुभव करने लगता है। ऐसे ही वात, पित्त, कफ सब विकारों पर आश्चर्यजनक अधिकार प्रदान कर सकते हैं।

परन्तु वैद्य को सामर्थ्य होना चाहिए प्रकृति के साम्य-वैषम्य को अन्तर्दृष्टि से साक्षात् अनुभव करनेका तथा ऐसा ही सामर्थ्य होना चाहिए औषधि-निर्वाचन का। बाह्य लक्षण से अन्दर के साम्य-वैषम्य का अनुमान-ज्ञान निश्चयात्मक नहीं हो सकता। ऐसे ही औषधि निर्वाचन भी जब तक बाह्य अनुमानों-प्रमाणों अथवा सामान्य अभ्यास की वस्तु होगी तो वह और चीज़ होगी। अन्तर्दृष्टि का निर्वाचन चमत्कारी हो सकता है।

अन्तर्दृष्टि का आदर्श आयुर्वेद में प्रत्यक्ष है। योग के अभ्यास से इसे निश्चयात्मक रूप में विकसित किया जा सकता है और वास्तव में इसके अनुशीलन पर बल दिया जाना चाहिए। इसके साथ साथ आयुर्वेद के चिर स्वीकृत आध्यात्मिक भाव भी यत्नपूर्वक विकसित करने चाहिएं। तब आयुर्वेद अपने सामान्य, सबल तथा संजीव स्वरूप को प्राप्त हो जायगा। यह सामान्य स्वरूप निश्चित ही बड़ा प्रभावशाली होगा।

परन्तु वर्तमान समय सृष्टि के इतिहास में एक अपूर्व घड़ी है। योग-दृष्टि में यह युगपरिवर्तन का समय है। वर्तमान समय का संकट वस्तुतः विकासात्मक संकट है, जिस में विकास मन की भूमि को अतिक्रांत कर अतिमानसिक भूमि में पदार्पण करने जा रहा है। यह तथ्य वस्तुतः सूक्ष्म दृष्टि का तथ्य है, परन्तु स्थूल दृष्टि से भी इतना तो पहचाना जा सकता है कि जीवन के सामान्य मान दण्ड सब अपूर्ण पड़ रहे हैं और मानव अभूतपूर्व रूप में नए मानदण्डों की ओर ताक रहा है। यह स्थिति अत्यन्त व्यापक बन भी रही है।

श्री अरविंद और माता जी चिरकाल के योगानुशीलन तथा निश्चयात्मक योगानुभूति के

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बल पर कह रहे हैं कि सृष्टि क्रम में अब अतिमन का सक्रिय प्रभाव विद्यमान है और वह सतत भाव में नए सृजन के लिए यत्नशील है। परिणाम-स्वरूप सारा जीवन ही नव-निर्मित हो रहा है। और सूक्ष्म भावना वाले व्यक्तियों को यह देख कर इससे लाभ उठाना चाहिए, तथा नए युग के आगमन में सहायक बनना चाहिए।

प्रश्न पैदा होता है कि ऐसी स्थिति में आयुर्वेद को कैसे नवनिर्मित होना चाहिए। इस नई स्थिति का प्रथम तथ्य पहले पहचानना होगा। वह यह कि अतिमानस अर्थात् पूर्णतया चेतन मन अर्थात् सत्यमय चेतन सत्ता हमारे पार्थिव जीवन में सक्रिय प्रभाव बनने जा रही है जहाँ अब तक अर्ध चेतन मन सक्रिय प्रधान था। इससे हमारी प्रकृति में अन्तर आयगा तथा जगत् के औषधि-द्रव्य के गुण-स्वभाव में भी एक सूक्ष्म अन्तर आ जायगा। यदि सारा सृष्टिक्रम एक नए स्तर को प्राप्त होता है तो स्वभावतः मानव की प्रकृति तथा सामान्य वैश्व प्रकृति सब के सब एक स्तर को प्राप्त होते हैं। इस स्तर पर पूर्ण रोगमुक्त जीवन सम्भव आदर्श बन जायगा।

इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए हमें आयुर्वेद के विकास की दिशा सोचनी होगी। इस प्रभाव में लेखक के मन में जो विचार प्रस्तुत होते हैं वे यह हैं। प्रथम, कि भागवत शक्ति, भागवत प्रभाव, भावगत पथ प्रदर्शन जीवन का अधिकाधिक वर्तमान तथा सक्रिय सत्य बनेगा। अथवा यह कि जड़ तत्व अब उत्तरोत्तर कम प्रभावशाली होता जायगा। आयुर्वेद की प्राचीन धारणा भी है 'सत्यं महा भेषजन्' सत्य ही दिव्य सत्ता और शक्ति ही परम भेषज अथवा औषधि है। आगे को यह परम भेषज अधिक प्राप्य तत्व बनेगा। कैसा सौभाग्य है यह आयुर्वेद का तथा सभी चिकित्साशास्त्रों का। पूर्ण स्वस्थ लाभ की चरितार्थता इसके साथ सम्बद्ध है। यदि परम भेषज उपलब्ध होने जा रही है तो इसके साथ ही दूसरी नई सम्भावना यह है कि हमारे सामान्य भेषज, चिकित्सा के द्रव्य अधिक गुणशाली होने जा रहे हैं। तीसरे, मानव प्रकृति के वात, पित्त, कफ भी अपने अन्दर नया चेतनांश प्राप्त करेंगे और उनकी जड़ता कम होगी और उनके वैषम्य तथा उन वैषम्यों के प्रतिरोध कम होंगे।

इन तीनों तथ्यों को यदि हम थोड़ा बहुत कल्पित कर सकें तो आयुर्वेद के विकास के लिए हम अपने अन्दर सम्भवतः एक अत्यन्त विशाल तथा अदम्य भाव अनुभव करेंगे। इस भाव में फिर हम आयुर्वद के आधारभूत आध्यात्मिक तत्वों को और सबल बनाना चाहेंगे भागवत शक्ति की सहायता से अधिक सजग हो जायेंगे और इस सहायता को उत्तरोत्तर अपने व्यवहार में लायेंगे। रोगों को इससे प्रेरित करेंगे तथा औषधि को इसका माध्यम बनायेंगे। विशाल आध्यात्मिक दृष्टिकोण के अधीन स्वास्थ्य-वर्धन तथा रोग-निवारण विषयक जितना मानवमात्र का आज तक का अनुभव है उसे उदीयमान नए भाव में समन्वित करेंगे। आयुर्वेद का रूढ़ि भाव, इसके बाह्य रूपों का मोह हम त्याग कर इसकी अंतरंग भावना को उत्तरोत्तर पूर्णता का स्वरूप देने का यत्न करेंगे।

क्या यह एक नए सर्वाङ्गीण आयुर्वेद के विकास की दिशा नहीं होगी? क्या इससे आज के आंशिक भाव वाली अनेक चिकित्सा-शैलियों और उनके अनेकविध प्रश्नों का सामाधान सम्भव नहीं हो पायगा?

मानव जीवन मात्र अनेक संकटों में से गुजरता हुआ एकत्व-भाव की ओर विकसित होता दिखाई देता है। यही वास्तव में अतिमन अथवा अध्यात्मिक भाव का उदय है, नए युग का आगमन है। यही एकत्व भाव आयुर्वेद चिकित्सा के क्षेत्र में उपलब्ध कर सकता है। इसकी मूल प्रेरणा इसे यह सामर्थ्य देती है और हमारा वर्तमान समय में यह सौभाग्य है कि हम इस दिशा में उत्साहपूर्वक यत्नशील हों तथा अग्रसर हों।

—०—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

श्री लक्ष्मीपत सिहानिया
जिनकी स्मृति में गुरुकुल का ऐक्सरे विभाग स्थापित किया गया

श्री चन्द्रदत्त शर्मा, ५म वर्ष

कानपुर विश्वविद्यालय की बी०ए०एम०एस० ४र्थ वर्ष की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले क्रिकेट तथा बैडमिण्टन दल के नायक

बेदी वनस्पति कोष

गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय के यशस्वी स्नातक, वनस्पति शास्त्र के प्रसिद्ध विद्वान् श्री रामेश बेदी द्वारा लिखे हुए बेदी वनस्पति कोष का प्रारम्भिक अंश हम अपने पाठकों को भेंट कर रहे हैं। श्री बेदी ने सारा जीवन वनस्पतियों के अनुसन्धान में लगाया है। उन्होंने दो दर्जन से अधिक प्रामाणिक पुस्तकें लिखी हैं। इस कोष में उन्होंने आयुर्वेद के अलावा काव्य ग्रन्थों में उल्लेख की गई वनस्पतियों का वर्णन भी किया है। वनस्पतियों के विविध भाषाओं के नामों को वर्णक्रम से दिया है। उन का स्वरूप, प्राप्तिस्थान तथा उन के उपयोग लिखे हैं। यह कोष संस्कृत पढ़ने वालों और आयुर्वेद के जिज्ञासुओं, जड़ी-बूटी के व्यापारियों, फार्मेसियों, वन-सेवा के छात्रों, वन-विभाग के कर्मचारियों, ग्रामसेवकों, अनुसन्धानकर्ताओं आदि के लिए विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण के लिए सामान्य रूप से उपयोगी है। इस की उपादेयता को देख कर हम इस के अगले अंश भी गुरुकुल-पत्रिका में प्रकाशित करना चाहते हैं।

कोष के बारे में पाठक अपनी सम्मति या सुझाव हमें या लेखक को भेजेंगे तो हम उस का स्वागत करेंगे। लेखक का पता है: श्री रामेश बेदी, डी २६ राजौरी गार्डन, नई दिल्ली २७।

--सम्पादक।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



लक्ष्मीपत सिंहानिया एक्सरे क्लिनिक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बेदी वनस्पति कोष

प्राक्कथन

श्री रामेश बेदी, डी २९ राजौरी गार्डन, नई दिल्ली–२७

१९३५ से मेरा सम्बन्ध वनस्पतियों के अध्ययन और उन की खोज से रहा है। तभी से मैं इन के बारे में खोजपूर्ण लेख लिखता रहा हूं; मैंने कुछ पुस्तकें भी लिखी हैं। १९६० से १९७३ तक मैं केन्द्रीय सरकार के स्वास्थ्य मन्त्रालय में अनुसन्धान अधिकारी एवं वरिष्ठ अनुसन्धान अधिकारी के रूप में कार्य करता रहा हूं। इन ज़िम्मेदार पदों पर कार्य करते हुए मुझ से वनस्पतियों के सम्बन्ध में अनेक प्रकार की बातें पूछी जाती रही हैं। वनस्पतियों के खोज के सिलसिले में मुझे गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडू, उड़ीसा, बंगाल आदि अनेक राज्यों में जा कर विशेषज्ञों से मिलने का मौका मिलता रहा है। मैंने अनुभव किया कि सभी जगह एक ऐसी पुस्तक की आवश्यकता महसूस की जाती थी जिसमें जड़ी-बूटियों के बारे में सामान्य जानकारी आसानी से मिल जाय। इस कोष का प्रणयन मैंने उसी अभाव की पूर्ति के लिए किया है।

अनुमान है कि भारत में वनस्पतियों की पच्चीस हज़ार जातियां (Species) मिलती हैं। इन में से लगभग पाँच हज़ार वनस्पतियाँ किसी-न-किसी रूप में मनुष्यों एवं पशु-पक्षियों के काम आती हैं। दवादारू और आहार में हम हज़ारों जड़ी-बूटियों को इस्तेमाल कर रहे हैं। हमारे उद्योग-धन्धों में काम आने वाली व्यापारिक महत्व की वनस्पतियों की संख्या बहुत ऊंची है। शोभा के लिए हम हज़ारों पेड़-पौदों को वाटिकाओं में उगा रहे हैं।

इस कोष में मैंने ऐसी सभी वनस्पतियों का परिचय देने की कोशिश की है। वनस्पतियों के संस्कृत, हिन्दी, अंग्रेज़ी, लैटिन तथा प्रदेशीय भाषाओं और बोलियों में नाम दिए हैं। आयुर्वेद और यूनानी चिकित्सा में काम आने वाले पौदों के अरबी और फ़ारसी नाम भी दिए हैं। भारतीय भाषाओं में संस्कृत नामों के महत्वपूर्ण स्थान को देखते हुए मैंने संस्कृत नाम को प्रमुखता दी है।

संस्कृत भाषा नामों की दृष्टि से बहुत समृद्ध है। गिलोय के संस्कृत में करीब तीस नाम हैं, बरगद के इकतालीस, हरड़ के अट्ठाईस, नीम और आँवला प्रत्येक के तेंतीस और भिलावे के तिरतालीस। यदि हम औसत दस नाम भी मान लें तो संस्कृत साहित्य और आयुर्वेद में वर्णित लगभग एक हज़ार पौदों के करीब दस हज़ार नाम व पर्याय संस्कृत में मिल जायेंगे।

संस्कृत के लेखकों में जो उदात्त दृष्टिकोण रहा है उस से संस्कृत साहित्य और संस्कृत का शब्द कोष खूब समृद्ध हुआ है। 'अर्क प्रकाश' के समय हमारे देश में मुस्लिम सभ्यता, मुस्लिम रहन-सहन, मुस्लिम खान-पान और मुस्लिम दवा-दारू का जनसाधारण के सामान्य जीवन पर प्रभाव पड़ चुका था। मुसलमान आक्रान्ताओं के साथ लाई गई कितनी ही रीतियां भारतीयों ने अपना ली थीं। वे हमारे जीवन का अंग बन गई थीं। अर्क प्रकाश के लेखक ने फ़ारसी और अरबी के गुलदावदी, गुलाब, चोपचीनी आदि कितने ही शब्दों को संस्कृत में ज्यों-का-त्यों या मामूली हेरफेर के साथ अपना लिया था। संस्कृत के कुछ लेखकों ने विदेशी मूल के ऐसे नामों के बदले संस्कृत में नए नाम घड़े भी हैं; जैसे गुलाब के लिए शतपत्री और चोपचीनी के लिए द्वीपान्तरवचा। मैं समझता हूं कि विदेशी नामों को उसी रूप में आत्मसात् करना स्वस्थ परम्परा है। शब्द के साथ प्रायः एक वातावरण, परम्परा और इतिहास का भी बोध होता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संस्कृत में अपनाये गए विदेशी शब्दों को मैंने मुख्य प्रविष्टि में दिया है। किसी वनस्पति के संस्कृत में अनेक नाम उपलब्ध हैं तो अधिक प्रचलित नाम को मुख्य प्रविष्टि बना कर उसके अन्तर्गत अभीष्ट जानकारी दी है।

संस्कृत में वनस्पति का नाम नहीं मिलता है तो हिन्दी, स्थानीय भाषा, लेटिन आदि किसी भी अधिक जाने-पहचाने नाम के नीचे जरूरी जानकारी दी है। मुख्य प्रविष्टि के अन्तर्गत प्रत्येक वनस्पति के सम्बन्ध में निम्नलिखित जानकारी देने का प्रयत्न किया है: १ मुख्य नाम; २ सन्दर्भ; ३ प्रतीक; ४ हिन्दी नाम; ५ बोटेनिकल नाम, देवनागरी में तथा रोमन लिपि में; ६ कुल (Family), देवनागरी में तथा रोमन लिपि में; ७ स्वरूप – क्या यह वृक्ष, लता या क्षुप है; ८ प्राप्ति स्थान; ९ उपयोग।

संस्कृत नामों के सन्दर्भ और प्रतीक निघण्टु ग्रन्थों से देना कम श्रमसाध्य था; क्योंकि उन में संस्कृत के नामों व पर्यायों का एक ही जगह संग्रह मिल जाता है। उन में वे श्लोकांश लेना आसान था जिन में संस्कृत नाम आये हैं। मैंने ऐसा प्रायः नहीं किया। इस का कारण यह है कि निघण्टुओं में नामों का समाहार तो है परन्तु उन के वास्तविक प्रयोग नहीं हैं। उदाहरण के लिए गुडूची को लीजिए। निघण्टुओं में इस के करीब तीस पर्याय संगृहीत हैं। इन सब का व्यवहार हमें आयुर्वेद के चिकित्सा-ग्रन्थों तथा भैषज-संहिताओं में प्राप्त नहीं होता। इस का कारण यह है कि बहुत से पर्याय निघण्टुकारों ने स्वयं घड़े थे। ऐसे पर्यायों से हमें उस वनस्पति के स्वरूप का ज्ञान प्राप्त होता है, उस के गुणों की जानकारी मिलती है और उस के उत्पत्ति-स्थान के बारे में कुछ पता चलता है। इस प्रकार के अनेक पर्याय निघण्टुओं की पंक्तियों से बाहर नहीं निकले। अन्य लेखकों ने अपनी विद्वत्ता-पूर्ण कृतियों में उन का व्यवहार नहीं किया। वे प्रायः जड़ पड़े रहे। इसलिए मैंने निघण्टु-ग्रन्थों में से उद्धरण देने की बजाय चिकित्सा-ग्रन्थों और भैषज-संहिताओं में से देने की कोशिश की है। इन में वनस्पतियों के जिन नामों का व्यवहार हुआ था वे जीवित शब्द थे और भाषा को सशक्त व समृद्ध बनाते थे।

एक ही वनस्पति को भारत के एक कोने में किसी नाम से पहिचानते हैं और दूसरे कोने में किसी और नाम से। काश्मीर से कन्याकुमारी तक पौदे के कई नाम बदल जाते हैं। मोटे तौर पर हमारे संविधान में स्वीकृत चौदह भाषाओं को लेकर हिसाब लगाएं तो प्रत्येक वनस्पति के चौदह नाम तो मुझे इस कोष में देने ही हैं। प्रदेशीय भाषाओं के अन्तर्गत स्थानीय बोली में भेद हो जाने से एक वनस्पति के कई-कई प्रादेशिक नाम बन गए हैं। मोटे तौर पर दो-दो नाम तो माने जा सकते हैं। जिस का मतलब यह हुआ कि प्रत्येक वनस्पति के मुझे लगभग अट्ठाईस प्रादेशिक तथा क्षेत्रीय नाम इस कोष में देने हैं।

पौदों के लेटिन नाम समय-समय पर बदलते रहते हैं। जब किसी पौदे को नया लेटिन नाम दे दिया जाता है तो उस का पुराना नाम छोड़ देना चाहिए। नामों में यह परिवर्तन इतना अधिक किया जा रहा है कि लेखक प्रायःकर उसे जान भी नहीं पाते; इसलिए वे पुराने नामों को ही प्रयोग में लाते रहते हैं। इस कोष में मैंने पुराने नामों को भी दिया है। नए और पुराने नाम में इस प्रकार भेद दिखाया है कि पुराने नाम के आगे कोष्ठ में ले (लेटिन) के साथ प (पर्यायवाची शब्द) लिख दिया है। पुराने नामों की प्रविष्टि सदा स्वतन्त्र है; में और वे देवनागरी तथा रोमन दोनों में लिखे गये हैं। उदाहरणार्थ-दतुरा फ़ास्टुओसा लिन. **Datura fastuosa Linn.**

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ले, प) : धतूरा दे धत्तूरक । अब इसी का नया नाम देखिये । कोष में यह दो जगह आयेगा । एक तो पौदे के मुख्य संस्कृत नाम धतूर के अन्तर्गत, जहाँ इसे देवनागरी और रोमन दोनों लिपियों में इस प्रकार दिया है दतुरा मेटेल लिन. Datura fastuosa Linn. (ले) । इस के अलावा इस की जहाँ स्वतन्त्र प्रविष्टि होगी वहाँ इसे केवल देवनागरी लिपि में इस प्रकार दिया है : दतुरा मेटेल लिन. (ले) : धतूरा । दे धत्तूर ।

लेटिन नामों के देवनागरी रूपान्तर पाठकों को सामान्यतया अटपटे लगेंगे । इस का कारण यह है कि भारत में हम लोग इन का उच्चारण अंग्रेज़ी शब्दों के अनुरूप करने की चेष्टा किया करते हैं। वस्तुतः यह ठीक नहीं है । लेटिन भाषा बहुत कुछ संस्कृत या हिन्दी के समान है । इस में जैसा लिखा जाता है प्रायःकर वैसा ही उच्चारण किया जाता है । अंग्रेज़ी के समान नहीं कि कहीं e को ए और कहीं इ; u को कहीं उ (put) कहीं अ (cut) और कहीं यू (tube) । इसी तरह अन्य स्वर और व्यंजन दोनों प्रकार के अक्षरों के उच्चारण शब्द-शब्द में बदलते रहते हैं।

लेटिन नामों के लिप्यन्तर में मैंने रोमन के अक्षरों का इस प्रकार अनुवाद किया है —

a	अ, आ (ा)	m	म्
b	ब्	n	न्
c	स्, क्	o	ओ (ो), औ (ौ)
ch	च्	p	प्
d	द्, ड्	ph	फ्, फ़्
dh	ध्, ढ	q	क्
e	ए (े)	r	र्
f	फ़्	s	स्
g	ग्	sh	श् ष्
gh	घ्	t	ट्, त्
h	ह्	th	ठ्, थ्

i	इ (ि), ई (ी)	u	उ (ु), ऊ (ू)
j	ज्	v	व्, व्ह्
jh	झ्	w	व्
k	क्	x	क्स्
kh	ख्	y	इ (ि), ई (ी)
l	ल्	z	ज

दो स्वर अक्षर एक साथ आये हैं तब भी उनके उच्चारण में अन्तर नहीं आता। उदाहरणार्थ (Vesiarius) व्हेसिकारिउस । (Euphorbia) एउफोर्बिआ ।

एक साथ आने वाले व्यंजन अक्षरों को भी देखिये जो देवनागरी के निम्नलिखित अक्षरों के समान ध्वनि देते हैं : (ph) फ् जैसे (phasiolus) फासिओलुस और (dh) घ् या ढ् जैसे (Adhatoda) आधाटोडा ।

लेटिन नामों में तीन खण्ड होते हैं । पहला पौदे के गण (genus) को बताता है और दूसरा उस की जाति (species) को । तीसरा उस व्यक्ति का नाम है जिस ने सर्वप्रथम उस पौदे का परिचय वर्तमान काल में वनस्पति शास्त्र के विद्वानों के सामने प्रस्तुत किया है । लेटिन नाम लिखने की एक पद्धति संसार में सर्वत्र स्वीकार की गई है । उस के अनुसार गणवाचक नाम का पहला अक्षर बड़ा होगा, जातिवाचक नाम का पहला अक्षर छोटा रहेगा, फिर व्यक्ति के नाम का पहला अक्षर बड़ा होगा । नाम के पहले दो खण्ड भिन्न टाइप में दिये जायेंगे । कोष में इसी पद्धति से रोमन लिपि में लेटिन नाम दिये गये हैं ।

१९७१ में मई मास के अन्त से नवम्बर मास के अन्त तक मैं भूटान में भारत सरकार के हर्बेरियम एक्स्पीडीशन के लीडर की हैसियत से जड़ी-बूटियों का सर्वेक्षण करता रहा हूं । मैंने वनस्पतियों के लगभग तेरह सौ संचय किए थे जिन में हर्बेरियम

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्पेसिमैनों की कुल संख्या लगभग दस हज़ार थी। ये अतिशय मूल्यवान् दुर्लभ नमूने भूटान के रौयल हर्बेरियम में; लण्डन के क्यू हर्बेरियम में; फ़ौरेस्ट रिसर्च इंस्टिट्यूट, देहरादून के हर्बेरियम में; बौटेनिकल सर्वे आफ़ इण्डिया के कलकत्ता व शिलौंग हर्बेरियम में; ड्रग रिसर्च लेबोरेटरी जम्मू के हर्बेरियम में; कौन्सिल फ़ौर रिसर्च इन इण्डियन मेडिसिन एण्ड होम्योपैथी नई दिल्ली के हर्बेरियम में सम्मिलित करने के लिए वितरित कर दिये गये थे।

भूटान में सर्वेक्षण के दौरान मैंने हिमालय के बर्फ़ानी इलाकों में करीब अठारह हज़ार फीट की ऊंचाई तक फैली हुई अपार वन-सम्पदा का प्रत्यक्ष ज्ञान किया था। मैं स्थानीय लोगों के सान्निध्य में रहता था। वे लोग अपने परम्परागत ज्ञान के आधार पर हिमालय की जड़ी-बूटियोंको सदियों से उपयोग करते आ रहे हैं। मैंने इन मूल्यवान् जड़ियों के ऐसे अद्भुत प्रयोग भी देखे थे जिन्हें शेष दुनियाँ अभी नहीं जानती। मुझे इस बात का गौरव है कि उन्हें सब से पहले मैंने लिपिबद्ध किया है। भूटान की अलग-अलग घाटियों में पेड़-पौधों के जो नाम प्रचलित हैं मैंने उन्हें भी रिकार्ड किया है।

इसी तरह गढ़वाल-हिमालय में भी मैंने जड़ी-बूटियों की तलाश में अनेक यात्रायें की हैं। भूटान, नेपाल और गढ़वाल-हिमालय जैसे दुर्गम प्रदेशों से प्राप्त वनस्पतिसम्बन्धी ज्ञान को मैंने इस कोष में समाविष्ट किया है।

वनस्पतियों का कोष बनाने का कार्य बहुत बड़ा है और इस में अपूर्णताएं भी रह जाना स्वाभाविक है। इन कमियों का कारण मेरा सीमित ज्ञान भी हो सकता है, परन्तु मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि मुझे यदि आवश्यकता साधन उपलब्ध होते तो यह कोष अपने वर्तमान रूप से कहीं अधिक पूर्ण, विस्तृत, प्रामाणिक और उपयोगी बनाया जा सकता था।

संस्कृत में एक प्रसिद्ध उक्ति है--

अनन्तपारं किल शब्दशास्त्रं
स्वल्पं तथायुर्बहवश्च विघ्नाः।

इस का अर्थ है कि शब्द शास्त्र का कोई अन्त नहीं, उसे जानने के लिए मनुष्य की उम्र बहुत कम है और उस में विघ्न-बाधाओं की भरमार है। यह उक्ति वनस्पतिशास्त्र के शब्दों के बारे में सौ फ़ी सदी ठीक बैठती है।

कोष का प्रथम संस्करण अभी आरम्भमात्र है। मुझे सदा नये-नये शब्द मिलते जाते हैं जिन्हें मैं स्लिपों पर लिख कर यथास्थान रखता जाता हूं। मुझे विश्वास है कि अगला संस्करण इस से दुगना बड़ा हो जायेगा। उत्तरोत्तर हर संस्करण में नई सामग्री जुड़ती जायगी।

इस कोष का उपयोग करने वाले बहुत भिन्न-भिन्न क्षेत्रों के लोग हो सकते हैं। यह संस्कृत पढ़ने वालों और आयुर्वेद के जिज्ञासुओं के लिए, जड़ी-बूटी के व्यापारियों, फार्मेसियों, वन-सेवा के छात्रों, वन-विभागों के कर्मचारियों, अनुसन्धानकर्त्ताओं, ग्रामसेवकों आदि के लिए विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण के लिए सामान्य रूप से उपयोगी होगा। वनस्पति जगत् में जिन की थोड़ी-बहुत भी रुचि है उन के लिए यह रेडी रेफ़रैन्स की पुस्तक का काम देगा। सभी प्रदेश के लोगों के लिए इस कोष का उपयोग करना आसान होगा, क्योंकि मैंने प्रदेशीय नामों को भी अकारादि क्रम में रखा है जिस से उन्हें झट तलाश किया जा सकता है।

पाठकों से निवेदन है कि इस कोष की कमियों के बारे में मुझे सूचित करें जिस से अगले संस्करण को अधिक उपयोगी बनाया जा सके। मैं उनका आभारी हूंगा।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

संकेत

क. भाषा और प्रदेश

अ	असमिया
अफ़	अफ़गानिस्तानी
अर	अरबी
अव	अवधि
अं	अंग्रेजी
उ	उड़िया
क	कन्नड़
का	काश्मीरी
काँ	काँगड़ा
कु	कुमाऊंनी
के	केदार घाटी
ग	गढ़वाली
गु	गुजराती
ची	चीनी
जा	जावा
जौ	जौनसारी
त	तमिल
ति	तिब्बती
तु	तुर्की
ते	तेलुगु
दून	दून घाटी (दहरादून)
ने	नेपाली
पश्तो	पश्तो
पं	पंजाबी
पा	पाली
फ़	फ़ारसी
बं	बंगाली
बर्मी	बर्मी
बा	बाज़ार नाम
बि	बिहार
भि	भिलंगना घाटी
भू	भूटानी
म	मलयालम
म प्रा	मलय प्रायद्वीप
मरा	मराठी
मा	मारवाड़ी
मु	मुलतानी
मे	मेवाड़ी
मै	मैथिली
य	यमुना घाटी
यू	यूनानी
रा	राजस्थानी
रू	रूमी
ले	लेटिन
व्र	व्रज भाषा
सं	संस्कृत
सन्थाली	सन्थाली
सहा	सहारनपुर
सि	सिन्धी
सिं	सिंहाली
सिक्किम	सिक्किम
सु	सुरियानी
सुण्डा	सुण्डानीज़
सुमा	सुमात्रा
स्या	स्याम
ह	हरियाणी
हि	हिन्दी
हिमा	हिमाचल प्रदेश

ख ग्रन्थ

अ	अष्टाँग हृदय
अग	अगस्त्य संहिता
अग्नि	अग्नि पुराण
अनङ्ग	अनङ्ग रङ्ग
अनर्घ	अनर्घ राघव, मुरारि

अ मा	अमर कोष, भानुजीदीक्षित टीका
अभि	अभिज्ञान शाकुन्तल
अमर	अमर कोष
अर्क	अर्क प्रकाश
अश्व	अश्व चिकित्सित
अ सं	अष्टाङ्ग संग्रह
आ	आत्रेय संहिता
आ प्र	आयुर्वेद प्रकाश
आयु	आयुर्वेद संग्रह
उ	उत्तर रामचरित
उ वि	उपवन विनोद
ऋ	ऋतुसंहार
ऐ	ऐतरेय ब्राह्मण
काद	कादम्बरी
का प्र	काव्य प्रकाश
काम	काम सूत्र, वात्स्यायन
का मा	कार्तिक माहात्म्य
काय	कायस्थ धर्मप्रदीप
काव्य	काव्य मीमाँसा, राजशेखर
काश्यप	काश्यप संहिता
कि	किरातार्जुनीय
कु	कुमार सम्भव
कू	कूर्म्म पुराण
कै	कैयदेव निघण्टु
क्षे	क्षेमकुतूहल
गद	गद निग्रह
गन्ध	गन्ध सार
गरुड	गरुड पुराण
ग वा	गन्ध वाद
गाथा	गाथा पञ्चक
गीत	गीत गोविन्द
गुरु	गुरुग्रन्थ साहिब
गौ	गौरी तन्त्र
च	चरक संहिता

चक्र	चक्रदत्त
चम्पू	चम्पू रामायण
छा	छान्दोग्योपनिषद्
ज्ञा	ज्ञानेश्वरी
ज्ञान	ज्ञानकाण्ड
तु	तुलसी रामायण
तु उ	तुलसी उपनिषद्
तुका	तुकाराम गाथा
तै	तैत्तिरीय संहिता
दि	दिव्यावदान
देशी	देशी नाममाला
ध	धन्वन्तरि निघण्टु
धर्म	धर्मशास्त्र शंखलिखित
न	नलचम्पू
नन्दि	नन्दि पुराण
ना	नावनीतकम्
नि	निघण्टु संग्रह
नि र	निघण्टु रत्नाकर
नी	नीति शतक, भर्तृहरि
नै	नैषधीय चरित
पञ्च	पञ्च तन्त्र
पद्म	पद्म पुराण
पू	पूरन भगत
पे	पेशव्याचा स्तुतिपर का[illegible]
प्र	प्रयाग माहात्म्य
प्रब	प्रबन्ध चिन्तामणि
प्रस	प्रसन्न राघव
बङ्ग	बङ्गसेन संहिता
बा	बाग विलास
बु	बुद्ध चरित, अश्वघोष
बृ	बृहत् संहिता, वराहमि[illegible]
बेला	बेला फूले आधी रात, देवेन्द्र सत्यार्थी, १९[illegible]
भ	भगवद् गीता

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भा	भाव प्रकाश	राजव	राज वल्लभ
भाग	भागवत	राजव्य	राज व्यवहार कोष
भा भै	भारत भैषज्यरत्नाकर	राम	रामचरित मानस
भार	भारत मञ्जरी	रामा	रामायण
भेल	भेल संहिता	ली	लीला चरित्र
भै	भैषज्य रत्नावली	व	वराह पुराण
भोजन	भोजन कुतूहल	वस	वसवराजीय
म च	महावीर चरितम्, भवभूति	वि	विक्रमोर्वशीय
मत्स्य	मत्स्य पुराण	विद्या	विद्यापति के सौ गीत
मद	मदनपाल निघण्टु	विष्णु	विष्णु धर्मोत्तर पुराण
मध्य	मध्यम व्यायोग, भास	वेणी	वेणी संहार
मनु	मनुस्मृति	वै	वैद्य मनोरमा
महा	महाभारत	वै चि	वैद्य योग चिन्तामणि
महो	महोपनिषद्	वैज	वैजयन्ती कोष
मा	मालती माधव, भवभूति	वैद्य	वैद्य जीवन
मान	मानसोल्लास, सोमेश्वर	वैद्या	वैद्यावतंस
माल	मालविकाग्नि मित्र	वै यो	वैद्य योगरत्नावली
मृ	मृच्छकटिक	वैरा	वैराग्य शतक
मे	मेघ दूत	श	शतपथ ब्राह्मण
यो	योगरत्नाकर	शा	शार्ङ्गधर पद्धति
र	रसार्णव	शालि	शालिग्राम निघण्टु
र का	रस कामधेनु	शि	शिशुपाल वध
रघु	रघुवंश	शिव	शिवराज विजय
र चू	रसेन्द्र चूड़ामणि	शृ	शृङ्गार शतक, भर्तृहरि
र प्र	रस प्रकाश, सुधाकर	शो	शोढल
र यो	रस योग सागर	श्र	श्रवण कुमार
र र	रस रत्न समुच्चय	स	सहस्त्र योग
रस	रसरत्नाकर	सत	सतसई, बिहारी, १६०२-
रसत	रसतरङ्गिणी		१६६३ ईस्वी पश्चात्
रसा	रसार्णव	सिद्ध	सिद्ध भैषज्य मणिमाला
रसामृत	रसामृत	सि यो	सिद्ध योग रत्नावली
रसे	रसेन्द्र सार संग्रह	सी	सीता स्वयंवर
रा	राज निघण्टु	सु	सुश्रुत
राघ	राघवानुभव	सुभा	सुभाषित रत्न भाण्डागार

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सुभाषि	सुभाषितावलि
सौ	सौन्दरानन्द, अश्वघोष
स्त्री गी	स्त्रीगीतमाला
स्व	स्वप्नवासवदत्तम्
ह आ	हस्त्यायुर्वेद
हर्ष	हर्षचरित
हा	हारीत संहिता
हि	हितोपदेश

आ. अधिकार, अध्याय, वर्ग, स्थान आदि

अं	अङ्क
अ	अध्याय
अती	अतीसाराधिकार
अधि	अधिकरण
अप	अपस्माराधिकार
अभ	अभंग
अभय	अभयादि वर्ग
अम्ल	अम्लपित्त चिकित्सा
	अम्लपित्ताधिकार
अ मा	अग्निमाद्यादिरोगाधिकार
अयो	अयोध्या काण्ड
अरण्य	अरण्य काण्ड
अरो	अरोचक चिकित्सा
अर्श	अर्श चिकित्सा
[illegible]	अर्श रोगाधिकार
अव	अवलेह कल्पना प्रकरण
अंशु	अंशुघाताधिकार
[illegible]	अश्मरी चिकित्सा
[illegible]	अश्मर्यधिकार
आम	आमवाताधिकार
आम्र	आम्रादि वर्ग
आर	आरण्यक पर्व
आस	आसवाधिकार
[illegible]	आसवारिष्ट कल्पना प्रकरण
इ	इक्षु वर्ग
उ	उत्तर तन्त्र
	उत्तर भाग
उ का	उत्तर काण्ड
उ ख	उत्तर खण्ड
उच्	उच्छ्वास
उदर	उदर चिकित्सा
	उदर रोगाधिकार
उन्माद	उन्माद चिकित्सा
	उन्मादाधिकार
उप	उपदंशफिरङ्ग रोगाधिकार
उपदेश	उपदेश
उरो	उरोग्रह निदान
ऊ	ऊरुस्तम्भाधिकार
ओ	ओषधि वर्ग
क	कल्प सिद्धि स्थान
	कल्प स्थान
कफ	कफरोगाधिकार
कर	करवीरादि वर्ग
कर्पू	कर्पूरादि वर्ग
कषा	कषाय प्रकरण
कास	कास चिकित्सा
	कासाधिकार
कि	किष्किन्धा काण्ड
कु	कुल
कुष्ठ	कुष्ठरोगाधिकार
	कुष्ठाधिकार
कृ	कृमि रोगाधिकार
कृता	कृतान्न वर्ग
	धान्यकृतान्न वर्ग
क्षय	क्षयरोग प्रकरण
क्षु	क्षुद्ररोग चिकित्सा
	क्षुद्र रोगाधिकार
ख	खण्ड

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

	खण्डिका	परि	परिच्छेद
गल	गलगण्डाधिकार	पशि	परिशिष्ट
गा	गाथा	पाण्डु	पाण्डुरोगाधिकार
गी	गीत	पु	पुष्प वर्ग
गुटि	गुटिका प्रकरण	पू	पूर्व भाग
गुडू	गुडूच्यधिकार		पूर्व मेघ
गुल्म	गुल्म चिकित्सा	प्र	प्रपाठक
	गुल्म रोगाधिकार	प्रक	प्रकरण
ग्र	ग्रहणी रोगाधिकार	प्रदर	प्रदर रोग चिकित्सा
घृ	घृत प्रकरण	प्र पि	प्रमेह पिडिकाधिकार
चन्द	चन्दनादि वर्ग	प्र भ	प्रभद्रासि वर्ग
चि	चिकित्सा स्थान	प्रमे	प्रमेह चिकित्सा
चू	चूर्ण प्रकरण		प्रमेहाधिकार
	चूर्ण कल्पना प्रकरण	प्रयो	प्रयोग खण्ड
छ	छर्दिरोगाधिकार	प्ली	प्लीहायकृद्रोगाधिकार
ज्व	ज्वर चिकित्सा	फल	फलादि वर्ग
	ज्वर प्रकरण	बाल	बालरोगाधिकार
	ज्वराधिकार	भग	भगन्दर रोगाधिकार
ज्व अ	ज्वरातिसाराधिकार	भग्न	भग्नाधिकार
त	तरंग		भग्न चिकित्सा
तृ	तृष्णा चिकित्सा	भा	भाग
तु मा	तुलसी माहात्म्य	भू	भूमि काण्ड
तै	तैल प्रकरण	भो	भोग्य वर्ग
	तैल वर्ग	मध्य	मध्यम खण्ड
दे	देखिए	मदा	मदात्ययाधिकार
द्रो	द्रोण पर्व	मस्तिष्क	मस्तिष्करोगाधिकार
धातु	धातुशोधन मारण कल्पना	मि	मित्र लाभ
धान्य	धान्य वर्ग	मुख	मुखरोगप्रतिषेध चिकित्सा
नाडी	नाडीव्रणाधिकार		मुखरोगाधिकार
नासा	नासारोगाधिकार	मू	मूलकादि वर्ग
नेत्र	नेत्ररोगाधिकार	मूत्र	मूत्रकृच्छाधिकार
प	पर्याय		मूत्राधिकार
पट	पटल		मूत्राघाताधिकार
प भा	परिभाषा प्रकरण	मूर्च्छा	मूर्च्छाधिकार

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यकृ	यकृत्प्लीहरोगाधिकार
रक्त	रक्तपित्त चिकित्सा
	रक्त पित्ताधिकार
रसा	रसायनाधिकार
राज	राजयक्ष्म चिकित्सा
	राजयक्ष्माधिकार
ल	लशुन कल्प
ले	लेह प्रकरण
लो	लोक गीत
	लोक साहित्य
वटा	वटाधि वर्ग
वटी	वटीकल्पना प्रकरण
वना	वनाध्याय
वाजी	वाजीकरण प्रकरण
	वाजीकरणाध्याय
वात	वातव्याधि चिकित्सा
वादि	वादि खण्ड
वार	वातरक्ताधिकार
वि	विलास
वि ज्व	विषमज्वर चिकित्सा
विमा	विमान स्थान
विष	विष कल्प
	विषाधिकार
वीर्य	वीर्यस्तम्भाधिकार
व्र	व्रणप्रतिषेध
	व्रणशोधाधिकार
शतक	शतक
शाक	शाक वर्ग
शाल्म	शाल्मल्यादि वर्ग
शिर	शिरोरोगाधिकार
शीत	शीतपित्तोदर्दकोठाधिकार
शुक्र	शुक्रमेहाधिकार
शूल	शूलरोगाधिकार
शोथ	शोथरोगाधिकार
श्ली	श्लीपदाधिकार
श्वि	श्वित्रकृमि चिकित्सा
स	सर्ग
सद्य	सद्योव्रणाधिकार
सन्धान	सन्धान कल्पना
सु	सुवर्णादि वर्ग
सू	सूत्र स्थान
स्क	स्कन्ध
स्त्री	स्त्री रोगाधिकार
ह	हरीतक्यादि वर्ग
हिक्का	हिक्काश्वासाधिकार
हृ	हृद्रोगाधिकार
	हृद्रोग चिकित्सा

अ

अकत्ति (त) अगथिया । दे अगस्ति ।

अकरकरा (हि) दे आकल्लक ।

अकल्लक (सं) अकल्लकोष्णो वीर्येण बलकृत् कटुको मतः ।। भा, गुडू; ६४ । अकरकरा । दे आकल्लक ।

अकल्लकरा (मरा) अकरकरा । दे आकल्लक ।

अकल्लकरो (गु) अकरकरा । दे आकल्लक ।

अकवन (हि) आक दे अर्क ।

अक्लि (त, म) अगर । दे अगुरु ।

अकोला (हि) दे अङ्कोल ।

अक्क (पं) आक । दे अर्क ।

अक्लारि (सं) अक्लारि च सरामच्चमञ्जं पुलुगु नागवुम् । वै यो । समुद्री नारियल । दे सिन्धु नारिकेल ।

अक्ष (सं) वर्षं खादेत् प्राणदा प्रातरेकामश्नन-न्नात् पूर्वमक्षद्वयं च । अ सं, उ ४६; ३२ । बहेड़ा । दे बिभीतक ।

अक्षक (सं) कारवी यासममृता बृहती द्वयमक्ष-कम् । यो, कास । बहेड़ा । दे बिभीतक ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अक्ष तैल (सं) शावरकास्य।घंपलन्दश च पला-नक्षतैलस्य । ना, प्रक २, अ १०; १२ । बहेड़े (अक्ष) का तेल (तैल) । दे विभीतक ।

अक्ष त्वक् (सं) पश्चादक्षत्वचः क्वाथे पाचयित्वा विशोषयेत् । सि यो, पृ २६९ । बहेड़े (अक्ष) के फल का गूदा (त्वक्) । दे बिभीतक ।

अक्ष फल त्वक् (सं) तुल्या मरिचलवङ्गाक्षफल-त्वचः स्युः । भै, कास; ४० । बहेड़े (अक्ष) के फल का छिलका (त्वक्) । दे बिभीतक ।

अक्ष बीज वलय (सं) अक्षबीजवलयेन निर्बभौ दक्षिणश्रवणसंस्थितेन यः । रघु, स ११; ६६ । रुद्राक्ष (अक्ष) की गुठली (बीज) की माला (वलय) । दे रुद्राक्ष ।

अक्ष माला (सं) एषोऽक्षमालावलयं मृगाणाँ कण्डूयितारं कुशसूचिलावम् । रघु, स १३; ४३ रुद्राक्ष (अक्ष) की माला । दे रुद्राक्ष ।

अक्षय (सं) तस्मान्मुनिवरा यूयमेनं पूजयता-क्षयम् । प्र, २१३, ७२; २७ । नष्ट (क्षय) न (अ) होने वाला । बरगद । दे अक्षयवट (सं) ।

अक्षय पादप (सं) प्रसन्नस्तीर्थराजे च यथास्त्व-क्षयपादपे । प्र, ९२, ३२; ५५ । नष्ट न होने वाला (अक्षय) वृक्ष (पादप) । बरगद । दे अक्षयवट (सं) ।

अक्षय वट (सं) तत्राक्षयवटो नाम त्रिषु लोकेषु विश्रुतः । महा, आर; ७२ । प्रयाग में किसी समय यमुना तट पर उगा हुआ बरगद का एक बड़ा वृक्ष । दे वट ।

अक्षय वट (हि) छत्र अक्षयवट मुनिमन मोहा । राम । बरगद । दे अक्षयवट (सं) ।

अक्षय्य पादप (सं) एवं त्रिनामा तत्राहं वसाम्य-क्षय्यपादपे । प्र, २१३, ७२; १८ । नष्ट न होने वाला (अक्षय्य) वृक्ष (पादप) । बरगद । दे अक्षयवट (सं) ।

अक्षय्य वट (सं) तां चाक्षय्यवटोपेतां पितृसंता-रिणीं गयाम् ।। भार, आर; ६५५ । नष्ट न होने वाला (अक्षय्य) बरगद (वट) । दे अक्षय-वट (सं) ।

अक्षरा (सं) अक्षरेति समाख्याता रसस्यातिनि-बन्धने । र चू, अ ६; ५३ । पारे का बन्धन करने वाली दिव्यौषधि । पत्ते खीरे के पत्तों जैसे होते हैं तीन साल बाद फल लगते हैं । अज्ञात ।

अक्ष वृक्ष वल्कल (सं) फल्वक्षवृक्षवल्कलनिर्यू-हेणेन्दुराजिकाकल्कम् । अ, चि २०; ६ । बहेड़े (अक्ष) के पेड़ (वृक्ष) की छाल (वल्कल) । दे बिभीतक ।

अक्षि पीडक (सं) शङ्खिनी तिक्तला चैव यव-तिक्ताऽक्षिपीडकः । च, क ११; ३ । दे कालमघ ।

अक्षि भैषज्य (सं) बिल्वमुस्ताक्षिभैषज्यधातकी-पुष्पनागरैः । अ, चि ९; २३ । लोघ । दे लोघ्र ।

अक्षीव (सं) शोभाञ्जनः शिग्रुतीक्ष्णगन्धकाक्षी-वमोचकाः । भा, गुडू; ११ । सुहाँजना दे शिग्रु ।

अक्षोट (सं) गजालानपरिक्लिष्टैरक्षोटैः सार्ध-मानताः । रघु, स ४; ६९ ।

अखरोट (हि) जुग्लान्स रेगिआ लिन Juglans regia Lina. (ले) । जुग्लाण्डासी Juglandaceae (कु) । वृक्ष । समशीतोष्ण हिमालय में ३,०००-१०,००० फ़ीट तक जंगलों में स्वयं उग आता है तथा रोपा जाता है । गिरी खाई जाती है । पहाड़ों में गिरी का तेल रसोई में काम आता है । छाल से स्त्रियाँ दाँत साफ़ करती हैं । यह मुख, ओठ और जीभ को लाल रंग में रंग देती है । बाज़ार में यह दन्दासा के नाम से बिकती है । छाल और पत्ते उदर कृमियों को नष्ट करते हैं । लकड़ी बहुत मजबूत है । फ़र्नीचर बनाने और भवन निर्माण में काम आती है ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अक्षोड (सं) वाताम भिषुकाक्षोडमुकूलकनिकोचकम् ।। अ,सू.६; ११८। अखरोट। दे अक्षोट।

अखरोट (हि) दे अक्षोट।

अखोड़ (ग) अखरोट। दे अक्षोट।

अंगजद (फ़) हींग। दे हिङ्गु।

अगती सेस्बानिआ agati sesbania (अं) अगथिया। दे अगस्ति।

अगथिया (हि) दे अगस्ति।

अगथियो (गु) अगथिया। दे अगस्ति।

अगबिथ (उ) अरणी। दे अग्निमन्थ।

अगमकी (सि) विलारी। दे अहिलेखन।

अगर (गु, मरा, हि) दे अगुरु।

अगर वुड agar wood (अं) अगर लकड़ी। दे अगुरु।

अगरु (क, बं, मरा) अगर। दे अगुरु।

अगरु (सं) सारिवोशीरजलदकुष्ठागरु सुरद्रुमैः।। सि यो, पृ १८८। अगर। दे अगुरु।

अगरु युग्मक (सं) तक्कोलं नागकुसुमं पयस्यागरुयुग्मकम्। सि यो, पृ २००। दो (युग्म) प्रकार का अगर (अगरु)। अगर और काला अगर। दे अगुरु और कृष्णागुरु।

अगवृत्तिका (सं) दे शल्लकी।

अगशि (म) अलसी। दे अतसी।

अगशि एण्ण (म) अलसी (अगशि) का तेल (एण्ण)। दे अतसीतैल।

अगसेयमरनु (क) अगथिया। दे अगस्ति।

अगस्ता (मरा) अगथिया। दे अगस्ति।

अगस्ति (सं) अगस्तिः पित्तकफजिच्चातुर्थिकहरो हिमः। भा, पु; ६१। अगस्तिया (हि)। सेस्बानिआ ग्राण्डिफ्लोरा (लिन.) पर्स. Sesbania grandiflora (Linn.) Pers. (ले)। पापिलिओनासी Papilionaceae (कु)। बड़ी झाड़ी या छोटा वृक्ष। भारत में प्रायः सर्वत्र उग आता है। फूल की सब्जी बनाते हैं। प्रतिश्याय और सिर की पीड़ा में और कफवृद्धि में उपयोगी है।

अगस्ति कुड्मल (सं) क्वचिदगस्तिकुड्मलैः केसरिणमिव करजैः। काद, पू पैरा २१६। अगथिया (अगस्ति) का फूल (कुड्मल)। दे अगस्ति।

अगस्ति पत्र (सं) अगस्तिपत्रं मरिचं मूत्रेण परिवेषितम्। हा, चि १९। अगस्तिया (अगस्ति) का पत्ता (पत्र)। दे अगस्ति।

अगस्ति पुष्प (सं) अगस्तिपुष्पचूर्णेन माहिषं जनयेद् दधि। भा। अगस्तिया (अगस्ति) का फूल (पुष्प)। दे अगस्ति।

अगस्तिया (हि) दे अगस्ति।

अगस्ति रस (सं) ऊवणार्कोऽगस्तिरसैः कृतो नश्येच्च तन्द्रिकाम् ।। अर्क, शतक ५; ६०। अगथिया (अगस्ति) का स्वरस (रस)। दे अगस्ति।

अगस्त्य (सं) निर्वापितमगस्त्यस्य रसे वारत्रयाच्छुचि।। सि यो, पृ २६१। अगथिया। दे अगस्ति।

अगस्त्य पत्र (सं) अगस्त्यपत्रं कटुकं सतिक्तं गुरु कृमिघ्नं विशदं कफघ्नम्। कै। अगस्तिया (अगस्त्य) का पत्ता (पत्र)। दे अगस्ति।

अगस्त्य पत्र तोय (सं) अगस्त्यपत्रतोये वा भाविता सप्तवारकम्। सि यो, पृ २६२। अगथिये (अगस्त्य) के पत्ते (पत्र) का रस (तोय)। दे अगस्ति।

अगिया घास (हि) दे कत्तृण।

अगुरु (सं) अगुरुसुरभिधूपामोदितं कशपाशम्। ऋ, स ५; ११। अगर (हि)। अकुइलारिआ आगाल्लोचा रौक्स्ब Aquilaria agallocha Roxb. ले। थीमेलीसी Thymelaeaceae (कु) सदा हरा बड़ा वृक्ष। पूर्वीय हिमालय, भूटान और बंगलादेश में असम के खसिया, गारो, नागा, कछार और सिलहट पर्वतों पर; बर्मा में, विशेषकर टेनास्सेरिम में, मिलता है। लकड़ी में से उड़नशील

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सुगन्धित तेल निकलता है जो पर्फ्यूमरी में काम आता है। वायुमण्डल शुद्ध करने के लिए काष्ठ का धूपन देते हैं। अन्तःप्रयोग में काष्ठ पाचक, उद्दीपक, बल्य, वाजीकरण और संग्राही है। दस्तों और उलटियों में दी जाती है।

अगुरु काष्ठ (सं) अनभिज्ञो यथा जात्यं दहेद-गुरुकाष्ठवत्। सौ, स १५। अगर (अगुरु) की लकड़ी (काष्ठ)। दे अगुरु।

अगुरु द्वयं (सं) कालीयकं च रक्ताङ्गं पतङ्गम-गुरुद्वयम्। अर्क, शतक ४; १६। दो (द्वयं) प्रकार के अगर (अगुरु)। अगर और काला अगर। दे अगरु व कृष्णागुरु।

अगुरु वल्कल (सं) अगुरुवल्कलकल्पित सञ्च-यानि सुभाषितभांजि पुस्तकानि। हर्ष, पृ २१७। अगर (अगुरु) की छाल (वल्कल)। दे अगुरु।

अगुरुसार योनि (सं) सञ्चारितै चागुरुसारयोनौ धूपै समुत्सर्पति वैजयन्तीः। रघु, स ६; ८।

अंगुलिया थूहर (हि) दे अंगुलस्नुही।

अंगुलिया थोहर (हि) दे अंगुलस्नुहि।

अंगूर शफ़ा (हि) बैलाडौना। दे सूची।

अगेथू (हि) अरणी। दे अग्निमन्थ।

अगे राम चू (भू) दे गीदड़ तमाखू।

अंगोज (फ़) हींग। दे हिङ्गु।

अग्नि (सं) एला मधूकमग्निञ्च रजन्यौ द्वे फलत्रयम्। भै, मदा; १७। आग (अग्नि) के समान जलन पैदा करने वाला। चीता। दे चित्रक।

अग्निकं (सं) जठराग्नि को बढ़ाने वाली। अजवायन। दे यमानी।

अग्निक (सं) जिससे यज्ञ में आग (अग्नि) पैदा की जाय। अरणी। दे अग्निमन्थ।

अग्निक (सं.) कलिङ्गकुष्ठक्रमुकप्रियंग्वतिविषा-ग्निकान्। अ, प्रमे १२; २५। आग (अग्नि) के समान जलन पैदा करने वाला। चीता। दे चित्रक।

अग्नि (सं) जो आग के समान जलन पैदा करता है। भिलावा। दे भल्लातक।

अग्नि जिह्वा (सं) काकादनी नलिकाग्निजिह्वा वन्ध्याकर्कोटकी विशाला। अ सं उ ३५; २७। जिसके लाल पीले रंग के फूल ऐसे लगते हैं मानो आग (अग्नि) की लपटें (जिह्वा) हों। दे कलिहारी।

अग्निजिह्वा मूल (सं) काकादनी शुकबर्हाग्नि-जिह्वामूलदक्षकपोतगृध्रपुरीषकाशमूलैर्वा। अ सं, उ ३५; १६। कलिहारी (अग्निजिह्वा) की जड़ (मूल)। दे कलिहारी।

अग्नि पत्र (सं) उरूबुकनाग्निपत्रेण निर्गुण्डीतोय-मुत्तरैः। अर्क, शतक १०; ३३। चित्रक (अग्नि) का पत्ता (पत्र)। दे चित्रक।

अग्नि मन्थ (सं) अग्निमन्थकषायं तु वसामेहे प्रयोजयेत्। गद्, चि ३०; ५४।

(अरणी हि) क्लेरोडेण्ड्रम फ़्लोमिडिस लिन. फ. Clerodendrum phlomidis Linn.F. (ले)। वेर्बेनासी Verbenaceae (कु)। ऊंची झाड़ी। भारत के सूखे भागों में सर्वत्र और पाकिस्तान में बिलोचिस्तान में पाई जाती है। पुराने फिरंग में पत्तों का रस देते हैं। खसरे के आक्षेपों में जड़ दी जाती है। ढोरों के दस्तों और पेट के कीड़ों में उपयोगी है। इसकी लकड़ी को रगड़ (मन्थ) कर यज्ञ में आग (अग्नि) पैदा की जाती है।

अग्नि मन्थक (सं) पर्ण्यौ बृहत्यौ गोकण्टौ बिल्वो-ऽग्निमन्थकोऽरलुः॥ शा, मध्य १०, ७७। जिस पौदे की लकड़ी को रगड़ (मन्थ) कर आग (अग्नि) पैदा की जाती है। अरणी। दे अग्नि-मन्थ।

अग्निमन्थ त्वक् (सं) पलाशवृन्ताग्निमन्थत्वक्-कल्केन मांसपिण्डैर्वा। अ सं, उ ३५; ५। अरणी (अग्निमन्थ) की छाल (त्वक्। दे अग्निमन्थ।

अग्निमन्थ द्वयं (सं) अग्निमन्थद्वयं शिग्रुद्वयं च

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

, बृहतीद्वयम् । भै, गुल्म; ३६ । दो (द्वय) प्रकार की अरणी (अग्निमन्थ) ।

अग्नि मुखी (सं) सुवहाकोरूलूकाग्निमुखीचित्रा-चित्रकचिरबिल्व । च, सू ४; ६ (४) । जिस के फूल आग (अग्नि) की लपटों से बने हुए मुख (मुखी) नजर आते हों । दे कलिहारी ।

अग्नि मुख्य (सं) अग्निमुख्या अशोकाश्च सुरक्ताः पारिभद्रकाः । रामा ३, ७७३; ५ । जिस में जलाने (अग्नि) का प्रधान (मुख्य) गुण है । भिलावा । दे भल्लातक ।

अग्नि शिखा (सं) विशत्याग्निशिखानन्ता वन्हिवक्त्रा च गर्भनुत् । भा; गुडू; ८० । जिस के फूले हुए शीर्ष (शिखा) आग की लपटों (अग्नि) सरीखे हों । दे कलिहारी ।

अग्न्यर्क (सं) अग्न्यर्कं तु समाकृष्य पिबेत्पश्चाद् भुजि चरेत् । अर्क, शतक ८; ७७ । चित्रक (अग्नि) का अरक (अर्क)। दे चित्रक ।

अग्रग्राहि (सं) अग्रग्राहि शताह्वायष्टी करयाँपूक.वितोथ रसप् । स, गुटि; ८ । अज्ञात ।

अग्रग्राही (सं) जातीफलं च तत्पत्री चाग्रग्राही निशाद्वयम् । सि यो, पृ २०५ ।

अग्र्यचन्दन (सं) क्षणे क्षणेऽग्र्यचन्दनप्रियङ्गु-कालीयमृणालशीतवातवारिभिः । च, विभा ६; १७ ।

अङ्कलोड्य (सं) भृङ्गाटकाङ्कलोड्यं च गुरुविष्टम्भि शीतलम् । च, सू २७; ११७ । छोटे कमल का कन्द, भसिंडा । दे कमल ।

अङ्कोट (सं) अङ्कोटो दीर्घकीलः स्यादङ्कोलश्च निकोचकः । भा, गुडू; १३५ । दे अङ्कोल ।

अङ्कोटक (सं) अङ्कोटकस्तु शूलामशोथग्रहविषापहः ।। अर्क, शतक ३; ६६ । दे अङ्कोल ।

अङ्कोट फल (सं) श्लेष्मलं गुरु विष्टम्भि चाङ्कोटफलमग्निजित् । च, सू २७; १५६ । दे अङ्कोल ।

अङ्कोट मूल (सं) अङ्कोटमूलकल्कश्च सक्षौद्रस्तण्डुलाम्बुना । शा, ख २, अ ५; २३ । अङ्कोट (अङ्कोट) की जड़ (मूल) । दे अङ्कोल ।

अङ्कोठ (सं) छर्दनं जालिनीक्वाथैः शुकाख्याङ्कोठयोरपि । सु, क ७; ३४ । दे अङ्कोल ।

अङ्कोठ मूल (सं) तण्डुलजलपिष्टाङ्कोठमूलकर्षार्द्धपानमपहरति । चक्र, अती; ५२ । अङ्कोठ (अङ्कोठ) की जड़ (मूल) । दे अङ्कोल ।

अङ्कोल (सं) पाठाङ्कोलाश्वगन्धार्कमूलयष्ट्याह्वपद्मकान् । च, चि २३; २४४ । अङ्कोल (हि) । आलान्गिउम सालविफोलिउम (लिन. फ.) वान Alangium salvifolium (Linn. F.) Wang. (ले) । आलन्गिआसी Alangiaceae (कु) झाड़ी या छोटा वृक्ष । शाखिकाएं काँटेदार । छाल धूसर वर्ण । पत्ते एकान्तर, तीन से छह इन्च लम्बे, एक से दो इञ्च चौड़े । बाहरी सिराएं पाँच से आठ, सूक्ष्म । आधार गोल या नोकदार । पत्रवृन्त २ से ५ इञ्च लम्बा, रोमश । फूल ६-८ इञ्च लम्बे, सफेद, सुगन्धित, एकाकी या समूह में । पुष्पदल पाँच से दस तक, लगभग एक इञ्च लम्बे, बाहरी भाग रेशमी । परागदण्ड तीस तक, छोटे, रोमश; परागकोश बहुत लम्बे । फल ७ इञ्च लम्बा, चिकना, पकने पर बाहर से काला, अन्दर लाल गूदे से युक्त । बीज कठोर । नये पत्ते एप्रिल-मई में और फूल फरवरी से एप्रिल तक निकलते हैं । फल मई से अगस्त तक पकते हैं । भारत में शुष्क प्रदेशों में सर्वत्र और दक्षिण भारत के जंगलों में खूब उगता है । छाल में से ०.८ प्रतिशत अनाकार क्षाराभ एलन्गाइन (Alangine) पाया जाता है । स्वल्प मात्रा में यह रक्त के उच्च दबाव को अस्थायी रूप में कम करता है, हृदय को मन्द करता है और श्वसन को अनियमित करता है आँतों की तरंगगति को बढ़ाता है । बीजों में ०.२ प्रतिशत क्षाराभ होते हैं । जड़ की कड़वी छाल में तीन क्षाराभ होते हैं । यह उदरकृमिहर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एवं विरेचक है; ज्वर और त्वचा के रोगों में उपयोगी है। गठिये के दर्दों में पत्तों की पुल्टिस बाँधते हैं। लकड़ी हल्की-भूरी, खूब मजबूत, और पक्की होती है। प्रति घन फुट का भार पैंतालीस से छप्पन पौण्ड होता है। तेलघानियों के मूसलों, जूओं और वाद्ययन्त्रों को बनाने के काम आती है। फल खाये जाते हैं। बीजों से तेल निकाला जाता है जो जलाने तथा दवाओं के काम आता है।

अङ्कोल तैल (सं) नस्यं चाङ्कोलतैलेन कुर्यान्भृत्युजरापहम्। रस, रसा। अङ्कोल का तेल। दे अङ्कोल।

अङ्कोलम् (म) दे अङ्कोल।

अङ्कोलमूल (सं) अङ्कोलमूलमथवाऽर्कजटा प्रपिष्टा स्वच्छेन तण्डुलजलेन सुसंप्रयत्नात्। शो अङ्कोल की जड़ (मूल)। दे अङ्कोल।

अङ्कोल मूल वल्क (सं) अङ्कोलमूलवल्को वा बस्तमूत्रेण कल्कितः।। अ सं, उ ४६; २६। अङ्कोल की जड़ (मूल) की छाल (वल्क)। दे अङ्कोल।

अङ्कोल वृक्ष दल (सं) अङ्कोलवृक्षदलधूपविधानयोगान्नाशं प्रयाति विषमाशु नरस्य मात्स्यम्। शो। अङ्कोल पेड़ (वृक्ष) का पत्ता (दल)। दे अङ्कोल।

अङ्कोलार्क (सं) अङ्कोलार्कोऽथ वंशार्कः श्वविपन्नः पृथक् पृथक्। अर्क, शतक ७-६६। अङ्कोल का अरक (अर्क)। दे अङ्कोल।

अङ्कोल्ल (सं) दे अङ्कोल।

अङ्कोल्ल जटा (सं) जातीवृषाङ्कोल्लजटाँ सपत्नामादाय तद्वन्महिषाक्षभागम्। गद चि १०; २७। अंकोल (अङ्कोल्ल) की जड़ (जटा)। दे अङ्कोल।

अङ्गुजद (फ) हींग। दे हिङ्गु।

अङ्गा (ग) दे अङ्गाह।

अङ्गाह (हि) फ्राक्सिनुस मिक्रान्था लिन्गेल्श Fraxinus Miorantha Lingelsh (ले)। ओलेआसी Oleaeace (कु)। पतनशील पत्तों वाला बड़ा वृक्ष। प्रायः एप्रिल-मई में फूलता है और अगस्त-सितम्बर में फल पकते हैं। जौनसार और गढ़वाल में बोया जाता है और वन्य भी है। लकड़ी मजबूत, सफेद रंग की होती है जिस में हल्की लाल आभा रहती है; सारकाष्ठ नहीं होता। वार्षिक चक्र स्पष्ट होते हैं। सूखी लकड़ी का भार अड़तालीस पौण्ड प्रति घन फुट होता है। पतवार, हल खम्भे आदि बनाने के काम आती है। लकड़ी की चिलम बनती है।

अङ्गिरा (अर, फ़) गुडहल। दे जपा।

अङ्गिरा हिन्दी (अर, फ़) गुडहल। दे जपा।

अङ्ग् (पं, हि) फ्राक्सिनुस् फ़्लोरिबुण्डा वाल Fraxinus Floribunda Wall (ले)। ओलेआसी Oleaeace (कु)। वृक्ष। समशीतोष्ण हिमालय तथा हिमालय के निचले भागों में, ५,०००–११,००० फ़ीट तक, काश्मीर से भूटान, असम और खसिआ पहाड़ों पर पाया जाता है। लकड़ी बनाने के काम आती है। तने पर टक मारने से शर्करा (Manna) निकलती है। यह मीठी दस्तावर दवा के रूप में बरती जाती है।

अङ्गुल स्नुही (सं) अंगुलिया थूहर (हि)। एउफोर्बिआ टिरुकाल्लि लिन. Euphorbia tirucalli Linn. (ले)। एउफ़ोर्बिआसी Euphorbiaceae (कु)। काँटे रहित झाड़ी या १५–२० फ़ीट ऊंचा छोटा वृक्ष। शाखाएं सीधी, चिकनी, बेलनाकार और चमकीली। अफ्रीका का आदिवासी है। बंगाल, दक्षिण भारत, गुजरात, कोंकण और सिन्ध के सूखे भागों में पाया जाता है खेतों की बाढ़ों के लिए अक्सर बोया जाता है। बरार में यह सूरज की सीधी धूप से बचाने के लिए आम के छोटे पौधों को छाया देने के निमित्त

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उगाया जाता है। ताजे दूध में से आइसोथूफोरोल (Isoeuphorol) पृथक् किया गया है। सूखे दूध में एक कीटोन यूफोरोन (Euphorone) होता है। दूध बहुत तेज़ होता है और जिस भाग पर लगता है छाला डाल देता है। मस्सों पर, आमवात, वातनाड़ियों की सोजों और दाँत के दर्द में इसे लगाते हैं। स्वल्प मात्रा में यह रेचक है और बड़ी मात्रा में उलटियाँ तथा तेज़ दस्त लाता है। मछलियों और चूहों के लिए यह विष है। लकड़ी के खिलौने बनते हैं। इस का कोयला बारूद के लिए उपयोगी है। पेण्ट्स और वार्निशों में दूध काम आ सकता है।

अङ्गुश्त गन्द (फ़) हींग। दे हिङ्ग् :

अङ्गूर (हि) दे द्राक्षा।

अङ्गूर (पश्तो) जमाँ जोए अङ्गूर द ओबो डक दे। बेला, पृ २८३। दे द्राक्षा।

अङ्गूरी शराब (हि) दे मार्द्वीक।

अङ्गूरे रूबाह (फ़) मकोय। दे काकमाची।

अङ्गूरे शिगम्ल (फ़) मकोय। दे काममाची।

अङ्गूरे शिफा (फ) मकोय। दे काकमाची।

अङ्गफोजह (फ़) हींग। दे हिङ्गु।

अचुवकैन्तिविकलङ्ग् (म) असगन्ध। दे अश्वगन्धा।

अचोकु (त) : दे अशोक।

अच्छूक (सं) : मोरिण्डा टिंक्टोरिआ रौक्स्ब Morinda tinctoria Roxb (ले)। रुबिआसी Rubiaceae (कु)। बारह से पच्चीस फ़ीट ऊंचा वृक्ष। शाखाएं चौकोर और रक्ताभ। पत्ते बड़े, लट्वाकार, या अण्डाकार, एक इञ्च लम्बे वृन्त से युक्त। फूल सफेद, एकाकी अथवा गुच्छों में। गुच्छ के सभी अण्डाशय परस्पर संयुक्त हो कर फल का निर्माण करते हैं। फल व्यास में एक इञ्च और सफेदी लिए हरा होता है। बंगाल, बिहार, मध्य प्रदेश, दक्षिण, महाराष्ट्र, उत्तर कनारा, तामिलनाडु, कर्नाटक से त्रावनकोर तक, घाटों के पूर्वीय ढलानों पर पाया जाता है। लकड़ी से ग्लूकोसाइड मोरिण्डिन प्राप्त होता है। पत्ते ज्वरघ्न, बल्य, वेदनाहर, व्रणशोधक और व्रणरोपक होते हैं। फूल ग्राही, ज्वरघ्न और बल्य हैं। फल आर्तवजनन है।

अछय वट (हि) परसि अछयवट हरखहिं गाता॥ राम। दे अक्षयवट।

अजकर्ण (सं) अजकर्ण स्फूर्जकविभीतककुम्भीपुष्करबीजम्। च, वि ८; १४४ सफेद डामर (हि) वाटेरिआ इण्डिका लिन Vateria indica Linn (ले)। डिप्टेरोकार्पासी Dipterocarpaceae (कु)। वृक्ष। पश्चिम भारत में उत्तर कनारा से त्रावनकोर तक ३,५०० या ४,००० फ़ीट की ऊंचाई तक, मुख्यतया सदा हरे जंगलों में, परन्तु कभी कबाह नदियों के साथ पर्णपाती वनों में पाया जाता है। कुर्ग में घाट के जंगलों में, और घाटों के पूर्व में ३,५०० फ़ीट तक पाया जाता है। तने से गोंद (डामर रेज़िन) प्राप्त होती है जो धूपन में और वार्निशों में पेंट के काम आती है। फल से निकाला हुआ स्निग्ध तेल पुराने गठिया में लेप करते हैं। (क्रमशः)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



आश्रमाध्यक्ष जी के साथ विद्यार्थी हवन करते हुए

श्री डा० द्वारकानाथ जी आयुर्वेद सम्मेलन में भाषण करते हुए

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

क्या "आयुर्वेद" ससीम है ?

(विद्यामार्तण्ड डा० धर्मानन्द केसरबानी, आयुर्वेदालंकार, एम०डी० तथा पी-एच० डी० (म्यूनिख वि०वि० जर्मनी) एम०डी० तथा टी० डी० डी० (रायल युनिवां रोम) जेड शिरुर (बर्लिन), जेड टी० (विएना) भू०पू० प्रिंसिपल, स्टेट आयुर्वेद कालेज (लखनऊ) और जामनगर, सम्प्रति उपाध्याय गुरुकुल कांगड़ी आयुर्वेद महाविद्यालय)

आयुर्वेद के स्वरूप के सम्बन्ध में, तथा आयुर्वेद शब्द की व्युत्पत्ति और परिभाषाओं को लेकर हमारे ऋषिगण, बहुत स्पष्टता के साथ विवेचन कर गये हैं। पिछले ७० वर्षों में अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलनों में उनके अध्यक्षों और अन्य विद्वानों ने संहिता ग्रन्थों और शास्त्रों से चुन चुन कर रम्य पदावलियों को अपने भाषणों में उद्धृत किया है। यहां उनके दोहराने की आवश्यकता नहीं।

परन्तु, भगवान् आत्रेय के निम्न वचनों को, जो एक वैद्य को स्फूर्त्ति और विकास के लिये संतत प्रेरित करते हैं, कभी न भूलना चाहिये:--

"न चैव हि अस्ति सुतरां आयुर्वेदस्य पारम्। तस्माद् अप्रमत्तः शश्वद् अभियोगं अस्मिन् गच्छेत्। कृत्स्नो हि लोको बुद्धिमताम् आचार्यः शत्रुश्च अबुद्धिमताम्।

अतश्चाभिसमीक्ष्य बुद्धिमता अमित्रस्य अपि-धन्यं, यशस्यं, आयुष्यं, पौष्टिकं, लौकिकम्-अभ्युपदिशतो वचः श्रोतव्यं अनुविधातव्यं च इति।"

(चरक संहिता, विमानस्थान अ० ८।१२)

अर्थात् आयुर्वेद का कोई पार नहीं है–यह अनन्त है; अतः प्रमादरहित होकर चारों ओर इस शास्त्र में प्रगति करता जा। सारी दुनिया बुद्धिमानों की अनुयायी और मूर्खों की शत्रु होती है।

इस लिये पूर्ण समीक्षा कर, बुद्धिमान् वैद्य को शत्रु के द्वारा भी कहे गये– धन्य, यश को बढ़ाने वाले, आयु को दीर्घ करने वाले, पुष्टिकारक तथा लोकहितकारी वचन को सुनना चाहिये और उसका अनुकरण (अनुविधान) करना चाहिये।

यह ठीक है कि शास्त्र हमें अनुकरण की आज्ञा देता है। लेकिन वह अनुकरण "लंगूरीनकल" नहीं होना चाहिये। शत्रु के शब्द अथवा अनुभवों को सम्यक् "समीक्षा" (रिव्यू) के उपरान्त ही ग्रहण करना चाहिये। शास्त्र ने "समीक्षा" शब्द का प्रयोग किया है। यह शब्द "आँब्जेक्टिविटी" या 'इण्डक्टिव लाजिक' का बोध कराता है, जो वैज्ञानिक परीक्षणों और सांख्यिकी पर आधारित है। और एक चिकित्सक को शास्त्र इसी संदर्भ में आज्ञा देते हैं:--

'तदेव युक्तं भैषज्यं यदारोग्याय कल्पते।
स एव भिषजां श्रेष्ठः रोगेभ्यो यः प्रमोचयेत्।।'

वही औषध ठीक है, जो रोगी को आरोग्य प्रदान करे और वही चिकित्सक श्रेष्ठ है जो रोगियों को रोग से मुक्त कर दे। चिकित्सा की यही कसौटी निर्धारित की गई है। प्रभावकारी या उपयुक्त औषध को वह आकाश से, पृथिवी से, समुद्र से, देश से-विदेश से, जहां से भी मिले प्राप्त कर रोगी को चंगा करदे। शास्त्र आज्ञा देता है--

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"नदीषु शैलेषु सरःसु चापि,
पुण्येष्वरण्येषु तथाश्रमेषु ।
सर्वत्र सर्वाः परिमार्गितव्याः,
सर्वत्र भूमिर्हि वसूनि धत्ते ।।"

अर्थात् नदियों में, पहाड़ों में, तालाबों में, जंगलों तथा आश्रमों में सर्वत्र औषधियों को ढूंढना चाहिये, क्योंकि यह पृथिवी नाना प्रकार के रत्नों को धारण किये हुये है ।

इसी भावना और शास्त्रादेश को स्वीकार कर अपने समय के आयुर्वेद के महान् पंडित एवं प्रख्यात पीयूषपाणि तथा 'पुराणपन्थी' (कन्जरवेटिव) वैद्य जयपुर के श्री स्वामी लक्ष्मीराम जी ने अपने सन् १९१४ में कलकत्ता में दिये गये अध्यक्षीय भाषण में कहा था—

"केवलं आयुर्वेदः अस्मदीयो जीवति वर्धते च प्रभविष्णुः वर्धिष्णुश्च । न अत्र कापि विधिलेखा स्थापयन्तीं इयत्ताम् अस्य वृद्धौ । भारते समायातानां विदेशीयानां विज्ञाने यत् सारभूतं तदस्माभिः आत्मसात् अकारि ।"

अर्थात् हमारा आयुर्वेद 'प्रभविष्णु' (डाइनेमिक) और 'वर्धिष्णु' (प्रोग्रेसिव) के रूप में जीता और वृद्धि पाता रहा । इसकी प्रगति में कोई सीमा निर्धारित करती रेखा नहीं है । भारतवर्ष में सहस्रों वर्षों से आने वाले विदेशियों के विज्ञानों में जो सारवस्तु मिली—उसको हमने स्वीकार कर लिया । और क्या सुश्रुत ने नहीं कहा ?

'गोपालास्तापसा व्याधाः, ये चान्ये वनचारिणः ।
मूलाहाराश्च ये तेभ्यो भैषजव्यक्तिः इष्यते ।'

अर्थात् जंगलियों, ग्वालों, शिकारियों तथा कन्दों को खाने वाले लोगों से भी औषधियों का ज्ञान प्राप्त करे । और क्या यह कार्य गलत है कि पश्चिम (यूरोप, अमरीका आदि) या पूर्व (चीन, जापान) के विद्वानों द्वारा अन्वेषित जीवन-रक्षक औषधों (लाइफ सेविंग ड्रग्स) को व्यवहार में लाया जाय ? हाँ, यह ठीक है कि उसका सम्यक् ज्ञान हो या कराया जाय । 'लंगूरी नकल' नहीं ।

इसी प्रसंग में भारतीय आयुर्वेदिक साहित्य में प्राप्त काल तथा स्थान (टाइम एंड स्पेस) की दृष्टि से दो प्रवृत्तियां स्पष्ट जानी जाती हैं; प्रथम 'एकदेशिता' तथा द्वितीय 'सार्वभौमिकता' । ग्रंथों में वर्णित ७००-८०० औषधियाँ एकदेशिक हैं और आयुर्वेद के त्रिदोषप्रभृति सिद्धान्त सार्वभौमिक हैं। एक यह भी प्रश्न आयुर्वेद के विचारशील विद्वानों के मस्तिष्क में घूमता रहता है कि क्या आयुर्वेद की प्राप्त संहिताओं को 'वेद' मान लिया जाय-क्योंकि इन ग्रन्थों की भाषा अर्वाचीन प्रचलित संस्कृत है, न कि वैदिक संस्कृत । यदि इसे अथर्ववेद का 'उपवेद' मान लें और जैसा माना भी जाता है तो थोड़ा बहुत काम आगे चल जाता है। लेकिन चारों वेदों को धर्मप्रिय हिन्दु जनता जैसे ईश्वरीय ज्ञान मानती है—वैसा तो आयुर्वेद के साथ नहीं हो सकता । हाँ, चरक ने कहा है—

"आयुर्वेदोपदेशेषु विधेयः परमादरः ।"

इसका वास्तविक और स्वीकरणीय अर्थ यही है कि चिकित्सक चिकित्सा-सम्बन्धी जो निर्देश देवे उसे रोगी को आदर या धर्म की तरह पालन करना चाहिये और यही उपदेश सुकरात (हिप्पोक्राटेस) ने आज से अढ़ाई हजार वर्ष पहिले अपने रोगियों और शिष्यों को दिया था ।

आयुर्वेद में वर्णित जड़ी-बूटियों के व्यवहार को योंही टरका भी नहीं दिया जा सकता और

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

क्योंकि देववाणी के अनुप्रास-बहुल श्लोकों में इनकी प्रशंसा की गई है, अतः इन्हें सीधा गले से उतार लिया जाय, यह भी आज के वैज्ञानिक युग में संभव नहीं। आवश्यकता है औषधियों का पुनर्मूल्याङ्कन हो, पूर्णता और दक्षता के साथ और रोगियों पर प्रयोग कर सत्य पर आधारित सांख्यिकी तय्यार की जाय—राष्ट्रिय और मानवता के हित में।

खेद है-इस दिशा में भारतीय वैद्यों का सम्मान कम है। 'बाबावाक्यं प्रमाणम्' की मनोवृत्ति भारतीय आयुर्वेद को अगले वर्षों में कभी ले डूबे। आज का युवक पुरानी मान्यताओं को अंधविश्वासी होकर स्वीकार नहीं करता—वह तो पाता है कि युग-विज्ञान के द्वारा मानव चंद्रलोक में विहार कर आया है। उसे ठुकी-नपी-तर्क-सम्मत एवं विज्ञान के मूलसिद्धान्तों पर आश्रित विद्या की प्राप्ति हो। बम्बइया मुहावरे के अनुसार—'चाले छे-चालशे' अर्थात् चलता है और चलेगा—अब आयुर्वेद में अधिक देर नहीं चलेगा, विशेषकर, जब बहुत शीघ्रता से यहां औद्योगिकीकरण का युग आ रहा है, जिसमें प्रत्येक उद्यमी को नीरोग रखना होता है और रोगी को नीरोग रखना होता है और रोगी को अविलम्ब स्वस्थ करना होता है, नहीं तो उद्योग को बहुत क्षति पहुंचती है।

और यह सब तभी संभव है, जब हम आयुर्वेद को ससीम मान लें और उसके सब द्वार और खिड़कियां स्वच्छ वायु के प्रवेश के लिये खुले रखें।

उडिया भाषा में ऋग्वेदादिभाष्य भूमिका

कहीं भी स्थायी प्रचार करने के लिये उस क्षेत्र की भाषा में सस्ता एवं सुन्दर साहित्य का होना आवश्यक है। भारत के अहिन्दीभाषी प्रांतों में आर्यसमाज के प्रचार न होने का कारण उन प्रांतों की भाषा में साहित्य का अभाव है। उडीसा में आर्यसमाज का प्रचार स्थायी रूप से हो इसी उद्देश्य को लेकर गुरुकुल आमसेना ने उडिया भाषा में साहित्य-प्रकाशन शुरु कर दिया है। ऋषि के अमर ग्रन्थ सत्यार्थप्रकाश सहित छः पुस्तकें छप चुकी हैं। अब ऋषि दयानन्द का वेदज्ञानसम्बन्धी अमर ग्रन्थ "ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका" प्रकाशित किया जा रहा है। शताब्दी के पावन अवसर पर उडीसा की जनता वेदामृत पान कर सके इसी उच्च भावना को लेकर भयंकर अकाल में भी ऋषि के इस अमर ग्रन्थ को छापने का यत्न कर रहे हैं। इसके प्रकाशन पर ९-१० हजार रुपया खर्च आवेगा। वेद एवं ऋषि दयानन्द के अनन्य भक्त रायबहादुर चौधरी प्रतापसिंह जी करनाल ने १०००,)०० देने का वचन दिया है। आशा है अन्य दानी सज्जन भी इस महत्कार्य में अधिक से अधिक सहयोग देकर उत्साहित करेंगे, जिससे अल्प मूल्य में जनता तक यह ग्रंथ शीघ्र ही पहुंच सकें। जोसज्जन ५०१)०० देंगे उनका फोटो पुस्तक में छापा जायेगा। जो १०१)०० देंगे उनका शुभनाम छापा जायेगा। आशा है वेदभक्त आर्यजन इस पुण्य अवसर पर वेद प्रचार में सहयोग देंगे॥

निवेदक

धर्मदेव स्नातक
आचार्य
टेलीफोन नं० बी०सी०ओ० २
महाविद्यालय गुरुकुल आमसेना
खरियार रोड, जि०कालाहांडी, उडीसा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आर्यसमाज को सफलता के सौ वर्ष

श्री प्रकाशवीर शास्त्री

आर्यसमाज यों तो एक समाजसुधारक संगठन के रूप में ही प्रसिद्ध है। समाज-सुधार के क्षेत्र में आर्यसमाज की उपलब्धियों का अपना विस्तृत इतिहास भी है। पर देश और समाज की दूसरी ज्वलन्त समस्याओं से आर्यसमाज सर्वथा पृथक रहा हो ऐसी बात भी नहीं। स्वामी दयानन्द सरस्वती जो आर्यसमाज के संस्थापक थे, बहुमुखी प्रतिभा के धनी संन्यासी थे। राष्ट्रीय जीवन का कोई अंग ऐसा नहीं था जिसकी कमजोरियों पर उनका ध्यान न गया हो। आर्यसमाज की स्थापना के समय देश पराधीन था। लम्बे अरसे से चली आ रही मुगलों और फिर अंग्रेजों की दासता ने समाज को निचोड़ कर रख दिया था। उधर अंग्रेज गुलामी के बन्धन कसता जा रहा था और इधर भारतवासी अपनी दुर्बलताओं से ऊपर नहीं उठ पा रहे थे। उन परिस्थितियों में आर्यसमाज का सन्देश बेसुध समाज के लिए संजीवनी बनकर आया।

आर्यसमाज की स्थापना चैत्र शुक्ला प्रतिपदा संवत् उन्नीस सौ बत्तीस को बम्बई नगर में हुई। अंग्रेजी तिथि के अनुसार ७ अप्रैल १८७५ का यह दिन था। सत्तरह साल पहले अंग्रेजी राज्य के विरुद्ध भारत में एक सशस्त्र क्रान्ति हो चुकी थी। १८५७ की उस क्रान्ति को प्रारम्भ में तो अंग्रेज सैनिक विद्रोहमात्र ही समझते रहे। क्रान्ति को कुचलने में अंग्रेजों ने अपनी पूरी शक्ति लगा दी। उसके बाद भी भय और आतंक का वातावरण बरसों बना रहा। इसी वातावरण में आर्यसमाज की नींव पड़ी। सैनिकों को विद्रोहपथ पर अग्रसर करने में उनकी साँस्कृतिक भावनाओं पर आघात भी एक बहुत बड़ा कारण था। महारानी विक्टोरिया को १८५७ की क्रान्ति के कुछ ही वर्षों बाद यह घोषणा करनी पड़ी-ब्रिटिश सरकार भारतवासियों के धार्मिक मामलों में कोई हस्तक्षेप नहीं करेगी।

देशी रियासतों ने यदि उस समय क्रान्ति का साथ दे दिया होता या फिर अंग्रेजों का ही साथ केवल न दिया होता तो भारत ९० वर्ष पहले ही स्वतंत्र हो जाता। लेकिन उस क्रान्ति का यह परिणाम तो जरूर हुआ कि देश में जागरण की एक नई लहर चल पड़ी। आर्यसमाज के दस साल बाद ही काँग्रेस का भी जन्म हुआ। स्वराज्य के जो सन्देश राष्ट्रीय मंचों से बड़ी दबी जबान में सन् १९०६ तक दिये जाते रहे स्वामी दयानन्द सरस्वती ने अपने ग्रन्थ "सत्यार्थ प्रकाश" में १८७५ से पूर्व ही बड़े स्पष्ट शब्दों में उसकी सम्पूर्ण रूपरेखा दे दी थी। स्वराज्य की व्याख्या करते हुए स्वामी जी ने 'सत्यार्थ प्रकाश' में यह भी लिख दिया था—यदि स्वराज्य मिल भी गया और वह सुराज न हुआ तो प्रजा को सुखी नहीं रख सकेगा।

स्वाधीनता-संग्राम में योगदान :—

भारतीय राजनीति में आर्यसमाज और उसके नेताओं का योगदान अपना विशेष ही स्थान रखता है। नरम दल हो चाहे गरम दल, दोनों में आर्यसमाजी अच्छी संख्या में आगे रहे। एक समय तो ऐसा भी लगने लगा था कि आर्यसमाज स्वाधीनता संग्राम की दूसरी रक्षा पंक्ति ही बन गया है। काँग्रेस के मंच पर जहाँ एक ओर स्वामी श्रद्धानन्द, लाला लाजपत राय, भाई परमानन्द, चौधरी रामभजदत्त आदि नेता दिन रात काम कर रहे थे, वहां क्रान्तिकारियों में श्यामजी कृष्ण वर्मा,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लाला हरदयाल, मदनलाल ढींगरा से लेकर सरदार भगतसिंह और रामप्रसाद बिस्मिल तक दूसरे भी कई प्रमुख क्रान्तिकारियों की प्रेरणा का स्रोत आर्यसमाज बन गया था। बिस्मिल ने तो अपनी आत्मकथा में लिखा है—शाहजहाँपुर आर्यसमा में जब एक पंजाबी संन्यासी के भाषण में मैंने यह सुना देवता-स्वरूप भाई परमानन्द को फाँसी दी जाने वाली है तो मेरा खून खौल उठा। मैंने उसी समय यह निर्णय कर लिया जब तक उनके बदले में दस अंग्रेजों को मैं भी अपनी हाथ से नहीं उड़ाऊंगा तब तक चैन से नहीं बैठूंगा। लाला लाजपतराय की गिरफ्तारी के बाद तो देश में और आर्यसमाज में भी एक तूफान सा आ गया। अंग्रेजों ने आर्यसमाज के साप्ताहिक सत्संगों में भी अपने गुप्तचर भेजने शुरु कर दिये। डी०ए०वी०कालेज लाहौर के रजिस्टरों की बारीकी से छानबीन कराई गई। उत्तर प्रदेश के गवर्नर ने तो गुरुकुल काँगड़ी की जमीन खुदवा कर देखी कि कहीं इसके नीचे तहखानों में बम तो नहीं बनाये जाते हैं।

शिक्षा-क्षेत्र में योगदान:—

लार्ड मेकाले ने भारत में अंग्रेजी शिक्षा द्वारा काले अंग्रेज तैयार करने की एक दूरगामी योजना बनाई थी। आर्यसमाज ने अपने गुरुकुल, डी. ए. वी. कालेज और कन्या विद्यालय खोल कर उसके मन-सूबों को असफल बनाने में कोई कसर उठा कर न रखी। शिक्षा तो पूरे देश में ही उन दिनों लगभग न के बराबर थी। जो कुछ थोड़ी बहुत थी भी उसका उद्देश्य सरकारी दफ्तरों में काम करने के लिए क्लर्क तैयार करना था। कन्याओं को पढ़ाना तो समाज में उन दिनों अपराध समझा जाता था। मेकाले ने अपने एक संबंधी को भेजे पत्र में लिखा था—अंग्रेजी के माध्यम से भारत में ऐसी शिक्षा पद्धति का प्रारम्भ मैं करने लगा हूँ जिससे ब्रिटिश साम्राज्य की जड़ें बहुत गहरी चली जायेंगी। रंग-रूप से तो यह लोग जरूर भारतीय होंगे लेकिन हृदय और मस्तिष्क से अंग्रेज बन जायेंगे। पर उस बेचारे को यह क्या पता था भारत में ऐसे संगठनों का भी उदय हो चुका है, जो तेरे यह स्वप्न एक कोने में धरे रह जायेंगे। डी.ए.वी. कालेज और गुरुकुल दोनों पद्धतियों से चलने वाले इन शिक्षणसंस्थाओं में हिन्दी को अनिवार्य माध्यम रखा गया। हिन्दी उन दिनों देश को एकता के सूत्र में बाँधने की ही कड़ी केवल नहीं थी अपितु राष्ट्रीयता की संदेशवाहिका भी बन गई थी। प्रारम्भ में काँग्रेस के मंच पर भी लगभग चौथाई शताब्दी तक अंग्रेजी छाई रही। पहली बार स्वामी श्रद्धानन्द जी ने जब अमृतसर काँग्रेस में अपना स्वागत भाषण हिन्दी में पढ़ा तो सुनने वाले अवाक् रह गये। हिन्दी में भी इतना जानदार भाषण हो सकता है, यह कल्पना किसी को नहीं थी। क्योंकि उससे पहले तो राष्ट्रीय मंचों पर भी अंग्रेजी का ही बोलबाला था। हिन्दी को अछूत समझा जाता था। बाद में तो चक्रवर्त्ती राजगोपालाचार्य जैसे व्यक्ति ने दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा की स्थापना के समय गाँधी जी से कहा—क्यों न हिन्दी का नाम बदलकर स्वराज्य भाषा रख दिया जाय। राष्ट्रभाषा हिन्दी को जो स्थान और स्वरूप आज प्राप्त है उसमें ऋषि दयानन्द और आर्यसमाज का भी विशेष योगदान है।

समाज-सुधार के क्षेत्र में पहल—

जन्म की जात-पात, बाल विवाह, वृद्ध विवाह, छुआछूत और महिलाओं को शिक्षा से

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वंचित रखना आदि बहुत सी ऐसी बुराइयां उन दिनों थीं जो समाज को घुन की तरह खाये जा रही थी। विधवाओं का पुर्नविवाह और अन्तर्जातीय विवाह की आवाज जब आर्यसमाज ने उठाई तो सबसे पहले हिन्दुओं ने ही उसका विरोध प्रारम्भ किया। जब अपनों से किसी तरह छुटकारा मिला तो परायों ने आ घेरा। हरिजनों को बौद्ध बनाने की प्रक्रिया तो कहीं-कहीं अब प्रारम्भ हुई है। हिन्दू समाज की संकुचित सीमाओं से उन्हें उभारने के लिए डाक्टर अम्बेडकर ने यह मार्ग अपनाया था। पर इससे पहले तो उन्हें लावारिस माल समझकर ईसाई, मुसलमान हड़पने की तैयारी कर रहे थे। एक बार तो अंग्रेजों ने बाकायदा यह प्रस्ताव भी पेश कर दिया कि हरिजनों का आधा-आधा हिन्दू मुसलमानों में बांट दिया जाय। लेकिन गांधी जी ने इसका खुलकर विरोध ही केवल नहीं किया किन्तु आमरण अनशन तक की धमकी भी दी। तब जाकर कहीं बात संभली। इतने पर भी रुढ़िग्रस्त हिन्दू समाज अपनी कमजोरियों का परित्याग नहीं कर सका। उसी का परिणाम है जो स्वाधीनता के सत्ताइस वर्ष बाद भी हरिजन समस्या एक प्रश्नवाचक चिन्ह बनकर खड़ी हुई है? आर्यसमाज ने अपनी शिक्षण संस्थाओं, छात्रावासों और संगठनों में लगभग इस भेद को समाप्त सा कर दिया था। पुरोहित का कार्य भी हरिजन और ब्राह्मण एक जैसा करने लगे थे। पर अब आकर राजनीति ने उसे फिर से नई हवा दे दी।

भारतीय इतिहास में कई ऐसे प्रकरण आते हैं जिनमें जन्मगत जात-पात ने भारी हानि पहुंचाई है। पानीपत के तीसरे संग्राम में इसी संकुचित जात-पात के चक्कर में मात खानी पड़ी थी। लेकिन हिन्दू समाज उससे कोई शिक्षा ग्रहण नहीं कर सका। अब जात-पात के यह कीटाणु उप-जातियों और उनके भी दूसरे शाखाओं के रूप में फूल कर समाज के स्वरूप को विकृत कर रहे हैं। आर्य समाज ने इस प्रचलित जाति-प्रथा के विरुद्ध एक लम्बे समय तक अभियान जारी रखा। बहुत हद तक उसमें सफलता भी मिली पर हिन्दू समाज में जन्मगत जात-पात की जड़ें इतनी गहरी पहुंच चुकी हैं जिन्हें उखाड़ने में अभी बहुत समय लग जायगा। आज तो इन जातियों और उपजातियों के सूचक शब्दों को अपने नाम के साथ लगाने में भी गौरव अनुभव किया जाता है। समाज के अगुआ और देश के नेता ही जब किसी रोग से ग्रस्त हो जाएं तो फिर सामान्य जन कैसे उस बुराई से मुक्ति ले सकते हैं। आर्य समाज ने अन्तर्जातीय विवाहों को भी कई क्षेत्रों में अच्छा प्रोत्साहन दिया। हैदराबाद राज्य में तो एक समय ऐसा भी रहा, यदि कोई समाज का सदस्य अपनी जाति में विवाह कर ले तो उसे आर्य समाज की सदस्यता से भी हाथ धोना पड़ता था। छूआ-छूत और ऊंचनीच की जड़ में भी इस जन्मगत जात-पात का बहुत बड़ा हाथ रहा है। अन्तर्जातीय विवाहों की पद्धति इस प्रथा से छुटकारा दिखाने में सहायक हो सकती है।

हिन्दू समाज में बाल विवाह और वृद्ध विवाह का प्रचलन भी पीछे अच्छी संख्या में जारी था। सेन्ट्रल असेम्बली में आर्यसमाज के एक तत्कालीन नेता दीवान बहादुर हरविलास शारदा ने इसके लिए एक कानून भी बनवाया था। यद्यपि आज भी कहीं-कहीं बाल विवाह और वृद्ध विवाह के समाचार सुनने को मिल जाते हैं पर पहले से यह कुप्रथा बहुत कम हो गई है। इसी तरह पर्दा और दहेज की कुप्रथाएं हटाने में भी आर्य समाज ने गत शताब्दी में भरसक प्रयास किया। दक्षिण

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भारत में तो परदा की प्रथा पहले भी लगभग न के बराबर ही थी। उत्तर भारत में जहां देर तक मुगलों का शासन रहा वहां यह प्रथा अधिक थी। पर अब धीरे-धीरे परदा तो समाप्त हो रहा है, दहेज की घातक कुप्रथा अभी विद्यमान है। सरकार ने इसके लिए कानून भी बनाया है पर लगता है इसे मिटाने में अभी बहुत समय लग जायगा। अन्तर्राष्ट्रीय महिला वर्ष में यह एक कुप्रथा ही यदि भारत से समाप्त हो जाय तो उन घरों की महिलाओं को नारकीय जीवन से मुक्ति मिल सकती है जो दहेज के अभिशाप से ग्रस्त हैं।

हिन्दुओं के साथ-साथ मुसलमानों और ईसाइयों में भी यह कुप्रथा बढ़ रही है। आर्य समाज के अधिकारी और सदस्य पहले स्वयं इस रोग से ही मुक्त हो कर यदि इस ओर भी ध्यान दें तो समाज की बहुत बड़ी सेवा होगी।

कभी-कभी ऐसा भी लगने लगता है कि आर्य समाज केवल हिन्दुओं के सुधार के लिए ही बना है। इस देश के अधिकांश निवासियों की संख्या क्योंकि उसी विचारधारा को मानने वालों की है इस लिए भी यह मत बनना स्वाभाविक है। परन्तु आर्यसमाज के संस्थापक स्वामी दयानन्द जी की इच्छा थी कि भारत में रहने वाले हिन्दू, मुसलमान, ईसाई, पारसी चाहे जो हों उनकी धार्मिक और सामाजिक बुराइयों को समान रूप से दूर किया जाय। स्वामी जी ने अपने जीवन काल में इसी के लिए दो बार सब धर्मों के प्रमुख प्रतिनिधियों का सम्मेलन भी बुलाया। पहला सम्मेलन तो दिल्ली दरबार के समय ही हुआ और दूसरा उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में चांदापुर के मेले में स्वामी जी ने बुलाया था। इस सम्मेलन में सर सैय्यद अहमद खां, पादरी विलियम और ब्रह्म समाज के नेता श्री केशवचन्द्र सेन भी सम्मिलित हुए थे। धर्म का स्पष्ट और सही चित्र जन-साधारण तक पहुंचाने के लिए आर्य समाज ने शास्त्रार्थों की परम्परा का भी प्रारम्भ किया। यह शास्त्रार्थ ईसाइयों, मुसलमानों, पौराणिकों और हिन्दू समाज के दूसरे भी उन वर्गों से हुए जो धार्मिक सिद्धान्तों को संकुचित सीमाओं में बांध कर रखना चाहते थे। इन शास्त्रार्थों से देश भर में जहां आर्य समाज का जाल बिछता चला गया वहां अन्धविश्वासों की जड़ें हिलने में भी बड़ी मदद मिली। सर्वथा तो वह रुढ़ियां अभी तक भी नहीं हट पाईं पर उनमें कितनी वास्तविकता है यह सोचना समाज ने अवश्य प्रारम्भ कर दिया।

संघर्ष का इतिहास—

ब्रिटिश सरकार आर्य समाजियों की देश भक्ति, साहस और निष्ठा से भली भांति परिचित थी। उसे पता था इन्हें छेड़ने का परिणाम महंगा बैठेगा। इसी लिए वह चुप थी। पर कुछ देशी रियासतों ने अपने मजहबी जनून में जाकर आर्य समाज से दो-तीन जगह छेड़छाड़ की। पटियाला, लोहारू और हैदराबाद की रियासतें उन्हीं में से थीं। १९३९ में हैदराबाद का सत्याग्रह तो भारत ही नहीं विदेशों में भी चर्चा का विषय बन गया था। लगातार नौ महीने तक देश भर से स्पेशल ट्रेनों में भरकर सत्याग्रही जाते रहे। निजाम हैदराबाद जो भी नई जेल बनवाता उससे अगले दिन फिर दुगुने सत्याग्रही पहुंच जाते। अन्त में थक कर उसने खुली कांटेदार जेलें तार लगाकर बनवाईं। धार्मिक स्वतंत्रता पर पाबन्दी लगाकर दूसरा औरंगजेब

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बनने का जो स्वप्न वह ले रहा था इसकी वह हेकड़ी धरी रह गई। आर्य समाज के इस सत्याग्रह को देखकर गाँधी जी ने कहा था-जितना समय, अनुशासन और जनता के एक एक पैसे का सही हिसाब इस सत्याग्रह में मैंने देखा, उतना दूसरे किसी भी सत्याग्रह में मुझे देखने को नहीं मिला। स्वाधीनता के बाद पीछे हैदराबाद में तीन दिन में ही पुलिस कार्यवाही की सफलता पर सरदार पटेल ने भी कहा था-यदि आर्य समाज ने पहले से वहां भूमि तैयार न की होती तो हमें इतनी जल्दी सफलता मिलनी कठिन थी।

विदेशों में आर्यसमाज का प्रसार—

इस समय भारत से बाहर उन्नीस देशों में आर्य समाज की शाखायें हैं। फीजी, मारीशस, सुरीनाम, ट्रिनीडाड और ब्रिटिश गायना की तो सरकारों में भी आर्य समाज के कई कार्यकर्ता प्रमुख पदों पर हैं। मारीशस के प्रधानमंत्री सर शिवसागर रामगुलाम वहां की आर्य प्रतिनिधि सभा के वर्षों तक अध्यक्ष रहे हैं। जिन-जिन देशों में आर्य समाज की शाखायें हैं वहां हिन्दी और वैदिक संस्कृति दोनों के दर्शन आसानी से हो जायेंगे। भारत की ही तरह हिन्दी माध्यम के डी·ए·वी·स्कूल और कालेज भी वहां मिलेंगे। हिन्दी के समाचार पत्र भी इन देशों में निकलते हैं।

भारत में और बाहर भी कुछ लोग ऐसे हैं जिन्होंने निकट से आर्यसमाज को नहीं देखा। वे इसे कोई पन्थ या सम्प्रदाय ही समझते हैं। वैसे भारतवर्ष पन्थों और सम्प्रदायों के लिए बड़ी उपजाऊ भूमि है। जब दूसरों ने अपने नामों पर मत और सम्प्रदाय चला दिये तो स्वामी दयानन्द जैसे तेजस्वी और विद्वान् साधु के लिए तो यह बायें हाथ का खेल था। वह भी एक दयानन्द पन्थ चला सकते थे। पर वह तो पन्थ के नामों से चल रही पहली दुकानों को ही बन्द कराने आये थे। वह भला कोई नया पन्थ कैसे खड़ा कर सकते थे।

अब आर्य समाज जब अपने जीवन के सौ वर्ष पूर्ण करने जा रहा है। ऐसे में उसे सफलताओं के साथ अपनी असफलताओं और उसके कारणों पर भी निगाह मारना जरूरी है। स्वस्थ संगठनों का यह चिन्ह है कि वह अपने मूल से हटे बिना समय के साथ अपनी रीति-नीति में आवश्यक परिवर्तन करते रहते हैं। ऐसे परिवर्तनों से उन संगठनों की नींव और मजबूत ही होती है। पर जो लकीर के फकीर होते हैं, वह मक्खी पर मक्खी मारने में ही बहादुरी समझते हैं। धीरे-धीरे वह भी रुढ़िवाद की दलदल में धंसते जाते हैं। समाज की बुराई दूर करते-करते कहीं ऐसा न हो जाय जो उलटे वह बुराई उन में ही प्रवेश करने लगे।

आज भारत और भारत से बाहर भी नई पीढ़ी को एक नई दिशा की खोज है। उसे धर्म के उस स्वरूप की तलाश है जो युगधर्म बन सके। आर्यसमाज चाहे तो इस बीड़े को उठा सकता है। एक खुले और सुथरे मस्तिष्क वाले संन्यासी द्वारा स्थापित मिशन में वह सामर्थ्य भी है। सौ वर्ष की आयु किसी प्रगतिशील संगठन के जीवन में कम नहीं होती! अपनी शताब्दी के अवसर पर नया मोड़ लेने और देश को नया मोड़ देने के लिए कमर कस कर नये कार्यक्रमों के साथ आगे आने की तैयारी करनी चाहिए। देश ने पहले भी आर्यसमाज को हाथों हाथ उठाया था इस लिए क्योंकि उस समय वह समय की आवाज बन गया था। आज भी यदि वह समय की आवाज बनेगा तो फिर उसी तरह पूजा जायगा।

—•—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्राण की स्थिति

श्री आचार्य मुंशीराम शर्मा, कानपुर

प्रकृति, पुरुष और परमात्मा नाम के तीन पदार्थ पण्डित-मण्डली में प्रायशः विख्यात हैं। इनके अतिरिक्त कुछ अन्य पदार्थ भी हैं, पर वे इन तीन से ही सम्बन्धित हैं। उनकी स्वतंत्र सत्ता है, ऐसा नहीं कहा जा सकता। उदाहरण के लिए दिशा और काल को लीजिए। दिशा प्राकृत आकाश का ही विभाग है। सूर्य की ओर मुख करो तो मुख के सामने की दिशा पूर्व और पीठ की ओर पश्चिम है। देश विशेष की दृष्टि से इसमें परिवर्तन भी हो जायेगा। भारत से ईरान पश्चिम में है, पर सीरिया से ईरान पूर्व में है। काल का तो प्रारम्भ ही रचना से होता है। जो व्यतीत हो गया वह भूत, जो चल रहा है वह वर्तमान और जो आगे आने वाला है वह भविष्य कहलता है। समयविशेष से इनकी स्थितियों में भी परिवर्तन हो जाता है। जो आज वर्तमान है वह कल भूत हो जायेगा। नियति, यदृच्छा, स्वभाव आदि पदार्थ भी इसी प्रकार पूर्व वर्णित तीन पदार्थों से ही सम्बन्ध रखते हैं। प्राण के सम्बन्ध में क्या कह सकते हैं ? क्या वह भी इन तीन से सम्बन्धित है या अपना स्वतन्त्र अस्तित्व रखता है।

प्रकृति और परमात्मा दोनों के मध्य पुरुष या जीवात्मा है। इस आधार पर किसी-किसी आचार्य ने प्रकृति को जीवकी माता[1] और परमात्मा को उसका पिता भी कह दिया है। श्वेताश्वतर ऋषि ने तीनों को ब्रह्म संज्ञा भी दी है– 'भोक्ता भोग्यम् प्रेरितारं च मत्वा सर्वं प्रोक्तं त्रिविधं ब्रह्ममेतत्' तथा 'त्रयं यदा विन्दते ब्रह्ममेतत्' गीता के अनुसार 'मम योनि महद् ब्रह्म तस्मिन् गर्भं दधाम्यहम्'– ब्रह्म प्रकृतिवाचक है। ऐतरेय आरण्यक १-३-६ में भी 'यावद् ब्रह्म विष्ठितं तावती वाक्' शब्दों द्वारा ब्रह्म का जगत के अर्थ में प्रयोग हुआ है। विश्व के मूल में आकाश है, आकाश से ही वायु, अग्नि आदि पंचभूत प्रकट हुए हैं। आकाश को गुण शब्द है। कारण अपने कार्य में व्याप्त रहता है। अतः शब्द या वाक् समस्त प्राकृत जगत में व्याप्त है। प्रकृति के लिए ब्रह्म के अतिरिक्त प्रधान, अव्यक्त, अदिति, माया, अव्याकृत, तम, पुष्प, क्षेत्र, अक्षर, क्षर, पृश्नि, शरीर, तनु, मात्रा वृक्ष, स्वधा, त्रिधातु, पिशङ्गिला आदि नाम भी आये हैं। श्वेताश्वतर ने ब्रह्म परमेश्वर को ज्ञ और अज, जीवात्मा को अज्ञ और अज तथा प्रकृति को अजा भी कहा है। ज्ञ का अर्थ ज्ञानमय या सर्वज्ञ या ज्ञानरूप और अज्ञ का अर्थ अल्पज्ञ है। अज अर्थात् जन्म-रहित तीनों हैं। इनका जन्म नही होता। तीनों अनादि हैं। आर्ष साहित्य में यही तीन सत्तायें वर्णित हुई हैं। इनमें प्राण का नाम नहीं आता।

ब्रह्म अविकारी है। जीव प्रकृति के सहयोग या सम्पर्क से विकारों में पड़ता है। अतः विकार प्रकृति-जात हैं। प्रकृति को इसी हेतु बीजधर्मिणी कहा जाता है। प्रकृति से ये विकार कैसे उत्पन्न होते हैं? इस प्रश्न का समाधान महर्षि कपिल ने अपने सांख्य दर्शन द्वारा प्रस्तुत किया है। वे अव्यक्त प्रकृति को सत्त्व, रज तथा तम लक्षण वाली और समस्त भूतों का कारण मानते

---

१. वेद भी प्रकृति को अदिति की माता का नाम देता है–येभ्यो माता मधुमत् पिन्वते पयःपीयूषं ऋ० १०-६३-३। वेद प्रकृति को ब्रह्म का तनु भी कहता है और उसे मात्रा का विशेषण देता है :—परो मात्रया तन्वा वृधानः न ते महित्वमनु अश्नुवन्ति। ऋ० ७/९९/१। तथा अमर्त्यः तन्वा वर्धमानः। ६-९-४।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हैं। इस प्रकृति का कोई कारण नहीं है। इसमें सत्त्व, रज तथा तम तीनों गुण साम्यावस्था में रहते हैं। जब प्रकृति पर पुरुष की दृष्टि पड़ती है, तब साम्य भंग होता है और विषमता उत्पन्न होती है। यह विषमता ही इस विविध प्रकार की जगत-रचना के मूल में है और यही इसके विस्तार में है। तो क्या प्राण भी प्रकृति के इन गुणों के वैषम्य में कहीं स्थान पाता है ?

प्रकृति से सर्वप्रथम महत् या व्यापक बुद्धि-तत्त्व उत्पन्न होता है, जिसमें सत्त्व गुण की प्रधानता है, रज तथा तम स्वल्प मात्रा में हैं। इसी को लिंग भी कहा जाता है। महत्तत्व से अहंकार की उत्पत्ति होती है। अहंकार में रजोगुण की प्रधानता है। यह अहंकार तीन प्रकार का है—वैकारिक, तैजस और भूतादि (सांख्यकारिका-२५)। तीनों में तैजस मध्यवर्ती होने के कारण प्रथम और अन्तिम दोनों की सहायता करता है। वैकारिक अहंकार को सहायता देकर यह एकादश इन्द्रियों को उत्पन्न करता है और भूतादि को सहायता देकर पञ्चतन्मात्राओं को जन्म देता है। पञ्चतन्मात्राओं से पंच महाभूत अर्थात् समस्त अचेतन वर्ग उत्पन्न होता है। इस विवरण में प्राण का नाम तो नहीं आया पर जिस तैजस को सहायक कहा गया है वह प्राण के अतिरिक्त और कुछ नहीं हो सकता, ऐसा हमारा अभिमत है। कपिल ने 'सामान्य करणवृत्तिः प्राणाद्याः वायवः पञ्च' २-३१ सूत्र में प्राण को सामान्य और अन्यत्र इन्द्रियों को विशेष (असामान्य) करण कहा है। सामान्य करण वृत्ति वाला प्राण ही विशेष वृत्ति वाली इन्द्रियों की उत्पत्ति में सहायक बनता है। अतः तैजस को हम प्राण का स्थानीय सुगमता से कह सकते हैं। प्रश्नोपनिषद ४-६ तथा छान्दोग्य उपनिषद ८-६-३ में तेज का अर्थ उदान प्राण है। छान्दोग्य ६-८-६ में लयक्रम का वर्णन करते हुये 'प्राणस्तेजसि' प्राण का लय तेज में होता है—ऐसा कहा है। कार्य का लय अपने कारण में होता है। प्राण तेज से उत्पन्न होता है, अतः सांख्य कारिका ने उसे तैजस नाम दिया है। तेज को मुख्य प्राण भी कहा जा सकता है। जिसे उदान संज्ञा प्राप्त है। छान्दोग्य के इसी स्थल पर वाणी का मन में और मन का प्राण में लीन होना वर्णित है। यह प्राण तैजस प्राण है जो मन सहित एकादश इन्द्रियों की उत्पत्ति में सहायक बनता है। तैजस प्राण तेज से उत्पन्न है। अतः उसका अपने जनक तेज में लय होना उपयुक्त कथन है। तेज या मुख्य प्राण लिंग, शरीर या मह-त्तत्व का एक भाग है, जिस ऋग्वेदीय अघमर्षण सूक्त ऋत कहता है। ऋत तथा सत्य अथवा प्राण तथा रयि दोनों मह-त्तत्व में सम्मिलित हैं। मह-त्तत्व या ज्योति को वेदान्त ने आदि अधिष्ठान माना है 'ज्योतिः आद्यधिष्ठानं तु तदामननात् १२।४।१४।

ज्योतिष्मान इन्हीं सामान्यकरण वृत्ति वाले प्राणों तथा विशेषकरण वृत्ति वाली इन्द्रियों को धारण करने के कारण जीवात्मा को प्राणभृत या प्राण-धारी कहा जाता है। मह-त्तत्व या लिंग शरीर में अहंकार की ये वृत्तियां लीन रहती हैं। यह मह-त्तत्व ही प्राण का जनक है। प्रश्नोपनिषद में जहाँ 'आत्मनः एष प्राणो जायते' लिखा है, वहाँ आत्मा यही महानात्मा है—मह-त्तत्व है। बृहदा० ३-७ में याज्ञवल्क्य ने उद्दालक के प्रश्न के उत्तर में सूत्रात्मा को भी वायु या प्राण कहा है। अथर्व ज्येष्ठ ब्रह्म सूक्त में 'यस्य वातः प्राणापानौ, पुरुषसूक्त में 'श्रोत्राद् वायुश्च प्राणश्च' मुण्डक उप० २-१-४ में 'वायुः प्राणो हृदयं विश्वमस्य' तथा ऐतरेय उप० १-२-४ में 'वायुः प्राणो भूत्वा' आदि शब्दों द्वारा वायु और प्राण का आधिदैविक एवं आध्यात्मिक क्षेत्रों में साम्य प्रकट किया गया है। प्रश्नो० ३-८ में आदित्य को बाह्य प्राण, पृथिवी को अपान

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अन्तरिक्ष को समान, वायु को व्यान और तेज को उदान प्राण लिखा है। यही साम्य छान्दोग्य ५-१८-२ में वायु को प्राण कह कर वर्णित हुआ है। कौषी० ३-४ में प्राण और प्रज्ञा (प्रकाश या चेतना) को शरीर में साथ-साथ रहने वाला और साथ-साथ ही निकलने वाला कहा है--'सह एतौ अस्मिन् शरीरे वसतः सह उत्क्रामतः' यह प्रज्ञा मह-तत्त्व या लिंग शरीर है, जिससे तैजस अहंकार या सामान्य करण वृत्ति वाला प्राण उत्पन्न होता है।

शरीर अयोध्यापुरी है। इसमें आठ चक्र और नौ द्वार हैं। नौ द्वार तो १ मुख का, २ नासिका के, २ आँखों के, २ कानों के, १ उपस्थ का और १ गुदा का मिलाकर बनते हैं। आठ चक्रों को हठयोगी मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपूरक, सूर्य, अनाहत, विशुद्धि, आज्ञा और सहस्त्रार का नाम देते हैं, जो नाभि के नीचे से लेकर ऊपर शिर तक हैं और मेरुदण्ड के समानान्तर चलती हुई सुषुम्ना नाड़ी में स्थित हैं। प्रश्नोपनिषद में सुषुम्ना नाड़ी को हृदय से निकलकर मूर्धा की ओर जाने वाली १०१ वीं नाड़ी माना गया है। उदान प्राण जो तेज से परिपूर्ण है इसी नाड़ी द्वारा आत्मा को इन्द्रियों के साथ निकालकर बाहर ले जाता है। 'अथ एकया ऊर्ध्वः उदानः पुण्येन पुण्यं लोकं नयति पापेन पापम्, उभाभ्यामेव मनुष्यलोकम्'। प्रश्नो० ३-७। कठ २-६-१६ में सुषुम्ना नाम की १०१वीं नाड़ी से ऊपर चलकर अमरत्व प्राप्ति का उल्लेख है। अन्य १०० नाड़ियों से निकल कर मर्त्य योनियों में जाना कहा गया है :--शतं चैका हृदयस्य नाड्यः तासां मूर्धानमभिनिः सृतैका। तया ऊर्ध्वमायन् अमृतत्वमेति, विष्वगन्या उत्क्रमणे भवन्ति'। १०१ वीं नाड़ी मूर्धा की ओर गई है और विदृति नाम के द्वार से संबद्ध है। अन्य नाड़ियां चक्षु, मुख, नासिका आदि की ओर गई हैं। स्वप्न लेने वाले मन को यही तैजस उदान प्राण दबा देता है और जीवात्मा को सुषुप्ति के आनन्द में कुछ समय के लिये मग्न कर देता है।

सुषुप्ति का वर्णन करते हुए शतपथ १०-३-३-६ भी यही कहता है :--यदा 'वै पुरुषः स्वपिति प्राणं तर्हि वाक् अप्येति प्राणं चक्षुः प्राणं श्रोत्रं प्राणं मनः'। जब मनुष्य प्रगाढ़ निद्रा में होता है, तब उसकी वाणी, आँख, कान तथा मन सब प्राण में लीन हो जाते हैं। प्राण वाहन है, जो सदैव जीवात्मा के साथ रहता है। इसलिए इसे शरीर की छाया की भांति आत्मा की छाया भी कहा गया है। श्वेता० (५-८) में 'प्राणाधिपः संचरति स्वकर्मभिः' शब्दों द्वारा जीवात्मा को प्राणों का अधिपति भी कहा गया है।

ऊपर जिन नौ द्वारों का उल्लेख है, उनके अतिरिक्त मूर्धा में शिखा के नीचे विदृति नाम का दसवां द्वार भी है। मुक्तात्मा शरीर त्याग के समय इसी द्वार से निकलते हैं। आठ चक्रों को अष्ट पुरी भी कहा जाता है। ये पुरी हैं--पांचभूत, इन्द्रियां, मन, बुद्धि, वासना, कर्म, वायु (प्राण) और अविद्या। इन्हीं आठ पुरियों को पांच कोशों--अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय और आनन्दमय--के अतिरिक्त तीन शरीरों--स्थूल, सूक्ष्म तथा कारण--में भी विभक्त किया जाता है। कारण शरीर को लिंग शरीर भी कहा गया है। सूक्ष्म शरीर में प्राण, मन तथा इन्द्रिय-वृत्तियां आती हैं। स्थूल शरीर चर्म, अस्थि, मांस आदि का बना हुआ है।

'एतस्माज्जायते प्राणो मनः सर्वेन्द्रियाणि च;' मुण्डक के इस श्लोक में प्राण की स्थिति मन तथा इन्द्रियों से पूर्व है। जो वायु पंचभूतों में परिगणित है, वह इस प्राण से पृथक है, पर है इसी प्राण का एक रूप। प्राण लिंग शरीर से सम्बद्ध है, ऐसा पहले लिखा जा चुका है, बृहदा० ३-९-४ में

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'दश इमे प्राणाः आत्मा एकादशः' में दस इन्द्रियों को भी प्राण से सम्बद्ध होने के कारण दस प्राण तथा मन को, जो ग्यारहवीं अन्तः इन्द्रिय है, आत्मा कह दिया गया है। वैसे प्राण भी कार्य की दृष्टि से दस प्रकार का है। प्राण इन्द्रियों से ज्येष्ठ तथा श्रेष्ठ है, यह तथ्य छान्दोग्य तथा बृहदारण्यक दोनों उपनिषदों में वर्णित है। बृहदा २-१-१७ में भी सुषुप्त पुरुष का वर्णन करते हुए प्राण शब्द का प्रयोग इन्द्रियों के अर्थ में किया गया है :— 'एष सुप्तः विज्ञानमयः पुरुषः तत् एषां प्राणानां विज्ञानेन विज्ञानमादाय य एष अन्तर्हृदयः आकाशः तस्मिन् शेते'। प्राणानाम् विज्ञानम्=प्राणों के विज्ञान अर्थात् इन्द्रियों की वृत्ति को लेकर ही पुरुष सोता है, मुख्य प्राण तो जागता ही रहता है। उसके सोने का तो प्रश्न ही नहीं उठता। अतः प्राण का अर्थ यहाँ इन्द्रिय ही लेना पड़ेगा। मुण्डक २।२।५ में 'यस्मिन् द्यौः पृथिवी चान्तरिक्षमोतं मनः सह प्राणैश्च सर्वैः' श्लोक आता है। इसमें भी प्राण शब्द इन्द्रिय अर्थ में प्रयुक्त हुआ है— अर्थात् मन इन्द्रियों के साथ। इसी प्रकार बृहदा० ४-४-२ में शरीर से आत्मा के निकलने का वर्णन करते हुए कहा गया है :—

'तमुत्क्रान्तं प्राणोऽनूत्क्रामति,प्राणमनु उत्क्रामन्तं सर्वे प्राणाः अनूत्क्रामन्ति'। जब आत्मा शरीर छोड़ता है, तो मुख्य प्राण उसके पीछे चलता है और उसके पीछे सब प्राण अर्थात् मन और इन्द्रियां चल पड़ती हैं। यहाँ भी 'सर्वे प्राणाः' इन्द्रियवाचक पद है। आत्मा के साथ बाह्यकरण, अन्तःकरण तथा सामान्यकरण प्राण सब शरीर को छोड़ देते हैं।

प्राण को हमने इसीलिए सामान्यकरण वृत्ति माना है। करण का अर्थ इन्द्रिय है। चक्षु, श्रोत्र आदि अपने विशेष विषयों के लिए पृथक्-पृथक् करण हैं, परन्तु प्राण एक साथ ही इन सब इन्द्रियों का धारण-पोषण करता है। अतः वह करणों का भी सहायक करण है। जीवात्मा इसी के बल पर गर्भ से बाहर आता है और एक शरीर को छोड़कर दूसरे शरीर में जाता है। गर्भ में शरीर का पोषण भी प्राण द्वारा ही होता है। शरीर और एकादश इन्द्रियों का पोषक होकर भी प्राण उनसे भिन्न है क्योंकि सुषुप्ति में अन्तःकरण तथा बाह्यकरण सबके सब सो जाते हैं फिर भी प्राण जागता रहता है। छान्दोग्य उपनिषद १-२ में असुर एकादश इन्द्रियों को पाप से बींध देते हैं, पर प्राण पर उनकी पापवृत्ति का प्रहार नहीं चल पाता। देव मुख्य प्राण के द्वारा जब उद्गीथ की उपासना करते हैं, तब असुरों के पाप का आक्रमण वैसे ही चकनाचूर हो जाता है जैसे पत्थर पर फेंका हुआ मिट्टी का ढेला।

प्राण, अपान आदि मुख्य प्राण की पांच वृत्तियां हैं जिनके द्वारा हम साँस लेते और बाहर फेंकते हैं। श्वांस अन्तरिक्ष के समुद्र से जीवनी शक्ति को लेकर शरीर के भीतर भरती हैं और प्रश्वास की अपान क्रिया हृदय में संचित मल बाहर फेंकती रहती है। विष्ठा और मूत्र का विसर्जन भी अपान प्राण की ही क्रिया है। समान प्राण खाये-पिये को रस, रक्त आदि में परिणत करता रहता है। व्यान प्राण का कार्य शरीर की नस-नस में रक्त का संचारण करना है। उदान का कार्य ऊपर उठाना है। इनके अतिरिक्त नाग, कूर्म, कृकल, धनंजय और देवदत्त के रूप में प्राण के पांच कार्य और हैं जिनके द्वारा हम डकार लेते हैं। आँखे खोलते, मींचते, छींक लेते, जम्हाई लेते और पेट को फूलता हुआ देखते हैं। धनंजय प्राण पेट को ही नहीं, शरीर भर को कभी-कभी फुला देता है। प्राण के ये दस कार्य अपेक्षाकृत स्थूल हैं, पर मुख्य प्राण सूक्ष्म भी हैं, वेदान्त २-४-१३ में 'अणुश्च' सूत्र द्वारा प्राण की सूक्ष्मता

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सिद्ध की गयी है और 'न वायु क्रिये पृथगुपदेशात्' २-४-९ सूत्र में मुख्य प्राण को वायु क्रिया वाले प्राण अपान आदि से पृथक् कहा गया है। उद्दालक ने अपने पुत्र श्वेतकेतु को तेज, जल और अन्न द्वारा सृष्टि रचना के विकास को समझाते हुए कहा कि प्राणों के शरीर में अन्नभक्षण करने से उसका स्थूल अग्राह्य अंश मल के रूप में बाहर निकल जाता है। ग्राह्य अंश का एक भाग मांस बनता है, और अन्न के सूक्ष्मतम अंश से मन बनता है। इसी प्रकार जल से मूत्र, रस और प्राण बनता है तथा तेज से अस्थि, मज्जा और वाणी का निर्माण होता है। इस कथन के आधार पर मन, प्राण और वाणी अन्नादि से निर्मित हुए हैं--ऐसा समझना उचित नहीं है। प्राण, मन आदि तो पहले से ही विद्यमान हैं, जल, अन्न आदि का सेवन उनका उपकार करता है, निर्माण नहीं। प्राण तथा एकादश इन्द्रियां पंचभूतों का कार्य नहीं है। पंचभूतों से वे एकदम भिन्न हैं। प्राण तैजस है तो इन्द्रियाँ वैकारिक। पंचभूतों की उत्पत्ति पञ्चतन्मात्राओं से होती है।

इसी प्रकार कोशों में, तैत्तिरीय उप० ब्रह्मानन्द वल्ली के अनुसार अन्नमय कोश का अन्तरात्मा प्राणमय कोश है। अन्नमय कोश पांच भौतिक है। प्राणमय कोश नहीं। परन्तु यह प्राणमय कोश भी मुख्य प्राण की अपेक्षा स्थूल है। जो प्राण अणु अर्थात् सूक्ष्म है, वह तैजस है और वह मन की उत्पत्ति में सहायक का कार्य करता है। सबका अन्तरात्मा आनन्दमय पुरुष है, जिसे ब्रह्म की संज्ञा प्राप्त है। वही प्राण का भी जनक है। प्रश्नो० ६-४ के अनुसार 'प्राणम् सृजते प्राणात् श्रद्धा':--ब्रह्म प्राण को उत्पन्न-करता है।

कौशीतकी उपनिषद ३-३ में प्राण को प्रज्ञात्मा कहा गया है। इससे भी उसकी सूक्ष्म तैजस अवस्था का भान होता है। 'अथ खलु प्राण एव प्रज्ञात्मा इदं शरीरं परिगृह्य उत्थापयति--निश्चित रूप से प्राण ही प्रज्ञात्मा है। वही इस शरीर को सब ओर से ग्रहण करके उठाता है। इस उपनिषद् ने तैजस प्राण की प्रशंसा करते हुए--'एष प्राणः एव प्रज्ञात्मा आनन्दो अजरोऽमृतः-सर्वेश्वरः' (३-९) शब्दों द्वारा उसे लोकपाल, लोकाधिपति और सर्वेश्वर तक कह दिया है। छान्दोग्य उपनिषद ७-१५-१ में भी प्राण की प्रशंसा की गई है और लिखा है :--प्राणो ह पिता, प्राणो माता, प्राणो भ्राता आदि। प्राण ही पिता, माता, भ्राता आदि है। प्राण में सब कुछ वैसे ही समर्पित है जैसे रथ की नाभि मे अरे। प्राण ही प्राण देता है और प्राण के लिए देता है। दूसरे शब्दों में जो व्यक्ति प्राणवान है, वही दूसरों की सहायता कर सकता है। इसीलिए 'को हि एव अन्यात् कः प्राण्यात्' (तैत्ति० २-७-१) कहकर सामान्य जीवन और प्राणवान जीवन में अन्तर किया गया है। अन् धातु का अर्थ जीना है। उसमें प्र उपसर्ग लगकर प्राण शब्द बनता है। प्र का अर्थ है प्रकृष्ट या विशेष। प्राणवान व्यक्ति का जीवन विशेष जीवन है, सामान्य नहीं।

प्राणवत्ता, बलवत्ता या शक्ति की दृष्टि से वर्णो में क्षत्रिय सर्वोत्तम माना गया है। वही प्राणवत्ता का सर्वश्रेष्ठ विकास करता है। बाणभट्ट ने कादम्बरी में चंद्रापीड और वैशम्पायन दोनों को गुरुकुल भेजा है, परन्तु क्षत्रियपुत्र चंद्रापीड शारीरिक बल में ब्राह्मणपुत्र वैशम्पायन से अधिक योग्यता प्राप्त करता है। इसी बल के कारण बालक राम और लक्ष्मण ब्राह्मणयज्ञ के रक्षक सिद्ध होते हैं। असुर भी बलवान थे। उनके बल का कारण उनका असु अर्थात् प्राण शक्ति से सम्पन्न होना था। इतिहास ब्राह्मणों को भी योद्धा कहता है। परशुराम शस्त्र और शास्त्र दोनों के धनी थे। द्रोणाचार्य और अश्वत्थामा भी इसी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कोटि में आते हैं, पर वीर्य की दृष्टि से इनमें ब्रह्म एवं क्षत्र दोनों अंश सम्मिलित थे। ब्रह्मचर्य दोनों ही शक्तियों का अनुग्राहक तथा उपकारक है।

प्राणवत्ता की दृष्टि से आचार्यों ने ब्रह्मचर्य को तीन भागों में विभक्त किया है। उनकी दृष्टि कितनी गहरी और कितनी व्यापक थी। इसका परिज्ञान विभागीय स्तरों से हो जाता है। प्रथम विभाग में वे २४ वर्षों के ब्रह्मचर्य को रखते हैं। याज्ञिक दृष्टि से यह प्रातःसवन है। सम्पूर्ण जीवन यज्ञ का ही रूप है। सृष्टि तो वृहत यज्ञ का ही अनुपम आयोजन है। जीवन इसी यज्ञ का एक लघु आकार है। वेद स्वयं यज्ञमय है। जैसे दिन के प्रातः, मध्याह्न तथा सायं तीन भाग हैं, वैसे ही जीवन के और वेद के। जीवन के भाग हैं :— बाल, यौवन तथा वृद्धावस्था, वेद के भाग हैं ऋक्, यजु तथा साम। ऋग्वेद के विज्ञान को बाल काल की शिक्षा, यजुर्वेद को यौवन की कर्म-परायणता और साम को बुढ़ापे की भक्ति भावना या ईश्वर-परायणता कहा जा सकता है। अथर्व में तीनों का समन्वय है।

वेद में तीन छन्द प्रमुख हैं, जिनमें प्रथम गायत्री है। यह छन्द २४ अक्षरों का है। अक्षर भी ओ३म् से निकले हैं। उसकी पहली मात्रा अ है। अ का सम्बन्ध भूलोक की सत्ता से है। जिसने २४ अक्षरों की गायत्री वाला २४ वर्षों का ब्रह्मचर्य पूरा कर लिया, उसने मानों जीवन यज्ञ का प्रथम सवन पूरा कर लिया। उसके प्राण वसु बन गये। वसु का अर्थ है बसने तथा बसाने वाला। दूसरा ब्रह्मचर्य ४४ वर्षों का है। यह माध्यन्दिन सवन है, छन्द त्रिष्टुप् है जिसमें ४४ मात्रायें होती हैं। ओ३म् की दूसरी मात्रा उ है जो भुवः लोक से सम्बन्ध रखती है। जिसने ४४ वर्षों का ब्रह्मचर्य पूरा कर लिया उसके प्राण रुद्र बन गये, जो दोषों को रुलाते हैं, अघरूपी अरि जिनके भय से कांप कर दूर खड़ा रहता है। एक मन, ५ ज्ञानेन्द्रियों ५ कर्मेन्द्रियों की प्राणवत्ता ही एकादश रुद्रों का रूप है। तृतीय ब्रह्मचर्य ४८ वर्षों का है। इसका सम्बन्ध यज्ञ के तृतीय सवन और जागती छन्द से है जिसमें ४८ मात्रायें होती हैं। ओ३म् की तीसरी मात्रा म है जो सबको माप लेती है और द्यौ लोक से सम्बन्ध रखती है। जिसने ४८ वर्षों का ब्रह्मचर्य पूरा कर लिया उसके प्राण आदित्य बन गये जो सबको स्वायत्त करने वाले हैं। अ से आदि, उ से उत्कर्ष और म से मिति का भी ज्ञान होता है। इनका ऋक्, यजु और साम अथवा ज्ञान, कर्म और भाव (उपासना) से भी क्रमशः सम्बन्ध है।

इस प्रकार की प्राणवत्ता वाला पुरुष पौरुष की पराकाष्ठा पर पहुंच जाता है। प्राणवत्ता को वीरवत्ता भी कहा जाता है। ब्रह्मचर्य में 'अ' स्थानीय शरीर के लिए वीर्य रक्षा, उ स्थानीय मन के लिए ज्ञान और म स्थानीय हृदय के लिए भक्ति भाव तीनों उपादान सम्मिलित हैं। यह त्रिकाण्ड मानवता के यजन को सम्पूर्णता प्रदान करता है। इस त्रिकाण्ड के साथ प्राणायाम भी चलना चाहिए जो परम तप है और योग का एक अंग है। ब्रह्मचर्य को भी परम तप कहा जाता है।

छान्दोग्य उपनिषद के तृतीय प्रपाठक के खण्ड १६ में ब्रह्मचर्य के इन तीनों रूपों का वर्णन है। ब्रह्मचर्य से शरीर नीरोग, प्राण बलवान, मन संस्कृत, बुद्धि निर्मल और हृदय उदार बन जाता है। अन्तिम कोटि का ब्रह्मचारी आदित्य संज्ञा प्राप्त करता है। आदित्य का अर्थ सूर्य है। प्राणवत्ता के इस ऊर्ध्वारोहण में, आदित्य कोटि तक पहुंचने में, वीर्य संरक्षा सहायता करती है। आदित्य ब्रह्मचारी उर्ध्वरेता कहलाता है। उसकी एक संज्ञा वाजपेय भी है। वाज का अर्थ यहां वीर्य है। जैसे खाया हुआ अन्न अपनी अन्तिम परिणति में वीर्य

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बन जाता है, वैसे ही हमारा अध्ययन, श्रवण और मनन अपनी अन्तिम परिणति में ज्ञान का रूप धारण करता है, अतः वाज का एक अर्थ ज्ञान भी है। वीर्य और ज्ञान दोनों तेज प्रदान करते हैं।

सूर्य तैजस है, तेज का भण्डार है (येन सूर्य-स्तपति तेजसा इच्द्धः–तैत्ति ब्रा० ३-१२-९-७) अतः उसे प्राणों का आयतन तथा प्रजा मात्र का प्राण कहा गया है। प्रश्नोपनिषद १·१० में उत्तरायण पथ से जाने वाले 'आदित्यमभिजयन्ते' सूर्य लोक को जीत लेते हैं। एतद् वै प्राणानामायतनम्=यह सूर्य ही प्राणों का आयतन, आधार या घर है। 'प्राणः प्रजानामुदयत्येष सूर्यः–यह सूर्य उदित हो रहा है जो प्रजाओं का प्राण है। प्राणों का भी प्राण परमात्मा है। अतः उसे भी वेदान्त· ·'अत एव प्राणः' १·२३ तथा प्राणस्तथानुगमात् १-२८ सूत्रों द्वारा प्राण नाम देता है। कठोपनिषद २-३-२ में कहती है–"यदिदं किञ्च जगत् सर्वं प्राणे एजति निःसृतम्महद् भयं वज्रमुद्यतं य एतद्विदुरमृतास्ते भवन्ति।"

ब्रह्म से निकला हुआ यह जगत प्राणस्वरूप ब्रह्म में ही गति करता है। वज्र के समान भयंकर रूप में उठे हुए इस प्राणरूपी ब्रह्म को जो जान लेते हैं, वे अमरत्व को प्राप्त हो जाते हैं। प्राणरूप रुद्र का वर्णन भी इन्हीं शब्दों में किया जाता है। बृहदा० ४-४-१८ में तो स्पष्ट रूप में ब्रह्म को प्राणों का भी प्राण कहा गया है:—'प्राणस्य प्राणमुत चक्षुष श्चक्षुरुत श्रोत्रस्य श्रोत्रं मनसो ये मनो विदुः'। केनोपनिषद १-२ भी ब्रह्म को 'प्राणस्य प्राणः' कहती है। छान्दोग्य उपनिषद ४-१०-५ में अग्नियां उपकोसल सत्यकाम ब्रह्मचारी को उपदेश देती हुई कहती हैं:—'यद् वाव कम् तदेव खं, यदेव खं तदेव कम् इति प्राणं च'। जो 'क' अर्थात् आनन्द है, वही 'ख' अर्थात् आकाशवत् व्यापक और सबका आधार है। वही प्राण है। यहाँ प्राण ब्रह्म का ही अर्थ देता है, क्योंकि वही सबके अस्तित्व का हेतु और जीवन-प्रदाता है। छान्दोग्य ३-१४-२ में ब्रह्म को प्राण रूपी शरीर वाला भी कहा गया है:—मनोमयो भारूपः प्राणशरीरः सत्यसंकल्पः आकाशात्मा सर्वकर्मा सर्वकामः सर्वगन्धः सर्वरसः। मनोमय का अर्थ है ज्ञानस्वरूप। प्राणों में व्याप्त होनेके कारण ब्रह्म प्राणरूपी शरीर वाला है। वह भा रूप अर्थात् प्रकाशस्वरूप है। सत्यसंकल्परूप की सिद्धि सृष्टि की रचना में दिखाई देती है। तत् ऐक्षत, स अकामयत आदि वाक्यों से उसका संकल्प प्रकट होता है। पर ऐसे कथनों में प्राण ब्रह्म का शरीर है, स्वयं ब्रह्म नहीं। ब्रह्म को मुण्डक उपनिषद २-१-२ में अप्राण और अमनाः भी कहा गया है:–दिव्योह्यमूर्तः पुरुषः स बाह्याभ्यन्तरो ह्यजः। अप्राणोह्यमनाः शुभ्रो ह्यक्षरात् परतः परः। बृहदा० ३-८-८ भी उसे अप्राण कहती है। जीवों के समान वह प्राणधारी नहीं है। अक्षर अर्थात् प्रकृति से पर=परे या श्रेष्ठ जीव और जीव से भी परे या श्रेष्ठ ब्रह्म है।

अथर्व वेद, काण्ड ११ का चतुर्थ सूक्त प्राण की महिमा का गायक है। इसमें प्राण को सर्वेश्वर तथा सबका प्रतिष्ठाता कहा है। प्राण ही कड़कती हुई विद्युत, वर्षा द्वारा औषधियों का उत्पादक, आयुप्रदाता, शरीर में प्राणापान आदि रूपों को धारण करने वाला, सब रोगों को भेषज, चराचर का स्वामी, देवों का उपास्य, सत्यवादी को उत्तम लोक में ले जाने वाला, विराट, देष्ट्री, भूत भविष्य का धारक, इन्द्रियों की भेंट को प्राप्त करने वाला, अपने भक्त को—प्राणवान व्यक्ति को सब से भेंट या मान दिलाने वाला, हंस की भांति हृदयरूपी सलिल से चलकर भी एक पैर को वहीं जमाये रहने वाला, अपने अर्धरूप से विश्व का उत्पादक और अर्ध रूप से छिपा हुआ, सबकी चेष्टाओं का नियामक, शत्रुओं के लिए क्षिप्रधन्वा,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अतन्द्र, धीर, ब्रह्म का सहवर्ती, ऊर्ध्व रूप में स्थित तथा सदैव जागृत रहने वाला है।

प्राण की स्थिति को स्पष्ट करने के लिए ऊपर जो कुछ लिखा गया है, उसमें आर्ष वाक्यों का ही आधार है। प्राण भी ऋषि कहे गये हैं:— 'प्राणा: वाव ऋषय:। अत: नम: परमऋषिभ्य:। प्राण रूप ऋषियों के चरणों में प्रणाम।

———:०:———

प्रथम गुजराती यजुर्वेद-भाष्य का प्रकाशन

नवयुवक वैदिक मिशनरी प्रो० दिलीप वेदालंकार को प्रथम प्रति अर्पित की गई है:—

गुजराती भाषा में प्रथम बार महर्षि दयानन्द कृत यजुर्वेद-भाष्य का प्रकाशन सूरत की सुप्रसिद्ध संस्था श्री आर्य सेवा समाज ने किया है। सूरत में आयोजित एक विशाल वेद-विमोचन-समारोह में गुजराती यजुर्वेद-भाष्य की प्रथम प्रति सुप्रसिद्ध वैदिक मिशनरी और गुजरात के नवयुवक वैदिक विद्वान् प्रो० दिलीप जी वेदालंकार को अर्पित की गई। स्मरण रहे कि श्री दिलीप जी गुजरात प्रान्तीय आर्य प्रतिनिधि सभा के कर्मठ मन्त्री हैं।

इस शुभावसर पर बोलते हुए श्री दिलीप जी ने बताया कि गुजरात की जिस पुण्य भूमि ने संसार को दयानन्द जैसी विभूति दी वहां के लोगों को वेद के प्रति मान है। किन्तु उनका ज्ञान नहीं है। हम आर्यों का यह परम कर्त्तव्य है कि शताब्दी मनाते समय घर घर वेद के सन्देश को पहुंचा देने का संकल्प करें। विश्व का कल्याण एकमात्र वेद से ही होगा। यदि हम महर्षि दयानन्द प्रदर्शित वेद के महा पथ पर चल पड़ें तो हमें विभिन्न मत सम्प्रदायों की संकीर्ण पगदंडियों पर भटकना नहीं पड़ेगा।

इस प्रसंग पर श्री आर्य सेवा संघ के उत्साही मन्त्री श्री श्रीकान्त जी ने प्रसंगोचित प्रवचन किया और श्री दिलीप जी का सत्कार करते हुए समस्त आगत महानुभावों का धन्यवाद किया।

इस अवसर पर जामनगर से उत्साही आर्य कार्यकर्ता और सभा के संयुक्त मन्त्री श्री जयन्तिभाई एवं अनेक प्रतिष्ठित आर्य महानुभाव उपस्थित थे।"

———०———

गुरुकुल कांगड़ी के स्नातक अपना पता शीघ्र भेजें

गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय के स्नातकों की अद्यतन पते के साथ नई सूची बन रही है। आप अपना तथा अन्य परिचत स्नातकों के नाम तथा पते शीघ्र भेजिये।

सम्पादक
गुरुकुल पत्रिका

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

श्रद्धानन्द हॉकी टूर्नामेंट

श्रद्धानन्द हॉकी टूर्नामेण्ट में विजेता गुरुकुल का हॉकी दल

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

श्री दीनदयालु शास्त्री श्रद्धानन्द हॉकी टूर्नामेण्ट अध्यक्ष को ट्राफी देते हुए

श्री वैद्य धर्मदत्त जी का अभिनन्दन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Surgical O.P.D. and Shock

(A case report)

by

Dr. K.K. Thakral, B. A. M. M S., D. Ay. M.

Reader Shalya Shalakya, State Ayurvedic College, Lucknow

Introduction :— Surgery as an art and science has developed a lot in modern times. The development has given rise to specialities as General Surgery, Thoracic Surgery, Orthopaedics, E. N. T., Neurosurgery, Plastic Surgery etc. These specialities in equipped hospitals conduct their respective O. P. D. seperately. In hospitals where facilities are not available, one surgical O.P.D. deals with all types of patients. Private practioners are also faced with the same problem. The surgeon working is usually alone or is assisted by a compounder and so is very busy.

फरवरी व मार्च:–फरवरी और मार्च मास प्रारम्भ होते ही कुलीय वातावरण में एकदम परिवर्तन हो चला है। शीतलवायु के झोकों का स्थान उष्ण-वायु के थपेड़ों ने लेना शुरु कर दिया है। कुलवासियों ने रंग-बिरंगे ऊनी परिधान व कोट उतार दिए हैं। एक दो बार ओला-वृष्टि भी हुई, जिससे वातावरण में परिवर्तन होता रहा। किन्तु अब दक्षिण की मदमस्त करने वाली हवायें चलने लगी हैं। वातावरण में मधुरता और सरसता बढ़ चली है। बसन्त और होली का रंगीला त्यौहार अबीर और गुलाल के बादल उड़ाता एवं रंग-बिरंगी पिचकारियों से रंग बिखेरता हुआ बीत गया। कर्पूर और शीशम फूल उठे हैं। कटहल के वृक्ष भी लद गये हैं। नई-नई कौंपले फूटने लगी हैं और फूलों के गुच्छे लटकने लगे हैं। गेहूं के खेत पक गये हैं। बौर से लदी आम्रडालियां अपनी मादक मंद सुगंध बिखेरती हुई ऋतुराज का अभिन्दन कर रही हैं। उधर कोयल की कूक भी बसंत का संदेशा लेकर आ पहुंची है। कुलीय वातावरण बड़ा मनोहर हो उठा है। आजकल गुरुकुल की मुख्य सड़क पर शहतूतों की बहार आ रही है। अब मच्छरों ने भी कानों के पास गुनगुनाना प्रारम्भ कर दिया है। समस्त कुलवासी तथा ब्रह्मचारी स्वस्थ तथा प्रसन्न हैं। अब ग्रीष्म ऋतु भी अपने पूर्ण योवन पर है।

विद्यालय विभाग

दिसम्बर, जनवरी व फरवरी में अध्ययन व अध्यापन का कार्य बहुत उत्तम रहा। १६ से २२ दिसम्बर तक ६ माही परीक्षायें हुई परीक्षा परिणाम काफी अच्छा रहा। अनेक विद्यार्थी अगली कक्षाओं में उन्नीत किये गये। मार्च मास लगते ही ६म व १०म के छात्रों को अपनी वार्षिक परीक्षा की चिंता हो उठी। २० मार्च से परीक्षा की तैयारी के लिए उनका अवकाश शुरु हो गया है।

साहसिक कार्य

२७।११।७४ सायंकाल लगभग ४बजे विद्यालय के दो ब्रह्मचारियों (प्रमोदराज १०म तथा पद्म-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रकाश ७म) ने उस समय अत्यधिक साहस और दिलेरी का परिचय दिया जिस समय उन्होंने अपनी जान पर खेलकर गंग नहर में डूबती हुई एक युवती को बीच धारा से बचाया। इसके लिये ब्रह्मचारी बधाई और आशीर्वाद के पात्र हैं।

क्रिकेट में विजय

विद्यालय-विभाग के छात्रों ने क्रिकेट के खेल में दो मैचों में 'लक्सर' के एक क्लब को तथा गु० कु० इन्टर साइंस कालेज की टीम को बुरी तरह पराजित किया। ब्रह्मचारी ओमप्रकाश १०म का खेल सराहनीय रहा। उसकी बैटिंग और बॉलिंग कमाल की रही। इसी प्रकार ब्र० प्रमोद आर्य १०म, ब्र० लोकेश ९म, ब्र० मनजीत ९म तथा कृष्ण कुमार १०म का खेल भी आकर्षक रहा। श्री मुख्याध्यापक जी ने विद्यालय की ओर से अच्छे खिलाड़ियों को पुरस्कार भी दिए।

विद्यालय-अध्यापकों को नये वेतनमान

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के कुलपति व मुख्याधिष्ठाता श्री डा० सत्यकेतु जी विद्यालंकार तथा आचार्य श्री डा० रामनाथ जी वेदालंकार के सतत एवं पुण्य प्रयत्नों से विद्यालय-विभाग के समस्त अध्यापकों एवं मुख्याध्यापक जी को माध्यमिक शिक्षा परिषद् उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदत्त वेतनमान दिसम्बर मास से दिए जाने प्रारम्भ हो गए हैं। विद्यालय के समस्त अध्यापकों की ओर से हम श्री कुलपति जी एवं आचार्य जी का धन्यवाद करते हैं। किन्तु साथ ही समस्त अध्यापकों एवं मुख्याध्यापक जी को अपने कर्तव्यों का निर्वाह करते हुए विद्यालय की उन्नति में सतत प्रयत्नशील भी होना चाहिए।

विद्यालय-विदाई-समारोह

२० मार्च को विद्यालय के १०म श्रेणी के छात्रों को छोटी श्रेणियों के भाइयों ने विदाई दी। इस विदाई समारोह की अध्यक्षता श्री आचार्य रामनाथ जी ने की। सभा का संयोजन श्री सत्यकाम जी (वि० अध्यापक) ने किया। ब्र० विजय ९म तथा ब्र० रामप्रकाश ८म ने विदाई गीत प्रस्तुत किया। प्रत्युत्तर में समस्त १०म के छात्रों ने अपने गुरुजनों, कुल माता एवं छोटे भाइयों के प्रति आभार प्रगट किया। श्री जगदेव जी, श्री जनेश्वर पाल जी श्री सत्यकाम जी, श्री श्यामसिंह जी, श्री पं० रघुनाथ प्रसाद जी श्री बलराम जी तथा मुख्याध्यापक श्री श्यामनाथ जी वेदालंकार ने विदाई लेने वाले छात्रों को आशीर्वचन कहे तथा शुभकामनायें दी। आचार्य जी ने उनके भावी जीवन की मंगलकामना करते हुए उन्हें अपने उत्तरदायित्वों का स्मरण कराते हुए आशीर्वाद दिया। जलपान और फोटो ग्रुप के बाद समारोह समाप्त हुआ।

दीपावली पर्व

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कुल में दीपावली का पर्व सोत्साह मनाया गया। सुन्दर-सुन्दर कण्डीलें बनाई गयीं। खील और बताशे खाकर ब्रह्मचारियों ने दीपावली खूब उल्लास व आनन्दपूर्ण वातावरण में मनाई। भयंकर ध्वनिपटाखों की आवाज से समस्त वातावरण प्रतिध्वनित हो उठा। रंगबिरंगे अनार के छूटते ही छोटे-छोटे बच्चे मचल उठे। फूल-झड़ियों की अपनी अलग ही छटा दिखलाई पड़रही थी। इस कार्यक्रम में श्रीमती कुलपति जी तथा मान्यवर कुलपति जी ने सोत्साह भाग लेकर ब्रह्मचारियों के आनन्द में वृद्धि की।

डा० हरिप्रकाश जी का अभिनन्दन

गुरुकुल कांगड़ी फार्मेसी के व्यवसायाध्यक्ष पद को २०।११।७४ को श्री डा० हरिप्रकाश जी आयुर्वेदालंकार ने विधिवत् सम्भाला। इस उपलक्ष्य में फार्मेसी के समस्त कर्मचारियों ने डा० जी का

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अभिनन्दन किया। अभिनन्दनसमारोह के पश्चात् मिष्ठान्न वितरण हुआ। इस समय डा० जी अपनी अनेक योजनाओं के द्वारा फार्मेसी को उन्नति की ओर ले जाने में अग्रसरित हैं।

कुश्ती प्रतियोगिता

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के एम० ए० के छात्र श्री रणवीर सिंह ने १७।११।७४ को हरिद्वार (गुजरांवाला) में हुई कुश्ती प्रतियोगिता में अपने से चौगुने वजन व डीलडौल वाले पहलवान को चुटकी में पछाड़ कर जनता को मोहित एवं आश्चर्यचकित कर दिया। हम श्री रणवीर सिंह जी की हृदय से उन्नति चाहते हुए उन्हें जीत की बधाई देते हैं। साथ ही दिल्ली में हुए 'भारत कुमार प्रतियोगिता' में उनके सुन्दर प्रदर्शन के लिए भी बधाई देते हुए उनकी उन्नति की शुभकामना करते हैं।

श्रद्धानन्द सप्ताह का अपूर्व आयोजन

कुलपिता परम श्रद्धेय स्वामी श्रद्धानन्द जी का बलिदान दिवस प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोत्साह मनाया गया। २३ दिसम्बर को श्रद्धानन्द द्वार से समस्त छात्र व कुलवासी एक जलूस के द्वारा नारे लगाते और भजन गाते हुए झण्डा चौक में एकत्र हुए। जहां गुरुकुल आयुर्वेद महाविद्यालय के आचार्य श्री डा० अनन्तानन्द जी आयुर्वेदालंकार ने कुलपताका फहराई। विद्यालय के छात्रों ने कुलपताका गीत गाया। तदनन्तर वेद मन्दिर में एक बृहत् सभा हुई जिसमें अनेक वक्ताओं ने कुलपिता स्वामी श्रद्धानन्द जी को अपनी श्रद्धांजलियां समर्पित कीं।

हॉकी टूर्नामेंट

प्रत्येक वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्रद्धानन्द बलिदान पर्व पर 'अखिल भारतीय श्रद्धानन्द हॉकी टूर्नामेंट' का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट मन्त्री डा० विजयेन्द्रसिंह चौधरी ने टूर्नामेंट का सफल आयोजन कर सभी के मनों को मोह लिया। इस टूर्नामेंट में पञ्जाब, हरियाणा, दिल्ली, बिजनौर मेरठ, मुजफ्फरनगर की लगभग २७ टीमों ने भाग लिया। फाइनल में अपने सुन्दर खेल के द्वारा दिल्ली एयरफोर्स ने हरियाणा इलक्ट्रिसिटी बोर्ड, चंडीगढ़ को पराजित कर टूर्नामेंट का विजयी उपहार प्राप्त किया। टूर्नामेंट का पारितोषिक-वितरण सहारनपुर जिला परिषद् के चैयरमैन भाई भोपालसिंह जी ने किया। गुरुकुल की ओर से हम उनका हार्दिक अभिनन्दन करते हुए टूर्नामेंट की सफलता के लिये समस्त अधिकारियों एवं टूर्नामेंट समिति को बधाई देते हैं।

हॉकी प्रशिक्षक की नियुक्ति

विश्वविद्यालय की साक्षात्कार समिति ने अपने निष्पक्ष चुनाव के द्वारा 'हॉकी प्रशिक्षक' के पद पर सरदार श्री अजीतसिंह की नियुक्ति की है। प्रशिक्षक जी से काफी आशायें हैं।

संस्कृत-भाषा-प्रतियोगिता में विजय

बड़ी प्रसन्नता का विषय है कि विश्वविद्यालय गुरुकुल कांगड़ी के दो छात्रों श्री तपेन्द्र कुमार तथा श्री रणवीर सिंह ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में हुई भाषण प्रतियोगिता में विजय उपहार प्राप्त कर गुरुकुल का नाम उजागर किया। जीत के लिए छात्रों को बधाई है।

विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षायें

ज्ञात हुआ है कि २० अप्रैल से प्रारम्भ होने वाली विश्वविद्यालय की परीक्षायें अब २८ अप्रैल से प्रारम्भ होंगी।

वार्षिकोत्सव की तैयारी

सूचित किया जाता है कि गुरुकुल कांगड़ी का वार्षिकोत्सव अब की बार १९, २०, २१ अप्रैल ७५ को बड़े उत्साह और तैयारी के साथ मनाया

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जा रहा है। इस उत्सव में दूर २ की आर्यसमाजों एवं आर्य भाइयों के बड़ी संख्या में आने की पूरी आशा है। समस्त जनता इस उत्सव में सादर आमन्त्रित हैं। पूर्ण विवरण आगामी पत्रिकांक में दिया जायेगा।

स्नातक शंकरदेव जी का सन्मान

गुरुकुल विश्वविद्यालय कांगड़ी के आचार्य श्रीरामदवयुग केसु योग्य स्नातक श्रीयुत् शंकर देव जी विद्यालंकार अपनी साहित्य-सेवाओं के लिए सुविदित हैं। वे सन् १९२८ में इतिहास विषय लेकर स्नातक बने। उसके पश्चात् वे लगातार विविध शिक्षणसंस्थाओं में सफलतापूर्वक शिक्षण कार्य और साहित्य-सेवा करते रहे हैं। पिछले सोलह वर्षों से वे गुरुकुल महिला आर्ट्स कालेज, पोरबन्दर (गुजरात) में उपाचार्य और संस्कृत-साहित्य के प्राध्यापक हैं। सौराष्ट्र विश्वविद्यालय की संस्कृत पाठ्य-निर्माण समिति में भी रहे हैं।

जिन साहित्यसेवियों की मातृभाषा हिंदी नहीं है और अहिन्दी प्रान्तों के निवासी हैं--ऐसे भारत के तेरह हिन्दी-साहित्य सेवाकों का, नागपुर के 'विश्व हिन्दी सम्मेलन' में सम्मान किया गया है उनमें गुजरात प्रान्त से श्री शंकरदेव विद्यालंकार को निर्वाचित करके उनका माननीय श्री उप-राष्ट्रपति जी के करकमलों से रेशमी उत्तरीय वस्त्र, प्रशस्तिपत्र और श्रीफल प्रदान करके समादर किया गया है। उनको दिये गये प्रशस्तिपत्र की शब्दावली इस प्रकार है--

"विश्व हिन्दी सम्मेलन अत्यंत आदर और गौरव के साथ हिन्दी भाषा एवं साहित्य की अमूल्य सेवाओंके लिए श्री० शंकरदेव विद्यालंकार को सम्मानित कर उनके माध्यम से गुजराती भाषा एवं समस्त साहित्यकारों तथा नागरिकों के प्रति अपनी श्रद्धा एवं स्नेह की आदरांजलि अर्पण करता है।"

इस शुभ प्रसंग पर गुरुकुल-पत्रिका परिवार प्रशंसित श्री० शंकरदेव जी का सप्रेम सादर अभिनन्दन करता है।

ज्योतिष मार्तण्ड : ज्योतिष की एक प्रामाणिक मासिक पत्रिका

१९६९ से नियमित प्रकाशन। नव वर्ष विशेषांक १९७५, पृष्ठ संख्या २००। भारत के समस्त प्रमुख रेलवे बुक स्टालों एवं प्रमुख पुस्तकविक्रेताओ के यहाँ प्राप्य। ज्योतिष, सामुद्रिक, शगुन, स्वप्न आदि अनेक शास्त्रों के अतिरिक्त तन्त्रमन्त्र-पुनर्जन्म परकायाप्रवेश आदि तर्कगढ़ विषयों पर खोज पूर्ण लेख। अनेक स्थाई स्तभ--ज्योतिष पाठ, सम्पूर्ण १९७५ भविष्य फल, व्यापारिक भविष्य, आपकी हस्त रेखायें, आपके प्रश्न हमारे उत्तर आदि। एक अंक का मुल्य २)२५, विशेषांक का मूल्य रुपये ६), वार्षिक शुल्क रुपये २५), वार्षिक ग्राहको को विशेषांक निःशुल्क प्राप्त होगा। हर शहर में ऐजेटों की आवश्यकता है

राजरानी देवला
सम्पादिका
डी० १९, गणेश मार्ग, बापू नगर, जयपुर
(पोस्ट बाक्स नं० ११९)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्नातक श्री मेधाव्रत जी का देहान्त

गुरुकुल विश्वविद्यालय काँगड़ी के सुयोग्य स्नातक श्री मेधाव्रत जी विद्यालंकार का पिछले दिनों श्री अरविन्द आश्रम, पांडिचेरी में ब्रेन हैमरेज से अवसान हो गया। वे गुरुकुल से अर्थशास्त्र विषय लेकर स्नातक बने थे। परन्तु उनका रुझान साहित्य और कला की ओर विशेष था। वे हॉकी के अच्छे खिलाड़ी थे। वर्षों तक वे सूपा गुरुकुल (गुजरात) से साहित्य के अध्यापक रहे थे। उनके ज्येष्ठ भ्राता नलिनकान्त जी भी गुरुकुल कुरुक्षेत्र में शिक्षाप्राप्त हैं। भाई मेधाव्रत जी शास्त्रीय संगीत के विशेष प्रेमी थे। उन्हीं के प्रयत्न से सूपा गुरुकुल की गीत प्रार्थनायें भावपूर्ण वातावरण बना देती थीं। सितार-वादन उनको प्रिय था। उसके पश्चात् वे पांडिचेरी के श्री अरविन्द आश्रम में सरिवार चले गये। वहाँ पर भी अपनी कार्यकुशलता, शील सौजन्य और भद्र-भावना से उन्होंने गुरुकुल का नाम उजागर किया था। रवीन्द्र-साहित्य का उन्होंने विशेष अनुशीलन किया था। छात्रों में उनकी उपस्थिति वातावरण को प्रसन्न मधुर बना देती थी। वे एक भावनाशील अध्यापक थे। अरविन्द आश्रम में अन्य सेवाओं के साथ संस्कृत भाषा का अध्यापन करते थे। उनके अभिभावक गुरुकुलभक्त थे। गुरुकुल विश्वविद्यालय अपने एक भावनाशील सुयोग्य अध्यापक पुत्र के अवसान पर खिन्न है। कुलपरिवार उनके आत्मीयजनों के प्रति अपनी समवेदना और सहानुभूति प्रकट करता है।

'हिन्दुस्तान' के समाचार-संपादक श्री यशपाल गुप्त का देहान्त

नई दिल्ली २४ फरवरी को दैनिक 'हिन्दुस्तान' के समाचार सम्पादक श्री यशपाल गुप्त वेदालंकार का तड़के सफदरजंग अस्पताल में देहान्त हो गया। वह ४८ वर्ष के थे।

श्री गुप्त की अन्त्येष्टि दोपहर को निगमबोध घाट पर सम्पन्न हुई। अन्त्येष्टि के समय राजधानी के अनेक पत्रकार और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। हिन्दुस्तान संस्थान की ओर से उनके शव पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

श्री यशपाल गुप्त पिछले दो-तीन महीने से रक्त-कैंसर से पीड़ित थे। लगभग एक सप्ताह से उनकी हालत ज्यादा 'खराब' हो गई थी। दो सप्ताह पहले उन्हें सफदरजंग अस्पताल में भर्ती किया गया जहां आज तड़के ३-५० पर उनका प्राणान्त हो गया।

उनके शोकाकुल परिवार में उनकी माँ, पत्नी, एक पुत्र और एक पुत्री हैं।

यशपाल जी १९४९ में उपसम्पादक के रूप में 'हिन्दुस्तान' के सम्पादकीय विभाग में शामिल हुए और विभिन्न पदों पर काम करते हुए छः वर्ष पूर्व इसके समाचार सम्पादक बने। इससे पूर्व ग्लोब न्यूज एजेंसी और दैनिक नवभारत टाइम्स में भी कुछ समय के लिए उन्होंने काम किया था।

श्री गुप्त मृदुभाषी, कर्मठ एवं आर्थिक मामलों के विशेषज्ञ पत्रकार थे। १९७२ म वह थामसन प्रेस फाउण्डेशन की छात्रवृत्ति पर पत्रकारिता के उच्च अध्ययन के लिए कार्डिफ (ब्रिटेन) गए थे। उन्होंने युरोप के कई देशों का दौरा किया था।

'हिन्दुस्तान' के कार्यालय में आज दोपहर बाद श्री यशपाल के निधन पर शोकसभा हुई जिसमें उनके साथियों तथा हिन्दुस्तान टाइम्स संस्थान के सभी विभागों के सदस्यों ने उन्हें भाव-भीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्री गुप्त के फूल २६ फरवरी को प्रातः ८ बजे निगमबोध घाट पर चुने गये। उठावनी शुक्रवार २८ फरवरी को सायं ४ बजे उनके जे- १०४, नई दिल्ली साउथ एक्सटेंशन पार्ट-१ स्थित निवास स्थान पर हुई।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आर्य समाजी विद्वान् पं० रामचन्द्र जी का देहावसान

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के पुराने स्नातकों में से एक तथा सुप्रसिद्ध विद्वान् पं० रामचन्द्र जी सिद्धान्तालंकार का शनिवार को प्रातः बम्बई में अचानक देहावसान हो गया। आपकी आयु ८० वर्ष थी।

गुरुकुल कांगड़ी के स्नातक पं० रामचन्द्रजी का व्याकरण-ज्ञान अत्यन्त ही सूक्ष्म था। वेदों की ऋचाओं का गम्भीर भावार्थ प्रस्तुत करने में आप विख्यात थे।

पं० रामचन्द्र जी आर्यसमाज के उन कुछ सुयोग्य विद्वानों में से थे जिन्हें स्वामी श्रद्धानन्द जी के सान्निध्य में कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। अपने जीवनकाल में आपने कई गुरुकुलों में आचार्यपद सुशोभित किया। मारवाड़ी विद्यालय में कई वर्षों तक आप हिन्दी के अध्यापक रहे। हिन्दी भाषा के भी आप प्रकांड पंडित थे।

आपके पिता तथा दोनों भाई भी आर्यसमाज में आजीवन कार्य करते रहे। पं० रामचन्द्र जी बम्बई आर्यसमाज के कुछ समय तक मंत्री भी रहे। बम्बई की अधिकांश समाजों के साप्ताहिक सत्संगों में आपके प्रवचन नियमित रूप से हुआ करते थे। आप बम्बई के शूरजी वल्लभदास परिवार के कुल गुरु भी रहे।

आर्यसमाज के शताब्दी वर्ष में ऐसे विद्वान का निधन आर्यसमाजियों को अत्यंत ही दुखी कर गया है।

आपकी पत्नी, एक पुत्र तथा दो पुत्रियां उत्तरजीवी है।

शनिवार को आपकी स्मशान यात्रा में बम्बई की समस्त समाजों के नेता तथा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्वाध्याय के लिये चुनी हुई पुस्तकें

वैदिक साहित्य

...के चुने हुए फूल (सजिल्द)	५.00
...राष्ट्रीय गीत (सजिल्द)	५.00
...धर्म (सजिल्द)	७.00
...की नौका (दो भाग)	६.00
...त्र (सजिल्द)	२.२५
...समर्पण	.५0
...स्वप्न विज्ञान	२.00
...अध्यात्म विद्या	.७५
...सूक्तियां	.७५
...की गी (सजिल्द)	.७५
...ब्रह्मचर्य गीत	२.00
...विनय (तीन भाग)	६.00
...गीतांजलि	२.00
...सरोवर (सजिल्द)	२.००
...कर्तव्य शास्त्र.	.५०
...सुमन	.५०
...श्रद्धानन्द जी के उपदेश	३.७५
...मीमांसा	२.००
...पशु यज्ञमीमांसा	२.००
...रहस्य	२.००
...वेदीय मन्त्रविद्या	३.५०
...निषद्भाष्य (सजिल्द)	२.००
...रोगों की चिकित्सा	२.५०
...संदेश	४.५०
...संस्कृति के मूल तत्त्व	४.००
...की स्थिति	४.१०
...उपनिषद	२.००
...देवता	२.००
...रहस्य	२.००
...कामधेनु	२ ००
	२.००

ऐतिहासिक तथा जीवन चरित्र

भारतवर्ष का इतिहास ३ य भाग	४-५०
बृहत्तर भारत	७.00
योगेश्वर कृष्ण	४.00
स्वामी श्रद्धानन्द जी महाराज	.२५
स्वामी दयानन्द का पत्र व्यवहार	.७५
गुरुकुल की आहुति	.५0
अपने देश की कथा	.३७
दी मिडिल ईस्ट (इङ्गलिश)	३.00
ऐशियण्ट फींडम	५.७0

स्वास्थ्य सम्बन्धी ग्रन्थ

स्तूप निर्माण कला (सजिल्द)	३.00
प्रमेह श्वास अर्शरोग	.२५
जल-चिकित्सा विज्ञान	.७५
होमियोपैथी के सिद्धान्त	२.५0
आसवारिष्ट	२.५0
आहार	५.00

संस्कृत ग्रन्थ

संस्कृत प्रवेशिका प्रथम भाग	.९९
संस्कृत प्रवेशिका २य भाग	.८७
बालनीति कथामाला	.७५
साहित्य सुधा संग्रह	.२५
पाणिनीयाष्टकम् (दो भाग)	प्रतिभाग ७.00
पंचतन्त्र पूर्वार्द्ध (सजिल्द)	२.५0
पंचतन्त्र उत्तरार्द्ध (सजिल्द)	२.00
सरल शब्द रूपावली	.२५
सरल धातु रूपावली	.६0
संस्कृत ट्रांसलेशन	.२५
पंचतंत्र (मित्र सम्प्राप्ति)	.७५
पंचतंत्र (मित्र भेद)	.५0
संक्षिप्त मनुस्मृति	.५0
रघुवंशीय सर्गत्रयम्	.२५

...कों का बड़ा सूचीपत्र मुफ्त मगाइये । धार्मिक संस्थाओं के लिये विशेष रियायत का भी नियम है।

पुस्तक भण्डार, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार (जि० सहारनपुर)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सम्पादक : भगवद्दत्त वेदालंकार ।
प्रकाशक : डा० गंगाराम, कुलसचिव : गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय ।
मुद्रक : सुरेशचन्द्र वैष्णव, मैनेजर : गुरुकुल कांगड़ी प्रिन्टिंग प्रेस, हरिद्वार ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुरुकुल-पत्रिका

आयुर्वेद विशेषाङ्कः

पुस्तकालय
गुरुकुल काँगड़ी
25-6-75

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

२-८६७५

र-१९७४, मई-१९७५ मास मार्गशीर्ष-२०३१, वैशाख-२०३२

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विषय-सूची

स०	विषया:	लेखका:	पृष्ठांका:
१	श्रुति-सुधा		१२१
२	संन्यास-वानप्रस्थ की दीक्षायें	उप कार्यालय, आ०प्र० सभा, रोहतक	१२२
३	आर्य युवकों के लिए स्वर्ण अवसर	आर्य युवक परिषद्, रोहतक	१२३
४	व्याकरणशास्त्रस्य वैशिष्टयम्	श्री अशोकचन्द्र गौड़: शास्त्री	१२४
५	अंगारों पर दहक रही है	श्री महावीर 'नीर' विद्यालंकार	१३२
६	श्रद्धेयाचार्यवर्यस्मरणम्	श्री पं० धर्मदेवो विद्यामार्तण्ड:	१३३
७	आयुर्वेदोक्ता:केचन सिद्धयोगा:	विद्याभूषण: श्री गणेशराम शर्मा	१३४
८	अश्वघोषस्य प्रतिमानम्	श्री निगम शर्मा	१४०
९	सम्पादकीय टिप्पण्य:	श्री पं० भगवद्दत्तो वेदालंकार:	१४५
१०	साहित्य-समीक्षा	,, ,, ,,	१४७
११	विश्व हिन्दी सम्मेलन के कुछ संस्मरण	डा० अम्बिकाप्रसाद वाजपेयी	१४९
१२	वेदों में आयुर्वेदिक चिकित्सा की चर्चा	डा० शिवपूजनसिंह 'कुशवाहा'	१५२
१३	भारत का प्राची अतीत	श्री अशोककुमार विद्यालंकार	१६१
१४	आयुर्वेदीय निघण्टु के प्रतिसंस्कार	डा० ब्रह्मदत्तशर्मा आयुर्वेदालंकार	१६२
१५	जीवात्मा काण्ड	आचार्य श्री रघुनाथ विनायक धुलेकर	१६९
१६	गुरुकुल में आयर्वेद की पुरानी	डा० इन्द्रसेन	१७५
१७	रोगनिदान के विशेष विज्ञानोपाय..	डा० ब्रह्मदत्त शर्मा आयुर्वेदालंकार	१७८
१८	ऋग्वेद में वर्णित सोम को..	डा० विनोदप्रकाश	१८७
१९	गुग्गुल वैज्ञानिक कसौटी पर	,, ,, ,,	१९०
२०	गुरुकुल इन्द्रप्रस्थ	डा० श्री कान्तिकृष्ण 'अपूर्व' एम०ए०	१९२
२१	सुशिक्षितयोर्नवयूनो:...	श्री विद्यानिधि: शास्त्री	१९४
२२	मंगल कामना	श्री शंकरसिंह वेदालंकार	१९५
२३	महर्षि दयानन्द की विश्वदर्शन को देन	प्रो० जयदेव वेदालंकार एम ए.	१९६
२४	महात्मा मुंशीराम जी	कविराज पं० धर्मदत्त आयुर्वेदालंकार	२०४
२५	हरिश्चन्द्र विद्यालंकार को श्रद्धांजली	ब्र० धर्मचन्द्र 'प्रचारी'	२०६
२६	अन्त:स्रावी ग्रन्थियों का एक्सचेंज	श्री मदनपालसिंह चौधरी	२०७
२७	जीवनीय (VITAMINS)	श्री योगेश द्विवेदी	२१०
२८	वैदिक शारीर-विज्ञान	श्री पं० भगवद्दत्तो वेदालंकार:	२११
२९	सर्वाङ्गीण चिकित्सा-शास्त्र	डा० इन्द्रसेन	२१९
३०	वेदी वनस्पति कोष	श्री रामेश बेदी	२२५
३१	क्या 'आयुर्वेद' ससीम है ?	विद्यामार्तण्ड डा० धर्मानन्द केसरबानी	२४१
३२	आर्यसमाज की सफलता के सौ वर्ष	श्री प्रकाशवीर शास्त्री	२४४
३३	प्राण की स्थिति	श्री आचार्य मुन्शीराम शर्मा	२४९
३४	Surgical O. P. D. and Shock	Dr. K.K. Thakral B.A. M.M.S.	257
३५	NIRVAN–The Extinction...	Vaidya V.K. Sharma M.A.	266
३६	गुरुकुल-समाचार	श्री महावीर 'नीर' विद्यालंकार	२७३

गुरुकुल-पत्रिका का वार्षिक मूल्य—

देश मे - ६ रुपये विदेश में - १०) रुपये एक प्रति - ६० पैसे

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ओ३म्

गुरुकुल-पत्रिका

आयुर्वेद-अङ्कः

Central Library

खेदाभिव्यक्तिः—

हमें अपने पाठकों को सखेद सूचित करना पड़ रहा है कि कुछ कठिनाइयों के कारण हम आपकी सेवा में पत्रिका के अंक नवम्बर १९७४ के बाद नियमित रूप से प्रस्तुत न कर सके। अब बाध्य होकर हमें वर्तमान "आयुर्वेद अंक" को ६ मास के संयुक्त अंक के रूप में प्रस्तुत करना पड़ रहा है। आशा है आप सहयोग की भावना रखते हुए हमारी इस व्यवस्था को स्वीकारेंगे तथा पत्रिका के प्रति प्रेम व सद्भावना बनाये रखेंगे।

प्रचारार्थ गुरुकुल पत्रिका का वार्षिक चन्दा ४) रु० निर्धारित था। किन्तु निरन्तर बढ़ती हुई महंगाई तथा कागज के मूल्य में अत्यधिक वृद्धि के कारण अब ६) रु० वार्षिक चन्दा तय किया गया है। आशा है आप गुरुकुल पत्रिका के यथापूर्व ग्राहक बने रह कर हमें उपकृत करेंगे।

हम पूर्ण आशावान् हैं कि अब नियमित रूप से प्रति मास पत्रिका आपकी सेवा में पूर्ववत् प्रस्तुत होती रहेगी।

—सम्पादक

इस वेद मन्त्र में भिषक् शब्द की कैसी सुन्दर व्याख्या है। यह मन्त्र ऋग्वेद के दशम मण्डल के ९७सूक्त का ६ठा मन्त्र है। इस सूक्त का ऋषि भिषक् है, देवता ओषधि है और छन्द अनुष्टुप् है।

कहा जाता है कि अथर्व ऋषि का पुत्र भिषक् ऋषि था जो कि इस सूक्त का मन्त्रद्रष्टा है। इस सूक्त में २३ ऋचायें हैं। देवता अर्थात् विषय ओषधियों का है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विषय-सूची

स०	विषया:	लेखका:	पृष्ठांका:
१	श्रुति-सुधा		१२१
२	संन्यास-वानप्रस्थ की दीक्षायें	उप कार्यालय, आ०प्र० सभा, रोहतक	१२२
३	आर्य युवकों के लिए स्वर्ण अवसर	आर्य युवक परिषद्, रोहतक	१२३
४	व्याकरणशास्त्रस्य वैशिष्टयम्	श्री अशोकचन्द्र गौड़: शास्त्री	१२४
५	अंगारों पर दहक रही है	श्री महावीर 'नीर' विद्यालंकार	१३२
६	श्रद्धेयाचार्यवर्यस्मरणम्	श्री पं० धर्मदेवो विद्यामार्तण्ड:	१३३
३२	आर्यसमाज की सफलता [illegible]	[illegible]	२४९
३३	प्राण की स्थिति	श्री आचार्य मुन्शीराम शर्मा	257
३४	Surgical O. P. D. and Shock	Dr. K.K. Thakral B.A. M.M.S.	266
३५	NIRVAN-The Extinction...	Vaidya V.K. Sharma M.A.	२७३
३६	गुरुकुल-समाचार	श्री महावीर 'नीर' विद्यालंकार	

गुरुकुल-पत्रिका का वार्षिक मूल्य—

देश मे - ६ रुपये विदेश में - १०) रुपये एक प्रति - ६० पैसे

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ओ३म्

गुरुकुल-पत्रिका

Central Library
76009
Gurukul Kangri (Deemed to be University) Haridwar

आयुर्वेद-अङ्कः

[गुरुकुलकांगड़ीविश्वविद्यालयस्य मासिक पत्रिका]

मार्गशीर्ष-वैशाखाः २०३१, दिसम्बर ७४ मई ७५, वर्षम्-२७, अङ्काः ४-८, पूर्णाङ्काः ३१२-३१७,

श्रुति सुधा

ऋक् १०, मण्डल—९७ सूक्त, मन्त्र ६.

यत्रौषधोः समग्मत राजानः समिताविव ।
विप्रः स उच्यते भिषग्रक्षोहामीव चातनः ।।

यत्र ओषधीः सम्ऽग्मत राजानः समितौइव ।
विप्रः सः उच्यते भिषक् रक्षःऽहा अमीवऽचातनः ।।

(यत्र) जिस देश में (ओषधीः) औषधियां (समग्मत) रोगों के विरुद्ध प्रयुक्त होती हैं जिस तरह (राजानः) राजा (समितौ) युद्ध में शत्रुओं के विरुद्ध सन्नद्ध होते हैं, उस देश में उन औषधियों का प्रयोग करने वाला (विप्रः) ज्ञानवान पुरुष (भिषक्) भिषक् कहा जाता है। वह भिषक् (रक्षोहा) रक्षों का मारने वाला होता है अर्थात् रक्षरूप मानसिक आधियों का नष्ट करने वाला होता है। और (अमीवचातनः) और अमीव अर्थात् शारीरिक व्याधियों का नाशक होता है।

इस वेद मन्त्र में भिषक् शब्द की कैसी सुन्दर व्याख्या है। यह मन्त्र ऋग्वेद के दशम मण्डल के ९७सूक्त का ६ठा मन्त्र है। इस सूक्त का ऋषि भिषक् है, देवता ओषधि है और छन्द अनुष्टुप् है।

कहा जाता है कि अथर्व ऋषि का पुत्र भिषक् ऋषि था जो कि इस सूक्त का मन्त्रद्रष्टा है। इस सूक्त में २३ ऋचायें हैं। देवता अर्थात् विषय ओषधियों का है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संन्यास-वानप्रस्थ की दीक्षायें

------:o:------

किसी भी संगठन को आन्दोलन के रूप में बदलने के लिए तथा मानवमात्र तक कार्यक्रम पहुंचाने के लिए समर्पित एवं कर्मठ कार्यकर्त्ताओं की आवश्यकता होती है, जो कि अपनी आहुति देकर संगठनरूपी यज्ञ को प्रज्वलित करते हैं। आर्य सामाज को पिछले सौ वर्षों में व्यापक बनाने का सर्वाधिक श्रेय उन त्यागी, तपस्वी, पूज्य संन्यासी महानुभावों को है, जिन्होंने सर्वस्व त्याग करके अहर्निश आर्य समाज के लिए कार्य किया। हमारे पूर्वजों की वह परम्परा चलती रहे इसके लिए यह आवश्यक है कि आर्य महानुभाव वानप्रस्थ और संन्यास आदि की दीक्षा लेकर समाजसेवा के कार्य में जुटने का संकल्प लें। इसी भावना से शिविर के अन्तिम दिन १२ जून को दीक्षा यज्ञ का आयोजन किया जायेगा। जिसमें--

एक वर्ष, दो वर्ष अथवा पूरा समय देकर समर्पण के साथ कार्य करने वाले व्यक्ति संकल्प ग्रहण करेंगे। वानप्रस्थ और संन्यास आश्रम की दीक्षा दी जाएगी। अतः वानप्रस्थ व संन्यास दीक्षा ग्रहण करने वाले व्यक्ति ६ जून तक शिविर स्थल गुरुकुल सिंहपुरा में पधारें।

१. संन्यास से पूर्व होने वाले आवास व सात्विक भोजन की उचित व्यवस्था रहेगी।
२. वस्त्रादि के लिए ५० रुपया संन्यासी व वानप्रस्थी को जमा कराना होगा। इस सम्बन्ध में विशेष जानकारी के लिए पत्रव्यवहार करें।

इन्द्रवेश

उप-कार्यालय आर्य प्रतिनिधि सभा

सुभाष मार्ग, रोहतक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आर्य युवकों के लिए स्वर्ण अवसर

आर्य समाज स्थापना शताब्दी के उपलक्ष में समस्त आर्य जगत से चुने हुए युवकों का

३ जून १९७५ से १२ जून १९७५ तक सिंहपुरा गुरुकुल रोहतक में

विशाल ब्रह्मचर्य प्रशिक्षण शिविर

शिविर के प्रमुख आकर्षण :—

१- पिछले पचास वर्षों के इतिहास में आर्य जगत का यह सर्वाधिक विशाल शिविर होगा ।

२- आर्य जगत के सर्वोच्च नेता, महान विद्वान तथा उच्चकोटि के योगाचार्य युवकों को शिक्षादीक्षा देंगे ।

३- शिविर में वैदिक सिद्धान्तों की गम्भीर विवेचना के साथ योगासन एवं शारीरिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा ।

४- युवकों की दिनचर्या पूर्णरूपेण नियमित तथा अनुशासित होगी ।

शिविर में भाग लेने वाले युवकों के लिए आवश्यक सूचना :—

१- प्रत्येक युवक दो लंगोट, एक खाकी निकर, एक सैण्डो बनियान, सफेद फ्लीट तथा एक लाठी साथ लायें ।

२- बिस्तर (एक दरी, एक चादर), थाली, लोटा, कापी, पैंसिल तथा आवश्यकतानुसार घी साथ लायें ।

३- प्रत्येक युवक को २० रुपया शिविरशुल्क के रूप में देना होगा । भोजन की व्यवस्था शिविर की तरफ से होगी ।

४- युवकों की आयु १६ से वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए ।

शिविर रोहतक नगर से २ मील दूर जीन्द रोड पर गुरुकुल सिंहपुरा में आयोजित होगा ।

विशेष नम्र निवेदन :— प्रत्येक आर्य बन्धु से साग्रह प्रार्थना है कि आप अपने सम्पर्क के होनहार युवकों को शिविर में भेज कर इस महान यज्ञ को सफल बनाएं । इस सम्बन्ध में विशेष जानकारी के लिए श्री चन्द्रभान आर्य, कार्यालय—आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब, सुभाष मार्ग, रोहतक से सम्पर्क करें ।

—: निवेदक :—

स्वामी इन्द्रवेश
शिविराध्यक्ष

चन्द्रदेव वेदाचार्य
शिविर अधिष्ठाता

आचार्य दयानन्द
प्रधान, आर्य युवक परिषद्

राममेहर एडवोकेट
प्रधान, गुरुकुल सिंहपुरा

जगवीर सिंह
मन्त्री, आर्य युवक परिषद्

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

व्याकरणशास्त्रस्य वैशिष्ट्यम्

श्री अशोकचन्द्रगौड़ः शास्त्री

धर्मार्थकाममोक्षाख्यपुरुषार्थचतुष्टयफल-प्रधाने कर्मनिबन्धने नानाविधसुखदुःखज्वालामालासमाकुलिते विचित्रेऽस्मिन् जगतीतलेऽतीव दुर्लभम्मानवजन्म । मानवजन्म लब्ध्वाऽपि धर्मसाधनमन्तरा न पुरुषार्थसिद्धिः । धर्माधर्मविवेकश्च साङ्गोपाङ्गवेदाध्ययनमन्तरेण न भवितुमर्हति । तदुक्तम् भगवता पतञ्जलिना :--

"ब्राह्मणेन निष्कारणो धर्मः
षडङ्गो वेदोऽध्येयो ज्ञेयश्च"

वेदाः मानवसंस्कृतेर्मूलभूताः महानिधयः, परमेश्वरोपदिष्टत्वान्नित्याश्च । तदुक्तम् यजुर्वेदे--
"तस्माद्यज्ञात् सर्वहुतः ऋचः सामानि जज्ञिरे ।
छन्दाँसि जज्ञिरे तस्माद्यजुस्तस्मादजायत ।"
यजु. अ. ३१।मं. ७ ॥

[..]तः अविनाशिनः चितः ज्ञानस्वरूपादानन्दस्वरूपात् सर्वत्र परिपूर्णात् सर्वहुतात् सर्वपूज्यात् सर्वोपास्यात् सर्वशक्तिमतः परब्रह्मणः ऋग्वेदः, यजुर्वेदः, सामवेदः, छन्दाँसि-अथर्ववेदश्च उत्पन्नाः-प्रकाशिताः । अत्र जज्ञिरे अजायतेति क्रियाद्वयं वेदानामनेकविद्यावत्वद्योतनार्थम् । तथा तस्मादिति पदद्वयमीश्वरादेव वेदाः जाताः इत्यवधारणार्थम् । वेदानां गायत्र्यादिछन्दोन्वितत्वात् पुनश्छन्दाँसीति पदम् चतुर्थस्याथर्ववेदस्योत्पत्तिं ज्ञापयतीत्यवधेयम् । शतपथादिब्राह्मणग्रन्थेभ्यः वेदमन्त्राणाम्प्रामाण्याच्च यज्ञशब्देन विष्णोः, विष्णुशब्देन च सर्वव्यापकस्य परमेश्वरस्य च ग्रहणमिति सिद्ध्यति ।

तत्त्वतः वेदाः नित्याः । अत्र केचित्---वेदाः अनित्याः, शब्दमयत्वात् । यतः शब्दोऽनित्यः कार्य्यत्वाद् घटवत् । यथा घटः कृतोऽस्ति तथा शब्दोऽपि । तस्माच्छब्दानामनित्यत्वे वेदानामप्यनित्यत्वमित्याहुः । नैवं शक्यम्, शब्दाः नित्याः, शब्दानाँ नित्यत्वाद् वेदानामपि नित्यत्वम् । तदुक्तम् पतञ्जलिना :--

नित्याः शब्दाः । नित्येषु शब्देषु कूटस्थैरविचालिभिर्वर्णैर्भवितव्यमनपायोपजनविकारिभिः ।
महा. अ. १। पा. १। मा. २ ॥

अपि च--
"श्रोत्रोपलब्धिर्बुद्धिनिर्ग्राह्यः प्रयोगेणाभिज्वलित आकाशदेशः शब्द" इति ॥
महा. अ. १। पा. १। आ. २॥

अर्थात् वैदिकाः लौकिकाश्च सर्वे शब्दाः नित्याः । यतो हि शब्दानाम्मध्ये कूटस्थाः, विनाशरहिताः, अचलाः, अनपायाः, अनुपजनाः अविकारिणो वर्णाः सन्ति । तस्मात् शब्दाः नित्याः, शब्दानां नित्यत्वाद् वेदानामपि नित्यत्वम् । धर्मार्थकाममोक्षाख्यपुरुषार्थचतुष्टयसिद्धये वेदानामध्ययनमावश्यकम् । वेदाध्ययने मानवमात्रस्याऽधिकारः । तथा च यजुर्वेदे समाम्नायते--

"यथेमां वाचं कल्याणीमावदानि जनेभ्यः । ब्रह्मराजन्याभ्याँ शूद्राय चार्य्याय च स्वाय चारणाय । प्रियो देवानां दक्षिणायै दातुरिह भूयासमयं मे कामः समृध्यतामुपमादो नमतु ॥"
यजु. अ. २६। मं. २॥

मन्त्रोऽयं शतपथब्राह्मणे व्याख्यातः, तदनुसारमेवात्रोच्यते । सर्वैर्मनुष्यैर्वेदाः अध्येतव्या इति परमेश्वरस्यादेशः । यथा प्रत्यक्षभूता ऋग्वेदादिवेदचतुष्टयी कल्याणसाधिका वाणी सर्वेभ्यो मनुष्येभ्यः सकलजीवोपकाराय आ समन्तादुपदिष्टा, तथैव सर्वैर्विद्वद्भिः सकलेभ्यो मनुष्येभ्यो वेदचतुष्टयी वागुपदेष्टव्या । न चाऽत्र जनपदेन द्विजपदस्य ग्रहणम् । वेदाध्ययनाध्यापने तेषामेवाधिकारत्वादिति वाच्यम्, उत्तरमन्त्रभागार्थविरोधात् । कस्म

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कस्य वेदाध्ययने श्रवणे चाऽधिकारोऽस्तीत्युच्यते । ब्राह्मणक्षत्रियाभ्याम् वैश्याय, शूद्राय, चारणाय अतिशूद्रायान्त्यजाय स्वाय स्वात्मीयाय भृत्याय च । सर्वैः सैषा वेदचतुष्टयी श्राव्येति । यथाऽहमीश्वरः पक्षपातं विहाय सर्वोपकारकरणेन सह वर्तमानः सन् देवानां विदुषाम् प्रियः दातुर्दक्षिणायै सर्वस्वदानाय प्रियश्च स्याम् तथैव भवद्भिः सर्वैर्विद्वद्भिरपि सर्वोपकारं स प्रियाचरणम्मत्वा सर्वेभ्यो वेदवाणी श्राव्येति । यथाऽयं मे मम कामः समृध्यते तथैवैवं कुर्वताम् तावतामियमिष्टसुखेच्छा समृध्यताम सम्यग् वर्धताम् । यथादः सर्वमिष्टसुखं मामुपनमति, तथैव भवतोऽपि सर्वमिष्टमुखमुपनमतु सम्यक् प्राप्नोत्विति । मया युष्मभ्यमाशीर्वादो दीयते इति निश्चेतव्यम् । यथा मया (परमेश्वरेण) वेदविद्या सर्वार्था प्रकाशिता तथैव युष्माभिरपि सर्वार्थोपकर्तव्या, नात्र वैषम्यं किञ्चित् कार्यम् । यथा मम सर्वप्रियार्था पक्षपातरहिता चास्ति प्रवृत्तिस्तथैव युष्माभिराचरणे कृते मम प्रसन्नता भवति नान्यथेत्यर्थः ।

यथा शरीरम् नेत्रहस्तपादाद्यङ्गमन्तरेण सुखं नावतिष्ठते, तथैव वेदाध्ययनमपि न सम्भवति वेदाङ्गमन्तरेण । तथा च वेदाङ्गानि—शिक्षा, व्याकरणम्, छन्दः, ज्योतिषम्, निरुक्तम्, कल्पश्चेति । तथा चोक्तम्पाणिनीयशिक्षायाम् :—

"छन्दः पादौ तु वेदस्य, हस्तौ कल्पोऽथ पठ्यते ।
ज्योतिषामयनं चक्षुर्निरुक्तं श्रोत्रमुच्यते ॥
शिक्षा घ्राणन्तु वेदस्य मुखं व्याकरणं स्मृतम् ।
तस्मात् साङ्गमधीत्यैव ब्रह्मलोके महीयते ॥"

शरीरावयवेषु प्रधानाङ्गं मुखमिव वेदाङ्गेषु व्याकरणम्प्रधानम् । व्याकरणम् वेदस्य मुखं वर्तते । तदुक्तम् भर्तृहरिणा :—

"आसन्नम्ब्रह्मणस्तस्य तपसामुत्तमम् तपः ।
प्रथमम् छन्दसामङ्गं प्राहुर्व्याकरणं बुधाः ॥"
वाक्यपदीये ब्रह्मकाण्डे का· ११ ॥

अर्थात् वेदस्वरूपस्य ब्रह्मणः समीपस्थं साधुत्वप्रकारकबोधद्वारा तपसाँ ब्रह्मचर्याधिशयनचान्द्रायणसन्तोषस्वाध्यायसत्यभाषणपरोपकारेश्वरचिन्तनयोगाभ्यासादीनाम्मध्ये उत्तमं दृष्टादृष्टफलजनकतया तपः अथ च छन्दसां वेदानाम्प्रथमं मुख्यं प्रधानम् अङ्गं व्याकरणमिति बुधाः ऋतम्भराभरणभूषिताः ऋषयः प्राहुः कथयन्ति । व्याक्रियन्ते व्युत्पाद्यन्ते शब्दा अनेनेति व्युत्पत्त्या करणार्थकल्युट्प्रत्ययान्तोऽयं व्याकरणशब्दः । शब्दानुशासनम् इति व्याकरणस्यान्वर्थं नाम । अनुशिष्यन्ते असाधुशब्देभ्यो विविच्य बोध्यन्ते इत्यनुशासनम्, शब्दानामनुशासनम् शब्दानुशासनमिति व्युत्पत्त्या करणार्थकल्युट्प्रत्ययान्तः शब्दानुशासनशब्दो निष्पद्यते । शास्त्रपदेन समानाधिकरण्याच्छब्दानुशासनं नाम शास्त्रम् तच्च व्याकरणमेव । अतएव भगवता पतञ्जलिना शब्दानुशासनमिति व्याकरणस्य साक्षात् प्रयोजनमभिहितम् ।

सन्ध्योपासनादिनित्यकर्मवत् व्याकरणशा[illegible]ध्ययनस्य किम् प्रयोजनमिति जिज्ञासायां व्याकरणमहाभाष्ये भगवता उक्तम्—"कानि पुनः शब्दानुशासनस्य प्रयोजनानि ? रक्षोहागमलघ्वसन्देहाः प्रयोजनमिति ।" शास्त्रादौ विषयप्रयोजनाधिकारिसम्बन्धानां निरूपणमावश्यकम् । अत एवास्य व्याकरणस्य को विषयः, किम् प्रयोजनम्, कोऽधिकारी, कश्च सम्बन्ध इति जिज्ञासायामुच्यते । लौकिकाः वैदिकाश्च शब्दाः विषयाः, तज्ज्ञानम्प्रयोजनम्, अधीनकाव्यकोशोऽनधीतव्याकरणशास्त्रस्तज्जिज्ञासुरधिकारी, प्रतिपाद्यप्रतिपादकभावश्चात्र सम्बन्धः । व्याकरणमहाभाष्ये भगवता पतञ्जलिना अष्टादशप्रयोजनानि व्याकरणाध्ययनस्योक्तानि तद्यथा—

"कानि पुनः शब्दानुशासनस्य प्रयोजनानि ? रक्षोहागमलघ्वसन्देहाः प्रयोजनम् । इमानि च भूयः शब्दानुशासनस्य प्रयोजनानि—तेऽसुराः, दुष्टः

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शब्दः, यदधीतम्, यस्तु प्रयुङ्क्ते, अविद्वांसः, विभक्तिं कुर्वन्ति, यो वा इमाम्, चत्वारि, उत त्वः, सक्तुमिव सारस्वतीम्, दशम्याम् पुत्रस्य, सुदेवो असि वरुण इति।" तानीह संक्षेपेण वर्ण्यन्ते।

वेदानाँ रक्षार्थमध्येयं व्याकरणम्। लोपागमवर्णविकारप्रकृतिप्रत्ययविभागज्ञो हि सम्यग् वेदान् परिपालयिष्यतीति। अत्रेदन्तत्त्वम्—लोके लोपाद्यदृष्टं वेदे दृष्ट्वा भ्राम्येदवैयाकरणः. वैयाकरणस्तु न भ्रमति, वेदार्थञ्चाध्यवस्यति। तत्र लोपागमयोरुदाहरणम् यथा—देवा अदुह्रेति। दुहेर्लङि झस्याऽदादेशे कृते—"लोपस्त आत्मनेपदेषु" इति तलोपः, "बहुलं छन्दसीति" रुटि सति रूपमेतत् सिध्यति। लोके च अदुहत इति प्रयोगो दृश्यते। एवम् मध्याकर्तोर्विततं संजभार—इत्यत्र हकारस्य भकारादेशः। लोके संजहार इति दृश्यते। वर्णविकारो यथा—उद्ग्राभं निग्राभञ्चेति। हृग्रहोर्भश्छन्दसि हस्येति वक्तव्यमिति" हकारस्य भकारः। "उदि ग्रहः" अत्र "उद्ग्राभनिग्राभौ च च्छन्दसि स्रुगुद्यमननिपातनयोरिति" वचनादुन्निपूर्वाद् ग्रहेर्घञ् प्रत्ययः। लोके च उद्ग्राहः, निग्राह इति दृश्यते।

ऊहः खल्वपि न सर्वैलिङ्गैर्न च सर्वाभिर्विभक्तिभिर्वेदे मन्त्राः निगदिताः। ते चावश्यं यज्ञगतेन पुरुषेण यथायथं विपरिणमयितव्याः। तान्नावैयाकरणः शक्नोति यथायथं विपरिणमयितुम्, तस्मादध्येयं व्याकरणम्। अयम्भावः—प्रकृतियागे विनियुक्तानाँ मन्त्राणां देवतादिवाचकपदानाँ विकृतियागस्य देवतादिबोधनार्थं विपरिणाम ऊह इत्युच्यते। सर्वेषाम् इष्टियागानां दर्शपूर्णमासा प्रकृतिः सर्वेषाञ्च सोमयागानामग्निष्टोमयागः प्रकृतिः। यस्मिन् यागे इति कर्तव्यतोपदिष्टा यागान्तरेणोपजीव्यते सा प्रकृतिः। यत्र च "प्रकृतिवद् विकृतिः कर्तव्येति" वचनात् प्रकृतियागेनोपजीव्यते सा विकृतिः। तत्र प्रकृतिवद् विकृतिः कर्तव्येति मीमाँसकैराद्धान्तिते न्याये प्रकृतियागे पठितस्य "अग्नये त्वा जुष्टं निर्वपामी"ति मन्त्रस्य "सौर्यं चरुं निर्वपेद् ब्रह्मवर्चसकामः" इति वचनानुसारेण सौर्ये चरौ विकृतियागे अग्निसम्बन्धिनिर्वापप्रकाशनासमर्थत्वात्तदपहाय तत्स्थाने "सूर्याय त्वा जुष्टं निर्वपामी" त्यूहार्थमध्येयं व्याकरणम्।

"ब्राह्मणेन निष्कारणो धर्मः षडङ्गो वेदोऽध्येयो ज्ञेयश्च" इति। प्रधानञ्च षट्स्वङ्गेषु व्याकरणम्। प्रधाने च कृतो यत्नः फलवान् भवति। अत्रेदं तत्त्वम—व्याकरणस्य पदपदार्थावगमद्वारा वाक्यार्थावगमोपयोगित्वात्तदध्ययनप्रयुक्तस्य वेदार्थाज्ञानप्रयुक्तस्य च प्रत्यवायस्य परिहारार्थमध्येयं व्याकरणम्।

लघ्वर्थञ्चाध्येयं व्याकरणम्। "ब्राह्मणेनावश्यं शब्दा ज्ञेयाः" इति वचनात् शब्दानामानन्त्याच्च व्याकरणमन्तरा न केनचिल्लघुनोपायेन शब्दाः शक्याः विज्ञातुम्। लौकिकानाँ वैदिकानाञ्च शब्दानां साधुत्वासाधुत्वज्ञानार्थं व्याकरणमेवैकः सरलः पन्थाः। तदुक्तम् श्रीभर्तृहरिणा।

"प्राप्तरूपविभागायाः यो वाचः परमो रसः।
यत्तत्पुण्यतमं ज्योतिस्तस्य मार्गोऽयमाञ्जसः॥"
वाक्यपदीये ब्रह्मकाँडे का० १२॥

अर्थात् अभिन्नात् संहृतक्रमात् अन्तः सन्निविष्टात् पश्यन्तीरूपात् शब्दतत्त्वात् प्राप्तो वर्णपदवाक्यरूपविभागो यया यद्वा अभिधेयत्वेन प्राप्तः रूपविभागः गवादिरर्थः कार्यकारणभावेन यया सा तस्याः प्राप्तरूपविभागायाः सक्रमायाः वाचः परमो रसः सारः व्यवस्थितसाधुभावः शब्दसमूहः यदाहुः "ऋजीषमेतद्वाचो यः संस्काररहितः शब्दः" इति निष्पीडित रसस्याग्रे रसः सारः यदन्यत् किंहंस ऋजीषः" इति यत्तत् श्रुतिप्रसिद्धं पुण्यतमम् ज्योतिः प्रकाशाप्रकाशयोः प्रकाशयिता प्रकाशकं ज्योतिः शब्दाख्यम् तस्य साधुशब्दसमूहस्य ज्ञाने अयं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सामान्यविशेषलक्षणवान् व्याकरणरूप: सरल उपाय इत्यर्थ:। प्रतिपदोक्तशब्दपारायणरूपस्तु अत्यन्त-कृच्छ्रो मार्ग:। तथा च श्रूयते—बृहस्पतिरिन्द्राय दिव्यं वर्षसहस्रं प्रतिपदोक्तानाँ शब्दानाँ शब्दपारायणं प्रोवाच नान्तं जगाम इति, तथा च लध्वर्थ-मध्येयं व्याकरणम्।

असन्देहार्थञ्चाध्येयं व्याकरणम्। याज्ञिका: पठन्ति—"स्थूलपृषतीमनड्वाहीमालभेत" इति। तत्र सन्देह:—स्थूला चासौ पृषती च स्थूलपृषती, स्थूलानि पृषन्ति यस्या: सेयं स्थूलपृषतीति तत्पुरुषो बहुव्रीहिर्वेति। ताँ नावैयाकरण: स्वरतोऽध्यवस्यति-यदि पूर्वपदप्रकृतिस्वरत्वं ततो बहुव्रीहि:, अथ समासान्तोदात्तत्वं ततस्तत्पुरुष:। सर्वव्यवहारसंपादकजात्यादिबोधकशब्दस्वरूपबोधकत्वादपि व्याकरणम्प्रशंसन्नसन्देहरूपम्भाष्योक्तम्प्रयोजन - माह भर्तृहरिर्वाक्यपदीये——

"अर्थ प्रवृत्तितत्वानां शब्दा एव निबन्धनम्।
तत्त्वावबोध: शब्दानां नास्ति व्याकरणादृते॥"
वाक्यपदीये। १ काण्डे। का· १३॥

अर्थात् घटपटाद्यर्थस्य प्रवृत्तौ व्यवहारे जलाहरणादिरूपार्थक्रियाकारित्वे अयं घट इत्यादि शब्दप्रयोगे वा निमित्तानि जातिगुणक्रियासंज्ञास्तेषां शब्दा एव बोधका: सन्ति। सर्वो हि व्यवहार: शब्दमूल:, न हि कश्चित् शब्दमनुच्चार्य व्यवहर्तुमर्हति। शब्दानां तत्त्वबोध: साधुत्वबोध: यथार्थबोधो वा व्याकरणशास्त्रज्ञानमन्तरेण न भवितुमर्हति।

तेऽसुरा: हेलयो हेलय इति कुर्वन्त: पराबभूवु:। तस्माद् ब्राह्मणेन न म्लेच्छितवै नापभाषितवै। म्लेच्छो ह वा एष यदपशब्द:। म्लेच्छा मा भूमेत्यध्येयं व्याकरणम्।

स्वरत: वर्णतो वा मिथ्या प्रयुक्त: शब्दोऽभीष्टमर्थं न कथयति। तथा चोक्तम्पतञ्जलिना——

"दुष्ट: शब्द: स्वरतो वर्णतो वा
मिथ्याप्रयुक्तो न तमर्थमाह।
स वाग्वज्रो यजमानं हिनस्ति,
यथेन्द्रशत्रु: स्वरतोपराधाद्॥ इति॥

दुष्टान् शब्दान् मा प्रयुक्ष्महीत्यध्येयं व्याकरणम्। एवं हि श्रूयते तैत्तिरीये ब्राह्मणे यत्—एकदा त्वष्टु: पुत्रं विश्वरूपमिन्द्रो जघान, तदनन्तरं त्वष्टा इन्द्रसंहारायैकमभिचारयागम्प्रास्तौत्। तत्र यागे स: "स्वाहेन्द्रशत्रुर्वर्द्धस्व" इति मन्त्रमुदाजहार। अत्र शत्रुशब्द: क्रियावाची, न तु संज्ञावाची। तस्मादयमर्थ:—शत्रु शमयिता शातयिता संहारको वेत्यर्थ:। अत्रायं सारांश: यत् त्वष्टुरिदमभिप्रेतमासीद् यद् हे अग्ने त्वमेवं वर्द्धस्व यत्तव ज्वालासमुत्पन्न: वृत्रासुर: इन्द्रशत्रुर्भवेदर्थात् इन्द्रस्य नाशको जायेत। अयमर्थस्तदैव सम्भवति यदा खलु "इन्द्रशत्रु" शब्द समासान्तोदात्तो भवेत्। समासान्तोदात्ततायामेव तत्पुरुषसमासार्थबोधो भवितुमर्हति। अत्र त्वष्टा प्रमादेन पूर्वपदप्रकृतिस्वरयुक्तं "इन्द्रशत्रुं" शब्दं पठितवान्, तेनायं शब्द: बहुव्रीहिसमासान्तो जात:। तदाऽयमर्थ: प्रस्फुटित: इन्द्र: शत्रुर्यस्येति। ततश्चाऽग्निज्वालासमुत्पन्नो वृत्रस्तत्कालमेव इन्द्रेण हत:।

यथा शुष्कैधो अग्न्यभावे कुत्रचिदपि न प्रज्वलति तथैवार्थज्ञानरहितं शब्दपारायणमात्रमध्ययनम् व्यर्थम्। तथा चोक्तम् पतञ्जलिना——

"यदधीतमविज्ञातं निगदेनैव शब्द्यते।
अनग्नाविव शुष्कैधो न तज्ज्वलति कर्हिचित्॥"

तस्मादनर्थकं माधिगीष्महीत्यध्येयं व्याकरणं। य: कुशल: शास्त्रोक्तरीत्या शब्दप्रयोगं जानाति शक्यलक्ष्यादितत्तदर्थविशेषे यथावत् शब्दान् प्रयुङ्क्ते सोऽनन्तं विजयमत्र स्वर्गे लोके च प्राप्नोति। अथ चाऽवाग्योगविदपशब्दै अर्थात् अपशब्दप्रयोगेण दुष्यति। उभयज्ञोऽपि वाग्योगवित् शब्दान् प्रयुङ्क्ते नापशब्दानिति ज्ञानपूर्वकशब्दप्रयोगाद्भ्युदयभागी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भवति । तदुक्तम्पतञ्जलिना :--

"यस्तु प्रयुङ्क्ते कुशलो विशेषे
शब्दान्यथावद्व्यवहारकाले ।
सोऽनन्तमाप्नोति जयम्परत्र
वाग्योगविद् दुष्यतिचापशब्दैः ॥"

प्रवासादेत्य शिष्येण गुरोः समक्षं नामगोत्रोच्चारणपूर्वकं प्रणामो विधेयः । अभिवादानन्तरप्रयोज्ये वचने गुरुणा प्लुतो विधेयः । यः प्लुतं कर्तुं न जानाति, सः स्त्रीवद् वक्तव्योऽयमहमिति । तदुक्तम्--

"अविद्वांसः प्रत्यभिवादे नाम्नो येन प्लुतिं विदुः ।
कामं तेषु तु विप्रोष्य स्त्रीष्विवाऽयमहं वदेत् ॥"

अभिवादे स्त्रीवन्मा भूमेत्यध्येयं व्याकरणम् ॥

याज्ञिकाः पठन्ति--"प्रयाजाः सविभक्तिकाः कार्याः" इति । न चान्तरेण व्याकरणं प्रयाजाः सविभक्तिकाः शक्याः कर्तुम् । यो वा इमां पदशः स्वरशोऽक्षरशश्च वाचं विदधाति स आर्त्विजीनो भवति । आर्त्विजीनाः स्यामेत्यध्येयं व्याकरणम् ।

व्याकरणाध्ययनमन्तरेण पदपदार्थज्ञानं न भवितुमर्हति । अतः निम्नवेदमन्त्रं व्याख्यायता भगवता पतञ्जलिना व्याकरणाध्ययनस्य शब्दरूपेण देवेनास्माकं साम्यरूपप्रयोजनसहकारेण समस्तपदानां वर्गीकरणम्बोधितम् :--

चत्वारि शृङ्गा त्रयो अस्य पादा
द्वे शीर्षे सप्त हस्तासो अस्य ।
त्रिधा बद्धो वृषभो रोरवीति
महो देवो मर्त्यां आविवेश ॥

चत्वारि शृंगाणि चत्वारि पदजातानि नामाख्यातोपसर्गनिपाताश्च । त्रयो अस्य पादाः त्रयः कालः भूतभविष्यद्वर्तमानाः । द्वे शीर्षे द्वौ शब्दात्मानौ नित्यः कार्यश्च । सप्त हस्तासो अस्य सप्त विभक्तयः । त्रिधा बद्धः त्रिषु स्थानेषु बद्ध उरसि कण्ठे शिरसीति । वृषभो वर्षणात् । रोरवीति शब्दं करोति । कुत एतद् ? रौतिः शब्दकर्मा । महो देवो मर्त्यां आविवेशेति । महता देवेन नः साम्यं यथा स्यादित्यध्येयं व्याकरणम् । अपर आह--

"चत्वारि वाक् परिमिता पदानि
तानि विदुर्ब्राह्मणा ये मनीषिणः ।
गुहा त्रीणि निहिता नेङ्गयन्ति
तुरीयं वाचो मनुष्याः वदन्ति ॥"

चत्वारि वाक् परिमिता पदानि । नामाख्यातोपसर्गनिपातभेदात् चत्वारि पदानि वर्तन्ते । नामादिरूपस्य प्रत्येकस्य पदस्य परापश्यन्तीमध्यमावैखरीभेदाच्चत्वारोंशाः । तानि विदुर्ब्राह्मणाः ये मनीषिणः । मनस ईषिणो मनीषिणः । गुहा त्रीणि निहिता नेङ्गयन्ति । गुहायां परापश्यन्तीमध्यमारूपाणि निहितानि, नेङ्गयन्ति न चेष्टन्ते न निमिषन्तीत्यर्थः । तुरीयं वाचो मनुष्याः वदन्ति । तुरीयं वा एतद्वाचो यन्मनुष्येषु वर्तते, चतुर्थमित्यर्थः । वैयाकरणः शास्त्रबलेन तद्बललब्धयोगेन च व्याकरणप्रदीपन गुहान्धकारं विदार्य सर्वं जानाति । तस्मात् सकलपदज्ञानाय मनीषित्वाय चाध्येयं व्याकरणम् ।

पुनश्च भगवता पतञ्जलिना निम्नवेदमन्त्रमुपस्थापयता वाग्विस्तारसम्पत्तिरूपव्याकरणाध्ययनप्रयोजनम्प्रतिपादितम् :--

"उत त्वः पश्यन्न ददर्श वाच
मुत त्वः श्रण्वन्न शृणोत्येनाम् ।
उतो त्वस्मै तन्वं विसस्रे
जायेव पत्ये उशती सुवासाः ॥"
ऋ० १०।७१।४॥

अवैयाकरणः प्रत्यक्षेण शब्दस्वरूपमुपलभमानोऽपि अर्थापरिज्ञानान्न पश्यति, शृण्वन्नपि न शृणोत्येनां वाचम् । यथा पत्नी पतिं कामयमाना सम्यगलङ्कृता सती पत्ये आत्मानं दर्शयति, तथैव वाग् वैयाकरणाय अनुप्रासादिविविधालङ्कारभूषिता सती स्वात्मानं प्रकाशयति । वाङ् मो

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विवृणुयादात्मानमित्यध्येयं व्याकरणम् ।

ततः असाधुशब्देभ्यो विविच्य साधुशब्दज्ञान-रूपम्प्रयोजनमाह :—

"सक्तुमिव तितउना पुनन्तो
यत्र धीरा मनसा वाचमक्रत ।
अत्रा सखायः सख्यानि जनते-
भद्रेषाँ लक्ष्मीर्निहिताधिवाचि ।।"
ऋ० १०।७१।२ ।।

सक्तुः सचतेर्दुर्धावो भवति कसतेर्वा विपरीता-द्विकसितो भवति । तितउ परिपवनं भवति–ततवद्वा तुन्नवद्वा । धीरा ध्यानवन्तः, मनसा प्रज्ञानेन वाच-मक्रत वाचमकृषत । अत्रा सखायः सख्यानि जानते । अत्र सखायः सख्यानि सायुज्यानि जानते । क्व, य एष दुर्गो मार्गः एकगम्यो वाग्विषयः । के पुनस्ते ? वैयाकरणाः । कुत एतत् ? भद्रेषां लक्ष्मी-र्निहिताधि वाचि । एषां वाचि भद्रा लक्ष्मीर्निहिता भवति । लक्ष्मीर्लक्षणाद् भासनात् परिवृढा भवति । अत्रेदन्तत्त्वम्–ये व्याकरणे धीराः ध्यानवन्तः सन्तः ध्यानयुक्तमनसा तत्करणकज्ञानेन तितउना सक्तुमिव वाचमसाधुभ्यो विविक्ताँ कृतवन्तस्ते तत्करणेन शुद्धचित्ता अत्र शब्दब्रह्मणि शब्दार्थयोरभेदबुद्ध्या-भेदज्ञानवन्तः सायुज्यानि प्राप्नुवन्ति । ब्रह्मणा नः साम्यं यथा स्यादित्यध्येयं व्याकरणम् ।

वाजसनेयिनः पठन्ति–आहिताग्निरपशब्दम्प्र-युज्य सारस्वतीमिष्टिं निर्वपेदिति । प्रायश्चित्तीया मा भूमेत्यध्येयं व्याकरणम् । ततः नामकरणेषु विहित नामस्वरूपज्ञानरूपम्प्रगोजनमाह भाष्य-कारः–

याज्ञिकाः पठन्ति–दशम्युत्तरकालं पुत्रस्य जातस्य नाम विदध्याद् घोषवदाद्यन्तरन्तःस्थम-वृद्धं त्रिपुरुषानूकमनरि प्रतिष्ठितम् । तद्धि प्रति-ष्ठिततमम्भवति । द्व्यक्षरं चतुरक्षरं वा नामकृतं कुर्यान्न तद्धितमिति । व्याकरणं विना कृदादिज्ञाना-भावान्नामकरणासम्भवात् व्याकरणाध्ययनमावश्य-कम् । ततश्चान्तिमं प्रयोजनमाह सुदेवो असीति :–

"सुदेवो असि वरुण यस्य ते सप्त सिन्धवः ।
अनुक्षरन्ति काकुदम् सूर्म्यं सुषिरामिव ।।"

सुदेवो असि वरुण, सत्य देवोऽसि । यस्य ते सप्त सिन्धवः सप्त विभक्तयः अनुक्षरन्ति काकुदम् । काकुदं तालु । ककुर्जिह्वा, सास्मिन्नुद्यत इति काकुदम् । सूर्म्यं सुषिरामिव । तद्यथा शोभनामूर्मिं सुषिरामग्निरन्तःप्रविश्य दहति, एवं ते सप्तसिन्धवः सप्त विभक्तयस्ताल्वनुक्षरन्ति । तेनासि सत्यदेवः । अत्रेदन्तत्त्वम् :— यतो हेतोर्व्याकरणज्ञानाद्वरुण ! सत्यदेवोऽसि ततो हेतोरन्येऽपि सत्यदेवा भवन्ति । यथा सच्छिद्रां लौहमयीम्प्रतिमाम्प्रविश्याग्निस्तत्र-त्यमलादिकम्भस्मीकृत्य प्रतिमां शुद्धां करोति, तथा सप्त सिन्धवः इव सप्तविभक्तयोऽपि ताल्वनुप्राप्य प्रकाशन्ते । सत्यदेवाः वयं स्यामेत्यध्येयं व्या-करणम् । श्रीमता भास्कराचार्येणाप्युक्तम् :—

"यो वेद वेदवदनं सदनं हि सम्यग्
ब्राह्मयाः स वेद मपि वेदकिमन्यशास्त्रम् ।
यस्मादतः प्रथममेतदधीत्य धीमान्
शास्त्रान्तरेषु भवति श्रवणेऽधिकारी ।।

भाषा एव मानवसमाजस्याभिप्रायाणाम्परस्पर व्यक्तीकरणस्य मुख्यं साधनं वर्तते । भाषाणां संस्कारणार्थं व्याकरणशास्त्रस्याध्ययनमावश्यकम् । रूसीजर्मनफ्रेञ्चस्पेनिशाङ्गलप्रभृतीनां विदेशीय-भाषाणां तुलनात्मकाध्ययनार्थञ्च संस्कृत व्याकरण-शास्त्रस्य तत्तद्भाषास्थव्याकरणशास्त्रस्य चाध्ययन-मावश्यकम् । यतो हि सर्वासु विदेशीय भाषासु संस्कृत शब्दानामेव मूलं दृश्यते ।

संस्कृतभाषायां विविधानां शिल्पसङ्गीतनृत्य-वादित्रचित्रादिकलानाम्भौतिकरसायनजीववनस्पति-ज्योतिर्विज्ञानप्रभृतीनां विषयाणां विविधाः ग्रन्थाः वर्तन्ते । तेषां सम्यगध्ययनं विधाय तदनुकूलव्यव-हारेण मानवसमाजस्यातीवोपकारो भवितुमर्हति । व्याकरणज्ञानमन्तरेण पदपदार्थप्रकृतिप्रत्ययज्ञाना-भावान्नैतत् सम्भाव्यते, अतोऽध्येयं व्याकरणम् ।

संस्कृतभाषायां मनुष्यपशुपक्षिवृक्षवनस्पतीनां चिकित्साविज्ञानस्य बहवो ग्रन्थाः वर्तन्ते । आधु-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निकविविधचिकित्साविज्ञानान्यपि आयुर्वेदमूलकान्येव. तद्विकासार्थमध्येयं व्याकरणम् ।

नानाविधयन्त्रादिनिर्माणविज्ञानवायुविज्ञानभूगर्भविज्ञानान्तरिक्षविज्ञाननगरविज्ञानवास्तुविज्ञान - नानाविधयानविमानविज्ञानमूलकानि ग्रन्थविशेषाणिसंस्कृतभाषायामेव वर्तन्ते । तेषामध्ययनार्थमनुसन्धानार्थञ्चाध्येयं व्याकरणम् ।

इतिहासभूगोलकृषिशस्त्रोद्यानविद्या (हार्टिकल्चर) धनुर्विज्ञानप्रभृतीनाम्महत्त्वपूर्णानां विषयाणां विविधाः ग्रन्थाः, किञ्च आन्वीक्षिक्यादयश्चतुर्दशविद्याः षोडशकलाश्च संस्कृतभाषायामेव वर्तन्ते । अतस्तेषां गूढज्ञानार्थं व्याकरणशास्त्रज्ञानमावश्यकम् । अतोऽस्मिन्नाधुनिके वैज्ञानिकयुगेऽपि व्याकरणशास्त्राध्ययनम् महत्त्वपूर्णमिति न तिरोहितम् विदुषाम् ।

वैयाकरणाः साधुशब्देष्विव घड़ा-गगरी-थाली-[illegible]-प्रभृतिष्वसाधुशब्देष्वपि अर्थबोधकताशक्ति स्वीकुर्वन्ति । यदा असाधुशब्देभ्योऽप्यर्थोऽवगन्तुं शक्यते तर्हि किम् व्याकरणाध्ययनेन ? इति शङ्कायाम्महाभाष्ये भगवता पतञ्जलिना—"समानायामर्थावगतौ शब्देन चापशब्देन शास्त्रेण धर्मनियमः," "लोकतोऽर्थप्रयुक्ते शब्दप्रयोगे शास्त्रेण धर्मनियमः" इति च विधाय साधुशब्देनैवार्थज्ञाने पुण्यम्भवति, नापशब्देनार्थज्ञान इति स्वीकृतम् । अत्र "एकः शब्दः सम्यग् ज्ञातः सुप्रयुक्तः स्वर्गे लोके च कामधुग् भवतीति" प्राचीनोक्तिरपि सङ्गच्छते । एवं साधुत्वासाधुत्वज्ञानार्थम्पुण्यलाभार्थञ्च व्याकरणशास्त्रज्ञानमावश्यकम् ।

किम् बहुना, व्याकरणज्ञानमन्तरेण वेदानामर्थो न ज्ञातुं शक्यते । अतः वेदबोधितेष्टसाधनताकं कर्म कुर्वद्भिरपि जनैर्न तत्फलम्प्राप्यते । तथा च समाम्नायते—

"स्थाणुरयम्भारहारः किलाभू-
दधीत्य वेदं न विजानाति योऽर्थम् ।
योऽर्थज्ञ इत्सकलं भद्रमश्नुते
नाकमेति ज्ञानविधूतपाप्मा ।।"

अपि च—

"उत त्वं सख्ये स्थिरपीतमाहु-
र्नैनं हिन्वन्त्यपि वाजिनेषु ।
अधेन्वा चरति माययैष
वाचं शुश्रुवाँ अफलामपुष्पाम् ।।"

क्व पुनर्ज्ञानम्प्रशस्यतेऽज्ञानञ्च निन्द्यते इति चेदुच्यते—लोके शास्त्रे च । लोके तावद् यः कश्चित् विद्वान् भवति स पूज्यते पुण्यफलैर्विभिन्नै-स्तदेतत् प्रत्यक्षत एव दृष्टम् शास्त्रेऽपि – स्थाणुरयं भारहारः इत्यादि । "स्थाणुर्वृक्षः" स यथा पत्रपुष्पफलानामात्मीयानाँ धारणमात्रेणैव सम्बध्यते-न तज्जैर्गन्धरसरूपस्पर्शोपभोगसुखैः । एवञ्च किलासावधीत्य वेदं न विजानाति योऽर्थं तस्य वेदस्याध्ययनभारमात्रमेव ह्यसौ बिभर्ति । योऽर्थज्ञ इत् सकलं भद्रमश्नुते य एवार्थज्ञो भवति न ग्रन्थमात्राध्येता स एव सकलमनवखण्डितं भद्रमश्नुते अर्थपरिज्ञानफलमश्नुते प्राप्नोति । किम् पुनस्तत् ! इह लोके पूज्यतामुपेत्य शिष्टानाम् इतो लोकान्तकाले 'नाकमेति" यत्रासुखं किञ्चिदपि नास्ति, आध्यात्मिकमाधिदैविकमाधिभौतिकं वा "कमिति सुखनाम, तत् प्रतिषिद्धम् । प्रतिषिध्येत "न वा अमुं लोकं जग्मुषे किञ्च नाकम् । न वा अमुं लोकं गतवते किञ्च नासुखम् । पुण्यकृतो ह्येव तत्र गच्छन्ति—इति नैगमकाण्डे २, ४, २ । तत् स्थानमेति निरतिशयम् । कस्मात् पुनरसावीदृशं स्थानमेति ? इति । उच्यते इतः । यस्मादसौ ज्ञानविधूतपाप्मा । ये हि नाकगमनप्रतिबन्धिनः पाप्मानः, ते तस्य ज्ञानेन विधूताः, अतोऽसावेति नाकम् । युक्तमन्यत्राऽपि न हि ज्ञानेन सदृशम्पवित्रमिह विद्यते इति ।

अथवा स्थाणुर्गर्दभः । स यथा चन्दनभारं वहत्येव, तदुपभोगैर्नाभिसम्बध्यते, एवं यो ग्रन्थ-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मात्राध्येता नार्थज्ञः। एवं तावदस्मिन् ज्ञानम्प्रशस्तम्।

उत त्वं सख्येस्थिरपीतमाहुरिति। अपि बहून् विदुषः "सख्ये" सखिभावे कतरस्मिन् देवसख्ये समानाख्यानतायां देवसायुज्ये इत्यर्थः। बक्ष्यति हि-याँ याँ हि देवताँ निराह, तस्यास्तस्याः स्तादभाव्यमनुभवति" इति। अथवा देवसख्ये रमणीये स्थाने, देवलोके इत्यर्थः। किम्? इति स्थिरम् अविचालिनम् अप्रच्यवनधर्माणम्। कमेवमाहुः? विपीतार्थम्, आपीतार्थं गृहीतार्थमित्यर्थः। क एवमाह? इत्येव वाक् ऋक्-संहिता। किञ्च नैनं हिन्वन्त्यपि वाजिनेषु। एनं वागर्थज्ञं न हिन्वन्ति नानुगन्तुं शक्नुवन्ति। केषु? वाजिनेषु वाग्ज्ञेयेषु अर्थेषु बलवत्स्वपि दुर्ज्ञेयेषु दुरवघटनीयेषु समुद्रनिहितरत्नसन्निभेषु देवतापरिज्ञानादिषु व्याकर्त्तव्येषु। स हि तान् व्याकर्तुम शक्नोति, नेतरे मन्दबुद्धयो बहवोऽपि समागताः शक्नुवन्ति तानर्थान् व्याकर्त्तुम्, यान् असौ व्याकरोति। अत एतदुक्तम्-नैनं हिन्वन्त्यपि वाजिनेषु। अप्येवं तावदर्थज्ञः प्रशस्तः।

अथेदानीमविद्वानुत्तरेणार्द्धर्च्चेन निन्द्यते-अधेन्वा चरति। अधेन्वा ह्येष चरति न हि सा वाक् हिनोतीह न परत्र च यस्या अर्थो न परिज्ञायते। तथा गृहीतयैव नामधीयान इतश्चेतश्चरति तत् प्रधान एव सर्वतः पर्य्यटतीत्यभिप्रायः। किञ्च मायया चरति गृहीतया यथा हि कश्चिन्मायया सुवर्णं विभृयात्, एवमयं वाचमेव सताम्बिभर्ति। सा तादृशी ध्रियमाणा वाक् किं करोति? नास्मै कामान् दुग्धे। कतमान्? ये तस्याः वाचो दोह्याः। क्व? "देवतास्थानेषु मनुष्यस्थानेषु च। यः किं करोति? य एवं शुश्रुवान् श्रुतवान् भवति। कथम्? अफलामपुष्पामिति। एवं यः श्रुतवान् भवति, एभ्यः सकाशात् श्रुत्वा च दृढ़ेन गृहीत्वावस्थितो भवति, अध्ययनादृते नान्यस्मिन् वाचि किञ्चित् मृग्यमिति। तस्मै किम्? इति "अफलैवास्मा अपुष्पा च वाग् भवतीति। यथैव ह्यसौ पश्यति अफलेयमपुष्पा चेति तथैव भवतीत्यभिप्रायः। तथा च मनुनाऽप्युक्तम्—

"योऽनधीत्य द्विजो वेदमन्यत्र कुरुते श्रमम्।
स जीवन्नेव शूद्रत्वमाशु गच्छति सान्वयः॥"

तथा च पौराणिकैरुद्गीयते—

"योऽधीत्य विधिवद् विप्रो वेदार्थं न विचारयेत्।
स च लोके शूद्रसमः पात्रतां न प्रपद्यते॥
वेदस्याध्ययनं सर्वम् धर्मशास्त्रस्य चापि यत्।
अजानतोऽर्थम् तत्सर्वम् तुषाणां कण्डनं यथा॥
पाठमात्ररतान्नित्यं द्विजातीयांश्चार्थवर्जितान्।
पशूनिव च तान् प्राज्ञो वाङ्मात्रेणाऽपि नार्चयेदिति

व्याकरणशास्त्रम् आयुर्वेद इव वाङ्मलानां चिकित्सकः, सर्वविद्यादृतः सर्वविद्यापवित्रः सन् मोक्षाख्यपरमपुरुषार्थप्राप्तये एकः सरलः पन्थाः। लोके सर्वाः विद्याः शब्दैर्निबद्धाः, अतः सर्वासां विद्यानां शक्तिग्राहकः सन् व्याकरणम् वेदज्ञानद्वारा मोक्षस्य द्वारम् वर्तते। किञ्चेदम् मोक्षङ्क्षमयमानानाङ्कृते सिद्धिसोपानपर्वणामाद्यम्पदस्थानम्, अकुटिलो राजमार्गश्च वर्तते, ततश्च ब्रह्मसाक्षात्कारो जायते। तथा चोक्तम् वाक्यपदीये ब्रह्मकाण्डे--

तद् द्वारमपवर्गस्य वाङ्मलानां चिकित्सितम्।
पवित्रं सर्वविद्यानामधिविद्यम्प्रकाशते॥
यथार्थजातयः सर्वाः शब्दाकृतिनिबन्धनाः।
तथैव लोके विद्यानामेषा विद्या परायणम्॥
इदमाद्यम्पदस्थानम् सिद्धिसोपानपर्वणाम्।
इयं सा मोक्षमाणानामजिह्मा राजपद्धतिः॥
अत्रातीतविपर्यासः केवलामनुपश्यति।
छन्दस्यश्छन्दसां योनिमात्मा छन्दोमयीं तनुम्॥
प्रत्यस्मितभेदाया: यद्वाचो रूपमुत्तमम्।
तदस्मिन्नेव तमसि ज्योतिः शुद्धम्प्रवर्तते॥"

वाक्यपदीये ब्रह्मकाण्डे श्लोकः १४, १८॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अंगारों पर दहक रही है........

महावीर 'नीर' विद्यालंकार

अंगारों पर दहक रही है, चिता आज अरमानों की।
मंझधारों में भटक रही है, किश्ती आज दीवानों की।।

आज सूर्य को फिर से, देखो, तिमिर आँख दिखलाता है।
जीवन के हर स्वर्णिम पथ पर, कौन धुंध छिटकाता है।।

दीवारों पर लटक रही है, कथा आज बलिदानों की......

कहीं किसी की उमर बिक रही, चाँदी की टकसालों में।
कहीं किसी की भूख बिक रही, गली मौहल्ले वालों में।।

बाजारों में तड़प रही है, लाश आज कुछ दानों की......

नाच-रंग की लगी चौकड़ी, मस्त हुए पीने वाले।
रिश्वत, चोर-बाजारी पनपी, बढ़े दुष्ट, धंधे–काले।।

अखबारों में निकल रही है, कथा दुष्ट नादानों की......

दिशा-भ्रमित से भटक रहे हैं, लक्ष्य सुनिश्चित नहीं अपना।
दयानन्द, गाँधी, गौतम का, दलित हो रहा सब सपना।।

दरबारों में सिसक रही है, अर्थी उन परवानों की......

मांग किसी की भरने वाले, स्वयं माँग कर बैठे हैं।
लाज किसी की ढकने वाले, स्वयं लाज खो बैठे हैं।।

आचारों में झलक रही है, कुण्ठा अब इन्सानों की......

हर क्यारी में फूल खिले हैं, सब खेतों में पानी है।
शस्य-श्यामला धरणी लेकिन, फिर भी क्यों कंगाली है।।

अंधियारों में भटक रही है, दिशा आज निर्माणों की.......

'नीर' आज बोझिल जीवन का, भार ढो रहा हर मानव।
दुर्लभ है अमरत्व कथा अब, व्यथित घूमता हर मानव।।

व्यवहारों में दीख रही है, व्यथा-कथा मस्तानों की.......

—•—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

श्रद्धेयाचार्यवर्यस्मरणम्

अथर्ववेद काँड १, सूक्त २२ में सूर्य-किरण-चिकित्सा का वर्णन है। जल रोग दूर करने में परम साधन और जीवन शक्ति दाता है, अतः वैदिक निघण्टु में जल को अमृत कहा है। अमृत-मुदकनाम, निघण्टु १।१२।

'अप्स्वन्तरमृतमप्सु भेषजम्" अथर्व० १।४।४ जलों में अमृत है, जीवन देने वाली शक्ति है और जलों में भेषज भी है।

इस जल-चिकित्सा का स्पष्ट वर्णन अथर्ववेद काँड ६, सूक्त ५७ में है। प्राकृतिक पदार्थों में अग्नि भी 'भेषज'-रूप है, यह शीत का औषध है। वेद में कहा भी है—

अग्निर्हिमस्य भेषजम्। यजुः २३।१०। रोगी के शीत दूर करने तथा शीत से उत्पन्न रोगों को हटाने के लिए अग्नि का उपयोग करना चाहिये।

अग्नि में होम करना, अग्नि और वायु की सम्मिलित चिकित्सा तथा होमचिकित्सा का विधान, अथर्ववेद काँड १९ सूक्त ३८ में है।

बरेली के डा० फुन्दनलाल जी एम. डी; होम-चिकित्सा द्वारा क्षय रोगियों को अच्छा कर देते हैं। इस सम्बन्ध में उन्होंने एक ग्रन्थ 'यज्ञ-चिकित्सा' भी लिखा है।

अथर्ववेद काण्ड ४, सूक्त १२ में 'शल्यचिकित्सा' का वर्णन है।

यां ते रुद्र इषुमास्यदंगेभ्यो हृदयाय च।
इदं तामद्य वयं विषूचीं विवृहामसि ॥
(अथर्व० ६।९०।१)

अर्थ— (रुद्रः) रुलाने वाले क्रूर मनुष्य ने (ते) हे आहत! तेरे (अंगेभ्यः) अंगों के लिये अंगों में घुसाने के लिए (च) और (हृदयाय) हृदय के लिये हृदय को वेदना देने के लिये, प्राण हरने के लिये (याम्) जिस-जिस (इषुम्) चुभने-अन्दर घुसने वाले वाण आदि शस्त्र को (आस्यत्) फेंका है। (वयम्) हम (अद्य) आज-अब (ताम्) उस (विषूचीम्) विषरूप विकार फैलाने वाले को (इदम् विवृहामसि) इसी प्रक्रिया से शस्त्र से चीर-फाड़ कर निकालते हैं।

शरीर के अन्दर किसी शस्त्र का टुकड़ा घुस जाने पर उसे शीघ्र से शीघ्र शल्यक्रिया से बाहर निकाल देना चाहिए, क्योंकि वह शरीर में, रुधिर में तथामाँस और हड्डी के अन्दर रह कर विषविकार-विष जैसे प्रभाव को फैलाकर जीवन का घातक बनता है। अनेक पाश्चात्य विद्वानों ने भी हमारी शल्य चिकित्सा सर्जरी और अस्थिविद्या की भूरि प्रशंसा की है।

श्री बेबर लिखते हैं—'आज भी पाश्चात्य विद्वान् भारतीय शल्य चिकित्सा से बहुत कुछ सीख सकते हैं। उन्होंने कटी हुई नाक के जोड़ने की विधि भारतीयों से सीखी थी'।४

श्री मेक्डानल—भी इसी का समर्थन करते हैं—नाक का आपरेशन और कृत्रिम नाक बनाना अंग्रेजों ने भारतीयों से विगत शताब्दी में सीखा था।५

सर डब्ल्यू० हण्टर के कथनानुसार— 'हिन्दू नाक, कान आदि के चीर-फाड़ और उनकी कृत्रिम रचना में विशेष निपुण थे। जिसे कि योरोपियन सर्जनों ने उनसे लिया है। प्राचीन भारतीय अंग-च्छेद करते थे रुधिरस्राव को रोक सकते थे, पथरी निकालते थे, अन्त्रवृद्धि, भगन्दर, नाड़ी व्रण एवं अर्श को वे ठीक कर देते थे। वे गर्भ एवं स्त्रियों के रोगों के सूक्ष्म आपरेशन करते थे'।६

डा० सील—बतलाते हैं कि यहाँ विद्यार्थियों को सिखाने के लिये शवों का आपरेशन होता था।

---

४. 'Weber's Indian literature" pp. 2[illegible]
५. "History of Sanskrit literature" pp. 247.
६. "Indian Gazetteer" India, pp. 22[illegible]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इतिहासकार एल्फिन्सटन७ की सम्मति है कि भारतीयों का शल्यशास्त्र उसी कमाल का है--जैसी कि उनकी औषधियाँ।

पादरी पीटर पर्सिकल लिखते हैं:- उन (हिन्दुओं) की प्राचीन पुस्तकों में १२७ प्रकार के चीरफाड़ के अस्त्रों का वर्णन है।८

विदुषी मेनिंग बतलातीं हैं:--प्राचीन आर्यों के अस्त्र इतने तीव्र थे कि लम्बाई में बाल को चीर कर दो भाग कर देते थे।६

'सुश्रुत' में शल्य विद्या का बहुत वर्णन मिलता है।१०

'भोज प्रबन्ध' में लिखा है कि राजा के सिर में बहुत दर्द होता था। बहुत चिकित्सा कराने पर भी उसे आराम न हुआ। एक दिन उसके दरबार में दो वैद्य आए, जिन्होने मस्तिष्क का आपरेशन किया और फिर संजीवनी से उनकी मूर्च्छा को दूर कर दिया।११

इसी प्रकार गोडल के ठाकुर साहब द्वारा लिखित "मानव विज्ञान" में लिखा है--जीवक महात्मा बुद्ध का निजी वैद्य था। उसने भी एक वार कुशलता से उनकी खोपड़ी का आपरेशन (Cranical Surgery) किया था।१२

---

७. "ओझाजीकृत मध्यकालीन भारतीय संस्कृति" पृष्ठ १०२।
८. "History of India" pp. 147.
६. "The land of the Vedas" pp. 39.
१०. "Ancient and medaeval India" Vol II pp. 346.
११. ओझाजीकृत "मध्यकालीन भारतीय संस्कृत पृष्ठ ६६।
१२. साप्ताहिक "श्री वेंकटेश्वर समाचार" बम्बई का "दीपमालिकाँक" वर्ष ४५, शुक्रवार २१ वीं अक्टूबर, सन् १९४९ ई० संख्या २५, पृष्ठ ७१।

महाभारत में भीष्म के शरशय्या पर लेटने पर दुर्योधन का शल्य निकालने वाले वैद्यों के लाने का उल्लेख है।१३

'विनयपिटक' के 'महावग्ग' में लिखा है--अश्वघोष ने एक भिक्षुक के भगन्दर रोग पर शल्य कर्म का प्रयोग किया था।१४

सुश्रुत ने यन्त्रों, जो चीरने के काम में आते हैं, की संख्या १०१ मानी है, परन्तु वाग्भट्ट ने ११५ मानकर आगे लिख दिया है कि कर्म अनिश्चित है, इसलिए यन्त्रसंख्या भी अनिश्चित है। वैद्य अपने आवश्यकतानुसार यन्त्र बना सकता है। शस्त्रों की संख्या भिन्न भिन्न विद्वानों ने भिन्न-भिन्न मानी है। यन्त्रों का विस्तृत वर्णन भी उन ग्रन्थों में दिया है। अर्श, भगन्दर, योनिरोग, मूत्रदोष, आर्तव दोष, शुक्रदोष आदि के लिए भिन्न-भिन्न यन्त्र प्रयुक्त होते थे। व्रणबस्ति, बस्तियन्त्र, पुष्पनेत्र लिंग में औषध प्रविष्ट करने के लिये, शलाका यन्त्र, नखाकृति, गर्भशंकु जीवित शिशु को गर्भाशय से बाहर निकालने के लिये, सर्पमुख आदि सीने के लिये बहुत से यन्त्र हैं। व्रणों और उदरादि सम्बन्धी रोगों के लिये भिन्न-भिन्न प्रकार की पट्टी बाँधने का भी वर्णन किया गया है। (सुश्रुतसं० २५।२८)

गुदभ्रंश के लिये चर्मबन्धन का भी उल्लेख है जो मनुष्य या घोड़े के बाल सीने आदि के लिये प्रयोग में आते थे। दूषित रुधिर निकालने के लिये जोंक का भी प्रयोग होता था। जोंक की पहले परीक्षा कर ली जाती थी कि वह विषैली है अथवा नहीं। टीके के समान मूर्छा में शरीर को तीक्ष्ण अस्त्र से लेखन कर दवाई को रुधिर में मिला दिया जाता था। (सुश्रुत सं० २५।११)

गति व्रण तथा अर्बुदों की चिकित्सा में भी

---

१३. वही, पृष्ठ ७१ १४. वही, पृ० ७१।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सूचियों का प्रयोग होता था। त्रिकूर्चक शस्त्र का भी कुष्ठ आदि में प्रयोग होता था। आजकल लेखन करते समय टीका लगाने के लिये जिस तीन-चार सुइयों वाले औजार का प्रयोग होता है, वह यही त्रिकूर्चक है। वर्तमानकाल का 'टूथ एलिवेटर' पहले दन्तशंकु के नाम से प्रचलित था। प्राचीन आर्य कृत्रिम दाँतों का बनाना और लगाना तथा कृत्रिम नाक बना कर सीना भी जानते थे। दाँत उखाड़ने के लिये एनीपद शस्त्र का वर्णन मिलता है। मोतिया बिन्द के निकालने के लिये भी अस्त्र था। कमलनाल का प्रयोग दूध पिलाने अथवा वमन कराने के लिए होता था, जो आजकल के स्टमक पम्प का कार्य देता था।"१५

सर्पविष-चिकित्सा--साँप जब किसी को काटता है तो काटते ही तुरन्त छिद्र वाले दातों द्वारा विष की थैली में से इंजेक्शन की भांति विष को अन्दर छोड़ देता है। वह विष पुनः रक्त के साथ हृदय में पहुंच उसे स्तब्ध कर देता है। सबसे विषैले सर्प नाग होता है। साँपों की और भी अनेक जातियाँ होती हैं।१६

अथर्ववेद काण्ड ५, सूक्त १३ में सर्पविष दूर करने की मन्त्रविद्या आश्वासनचिकित्सा का वर्णन है। इसी को संवशीकरण (Hypnotism) भी कहते थे।

---

१५. "त्रैमासिक नागरी-प्रचारिणी-पत्रिका" काशी भाग ८, अंक १, २ में प्रकाशित प्राचीन शल्यतन्त्र" शीर्षक लेख; तुलना करो प्रो० शिवदत्त ज्ञानी एम० ए० कृत "भारतीय संस्कृति" द्वितीय संस्करण पृ० ३२२।

१६. साँपों के विषय में विशेष जानकारी के लिये पाठकों को श्रीरामेश बेदी आयुर्वेदालंकार कृत "साँपों की दुनियाँ" पुस्तक, देखनी चाहिये। --लेखक।

अथर्ववेद काण्ड ७, सूक्त ९३ में विषैले सर्प के काटे घाव पर स्थावर विष लगाने का वर्णन है।

'चरक' के विष चिकित्सा प्रकरण में विष की विष से चिकित्सा बतलायी गई है। वहाँ, जंगम सर्प आदि के विष को स्थावर विष नष्ट करता है, ऐसा कहा है--

तस्मात् दंष्ट्रिविषं मौलं हन्ति मौलं च दंष्ट्रजम्।" --चरक, विषचिकित्सा अ०२३।१५)।

'अथर्ववेद' में "....अहिमेवाभ्यपेहि तं जहि (अथर्व० ७।९३।१) काटने वाले सर्प पर आक्रमण कर उसे मार। इस आदेश के अनुसार जिसको जिस सर्प ने काट लिया हो, वह मनुष्य उसी सर्प पर तुरन्त आक्रमण करके उसे मार दे, पुनः सर्प विष का प्रभाव नष्ट हो जाएगा।

'सुश्रुत' में भी उसी साँप को मार देने से सर्प-विष दूर हो जाने की यह चिकित्सा दी है "स दष्टव्योऽथवा सर्पो लोष्टो वाऽपि तत्क्षणम्" (सुश्रुत, सर्पदष्ट चिकित्सा अ० ५।६)।

"दष्टमात्रो दशेदाशु तमेव पवनाशिनम्"

--(अष्टाँग हृदय, उत्तर अ० ३६।४०)।

जिसको जिस सर्प ने काटा हो वह तुरन्त उसी सर्प को काट ले ऐसा कहा गया है। 'अथर्ववेद' काण्ड ६, सूक्त १२ में आत्मिक बल से 'सर्प-चिकित्सा' का वर्णन है।

'अथर्ववेद' काण्ड १०, सूक्त ४, में विद्युत, सूर्यकिरणों तथा जल के फुवारों से सर्प-विष को निर्बल करने का वर्णन है।

'ऋग्वेद, मण्डल' १, सूक्त १९१ में सर्पविष पर 'सोमवनस्पति' और गोघृत के सेवन का वर्णन है।

अथर्ववेद काण्ड ७, सूक्त ५६, मन्त्र २। "मधुश्चुन्मधुलामधु" में मुलहटी द्वारा सर्प-विष नाश का वर्णन है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अथर्ववेद काण्ड ४, सूक्त ६ में जंगम और स्थावर विष की सम्मिलित चिकित्सा का वर्णन है ।

'अथर्ववेद' में एक मन्त्र आया है कि--

"कैरात पृश्न उपतृण्य बभ्रु आ मे शृणुतासिता अलीकाः। मा मे सख्युस्तामानमपिष्ठाता श्रावयन्तो निविषेरमध्वम् ।।" (अथर्व०५।१३।५) ।

अर्थात्--"हे कैरात, पृश्नि, उपतृण्य, बभ्रु, असित और अलीक इन नाम वाले सर्पगण ! आप लोग मेरे मित्र इस मनुष्य के आहाते में मत ठहरो और खटका सुनते हुए विषैले स्थान में सदा रमण किया करो ।"

इस प्रार्थना पूजा से भी जब सर्प न माने और अपने गृहों में घुस आवे या हम पर आक्रमण करे तो उस समय वेद ने उसे मार डालने की आज्ञा भी प्रदान की है :--

"घनेन हन्मि वृश्चिकर्माहिं दण्डेनागतम् ।"
--(ऋ० ११६१; अ० १०।४।६ ।

अर्थात्--"किसी कठोर ताड़ने योग्य हथौड़े से बिच्छू को मारूं और समीप आए साँप को दण्ड से मारूं ।"

भारतीय सर्पविष-चिकित्सा की प्रशंसा पाश्चात्य विद्वानों ने भी की है :--

प्रो०बेबर, शतपथ ब्राह्मण और आश्वलायन का उद्धरण देते हुए सिद्ध करते हैं कि हिन्दू सर्प विद्या के ज्ञाता थे।१७

सिकन्दर का सेनापति निमार्क्स कहता है कि--भारतीयों ने यूनानियों को सर्प-चिकित्सा सिखाई थी।१८

१७. हिष्ट्री आफ हिन्दूकेमिस्ट्री" जिल्द १, पृ. ५५ ।

१८. "Webor's History of India" pp 145

कृमि-चिकित्सा--शरीर के अंगों में कृमियों का आक्रमण न हो, कदाचित् किसी अंग के कृमियों से आक्रान्त हो जाने पर उन्हें दूर करना एवं खान-पान आदि वस्तुओं में कृमियों के संसर्गज दोषों और उनसे हुए प्रभावों को हटाना कृमि-चिकित्सा है । इसका वर्णन अथर्ववेद काण्ड ५, सूक्त २३ और २६ में है ।

केश रोग (Hair Diseases) --बालों का न उगना, न बढ़ना, गिर जाना और असमय श्वेत हो जाना प्रभृति केश रोग हैं ।

औषधियों के द्वारा केश दृढ़, लम्बे और काले हो जाना स्वास्थ्य का प्रतीक है । विशुद्ध सरसों तैल, तिलतैल, नारियल तैल ही शिर में लगाना उचित है । सम्प्रति बाजारू सुगन्धित तैलों को लगाने से बाल असमय में ही श्वेत हो जाते हैं। क्योंकि प्रायः सभी सुगन्धित तेल "व्हाइट आयल" पर बनाये जाते हैं, जो बालों का प्रबल शत्रु है। बालों को काला करने के लिये लोमा, लीना, हेनोला प्रभृति तैल बिकते हैं, पर वर्षों लगाने पर इनसे बाल काले नहीं होते हैं । अतः इन पर पैसे व्यय करना व्यर्थ है ।

'अथर्ववेद' काण्ड ६, सूक्त १३६ में केश रोग को लक्ष्य करके कही जाने वाली औषधियों का वर्णन है ।

'अथर्ववेद' काण्ड ६ सूक्त १३७ में "सौराष्ट्र मृत्तिका" द्वारा केशों के विकृत रूपों को और समूल गिरने के रोग को दूर करने का वर्णन है ।

'अथर्ववेद' काण्ड ६, सूक्त २१, मंत्र ३ में "....केशदृंहणीरथो ह केशवर्धनीः" केशों को दृढ़ करनेवाली और केशवर्धनी नाम की औषधि 'भृङ्गराज' का वर्णन है । यहाँ मंत्र में 'केशवर्धनी' नाम से औषधि कहा है, जो 'भृङ्गराज' अर्थात 'भांगरा' औषधि का नाम है ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'राजनिघण्टु' में भृङ्गराज' को 'कुन्तल-वर्द्धन' कहा है।

अथर्ववेद काण्ड ६, सूक्त ९६ में मन में मोह और शोक दोष की चिकित्सा का वर्णन है।

अथर्ववेद काण्ड ६, सूक्त १११ में उन्माद रोग की चिकित्सा का वर्णन है।

अथर्बवेद, काण्ड ४, सूक्त २० में नेत्र रोगों को दूर करके दृष्टि-शक्ति की वृद्धि का वर्णन है।

हृदयरोग:—हृदय में जलन, कम्प, और शूल होना हृद्रोग है।

'अथर्ववेद काण्ड ३, सूक्त ७ में औषधियों द्वारा हृदयरोग की चिकित्सा वर्णित है। अथर्ववेद काण्ड ४, सूक्त १७ में अग्निमान्द्य, वमन, भस्मक और तृषारोग की चिकित्सा 'अपामार्ग' औषधि के द्वारा वर्णित है।

अथर्ववेद काण्ड २, सूक्त २५, में 'अर्श' (बवासीर) की चिकित्सा का वर्णन है।

अथर्ववेद काण्ड, १, सूक्त ३, में मूत्ररोग की चिकित्सा का वर्णन है।

अथर्ववेद काण्ड, १, सूक्त ३, में मूत्ररोग की चिकित्सा का वर्णन है।

अथर्ववेद काण्ड १०, सूक्त ५, मंत्र २४ में, ".....दुःष्वप्न्यं प्रमलं वहन्तु" में दुष्ट स्वप्न, स्वप्नदोष (Night Fall. night dream, night pollution) की चिकित्सा जल द्वारा वर्णित है।

ताजे जल से पूरा स्नान, नाभिस्नान, उपस्थस्नान (मूत्रेन्द्रिय का स्नान), प्रभृति स्वप्नदोषों को रोकते हैं। अधिक स्वप्नदोष रोग में सोते समय जल में वस्त्र भिगोकर उपस्थ और नाभि के मध्य में रखने से स्वप्नदोष को बहुत लाभ होता है। 'शीर्षासन' करने से स्वप्नदोष में लाभ होता है। आयुर्वेदिक औषधि "चन्द्रप्रभावटी" भी इसमें विशेष लाभप्रद है।

अथर्ववेद काण्ड ४, सूक्त ४ में 'वाजीकरण' चिकित्सा का वर्णन है।

अथर्ववेद काण्ड ७, सूक्त ३८ में 'कामिनीकरण' चिकित्सा का वर्णन है। महिलाओं में कान्ति, सौन्दर्य, सुकुमारता और पति की प्रिया होना आदि गुणों का लाना कामिनीकरण है।

अथर्ववेद काण्ड ३, सूक्त २३ में बन्ध्या रोग की चिकित्सा है।

अथर्ववेद काण्ड ६, सूक्त ११ में गर्भधारण करने कराने की चिकित्सा का वर्णन है।

अथर्ववेद काण्ड २०, सूक्त ९६, मंत्र ११-१६ में योनिकृमि, गर्भस्राव, जातघातक रोग की चिकित्सा का वर्णन है।

गर्भह्रास :—गर्भाशय के अन्दर गर्भ का व्यङ्ग अर्थात् किसी अङ्ग का क्षय हो जाना या समस्त गर्भ का नष्ट हो जाना 'गर्भह्रास' रोग है। इसकी चिकित्सा अथर्ववेद काण्ड २, सूक्त २५ में कही है।

संक्रामक रोग की चिकित्सा :—किसी मलिन, गले अङ्गों वाले और अंग भंग रोगी के सम्पर्क, सहवास तथा सहभोग से अनेक स्पृश्य रोग हो जाते हैं। उनकी चिकित्सा अथर्ववेद काण्ड ७, सूक्त ६५ (६७) में कही है।

"श्यावदता कुनखिना वण्डेन यत् सहासिम।
अपामार्ग त्वया वयं सर्वं तदपमृज्महे ॥"
(अथर्व० ७।६५।३)।

अर्थ—(अपामार्ग) हे अपामार्ग! (वयम्) हम (श्यावदता) काले गन्दे दाँत वाले के साथ (कुनखिना) गले हुए नख वाले के साथ (वण्डेन) विकलाङ्गी गंजे आदि दूषित अंग वालों के साथ (यत्) जो (आसिम) बैठते उठते और खाते पीते हैं, (तत् सर्वम्) उन सब दोषों को (त्वया) तेरे द्वारा (अपमृज्महे) अपमार्जित करते हैं। काले गन्दे दाँत वाले के साथ बैठने उठने, रहने खानेपीने

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

और श्वास में उसके वायु के अन्दर जाने से उसके दन्तपूय (पायोरिया) प्रभृति रोग अपने में ही हो सकते हैं। इन रोगों के दोषों से अपामार्ग (चिड़-चिड़ा, पोगा) औषधि द्वारा रक्षा हो सकती है, ऐसा वेद का कथन है।

"अपामार्गः सरस्तीक्ष्णः..." (भावप्रकाश नि०) प्रभृति आयुर्वेदिक निघण्टुओं में अपामार्ग को खाज, दद्रु, कुष्ठ, कृमि और विष-नाशक बतलाया है।

कुष्ठचिकित्साः——माँस, मेद के दोष से त्वचा में लालमिश्रित श्वेत, या केवल श्वेत चिन्ह, चकते, श्वेतकुष्ठ और हड्डी तक पहुंचा हुआ गलित-कुष्ठ हो जाता है। इनकी चिकित्सा 'अथर्ववेद काण्ड १, सूक्त २३ में है।

'अथर्ववेद' काण्ड १, सूक्त २४ में 'केवल श्वेतकुष्ठ की चिकित्सा का वर्णन है। संग्राम में लगे शस्त्र के घावों की चिकित्सा का वर्णन अथर्ववेद काण्ड २, सूक्त २७ में है।

'अथर्ववेद' काण्ड ५, सूक्त ५ में प्रहार के घावों के भरने या पके घाव को ठीक करने की चिकित्सा 'लाक्षा' औषधि के द्वारा करने का वर्णन है। घाव का बहते रहना 'व्रणस्राव' कहलाता है, इसकी चिकित्सा 'अथर्ववेद' काण्ड २ सूक्त ३ में नैसर्गिक पदार्थों के द्वारा करना लिखा है।

अथर्ववेद काण्ड ६, सूक्त १२७ में विद्रधि रोग (विषमय या विष जैसा प्रभावकारी खानपान तथा दूषित जलवायु के सेवन से शरीर के रस-रक्त-माँस आदि में विकार होकर शरीर के बाहर-भीतर फोड़ा-फुन्सी तथा गाँठ-गिल्टी का हो जाना और उसका चिरपाकी बन जाना विद्रधि रोग है) की चिकित्सा का वर्णन है।

अथर्ववेद काण्ड ६, सूक्त १०९ में क्षेपक, पक्षाघात (लकवा, अर्धाङ्ग) रोग की चिकित्सा का वर्णन है।

अथर्ववेद काण्ड५, सूक्त २२ में ज्वर चिकित्सा का वर्णन है।

सूचीवेध (अन्तःक्षेप Injection) चिकित्सा सम्प्रति एलोपैथिक डाक्टरवर्ग अन्तःक्षेप का अधिक प्रयोग करते हैं। आयुर्वेद इंजेक्शन भी हापुड़, बड़ौत से निर्माण किए गए हैं जिनका आयुर्वेदभिषक् प्रयोग करते हैं। होमियोपैथिक में इंजेक्शन बने हुए हैं। जनता का अधिक विश्वास इंजेक्शन पद्धति से औषधि कराने का विशेष है। भारतीयों का विश्वास है कि इसके आविष्कारक पाश्चात्यदेशवासी ही हैं, पर यह भ्रम है। इस चिकित्सा का संकेत भी अधस्तन 'मंत्र' के तात्पर्य से सिद्ध होता है——

यस्याञ्जनप्रसर्पस्यङ्गमङ्गं परुष्परुः।
ततो यक्ष्मं वि बाधस उग्रो मध्यमशीरिव ॥

१   ऋ०१०।९७।१२

इस मन्त्र में 'प्रसर्पसि' (प्रविश्य अन्तः शिरा-मुखे व्याप्नोषि) का "शिरा के मुख में प्रविष्ट होकर अञ्जन, गतिशील (अञ्जू व्यक्तिम्रक्षणकान्तिगतिषु) औषधि की शारीरिक व्याप्ति के अभिप्राय से उपर्युक्त चिकित्सा का प्रकार सिद्ध होता है।

इसकी पुष्टि अनेक पाश्चात्य विद्वान् भी करते हैं——

"मद्रास के भूतपूर्व गवर्नर लार्ड एम्पथिल ने सन् १९०५ ई० में व्याख्यान देते हुए कहा था कि कर्नल किंग ने जेनर (Janner) के आविष्कार से पूर्व भारत में टीके (Vaccination) और सूचिका भेद (Injection) की प्रक्रिया का प्रचलित होना सिद्ध कर दिया है।१९

आयुर्वेद में 'सूचिका भेद रस' आज भी मिलता है जिसका नाम ही इस बात का द्योतक है कि यह इंजेक्शन के लिये पेटेण्ट था।

---

१९. "हिन्दू सुपिरीओरीटी" पृष्ठ २६७,२६८,२६९ (श्री हरविलास शारदा जी कृत)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पशु-चिकित्सा—अथर्ववेद काण्ड ६, सूक्त ५९ में समस्त पशुओं की चिकित्सा का वर्णन है।

इतिहासज्ञ वेबर कहते हैं—"वैदिक काल में लोग पशु-शरीर-रचना से पूर्णतया परिचित थे। उन्होंने उनके प्रत्येक अंग के नामों तक का वर्णन किया है।२०

दो प्राच्य विद्वान् भी इसका समर्थन करते हैं :—

श्री हंसराज अग्रवाल एम० ए० तथा श्री मनोहर लाल गौड़ एम० ए० एम० ओ० एल०, शास्त्री लिखते हैं:—"औषधियों का रोगों पर प्रभाव, औषधियों के अनेकों नाम, बीमारियों के नाम अथर्ववेद में बहुतायत से मिलते हैं। ऋग्वेदादि में भी कहीं-कहीं आते हैं। आयुर्वेद में अर्वाचीन आचार्यों ने भी इस विज्ञान की उत्पत्ति अथर्ववेद से ही मानी है।२१

डा० गौरीशंकर हीराचन्द ओझा डी. लिट्, 'साहित्यवाचस्पति' ने भी अपने व्याख्यान में कहा था—"अथर्ववेद में रोगों के नाम और उनके लक्षण तक ही नहीं; अपितु मनुष्य के शरीर की हड्डियों तक की पूरी संख्या दी है।"२२

वैदिक स्वाध्याय की परम्परा के शिथिल और नष्टप्राय हो जाने से भले ही किसी को यह कहने का अवसर मिले कि 'अमुक' चिकित्सा प्रकार पाश्चात्य वायु में पले नवीन मस्तिष्कों की उपज है, पर वास्तव में ज्ञान और विज्ञान सभी का एकमात्र केन्द्र 'वेद' को ही मानना पड़ेगा और वैदिक आयुर्वेद को ही "वैज्ञानिक-चिकित्साप्रणाली" का मूल-स्रोत कहना होगा।

---

२०. 'Webers Indian literature pp. 263-264.

२१. "हमारी सभ्यता और विज्ञानकला" पृ०११३, तुलना करो प्रो० शिवदत्त जी ज्ञानी एम० ए० कृत "भारतीय संस्कृति" द्वितीय संस्करण पृष्ठ ३२०—३२१।

२२. "मध्यकालीन भारतीय संस्कृति" पृ० ९५।

—०—

दिवंगत सर्वपल्ली श्री डा० राधाकृष्णन् के प्रति

श्रद्धाञ्जली

प्रकाण्ड विद्वान्, महान् दार्शनिक, कुशल राजनेता, भारतवर्ष के भूतपूर्व राष्ट्रपति, हिन्दू धर्म के कट्टर अनुयायी होते हुए भी उदारचेता, दिवंगत सर्वपल्ली श्री डा० राधाकृष्णन् की पावन स्मृति में पत्रिका परिवार उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करता है और उनके प्रति हार्दिक श्रद्धाञ्जली अर्पित करता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भारत का प्राची अतीत

श्री अशोककुमार विद्यालंकार, विद्यावाचस्पति, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

भारत के प्राची अतीत को वर्तमान बनाना है ।
खोया विश्वगुरु का गौरव हमने फिर से पाना है ।।

आदि सृष्टि से भारत में, वेदों की वाणी गूंजी थी,
सत्य, अहिंसा, दया, न्याय ही, असली जिसकी पूंजी थी ।
तपोवनों में ऋषि-मुनि अहर्निश तपस्या करते थे,
पंचयज्ञ, ईश्वरोपासना से, जीवन पावन करते थे ।
दृढ़ संकल्प करो वीरों, फिर से वह युग लाना है ।।१।।

वर्णाश्रम-धर्म व्यवस्था थी, न था जातपाँत का भेद,
सम्प्रदाय नहीं थे नाना, सबका धर्म एक था वेद ।
'मनुर्भव' का पाठ पढ़ते थे, जीवन होता था महान्,
भारत के चरणों में शिष्य बन, आता था अखिल जहान् ।
मानवता का पुनः पाठ पढ़, फिर से दुनियां को पढ़ाना है ।।२

मेरे देश के युवकों ! जागो अब तो निद्रा का त्याग करो,
अपने गौरव को पहचानो, और निज अतीत को याद करो ।
स्वधर्म-संस्कृति कर भूला, क्यों पश्चिम के पीछे भाग रहे,
तुम शिष्य नहीं गुरु उसके थे, तुमको नित यह याद रहे ।
दिग्भ्रान्त जगत् को तुमने ही, फिर सच्चा पथ दिखलाना है ।।३।।

विश्व-जगत् का नेतृत्व वीरों, तुम ऐसे नहीं कर पाओगे,
जबतक स्वदेश में प्राची का, तुम सतयुग नहीं ले आओगे ।
'धर्म-ज्योति' से खुद हो आलोकित, जनजन तक वह पहुंचाओ,
भोगवाद की निद्रा से जग, जनजन को प्रथम जगाओ ।
सबसे पहले भारत ही ऋषि-मुनियों का बनाना है ।।४।।

भोगवाद की ज्वाला धधकी है, पश्चिम से ऐसी भयंकर,
जिसमें मानवता जल जायेगी, है ऐसी वह प्रलयंकर ।
मानवता असुरक्षा हित, तुम्हें पुकार रही है,
सजल नयन हो दयार्द्रदृष्टि से, तुम्हें निहार रही है ।
दानवता का कर दमन, मानवता को बचाना है ।।५।।

अब तो नवयुवकों ! जागो ! ओ स्वदेश के पहरेदारों !
नवयुग के निर्माता ! ओ दुनियां के रखवारों ।।
दशा देश की क्या होती, जब खुद प्रहरी ही सोता है,
सर्वविदित उस देश का सत्वर, सर्वनाश ही होता है ।
हो गया प्रभात जागो अब, जग को तुम्हें जगाना है ।।
भारत के प्राची अतीत को वर्तमान बनाना है ।।६।।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आयुर्वेदीय निघण्टु के प्रतिसंस्कार की आवश्यकता

(श्री आचार्य ब्रह्मदत्त शर्मा आयुर्वेदालंकार, २८५-१३ सी-४ बी, जनकपुरी, नयी दिल्ली-५८)

'आयुर्वेद' में 'ओषधिविज्ञान' या 'द्रव्यगुण शास्त्र' का स्थान

उपलब्ध आयुर्वेदीय संहिताओं में आयुर्वेद की अभिव्यक्ति एवं अवतरण का जो वर्णन है उसके अनुसार सर्वप्रथम ब्रह्मा ने उपलब्ध आयुर्वेदीय ज्ञान को १००० अध्यायों में एवं एक लाख श्लोकों में निबद्ध किया तथा बाद में इस ज्ञान को संक्षिप्त करके आयुर्वेद के आठ अङ्गों में उपन्यस्त किया।१ इन आठ आयुर्वेदांगों में 'द्रव्यगुण' या 'ओषधि-विज्ञान' या 'भेषजशास्त्र' का पृथक् अंग-रूप में कोई स्थान नहीं है, केवल तत्तत् अंग में या तन्त्र में तदुपयोगी द्रव्यों एवं ओषधियों का वर्णन पृथक् एक या एकाधिक अध्याय में कर दिया गया है तथा कुछेक का वर्णन प्रकीर्ण-रूप में भी किया गया है। चरक-सुश्रुत-वाग्भट की बृहत्त्रयी में यही स्थिति है।

बृहत्त्रयी में 'द्रव्यगुण' या 'ओषधिविज्ञान' को प्रमुखता या पृथक् तन्त्र का स्थान न मिलने का कारण कई विद्वान् यह बताते हैं कि आयुर्वेद का प्रधान प्रयोजन 'स्वस्थ की स्वास्थ्यरक्षा' है तथा 'स्वस्थवृत्त'-'सद्वृत्त'-'आचाररसायन'-'दिन-चर्या' एवं 'ऋतुचर्या' का यथावत् पालन करने पर रोगोत्पत्ति होती ही नहीं, जिसके लिए ओषधियों की आवश्यकता पड़े। परन्तु यह मान्यता तर्क-संगत नहीं है क्योंकि ऐसी अवस्था में तो काय-चिकित्सा - शल्यशालाक्य - कौमारभृत्य-भूतविद्या-अगदतन्त्र इन छह विकृति-चिकित्सापरक आयु-र्वेदांगों की आवश्यकता नहीं थी। वस्तुस्थिति तो यह है कि आयुर्वेद हितायु-अहितायु एवं सुखायु-दुःखायु का अर्थात् स्वस्थ-रुग्ण दोनों अवस्थाओं का वर्णन करता है,२ तथा 'स्वस्थ का स्वास्थ्यरक्षण' एवं 'आतुर का विकारप्रशमन' ये दोनों आयुर्वेद-प्रयोजन समकक्ष रूप में माने गये हैं३। अथ च, आयुर्वेद तो हेतु-लिङ्ग-औषध—इस प्रकार के तीन स्कन्धों वाला 'त्रिसूत्र' शास्त्र४ है जिसमें औषध-सूत्र अर्थात् 'द्रव्यगुण' एवं 'ओषधिविज्ञान' का बड़ा महत्त्वपूर्ण स्थान है। अर्थात्, आयुर्वेद में 'द्रव्यगुण' एवं 'ओषधिविज्ञान' की हीनता नहीं, अपितु महत्ता ही अभिप्रेत है।

तो, फिर? प्राचीन आयुर्वेद-साहित्य में 'द्रव्य-गुण' एवं 'ओषधिविज्ञान' को पृथक् तन्त्र या आयुर्वेदांग का स्थान क्यों नहीं मिला? वस्तुस्थिति यह है कि प्राचीन संहिता-काल में मानव-समाज पहले-जैसा अरण्यवासी या यायावर न रहकर

---

१. 'इह खल्वायुर्वेदं नामोपाङ्गमथर्ववेदस्य .... श्लोकशतसहस्रमध्यायसहस्रं च कृतवान् स्वयम्भूः, ततो .. भूयोऽष्टधा प्रणीतवान्।' (सुश्रुत। सूत्र।१।६)।

२. 'हिताहितं सुखं दुःखमायुस्तस्य हिताहितम्। यत्रोक्तमायुर्वेदः स उच्यते॥' (चरक। सू०।१।४१)।

३. 'प्रयोजनं चास्य स्वस्थस्य स्वास्थ्यरक्षणमातुरस्य विकारप्रशमनं च॥' (चरक। सूत्र।३०।२६)।

४. 'हेतुलिंगौषधज्ञानं स्वस्थातुरपरायणम्। त्रिसूत्रं शाश्वतं पुण्यं बुबुधे यम् पितामहः॥ सोऽनन्तपारं त्रिस्कन्धमायुर्वेदम् ..॥' (चरक। सूत्र।१।२४-२५)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ग्रामवासी-नगरवासी हो गया था; इससे एक ओर तो उनका सम्पर्क वन-उपवन-पर्वत-आदि से टूटने के कारण प्रत्यक्ष ओषधज्ञान का अभाव हो गया था तथा दूसरी ओर परिग्रह-धनसंचय-शरीरगौरव-आलस्य-लोभ - अभिद्रोह-असत्य-आदि की प्रवृत्ति बढ़ते-बढ़ते जनपदोद्ध्वंसी रोगों की उत्पत्ति होने लगी थी।१ सम्पन्न समाज की तो बात ही क्या, जनसामान्य का भी सम्बन्ध वन-उपवन-पर्वत-आदि से टूट गया और ओषधियों का ज्ञान-परिचय आदि जनसामान्य के क्षेत्र से बाहर होकर गाय-भेड़ बकरी-आदि चराने वाले वनवासियों तक ही सीमित रह गया।२ इसी लिए, जहां समाज में ओषधियों के नाम-रूप-आदि से परिचित न रहने वाले वैद्य को भी केवल ओषधि-उपयोग के आधार पर ही 'तत्त्वज्ञ' मान लिया जाता था, वहां चरक ने आदर्श स्थिति यह बतायी है कि वैद्य को ओषधियों के नाम-रूप-परिचय-उपयोग-व्यापत्-आदि की दृष्टि से सम्पूर्ण ('सर्वथा') ज्ञान होना चाहिये।३ इस प्रकार, इस विषय में चरक ने जहां समाज की तत्कालीन स्थिति का चित्रण किया है, वहां आदर्श स्थिति भी बतायी है।

और, निघण्टु ग्रन्थों में ?····

यास्क-निरुक्त- की परिभाषा के अनुसार 'निघण्टु' का अर्थ है–वह शास्त्र जो संहतीकृत करके, बटोरकर, समग्र ज्ञान करावे।४ व्यवहार में, 'निघण्टु' का स्वरूप यह रहा है कि किसी वस्तु भाव या व्यक्ति की वाचक विविध संज्ञाओं एवं पर्यायों का संग्रह करके तथा फिर प्रत्येक संज्ञा का उद्घाटन करके तद्वाच्य अर्थ का बोध कराना। अर्थात्, 'निघण्टु' केवल पर्याय-संग्राहक 'कोश' ही नहीं, अपितु प्रत्येक के वाच्यार्थ का एवं स्वरूप का भी बोध कराने वाला शास्त्र है। निघण्टु में वर्णित तथा ज्ञापित 'स्वरूप' केवल गुणादिपरक (यथा–प्रकाशमान, आवरणकर्ता; 'वृत्र', अदाता 'अरि' 'अराति', गन्ध-क्रीडा-यातना-आदि प्रेमी 'गन्धर्व', प्रभृति) ही नहीं हैं अपितु रचनादिपरक भी है। फलतः वाच्य वस्तु, भाव या व्यक्ति या क्रिया-प्रक्रिया का समग्र ज्ञान प्राप्त होता है–रचना-आदि की दृष्टि से भी तथा गुण-कर्म-स्वभाव-आदि की विशेषता से भी।

परन्तु, आयुर्वेदीय निघण्टु-ग्रन्थ द्रव्यों एवं ओषधियों का ऐसा समग्र-सर्वांगीण ज्ञान नहीं कराते। नामपर्यायों का तथा रस-वीर्य-विपाक-

---

१. (क) 'अयं च रोगप्रादुर्भावः कृतयुगान्ते बोद्धव्यः।' (चक्रपाणिटीका। चरक। सूत्र।१।६)
(ख) 'भ्रश्यति तु कृतयुगे केषांचिदत्यादानात् सांपन्निकानां सत्त्वानां शरीरगौरवमासीत्, शरीरगौरवाच्छ्रमः, श्रमादालस्यम्, आलस्यात् संचयः, संचयात्परिग्रहः, परिग्रहाल्लोभः प्रादुरासीत् कृते। ततस्त्रेतायां लोभादभिद्रोहः, अभिद्रोहादनृतवचनम्, अनृतवचनात् कामक्रोधमानद्वेषपारुष्याभिघातभयतापशोकचिन्तोद्वेगादयः प्रवृत्ताः। ·· ततस्तानि प्रजाशरीराणि व्याधिभिर्ज्वरादिभिराक्रान्तानि।'
(चरक। विमान।३।२४)

२. 'ओषधीर्नामरूपाभ्यां जानते ह्यजपा वने। अविपाश्चैव गोपाश्च ये चान्ये वनवासिनः।
(चरक। सूत्र।१।१२०)।

३. 'योगवित्त्वप्यरूपज्ञस्तासां तत्त्वविदुच्यते। किम् पुनर्यो विजानीयादोषधीः सर्वथा भिषक्॥'
चरक। सूत्र।१।१२२)।

४. 'निगमयन्तीति निगन्तवः, निगन्तव एव निघण्टवः।'

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कर्म-प्रभाव-परक स्वरूप का ज्ञान अवश्य इन निघण्टुओं में निबद्ध है, परन्तु रंग-रूप रचना-अंग-प्रत्यंग-काल-देश-उपलब्धि आदिपरक स्वरूप का वर्णन नहीं मिलता (सुश्रुत में 'सोम' के देश स्वरूप पत्रादि-ह्रास-विकास वाले सामान्य वर्णन1 को छोड कर; वह एक अपवाद है)। यह बात अवश्य माननी पड़ेगी कि कुछ पर्याय वानस्पतिक आदि स्वरूप भी बताते हैं, तद्यथा—मंजरी सुमंजरी-सुरभिमंजरी-त्रिदशमंजरी-आदि से तुलसी की विशिष्ट मंजरी का वनस्पतिशास्त्रीय स्वरूप-ज्ञान होता है; देवदुन्दुभि आदि द्वारा तुलसी के तुरही सदृश पुष्प का वनस्पतिशास्त्रीय वर्णन है, त्रिवृत संज्ञा द्वारा निशोथ-काण्ड के तिपहलू रूप का निर्देश होता है; खरमंजरी-प्रत्यक्पुष्पा-अधःशल्य: (पुठकण्डा)-मयूरकः–शिखरी आदि अपामार्ग पर्याय इसकी विशिष्ट रचना बताते हैं; मण्डूकपर्णी-शंखपुष्पी-क्षीरपुष्पी-स्वर्णक्षीरी-हंसपादी - पारावत-पदी-दुग्धिका-ज्योतिष्मती - कंगुणिका - षड्ग्रन्था-उग्रगन्धा-गोलोमी-शतपर्विका-सुलोमशा आदि संज्ञाएं रचनादिपरक स्वरूप बताती हैं; और रामठ-वाह्लीक-द्वीपान्तरवचा-माण्डूकी-जलवेतस-नादेय-पारसीकय-वनी-तुरुष्क-यावनी-आदि संज्ञाएं तत्तत् द्रव्य के उत्पत्तिदेश का परिचय देती हैं। तथापि यह कटु सत्य है कि द्रव्यों के वानस्पतिक परिचय-अंग-प्रत्यंग-रचना-काल-देश-उपलब्धि-आदि विशेषताओं का व्यवस्थित वर्णन आयुर्वेदीय निघण्टुग्रन्थों में नहीं है।

ओषधि-परिचय की उपेक्षा का परिणाम—

इन निघण्टुओं की इस त्रुटि का प्रधान कारण यह है कि इनकी रचना आयुर्वेद के संहिताकाल से भी बहुत बाद में हुई हैं। इसी लिए चरक-संहिता के निर्देश एवं जनसामान्य की परम्परा के अनुसार इन निघण्टुग्रन्थों ने भी ओषधियों के रूपादिज्ञान का विषय ग्वालों-गड़रियों-वनचारियों आदि का एकाधिकार मानकर त्याग दिया है और केवल पर्यायों-गुण-रस-वीर्य-विपाक-प्रभाव-कर्म का ही वर्णन किया है। इस विषय में आयुर्वेदीय निघण्टु-वर्णित द्रव्यगुण विज्ञान का यह कितना विचित्र एवं कष्टप्रद विरोधाभास है कि जहां भारतीय विद्वान् एवं जनमानस का प्रकृति-वन-पशु-पक्षी-

---

1. 'सर्वेषामेव सोमानाम् पत्राणि दश पञ्च च।
तानि शुक्ले च कृष्णे च जायन्ते निपतन्ति च॥
एकैकं जायते पत्रं सोमस्याहरहस्तदा।
शुक्लस्य पौर्णमास्यां तु भवेत् पञ्चदशच्छदः॥
शीर्यते पत्रमेकैकं दिवसे दिवसे पुनः।
कृष्णपक्षक्षये चापि लता भवति केवला॥
अंशुमानाज्यगन्धस्तु कन्दवान् रजतप्रभः।
कदल्याकारकन्दस्तु मुञ्जवाँल्लशुनच्छदः॥
चन्द्रमाः कनकाभासो जले चरति सर्वदा।
गरुडाहृतनामा च श्वेताक्षश्चापि पाण्डुरौ॥
सर्पनिर्मोकसदृशौ तौ वृक्षाग्रावलम्बिनौ।
तथाऽन्ये मण्डलैश्चित्रैश्चित्रिता इव भान्ति ते॥
सर्व एव तु विज्ञेयाः सोमः पञ्चदशच्छदाः।
क्षीरकन्दलतावन्तः पत्रैर्नानाविधैः स्मृताः॥
हिमवत्यर्बुदे सह्ये महेन्द्रे मलये तथा।
श्रीपर्वते देवगिरौ गिरौ देवसहे तथा॥
पारिपात्रे च विन्ध्ये च देवसुन्दे ह्रदे तथा।
उत्तरेण वितस्तायाः प्रवृद्धा ये महीधराः॥
पञ्च, तेषामधो मध्ये सिन्धुनामा महानदः।
हठवत् प्लवते तत्र चन्द्रमाः सोमसत्तमः।
तस्योद्देशेषु चाप्यस्ति मुंजवानंशुमानपि।
काश्मीरेषु सरो दिव्यं नाम्ना क्षुद्रकमानसम्॥
गायत्रस्त्रैष्टुभः पांक्तो जागतः शाक्वरस्तथा।
अत्र सन्त्यपरे चापि सोमाः सोमसमप्रभाः॥'
सुश्रुत। चिकित्सा। २९।२०-३१।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वनस्पति-आदि से घनिष्ट सम्पर्क-परिचय एवं ज्ञान रहने के कारण संस्कृत एवं भारतीय भाषाओं के वाङ्मय में तथा कहावतों तक में उपमा-विरोध आदि के लिए प्रकृति पशु-पक्षी-वनस्पति-आदि के साथ तुलना-सादृश्य-सारूप्य-वैरूप्य के प्रधान आधार हैं तथा मेघ-नदी-पर्वत-अशोकपुष्प आदि को राग-विराग-आदि भावों वाले जीवन्त-मानव-मानवी-रूपों में वर्णन किया गया है तथा निघण्टुओं में ओषधियों के रूपादि परिचायक पर्याय भी विद्यमान हैं वहां औषधियों के रचनादिपरक व्यवस्थित वर्णन का नितान्त अभाव है । यह कमी वस्तुतः बहुत खटकती है ।

निघण्टुग्रन्थों की इस खटकने वाली कमी का ही यह परिणाम है कि आयुर्वेदीय ओषधियों की एक बड़ी भारी संख्या आज भी सन्दिग्ध है। यद्यपि भारत सरकार के स्वास्थ्य मन्त्रालय द्वारा तथा अन्य संस्था, संस्थानों, प्रतिष्ठानों आदि द्वारा गठित विविध समितियों ने सन्दिग्ध वनौषधियों के स्वरूपनिर्णयार्थ पर्याप्त प्रयास एवं कार्य किया है तथा यादव जी-बापालालभाई-इन्द्र जी-कृष्ण जी-रामेशवेदी-ठाकुर बलवन्तसिंह-विश्वनाथद्विवेदी-प्रजापतिमिश्र-प्रियव्रत शर्मा-फादर बुल्के बासुकीर्तिकर-वामनगणेशदेसाई-रामनाथ चोपड़ा प्रभृति विद्वानों-अन्वेषकों ने भी बहुत स्तुत्य खोजकार्य किया है, तथापि अभी तक संदिग्ध वनौषधियों की संख्या एवं विवादास्पदता घटी नहीं है। च्यवनप्राश आदि रसायनों के महत्त्वपूर्ण घटक अष्टवर्ग के सम्बन्ध में अखिल भारतवर्षीय आयुर्वेद महासम्मेलन ने यद्यपि पर्याप्त विचार विमर्श के बाद निर्णायक व्यवस्था (फ़तवा, वर्डिक्ट) दे दी है तथापि कुछ महानुभावों का इस विषय में मतभेद चला ही आरहा है । अरलुक-श्योनाक के सम्बन्ध में श्री प्रियव्रत शर्मा ने, अंकोल-कंकुष्ठ-सारिवा आदि के सम्बन्ध में आचार्य यादव जी ने, कुष्ठ पुष्करमूल के बारे में श्री विश्वनाथ द्विवेदी ने, गढ़वाल एवं भूटान की विविध वनौषधियों एवं अशोक आदि के सम्बन्ध में श्री रामेशवेदी ने तथा अन्य अनेक ओषधियों के सम्बन्ध में अन्य विद्वानों ने निर्णायक कार्य किये हैं और वे सभी प्रशंसार्ह हैं, परन्तु अभी तक रास्ना-निर्विषी-गृष्टि-अश्मन्तक - पाषाणभेद-चेतकी-सप्तरंगी-शिवलिंगी-चोरक-सहदेवी-ब्रह्मसुवर्चला-आदि का असन्दिग्ध निर्णय नहीं हो पाया । और-तो-और, ब्राह्मी-मण्डूकपर्णी-आकारकरभ-आदि के सम्बन्ध में अभी तक मतभेद हैं । अजगरी-श्वेतकापोती-कृष्णकापोती-गोनसी-वाराही-कन्या छत्रा-अतिच्छत्रा-करेणु- अजा-चक्रका-आदित्यपर्णी-महाश्रावणी-श्रावणी- गोलोमी-अजलोमी-महावेगवती - संजीवनी - विशल्यकरणी आदि दिव्यौषधियों की तो चर्चा करना भी असम्भव सा हो गया है, क्योंकि इनका रूप परिचय ज्ञान ही नहीं हो पाया । और, 'सोम' की तो बात ही मत पूछिये । सुश्रुतसंहितोक्त परिचय के बावजूद निघण्टुओं ने तथा परम्परा ने 'सोम' के विषय में ऐसी चुप्पी साधी है कि निर्णायक व्यवस्था के अभाव में कुछ 'देवताओं' ने 'सोम' की टाँग ही तोड़नी शुरू कर दी है । भारतीय संस्कृति एवं ज्ञान के कट्टर द्वेषी 'कुछ' पाश्चात्यों के अनुकरण में 'सोम' को मद्यसदृश सन्धानीय पेय सिद्ध करके कुछ विद्वान् महानुभावों ने वैदिक काल पर थोपने चिपकाने का अश्लाघ्य प्रयास किया है । यह सब न होता, यदि निघण्टुग्रन्थों में ओषधियों के रचना-रूप-रंग-अंग-प्रत्यंग-उत्पत्ति-देश - काल-आदि का वर्णन कर दिया गया होता ।

निघण्टु-प्रतिसंस्कार--

तो फिर, करना क्या चाहिये ?-यही कि आयुर्वेदीय निघण्टु का प्रतिसंस्कार किया जाय,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पुनर्नवीकरण किया जाय ('संस्कर्त्ता कुरुते तन्त्रम् पुराणं च पुनर्नवम्')। इस प्रतिसंस्कार में केवल 'विस्तारयति लेशोक्तं' और 'संक्षिप्तयति विस्तरम्' ही नहीं होगा क्योंकि तब तो न्यूनाधिक वही पूर्वस्थिति बनी रहेगी, अपितु 'नवीनीकरण' का महत्त्व होगा। विशेषतया, ओषधियों के रंग-गन्ध-रूप-रचना-अंग-प्रत्यंग-देश (उत्पत्तिवाले प्रदेश तथा स्थान, पर्वत, घाटी, ऊंचाई-नीचाई-आदि की दृष्टि से) काल (उगने, फूल-फल-बीज लगने, पकने, संग्रहण, उपयोग-अवधि, आदि की दृष्टि से) सक्रियघटक उपयोगी-अंग-कुल-गण-प्रकार-प्रभृति विषयों का नया समावेश किया जायगा। विविध देशों की उपयोगी वनस्पतियों का भी समावेश इसमें होगा। इस नव समादिष्ट विषय के साथ प्रतिसंस्कारित नवीन निघण्टु का विषयाधिकार निम्नलिखित होगा:—

१. प्रचलित नाम (संस्कृत या प्रसिद्धतम प्रादेशिक नाम)।
२. कुल-गण-प्रभृति।
३. पर्याय (संस्कृत तथा प्रादेशिक एवं लैटिन अंग्रेजी-आदि भाषाओं में) तथा तन्निर्दिष्ट विशेषता।
४. भेषजपरिचय (संक्षिप्त फार्मेकोग्नोजी) तथा, प्रकार।
५. उत्पत्ति-प्राप्ति-देश। उत्पादन-संवर्धन विधि। संग्रह-संचय-देश।
६. काल।
७. गुण एवं उपयोगी अंग। मात्रा आदि। सक्रिय घटक।
८. रस एवं अनुरस।
९. वीर्य। विविध मतभेदों के निराकरण सहित। यथा-लवंग का वीर्य उष्ण है अथवा शीत; आदि।
१०. विपाक।
११. कर्म एवं प्रभाव। बाह्य-आभ्यन्तर एवं प्रतिसंस्थानगत। नवीन चिन्तन-परीक्षण-पर्यवेक्षण एवं निर्धारणों के द्वारा पूर्ववर्ती जो 'अचिन्त्य' प्रभाव अब युक्तिसिद्ध सुनिश्चित कर्म सिद्ध हो चुके हैं उनका प्रतिद्रव्य वर्णन-समाविष्ट करना होगा।
१२. उपयोग। बाह्य-आभ्यन्तर-प्रतिसंस्थानगत एवं रोगानुसारी।
१३. कल्प का स्वरूप (चूर्ण-क्वाथ-स्वरस-फाण्ट-हिम-प्रभृति)।
१४. महत्त्वपूर्ण योग तथा उनके प्रमुख घटक।
१५. उपयोगविधि-व्यापदें-सावधानियां तथा प्रतिकार।

प्रतिसंस्कार-सामग्री—

इस विषय में सर्वप्रथम स्थान एवं आधार तो होगा, प्राचीन साहित्य या पूर्ववर्ती निघण्टुग्रन्थों का, जिनका ही प्रतिसंस्कार अभीप्सित है। यथा-बृहत्त्रयीवर्णित ओषधि-द्रव्य-विषय, काश्यपसंहिता-हारीत-भेल-शार्ङ्गधर-प्रभृति संहिताओं में उपलब्ध विषय, भावप्रकाशनिघण्टु, राजनिघण्टु, धन्वन्तरिनिघण्टु, कैयदेवनिघण्टु, मदनपालनिघण्टु, नरहरिनिघण्टु, शिवकोश, अमरादिकोशों में तथा पुराणादि में और जैन-बौद्ध-साहित्य में वर्णित द्रव्य-विषय, आदि-आदि।

द्वितीय स्थान है, अर्वाचीन निघण्टु-द्रव्यगुण-ग्रन्थों का। तद्यथा-बृहन्निघण्टुरत्नाकर, शालिग्राम-निघण्टुभूषण, रूपनिघण्टु, वनौषधिदर्पण, वनौषधि-विज्ञान, वनौषधिचन्द्रोदय, निघण्टु-आदर्श (बापालाल), द्रव्यगुणविज्ञान (यादव जी), द्रव्यगुण-विज्ञान (प्रियव्रत शर्मा), भावप्रकाशनिघण्टुटीका औषधिविज्ञान प्रभृति (विश्वनाथ द्विवेदी), बासु-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कीर्तिकर-रामनाथ चोपड़ा-खोरी-धरगलकर-बोर-नादकरणी-नामजोशी-प्रजापतिमिश्र-ठाकुर बलवन्त सिंह-इन्द्रजी-कृष्णा जी-रामेश बेदी-वामनगणेश-देसाई-धर्मदत्त वैद्य (कनखल)-डाक्टर इन्द्रसेन मायाराम अनियाल-दुर्गाप्रसाद शर्मा-चुनेकर प्रभृति नवीन द्रव्यगुण लेखकों का साहित्य। भारत सरकार के आयुर्वेद परामर्शदाता द्वारा प्रकाशित स्थूलाकार आयुर्वेदीय निघण्टु भी दर्शनीय है।

तृतीय स्थान है विविध संस्था-संस्थान-प्रतिष्ठानों का। यथा–काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का द्रव्यादिविज्ञानीय-विभाग तथा वाटिका, जामनगरीय गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्यालय का द्रव्य-गुणविभाग तथा वनस्पति-उद्यान, देहरादून का वन-अनुसन्धान-प्रतिष्ठान, लखनऊ का राष्ट्रीय-वानस्पतिक-उद्यान, कलकत्ता का वानस्पतिक उद्यान, रानीखेत का वानस्पतिक प्रतिष्ठान, पूना का जवाहरलाल नेहरू वनस्पति-उद्यान, आदि आदि। इन संस्थाओं के कार्य तथा प्रकाशित साहित्य से प्रभूत सामग्री मिलेगी।

चतुर्थ स्थान है, प्रमुख पुस्तकागारों का। यथा काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, तंजावूर (सरस्वती महाल), वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, प्रभृति के विशाल पुस्तकालय तथा प्राचीन पुस्तक-भण्डार।

को वेदानुद्धरिष्यति ?'

प्रतिसंस्कार करे कौन ? कुण्डा कौन खोले ? 'कोऽत्रार्थे विनियोज्येत प्रतिसंस्कारनामके ?' यह समस्या है जटिल ! 'अहमर्थे नियुज्येयमत्र' इस प्रकार बीड़ा उठाने वाले भरद्वाज-ऋषि तो बीते गये युगों पहले ! उनका आश्रम था प्रयाग-राज में गंगातट पर, तो नये भरद्वाज को गंगातट पर ही काशीधाम में ढूंढना पड़ेगा। तो, भाई, यह प्रतिसंस्कार का काम करना होगा काशीवासी प्रियव्रत शर्मा को। वैयक्तिक पत्र द्वारा करने पर तो 'भाई साहब' टाल जाते, अतः हमें एतदर्थं लेख के इस सार्वजनिक माध्यम को चुनना पड़ा है। सार्वजनिक माध्यम प्रायः चुनौती प्रस्तुत कर देता है और भाई शर्मा जी में इस चुनौती को स्वीकार ने के लिए दम-खम दोनों हैं, परन्तु हम तो इसके साथ-साथ वैयक्तिक अनुरोध भी कर रहे हैं। और, हमें विश्वास है कि भाई शर्मा जी अवश्य अनुरोध को स्वीकार करेंगे, अन्यथा चुनौती तो सामने खड़ी ही है। इस उभयतः पाशा रज्जु से बचकर भाई साहब जायेंगे कहां !

श्री प्रियव्रत शर्मा जी इस प्रतिसंस्कार-भार को वहन करने में समर्थतम हैं भी। उन्होंने 'द्रव्यगुणविज्ञान' (तीन भागों में) लिखकर इसका आधारभूत ढांचा तो पहले से बना ही रखा है, काशी के द्रव्यादिविज्ञानीय-विभाग के पिछले ११ वर्ष से अध्यक्ष रहने के नाते उन्होंने इस विषय पर पर्याप्त कार्य किया तथा कराया है, और काशी के दो विशाल समृद्ध पुस्तकागारों की, वनस्पति वाटिका की तथा सुसाधनसम्पन्न प्रयोगशालाओं एवं सुशिक्षित सहकारियों अनुस्नातकों की सहायता सुविधा भी उन्हें प्राप्त है। परन्तु इस सब से बढ़कर उनकी व्यक्तिगत योग्यता एवं उपलब्धियां हैं जो उन्हें इस कर्म में समर्थतम बनाती हैं। प्रथम उन्होंने संस्कृत का प्रौढ ज्ञान उपार्जित किया है तथा पद्यनिर्माण का अच्छा अभ्यास किया है, जिससे वे सुचारु पद्यबद्ध रचना कर सकेंगे। द्वितीय प्रत्येक कवि या लेखक अपनी साहित्य साधना का प्रारम्भ अध्ययन से करता है और स्वकीय चिन्तन-मनन एवं प्रेरणा के बल पर प्रौढ़ 'द्रष्टा' की अन्तिम सीढ़ी पर पहुंचता है, जब कि उसकी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कृतियों में मौलिकता-व्यापकता-प्रौढता-गम्भीरता एवं प्रभावकता आ जाती हैं, वह उसका स्थायी एवं प्रौढसाहित्य के निर्माण का काल होता है। श्री शर्मा जी अब उस प्रौढ 'द्रष्टा' की स्थिति में पहुंच चुके हैं और उनके द्वारा किया हुआ यह प्रतिसंस्कार एक प्रौढ एवं उपादेय कृति होगी। तृतीय, योगक्षेम की समस्या या कठिनाई उनके मार्ग में बाधक नहीं है।

फलतः वे जमकर लिख सकते हैं और उन्हें जहां 'लाङ्गूलचालनमधश्चरणावपातैर्भूमौ निपत्य वदनोदरदर्शनं च' की आवश्यकता नहीं होगी वहाँ 'अहोरूपमहो ध्वनिः' वाली चाटुकारिता की प्रवृत्ति भी नहीं होगी। चतुर्थ, प्रकाशन के लिए उन्हें बहुत भटकना नहीं होगा।

तो, भाई शर्मा जी को इससे लाभ क्या होगा? यों तो ऐसी चिन्ता शर्मा जी को नहीं होनी चाहिये, परन्तु यदि वस्तुतः हो भी तो उत्तर यह है–'काव्यं यशसेऽर्थकृते व्यवहारविदे शिवेतर-क्षतये।' चरकोक्त तिस्रैषणाओं में से प्राणैषणा एवं वित्तैषणा तो उनकी पर्याप्त रूप में पूर्त या पूर्तिपथीन हैं ही, परन्तु ये दोनों केवल जीवनकाल तक ही सार्थक होती हैं। और, लोकैषणा एवं कीर्ति जितनी उन्हें अब तक उपलब्ध है, जो कि वस्तुतः स्पृहणीय है, उसमें और भी वृद्धि इस कार्य द्वारा होगी तथा उसकी सार्थकता उनके बाद भी पीढ़ियों तक सारे क्षेत्र में बनी रहेगी। इस यशोपलब्धि का महत्त्व कम नहीं हैं। सो, हमारा अनुरोध शर्मा जी को पालना ही होगा।

हमारा कर्त्तव्य--

हमें चाहिये कि निघण्टु-प्रतिसंस्कार के इस महत्कार्य की सफलता के लिए ज्ञान-सूचना-धन-जनमत-आदि के द्वारा पूरी सहायता प्रदान करें और इस विषय को पृथक् समृद्ध विपुल आयुर्वेदांग के रूप में प्रतिष्ठापित करावें। यह अवधेय हैं कि हमारा यह द्रव्यगुण-ओषधि विज्ञान-नामक आयुर्वेदांग यदि युगानरूप में समृद्ध रहेगा तो आयुर्वेद की श्रीवृद्धि राज्याश्रय के बिना भी अवश्य बनी रहेगी, बल्कि बढ़ती ही जावेगी। हाँ, यह अवश्य है कि अन्य आयुर्वेदांगों को भी हमें ह्रास से बचाये रखना तो जरूरी ही होगा।

गुरुकुल पत्रिका के नियम

१ 'गुरुकुल पत्रिका' मासिक है। यह प्रत्येक अंग्रेजी मास की १२, १३ तारीख को प्रकाशित होती है।

२ यह आधी संस्कृत में तथा आधी हिन्दी में होती है। इस में कवर समेत प्रायः ४४ पृष्ठ होते हैं। वर्ष में एक या दो विशेषांक लगभग १२०-१५० पृष्ठों तक के होते हैं।

३ इसमें प्रमुख रूप से लेख वैदिक-साहित्य, भारतीय-संस्कृति-सम्बन्धी होते हैं।

४ वार्षिक मूल्य देश में ६) और विदेश में १०) है, जो धनादेश (मनीआर्डर) द्वारा ही **"सम्पादक: गुरुकुल-पत्रिका"** के नाम से आना चाहिए। ग्राहक कभी भी बन सकते हैं।

५ लेख छोटे, सारगर्भित तथा मौलिक एवं शुद्ध, सुपाठ्य और एक ओर लिखे, ८ लेख, कविता तथा समालोचनार्थ पुस्तकें (२ प्रतियां), परिवर्तनार्थ पत्र-पत्रिकाएं सम्पादक के नाम भेजनी चाहियें।

६ किसी लेख अथवा कविता आदि के प्रकाशित करने या न करने, घटाने बढ़ाने या संशोधन करने का अधिकार सम्पादक को है। विना डाक खर्च भेजे अप्रकाशित कविता वा लेख लौटाये न जा सकेंगे।

सम्पादक—गुरुकुल पत्रिका, डाकघर : गुरुकुल कांगड़ी
जिला : सहारनपुर (उ० प्र०)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



आयुर्वेद महाविद्यालय भवन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सर्जिकल कैम्प गुरुकुल

लेफ्टीनेण्ट करनल श्री डा० मानवेन्द्रनाथ वशी अपने सहायकों के साथ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जीवात्मा काण्ड

आचार्य श्री रघुनाथ विनायक धुलेकर, 'धुलेकर भवन', ४० नरसिंह राव टोरिया, झांसी

(लेखक ने 'चतुर्वेद विषयानुगामी भाष्य' प्रारम्भ किया हुआ है। जिसके कुछ अंश हम पत्रिका में यदा-कदा दे रहे हैं। अब पाठकों के समक्ष २य अंश प्रस्तुत है)
—सम्पादक

यह आवश्यक नहीं कि लेखक के विचारों से सम्पादक सहमत हो।

जीवात्मा का निवासस्थान- शरीर (१)
(गर्भोपनिषद)

अब हम इस जीवात्मा काण्ड में यह बतायेंगे कि ब्रह्म ही स्वयं जीवात्मा बना है इसके लिये हम यह आवश्यक समझते हैं कि सम्पूर्ण "गर्भोपनिषद" आपको अर्थ सहित सुना दें।

गर्भोपनिषद (मनुष्य का शरीर)

ॐ पञ्चात्मकं पंचसु वर्तमानं षडाश्रयं षंड्गुणयोगयुक्तम्।

अर्थ–ॐ–जीवात्मा का निवासस्थान अर्थात् शरीर पंचात्मक है। पांच तत्वों में वर्तमान है। छः आश्रय वाला है और छः गुणों वाला है।

पंचात्मकं=आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथिवी

षड् आश्रय=६ रस=मधुर, तिक्त, कटु, कषाय, अम्ल और लवण।

तं सप्तधातुं त्रिमलं द्वियोनि चतुर्विधाहारमयं शरीरं भवति।

अर्थ–इस शरीर में सात धातु हैं, ३ मल हैं–सत्व रज व तम, दो योनियां है अर्थात् स्त्री और पुरुषयोनियाँ हैं। चार प्रकार का अन्न यह शरीर खाता है। सप्तधातु=रस, रक्त, मांस, मज्जा, अस्थि, वीर्य, ओज। चतुर्विध अन्न=भक्ष्य, भोज्य, लेह्य, चोष्य।

पंचात्मकं का अर्थ

पंचात्मकमिति कस्मात् पृथिव्यापस्तेजो वायुराकाशमित्यस्मिन्पंचात्मके शरीरे का पृथिवी का आपः किं तेजः को वायुः किमाकाशमित्यस्मिन्पंचात्मके शरीरे तत्र यत्कठिनं सा पृथिवी यद्द्रवं ता आपः यदुष्णं तत्तेजः यत्संचरति स वायुः यत्सुषिरं तदाकाशमित्युच्यते।

अर्थ–इस शरीर को पंचात्मक क्यों कहते हैं?

उत्तर–पंच महाभूत अर्थात् पृथिवी, जल, तेज, वायु और आकाश से शरीर बनता है।

(१) पृथिवी तत्त्व कठिन है, (२) जल तत्त्व तरल है, (३) उष्णता तेज तत्त्व है, (४) वायु शरीर में क्रियाओं का संचार करने वाला है। (५) आकाश तत्त्व जो रिक्त स्थान शरीर में हैं वह आकाश तत्त्व है।

पंच तत्त्वों के कार्य

तत्र पृथिवी धारणे आपः पिंडीकरणे तेजः प्रकाशने वायुर्व्यूहने आकाशमवकाशप्रदाने।

(१) पृथिवी तत्त्व का कार्य धारण करना है। (२) जल तत्त्व का कार्य एकत्रित करना है। (३) तेज तत्त्व का कार्य प्रकाशित करना है। (४) वायु तत्त्व का कार्य शरीर के अवयवों को यथा स्थान रहने देना है। अथवा उनको अपना कार्य करने देना है। (५) आकाश तत्त्व का कार्य अवकाश पोलापन प्रदान करना है।

इन्द्रियों का कार्य

पृथक्श्रोत्रे शब्दोपलब्धौ त्वक् स्पर्शे चक्षुषी रूपे जिह्वा रसने नासिका घ्राणे उपस्थ आनन्दने अपान उत्सर्गे बुद्ध्या बुध्यति मनसा सङ्कल्पयतिवाचा वदति।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(१) कान का कार्य–सुनना, (२) त्वचा का कार्य–स्पर्श करना (३) आँख का कार्य–देखना, जिह्वा का कार्य–रसों का स्वाद लेना, (५) नाक का कार्य–सूंघना ।

षडाश्रय का अर्थ

षडाश्रयमिति कस्मात् । मधुराम्ललवणतिक्तकटुकषायरसान्विन्दतीति ।

अर्थ–शरीर के ६ आश्रय कौन हैं ?

शरीर ६ रसों का भोग करता है–(१) मीठा, (२) खट्टा, (३) नमकीन, (४) चिरपिरा (मिर्च का स्वाद), (५) कड़ुआ, (६) कषैला (सुपारी का स्वाद) ।

स्वर के प्रकार–दश

षड्जऋषभगान्धारमध्यमपंचमधैवतनिषादाश्चेतोष्टानिष्टशब्दसंज्ञाः प्रणिधानाद्दशविधा भवन्ति ।

अर्थ–(१) षड्ज, (२) ऋषभ, (३) गान्धार, (४) मध्यम, (५) पंचम, (६) धैवत (७) निषाद (सा, रे, गा, मा, पा, धा, नी,) इन स्वरों में इष्ट अर्थात् (८) मीठे लगने वाले स्वर, (९) अनिष्ट कान को कटु लगने वाले स्वर तथा (१०) प्रणिधानकारक स्वर (अनिश्चित स्वर) होते हैं। इन तीनों के मिलने से शब्द बनते हैं । अर्थात् जब मनुष्य और प्राणी बोलते हैं तब १० प्रकार के स्वरों का मिश्रण होता है और उनसे जो शब्द बनते हैं वे मधुर, तीखे, कटु आदि अनेक प्रकार के हो जाते हैं । श्रोताजनों को समझना चाहिए कि मनुष्यों की वाणी क्यों मधुर होती है, क्यों कड़वी लगती है, क्यों बुरी लगती है, सुनने से क्यों दुःख होता है, क्यों सुख होता है ? आदि-आदि ।

शरीर में सात रंग

शुक्लो रक्तः कृष्णो धूम्रः पीतः कपिलः पाण्डुरं इति ।।१।।

अर्थ–शरीर में सात रंग होते हैं--

(१) सफेद, (२) लाल, (३) काला, (४) पीला (५) नीला (६) नारंगी, (७) धुंधला ।

सप्त धातुर्निमित शरीर

सप्तधातुकमिति कस्मात् यदा देवदत्तस्य द्रव्यादिविषया जायन्ते । परस्परं सौम्यगुणत्वात् षड्विधो रसो रस च्छोणितं शोणितान्मांसं मांसान्मेदो मेदसः स्नायवः स्नायुभ्योऽस्थीनि अस्थिभ्यो मज्जा मज्जातः शुक्रं शुक्रशोणितसंयोगादावर्तते गर्भो हृदि व्यवस्थां नयति हृदये ऽन्तराग्निः अग्निस्थाने पित्तं पित्तस्थाने वायुः वायुतो हृदयं प्राजापत्यात्क्रमात् ।।२।।

अर्थ–यह शरीर सप्त धातु का बना हुआ है इसका क्या अर्थ है ?

अर्थ–उत्तर-उदाहरण के लिये जब किसी देवदत्त नामक मनुष्य को भोग्य पदार्थों की इच्छा होती है तब वह षड् रस वाला अन्न खाता है, तब सप्तधातु बनते है (१) रस (२) रक्त, (३) मांस, (४) मेद (स्नायु), (५) अस्थि (६) मज्जा (७) वीर्य ।

इन सात धातुओं से मनुष्य का शरीर बनता है । पुरुष के वीर्य और स्त्री के रज के संयोग से गर्भ की धारणा होती है ।

यह सभी सात धातुएं मनुष्य के हृदय में स्थित रहती हैं । वहीं से पूरे शरीर को यह धातुएं पहुंचाई जाती हैं ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वहीं अन्तराग्नि उत्पन्न होती है, अग्नि के स्थान में पित्त, फिर उसके स्थान में वायु और वायु से ही हृदय बनता है।

जो अग्नि पेट में रहकर अन्न पचाती है उसे जठराग्नि कहते हैं। अग्नि को वैश्वानर भी कहते हैं।

गर्भ की रचना

मंत्र–ऋतुकाले संप्रयोगादेकरात्रोषितं कललं भवति सप्तरात्रोषितं बुद्बुदं भवति अर्धमासाभ्यन्तरे पिण्डो भवति। मासाभ्यन्तरे कठिनो भवति मासद्वयेन शिरः संपद्यते। मासत्रयेण पादप्रदेशो भवति। अथ चतुर्थे मासे गुल्फजठरकटिप्रदेशा भवन्ति। पंचमे मासे पृष्ठवंशो भवति। षष्ठे मासे मुखनासिकाक्षिश्रोत्राणि भवन्ति। सप्तमे मासे जीवेन संयुक्तो भवति। अष्टमे मासे सर्वलक्षणसंपूर्णो भवति। पितू रेतोऽतिरेकात्पुरुषो मातृरेतोऽतिरेकात्स्त्री उभयोर्वीजतुल्यत्वान्नपुंसको भवति।

अर्थ–उपरोक्त मंत्रों का अर्थ स्पष्ट है। सातवें मास में गर्भ सब लक्षणों से सम्पन्न हो जाता है।

वीर्य के आधिक्य से पुत्र उत्पन्न होता है और रज के आधिक्य से कन्या उत्पन्न होती है।

वीर्य और रज की समानता से नपुंसक उत्पन्न होता है।

बौनी, कुबड़ी अन्धी सन्तान

–व्याकुलित मनसोऽन्धाः खंजाः कुब्जा वामना भवन्ति। अन्योन्यवायुपरिपीड़ितशुक्रद्वैविध्यात्तनु स्यात्ततो युग्माः प्रजायन्ते। पंचात्मकः समर्थः पंचात्मिका चेतसा बुद्धिर्गन्धरसादिज्ञाना क्षराक्षरमोंकारं चिन्तयतीति तदेतदेकाक्षरं ज्ञात्वाष्टौ प्रकृतयः षोड़शविकाराः शरीरे तस्यैव देहिनः। अथ मात्राशितपीतनाड़ीसूत्रगतेन प्राण आप्यायते।

अथ नवमे मासे सर्वलक्षणज्ञानकरणसंपूर्णो भवति पूर्वजातिं स्मरति। शुभाशुभं च कर्म विन्दति॥३॥

अर्थ–स्त्री पुरुष के संभोग के समय यदि व्याकुलता हो तो सन्तान बौनी, कुबड़ी अन्धी होती है।

यदि वायु के संघर्ष से वीर्य दो भागों में हो जाय तो दो गर्भ बन जाते हैं और जुड़वा पैदा होते हैं।

यदि गर्भ पिण्ड स्वस्थ है तो पंच ज्ञानेन्द्रियां बुद्धि सहित ठीक-ठीक प्राप्त होती हैं।

विशेष बात

विशेष बात जानने की यह है कि जीवात्मा वास्तव में अविनाशी ब्रह्म है। पूर्व जन्म के संस्कार से यदि वह उन्नत अवस्था में हैं तो प्रणव का चिन्तन करता हुआ गर्भ से बाहर आता है। नवम मास में ज्ञानेन्द्रियां पुष्ट हो जाती हैं।

पूर्वजन्म की स्मृति

इस समय (अर्थात् जन्म के पहले) जीवात्मा अपने पूर्व जन्मों का स्मरण करता है। उसके शुभ और अशुभ कर्म उसके सामने आते हैं और वह गहराई से उन पर चिन्तन करने लगता है और इस प्रकार सोचता है:—

जन्म के पहले चिन्तन

मंत्र–पूर्वयोनिसहस्राणि दृष्ट्वा चैव ततो मया।
आहारा विविधा भुक्ताः पीता नानाविधाः स्तनाः॥
जातश्चैव मृतश्चैव जन्म चैव पुनः पुनः।
यन्मया परिजनस्यार्थे कृतं कर्म शुभाशुभम्॥

प्रभु का स्मरण

एकाकी तेन दह्येऽहं गतास्ते फलभोगिनः।
यदि योन्याः प्रमुच्येऽहं तत्प्रपद्ये महेश्वरम्॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अशुभक्षयकर्तारं फलमुक्तिप्रदायकम् ।
यदि योन्याः प्रमुच्येऽहं तत्प्रपद्ये नारायणम् ।।
अशुभक्षयकर्तारं फलमुक्तिप्रदायकम् ।
यदि योन्याः प्रमुच्येऽहं तत्सांख्यं योगमभ्यसे ।।
अशुभक्षयकर्तारं फलमुक्तिप्रदायकम् ।
यदि योन्याः प्रमुच्येऽहं ध्याये ब्रह्मसनातनम् ।।

जीवात्मा का प्रलाप

अर्थ–जीवात्मा सोचने लगता है कि मैं सहस्रों योनियों में अर्थात् कभी मनुष्य, कभी पशु, कभी पक्षी, कभी सर्प आदि शरीरों में शुभ और अशुभ कर्मों के कारण भटकता रहा। सहस्रों योनियों की माताओं का स्तनपान किया। बार-बार जन्म लिया, बार-बार दुःखमय जीवन बिता कर मरता रहा। हजारों प्रकार का अन्न खाया।

बार-बार दूसरों के लिये कर्म करता रहा। दुःख और सुख दोनों भोगता रहा। बार-बार जन्म लिया बार-बार मरा।

जिन्होंने मेरे कर्मों का सुखरूपी फल भोगा वे मुझसे अलग हो गये किन्तु दुष्कर्मों का फल यह नरकाग्नि एकाकी मैं भोग रहा हूं।

यदि अब मैंने जन्म लिया तो मैं संसारी बनकर काम न करूंगा, विरक्त होकर परमात्मा की (महेश्वर) की भक्ति करूंगा।

प्रभु से प्रार्थना

यदि अब मैं गर्भ से बाहर सुरक्षित निकला तो मैं नारायण को भजूंगा। जो नारायण पापों का क्षय कर देते हैं और जो प्रभु मोक्ष को देने वाले हैं, उन्हीं की सेवा करूंगा।

यदि मैं इस माता की योनि से सुरक्षित बाहर आया तो मैं सांख्य योग अर्थात् ज्ञानप्राप्ति के साधनरूपी योगाभ्यास को अपनाऊंगा, जिससे मेरे पापों का क्षय हो जायगा और मैं मुक्ति पा जाऊंगा।

यदि मैं सुरक्षित उत्पन्न हो गया तो मैं सनातन ब्रह्म की ही जीवनभर उपासना करूंगा। जिससे मुझे मोक्षरूपी फल मिलेगा।

किन्तु ध्यान करें

माता की योनि से निकलने से पहले यह मनुष्य अपने पूर्व जन्म का स्मरण करता है और बारम्बार कहता है:–'हे प्रभु! यदि तुम इस बार मुझे सुरक्षित माता की योनि से निकाल दो और मुझे समस्त कर्मेन्द्रियां, समस्त ज्ञानेन्द्रियां, मन और बुद्धि भी अच्छी प्रदान कर दो, तो हे परमात्मा! माता की योनि से निकल कर तुम्हारा ही स्मरण, भजन, उपासना, पूजन करूंगा और फिर संसारबन्धन में न फसूंगा'

किन्तु निकलते ही सब भूल जाता है।

मंत्र–अथयोनिद्वारं संप्राप्तो यन्त्रेण पीड्यमानो महता दुःखेन जातमात्रस्तु वैष्णवेन वायुना संस्पृष्टस्तदा न स्मरति जन्ममरणानि न च कर्म शुभाशुभं विन्दति ।।४।।

अर्थ–मनुष्य का गर्भपिण्ड माता की योनि से बड़ी कठिनाई से बाहर निकलता है। पिण्ड चारों ओर से दबता हुआ बड़े दुःख के साथ बाहर निकलता है। कभी-कभी इतना दुःख पाता है कि मर भी जाता है। इसप्रकार बड़ा दुःख पाता हुआ मनुष्यपिण्ड बाहर आता है। रक्त से लथपथ जब वह बाहर आता है तब दुःखी होकर 'किहां किहां' चिल्लाता है, रोता है फिर बाहर की वैष्णवी माया में लिपट कर जन्म के पहले की सब बातें भूल जाता है। जो वचन उसने प्रभू को दिये थे कि 'मैं तेरा ही भजन जीवनभर करता रहूंगा' सब भूल जाता है। और संसार

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

में फंस जाता हैं । बालक, युवावस्था और बुढ़ापा काटता है और अपने जीवन में शुभ अशुभ कर्म फिर करता हुआ मर जाता है ।

अब हम यहीं विश्राम लेंगे । गर्भोपनिषद् का प्रकरण चालू रहेगा ।

प्रवचन ७९

जीवात्मा का निवास स्थान–शरीर (२)

(गर्भोपनिषद्)

वेदविद्या के प्रेमीजन,

हमने आपको पिछले प्रकरण में 'गर्भोपनिषद्' के मंत्रों को सुनाया और आपको बताया कि ये जीवात्मा वास्तव में अविनाशी ब्रह्म है । यह शरीर उसका निवासस्थान है । ये भी आपको बताया कि शरीर तीन प्रकार के होते हैं:––

(१) स्थूल शरीर (२) सूक्ष्म शरीर और (३) लिङ्ग शरीर ।

ये लिङ्ग शरीर संस्कारों का समूह हैं । जीवात्मा के पुराने जन्मों में जो जो संस्कार शुभ और अशुभ इस शरीर द्वारा किये गये हैं वे पंच कर्मेन्द्रिय तथा पंच तन्मात्रायें सब मिलकर गांठ (ग्रन्थि) के रूप में बन जाते हैं । इनमें मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार ये चार भी सम्मिलित रहते हैं । इन चारों के समूह को हृदय कहते हैं ।

इस उपरोक्त समूह को जिसमें जीवात्मा रहता है और जो समूह एक शरीर से छूटने पर दूसरे में जीवात्मा के साथ जाता है "लिङ्ग शरीर" कहते हैं । इसी को बन्धन कहते हैं । इसी को हृदयग्रन्थि कहते हैं । इसी हृदय ग्रन्थि को काट देना मोक्ष और यही अन्तः करण कहलाता है ।

पाठकजन, यह विषय गम्भीर और गूढ़ है इसे बारम्बार सुनिये और समझिये । अब गर्भोपनिषद् का अगला भाग जिसमें यही विषय समझाया गया है आप को सुनायेंगे और इसकी सरल सुबोध व्याख्या भी करेंगे ।

शरीर क्यों कहलाता है ?

मंत्र–शरीरमिति कस्मात् । अग्नयो ह्यत्राश्रियन्ते ज्ञानाग्निः दर्शनाग्निः कोष्ठाग्निरिति । तत्र कोष्ठाग्नि र्नामाशितपीतलेह्यचोष्यं पचति । दर्शनाग्नी रूपाणां दर्शनं करोति । ज्ञानाग्निः शुभाशुभं च कर्म विन्दति ।

अर्थ–प्रश्न–शरीर क्यों कहलाता है ?

उत्तर–इस कारण कि ये शरीर तीन अग्नियों का आश्रय है । (१) ज्ञानाग्नि (२) दर्शनाग्नि (३) जठराग्नि ।

(१) शुभाशुभ कर्मों को सामने उपस्थित करने वाला ज्ञानाग्नि कहलाता है । (२) जो रूपों को दिखाता है वह दर्शनाग्नि है । (३) जो अन्न को पचाता है वह जठराग्नि है ।

शरीर यज्ञरूप है

मंत्र–त्रीणि स्थानानि भवन्ति मुखे आहवनीय उदरे गार्हपत्यो हृदि दक्षिणाग्निः ।

आत्मा यजमानो मनो ब्रह्मा, लोभादयः पशवो, धृतिर्दीक्षा, संतोषश्च बुद्धेन्द्रियाणि, यज्ञपात्राणि हवींषि कर्मेन्द्रियाणि, शिरः कपालं, केशा-दर्भा मुखमन्तर्वेदिः ।

अर्थ–यह शरीर यज्ञरूप है । तीन अग्नियों के तीन स्थान हैं । (१) मुख में आहवनीय अग्नि, (२) उदर में गार्हपत्याग्नि तथा हृदय में (३) दक्षिणाग्नि ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आत्मा (जीवात्मा) यजमान है, मन ब्रह्मा है, लोभ, मोह, मद, मत्सर, आदि पशु हैं। धृति यजमान के यज्ञ करने का संकल्प आदि दीक्षा है। सन्तोष इस यज्ञ की बुद्धि और इन्द्रियां यज्ञपात्र हैं और कर्मेन्द्रियाँ यज्ञ में डाली जाने वाली हवियां हैं।

पाठकगण, आपका शरीर यज्ञरूप है। ठीक ठीक समझिये. इस यज्ञ में जो भी आप कर्म करते हैं वे सब कर्मेन्द्रियों द्वारा करते हैं। अर्थात् हाथ, पैर, आंख कान, उदर आदि से आप सब काम करते हैं। आपकी सब इन्द्रियां काम करते करते घिसती जाती हैं। कमजोर और बुड्ढी होती जाती हैं। इसका स्पष्ट अर्थ है कि ये कर्मेन्द्रियां शरीररूपी यज्ञाग्नि में दिन प्रतिदिन जलती जाती हैं। आप समझते हैं कि हम कर्म करते हैं किन्तु असली बात यह है कि आपके शरीर के सब अवयव नित्य प्रति जल-जल कर भस्मीभूत हो रहे हैं अर्थात् हविकुण्ड में आपका शरीर हवि बनकर जलाया जा रहा है। आप समझते हैं, हम मजा उड़ा रहे हैं किन्तु आप अपने शरीर को आग में झोंक रहे हैं।

इसी कारण आपको (अर्थात् आत्मा या जीवात्मा को) यजमान बताया गया है। आप यजमान बनकर काम कर कर के अपने शरीर के सब अवयवों को, मन और बुद्धि और ज्ञानेन्द्रियों की सहायता से हवनकुण्ड में (वेदी में) झोंकते जा रहे हैं, सोचिये और विचारिये।

यज्ञ की उपमा चालू

मंत्र—चतुष्कपालं शिरः षोड़श पार्श्वदन्त-पटलानि सप्तोत्तरं मर्मशतं साशीतिकं संधिशतं-सनवकं स्नायुशतं सप्तशिरा शतानि पंचमज्जा-शतानि अस्थीनि च हवै त्रीणि शतानि षष्ठीः सार्ध चतस्रो रोमाणि कोटयो०।

अर्थ—सिर यज्ञ का चतुष्कपाल है, दंत पंक्तियां षोड़श कपाल माने गये हैं। शरीर में एक सौ सात मर्मस्थान, एक सौ नौ स्नायु और सात सौ शिरायें हैं। पांच सौ मज्जायें और तीन सौ आठ हड्डियां, रोम साढ़ चार करोड़ शरीर में हैं।

मंत्र—हृदयं पलान्यष्टो द्वादशपला जिह्वा पित्तप्रस्थं कफस्याढकं शुक्रकुडवं मेदः प्रस्थौ द्वाव-नियतं मूत्रपुरीषमाहारपरिमाणात्। पैप्पलादं मोक्ष शास्त्रं पैप्पलादं मोक्षशास्त्रमिति ॥६॥

अर्थ—कुछ अवयवों की तोल मात्रा दी जाती है। (१) हृदय की मात्रा आठ पल, (२) जिह्वा की मात्रा बारह पल, (३) पित्त की मात्रा एक प्रस्थ, (४) कफ की मात्रा एक आढक, (५) शुक्र की मात्रा एक कुडव तथा (६) मेद की मात्रा दो प्रस्थ है।

इन सबके सिवाय आहार के परिमाण के अनुसार मलमूत्र का परिमाण होता है, परन्तु यह परिमाण अनियमित है, सब में एक समान नहीं होता।

मोक्ष शास्त्र

इस शास्त्र को मोक्ष शास्त्र कहा गया है। तथा पिप्पलाद नामक ऋषि ने इसे प्रकट किया है।

पाठकजन हमने आपको पिछले दो प्रकरणों में जीवात्मा के निवासस्थान अर्थात् शरीर का वर्णन किया। यदि आपने इस गर्भोपनिषद् को भली प्रकार समझ लिया होगा तो आप अपने को इस शरीर से अलग समझने लगेंगे। आप में वैराग्य उत्पन्न हो जायगा और आप इस संसारबंधन से छूटने का प्रयत्न करने लगेंगे।

नहीं तो बार-बार गर्भ में आते जाते रहेंगे और पछताते रहेंगे। अब हम अगले प्रकरणों में शरीर के सम्बन्ध में और भी बातें बतायेंगे।

—0—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुरुकुल में आयुर्वेद की पुरानी स्मृतियां और आयुर्वेद का भविष्य

डाक्टर इन्द्रसेन

जब गुरुकुल में स्वामी श्रद्धानन्द जी ने आयुर्वेद विषय की पढ़ाई प्रारम्भ की थी तो वह पर्याय विषय के रूप में थी। उस समय गुरुकुल तीन महाविद्यालयों में विभक्त नहीं हुआ था, एक ही महाविद्यालय था। अधिकारी परीक्षा को उत्तीर्ण करके विद्यार्थी किसी भी एक विषय को विशेष रूप से ले सकते थे। उनमें इतिहास, दर्शन, धर्म सिद्धान्त, रसायन आदि विषय पर्याय विषय थे। इसी तरह आयुर्वेद को भी पर्याय विषय नियत किया गया था। उस समय इस विषय को जो विद्यार्थी लेकर स्नातक हुए उन्हें विद्यालंकार की उपाधि ही दी गई। १९२५ ई० से पूर्व ऐसे कुछ ही स्नातक निकले। उनमें मुख्य रूप से जयदेव विद्यालंकार, अत्रिदेव विद्यालंकार, जन्मेजय विद्यालंकार, सुधन्वा विद्यालंकार आदि स्नातक हैं। उस समय आधारभूत संस्कृत (BASIC) का ज्ञान प्रत्येक विद्यार्थी को ऊंचा होता था। अधिकारी परीक्षा उत्तीर्ण करने तक वे संस्कृत साहित्य, व्याकरण, उपनिषद्, महाभारत, रामायण, दर्शन आदि का अध्ययन कर चुकते थे। आर्यभाषा अर्थात् हिन्दी में भी उनकी योग्यता उच्च स्तर की होती थी। परिणामस्वरूप इन स्नातकों ने मुख्यतः सुश्रुत, चरक आदि वैद्यग्रन्थों के सुन्दर सुबोध एवं प्रामाणिक हिन्दी अनुवाद किये। इनमें जयदेव विद्यालंकार जी का नाम विशेषरूपेण उल्लेखनीय है।

इसी समय महाविद्यालय में डा० राधाकृष्ण जी आ चुके थे और गुरुकुल के आजीवन सदस्य भी बन चुके थे। उन का प्रभाव ऐसा हुआ कि उन्होंने डाक्टरी के बहुत से विषयों को अपनी हिन्दी में लिखाना शुरू किया। इसी के परिणामस्वरूप अत्रिदेव जी विद्यालंकार के अनेकों डाक्टरी विषयों पर हिन्दी में साहित्य लिखने में सफल प्रयत्न हुए और पर्याप्त रूप से विख्यात हुए।

बाद में जब आयुर्वेद महाविद्यालय अपनी पृथक् सत्ता में आया तो उस समय गुरुकुल में एक और परिवर्तन आया। पं० जनकदेव जी ने गुरुकुल आयुर्वेदिक फार्मेसी की स्थापना की। गुरुकुल धार्मिक संस्था है। इसलिए जनता में यह विश्वास होना कि गुरुकुल आयुर्वेदिक फार्मेसी की औषधें पूर्णरूपेण शास्त्रीय विधि के अनुसार तैयार की हुई होंगी स्वाभाविक ही था। अतः गुरुकुल फार्मेसी उन्नतिशील हुई। इसी दौरान डा० आर्यन ने अपना भीमसेनी सुरमे का नुस्खा भी गुरुकुल को दिया। वह भी अच्छी औषध होने से गुरुकुल फार्मेसी की उन्नति में सहायक हुआ। इस फार्मेसी का प्रभाव यह हुआ कि उस समय के कई स्नातकों ने गुरुकुल से उत्तीर्ण होकर फार्मेसियाँ स्थापित कीं। उनमें रणधीर जी आयुर्वेदालंकार, दिलीप जी आयुर्वेदालंकार आदि के नाम उल्लेखनीय हैं।

इस फार्मेसी का एक यह भी लाभ हुआ कि कई स्नातकों ने फार्मेसी की एजेन्सियाँ आदि लीं जो उनकी आजीविका का उत्तम साधन बना।

इस समय के आयुर्वेद महाविद्यालय और उस समय के आयुर्वेद महाविद्यालय में बहुत अन्तर है। इस समय आयुर्वेद के स्नातकों का अधिक ध्यान नौकरी और अपनी प्रैक्टिस की ओर है।

मैं कह रहा था कि कुछ स्नातक निकले जिन्होंने फार्मेसियाँ खोलीं। इसके बाद एक वह समय आया कि जब यहाँ के स्नातकों में और पढ़ने की प्रवृत्ति जागृत हुई। उस समय हमारा गुरुकुल

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मान्य नहीं था । इसलिए ऊंचे स्तर की पढ़ाई के लिए बहुत अड़चनें थीं । प० धर्मदत्त जी का और अन्य डाक्टर प्रोफेसरों का और बाहर से आने वाले डाक्टरों जैसे डाक्टर खेड़ा जी आदि के प्रभाव से यह प्रवृत्ति जागृत हुई । वैद्य धर्मदत्त जी जैसा कि आज सारे वैद्य जगत् को ज्ञात है अनथक विद्यार्थी हैं । इन्होंने गुरुकुल से विद्यालंकार और सिद्धान्तालंकार दोनों उपाधियों को प्राप्त किया । और किसी स्नातक ने दो अलंकारों की उपाधि नहीं प्राप्त की हैं । तदनन्तर ये मद्रास में गये । वहाँ से डा० लक्ष्मीपति जी के शिक्षणालय में आयुर्वेद की शिक्षा प्राप्त की और आयुर्वेद भूषण की उपाधि प्राप्त की । फिर आकर करीबन १९२३ ई० में उपाध्याय पद पर नियुक्त हुए (मैं सब कुछ अपनी याद से लिख रहा हूं) । उस समय मैं उनसे पढ़ता था । यह डा० राधाकृष्ण जी के डाक्टरी के लैक्चरों में विद्यार्थी बन कर बैठ जाते थे । इन्होंने बड़ी लगन से डाक्टरी का स्वाध्याय, जो हो सकता था किया, उसी के फलस्वरूप इन्होंने बाद में अपनी अद्वितीय मैडिसिन की पुस्तक लिखीं, जैसी कि इस समय और कोई नहीं है ।

इस काल में डा० धर्मानन्द, डा० बलराम, डा० इन्द्रसेन आदि हुए । जिन्होंने स्वदेश व विदेश से डाक्टरी की स्नातक व स्नातकोत्तर परीक्षायें उत्तीर्ण कीं । इनमें डा० बलराम जी का नाम विशेषरूपेण उल्लेखनीय है । वे जर्मनी गये । वहाँ उन्होंने कहा कि मुझे स्नातकोत्तर परीक्षा देने की अनुमति दो । इस पर उस देश वालों ने संकोच किया । तब इन्होंने समझाया कि वे एक स्वाधीन भारतीय संस्था के स्नातक हैं इत्यादि । इस समझाने और एक आयुर्वेदालंकार के जर्मनी से सर्वप्रथम एम० डी० करने का श्रेय इन्हीं को है ।

इसके बाद १९३२ में मैंने गुरुकुल में आयुर्वेद वाटिका लगाई । इसको लगाने के लिए उस समय के मुख्याधिष्ठाता श्री देवराज जी सेठी ने प्रेरित किया । बाद में इस वाटिका लगाने का भी प्रभाव यह हुवा कि रामेश बेदी आयुर्वेदालंकार बूटियों की रिसर्च में सर्वोच्च पद तक भारतीय अनुसन्धान विभाग में पहुंचे । और कई स्नातक इस समय कच्ची औषधों के व्यापारी भी हैं जैसे श्री रघुनाथ जी ।

इसके बाद गुरुकुल के कई स्नातकों ने अध्यापन की दिशा पकड़ी । वे आयुर्वेद महाविद्यालयों में अध्यापन का कार्य करते रहे और कई अब भी कर रहे हैं । इसमें डा० नित्यानन्द, डा० इन्द्रसेन (१९३८–३९–४० ने गुरुकुल में अध्यापन का कार्य किया) श्री पुरुषोत्तमदेव, श्री अनन्तानन्द जी, श्री विनय जी, श्री ब्रह्मदत्त जी आदि के नाम उल्लेखनीय हैं ।

इसके बाद के गुरुकुल के आयुर्वेद के स्नातकों की गतिविधियों से मैं कम अभिज्ञ हूं । इसलिए इस विषय को यहीं छोड़ता हूं ।

अब मैं कुछ इस समय की आयुर्वेद की स्थिति पर प्रकाश डालना चाहता हूं । इस समय मैडिकल कौलिजों में दाखिला मिलना बहुत कठिन हुआ हुआ है । दूसरी ओर अनेकों डाक्टरों के और वैद्यों के सुपुत्र जो अपने पैत्रिक पेशे में ही रहना चाहते हैं रह नहीं सकते हैं । और इसके अतिरिक्त भी अनेकों विद्यार्थी डाक्टरी को पढ़ना चाहते हैं। चूंकि इन आयुर्वेदिक कालिजों में आयुर्वेद के साथ कुछ न कुछ डाक्टरी पढ़ाई जाती है इस लिये वे अगर डाक्टरी के कालिजों में प्रवेश न मिले तो इन्हीं में प्रविष्ट होने में अपना लाभ समझते हैं।

यदि इन विद्यार्थियों को कहा जाय कि आप उन विद्यालयों में प्रवेश प्राप्त करें जो केवल आयुर्वेद ही पढ़ाते हैं तो वे उनमें प्रवेश प्राप्त करने में अपना हित नहीं मानते हैं । और इन कालिजों में तो २-२ या ३-३ हजार तक रुपये देकर भी प्रविष्ट होने को तैयार होते हैं । यहाँ तक न्यूनतम प्रतिशत

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तक प्राप्त अंकों की संख्या का स्तर ५७ प्रतिशत आ चुका है। जो कि फर्स्ट डिविजन ही समझें। मैडिकल कालिजों में ये स्तर १० प्रतिशत और ऊंचा है। इस १० प्रतिशत के बीच वाले विद्यार्थी इन कालिजों में प्रवेश पा रहे हैं।

दूसरी ओर गवर्नमैंट भी इन कालिजों के स्नातकों को गवर्नमैंट की नौकरी देने को तैयार है। जनता आयुर्वेद की उन डिस्पैंसरियों को अपने गाँवों में खुलवाना चाहती है जिनमें दोनों प्रकार की चिकित्सा होती हो। यदि शुद्ध आयुर्वेद की चिकित्सा कर दी जाय तो गाँव वाले माँग करते हैं कि उन्हें डाक्टरी डिस्पैन्सरी दो। यह बात मैंने हैल्थ मिनिस्टरों के मुंह से सुनी है।

एक ओर तो इन की माँग बढ़ गई है, दूसरी ओर मैडिकल कालिज से पास स्नातक इन गाँवों में जाने को तैयार नहीं हैं। सो इसलिए दोनों तरफ से रास्ता इन स्नातकों के लिए खुल जाता है। जनता भी माँग करती है और डाक्टर भी नहीं जाना चाहते।

इसका एक और प्रभाव पड़ रहा है, वह यह कि चिकित्साधिकारी के लिए और आयुर्वेद कालिजों में अध्यापकों की नियुक्ति के लिए स्नातकोत्तर उपाधि आवश्यक हो गई है। और स्नातकोत्तर उपाधि देने वाली संस्थायें गिनी चुनी हैं। और वह भी जनरल प्रैक्टिशनर नहीं निकाल रही है। मैं नहीं कह सकता कि उन की स्नातकोत्तर उपाधि आयुर्वेद के उपाध्यायों के लिए या चिकित्साधिकारी के लिए कितनी उपादेय होगी। पर जहाँ कितने ही प्रत्याशी हों यह निर्णय तो आखिर करना ही होता है कि किसको लेवें। सो स्नातकोत्तर उपाधि इस निर्णय को अवश्य प्रभावित करती है।

आयुर्वेद कालिजों में पढ़ाने वाले मुख्यतः अक्रियाशील उपाध्याय ही देखने में आते हैं। उनका क्रियात्मक ज्ञान बहुत कम होता है। यदि कोई आयुर्वेदीय प्रसूतिविज्ञान पढ़ा रहा है तो वह क्रियात्मक तौर पर प्रसूतियाँ नहीं करवा रहा। यदि कोई न्याय वैद्यक पढ़ा रहा है तो उसने न्याय वैद्यक की प्रेक्टिस नहीं की, न मरणोत्तर शव परीक्षायें ही स्वयं की हैं। यदि कोई आयुर्वेदीय शल्य पढ़ाता है या आयुर्वेदीय शालाक्य पढ़ाता है तो वह इस शास्त्र में प्रैक्टिकल कार्य कर ही नहीं रहा होता। इसलिए पढ़ाई क्रियात्मक न रहकर किताबी ही केवल हो जाती है।

किसी समय में डाक्टरी में लाइसैन्शियेट हुवा करते थे। पर उन्होंने एम. बी. बी. एस. ग्रेजुएट का मुकाबला करना शुरू किया, जिसकी प्रतिक्रियास्वरूप उस लाइसैन्शियेट् के पढ़ाई को सर्वथा ही बन्द करना पड़ा।

अब यह भी देखना है कि आयुर्वेद का भविष्य क्या है? इस समय जनता के अन्दर आयुर्वेद पढ़ने की और विशेषतः मिश्रित आयुर्वेद (एलोपैथी और आयुर्वेद दोनों) पढ़ने की बड़ी उत्कण्ठा है। हर साल इस प्रकार के विद्यार्थी दुगने हो रहे हैं। इस साल हरियाणा में विद्यार्थियों की संख्या २५० करनी पड़ी है। पिछले साल यह संख्या २४० थी और अब ४६० या ५०० पहुंच गई है। इस प्रकार आने वाले ४-५ सालों में आयुर्वेद संसार में बड़ा भारी परिवर्तन आने की संभावना है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रोगनिदान के विशेष विज्ञानोपाय और यन्त्रप्रामाण्य

आचार्य ब्रह्मदत्त शर्मा आयुर्वेदालंकार

'रोग का अर्थ'—

'रुजतीति रोगः।' अर्थात् जो रुजा उत्पन्न करे वह 'रोग' है। 'रुजा' का अर्थ है, वेदना-कष्ट-पीडा-तकलीफ।१ यथा—शिरोरुजा, उदरशूल, सन्ताप एवं कष्टजनक 'ज्वर', उदरोत्सेध-आदि व्यथाएं करने वाला 'जलोदर', आदि। यहाँ 'रोग' की निष्पत्ति 'रुज़ वेदनायाम्–' धातु से हुई है।

परन्तु 'रुजो भंगे'—धातु से भी 'रोग' की निष्पत्ति होती है। तब 'रोग' का अर्थ बनेगा, 'शरीर का वह भाव-क्रिया या अवस्था जिसमें स्वास्थ्य की अविच्छिन्न बहती धारा में भंग या बाधा अथवा व्याघात उपस्थित होजावे।' शरीर में दोष-अग्नि धातु-मल एवं विविध क्रियाएं स्वस्थावस्था में सम रहती हैं परन्तु रोगावस्था में इनके व्यापार में भंग या व्याघात उपस्थित हो जाता है। उदाहरणार्थ—अग्नि द्वारा पाचन-क्रिया यथावत् नहीं हो पाती, कम या अधिक या गलत रूप में होती हैं; ग्रहणीकला (पित्तधरा-अग्निधरा षष्ठी कला) में पाचन-क्रिया के इस भंग या वैषम्य को 'ग्रहणीरोग' कहेंगे; हस्त-पाद-आदि अंगों के स्वाभाविक स्पर्श-आदि-संज्ञाओं एवं उत्क्षेपण-अवक्षेपण-आदि क्रियाओं के व्यापार में भंग या विलोप को 'पक्षाघात२ कहेंगे; आदि-आदि।

'रोग' का स्वरूप—

दोषों की विषमता को 'रोग' कहते हैं।३ ये वातादि दोष वस्तुतः शरीर के घटक४ भी हैं तथा कार्यकर्ता भी।५ इसका अभिप्राय यह बना कि वातादि दोष प्राकृत अवस्थामें रहने पर शरीर के उपादान घटक (अर्थात् 'धातु') भी होते हैं तथा कर्मसंचालक भी; और, जब विकृत अवस्थामें हों तो रोग के रूप में शरीर को हानि पहुंचाते हैं।६ अर्थात्, पञ्चमहाभूतजनित ये वातादि दोष प्राकृत-रूप में स्वस्थ शरीर के उपादान होते हैं तथा वैकृत रूप में रोग या व्याधि के उपादान। दूसरे शब्दों में, पंचमहाभूत-त्रिदोष-रूप जिन उपादानों के प्राकृत-रूप ('सम्पत्) से शरीर बना है, उन्हीं के वैकृत-रूप ('विपत्') से रोग घटित होता है।७ वात-पित्त-कफ एवं रज यदि अपनी

---

१. "रोगशब्देन च रुजाकर्तृत्वम् (दर्शयति)" (चक्रपाणिटीका। चरक। निदान १।५)।

२. 'हन्ति पक्षं, तमाहुर्हि पक्षाघातम् भिषग्वराः॥ यस्य कृत्स्नं शरीरार्धमकर्मण्यमचेतनम्।' (सुश्रुत। निदान। १।६१–६२)।

३. 'रोगस्तु दोषवैषम्यम्' (अष्टाँगहृदय। सूत्र १।२०)।

४. 'नर्ते देहः कफादस्ति न पित्तान्न च मारुतात्। शोणितादपि वा नित्यं देह एतैस्तु धार्यते॥' (सु.।सू.।२१।४)।

५. 'विसर्गादानविक्षेपैः सोमसूर्यानिला यथा। धारयन्ति जगद्, देहं कफपित्तानिलास्तथा॥' (सु.।सू.।२१।८)।

६. 'वायुः पित्तं कफश्चेति त्रयो दोषाः समासतः। विकृताविकृता देहं घ्नन्ति ते वर्तयन्ति च॥' (अष्टाँगहृदय। सूत्र।अ० १)।

७. (क) 'येषामेव हि भावानाँ सम्पत्संजनयेन्नरम्। तेषामेव विपद् व्याधीन् विविधान् समुदीरयेत्॥' (चरक। सूत्र २५।२६)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मात्रा से घट जावें या बढ़ जावें अथवा इनके अपने गति-पचन-पोषण-प्रभृति कर्मों में हीनता-वृद्धि या गलती (मिथ्यात्व) हो जावे तो रोग हो जायगा। इन्हीं उपादानात्मक एवं कर्मात्मक विषमताओं के तर-तम-भेद से विविध व्याधियों की उत्पत्ति होती है जिनके पृथक् पृथक् लक्षण शास्त्र में वर्णित हैं।

शरीर के घटक या 'धातु' केवल वातादि दोष ही नहीं हैं, अपितु रसादि सात दूष्य तथा मूत्र-पुरीष-स्वेद ये तीन मल भी शरीर धारण का कार्य करते हैं[1] इसीलिए वातादि तीन दोष, रसादि सप्तदूष्य एवं मूत्रादि तीन मल ये सभी १३ भाव या द्रव्य शरीर-धातु कहलाते हैं। इन तेरहों धातुओं का प्राकृत रूप स्वस्थ शरीर का उपादान होता है तथा वैकृत-विक्रियात्मकरूप होने पर (Anatomically, Physiologically, Pathological) रोग का उपादान बनता है।

प्राकृत या 'सम्पत्'–रूप वाले इन धातुओं-उपादानों (वातादि त्रिदोष, रसादि सप्तदूष्य एवं पुरीषादि त्रिमल) का अपना-अपना विशिष्ट मूर्त-रूप एवं स्पष्ट कार्य होता है, जिसके कारण इनमें से प्रत्येक 'भाव' एक विशिष्ट 'घटक' एवं कार्यकर्ता' रूप में प्रत्यक्ष होता है। प्रत्येक का अपना विशेष मूलाधिष्ठान भी होता है। प्रत्येक का ऐसा विस्तृत पृथक्-पृथक् वर्णन शास्त्र में दिया हुआ है।

उदाहरणार्थ––'व्यान-वायु' सर्वशरीरग है, सर्व-शरीर की धमनियों–वातनाडियों में रहता है और उत्क्षेपण-अवक्षेपण-आकुञ्चन-प्रसारण-उन्नमन-विनमन-आदि गतियाँ कराता है; 'रञ्जक पित्त' लाल रंग का होता है, यकृत्-प्लीहा-अस्थिमज्जा में रहता है तथा आप्य रस धातु को रंजित करके रक्त धातु बना देता है, 'श्लेषक कफ' जलाभ परन्तु श्लक्ष्ण स्वरूप का होता है, सन्धियों में रहता है तथा सन्धि पृष्ठों पर श्लक्ष्णता बनाये रख कर संघर्ष-रहित श्लक्ष्ण गति को सम्भव करता है; 'रसधातु' आप्य स्वरूप का होता है, समग्र शरीर की रसवाहिनियों में संचार करता है[2] तथा आहार-रस से प्राप्त तत्तत् प्रकृति वाला पौष्टिक तत्त्व शरीर के तत्तद् भूत तथा धातु को प्रदान करके समग्र शरीर का प्रीणन करता है; 'रक्तधातु' का रंग चटख-लाल, अधिष्ठान प्लीहा-यकृत् है, और यह समग्र धातुवृद्धि में 'निमित्त' (उपादान नहीं) का कर्म करता है;[3] 'मूत्र' का स्वरूप पीताभ जलीय एवं अधिष्ठान वस्ति है तथा यह शरीर में से विलेय किट्ट को बाहर निकालने का कर्म करता है; आदि-आदि। इन सबके स्वरूप-अधिष्ठान-वर्ण-कर्म आदि को हम इन्द्रियों से प्रत्यक्ष कर सकते हैं तथा कुछेक को अनुमानादि प्रमाणों से भी जान सकते हैं।

इसी प्रकार, इन धातुओं-उपादानों के वैकृत या 'विपन्न' रूप जहाँ रोगजनक होते हैं वहाँ अपने क्षीणता-वृद्धि-आदि विकृति एवं विक्रिया वाले

(ख) "येषामिति यज्जातीयानाम्, ते च महाभूतादयः। तेन महाभूतत्वेनैव वातादीनां ग्रहणम्। सम्पदिति प्रशस्तगुणता। नरमिति संयोगिपुरुषम्। विपदिति वैगुण्यम्। समुदीरयेदिति जनयेत्।" (चक्रपाणिटीका। चरक। सूत्र। २५। २९)।

1. 'दोषधातुमलमूलं हि शरीरम्।' (सुश्रुत। सूत्र। १५। ३)।

---

२. 'व्यानेन रसधातुर्हि विक्षेपोचितकर्मणा। युगपत्सर्वतोऽजस्रं देहे विक्षिप्यते सदा॥' (चरक। चि० १५।३६)।

३. 'त एते शरीरधारणाद् धातव इत्युच्यन्ते॥२०॥ तेषां क्षयवृद्धी शोणितनिमित्ते".. ॥२१॥' (सुश्रुत। सूत्र।१४।२०-२१)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विशिष्ट स्वरूप में भी विशेष प्रकार से इन्द्रिय-प्रत्यक्ष एवं अनुमानादिगम्य होते हैं। उदाहरणार्थ—'व्यानवायु' की विपन्नता के कारण ग्रस्त शरीरांग में विसंज्ञता-अचेतनता-अकर्मण्यता-आक्षेपक-अपतानक धनुःस्तम्भ-पक्षाघात-आदि विकार प्रत्यक्ष दीखते हैं; 'रंजकपित्त' की विपन्नता से नखनयन-आनन-पाणितल-आदि में पाण्डुरता एवं पाण्डुरोग-आदि अथवा नखादि में एवं मूत्र में पीतवर्णता एवं कामला-रक्तपित्त-आदि को तथा विकृत पित्त को हम देख सकते हैं, आदि-आदि।

रोगनिदान और उसके उपाय—

'देखना', अर्थात्—जानना। ज्ञानेन्द्रियों से उपलब्ध करना। यथा—दृश्य भाव को चक्षु से ग्रहण करना (लाल-पीले-नीले-आदि रंगों वाले स्थूल-सूक्ष्म-आदि स्वरूप वाले भावों को); श्रव्य ध्वनि को कान से सुनना (उदर में गुडगुडाहट-आटोप-आदि को; अच्छे बुरे गन्धों को नाक से सूंघना (मद्यप-मधुमेही-दुष्टपूतिव्रणी-पुष्पितक-कुणप-आदि के गन्धों को); शीत-उष्ण-खर-श्लक्ष्ण-कठिन-मृदु-आदि स्पर्शों को त्वचा से ग्रहण करना; तथा मधुरता-अम्लता-तिक्तता-विषजुष्टता-आदि रससम्बन्धी ज्ञान अपनी अथवा रोगी की अथवा पिपीलिका-कुक्कुर-आदि की रसनेन्द्रिय द्वारा प्राप्त करना। पाँचों ज्ञानेन्द्रियाँ इस प्रकार रोगनिदान में सहायक होती हैं। यों तो प्रत्येक ज्ञानेन्द्रिय की अपनी क्रिया का एक विशिष्ट नाम है (यथा—चक्षु का दर्शन, कर्ण का श्रवण, नासिका का सूंघना, त्वचा का स्पर्शन तथा जिह्वा का रसग्रहण), परन्तु इन पाँचों में दर्शनेन्द्रिय प्रधान एवं व्यापकतम होने के कारण सभी ज्ञानेन्द्रियों के ज्ञान (या, कर्म) का अन्तर्भाव सामूहिक रूप में 'दर्शन' या 'देखना' में हो जाता है।

इस 'देखना' की शास्त्रीय संज्ञा है, 'प्रत्यक्ष', जिसका अर्थ है, 'इन्द्रिय का इन्द्रियार्थ के साथ सीधा अव्यवहित सम्पर्क होने पर प्राप्त हुआ अव्यभिचरित-अव्यपदेश्य-व्यवसायात्मक१ ज्ञान' ।१ दूसरे शब्दों में, 'आत्मा-मन-इन्द्रिय-इन्द्रियार्थ इस प्रकार क्रमबद्ध शृंखला में सन्निकृष्ट सम्पर्क स्थापित होने पर तत्काल प्राप्त होने वाला ज्ञान प्रत्यक्ष कहाता है।२ इस प्रक्रिया में इन्द्रियाँ स्वयं सीधा सम्पर्क स्थापित कराके ज्ञान कराती हैं।३ 'स्वयं' का अभिप्राय है कि आत्मा स्वयं इस ज्ञान को ग्रहण करता है और इन्द्रियों को किसी बाह्य ज्ञानोपाय की आवश्यकता नहीं होती तथा सम्पर्क भी सीधा ही होता है।४ मन और आत्मा द्वारा गृहीत सुख-दुःखादि भी प्रत्यक्ष कहाते हैं।५

---

१. 'इन्द्रियार्थसन्निकर्षोत्पन्नं ज्ञानमव्यपदेश्यमव्यभिचारि व्यवसायात्मकं प्रत्यक्षम्।' (न्यायदर्शन। १।४)।

२. 'आत्मेन्द्रियमनोर्थानाँ सन्निकर्षात् प्रवर्त्तते। व्यक्ता तदात्वे या बुद्धिः 'प्रत्यक्षं' सा निरुच्यते।।' (चरक। सूत्र ११। २०)।

३. 'प्रत्यक्षं तु खलु तद्यत् स्वयमिन्द्रियैर्मनसा चोपलभ्यते।' (चरक। विमान। ४।४)।

४. (क) "स्वयमिन्द्रियैर्मनसा चेत्यनेन यदात्मनेन्द्रियैश्चक्षुरादिभिरव्यवधानेन गृह्यते रूपादि तत् प्रत्यक्षमिति बाह्यम् प्रत्यक्षं गृह्णाति।" (चक्रपाणिटीका। चरक। विमान। ४।४)।

(ख) "स्वयमुपलभ्यत इति साक्षादुपलभ्यते।" (चक्रपाणिटीका। चरक। विमान। ८।३९)।

५. (क) 'प्रत्यक्षं नाम तद् यदात्मना चेन्द्रियैश्च स्वयमुपलभ्यते; तत्रात्मप्रत्यक्षाः सुख-दुःखेच्छाद्वेषादयः, शब्दादयस्त्विन्द्रियप्रत्यक्षाः।' (चरक। विमान। ८।३९)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रोग के पञ्चांग और त्रिविध विशेषविज्ञानोपाय–

किसी ज्ञेय भाव के समग्रश: ज्ञानार्थ हमें उसके विविध अंगों का ज्ञान प्राप्त करना आवश्यक होता है। उदाहरणार्थ–– हाथी की स्थूणाकार स्तम्भाकार टाँगों, बड़े ढोल-जैसे उदर, पंखे या छाज जैसे कानों, लटकती हुई विशाल सूंड-आदि अंगों का ज्ञान होने पर ही हाथी का व्यवस्थित ज्ञान प्राप्त होता है। इसी प्रकार, रोग के व्यवस्थित ज्ञान के लिए पाँच अंग निर्धारित हैं; तद्यथा–– निदान, पूर्वरूप, रूप, संप्राप्ति तथा उपशय। इन पाँचों रोगांगों का स्पष्ट ज्ञान होने पर ही रोग का व्यवस्थित ज्ञान होता है। ये रोग के पाँच विज्ञेय भाव हैं।१ विविध विधियों से हम इनका ज्ञान प्राप्त करके रोग का निदान, निर्णय या विनिश्चय करते हैं।

रोग के निदान, निर्णय अथवा विनिश्चय में सहायक ज्ञान को प्राप्त कराने वाली इन विधियों को रोग के विशेष विज्ञानोपाय कहा जाता है। इनकी संख्या चरकसंहिता में तीन बतायी गयी है, तद्यथा–– आप्तोप्रदेश, प्रत्यक्ष और अनुमान।२

आप्तोपदेश––

इनमें से 'आप्तोपदेश' का अर्थ है, आप्त व्यक्ति-का वचन। 'आप्त' उस व्यक्ति को माना जाता है जो रज-तम से सर्वथा रहित हो, अपने तप एवं ज्ञान के बल से जो भूत-भविष्य-वर्तमान के प्रत्येक भाव को स्पष्ट रूप में देख-जान सकता हो, यहाँ तक कि दीवार-आदि व्यवधानों के पार भी जिसके ज्ञान-चक्षुओं की स्पष्ट गति हो, जिसका ज्ञान अनिश्चय संशय-स्मृति-एकदेश-राग-द्वेष आदि दोषों से रहित नि:संशय एवं सर्वथा दो-टूक स्पष्ट हो। ऐसे आप्त व्यक्ति का वचन निर्दोष प्रमाण होता है।३ ऐसे आप्तोपदेश द्वारा हमें रोग के निदानादि सर्वांगों का तथा चिकित्सासूत्रों का स्पष्ट उपदेश प्राप्त होता है।४ शास्त्र में ये ही आप्तवचन हैं। इन वचनों के पीछे ऐसे त्रिकालदर्शी, अव्याहतज्ञानी, रज-तम-रहित, शुद्ध-बुद्ध-निर्मुक्त-क्रान्तदर्शी आप्त महापुरुषों का सतत-अवेक्षण-अनुभव-परिपुष्ट क्रान्तदर्शी सत्यज्ञान आधार रूप से स्थिर रहता है। इसी लिए 'आप्तो-

---

(ख) "मनसा चेत्यनेन च मनसाऽव्यवधानेन यदुपलभ्यते सुखादि।" (चक्रपाणि-टीका। चरक। विमान ४।४)।

१. (क) 'निदानं पूर्वरूपाणि रूपाण्युपशयस्तथा। संप्राप्तिश्चेति विज्ञानं रोगाणां पंचधा स्मृतम्॥'

(ख) 'रोगं निदानप्राग्रूपलक्षणोपशयाप्तिभि:' (अ०हृ०। सूत्र। १।२२)।

२. 'त्रिविधं खलु रोगविशेषविज्ञानं भवति; तद्यथा– आप्तोपदेश:, प्रत्यक्षम्, अनुमानं चेति।' चरक। विमान। ४।३)॥

३. (क) 'रजस्तमोभ्यां निर्मुक्तास्तपोज्ञानबलेन ये। येषां त्रिकालममलं ज्ञानमव्याहतं सदा॥ आप्ता: शिष्टा विबुद्धास्ते तेषां वाक्यमसंशयम्। सत्यं, वक्ष्यन्ति ते कस्मादसत्यं नीरजस्तमा:॥' (चरक। सूत्र।११।१८-१९)।

(ख) 'आप्ता ह्यवितर्कस्मृतिविभागविदो निष्प्रीत्युपतापदर्शिनश्च। तेषामेवं-गुणयोगाद्वचनं तत् प्रमाणम्।' (चरक। वि० ४।४)।

४. 'तत्रेदमुपदिशन्ति बुद्धिमन्त:-; रोगमेकैकमेवम्प्र-कोपणमेवं योनिमेवमुत्थानमेवमात्मानमेवमधि-ष्ठानमेवं वेदनमेवंसंस्थानमेवंशब्दस्पर्शरूपरस-गन्धमेवमुपद्रवमेवंवृद्धिस्थानक्षयसमन्वितमेवमु-दर्कमेवंनामानमेवं योगं विद्यात्। तस्मिन्नि-यम् प्रतीकारार्था प्रवृत्तिरथ वानिवृत्तिरित्यु-पदेशाज्ज्ञायते।' (चरक। विमान। ४।६)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पदेश' को सर्वप्रथम रोगविशेषविज्ञानोपाय माना गया है।

यह आवश्यक नहीं कि ऐसे 'आप्त' व्यक्ति केवल सुदूर भूतकाल में ही हुए हों। और, यह भी आवश्यक नहीं कि सभी 'आप्त' एक समान स्तर वाले रहे हों; उनमें भी तर-तम-विशिष्ट सापेक्षता माननी पड़ेगी, इसीलिए उनके उपदेशों में भी तर-तम-विशिष्ट सापेक्षता स्पष्ट देखी जा सकती है। निकट भूत तथा वर्तमान काल के कुछ आप्त सुप्रख्यात हैं; तद्यथा—स्वामी दयानन्द सरस्वती, महात्मा गान्धी, अरविन्द घोष, स्वामी विवेकानन्द, रामकृष्णपरमहंस, स्वामी रामतीर्थ, विनोबाभावे, आदि। आयुर्वेद के क्षेत्र में—आचार्य यादवजी त्रिकमजी, आदि।१ नवीन विज्ञान एवं चिकित्सा के क्षेत्र में—गेलिलियो, न्यूटन, आइन्स्टीन, सी० वी० रमण, जगदीशचन्द्र बोस, पास्तर, हाफकिन, फीर्को, जेनर, पावलोफ़, ऐलिक, एडीसन, कोपर्निकस, हौयल, खुराना, प्रभृति। इनमें परस्पर तर-तम-कोटियाँ अवश्य हैं, पर वर्ग वही 'आप्त' का है। इनके द्वारा दिए हुए ज्ञान एवं उपदेशों की मान्यता हुई है।

'प्रत्यक्ष'-प्रमाण—

'आप्तोपदेश' की मान्यता एवं प्रामाणिकता के क्षेत्र में इतनी अधिक महत्ता है कि बहुधा इसे मन्त्र के समान परममान्य एवं अमीमांस्य भी कह दिया जाता है; परन्तु उस मन्त्रवत्—परममान्यता के पीछे आधार दो तथ्यों का होता है—प्रथम, ज्ञान या सैद्धान्तिक स्तर पर आगम या 'वेद' अथवा वेदार्थाविपरीत तत्समकक्ष मान्य शास्त्र२ द्वारा अनुमोदन; तथा द्वितीय, क्रिया एवं व्यवहार में फलदर्शन।३ वस्तुतः आप्तता की कसौटियाँ कठिनतम कर देने पर भी तथा आप्तोपदेश की भी आगमसिद्धता की तुला पर तोलने के बाद भी आयुर्वेद ज्ञान-विज्ञान की धारा को इतना अविच्छिन्न निर्बाध एवं स्वतन्त्र (परन्तु 'निरंकुश' नहीं) क्षेत्र प्रदान करता है कि प्रत्यक्ष एवं अनुमान द्वारा भी रोगपरीक्षा करने की मान्यता देता है।

इस रोगपरीक्षा की प्रक्रिया यह होती है कि रोग के कारण-निदान-पूर्वरूप आदि के सम्बन्ध में जो सैद्धान्तिक ज्ञान हमने आप्तोपदेश द्वारा प्राप्त किया है तदनुसार दर्शन-स्पर्शन-प्रश्न आदि द्वारा प्रत्यक्ष-अनुमान-अन्वय-व्यतिरेक-आदि की पद्धति से हम परीक्षा एवं तर्कणा ऊहा करके निर्धारित करते हैं कि प्रस्तुत रोगी में रोग के अमुक लक्षण हैं, तथा अमुक हेतुओं–पूर्वरूपों एवं सम्प्राप्ति की प्रक्रिया रही है। इससे रोगनिश्चय होता है तथा चिकित्साक्रम निर्धारित किया जाता है।

रोग के विशेष विज्ञान की इस परम्परा में परीक्षा की दृष्टि से सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण स्थान है 'प्रत्यक्ष' का। प्रत्यक्ष की परिभाषा हम पीछे देख आये हैं तथा यह भी देख आये हैं कि रोग के कौन-कौन से भाव या लक्षण या चिन्ह प्रत्यक्षगम्य होते

---

१. यद्यपि आयुर्वेद के क्षेत्र में भी न्यूनाधिक आप्तता वाले अनेक महानुभाव निकट भूत तथा वर्तमान में हुए हैं तथा हैं, तथापि हमें वैद्यबन्धुओं में परस्पर द्वेषाधिक्य के कारण अहमहमिका–वितण्डा शुरू होजाने के भय से नाम गिनाना उचित नहीं है।

२. 'तत्राप्तागमस्तावद्वेदः, यश्चान्योऽपि कश्चिद्वेदार्थादविपरीतः परीक्षकैः प्रणीतः शिष्टानुमतो लोकानुग्रहप्रवृत्तः शास्त्रवादः, स चाप्तागमः।' (चरक। सूत्र। ११।२७)

३. 'एष आगमसिद्धत्वात्तथैव फलदर्शनात्॥ मन्त्रवत्सम्प्रयोक्तव्यो न मीमाँस्यः कथंचन।' (सु.। चि.। १।७५-७६)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हैं। प्रत्यक्ष द्वारा 'दृष्ट' या 'गृहीत भाव 'प्राय:' निःसंशय होता है; इसीलिए किसी विषय के संशयाच्छन्न होने पर प्रत्यक्ष द्वारा उसे पुष्ट किया जाता है। 'हाथकंगन को आरसी क्या ?'–वाली कहावत भी प्रत्यक्ष की महत्ता बताती है। परन्तु प्रत्यक्ष की यह महत्ता तथा निःसंशयता तभी तक है जब तक कि द्रष्टा की इन्द्रियाँ (ज्ञानेन्द्रियाँ) स्वस्थ-समर्थ हों तथा ऊहा एवं तर्कणाशक्ति भी अविप्लुत-अविकृत हो।

ज्ञानोपायों में 'प्रत्यक्ष' की महत्ता एवं निःसंशयता अवश्य बहुल है, परन्तु व्यापकता अधिक नहीं। वस्तुतः प्रत्यक्ष क्षेत्र बहुत ही सीमित होता है। जिन इन्द्रियों से हम प्रत्यक्ष-दर्शन-ग्रहण करते हैं, वे स्वयं भी प्रत्यक्ष नहीं होतीं। यहाँ तक कि जो भाव सत्तावान् एवं प्रत्यक्षगम्य हैं वे भी अतिसान्निध्य, अतिविप्रकर्ष, कुड्या-यवनिका-आदि-जनित आवरण एवं व्यवधान, कामला-विकार-आदि-जनित इन्द्रियवैकल्य–दौर्बल्य, मानसिक अनवधानता, अतिसूक्ष्मता, आदि के कारण प्रत्यक्ष-उपलब्ध नहीं हो पाते।१ अर्थात् प्रत्यक्ष का क्षेत्र अतिसीमित है। तो फिर ? ऐसी परिस्थितियों में रोग का विशेष विज्ञान कैसे होगा ? इसका उत्तर है––अप्रत्यक्ष या प्रत्यक्ष-अनुपलब्ध भाव के विशेष विज्ञानार्थ हमें आगम––आप्तोपदेश, अनुमान एवं युक्ति का अवलम्ब लेना होगा।१ इनमें से आप्तोपदेश एवं आगम का विषय हम उपर देख आये हैं। 'अनुमान' का वर्णन नीचे कर रहे हैं।

'अनुमान'-प्रमाण––

'युक्ति' के आधार पर किये गये तर्क को अनुमान कहते हैं।२जिसके द्वारा परोक्ष या अप्रत्यक्ष का ज्ञान होता है।३ इसमें भी सर्वप्रथम प्रत्यक्ष के आधार पर गर्भ-मैथुन, फल-बीज, धूप-अग्नि का अविनाभाव-सम्बन्ध (जिसे दूसरे शब्दों में 'युक्ति कहते हैं)४ ज्ञात किया हुआ होता है; और इस व्याप्ति या युक्ति के आधार पर तर्क करके जो परोक्ष ज्ञान प्राप्त किया जाता है, उसे 'अनुमान' कहते हैं जो त्रिविध एवं भूत-भविष्यत्-वर्तमान इस प्रकार त्रिकालपरक होता है।५ उदाहरणार्थ–– हमने प्रत्यक्ष देखा है कि जहाँ जहाँ धूम होता है, वहाँ अग्नि अवश्य होती है तो 'धूम–अग्नि' इस व्याप्ति या अविनाभावी युक्ति के आधार पर धूम को देखते ही निगूढ अग्नि का भी अनुमान कर लेते हैं। इसी प्रकार, गर्भ को देखते ही हम भूतकालीन मैथुन का अनुमान कर लेते हैं। तीसरी ओर, बीज को देख कर हम अनागत भविष्यत्कालीन

---

१. 'प्रत्यक्षं ह्यल्पम्; अनल्पमप्रत्यक्षमस्ति, यदागमानुमानयुक्तिभिरुपलभ्यते; यैरेव तावदिन्द्रियैः प्रत्यक्षमुपलभ्यते, तान्येव सन्ति चाप्रत्यक्षाणि ॥७॥ सतां च रूपाणामतिसन्निकर्षादतिविप्रकर्षादावरणात् करणदौर्बल्यान् मनोऽनवस्थानात् समानाभिहारादभिभवादतिसौक्ष्म्याच्च प्रत्यक्षानुपलब्धिः ॥८॥' (चरक। सूत्र ११।७-८)।

---

१. 'प्रत्यक्षं ह्यल्पम्, अनल्पमप्रत्यक्षमस्ति,यदगमानुमानयुक्तिभिरुपलभ्यते।' (चरक।सूत्र ११।७

२. 'अनुमानं खलु तर्को युक्त्यपेक्षः'। (चरक। विमान। ४।४)।

३. 'अविनाभावजम् परोक्षज्ञानमनुमानमित्यर्थः।' (चक्रपाणिटीका। चरक। विमान। ४।४)।

४. 'युक्तिः सम्बन्धोऽविनाभाव इत्यर्थः'। (चक्रपाणिटीका। चरक। विमान ४।४)

५. 'प्रत्यक्षपूर्वं त्रिविधं त्रिकालं चानुमीयते "(येन तदनुमानम्)।" (चरक। सूत्र।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

फल का अनुमान कर लेते हैं।१ ये सब 'अनुमान' के उदाहरण हैं।

प्रमाणों में अनुमान का क्षेत्र सर्वाधिक व्यापक है। रोगनिदान के क्षेत्र में भी इसकी व्यापकता सबसे अधिक रहती है। उदाहरणार्थ--आतुरशरीर पर मक्खियाँ तथा मूत्र पर चींटियाँ अधिक जाने से मधुमेह का अनुमान; रक्तपित्त के सन्देह में यदि प्रस्तुत रक्त को कुत्ता-कौआ आदि न खावे तो रक्त पित्त का विनिश्चय; आदि।२ शरीर के कुछ प्राकृत भावों के ज्ञान में भी अनुमान सहायक होता है; तद्यथा--जरण-शक्ति से अग्नि का अनुमान, व्यायाम शक्ति से बल का, आदि।३

नाडी-मूत्र-मल-जिह्वा-आदि की परीक्षा के द्वारा रोग का ज्ञान भी अनुमान के क्षेत्र में आता है। उदाहरणार्थ-नाड़ी में सर्पमण्डूक-आदि की गति को देख कर हम विकृत-क्षीण-प्रवृद्ध वातादि दोषों को, बल्कि कभी-कभी सीधे रोग को भी, पहचान लेते हैं; मूत्र के वर्ण-गन्ध-घनत्व-निक्षेप-तैलपरिसर्पण-आदि के द्वारा भी हम विविध रोगों का निदान कर लेते हैं(इस विषय में 'सचित्र आयुर्वेद' के जनवरी-७४ से अगस्त-७४ तक चार लेख श्री वैद्य हरिदास जी श्रीधर कस्तूरे प्रकाशित कर चुके हैं; वे दर्शनीय हैं); मल एवं जिह्वा की परीक्षा के द्वारा भी हम रोगनिदान अनुमानपद्धति से कर सकते हैं। जामनगर की केन्द्रीय आयुर्वेदान्वेषण संस्था में निरन्तर दर्शनपरक मलपरीक्षा एवं नख नयन-परीक्षा द्वारा रोगनिदान करने की क्षमता का इतना सूक्ष्म एवं अचूक अभ्यास वहाँ के वैद्यों ने किया था कि वे रक्त में शोणवर्तुलि (हीमोग्लोबिन) की मात्रा तक ठीक-ठीक बता सकते थे। निरन्तर अभ्यास के द्वारा नाड़ी-मूत्र-मल-जिह्वा-नेत्र-नख आकृति आदि देख कर रोगनिदान करने की, और अचूक रूपमें करने की,क्षमताका विकास न्यूनाधिक रूप में आप्तता की सीमा तक अर्जित किया जा सकता है। इस दृष्टि से इनका मनोयोग एवं निष्ठापूर्वक विकास करने वाला प्रत्येक वैद्य आप्त की कोटि के समीप पहुंचता जाता है। वस्तुतः चिकित्सा के क्षेत्र में आयुर्वेद की तथा अभ्यस्त प्राणाभिसर वैद्य की यह उपलब्धि (जबकि बिना साधनों के ही रोगनिदान करने की तथा औषधभण्डारों के बिना सामान्य उपलब्ध जड़ी बूटी से ही सफल चिकित्सा करने की क्षमता अर्जित-विकसित की जाती है) विज्ञान की सर्वोत्कृष्ट महनीय आदर्श विशेषता है। इस विशेषता का जितना विकास किया जायगा, उतना ही आयुर्वेद राष्ट्र एवं विश्व के लिए लाभकारी होता जायगा।

यन्त्र प्रामाण्य--

ऊपर हमने देखा है कि अतिसन्निकर्ष-अतिविप्रकर्ष-आवरण-इन्द्रियवैकल्य-दौर्बल्य-मनोनवस्थान-समानाभिहार-अभिभव-अतिसौक्ष्म्य-आदि के कारण प्रत्यक्षगम्य भाव-उपलब्ध नहीं होता। ऐसे भी भाव को देखने-पहचानने की दो विधाएं हो सकती हैं, तद्यथा--

---

१. 'वह्निर्निगूढो धूमेन मैथुनं गर्भदर्शनात् ।। एवं व्यवस्यन्त्यतीतं बीजात् फलमनागतम् ।
दृष्ट्वा बीजात् फलं जातमिहैव सदृशं बुधाः ।।' (चरक । सूत्र । ११।२१-२२)।

२. यूकापसर्पणेन त्वस्य शरीरवैरस्यं, मक्षिकोपसर्पणेन शरीरमाधुर्यं,लोहितपित्तसन्देहे तु किं धारिलोहितं लोहितपित्तं वेति श्वकाकभक्षणाद् धारिलोहितम् अभक्षणाल्लोहितपित्तमित्यनुमातव्यम्।' (चरक । विमान । ४।७)।

३. 'इमे तु खल्वन्येऽप्येवमेव भूयोऽनुमानज्ञेया भवन्ति भावाः। तद्यथा--अग्निं जरणशक्त्या परीक्षेत, बलं व्यायामशक्त्या . .- ।' (चरक । विमान ४।८)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Gurukul Kangri Vishwavidyalaya

१. **आगम**—आप्तोपदेश-अनुमान-युक्ति के द्वारा जानना। जिन ऋषियों ने निरन्तर अन्वेक्षण एवं ज्ञानचक्षुओं के द्वारा सत्य का साक्षात्कार किया है तथा जो इस ज्ञान को सर्वथा सत्य रूप में ही कहेंगे उनके उपदेश एवं आगमवाक्य द्वारा प्रामाणिक रूप में ज्ञान हमें होगा ही। परन्तु वह सैद्धान्तिक होगा। प्रस्तुत रोगी में उपस्थित भावों के द्वारा रोगनिदान के लिए हमें अनुमान का सहारा लेना होगा। परीक्षा एवं अनुमान के अभ्यास द्वारा हम ऐसी क्षमता का विकास कर सकते हैं कि रोग का सही-सही निदान नाड़ी-मूत्र-मल-नेत्र-नख-नयन-आनन आदि की परीक्षा द्वारा बिना प्रश्न-परीक्षा के ही कर सकें। यह आदर्श स्थिति है।

यह विधा आदर्श एवं महनीय तथा उपार्जनीय होने पर भी इसमें तीन कठिनाइयाँ हैं—(क) यह व्यक्तिपरक एवं आत्मपरक (सब्जैक्टिव) है, अभ्यासी वैद्य में ही विकसित होती है और सभी वैद्य या चिकित्सक इस क्षमता का उपार्जन नहीं कर सकते; (ख) व्यापक परीक्षणों के लिए यह विधा परदर्शनात्मक एवं परज्ञेय (डिमौंस्ट्रेटिव, आब्जैक्टिव) नहीं हो सकती; (ग) अभिभव (यथा—दिन दोपहरी में उल्कापात का दर्शन न हो पाना; उष्णजल में से निकले हाथ की अंगुलियों को रोगी के तापमान या ज्वर का यथावत् ज्ञान न हो पाना) आदि के कारण हमारी यह क्षमता कभी-कभी धोखा खा जाती है।

२. **यन्त्र की सहायता से जानना**। इस विधा में प्रथम विधा के तीनों दोषों का निराकरण हो जाता है। उदाहरणार्थ—थर्मामीटर या तापमापकयन्त्र सभी अवस्थाओं में शरीर का सही तापमान बतावेगा, अभिभव का दोष उसे नहीं लगेगा और ना ही व्यक्तिपरक एवं आत्मपरक (सब्जैक्टिव) होगा। वक्षस् में विद्यमान विकृतियाँ ध्वनियों के विविध रूपों में स्टैथोस्कोप यन्त्र से प्रत्यक्ष होंगी। अत्यन्त समीपस्थ तथा दूर वाले अथवा अतिसूक्ष्म भाव विविध शक्तियों के ताल वाले अणुवीक्षणयन्त्र एवं दूरवीक्षणयन्त्र से प्रत्यक्ष स्पष्ट दीखेंगे। समानाभिहार की त्रुटि का भी निवारण विविध रंजक माध्यमों एवं अणुवीक्षणयन्त्र की सहायता से हो जायेगा। आवरण आदि का प्रतीकार भी क्षकिरणयन्त्र लेज़र-आदि की सहायता से होगा। यकृत्-हृदय विविध ग्रन्थि-अर्बुद-आदि की बायोप्सी परीक्षा द्वारा हम रोग की गहराई तक पहुंच सकेंगे।

इस सारे विवेचनसे हमारा प्रयोजन यह बताने का है कि यद्यपि आयुर्वेद के लिए, बल्कि सारे विश्व के लिए, रोगनिदानार्थ आदर्श विधा यह है कि बिना यन्त्रों की सहायता के ही वैद्य या चिकित्सक उस क्षमता का उपार्जन एवं विकास करे जिसके द्वारा नाड़ी आदि की परीक्षा से ही अचूक निदान कर सके; परन्तु आदर्श सदा सुलभ नहीं होता तथा कुछ गिने चुने वैद्यों को छोड़कर ९९.९ प्रतिशत वैद्य चिकित्सक ऐसी क्षमता का उपार्जन नहीं कर पायेंगे तथा व्यापक परदर्शनात्मक-परज्ञेय परीक्षणों के लिए वह विधा व्यावहारिक नहीं होगी, अतः यन्त्रप्रामाण्य की भी मान्यता रखनी होगी। आयुर्वेद के लिए यन्त्र कोई नई चीज़ नहीं। अर्शोयन्त्र ताल-यन्त्र आदि रोगनिदानात्मक यन्त्र आयुर्वेद में वर्णित हैं। विविध विशिष्ट चश्मों से हम दृष्टि दोष दूर करते ही हैं। यहाँ हमें करना यह है कि रोगनिदान एवं चिकित्सा को सुलभ एवं सरल करने के लिए थर्मामीटर—स्टोथोस्कोप आदि यन्त्रों का उपयोग करें, उनसे घृणा न करें। अन्यथा, वैद्य महानुभाव चोरीछिपे व्यवहार करेंगे, बिना सीखे-जाने बरतेंगे, और उपहास के पात्र बनेंगे। यह स्थिति स्पष्ट दिखाई दे रही है।

हाँ, यह अवश्य है कि ज्ञानेन्द्रियरूप बाह्यकरणों एवं मन आदि अन्तःकरणों के समान यंत्र भी करण हैं यन्त्रोपयोग करते-करते हम यन्त्रों के दास न बन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जावें और आधुनिक चिकित्सा के समान वह स्थिति न आजाये कि समूचे यन्त्रों के द्वारा अत्यन्त मंहगी प्रयोगशालीय परीक्षायें कराने के बाद भी निदान का न केवल निर्णय न हो पावे अपितु संशय अन्धकार ही बढ़ जावे। अर्थात् हमें नाडी आदि की परीक्षा वाली वैयक्तिक रोगनिर्णयक्षमता के उपार्जन को आदर्श मान्यता देकर व्यवहारिक रूप में यन्त्रों के यत्किंचित् सही एवं सदुपयोग को भी गौण मान्यता देनी चाहिये। बिना यन्त्र-दास बने हमें यन्त्रों का उपयोग करना सीखना चाहिये, यन्त्रों को अपना करण या साधन या दास बनाना चाहिये तथा यथावश्यक यन्त्रोपयोग द्वारा निदान को इतर-गम्य भी बनाना चाहिये। यह भी ध्यान रखना चाहिये कि यन्त्रोपयोग का प्रमुख रूप वह हो जिसमें आयुर्वेदीय निदान में सहायता मिले। समन्वयात्मक निदान के लिए यन्त्रोपयोग का दृष्टिकोण सर्वथा भिन्न है, जिस पर फिर किसी लेख में प्रकाश डालेंगे।

—★—

आवश्यक निवेदन

पत्रिका के मूल्य तथा वार्षिक शुल्क में वृद्धि

गुरुकुल-पत्रिका के ग्राहकों तथा पाठकों को सखेद सूचित किया जाता हैं कि कागज के मूल्य में आशातीत वृद्धि हो जाने के कारण बाध्य होकर हमें पत्रिका के मूल्य तथा वार्षिक शुल्क में अक्टूबर १९७४ से वृद्धि करनी पड़ रही है। वस्तुतः कागज के मूल्य-वृद्धि की तुलना में यह वृद्धि नगण्य है।

परिवर्तित मूल्य

एक प्रति	—	—	६० पैसे
वार्षिक (देश में)	—	—	६-०० रुपये
वार्षिक (विदेश में)	—	—	१०-०० ,,

आशा है ग्राहक व पाठक परिस्थितिवश मूल्य-वृद्धि को उचित समझेंगे तथा अपना सहयोग बनाये रखेंगे।

—सम्पादक तथा प्रबन्धक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ऋग्वेद में वर्णित सोम को क्या हम जान पाये हैं?

डा० विनोद प्रकाश उपाध्याय, बी० एस-सी०, बी० ए० एम० एस० आयुर्वेदाचार्य

प्रवक्ता–आयुर्वेद महाविद्यालय, गुरुकुल कांगड़ी

ऋग्वेद में वर्णित सोम अभी तक ऐसी समस्या बना हुआ है, जिसका समाधान निकलता प्रतीत नहीं होता। विभिन्न अर्थ एवं विभिन्न प्रकार की कई वनस्पतियां सोम के नाम से वर्णित है, जो एक भी सोम के वेदोक्त गुणों से पूर्णतः युक्त नहीं है। प० दा० सातवलेकर जी ने ऋग्वेदोक्त सोम के गुणों, रूपों तथा प्रयोग से लाभ का 'दैवत संहिता' में विवेचन किया है। सुश्रुत संहिता में सोम के २४ भेद बतलाये हैं। ऋग्वेद में भी दो तथा पर्याय के अनुसार ५ भेद बतलाये गये हैं। संहिताओं में प्राप्त वर्णन से यह स्पष्ट है कि सोम उस प्राचीन समय में भी दुर्लभ था तथा बड़े तपस्वी, धर्माचरण करने वाले व्यक्ति को ही उपलब्ध होता था। सोम को प्राप्त करने के लिये होड लगती थी, छीना झपटी तक हो जाती थी। सोम को अत्यधिक बल, बुद्धि तथा विद्या का देने वाला, असाध्य रोगों को दूर करने वाला तथा इन्द्र भी जिसे प्राप्त करने को लालायित रहते थे, ऐसा दर्शाया गया है।

सुश्रुत में सोम के २४ भेद बताये है। यह संभव है कि कोई २४ द्रव्य जो सोम के विशिष्ट गुणों से युक्त थे इसके २४ भेदों के अन्तर्गत ले गये हों। क्योंकि जैसा कि सुश्रुत में वर्णित विभिन्न गणों में १०–१० औषधियों का समावेश है, जिनमें विभिन्न वनस्पतियां हैं तथा किसी का पञ्चांग, किसी की मूल, पत्र तथा पुष्पों का समावेश है वैसे ही विभिन्न औषधियां सोम के भेदों में वर्णन कर दी गई हों। चरक में सोम का वर्णन नहीं मिलता। सोम के वर्णन में दिया गया है कि पत्रों का रस, दूध कंद का रस आदि प्रयोग में लेते थे। स्वर्णिम आभा युक्त होता था एवं पानी पर तैरने वाला, वृक्ष से लटकने वाला, भूमि पर उगने वाला आदि बताया गया है। कुछ विशिष्ट पर्वत जहां सोम प्राप्त होता था उनके नाम दिये गये हैं। इनमें मुंञ्जवान हिमालय में तथा मलय दक्षिण में स्पष्ट है। पारसी धर्म ग्रन्थ 'जिंद अवस्ता' में भी 'होम' नाम आया है। भाषा भेद से यह सोम का ही नाम है।

सोम के बानस्पतिक गुणों का वर्णन निम्न प्रकार मिलता है। सभी प्रकार के सोम में १५ पत्ते होते थे, जो शुक्लपक्ष में निकलते तथा कृष्णपक्ष में झड जाते थे। शुक्ल पक्ष में प्रतिदिन सोम का एक पत्ता निकलता था तथा पूर्णमासी के दिन वे पूरे १५ हो जाते थे। पुनः कृष्णपक्ष में एक-एक पत्ता झडने लगता था तथा पक्ष की समाप्ति पर केवल लता शेष रह जाती थी। परन्तु इस प्रकार वर्णित कोई बनस्पति इस समय उपलब्ध भी है इसमें वनस्पतिशास्त्रियों को संदेह है।

उपरोक्त वर्णित कुछ तथ्यों का यदि ध्यानपूर्वक अध्ययन किया जाय तो यह स्पष्ट हो जाता है कि एक नहीं वरन, कई वनस्पतियों का जो सोम के गुणों से युक्त थीं, प्रयोग होता था। एक ही वनस्पति जल पर तैरने वाली, (जलोद्‌यद) वृक्षों पर लटकने वाली, (पराश्रयी अथवा आरोही) एवं भूमि पर उत्पन्न होने वाली (टेरेस्ट्रियल) नहीं हो सकती। अपवाद मिल सकते हैं। साथ ही जो वनस्पति हिमालय पर उत्पन्न होती है वह

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दक्षिण में मलय पर्वत पर कठिनाई से उत्पन्न होगी, । (इकोलोजिकल फैक्टर) इससे सिद्ध होता है कि विभिन्न वनौषधियों का प्रयोग सोम के रूप में होता था ।

पिछले काफी वर्षों से सोम पर कार्य हो रहा है। वैज्ञानिकों ने निम्न बहुत सी वनस्पतियों का सोम के रूप में वर्णन किया है। इनमें पूर्णतः तो नहीं परन्तु कुछ गुण विद्यमान हैं जो सोम के वर्णित हैं ।

डा० वाट ने सारकोस्टेम्मा एसिडम (रौक्स) वोगृ (मदार कुल) को जिसे संस्कृत, हिन्दी, बंगला भाषा में सोम या सोमलता तथा मलयालम एवं तमिल भाषा में सोमम् कहा गया है, सोम माना है। कोंकण, कर्नाटक, सिहभूम, पुरी, रांचीं तथा बगांल में यह प्राप्त होती है, यह आरोही (ट्रेलिंग या ट्वाईनिंग) झाडी के रूप में फैलती है, इसकी एक अन्य जाति को भी सोम कहते हैं । आधुनिक वनौषधि ग्रन्थों में इसके शुष्क तने का प्रयोग वामक के रूप में तथा पञ्चांग को कटुपौष्टिक, शीतल एवं प्रकृति स्थापक बताया गया है ।

पेरिप्लोका एफाइल्ला डेकने (मदार कुल) को भी सोम माना जाता है । पंजाब में इसे वरी, बम्बई में बुराये कहते हैं तथा यह पंजाब के मैदानों झेलम से पश्चिम की ओर, हिमालय के निचले भाग में बिलोचिस्तान तक मिलता है। यह छोटापत्र हीन पौधा होता है । इसके दूधिया रस का प्रयोग सूजन व फोडे पर एवं पंचांग को मस्तिष्कगत ज्वर एवं आमाशयोत्तेजक बताया गया है ।

डा० उस्मान अली तथा नारायण स्वामी ने सिरो पिजिया जाति को (मदारकुल) सोम का प्रतिनिधि सिद्ध किया है । इसके काफी भेद प्राप्त होते हैं तथा उत्तर एवं दक्षिण भारत में यह प्राप्त होती है । केरल में सोम के नाम से प्रयुक्त भी होती है । इसकी मूल का प्रयोग टानिक, पाचक एवं कटु पौष्टिक के रूप में होता है ।

पेशावर यूनिवर्सिटी के वनस्पतिशास्त्री श्री एन० ए० काजिलवास ने एफेड्रा पैकिक्लाडा बौस (ग्नेटेसी) तथा इसकी एक अन्य जाति को जो हिन्दूकुश पर्वत, सफेद मोह तथा सुलेमान रेंज में मिलते है, अपने अकाट्य तथ्यों के आधार पर वेदों का सोम सिद्ध किया है । हरे पौधे को, कुचल कर शहद में मिलाकर संधान करने के पश्चात्, दूध आदि में मिलाकर पीने से श्रमहर, यौन दौर्बल्य दूर करने वाला तथा पारद के साथ औषधि बनाकर लेने से कायाकल्प करने वाला गुण विद्यमान बताया है । अफगानिस्तान में वहां के चिकित्सक इसका प्रयोग करते हैं । इसी एफेड्रा की अन्य जाति एफेड्रा वल्गेरिस का मां हुआंग के नाम से चीन में प्रयोग होता है । पञ्चांग का क्वाथ बना कर कालिमिर्च के चूर्ण के साथ कास, ठंड लगना, शीतपित्त, त्वक्रोगों में तथा श्रमहर के रूप में प्रयोग किया जाता है । सोम की कुछ जातियां नेपाल तथा हिमालय में भी पाई जाती हैं। एफेड्रा गिरार्डियाना चकरौता से उपर देववन में मिलती है । आधुनिक औषधिशास्त्री इसके एल्कलायड एल एफेड्रीन तथा स्यूडो एफेड्रीन का प्रयोग श्वास-कास, हृद्रोगों की विभिन्न अवस्थाओं में एड्रीनेलीन के समान ही करते हैं । डा० मायर्स ने भी एफेड्रा को ही सोम माना है। दमा के रोगियों के लिये एफेड्रीन किसी दिव्य औषधि से कम नहीं है ।

वयोवृद्ध अमेरिकन कवक शास्त्री श्री रिचार्ड गार्डनवासन ने अपने १५ वर्ष के अनुसंधान के

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पश्चात् फ्लाई अगेरिक नामक कुकुरमुत्ता की जाति के अमानिता मस्कारिया को सोम बताया है। इस तथ्य को श्री एन० सी० शाह (राष्ट्रिय वनस्पति उद्यान, लखनऊ) ने अपने एक लेख में प्रतिपादित किया है। उनके अनुसार यह कवक अफगानिस्तान, एशिया के उत्तरी समशीतोष्णवनीय भाग तथा उत्तरी साईबेरिया में भोजवृक्ष (बर्च) तथा चीड के वनों में पाया जाता है। इस अत्यंत सुन्दर कवक का प्रयोग मद के लिये होता है। कवक के टुकडे अथवा रस के सेवन से शारीरिक शक्ति बढ जाती है। कभी-कभी रंगीन दिवास्वप्न भी दिखाई देते हैं। इसमें मस्केरीन, एट्रोपीन, स्कोपोलेमीन, हाइयोसायेमीन आदि एल्कलायड पाये जाते हैं। ऋग्वेदोक्त सोम के गुणों से इस कवक का साम्य प्रतिपादित करके लेखक ने संदेह निवारण करने का प्रयास किया है।

इसके अतिरिक्त भी डा. आर. एन. चौपड़ा ने गिलोय एवं रुटा ग्रेवियोलेसं (सिताब पंजाब में) को सोम बताया है। लगभग १०० वनस्पतियों का नाम सोम के साथ जोडा गया है। यदि वैज्ञानिक उपरोक्त वनस्पतियों को प्रयोगशाला में वेदोक्त रूप से प्रयुक्त करें एवं परिणामों की सोम के गुणों से तुलना करलें तो इस समस्या का समाधान हो सकता है।

यहाँ हम चीन में प्रयुक्त होने वाली गिनसेंग नामक वनौषधि (पैनेक्स शेनशुगं (अरालिऐसीकुल) को नहीं भुला सकते। इसकी मूल में वे सब दिव्य गुण विद्यमान हैं जो सोम के वर्णित है तथा चीन में इसका चिकित्सा में प्रयोग होता है। रुस में भी इसको उगाने का कार्य हो रहा है। क्या यह संभव नहीं की वाद के सीमाविभाजन व भौगोलिक परिवर्तन से हमारे देश में इसका प्रयोग समाप्त हो गया हो तथा इससे पूर्व तिब्बत तथा हिमालय में उत्पन्न होती हो एवं ऋषिगण इसका उपयोग सोम के रूप में करते रहे हों ?

यहाँ पर प्रसिद्ध ताड़ के पौधे से प्राप्त होने वाली "नीरा" का संदर्भ देना अनुपयुक्त न होगा। जिसका प्रयोग स्थानीय लोग दीपक, पाचक श्रमहर के रूप में करते हैं।

समस्त पूर्वाग्रहों से हट कर इस दिशा में यदि अनुसंधान किया जाय तो इस वेदोक्त अमूल्य, दिव्य औषधि के सर्वमान्य संदिग्धता निवारण में अपने इस सूक्ष्म प्रयास को मैं सफल समझूंगा।



"शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्"

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

✡गुग्गुल वैज्ञानिक कसौटी पर

डा० विनोद प्रकाश उपाध्याय बी० एस-सी०, बी० ए० एम० एस०, आयुर्वेदाचार्य
प्रवक्ता, आयुर्वेद महाविद्यालय गुरुकुल कांगड़ी

गुग्गुल का प्रयोग शताब्दियों पूर्व से आयुर्वेदिक चिकित्सा-शास्त्र में विभिन्न रोगों पर सफलता-पूर्वक होता आया है। आयुर्वेदिक केन्द्रिय अनुसंधान परिषद के तत्त्वावधान में आयुर्वेद में प्रयुक्त विभिन्न औषध द्रव्यों एवं योगों के प्रमाणीकरण का कार्य चल रहा है। जिसके अन्तर्गत गुग्गुल को देश में स्थित विभिन्न प्रयोगशालाओं एवं चिकित्सालयों में आधुनिक विधियों द्वारा सफलतापूर्वक व्याधियों पर प्रयोग किया जा रहा है। कई अवस्थाओं में तो आधुनिक औषधियों से भी कहीं उत्साहवर्धक परिणाम प्राप्त हुए हैं।

गुग्गुल का वानस्पतिक नाम 'कोमीफोरा मुकुलईग्ल है जो बरसेरेसी कुल का एक मुख्य पौधा है। इसके छोटे-छोटे पेड़ होते हैं, तने से गुग्गुल की प्राप्ति होती है। शुष्क प्रदेशों में, मुख्यतः सिंध, मारवाड, कच्छ, काठियावाड तथा मैसूर में गुग्गुल के वृक्ष पाये जाते हैं। अफ्रीका तथा अरब में भी गुग्गुल के वृक्ष होते हैं। गंध, संयुक्त एकान्तर पत्ती लाल फूल तथा मांसल लाल फलों से गुग्गुल को पहचाना जा सकता है।

सर्व प्रथम गुग्गुल का प्रयोग संहिता ग्रन्थों में सुश्रुत संहिता में 'ऐलादिगण' में मिलता है; भाव प्रकाश निघंटु, कैयदेव निघंटु, प्रयोगामृत एवं अष्टांग संग्रह में प्रचुर वर्णन रोगों में प्रयोग पर पाया जाता है। भाव प्रकाश में गुग्गुल के ५ भेद कहे गये हैं परन्तु बाजार में मुख्यतः दो, (१) कण-गुग्गुल तथा (२) भैंसा गुग्गुल ही प्राप्त होते हैं। कण गुग्गुल मारवाड से आता है तथा लालिमा-युक्त पीले कणों से पहचाना जाता है। भैंसा गुग्गुल सिंध एवं कच्छ से प्राप्त होता है एवं हरीतिमायुक्त पीले रंग का होता है। औषध-प्रयोग से पूर्व गुग्गुल का शोधन किया जाता है। यहां कुछ पर्याय दिये हैं जो गुग्गुल के औषध गुणों को परिलक्षित करते हैं। "पलंकस", पलं मांसं कर्षति हिनस्ति अर्थात् जो शरीर के निरर्थक मांस को कम करे। गुग्गुल, 'गुजो व्याधेर्गुडति रक्षति वह औषध जो व्याधि दूर करने में सहायक हो। उत्पत्ति भेद से पर्याय "कौशिक" अर्थात् तने पर स्थित कोष से प्राप्त होता है। 'कुम्भ' कोष कुम्भ अर्थात् घडे के आकार का होता है। 'देवधूम' देवताओं की पूजा में गुग्गुल का प्रयोग होने के कारण इसे देव धूम कहते हैं।

आयुर्वेदिक द्रव्य गुण विज्ञान के अनुसार गुग्गुल का रसः—तिक्त, कटु, मधुर, कषाय, वीर्यः-उष्ण, विपाक—कटु, गुणः—लघु, तीक्ष्ण, पिच्छिल, सूक्ष्म, खर तथा प्रभावः—त्रिदोषहर वर्णित है। रासायनिक दृष्टि से गुग्गुल तिक्त, ऐरोमेटिक गमरेजिन है। विश्लेषण करने पर इसमें १% उड़नशील तैल, ६% गोंद तथा २३.६% रेजिन होता है। ताजे गुग्गुल में बैंजाइल सिनोमेट तथा सिनामिक एसिड भी पाया जाता है।

औषध प्रकृति विज्ञान की दृष्टि से फ्रैक्शनल डिस्टिलेशन करने पर गुग्गुल के ४ फ्रैक्शन प्राप्त हुए, फ्रैक्शन ए, बी, सी एवं फ्रैक्शन डी। 'ए' को सर्वाधिक क्रियाशील तत्त्व के रूप में पाया गया है।

अधिक वसाजन्य पदार्थों के सेवन से रक्त-वसा, लाइपौएड तथा कोलेस्टरोल की मात्रा बढ़

✡ लेखक द्वारा १७ फरवरी १९७३ को गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय में 'प्लांट्स इन रिलेशन टू ह्यूमैन वैलफेयर" विषय पर हुई सिंपोजियम में पढ़े गये पेपर पर आधारित।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जाती है जो अंत में मोटापा तथा थ्रोम्बस बन कर हृदयावरोध का कारण बन सकती है एवं धमनी में जमा होकर धमनीकाठिन्य (एथिरोस्कलेरोसिस) को पैदा करती है जो उच्च रक्तचाप का एक कारण है। सामान्यत: मनुष्य में रक्त कोलेस्टरोल की मात्रा १२५ मि० ग्रा० से ३०० मि० ग्रा० प्रति १०० मि० लि० रक्त होती है। मेदवृद्धि की अवस्था में यह ३ से ४ गुना तक बढ़ जाता है। इसमें फ्रैक्शन 'ए' दिया गया, जिसमें २१ दिन की चिकित्सा के बाद सीरम कोलेस्टरोल में औसतन ३३ मि० ग्रा० प्रतिशत से ११ मि० ग्रा० प्रतिशत की कमी पाई गई।

आरोग्यवर्धनी इस अवस्था में प्रयुक्त होने वाला एक उत्तम योग है। जिसका परीक्षणों द्वारा प्रमाणीकरण किया जा रहा है। आधुनिक चिकित्साशास्त्र में इस अवस्था में वसाहीन भोजन, तथा भूख हरने वाली आदि औषधियों का प्रयोग किया जाता है, जो स्वास्थ्य के लिये हानिकारक सिद्ध हो सकती है। गुग्गुल के प्रयोग में ऐसी कोई समस्या नहीं है। इसके अतिरिक्त एट्रोमाइड नामक औषधि काफी महंगी होती है।

संधिवात की विभिन्न अवस्थाओं में गुग्गुल का प्रयोग दीर्घ काल से होता आया है। आधुनिक प्रयोगशालाओं में जब इसके प्रयोग किये तो वे बहुत ही उत्साहवर्धक रहे। इस प्रकार हमारी प्राचीन औषधियों के आधुनिक प्रयोगशालाओं में खरे उतरने से उनका महत्त्व और भी बढ़ जाता है। इससे हम अधिक लोगों का विश्वास प्राप्त कर सकेंगे।

गुग्गुल में दूसरी औषधियों के गुण धारण करके उन्हें बढ़ाने की अद्भुत शक्ति है। विभिन्न व्याधियों पर कुछ योग निम्न प्रकार हैं, गुग्गुल इनका मुख्य घटक है:—

(१) **संधिवात तथा विभिन्न वातजशूल एवं वात रोगों में**:—योगराज गुग्गुल, महायोगराज गुग्गुल, सिंहनाद गुग्गुल का प्रयोग रास्नासप्तक क्वाथ के साथ सफलतापूर्वक किया जाता है।

(२) **मेदवृद्धि में**:—आरोग्यवर्धनी तथा लिपिडेक्स का प्रयोग होता है।

(३) **आहार प्रणाली के रोग**:—चन्द्र प्रभा, कैशोर गुग्गुल, सप्तविंशति गुग्गुल का प्रयोग विभिन्न अनुपानों से अर्श, अतिसार, प्रवाहिका, धातुस्राव आदि में किया जाता है।

(४) **गलगंड**:—डा० अनन्तानन्द जी प्रोजेक्ट आफिसर के पथप्रदर्शन में गुरुकुल कांगड़ी में केन्द्रिय आयुर्वेद अनुसंधान परिषद् के तत्त्वावधान में रिसर्च इकाई कार्य कर रही है। जिसमें कांचनार गुग्गुल एवं शिलाजीत आदि की उपयोगिता प्रतिवादित करने के लिये कार्य हो रहा है।

(५) **मूत्रवह संस्थान**:—गोक्षुरादि गुग्गुल का प्रयोग मूत्राशय संक्रमण की कुछ अवस्थाओं में तथा अश्मरी दूर करने के लिये होता है। उपदंश में चोप चीनी चूर्ण के साथ गोक्षुरादि गुग्गुल लाभ करता है।

(६) **टानिक एवं बलवर्धक**:—ताजा गुग्गुल उत्तम बलवर्धक तथा रसायन है। नपुंसकत्त्व में इसके प्रयोग से लाभ होता है।

(७) **स्त्री रोगों में**:—गुग्गुल आर्तवावरोध को दूर करता है।

सदर्भः—

१—सी० सी० आर० आई० एम० एच० वार्षिक रिपोर्ट—१ व २।
२—सुश्रुत संहिता टीकाकार श्री अत्रिदेव।
३—भाव प्रकाश टीका।

—o—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुरुकुल इन्द्रप्रस्थ

डा० श्री क्रान्तिकृष्ण, "अपूर्व" एम० ए०

अरे ! विधे ! पुनः बसादे हमारा गुरुकुल ।
जिसके हित उर आकुल ।।

(१)

जिसके शैल-शिला-शृंगों पर,
जीवन ने संघर्ष कठिन करना सीखा ।
प्रलय-पयोदें भी घिरने पर,
जीवन ने उत्कर्ष जहां करना सीखा ।
कंटकसंकुल पगडण्डी पर,
पथ के विघ्नों में आगे बढ़ना सीखा ।

(२)

जब प्रचण्ड प्रखर किरणों में,
तृषित तप्त पथ में मन विश्रान्त होता था ।
तब जिसकी कुंज कुटीरों में,
शीतल पा छाया नित विश्रान्त होता था ।

(३)

जिसकी प्रस्तर चट्टानों में,
स्वर्ण स्मृति का, शैशव की, प्रासाद छिपा ।
जहां कंकड़ों भूखण्डों में,
सुख दुःख का, शैशव के, आल्हाद छिपा ।

(४)

जहां विरह वेदना से, खग मृग व्याकुल ।
अरे ! विधे पुनः बसादे हमारा गुरुकुल ।
जिसके हित उर आकुल ।

(५)

पलाश घिरे 'सूरज कुण्ड' पर,
तरल तरंगों में कौन नहाता होगा ।
'ओखला' की यमुना के तट पर,
सरस आमोद प्रमोद मनाता होगा ।
मेघावृत शिखिनर्त्तित भू पर,
हास-परिहास सोल्लास मनाता होगा ।

(६)

खजूर घिरे चहुं 'झरने' में,
कूद कूद ऊधम कौन मचाता होगा ।
'इमली' की उस तरु छाया में,
खोद अखाड़ा मल्लयुध रचाता होगा ।

(७)

करीर फलों की लाली से छवि निराली ।
पलाश पुष्पों की लाली शोभाशाली ।
लाल संध्यायमान की तरह वह गुरुकुल ।
अरे ! विधे ! पुनः बसादे हमारा गुरुकुल ।
जिसके हित उर आकुल ।

(८)

झड़बेरी के खट्टे-मीठे,
बसन्त में पीले बेर तोड़ता होगा ।
बना कर पत्थर के पिंजड़े,
बघेल विज्जू खेल में पकड़ता होगा ।

(९)

उन शैलगुहा वनकुंजों में,
छिप करके आंखमिचौनी करता होगा ।
शरद की स्वर्णिम संध्या में,
कबड्डी गुल्ली डण्डा खेलता होगा ।

(१०)

पावस की रिमझिम कजली में,
क्रीडाकल्लोल कौन करता होगा ।
सावन की रंगभरी बदली में,
नृत्य से मोरों के नैन भरता होगा ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(११)

गा रहे गीत जिसके शुक सारिका मोर।
मचा रहे चहक चहक वनकुंजों में रोर।
गा रहे किंशुक कुंजों में विहग कुल कुल।
अरे! विधे! पुनः बसादे हमारा गुरुकुल।
जिसके हित उर आकुल।

(१२)

सीमा पर लाल किले का शुभ मुकुट पहन,
शोभ रहा दिल्ली गौरव विशाल।
लोल लहरें यमुना की पखारती चरन,
स्वच्छ उच्छल शुभ्र चपल उत्ताल।

(१३)

मुरली से स्तुति करने जिसके पास खड़ा,
श्याम का वृन्दावन क्रीड़ाकुल अभिराम।
प्रहरी दौवारिक जिसके द्वार पै खड़ा,
अभ्रंकष उत्तुंग कुतुब लाट ललाम।

(१४)

वही शिलाखण्डों का गुरुकुल,
किंशुकवन का बर्हि बहुल प्यारा गुरुकुल।
अरे! विधे! पुनः बसादे हमारा गुरुकुल।
जिसके हित उर आकुल।

गुरुकुल पत्रिका के नियम

१ 'गुरुकुल पत्रिका' मासिक है। यह प्रत्येक अंग्रेजी मास की १२, १३ तारीख को प्रकाशित होती है।

२ यह आधी संस्कृत में तथा आधी हिन्दी में होती है। इस में कवर समेत प्रायः ४४ पृष्ठ होते हैं। वर्ष में एक या दो विशेषांक लगभग १२०-१५० पृष्ठों तक के होते हैं।

३ इसमें प्रमुख रूप से लेख वैदिक-साहित्य, भारतीय-संस्कृति-सम्बन्धी होते हैं।

४ वार्षिक मूल्य देश में ६) और विदेश में १०) है, जो धनादेश (मनीआर्डर) द्वारा ही "सम्पादक: गुरुकुल-पत्रिका" के नाम से आना चाहिए। ग्राहक कभी भी बन सकते हैं।

५ लेख छोटे, सारगर्भित तथा मौलिक एवं शुद्ध, सुपाठ्य और एक ओर लिखे, हों लेख, कविता तथा समालोचनार्थ पुस्तकें (२ प्रतियां), परिवर्तनार्थ पत्र-पत्रिकाएं सम्पादक के नाम भेजनी चाहियें।

६ किसी लेख अथवा कविता आदि के प्रकाशित करने या न करने, घटाने बढ़ाने या संशोधन करने का अधिकार सम्पादक को है। बिना डाक खर्च भेजे अप्रकाशित कविता वा लेख लौटाये न जा सकेंगे।

सम्पादक—गुरुकुल पत्रिका, डाकघर : गुरुकुल कांगड़ी
जिला : सहारनपुर (उ० प्र०)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सुशिक्षितयोर्नवयूनोः कौशलशर्मनीराजनयोः पुण्ये विवाहावसरे

पठ्यमानमभिनन्दनपत्रम्

श्री विद्यानिधिः शास्त्री

(उपजातिवृत्तम्)

नीराजनाख्या वपुषाभिरूपा
सम्यग् विनीता युवतिः कुमारी ।
विवाहवेद्यां समुपस्थितेयं
ह्युषर्बुधस्यार्चिरिवोच्चकास्ति ॥१॥

सुशिक्षितः साधुवरः सुशीलो
विभात्ययं कौशलशर्मनामा ।
नीराजनां नाम समुज्ज्वलाङ्गीं
प्रीत्याग्निवेद्यामुपयच्छमानः ॥२॥

(वसन्ततिलकं वृत्तम्)

मन्ये वसन्ततिलकं तिलकं दधाना
नीराजनेयमधुना मधुना समाना ।
अन्तर्वसन्तमिव सन्तमिमं भजन्ती
स्वं कौशलं प्रकटयेत् सह कौशलेन ॥३॥

नीराजनां प्रियतमां सुतमां प्रपन्नः
प्रीतो वरो लसतु कौशलशर्मनामा ।
कल्याणिनोरभययोरुभयोरहीनः
कल्पेत कल्पमनु सत्प्रणयप्रकर्षः ॥४॥

नीराजनां जनयतां निजबान्धवानां
नीराजनां प्रददतामिह कौशलाय ।
नूनं प्रकाशितमभूदभितः प्रहर्षात्
स्वं कौशलं च कुशलं च समं समेषाम् ॥५॥

आनन्दहेतुरयमिष्टतमश्चकास्यात्
सम्बन्धिनोर्मिलितयोः स्थिरसंनिकर्षः ।
विद्यानिधिः स भगवान् मघवानघानां
कुर्याद् विघातमददातमथ प्रभातम् ॥६॥

पुत्रीं नीराजनां प्रति विशिष्टाः शुभाशिषः

(शार्दूलविक्रीडितं वृत्तम्)

हे श्री वेदविदां वरस्य तनये ! नीराजनाख्ये ! सुते !
गच्छन्त्यास्तव साम्प्रतं पतिगृहं नीराजनां कुर्महे,
भूयो लब्धनया गृहीतविनया शिष्टा प्रहृष्टा स्वयं ।
सत्कर्तव्यपरायणासि नियतं किं त्वां प्रति ब्रूमहे ॥१॥

श्रीमद्वेदविदग्रणीष्टभगवद्दत्तात्मजे ! पुत्रिके !
त्वं शास्त्राणि सुशिक्षितासि बहुशः पुण्ये गुरूणां कुले ।
मूर्धन्यार्यकुमारिकासु भवती नापेक्षसे वाच्यतां
यास्यन्ती गृहिणीपदं त्वमधुना किंचित् तथाप्युच्यसे ॥२॥

मान्यान् मानय बान्धवाननुदिनं पित्रोः कृतज्ञा सती
शुश्रूषस्व गुरून् मुदा भज पतिं प्रख्यापय स्वान् गुणान् ।
प्राच्यापाच्यसमस्त वस्तुविषयप्रज्ञानमुद्योतय
सत्कृत्यैः श्वशुरालयं प्रतिपदं स्वर्गास्पदं लम्भय ॥३॥

आर्याचारविचारचारुचरिताः सर्वे प्रसन्नाननाः
विद्वांसोऽत्र समागताः वरवधूद्वन्द्वाय दत्ताशिषम् ।
येन स्यात् सुयशो दिशन् प्रतिदिशं नीराजनाकौशलो-
द्वाहः सत्फलितः स्वकौशलकृतं नीराजनाभाजनम् ॥४॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आयुष्मती नीराजना एवं आयुष्मान् कौशल शर्मा के शुभ विवाह के अवसर पर पठित: —

मंगल कामना

तुम सुमन बन खिलो आज 'नीराजना,'
प्रिय तुम्हारा यहां आ गया आ गया।
साधना सिद्ध तेरी हुई आज है,
हर्ष का घन गगन भूमि में छा गया ॥१॥

देख लो आज कितनी प्रकृति रम्य है,
मन मगन हो रहे मन मगन हो रहे।
आज कुल में घनी 'माधुरी' छा रही,
'वन्दना' के ललित गीत हैं हो रहे ॥२॥

'वेद' की गूंजती है ऋचा कान में,
आज भगवान का मन मुदित हो गया।
शान्ति में भी सुधा का भरा कुण्ड जो,
वह उमड़ कर बहा स्नात घर हो गया ॥३॥

भर रही हैं दिशाएं मधुर राग अब,
पट तिमिर बना ज्योति के वर्ण हैं।
स्वर्ण भूषण पड़े कण्ठ में कौंधते,
पद पड़े पायलों के रजत पर्ण हैं ॥४॥

अभिनवी कण्व की पुत्रिका के सदृश,
है जनकनन्दिनी सी महापूत तू।
योग में मिल गया कल्य "कौशल" अरी!
सृष्टि के नव जनन की सुभग सूत तू ॥५॥

अस्तु माँगल्यमय पर्व उद्वाह का,
निष्कलुष नित्य ही तुम मनाती रहो।
स्नेह स्वर में तुम्हारी बजे बांसुरी,
एकता के सदा गीत गाती रहो ॥६॥

स्नेह के ये सुमन हैं समर्पित तुझे,
ये युगल नित्य नूतन चमकता रहे।
तुम बनो आरती ये बने देव सा,
सान्ध्य सम्बन्ध यह नित दमकता रहे ॥७॥

देव दम्पति तुम्हें सब मिले विश्व में,
कामना की तरी पूर्ण होकर चले।
जो मिले वह रहे मोद में डूबता,
कैरवी सी खिलो चन्द्र सा वह खिले ॥८॥

स्वप्न देखा वही आज साकार हो,
लोयनों कोयनों में यहां छा गया।
तुम सुमन बन खिलो आज नीराजना,
प्रिय तुम्हारा आ गया आ गया ॥

आज वह चिर प्रतीक्षित समय आ गया।
तुम सुमन बन खिलो आज नीराजना,
प्रिय तुम्हारा यहाँ आ गया आ गया ॥

श्री शंकरसिंह वेदालंकार

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नवम्बर १९७४ से आगे—

महर्षि दयानन्द की विश्वदर्शन को देन

(Contribution of Dayananda to world philosophy)

प्रो० जयदेव वेदालंकार

अष्टम अध्याय

मोक्ष मीमांसा

मोक्ष किसे कहते हैं? उसमें जीव की क्या अवस्था रहती है? इत्यादि प्रश्न दर्शन क्षेत्र में बड़े ही विवादास्पद हैं। मुक्ति से वापिस लौटने का प्रश्न तो और भी जटिल है। स्पष्ट रूप से इस युग में महर्षि दयानन्द जी ने ही मोक्ष से जीव वापिस लौट आता है, यह उद्घोषणा की है। इस पर बाद में विचार करेंगे। पूर्व तो मोक्ष में जीव की अवस्था एवं मोक्ष के स्वरूप के विषय की मीमांसा करनी अपेक्षित है।

भारतीय दर्शनों में चार्वाक मोक्ष को स्वीकार नहीं करता है। उस का कहना है कि दुःख ही नरक है, इस संसार में स्वीकृत राजा ही ईश्वर है। संहारक (संहारकर्ता), पुनर्जन्म का प्रदाता ईश्वर नाम की कोई चीज नहीं है। यह शरीर ही आत्मा है, इस शरीर का विनाश ही मोक्ष है और कोई मोक्ष नाम की अन्य वस्तु नहीं हो सकती है।१ ज्ञान आदि द्वारा जो मुक्ति का प्रपञ्च है वह तो मायावी लोगों का फैलाया हुआ है। न ही वह किसी प्रकार के अमर आत्मा के अमरत्व को स्वीकार करता है। जब तक शरीर है तब तक सुख से जीना चाहिये। मृत्यु से परे कुछ भी अवशिष्ट नहीं रहता है। चाहे ऋण करके घृत का पान करो फिर तो आगमन होगा नहीं२।

वस्तुतः इस प्रकार के दार्शनिक, स्वार्थ सुखवादी दार्शनिक हैं। इनके अनुसार इन्द्रियों द्वारा जो सुख हमें प्राप्त होते हैं, उन सुखों की प्राप्ति में चाहे जो भी करना पड़े करना चाहिये। इनके जीवन का लक्ष्य भौतिक सुख की प्राप्ति है। ये इन्द्रिय सुख को ही सब कुछ मानते हैं। चार्वाक का कहना है कि मोक्ष आदि की कल्पना व्यर्थ है। सुन्दर स्त्री से भोग भोगना परम पुरुषार्थ है।३ इससे बढ़कर अन्य मुक्ति आदि की कल्पना करना मूर्खों का काम है। चार्वाक सुखवादी दार्शनिक है।

भारतवर्ष की तरह अन्य देशों में भी सुखवाद के प्रवर्तक पाये जाते है। अन्य देशों में सुखवाद के दो भाग हो गए हैं, प्रथम स्वार्थ सुखवाद, और द्वितीय परार्थ सुखवाद। स्वार्थ सुखवाद के अनुसार मनुष्य की सबसे बड़ी भलाई अपने सुख के उपार्जन करने में है।

---

१ लोकसिद्धो भवेद् राजा परेशो नापरः स्मृतः।
देहस्य नाशो मुक्तिस्तु न ज्ञानान्मुक्तिरिष्यते॥

२ यावत् जीवेत् सुखं जीवेत् ऋणं कृत्वा घृतं पिबेत्।
भस्मीभूतस्य देहस्य पुनरागमनं कुतः॥

३ "अङ्गनालिङ्गनाज्जन्य सुखमेव पुमार्थता"।
(सर्वदर्शन स० चार्वाक मत संग्रह)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जो मनुष्य अपने जीवन को जितना अधिक सुखी बनाता है, वह उतना ही अधिक भला है। यूनान देश में इस सुखवाद के प्रवर्तक अरस्टीयस और इपीक्यूरस थे। अरस्टीयस के सुखवाद के सिद्धान्त चार्वाक के सिद्धान्त के अनुसार थे। यह सुख-प्राप्ति ही जीवन का परम पुरुषार्थ मानते थे। इनका कहना था कि प्रत्येक मनुष्य को चाहिए कि वह अपने आपको जितना अधिक से अधिक सुखी बना सके, उतना सुखी बनाए। सुख प्राप्ति के लिए यदि अपमान को सहन करना पड़ता है तो इसमें हानि की कोई बात नहीं। **अरस्टीयस** प्रतिक्षण के सुख पर जोर देता था, इनका कहना था कि यदि प्रतिक्षण का सुख अधिक रहा तो जीवन भर का सुख स्वयं ही अधिक हो जावेगा।

उक्त सिद्धान्त से भिन्न इपीक्यूरस का सिद्धान्त है। इनका कहना है कि अपने सुख को ज्यादा से ज्यादा समय तक रखने के लिए इन्द्रियों का संयम आवश्यक है। यदि हम अन्धे होकर मूढ़ की तरह इन्द्रियों का उपभोग करने लगेंगे तो थोड़े ही समय में हमारी इन्द्रियां काम करना बन्द कर देंगी। इन्द्रियां जब विषयों का उपभोग बन्द कर देंगी तो हमारे अन्दर बेचैनी आ जायेगी। भोग्य पदार्थ सामने पड़े होंगे, किन्तु हम उनका उपभोग न कर पायेंगे। इतना ही नहीं, अधिक भोग के कारण मनुष्य का शरीर रोगी हो जाता है। इन रोगों के तथा इन्द्रियों के निष्क्रिय हो जाने के कारण मनुष्य सुखी होने के बजाय दुःखी हो जाता है। अत एव मनुष्य को संयम से काम लेना होगा। अधिक से अधिक सुखप्राप्ति के लिए इन्द्रियों से धैर्यपूर्वक काम लेना और इन्द्रियों को विषयों से विमुख करने का प्रयास करना चाहिए। इस प्रकार हम देखते हैं कि इपीक्यूरस चतुराई से सुखोपभोग करते हुए जीवन व्यतीत करने की शिक्षा देते हैं।

स्वार्थ सुखवाद का सिद्धान्त आत्मसुख तक ही सीमित था, अत एव यह ज्यादा देर तक टिक नहीं सका। इसकी जगह परार्थ सुखवाद ने ले ली। इसके प्रवर्तक 'बेन्थम' और 'जान स्टुअर्तमिल' हैं। ये न तो ईश्वर को मानते थे और न किसी आध्यात्मिक शक्ति को। इनका विश्वास था कि मरने के बाद मनुष्य का शरीर नष्ट हो जाता है, फिर कोई वस्तु शेष नहीं रहती। अतएव इन्होंने कहा कि संसार में अधिक से अधिक सुख प्राप्ति का प्रयत्न करना चाहिए। ये आत्म-सुख में विश्वास नहीं करते थे। इनका कहना था कि जीवन की सार्थकता तभी है, जब कि हम अधिक से अधिक लोगों को अधिक सुख प्राप्त करवा सकें। यदि एक काम को करने पर अधिक लोगों को सुख मिले तथा अल्पों को दुःख तो उस काम को कर लेना चाहिए। इसके विपरीत यदि अधिक को दुःख और कम को सुख हो तो उस काम को नहीं करना चाहिए। इनका कहना था कि उन मनुष्यों का नैतिक स्तर गिर चुका होता है कि जो कि अपने सुख के लिए दूसरों को कष्ट देते हैं। जब मनुष्य अपने ही सुख की चिन्ता में लग जाता है तो वह दूसरों को दुःख में डाल देता है। इससे सांसारिक सुख में वृद्धि की अपेक्षा दुःख की वृद्धि होती है।

चार्वाक आदि सुखवादी दार्शनिकों की आलोचना

सुखवाद चार्वाक का ही नहीं अपितु संसार का एक व्यापक सिद्धान्त है। समाज में अधिक लोग सुख की ही चाह करते हैं। इससे यह नहीं माना जा सकता कि मनुष्य का लक्ष्य सुख प्राप्त

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

करना ही है । सुख की इच्छा मनुष्यों और पशुओं में समान रूप से है । यदि मनुष्य सिर्फ सुख की वृद्धि करना लक्ष्य बना ले तो उसमें और पशु में कोई भी अन्तर नहीं रह जायेगा । मनुष्य को एक विवेकशील प्राणी समझा जाता है । वह भले बुरे की पहचान कर सकता है । इसी कारण समस्त प्राणी में मनुष्य का स्थान सबसे ऊंचा है। मनुष्य का विवेक उसे अनुचित सुखों की ओर जाने से रोकता है । यह विवेक सुख की ओर भागने से नहीं, अपितु सुख की तरफ जाने की अपेक्षा से रोकने पर होता है । जो व्यक्ति जितना अपने आप को सुख की तरफ से हटा लेता है वह व्यक्ति उतना ही अधिक विचारवान हो जाता है । तथा अपने विवेक को प्रबल बना लेता है । अतएव मनुष्य के सामने सुखवादी आदर्श रखना, उसे मनुष्य-श्रेणी से पशु-श्रेणी में लेजाना है ।

सुखवाद मनुष्य को सुखी न बनाकर दुःखी ही बनाता है । जब सुख ही एकमात्र मनुष्य का लक्ष्य हो जाता है, तो वह उसके लिए भोग की सामग्रियों को इकट्ठा करने का प्रयास करता है । भोगसामग्री सीमित है और इच्छायें अनन्त हैं । अन्ततः भोगसामग्री प्राप्त न होने पर इच्छाएं अपूरी रह जाती हैं । मनुष्य दुःखी हो जाता है । तब वह इसके लिए छीनाझपटी शुरु कर देता है । परिणामस्वरूप एक वर्ग दूसरे वर्ग से, राष्ट्र दूसरे राष्ट्र से लड़ना शुरु कर देता है । इससे विनाश और दुःख की वृद्धि हो जाती है ।

सुखवाद को वे ही लोग जीवन का लक्ष्य मान सकते हैं जो कि पाप-पुण्य, धर्म-अधर्म, तथा ईश्वर आदि में विश्वास नहीं रखते हैं । ऐसे चार्वाकादि नास्तिक ही हैं ।

महर्षि दयानन्द जी के अनुसार जीवन का आधार आत्मा के अमरत्व और परमात्मा-प्राप्ति में है । जो मनुष्य आत्मा के अमरत्व में विश्वास नहीं करता वह मनुष्य 'भले कर्मों का परिणाम भला और बुरे कर्मों का परिणाम बुरा होता है' उसके लिए ऐसा मानना कठिन हो जायेगा । वह सोचता है कि—"यदि चोरी भी करूंगा तो कौन देखने वाला है । किसी को मार भी दूंगा तो कौन सा अगला जन्म होगा जिसमें वह बदला लेगा ।" यदि इस प्रकार के विचारों को संसार में फैलाया जायगा तो सारा संसार तलवार हाथ में लेकर एक दूसरे का धन छीनने में लग जायगा । न कोई किसी का भाई रहेगा, न कोई किसी की बहन, न ही पुत्र और पिता, न मित्र और सखा; और न राजा रहेगा न प्रजा रहेगी । इस प्रकार के विचारों की कल्पनामात्र से संसार कम्पित सा होता दिखाई देता है । जो लोग पुनर्जन्म और मोक्ष को स्वीकार नहीं करते वे किसी भी नियम में बंध नहीं सकते हैं । इसके विपरीत जो मनुष्य आत्मा की अमरता में विश्वास करने वाला है, अथवा पुनर्जन्म का मानने वाला है, वह अनुभव करता है कि "यदि मैं कोई बुरा कर्म करूंगा तो ईश्वर मुझे दण्ड देगा ।" वह अपने जीवन का उद्देश्य संसार सुख बना कर मोक्ष आनन्द को बनाता है । वह कर्म की इस दार्शनिकता को अच्छी प्रकार समझता है कि जिस प्रकार "हम बैंक में रुपया जमा कराते हैं, तो वह रुपया हमें ब्याज सहित मिलता है, उसी प्रकार जिस कर्म को अब हम कर रहे हैं, उनका फल इस जन्म में अथवा अगले जन्म में अवश्य मिलेगा ।"

उपरोक्त हेतुओं से हमने यह सिद्ध करने का प्रयास किया है कि सुखवाद की प्रवृत्ति को स्वतन्त्र सिद्धान्त मान लिया जाये तो संसार के अन्दर नियम, मर्यादायें अथवा व्यवस्थाएं सभी समाप्त

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हो जायेंगी–जैसे कि हमने ऊपर दिखलाया है कि सुख की प्रवृत्ति प्रत्येक प्राणी में सर्वत्र दृष्टिगोचर होती है। यदि विश्व के समस्त इतिहास का परिशीलन किया जाये तो हमें सहज ही में पता लग जायेगा कि हम एक ऐसे सुख की अभिलाषा करते हैं जो सांसारिक सुख की अपेक्षा अधिक स्थिर हो, स्थाई हो। सुख-स्थापना की प्रवृत्ति ही यह सिद्ध करती है–मुक्ति नाम की कोई वस्तु है जो कि इस प्रवृत्ति की पराकाष्ठा हो सके। हम देखते हैं कि यज्ञादि श्रेष्ठ अनुष्ठानों के द्वारा बड़े-बड़े वैभवों की प्राप्ति हो जाती है। लौकिक दृष्टि से हमारा जीवन प्रायः सुखमय हो जाता है। जब हमें शुभ कर्मों के द्वारा इस प्रकार का लौकिक सुख प्राप्त हो जाता है तो ज्ञान अतिशयता के द्वारा अनन्त शान्ति की प्राप्ति क्यों नहीं हो जायेगी। साँसारिक सुख कितना ही बड़ा क्यों न हो उस में दुःख अवश्यमेव मिश्रित रहता है। उस को हम पूर्ण सुख नहीं कह सकते। शारीरिक व्याधियाँ, पारिवारिक दुर्घटनायें होती रहती हैं। यदि दुर्जन-तोष न्याय से इन दुःखों का न होना भी माना जाये तो भी हमारे सम्मुख जन्म और मरण का चक्कर है जिसे संसार के दार्शनिकों ने महा-दुःख का नाम दिया है। वह तो प्राणी के सामने सदा खड़ा ही रहेगा। अतः हम ऐसे आनन्द की कामना करते हैं–जिसके मध्य में जन्म मरण आदि व्यवधान न बन सकें। यह आनन्द यदि न हो तो विश्व की यह जो प्रवृत्ति है कि हम सर्वांश में सुखी हो जायें निरर्थक हो जायेगी। मोक्ष के लिए जन्म मरणादि जो व्यवधान हैं उनकी समाप्ति को लेकर दार्शनिक जगत में धर्म की शरण में जाना पड़ेगा–इसके लिये सम्यक् जीवन, परस्पर प्रेम, अहिंसा और सरलता के लिए इन बातों पर ध्यान देना होगा।

उपरोक्त निष्कर्ष से हमें भली भांति यह ज्ञात हो गया कि सभी जीवात्मायें अपना विकास करके मुक्ति की ओर जाना चाहते हैं। विकास से अभिप्रायः भौतिक विकास से नहीं है अपितु संसार के संसर्ग से जो राग, द्वेष आदि दोष आ जाते हैं उनसे छुटकारा पाना है। दूसरे शब्दों में हम इस प्रकार कह सकते हैं कि जीवात्मा स्वतन्त्र होना चाहता है। जब वह इस स्वतन्त्रता की पराकाष्ठा तक पहुंच जाता है उसी का नाम मुक्ति है। मुक्ति को शास्त्रों में परम पद कहा है। इस पद का अभिप्राय भौतिक अर्थ में नहीं है। यह एक ऐसी अवस्था है जिसमें ज्ञातृत्व, कर्तृत्व और भौतिक शक्तियों की पराकाष्ठा हो जाती है। संसार के सभी बन्धन छूट जाते हैं। सभी संशय दूर हो जाते हैं और जन्म मरण के चक्र से छूटकर जीवात्मा परमानन्द की प्राप्ति कर लेता है।१ परन्तु इस मुक्ति के विषय में दार्शनिक क्षेत्र में भ्रम फैला हुआ है। समझा जाता है कि मुक्ति कोई ऐसा स्थान है जहाँ पर जीवात्मा अपने शुभ कर्मों के परिणामस्वरूप भेज दिया जाता है। परन्तु मुक्ति का कोई स्थानविशेष नहीं है अपितु जीवात्मा की स्वतन्त्रता की वह पराकाष्ठा है जबकि वह ज्ञान की अन्तिम सीढ़ी को प्राप्त करके, मरण के बन्धनों से छूट करके स्वतन्त्र विचरता है।

पूर्वपक्ष––जीवात्मा और ब्रह्म एक होने से जीव न कभी आवरण में आता है, न कभी जन्म लेता है, उसका न कभी बन्ध है और बन्ध नहीं तो उससे छूटने का प्रयास भी नहीं करता है। जब बन्ध ही नहीं तो मुक्ति किसकी।२

---

१. भिद्यते हृदयग्रंथि छिद्यन्ते सर्वसंशयाः।
तस्मिन्दृष्टे परावरे॥

२. न विरोधो न चोत्पत्तिर्न बद्धो न च साधकः।
न मुमुक्षु र्न वै मुक्त इत्येषा परमार्थता।
(गौडपादकारिका २।३२) सत्यार्थ प्रकाश
९ समुल्लास।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उत्तर पक्ष--यह सिद्धान्त अनुचित है, क्योंकि जीवात्मा अल्पज्ञ है और उसका स्वरूप अल्प है। जीवात्मा का जब शरीर के साथ संसर्ग होता है तो जन्म कहलाता है। संसार में आकर के जब वह अनेक प्रकार के कर्म करता है तब उनके भोग अथवा बन्धन में फंस जाता है। उन बन्धनों से छूटने का प्रयास करता हुआ वह दिखाई देता है। जब ज्ञान, कर्म और उपासना पूर्ण रूप से करता है तब परम ब्रह्म के परमानन्द को प्राप्त कर लेता है जिसको हम मुक्ति कहते हैं, अतः यह कहना कि उसका बन्ध और मोक्ष नहीं, ठीक नहीं।१

पू० पक्ष--जन्म और मरण इत्यादि सब के सब धर्म, देह और अन्तःकरण के हैं, जीवात्मा के कदापि नहीं हो सकते।

उ०--शरीर और अन्तःकरण चेतन नहीं हैं, जड़ हैं। अतः उनमें बन्ध और मोक्ष, जन्म और मरण इत्यादि का सामर्थ्य बिना जीवात्मा के नहीं हो सकता। मनुष्य और इतर प्राणी चेतन होने से शीत और उष्ण के स्पर्श का भान करते हैं। नहीं तो मन भी जड़ है, प्राण भी जड़ है, केवल उनको भूख प्यास और हर्ष, शोक इत्यादि नहीं हो सकते, अतः मन से हर सुख दुःख का भोग जीवात्मा ही करता है।

पू०--चिदाकाश ब्रह्म में सभी अन्तःकरण रहते हैं जैसे मछली और अन्य जल प्राणी समुद्र में रहते हैं। वे अन्तःकरण अपने आप में जड़ हैं परन्तु व्यापक ब्रह्म की सत्ता से वे भी चेतन हो जाते हैं। इस प्रकार जीवात्मा का बन्ध और मोक्ष नहीं बनेगा। एक ब्रह्म ही है अन्य कुछ भी नहीं।

उ०--यह भी ठीक नहीं। यदि ब्रह्म ही केवल सर्वव्यापक होकर सब अन्तःकरणों में भासता होता तो ब्रह्म के सर्वज्ञादि सभी गुण उसमें आने चाहियें परन्तु ऐसा नहीं होता। क्योंकि सभी जीव अल्पज्ञ ही हैं, सर्वज्ञ नहीं। (नवीन वेदान्तियों का अद्वैतवाद का यह सिद्धान्त त्रैतवाद प्रकरण में पूर्वपक्ष के रूप में रखकर के खण्डन किया है वहीं पर देख लेना चाहिये क्योंकि नहीं तो ऐसा करने से हम प्रसङ्ग से दूर चले जायेंगे)।

मुक्ति की परिभाषा साधारण रूप से हम इस प्रकार कर सकते हैं कि जिसमें दुःख आदि पूर्ण रूप से छूट जाते हैं और जीवात्मा ब्रह्मानन्द को पूर्णरूप से प्राप्त कर लेता है।१ सुखवाद का खण्डन करते समय हमने यह स्पष्ट किया था कि संसार के सभी प्राणी एक ऐसे आनन्द के लिये प्रयास कर रहे हैं जिस में दुःख मिश्रित न हों क्योंकि संसार भर के सभी प्राणी के सभी सुख चाहे चक्रवर्ती राजा ही क्यों न हो दुःखों से पूर्ण रूप से विहीन नहीं हो सकते। जीव अल्पज्ञ होने के कारण संसार में फंस कर नानाविध कर्मों को करता है, वहाँ पर पूर्ण सुख की प्राप्ति होना असम्भव है। अतः जैसा कि हम ऊपर कह चुके हैं पूर्णानन्द मुक्ति से ही सम्भव है जो मुक्ति, ज्ञान, कर्म और उपासना इत्यादि साधनों के करने से प्राप्त होती है। इन साधनों का वर्णन पीछे करेंगे पहले मुक्तावस्था में जीवात्मा की क्या

(क्रमशः)

---

१. यह नवीन वेदान्तियों का कहना सत्य नहीं क्योंकि जीव का स्वरूप अल्प होने से आवरण में आता, शरीर के साथ प्रगट होने रूप जन्म लेता, पापा रूप कर्मों के फल भोगरूप बन्धन में फंसता है उसके छुड़ाने के साधन कर्ता, दुःख से छूटने की इच्छा करता और दुःखों से छूटकर परमानन्द परमेश्वर को प्राप्त होकर मुक्ति को भी भोगता है। (स० प्र० ९ समुल्लास)।

१. मुञ्चन्ति पृथग् भवन्ति जनाःयस्यां सामुक्तिः। (स०प्र०९म समुल्लास)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अवस्था होती है इसका संक्षेप से वर्णन करते हैं। मुक्ति में जीवात्मा की क्या अवस्था होती है इस विषय में दार्शनिक क्षेत्र के अन्दर अनेकों मतभेद हैं। उनमें से एक है जीवात्मा का ब्रह्म में लय होना माना जाता है मुक्ति में जीवात्मा का लय हो जाता है इसका खण्डन त्रैतवाद प्रकरण में कर आये हैं कि ब्रह्म और जीव सदैव पृथक् रहते हैं वे दोनों नित्य हैं और उनका परस्पर व्याप्य व्यापक सम्बन्ध है। महर्षि दयानन्द जी मुक्तावस्था में जीव के सत्य संकल्पादि स्वाभाविक गुण रहते हैं भौतिक साधन मुक्ति में नहीं रहते ऐसा मानते हैं। सत्यार्थ प्रकाश के नवम् समुल्लास में मुक्ति प्रकरण में शतपथ का प्रमाण देते हुये वे कहते हैं कि—मुक्ति अवस्था के अन्दर जीवात्मा के साथ भौतिक शरीर व इन्द्रियों के भौतिक भोग नहीं होते हैं। परन्तु उन सबके अपने अपने स्वाभाविक और शुद्ध गुण रहते हैं। जब जीवात्मा मुक्ति के अन्दर सुनना चाहता है, स्पर्श करना चाहता है, सूंघना चाहता है, देखना चाहता है, तब तब उस उस इन्द्रिय की स्वशक्ति सामर्थ्यरूप में जीवात्मा के अन्दर आ जाती है१।

१- शृण्वन् श्रोत्रं भवति, स्पर्शयन् त्वग् भवति, पश्यन् चक्षुर्भवति, रसयन् रसना भवति, जिघ्रन् घ्राणं भवति....अहं कुर्वाणोऽहंकारो भवति (शतपथ०काण्ड १४)।।

मोक्ष में भौतिक शरीर व इन्द्रियों के गोलक जीवात्मा के साथ नहीं रहते किन्तु अपने स्वाभाविक गुण रहते हैं,....मुक्ति में सब आनन्द भोग लेता है।

(सत्यार्थप्रकाश नवम समु०)।

मुक्ति के अन्दर जीवात्मा का क्या स्वरूप रहता है? सभी दर्शनकार अपने २ सिद्धान्तों का प्रतिपादन करते हैं। जैसा कि हम पूर्व लिख आये हैं चार्वाक को छोड़कर सभी भारतीय दार्शनिक मुक्ति का प्रतिपादन करते हैं। जैन दर्शन यद्यपि ईश्वर की सत्ता में विश्वास नहीं रखता परन्तु वह मुक्ति को स्वीकार करता है। उसके यहाँ मिथ्या दर्शन आदि बन्ध के कारण हैं उनका निरोध, संवर कर लेने पर तथा नये कर्मों का अभाव होकर निर्जरारूपी कारण के सम्पर्क से पूर्वोपार्जित कर्मों का विनाश हो जाता है। तब सब प्रकार के कर्मों से सदा के लिये मुक्ति मिल जाती है। बस, उनके यहाँ यही मोक्ष है। कहा है कि बन्ध के कारणों का अभाव तथा निर्जरा के सभी कर्मों से बच जाना मोक्ष है। उसके बाद प्राणी ऊपर ही चला जाता है। जब तक कि लोक का अन्त न मिल जाये। जैसे हाथ और डन्डे से गोलाकार घुमाया गया कुम्भकार का चक्र हाथ से क्रिया बन्द करने पर भी जब तक कि संस्कार क्षीण नहीं होते तब तक चलता ही रहता है। उसी प्रकार वृद्धावस्था में आत्मा ने मोक्ष की प्राप्ति के लिये कई वार जो योग किया था अब मुक्त हो जाने पर पहले किये गये योग साधनों के संस्कारों के कारण आत्मा लोक से ऊपर तक चली जाती है। अथवा जैसे मिट्टी का लेप करके भारी बनाया गया लौकी का तुम्बा पानी में नीचे गिर जाता है परन्तु नीचे जाकर जब मिट्टी का बन्धन छूट जाता है तब वह फिर ऊपर चला आता है इसी प्रकार कर्म से रहित होकर आत्मा ऊपर चली जाती है। आत्मा अग्नि शिखा की भांति अपनी ऊर्ध्वगामिनी प्रकृति के कारण मोक्ष में चली जाती है। जैन आचार्य पदमनन्दी जी कहते हैं कि चन्द्र सूर्यादि ग्रह तो जा जाकर लौट आते हैं। परन्तु लोक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

से परे जो आकाश है उसमें गये हुये मोक्ष आत्मा आज तक नहीं लौटे ।१

बौद्ध दर्शन भी मुक्ति को स्वीकार करता है। बौद्ध दर्शन में मुक्ति के लिये निर्वाण शब्द का प्रयोग हुआ है जिसका शाब्दिक अर्थ है बुझा हुआ। परन्तु यह विचार भ्रामक है। क्योंकि ऐसा होता तो महात्मा बुद्ध मृत्यु से पूर्व निर्वाण कैसे प्राप्त कर लेते। वस्तुतः निर्वाण का अर्थ वासना की अग्नि बुझ जाना है। जब मनुष्य के अन्दर से कामासव, भावासव, और अविद्यासव आदि की अशुद्धियाँ समाप्त हो जाती हैं तब पुनर्जन्म नहीं होता है। निर्वाण को बौद्ध दर्शन में शीतीभाव अथवा शीतलता की अवस्था कहा गया है। उसमें वासना और उससे जनित दुःखों की शान्ति हो जाती है। परन्तु मुक्ति अवस्था में भी आत्मा के अस्तित्व का अभाव नहीं होता है। बौद्ध दर्शन के पालिग्रन्थों में निर्वाण को शान्ति की अवस्था चित्रित किया गया है। निर्वाण को परमानन्द की अवस्था अमृतपद निःश्रेयस आदि धम्मपद में माना गया है। बौद्ध-दर्शन में मुक्ति में सुख को नहीं माना गया। सुख एक लौकिक अनुभव है जो इन्द्रियों द्वारा प्राप्त होता है। परन्तु बौद्धदर्शन मुक्ति में अभाव को नहीं मानता। अपितु मोक्ष में आत्मा की आनन्दमय अवस्था मानता है; यद्यपि इस मान्यता से सभी बौद्ध-दार्शनिक सहमत नहीं हैं, कुछ विद्वान् निर्वाण को वर्णनातीत मानते हैं।

बौद्धदर्शन में निर्वाण के दो रूप बतलाये गए हैं — पहला सोपाधि निर्वाण, द्वितीय अनुपाधि निर्वाण। प्रथम में पुनर्जन्म के कारण उपादान कुछ बचे रहते हैं, दूसरे को पूर्ण बुझा हुआ माना गया है। अर्थात् जन्म-मरण के चक्कर से जीव सदा छूट जाता है। जब निर्वाण प्राप्त हो जाता है तो उसका परिणाम यह होता है कि जन्म-मरण के कारणों के नष्ट हो जाने से पुनर्जन्म और दुःखों की सम्भावना समाप्त हो जाती है। यह तो मृत्यु के बाद का परिणाम है। मृत्यु से पूर्व निर्वाण-प्राप्त व्यक्ति का जीवन मृत्यु तक ज्ञान और शान्ति के साथ बीतता है। संसारिक-सुखों अथवा साधारण अनुभवों से इसका वर्णन नहीं किया जा सकता। केवल यही कहा जा सकता है कि इससे मनुष्य के दुःख दूर हो जाते हैं। बौद्धों के इस वर्णन से हम इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि मुक्ति-अवस्था में जीवात्मा के अस्तित्व का विनाश नहीं होता, अपितु उसका अपना अस्तित्व पूर्णरूप से बना रहता है। और मुक्ति के अन्दर विचित्र-आनन्द की अनुभूति होती रहती है।

मीमाँसकों के अनुसार मोक्ष-अवस्था में धर्म-और अधर्म इन दोनों का सम्बन्ध नहीं रहता है, इस पर दूसरे विचारकों की आपत्ति है कि मुक्तावस्था में जब सब धर्म नष्ट हो जाते हैं, तो मुक्त व्यक्ति को किसी प्रकार के सुख की प्राप्ति नहीं होगी, इस प्रकार मुक्तावस्था में जब सुख नहीं रहेगा तो कोई भी मोक्ष को क्यों चाहेगा? इस आक्षेप का उत्तर मीमाँसक इस प्रकार देते हैं कि— मुक्तावस्था में न आनन्द का अनुभव होता है न ज्ञान का। आनन्द का अनुभव करने के लिए इन्द्रियों की आवश्यकता रहती है और इन्द्रियाँ मोक्ष के समय नहीं होतीं हैं, जिनके द्वारा आनन्द का उपभोग हो सके। इसी प्रकार बाह्य-इन्द्रियों की तरह मुक्ति में मन भी नहीं रहता है। जिसकी सहायता से आनन्द-लाभ किया जा सके। श्रुति भी

१— गत्वा गत्वा निवर्तन्ते चन्द्रसूर्यादयो ग्रहाः ।
अद्यापि न निवर्तन्ते त्वलोकाकाशमागताः ॥
(प०न०आ०)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कहती है, मुक्तावस्था में मन नहीं रहता है।१ अतः मुक्तावस्था में आनन्द की स्वीकृति वेद भी नहीं देता। यही बात ज्ञान के विषय में है। जब ज्ञान के साधन नहीं रहते तो ज्ञान होगा ही नहीं। ज्ञान और मोक्ष इन्द्रियों के न होने से यह नहीं समझना चाहिये कि ज्ञान की शक्ति का ही नाश हो जाता है, इस का अभिप्राय तो केवल यही है कि साधनों के न रहने से सिर्फ ज्ञान का लोप होता है ज्ञानशक्ति का नहीं।२ इस प्रकार के अनेकों वाक्य जिनसे सिद्ध होता है कि मुक्तावस्था में आत्मा की ज्ञानशक्ति नष्ट होती है, जैसे–वह नहीं देखता; वह देखते हुये भी नहीं देखता, देखने वाले की दृष्टि का भी विनाश नहीं होता।३ इसी प्रकार मुक्ति-अवस्था के अन्दर आत्मा के सभी साधन नहीं रहते। जब साधन ही नहीं रहेंगे, तो आत्मा मुक्त-अवस्था में आनन्द का उपभोग नहीं कर सकता। परन्तु ये सब होते हुये भी मुक्तावस्था चरम-कोटि की अवस्था है। उस अवस्था में दुःखों का लेशमात्र भी नाम नहीं रहता। दुःखों से पूर्णतः छूट जाना भी बहुत बड़ा फल है। अतः दुःख तथा सुख आदि सभी

१. अमनोऽवाक्।
२. न हि जातुर्ज्ञातिविपरि लोको विद्यते।
३. यद्वै तन्नपश्यति पश्यन्वै तन्नपश्यति। न हि द्रष्टुर्दृष्टेर्विपरिलोपो विद्यते॥

आत्मगुणों का उच्छेद ही मोक्ष है।१ और इन सब दुःखों के तथा सुखों के उच्छेद में हम को अधर्म तथा धर्म के उच्छेद को कारण मानना पड़ेगा, जब धर्म रहेगा तो सुख अवश्य रहेगा एवं जब अधर्म रहेगा तो दुःख अवश्य होगा। इन दोनों में जब तक एक की भी सत्ता है तब तक मुक्ति कहाँ? शरीर की प्रवृत्ति कर्म से उत्पन्न फल को भोगने के लिये होती है। जब किसी प्रकार का हमारा शुभ तथा अशुभ कर्म ही नहीं रहेगा, तो फिर हमें क्यों और किस फल के लिये शरीर धारण करना पड़ेगा।२ अत एव मीमाँसक – शास्त्र में कहा है कि जो मोक्ष चाहता है वह काम्य और निषिद्ध दोनों प्रकार के कर्म मत करे। क्योंकि वह काम्य कर्म करेगा तो सुख की प्राप्ति अवश्य होगी और निषिद्ध कर्म करेगा तो दुःख आदि की प्रवृत्ति होगी।३ जब ऐसा होगा तो मोक्ष दुर्लभ हो जायेगा। केवल नित्य-कर्म ही करने चाहिये, जिससे साधारण दोष उसमें न लगें। इस प्रकार वह कर्म-बन्धन से मुक्त हो जावेगा।४ (क्रमशः)

१. सुखदुःखोपभोगो हि संसार इति शब्द्यते,
तयोरनुपभोगं तु मोक्षं मोक्षविदो विदुः।
२. कर्मजन्योपभोगार्थं शरीरं नः प्रवर्त्तते।
तदभावेन कश्चिद्धि हेतुस्तत्रावतिष्ठते॥
३. मोक्षार्थी न प्रवर्त्तेत तत्र काम्य-निषिद्धयोः।
नित्य नैमित्तिके कुर्यात्प्रत्यवायजिहासया॥
४. सुखदुःखविहीनोऽतो मुक्तः स्वस्थोऽवतिष्ठते॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

महात्मा मुन्शीराम जी सम्बन्धी कुछ संस्मरण

कविराज पं० धर्मदत्त जी विद्यालङ्कार, सिद्धान्तालङ्कार, वैद्यविशारद

आज १९७४, दिसम्बर २३ को लगभग ७२ साल हो गये, जब १९०३ में मेरे पिताजी मुझ आठ वर्ष के बालक को यहाँ गुरुकुल में प्रविष्ट कराने को लाये थे, तब मैंने पहले पहल उस महान तपस्वी त्यागी ऊंचे कद के भारी शरीर के दाढ़ी वाले तेजस्वी महापुरुष को देखा था जिसे लोग उन दिनों महात्मा मुन्शीराम कहते थे। १९०३ से लेकर १९१७ तक मैं शिष्य के नाते उनके अति निकट रहा। १९१७ में मैं स्नातक होगया और उन्होंने श्री स्वामी सत्यानन्द जी महाराज से संन्यास लेकर गुरुकुल से विदा लेली। जितने वर्ष मैं यहाँ रहा मेरा ख़याल हुआ करता था कि सारे भारतवर्ष में इस आदमी से कोई बड़ा आदमी नहीं है। बड़े-बड़े आदमी उस काल में गुरुकुल आये, मैं देखता था वे सारे उसके सामने नतमस्तक हो जाते थे। उस महान् व्यक्ति के संबन्ध में जो धुन्धले से संस्मरण मुझे हैं मैं उनका उल्लेख करता हूं :

(१) जब तक मैं विद्यालय में रहा मुझे स्मरण है कि हर ऐतवार के प्रातःकाल छात्रों के हवन के बाद उनका उपदेश हुआ करता था। जब मैं कालेज में आगया तब उनका वह सिलसिला तो टूट गया था परन्तु उन्होंने ऐसा प्रबन्ध किया था कि महीने में एक उपदेश छात्रों को किसी महान् व्यक्ति का हो जाया करे। इससे मैं देखता था कि छात्रों को चरित्र वनाने में सहायता मिलती थी।

(२) दूसरे वे प्रातःकाल के व्यायाम पर या ड्रिल पर विशेष बल देते थे। उस समय कोई व्यायामशिक्षक या ड्रिलमास्टर अवश्य रहता था जो लड़कों को व्यायाम की शिक्षा देता था। उन्होंने एक अच्छा Gymnasium भी गुरुकुल में बनाया हुआ था जहाँ लड़के व्यायाम करते थे।

(३) सायंकाल के समय किसी न किसी खेल या Games में या अखाड़े में कुश्ती करना भी उन्होंने आवश्यक किया हुआ था। कभी-कभी वे स्वयं अखाड़े में आते थे तथा खेल के मैदान में तो आकर कभी-कभी वे स्वयं लड़कों को खेलता हुआ देखते थे और खेल के लिए उत्साहित करते थे।

(४) उन दिनों कालेज में एक हिन्दी वाग्वर्धिनी, एक संस्कृतोत्साहिनी तथा एक English-Club ये तीन सभायें समय-समय हुआ करती थीं, जिसमें लड़के बोलने का अभ्यास करते थे। मुझे स्मरण है मैंने एक बार उनसे English Club में भाषण के लिये प्रार्थना की थी। उन्होंने एक सुन्दर भाषण दिया था। उनका विषय Nationalism था।

(५) उन दिनों कालेज के लड़के हर मास एक हस्तलिखित पत्रिका निकालते थे। एक बार एक पत्रिका मेरे संपादकत्व में निकली थी। पुस्तकालय में रखने से पहले उस पर आचार्य के हस्ताक्षर जरूरी थे। मैं उनके हस्ताक्षरों के लिए पत्रिका उनको दे आया। अगले दिन जब उस पत्रिका को लेने मैं गया तो देखा वे बड़े क्रोध में थे, बोले क्या तुम ने गुरुकुल में हत्यारों की बड़ाई करना सीखा है ? तुम इन पन्नों को फाड़कर फिर पत्रिका को लाओ। मैंने उस पत्रिका में बंगाल के क्राँतिकारी लड़कों की जिन्होंने कुछ अफसरों का खून किया था बड़ाई की हुई थी। यह बात जब की है जब महात्मा गान्धी अभी हिन्दुस्तान आये भी नहीं थे, जब गांधी जी के सत्य और अहिंसा की कोई चर्चा भी नहीं थी। जब मैंने उन पन्नों को फाड़ दिया तब उन्होंने हस्ताक्षर किये।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(६) एक बार एक गुरुकुल जन्मोत्सव की सभा में जिसके सभापति महात्मा मुन्शीराम जी थे, औरों के अतिरिक्त मैं ने भी भाषण दिया और कहा कि गुरुकुल की विशेषता यह कि यहां पूर्व और पश्चिम का अच्छा मिश्रण हुआ है। सभा के अन्त में सभापति का भाषण देते हुए उन्होंने इस मेरी बात का उल्लेख किया और ये वचन कहे कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली में यहाँ तक कि डी. ए. वी. कालेजों में भी पाश्चात्य विषयों की शिक्षा पर बल दिया जाता है। दूसरी ओर बनारस आदि की पाठशालाओं में केवल प्राचीन विषयों की शिक्षा पर बल दिया जाता है परन्तु इन दोनों प्रकार के विषयों के सम्मिश्रण करने की शिक्षाप्रणाली के उद्देश्य से मैंने इस गुरुकुल की स्थापना की थी उनके ठीक शब्द तो याद नहीं पर उनका भाव यही था।

(७) जब वाइसराय साहब ने उन्हें मिलने के लिये देहली बुलाया था तब वहां से लौटकर उन्होंने अक्षरशः जो दोनों की बात हुई थी वह सब सभा में सुनाई थी। उनकी स्मृति शक्ति इतनी थीं, कि उन्होंने अक्षरशः सारी बात दुहराई थीं। उसका अभिप्राय यह था कि वाइसराय साहब को यह रिपोर्ट दी जा रही है कि गुरुकुल में अंग्रेजी राज के खिलाफ बगावत की शिक्षा दी जाती है। महात्मा जी का जवाब यह था कि आपको जो रिपोर्ट दी गई है वह गलत है। गुरुकुल की स्थापना इस लिये हुई है कि वहां से सदाचारी, पूर्ण शिक्षित विद्वान निकलें न कि हत्या करने वाले हत्यारे। इस पर चैम्सफोर्ड साहब को सन्तोष हो गया था और उसके बाद वे गुरुकुल में पधारे भी थे। हमने देखा वे तथा यू०पी०के गवर्नर सरजेम्स मेस्टन जो पीछे लार्ड मेस्टन हो गये कितना सम्मान उनके लिए प्रदर्शित करते थे। उन्होंने गुरुकुल को आर्थिक सहायता देने की भी बात छेड़ी थी पर महात्मा जी ने पूरी तरह इन्कार कर दिया।

(८) शायद १९१५ की गर्मियों की बात है कि मैं सुबह कालेज में जा रहा था। मैंने देखा शहर कनखल की ओर से एक साधारणसा व्यक्ति एक लड़के के साथ महात्मा जी के बंगले की ओर जा रहा है। उधर महात्मा जी बड़ी जल्दी में कालेज अपने आफिस की ओर जा रहे थे। उस आदमी ने आगे बढ़कर महात्मा जी के चरण छुए। महात्मा जी जल्दी में थे, वे बिना रुके आगे बढ़ गये। तब आगन्तु व्यक्ति का लड़का दौड़ा और उसने महात्माजी से कुछ कहा फिर, क्या था, महात्मा जी पीछे की ओर लपके और आगन्तुक व्यक्ति को गले से लगा लिया पीछे हमें मालूम हुआ कि आगन्तुक व्यक्ति महात्मा गांधी थे। वे अभी कर्मवीर गांधी कहाते थे, अभी वे महात्मा नहीं हुए थे, हिन्दुस्तान में अभी लोग उन्हें जानते भी न थे।

(९) एक दफा एक बौद्ध भिक्षु लंका से गुरुकुल आकर रहे थे वे हिन्दी तथा अंग्रेजी दोनों भाषायें नहीं जानते थे, केवल संस्कृत या पाली ही बोल सकते थे। एक दिन मैंने देखा महात्मा जी उनसे खड़े बात कर रहे हैं। मुझे कौतूहल हुआ कि महात्मा जी उनसे किस भाषा में बोल रहे होंगे, परन्तु पास जाने में डर भी लगता था फिर भी साहस कर के मैं उन के पास से गुजर गया। मैंने देखा महात्मा जी उनसे संस्कृत में बात कर रहे हैं। मुझे आश्चर्य हुआ कि बिना पढ़े उन्होंने काम-लायक संस्कृत बोलना कैसे सीख लिया ?

(१०) वे अपने लड़कों का कितना ख्याल रखते थे इसका एक उदाहरण मुझे याद आता है। हमारी क्लास में एक लड़का सत्यप्रिय था उसको किसी अपराध पर उन्होंने गुरुकुल से निकाल दिया था। कुछ काल बाद रंगून से

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

महात्मा जी के किसी व्यापारी मित्र ने उन्हें लिखा कि उसे एक लेखक की आवश्यकता है, वे किसी को भेज दें। उन्होंने सत्य प्रिय को लिखा कि वह उनका पत्र लेकर रंगून चला जाये, उसकी नियुक्ति वहाँ ८० या १०० रु० मासिक पर कर दी है। उसके बाद सत्य प्रिय ने मुझको लिखा कि वह वहां पर बहुत खुश है।

(११) १६१७ मई मास के लगभग संन्यास लेते समय जिस समय उन्होंने श्वेत वस्त्र उतार कर भगवे कपड़े डाले, हम सब की आंखों में आंसू आ गये थे। हमारे पास खड़ा एक पंजाबी बोल उठा यह वह आदमी था' जो अपनी पेन्ट में शिकन नहीं आने देता था आज इसने सर्वस्व छोड़ कर भगवा डाल लिया। बक्त क्या नहीं करता।

हरिश्चन्द्र विद्यालंकार को श्रद्धाञ्जली

ब्रह्मचारी धर्मचन्द्र 'प्रचारी' (विद्याविनोद द्वितीय वर्ष) गु० कांगड़ी

प्रथम सुमन मेरे उपवन के तुझको नमन करूं मैं।
ओ श्रद्धा के सेनानी तेरा क्या कथन करूं मैं॥
तू था पहला चांद अकेला,
जो कुल नभ मण्डल में खेला॥
तेरी त्याग चन्द्रिका से, निज तन को शमन करूं मैं॥१॥ ओ०
था इस माता का प्रथम पूत,
जिसमें हम हैं अब फलीभूत॥
ज्येष्ठ सहोदर कुल माता के तेरा अनुसरण करूं मैं॥२॥ ओ०
था उस माला का एक बीज,
संस्कृती जिसको रही रीझ॥
निज को पिरोकर उस माला में तुझ सम भ्रमण करूं मैं॥३॥ ओ०
मौक्तिक था तू इस सागर का,
रत्न रहा तू इस आकर का॥
तेरे सम पाकर सक्षमता निज को रत्न करूं मैं॥४॥ ओ०
तू उस माली की पैदा थी,
जिस पर सब दुनिया सैदा थी॥
फिर से आवें एसे माली, भगवन् से भजन करूं मैं॥५॥ ओ० श्रद्धा
तू आज है हमसे दूर हुआ,
विधि का नियम भरपूर हुआ॥
अर्पण तेरी सेवा में कविता के सुमन करूं मैं॥६॥ ओ० श्रद्धा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अन्तःस्रावी ग्रन्थियों का एक्सचेन्ज

(पीयूष-ग्रन्थि)

श्री मदनपाल सिंह चौधरी, ४र्थ वर्ष

वर्तमान समय में मानव-शरीर की रचना विज्ञान की एक प्रमुख शाखा मानी जा रही है। मनष्य के शरीर से सम्बन्धित विभिन्न संस्थान तथा उनकी कार्य-प्रणाली का ज्ञान प्रमुख विषय हैं। जिस प्रकार किसी राष्ट्र आदि में विभिन्न स्थानों से सम्पर्क कर उन्हें नियन्त्रित कर उन्हें कार्य के लिए प्रेरित करने के लिये कुछ नियन्त्रण कक्ष होते है। उसी प्रकार शरीर के विभिन्न संस्थानों पर नियन्त्रण करने के लिए तथा उन्हें विभिन्न क्रियाओं के लिए प्रेरित करने के लिए शरीर में कुछ ऐसी ग्रन्थियां है जो अपना विशिष्ट स्राव (Harmone) रक्त में बिना किसी अन्य वाहनी की सहायता के ही सीधा भेज देती है तथा संस्थानविशेष को प्रेरित कर या प्रभावित कर अपना लक्ष्य पूर्ण करती है। इन ग्रन्थियों को अन्तः-स्रावी ग्रन्थियां (Endocrine glands) कहते है। Endocrine शब्द दो शब्दों के योग से बना है (endo=within), Krions=Separate इन ग्रन्थियों से क्षण-प्रतिक्षण Harmones का स्राव होता रहता है जो शरीर की मानसिक तथा भौतिक क्रियाओं पर नियन्त्रण रखता है।

वैसे तो अन्तःस्रावी ग्रन्थियाँ हमारे शरीर में कई प्रकार की हैं तथा प्रत्येक अपने २ कार्य में भिन्नता रखते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों का सम्पादन करती है, परन्तु ग्रन्थि छोटा स्वरूप रखते हुए स्वयं अपने में एक जटिल तथा महत्वपूर्ण अन्तःस्रावी ग्रन्थि है। किसी विद्वान ने पीयूष ग्रन्थि का महत्व दर्शाते हुए उसे Master gland भी कह दिया है। अन्य अन्तःस्रावी ग्रन्थियों पर प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से पीयूष ग्रन्थि का नियन्त्रण अवश्य रहता है। इसके अतिरिक्त यह छोटी सी ग्रन्थि जिन महत्त्वपूर्ण Harmones को पैदा करती है वह हमारे शरीर की अनेक क्रियाओं को किसी न किसी प्रकार अपने प्रभाव में रखे हुए है।

यह पिट्यूटरी ग्रन्थि Sphanoid bone के Fossa Hypophysis में optic-chiasma के पीछे स्थित है। इस ग्रन्थि के तीन मुख्य पिण्ड (Lobes) होते है:–

१ **अग्रपिण्ड** (Ant–Lobe) इस खण्ड से लगभग चौदह हारमोन्स निकलते हैं, जिनमें से कुछ मुख्य हारमोन्स निम्नलिखित हैं:—

i Growth Promoting Harmone or S.T.H —यह Ant lobe के eosinophil cells का स्राव है। इस स्राव की कमी से शारीरिक वृद्धि का नियमन भंग होकर व्यक्ति बौने रह जाते हैं। यदि स्राव अधिक बढ़ जाय तो व्यक्ति सामान्य से अधिक लम्बे हो जाते है। यदि व्यक्ति की लम्बाई बढ़ने का समय पूरा होने के बाद इस स्राव की वृद्धि हो तो अस्थियाँ चौड़ाई में बढ़ने लगती है।

ii Gonado tropic Harmone—यह जनन ग्रन्थियों की क्रिया पर प्रभाव डालता है। यदि जननांगों की परिपक्वता से पूर्व ही यह स्राव कम हो जाय तो लैंगिक विकास ठीक नहीं हो पाता। अंडाशय (overy) के कुछ अन्य Harmones भी इसकी उपस्थिति के

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बिना पैदा नहीं हो सकते। इसकी कमी से पुरुष के परिपक्व जननांगों का भी क्षय होने लगता है। स्त्रियों में डिम्ब ग्रन्थि में से स्त्रीबीज (ovum) को परिपक्व करके बाहर निकालना तथा पीत पिण्ड के निर्माण (Formation of corpus Luteum) के लिये भी यह उत्तरदायी है।

iii Prolactin or L.T.H.—यह स्राव स्तनों में उपस्थित ग्रन्थियों को दुग्ध-निर्माण हेतु उत्तेजित करता है। साथ ही साथ पीत पिण्ड को स्राव निकालने में भी सहायक होता है।

IV Pancreatotropic Harmone— यह Harmone Pencreas पर प्रभाव डालकर Insuline के स्राव की उत्पत्ति कराने के लिए उत्तरदायी है। इसकी कमी से Glicosuria हो जाता है। अर्थात् रक्त में शर्करा की मात्रा बढ़ जाती है।

V Thyrotropic Harmone—यह Harmone Thyroid gland को क्रियाशील बनाए रखता है। इसकी कमी से Basal Metabolic Rate घट जाता है, जिससे मनुष्य को भूख कम लगती है तथा शरीर में स्थूलता बढ़ने लगती है। इसके विपरीत यदि यह स्राव सामान्य से बढ़ जाय तो थायराइड ग्रन्थि अधिक क्रियाशील होकर अधिक Thyroxin पैदा करने लगती है, जिससे B. M. R. बढ़ जाता है तथा मनुष्य को भूख बहुत अधिक लगती है और वह कृश रहने लगता है। शरीर में गरमी भी अधिक रहती है। कभी तापक्रम सामान्य से अधिक रहने लगता है।

VI Adrenotropic Harmone—यह स्राव Adrenal gland के Cortex भाग को क्रियाशील रखता है। यदि यह स्राव कम हो जाय तो शरीर से जल तथा लवण अधिक मात्रा में मूत्र के साथ निकल जाते हैं तथा पेशियाँ शिथिल पड़ जाती हैं। Cortex के स्राव के बढ़ जाने से Sex भी बदल सकता है। यहाँ तक की महिलाएं पुरुष में बदलने लगती हैं। Menstration पर भी यह स्राव प्रभाव करता है।

२. पश्चाद् पिण्ड Post-Lobe—इस खण्ड से Pitutrin सत्व निकलता है, जिसके दो प्रमुख हारमोन हैः—

i Anti diuretic Harmone or A. D. H.—यह Harmone renal vaso Constriction करता है तथा जल का शोषण भी अधिक कर देता है, जिससे मूत्र की मात्रा कम हो जाती है। इसकी अधिक मात्रा से कोशिकाओं का संकोच हो जाता है जिसके परिणामस्वरूप Blood Pressure बढ़ जाता है। परन्तु कभी २ हृदय अवसाद के कारण B. P. गिरता हुआ भी देखा जाता है।

ii Oxytocin—यह गर्भाशय की पेशियों को संकुचित करता है। परन्तु इसकी क्रियाशीलता इस बात पर निर्भर करती है कि गर्भाशय पहले oestrogen के सम्पर्क में आ चुका है या नहीं। अर्थात् कन्याओं vergins पर यह क्रियाशील नहीं है, केवल अन्य युवतियों के uterus को यह तीव्रता से संकुचित करता है। मासिक स्राव के First half में यह गर्भाशय पर थोड़ी क्रिया करता है तथा Second half में कुछ अधिक क्रियाशीलता

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आ जाती है। गर्भ स्थिति हो जाने पर First half में क्रियाशीलता कम रहती है, परन्तु जैसे २ गर्भस्थिति का समय बढ़ता जाता है तो इसकी क्रियाशीलता भी बढ़ती जाती है और प्रसवकालीन वेदना के समय चरम सीमा पर पहुंच जाती है जिसके फलस्वरूप यह Harmone uterus को संकुचित करके Foetus को बाहर फेंक देता है। इसके बाद सूतिका काल में कुछ समय तक रहकर यह स्वयं समाप्त हो जाता है। यह Harmone स्तनों से दुग्ध स्रवित कराने में भी सहायक है।

३. **मध्यस्थ पिण्ड** (Pars Intermedia)—मनुष्य के लिए इस पिण्ड का विशेष महत्व नहीं है। यह निम्न स्राव पैदा करता है।

i Malanophore Stimulating Harmone—इसके बढ़ जाने से त्वचा में अस्थाई काला रंग आ जाता है।

कुछ कथाएं तथा ऐतिहासिक बातें हमें पढ़ने को मिलती हैं कि साधु लोग अपने शिष्यों को (छोटे बच्चों को) लोहे के टोप प्रारम्भ से ही उढ़ाकर रखते थे, जिससे उन बच्चों की वृद्धि तथा जननांगों का विकास आदि रुक जाते थे। ये साधु इन शिष्यों को चूहे कहकर पुकारते थे। इस कथा के पीछे भी रहस्य यही है कि लोहे का टोप पहना कर Skull के विकास को या यह कहिये कि पिट्यूटरी के विकास को रोकना उनका उद्देश्य था।

कुछ वर्ष पूर्व समाचारपत्रों में समाचार आया कि हिमालय क्षेत्र से कुछ सामान्य से अधिक लम्बाई के अस्थिपंजर मिले हैं। उनमें पाया गया कि उनकी Fossa Hypophysis बहुत बड़ी थी। अतः इसमें भी लम्बाई का सम्बन्ध पिट्यूटरी के विकास पर निर्भर है, यह ही परिणाम निकलता है।

उपरोक्त तथ्यों पर दृष्टिपात करने के बाद हमें यह पता चलता है कि पीयूष ग्रन्थि शरीर की वृद्धि, विकास तथा अन्य अन्तः स्रावी ग्रन्थियों के लिए कितनी सहयोगी है। यहाँ सहयोगी कहना ठीक नहीं बल्कि उत्तरदायी ही कहा जाय तो अधिक उपयुक्त होगा। यदि इस छोटी सी ग्रन्थि को निकाल दें या इसमें कोई Tumor आदि हो जाय तो शरीर पर कितना दुष्प्रभाव पड़ता है कि अन्य अन्तः स्रावी ग्रन्थियां कार्य नहीं कर पाती, यौनाँगों का विकास नहीं होता और शरीर विकृत हो जाता है, मनुष्य उत्साहरहित हो जाता है तथा अपने को मानसिक बीमार महसूस करता है। इसकी अधिक क्रियाशीलता के भी भयानक प्रभाव हमारे शरीर पर होते हैं, यह भी ऊपर बताया जा चुका है।

अतः हमें अपने स्वास्थ्यहेतु अपने शरीर की अन्तःस्रावी ग्रन्थियों के एक्सचेंज 'पीयूषग्रन्थि' को स्वस्थ रखना चाहिये।

—★—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जीवनीय (VITAMINS)

श्री योगेश द्विवेदी, ३य वर्ष

Vitamin शब्द दो शब्दों का संयुक्त रूप है, Vita का तात्पर्य शरीर की Vitality (strength) से है, एवं Amine शब्द Amine Group को दर्शाता है। इनकी शरीर में अत्यन्त उपयोगिता के कारण ही इन्हें 'जीवनीय' संज्ञा दी गई है।

Vitamins की भोजन में अनुपस्थिति से मनुष्यों में अनेक रोग उत्पन्न होते देखे गए हैं। एक पौष्टिक आहार भी यदि वह Vitamins से रहित है, शरीरवृद्धि के लिए पर्याप्त नहीं है, शरीर की विशिष्ट क्रियाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए जीवनीय प्रायः बाह्यस्रोतों External Sources द्वारा हमें प्राप्त होते हैं। यह एक प्रकार के शक्तिमय कार्बनिक पदार्थ हैं जो कि शरीर के लिए अत्यन्त सूक्ष्म मात्रा में ही बहुत अधिक लाभकारी हैं।

जीवनीय वनस्पतियों एवं जन्तुओं दोनों में प्राप्त होते हैं। वनस्पतियों (Plants) में लगभग सभी प्रकार के जीवनीय उपस्थित रहते हैं तथा कुछ जीवनीय मनुष्य के शरीर के अन्दर भी पैदा होते हैं। Vit-D का निर्माण त्वचा के अन्दर होता है तथा B group के कुछ Vitamins एवं Vit-D का निर्माण लघु आंत्र (Small intestine) में होता है। कुछ Vitamins शरीर में संचित (Store) रहते हैं। वसा में घुलनशील जीवनीय का शरीर में संचय मुख्यरूप से यकृत Liver तथा Subcutaneous tissue में होता है। Vit-C का संचय Adrenal Cortex में मुख्यरूप से होता है।

Vitamins शरीर के लिए बहुत ही अल्प मात्रा में उपयोगी हैं, जिसे हम संतुलित भोजन द्वारा प्राप्त कर सकते हैं और जीवनीय की अधिक मात्रा शरीर में दुष्कर प्रभाव भी उत्पन्न कर सकती है। जिसे Hyper Vitaminosis कहते हैं।

चूंकि Vitamins पर पाचक रसों का कोई प्रभाव नहीं पड़ता अतः इनका मुख द्वारा प्रयोग भी सूचीवेध के समान ही प्रभावशाली है। सभी Vitamins के कार्य करने का ढंग अभी स्पष्ट रूप से ज्ञात नहीं हो सका है। ये शरीर के अन्दर होने वाली विभिन्न रासायनिक क्रियाओं में भाग लेते हैं। प्रत्येक Vitamin किसी विशेष tissue पर ही अपना प्रभाव डालता है।

जीवनीय का इतिहास

जीवनीय (Vitamin) की खोज लगभग २०० वर्ष पूर्व हुई थी। १७वीं० ई० में अनेक वैज्ञानिकों ने 'Scurvy' नामक रोग की चिकित्सा विभिन्न हरी वनस्पतियों एवं नीबू व नारंगी से की तथा १८ वीं०ई० में 'Beri-heri' नामक रोग की चिकित्सा माँस व हरी वनस्पतियों की संतुलित मात्रा से की गई। अन्त में Dr. Funk ने एक Anti heri heri नामक पदार्थ की खोज की और इसे Amine Compound बताया। चूंकि यह Amine Compound शरीर की Vitality के निर्माण के लिए आवश्यक है, अतः इसे Vitamine की संज्ञा दी। बाद में Vitamine शब्द से 'e' वर्ण का लोप सन् १९२० में Dr. Drummond ने किया।

जीवनीय का वर्गीकरण

घुलनशीलता के आधार पर Vitamins दो प्रकार के हैं—

१. वसा में घुलनशील Vitamins— इसके अन्तर्गत Vitamin A. D.E. एवं K आते हैं।

२. जल में घुलनशील Vitamins— इसके अन्तर्गत Vitamins B. C. P. एवं H आदि आते हैं।

उपयुक्त वर्गीकरण प्रत्येक जीवनीय, शरीर के लिए अनेक प्रकार से उपयोगी है।

—o—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वैदिक शारीर विज्ञान

परमव्योम=शिरस्थऐन्द्रियिककेन्द्र (BRAIN CENTRES) तथा गोलक

श्री पं० भगवद्दत्त वेदालंकार

प्राचीनशास्त्रों की यह मान्यता रही है कि "यथा ब्रह्माण्डे तथा पिण्डे" जैसा ब्रह्माण्ड में है वैसा ही पिण्ड (शरीर) में है। ब्रह्माण्ड में जितनी शक्तियाँ जगत् कार्य का निर्वाह कर रही हैं वे सब अंश१ रूप में शरीर में स्थित हो इस शरीर का सञ्चालन कर रही हैं। अतः इस ब्रह्माण्ड की समग्र शक्तियों तथा उनकी गति-विधियों को जानने के लिए प्राचीन ऋषि मुनि अन्तर्मुखी अवस्था में पहुंचकर सकल शरीर स्थानों, रचनाओं तथा उनके क्रियाकलापों का ज्ञान प्राप्त किया करते थे। ब्रह्माण्ड और पिण्ड में स्थित ये सब शक्तियाँ वेदों में देव व देवता नाम से वर्णित हुई हैं। वहाँ आता है कि जिस प्रकार गौएं२ गौशाला में आ विराजती हैं उसी प्रकार से सब देवता इस मानव शरीर में विराजमान हैं। यह मानव देह आठ३ चक्रों तथा नौ द्वारों की देवों की नगरी है जिसका नाम अयोध्या है। यही अमृत४ तत्त्वों से घिरी ब्रह्मपुरी है। इसी पुरी के कारण मनुष्य को पुरुष कहा जाता है। जो व्यक्ति इस ब्रह्म-पुरी को जान जाता है उसे ब्रह्म तथा ब्राह्म शक्तियाँ स्वयं को और चक्षु (इन्द्रियाँ) प्राण प्रजा आदि प्रदान करती है। और वृद्धावस्था से पूर्व ये सब इन्द्रियाँ उसका परित्याग नहीं करतीं।

इन उपर्युक्त उद्धरणों से यह स्पष्ट है कि एक उत्तम वैद्य को केवल स्थूल शरीर का ही ज्ञान पर्याप्त नहीं है उसे इन्द्रियाँ प्राण व मन आदि सूक्ष्म शरीर का भी ज्ञान होना चाहिये। और आत्मा के साथ इन सबका सम्बन्ध किस प्रकार का हो यह भी उसे ज्ञात होना चाहिये।

यदि हम आयुर्वेद सम्बन्धी मन्त्रों का गहराई से अवलोकन करें तो उनसे यह स्पष्ट ध्वनित होता है कि एक सर्वोत्तम वैद्य में योगजशक्ति का भी प्रादुर्भाव होना चाहिये। "अस्पार्शमेनं शतशारदाय" "सहस्राक्षेण शतवीर्येण शतायुषा हविषाहार्षमेनम्" "जरा त्वा भद्रा नेष्ट" अथर्व०३।११ इत्यादि मन्त्रों से उपर्युक्त कथन परिपुष्ट होता है। एक सर्वोत्तम वैद्य ही वेदों का असली ज्ञाता हो सकता है।

इस संक्षिप्त भूमिका के पश्चात् अब हम सिर में विद्यमान इन्द्रियों की स्थिति व उनके कार्य कलापों का वेदमन्त्रों की शतपथीय व्याख्या के आधार पर विवेचन प्रस्तुत करते हैं। यहाँ इन्द्रियों को पशु कहा गया है। ये ही इन्द्रियाँ अपने स्वरूप कार्य व शक्ति की दृष्टि से कभी देव, कभी ऋषि, कभी प्राण, कभी छन्द तथा कभी पशु नाम से वर्णित हुई हैं। इनका पशुरूप कब होता है, यह निम्न मन्त्र से इंगित होता है। इन्द्र देवता के लिये आता है--

तवेदं विश्वमभितः पशव्यं यत् पश्यसि चक्षसा

---

१. सूर्यो मे चक्षुर्वातः प्राणोऽन्तरिक्षमात्मा पृथिवी शरीरम्। अथर्व ५।९।७।
बृहता मन उपह्वये मातरिश्वना प्राणापानौ। सूर्याच्चक्षुरन्तरिक्षाच्छ्रोत्रं पृथिव्याः शरीरम्। अथर्व ५।१०।८
२. सर्वे देवा गावो गोष्ठ इवासते।
३. अष्टचक्रा नवद्वारा देवानां पूरयोध्या०। अथर्व १०।२।३१।
४. यो वैतां ब्रह्मणो वेदामृतेनावृतां पुरम्। तस्मै ब्रह्म च ब्राह्माश्च चक्षुःप्राणं प्रजां ददुः॥ न वै तं चक्षुर्जहाति न प्राणो जरसः पुरा पुरं यो ब्रह्मणो वेद यस्याः पुरुष उच्यते। अथर्व० १०।२।२९-३१।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सूर्यस्य । ऋ. ७।६८।६ ।

अर्थात् इन्द्र इस विश्व को जो सूर्य की आँख से देखता है, वह उसका पशुभाव है ।

यहाँ 'चक्षस्' शब्द इन्द्रियों को अपने अन्दर समाविष्ट किये हुए है अर्थात् ऐन्द्रियिक दर्शन व ऐन्द्रियिक कार्य का निर्वाहमात्र पशुभाव है । इन इन्द्रिय-पशुओं का मस्तिष्क में स्थापन, धारण तथा उनके स्वरूप व कार्य का वर्णन यजुर्वेद के १३वें अध्याय में हुआ है । वहाँ द्युलोक व मस्तिष्क को परमव्योम नाम से सम्बोधित किया है ।

शत. ब्रा. के ७वें काण्ड के ४र्थ व ५म अध्याय में यजुर्वेद के इस १३वें अध्याय की व्याख्या की गई है ।

श. ७५।२।१ में आता है कि--

पशुशीर्ष का उपधान करता है । पशुशीर्ष पशु ही हैं, इसलिए पशुओं का ही उपधान करता है । इन पशुओं को उखा में रखता है । ये लोक ही उखा हैं । इन लोकों में पशुओं को रखता है । इसलिये इन लोकों में ये पशु विद्यमान हैं५ ।

पशुशीर्ष--मनुष्य के सिर में विद्यमान ज्ञानेन्द्रियों (Brain centres) को यहाँ पशुशीर्ष कहा है । ब्राह्मणकार कहता है कि ये पशुशीर्ष भी पशु ही हैं । फिर प्रश्न होता है कि इनको पशुशीर्ष क्यों कहा ? वह इसलिए कि मनुष्य के शरीर में ये पशु अभिव्याप्त हैं उनके सिरों (मस्तिष्क केंद्रों) का यहाँ ग्रहण करना है । इन मस्तिष्क केन्द्रों को योनि भी कहा है (योनिर्वा उखा) ये पशुशीर्ष अर्थात् सिर के पशु निम्न हैं जिनका कि आगे वर्णन किया जायेगा--मन (मानस पुरुष), आँख, श्रोत्र, नाक, वाक् (मुख) ।

उखा--इन उपर्युक्त इन्द्रियों के स्थानों को उखा, लोक व परम व्योम कहा गया है ।

अगली कण्डिकामें इन पशुओंके सम्बन्धमें कहा कि-

इन पशुओं को उखा में आगे से अपनी ओर को धारण करता है, यह इसलिए कि जहाँ प्रजापति ने इन्हें आलम्भन करना चाहा तो ये उत्क्रमण के लिए तैयार हो गए । तब प्रजापतिने इनको प्राणों में ग्रहण कर लिया, प्राणों में ग्रहण करके आगे से अपनी ओर अर्थात् अपनेमें धारण कर लिया ।६ भाव यह है कि मानस विद्युत् का जब इन्द्रियों के साथ सम्पर्क होता है तब उसके आघातसे ये इन्द्रियां बाहिर की ओर भागती हैं । मानस विद्युत का आघात ही आलम्भन है । इस आलम्भनसे ये इन्द्रियां बाह्य संसार की ओर उत्क्रमण करती हैं और वहां से ज्ञान प्राप्त कर अन्दर की ओर लौटती हैं । उनका आगे जाना व लौटना सब प्राण द्वारा होता है । मनुष्य की जब मृत्यु होती है तब जीवात्मा इन्द्रियों को आगे से अन्दर की ओर प्राणों में ग्रहण कर लेता है और प्राणों में ग्रहण करके अपने में धारण कर लेता है ।

अगली कण्डिका में यह बताया कि कौन २ सी इन्द्रियाँ कौन २ सा पशु हैं । दूसरे यह परमात्मा की सृष्टि का भी वर्णन है, परन्तु हमें पिण्ड की सृष्टि का ही वर्णन देखना है ।

प्रारम्भ में प्रजापति अकेला था । उसने कामना की कि अन्नका सर्जन करूं अर्थात् स्वयं पैदा होऊं तो इस कामना के अनुसार उसने प्राणों से पशुओं का निर्माण किया । मन से पुरुष, चक्षु से अश्व, प्राण से गौ, श्रोत्र से अवि और वाक्से अज को उत्पन्न किया । क्योंकि प्राणों से इनका निर्माण किया इसलिए

---

५. पशुशीर्षाण्युपदधाति । पशवो वै पशुशीर्षाणि पशूनैवैतदुपदधाति तान्युखायामुपदधातीमे वै लोका उखा, पशवः पशुशीर्षाणि, एषु तल्लोकेषु पशून्दधाति तस्मादिम एषु लोकेषु पशवः ।।१।।

६. तान्पुरस्तात् प्रतीच उपदधाति । एतद्वै यत्रैतान् प्रजापतिः पशूनालिप्सत त आलिप्स्यमाना उदचिक्रमिषंस्तान् प्राणेषु समगृह्णात् तान् प्राणेषु संगृह्य पुरस्तात् प्रतीच आत्मन्नधत्त ।।४।।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्राण ही पशु है यह कहा जा सकता है। मन इन प्राणों में प्रथम है इसलिए मन से उत्पन्न पुरुष सब पशुओं में श्रेष्ठ है७। यह उपर्युक्त प्रकरण का सार है और यह ब्रह्माण्ड और पिण्ड दोनों में घटता है। पिण्ड में पुरुष के सिर में निहित चक्षु आदि इन्द्रियों को निम्न पशु नाम से कहा गया है। यथा:-

मन	पुरुष
चक्षु	अश्व
नासिका (प्राण)	गौ
श्रोत्र	अवि
वाक्	अज

इस प्रकार ये पाँच इन्द्रिय पशु हैं। अगली कण्डिका में आता है कि जब इनका मस्तिष्क में उपधान करते हैं तब प्रत्येक में सात सात 'हिरण्य शकल" रखते हैं। 'हिरण्यशकल' हिरण्मय परमाणु हैं (प्राणा वै हिरण्यम्) अर्थात् सुवर्णीय आभा वाले सूक्ष्मतम कण हैं जो कि प्राण रूप हैं। आगे कहा कि प्रत्येक इन्द्रिय में सात सात हिरण्यशकल रखते हैं। कहा भी है "सप्त प्रत्यस्यति। सप्त वै-शीर्षन्प्राणास्तानस्मिन्नेतद् दधात्यथ यदि पञ्चपशवः सुः पञ्चैव कृत्वः सप्त सप्त प्रत्यस्येत्०।" प्रत्येक इन्द्रिय में सात सात इसलिए रखते हैं क्योंकि सिर में सात प्राण (Seven Brain Centres) हैं। इससे यह स्पष्ट ध्वनित होता है कि प्रत्येक इन्द्रिय अपनी २ शक्ति को प्रमुख रूप में रखते हुए भी ७ प्रकार की शक्तियाँ रखती हैं। यूं भी कह सकते हैं कि एक ही धारा ७ में विभक्त होने पर भी धारा के समग्र रूपों को अपने में रखती है। मनु महाराज ने भी कहा है "सप्तद्वारावकीर्णां न वाचमनृतां वदेत्" अर्थात् सात द्वारों में बिखरी वाणी से असत्य न बोले। जब सब इन्द्रियों में सात २ प्राण हैं तो हम योगज शक्ति द्वारा एक ही इन्द्रिय से सब इन्द्रियों का कार्य कर सकते हैं। क्या यह सम्भव है? "एतस्मिन्वै पशौ सर्वेषां पशूनाँ रूपम्" यह इसी तथ्य को उजागर करता है। इस सम्बन्धमें विस्तार से हम फिर लिखेंगे।

मुख में हिरण्य शकल---

आगे कहा कि ये हिरण्य शकल (प्राण-अणु) सर्व प्रथम मुख में प्रक्षिप्त करता है (मुखे प्रथमं प्रत्यस्यति)। मन्त्र यह दिया है।

> सम्यक् स्रवन्ति सरितो न धेनाऽन्तर्हृदा मनसा पूयमाना। घृतस्य धाराअभिचाकशीमि हिरण्ययो वेतसो मध्यअग्नेः।
>
> यजु. १३।३८

यह धेना (वाक्) अन्तर्हृदयस्थ मन से पवित्र हुई २ सरिताओं की तरह सम्यक् प्रकार से प्रवाहित होती हैं। मैं अन्दर घृत (तेज=घृ क्षरण-दीप्त्योः) की धारा देखता हूं। अग्नि के मध्य में वह हिरण्मय पुरुष विद्यमान है। 'अन्नं वै धेनाः। भौतिक अन्न अर्थ लेने पर सरिताएं मुख में स्रवित होने वाले 'लालारस' होंगे।

प्राण (नासिका)---

ऋचे त्वेति ह। प्राणो वा ऋक् प्राणेन ह्यर्चति रुचे त्वेतीह प्राणो वै रुक् प्राणेन हि रोचतेऽथो प्राणाय हीदं सर्वं रोचते।" श.प.७।५।२।१२ (यजु.१३।३९)।

७-यद्वेव पशुशीर्षाणि उपदधाति। प्रजापतिर्वा इदमग्र आसीदेक एव सोऽकामयताऽन्नं सृजेय प्रजायेति स प्राणेभ्य एवाधि पशून् निरमिमीत मनसः पुरुषं चक्षुषोऽश्वं प्राणाद्गाँ श्रोत्रादविं वाचोऽजं तद्यदेनान् प्राणेभ्योऽधि निरमिमीत तस्मादाहुः प्राणाः पशवः इति मनो वै प्राणानां प्रथमं तद्यन्मनसः पुरुषं निरमिमीत तस्मादाहुः पुरुषः प्रथमः पशूनाँ वीर्यवत्तम इति मनो वै सर्वे प्राणा मनसि हि सर्वे प्राणा मनसि हि सर्वे प्राणाः प्रतिष्ठितास्तद् यन्मनसः पुरुषं निरमिमीत तस्मादाहुः पुरुषः सर्वे पशव इति पुरुषस्य ह्येवैते सर्वे भवन्ति।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नासिका से प्राण अविरत गति से प्रवाहित रहता है। एक प्रकारसे आत्मा की अर्चना कररहा है यह कहा जा सकता है। और यही प्राण मनुष्य में रोचमान है। शरीर के तेज व दीप्ति का कारण है और जबतक शरीरमें प्राण है तबतक यह रोचमान है। प्राण के निकलते ही यह शरीर अपवित्र व कान्तिहीन हो जाता है।

चक्षु--

भासे त्वेतीह ज्योतिषे त्वेतीह भास्वतीहीमे ज्योतिष्मती चक्षुषी, अभूदिदं विश्वस्य भुवनस्य वाजिनग्ने वैश्वानरस्य चेतीहाग्निर्ज्योतिषा ज्योतिष्मान् रुक्मो वर्चसा वर्चस्वान्। श.प. ७।५।२।१२ (यजु.१३।४०)।

इन दोनों चक्षुओं में भा (दीप्ति) तथा ज्योति विद्यमान होती है। यह चक्षु विश्व भुवन का एक प्रकार का वाजी है। यह अग्नि इसी चाक्षुष ज्योति से ज्योतिष्मान् है। इसी के वर्चस् से वर्चस्वी है।

श्रोत्र--

विश्ववतीश्यां विश्वं हि श्रोत्रम्' श.प. ७।५।२।१२ (यजु.१३।४०)।

श्रोत्र अपने में विश्व को ग्रहण करता है। चक्षु तो अपनी पलकों से अपने को ढक भी लेती है पर श्रोत्र तो सदा खुले रहते हैं।

आगे पुरुष व पशुओं के सम्बन्ध में कहा है कि पुरुष (मन+पुरुष) द्विपात् है और ये इन्द्रियाँ चतुष्पात् हैं, इत्यादि का शरीर-विज्ञान की दृष्टि से क्या भाव है? यह हम आगे दिखायेंगे। हमारे वैदिक साहित्य में परिभाषाओं, तथा परोक्ष-कथनों द्वारा सृष्टि के गम्भीर से गम्भीर तथा अलौकिक रहस्य बताये गये हैं। अश्व आदि सामान्य पशु समझे जाते हैं, परन्तु यदि हम वैदिक रहस्य-वर्णन-प्रणाली को जान जायें तो इन्हीं अश्व आदि शब्दों से सृष्टि के गूढ़ से गूढ़ रहस्य हमें पता चलेंगे। उदाहरण के तौर पर अश्व के ऊपर हम थोड़ा विचार करते हैं।

अश्व०--श० १३।३।१।१ में अश्व की उत्पत्ति के सम्बन्ध में कहा है कि--

प्रजापतेरक्ष्यश्वयत् तत्परापतत् ततोऽश्वः समभवद् यदश्वयत् तदश्वस्याश्वत्वम्।

प्रजापति (जीवात्मा) की आँख में गति हुई (टुओश्वि गतिवृद्ध्योः अशूङ् व्याप्तौ) वह परे पदार्थो पर पड़ी (ततः) उस पदार्थ में वह (अश्वयत्) व्यापक हो गई। आँख को अश्व इसलिए कहते हैं कि वह (अश्वयत्) पदार्थ पर पड़कर उसमें व्याप्त हो जाती है।

वैदिक साहित्य में आँख का किसी पदार्थ को देखने का तरीका यही बताया गया है। आँख से किरण निकलती हैं वह पदार्थ में जाकर व्याप्त हो जाती है और तब हमें उस पदार्थका ज्ञान होता है।

अश्व की व्युत्पत्ति और भी देखिए--

श. ६।१।१।११ में आता है कि--

यदश्रु संक्षरितमासीत् सोऽश्रुरभवदश्रुर्ह वै तमश्व इत्याचक्षते परोक्षम्।

अर्थात् जो अश्रुक्षरित हुवा उसे अश्रुः कहने लगे। और फिर यह अश्रु ही अश्व कहलाने लगा।

इस उपर्युक्त कथन को समझने के लिए अगले कथन से मिलान कीजिए।

श. ६।१।२।३ में आता है कि--

यदश्रु संक्षरितमासीत् सोऽश्मा पृश्निरभवदश्रुर्ह वै तमश्मेत्याचक्षते।

अर्थात् जो अश्रुक्षरित हुए वे अश्मापृश्नि बन गये। यह अश्मापृश्नि Crystalline lans हैं। मौनियर विलियम के कोष में 'पृश्नि' का एक अर्थ (Ray of light) प्रकाशकिरण भी दिया है। इसअश्मा सामान्य भाषा में पत्थर को कहते हैं। इसलिए सामान्य भाषा में हम यह कह सकते हैं कि 'अश्मा पृश्नि' वह पत्थर है जो कि प्रकाश किरण फेंकता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आदित्य को भी इसी कारण 'अश्मा पृश्नि' कहा है। श० ६।२।३।१४ में आता है कि "असौ वा आदित्यो ऽश्मा पृश्निः" अर्थात् वह आदित्य प्रकाश किरण फेंकने वाला पत्थर है। इससे यह भी कल्पना की जा सकती है जो कि धार्मिक पुरुषों के लिए उचित है कि जिस प्रकार हमारी आँख में अश्मा पृश्नि (Crystalline lans) केवल किरण फेंकता है यह किरण व प्रकाश इसके अपने नहीं, उसी प्रकार शायद आदित्यरूपी अश्मा पृश्निः प्रकाश फेंकने वाला ही हो, इसका अपना प्रकाश न हो। वह प्रकाश कहीं और से आता हो। वह प्रकाश "तस्य भासा सर्वमिदं विभाति" ब्रह्म का है।

अब हम अपने प्रकरण में आते हैं और पुरुष के सिर का जहाँ वर्णन है वह देखते हैं। ऊपर का यह सारा प्रकरण हमने इसलिए दिया कि आगे मनुष्य के सिर का वर्णन करते हुए जो उसके सिर में अश्व अर्थात् घोड़े आदि बैठाये जायेंगे वे हैं क्या ? यह समझ में आ जाय।

श.ब्रा.७।५।२।१३ में आता है कि—

अथ पुरुषशीर्षमुद्गृह्णाति। महयत्येवैनदेतत् सहस्रदा असि सहस्राय त्वेति सर्वं वै सहस्रं सर्वस्य दाताऽसि सर्वस्मै त्वेतत्।

अर्थात् अब पुरुष के सिर को लेते हैं। इसको महान् बनाते हैं। "सहस्रदा असि सहस्राय त्वा" यजु० १३।४०।

अर्थात् हे मस्तिष्क! तू सहस्रों ज्ञानों से युक्त है और सब को ज्ञान देने वाला है। इसलिए सहस्रों अर्थात् सबके धारण के लिए तेरी शक्ति को बढ़ाते हैं। इसमें मस्तिष्क शक्ति को बढ़ाने के लिए कहा गया है।

अब अगली कण्डिका श. ७।५।२।१४ में सामान्य रूप से यह दिखाया गया है कि मस्तिष्क में उपर्युक्त पशुओं की स्थिति क्या है? वह इस प्रकार है—

अथैनान् (उखायाम्) उपदधाति।..मध्ये पुरुषमभितः इतरान् पशून् पुरुषं तत्पशूनां मध्यतोऽत्तारं दधाति तस्मात् पुरुष एव पशूनाँ मध्यतोऽत्ता।

अब इन पशुओं को उखा अर्थात् अपने २ लोकों में रखते हैं। बीच में मानस पुरुष और उसके चारों ओर अन्य पशु। अर्थात् मन में विद्यमान जीवात्मा के चारों ओर इन्द्रियाँ हैं। वे इन्द्रियाँ ज्ञान ग्रहण करके आती हैं और मन में विद्यमान जीवात्मा उस ज्ञान को खाता है अर्थात् ग्रहण करता है।

चरक शारीरिक स्थान १म अध्याय में आत्मा मन द्वारा इन्द्रियों से संयुक्त होकर ज्ञान प्राप्त करता है इस का बहुत स्पष्ट रूप से वर्णन आता है।

अब आगे इन पशुओं को मस्तिष्क में अपनी २ जगह पर बैठाते हैं।

अश्वं चाविं चोत्तरतः श. ७।५।२।१५

अर्थात् अश्व (चक्षु) अवि (श्रोत्र) ये दोनों उत्तर में हैं। वैदिक साहित्य में मनुष्य की दिशा यह है कि ऊपर मस्तिष्क की ओर उत्तर नीचे दक्षिण है।

गाँ चाजं च दक्षिणतः। श. ७।५।२।१६

गौ (नासिका) अज (वाक् मुख) दक्षिण की ओर हैं।

नासिका और मुख का स्थान व प्रवाह दक्षिण की ओर को है।

अर्थात् मुंह से खाया हुवा भोजन नीचे तथा श्वास प्रणाली भी नीचे की ओर है। इसलिये इनका मुख्यतया सम्बन्ध दक्षिण की ओर ही है।

अब आगे पुरुष को भी अपने स्थान पर बैठाते हैं—

श.ब्रा.७।५।२।१७ में आता है कि—

पयसि पुरुषमुपदधाति।

पय अर्थात् मस्तिष्क के द्रव भाग (Ventricles) में रखता है। क्योंकि अन्दर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मस्तिष्क में जीवात्मा द्रव भाग में बैठता है इसलिए बाह्य यज्ञ रूपी नाटक मेंभी 'उखामध्ये पयः पूरिते- पुरुषमुपदध्यात्" (सायण) अर्थात् उखा के बीच में पय भरकर उसमें मनुष्य को बैठाते हैं। प्राचीन समय में शरीर विज्ञान बहुत उन्नत था। श० ३।५। ४।१ में सिर में जो चार द्रव भाग (Ventricles) हैं इनके सम्बन्ध में आता है कि—

शीर्षं श्चत्वारः कूपा इमौ अह द्वौ इमौ द्वौं।

अर्थात् सिर में चार कूए हैं दो ये और दो ये। केवल इतना ही नहीं यह जो प्रकरण चल रहा है जिसमें कि पुरुष को द्रव भाग में बैठाया है इस पुरुष के लिये इसी ब्राह्मण की २५वीं तथा २६वीं कण्डिका में मस्तिष्क की अस्थियों को हटाकर उसमें वीर्य अर्थात् शक्ति आधान करने का विधान है और फिर उसे वैसे ही जोड़ने का विधान किया है। वह इस प्रकार है—

अस्थि वा ऋक् इदं तच्छीर्षकपालं विहाप्य यदिदमन्तरतः शीर्ष्णो वीर्यं तदस्मिन्दधाति।

श.ब्रा.७।५।२।२५ ।।

अर्थात् ऋक् को अस्थि कहते हैं। इस सिर के कपाल को भेदन करके सिर के अन्दर वीर्य का आधान व स्थापनकरते हैं। अर्थात् सिरकी शक्ति बढ़ाते हैं।

अगली कण्डिका में भेदन किये हुए सिर के कपाल को जोड़ने का वर्णन है।

इदं तच्छीर्षकपालं सन्धाय यदिदमुपरिष्टाच्छीर्ष्णो वीर्यं तदस्मिनु दधाति। श.ब्रा. ७।५।२।२६।।

अर्थात् सिर में शक्ति के आधान करने के अनन्तर सिर के कपाल (सन्धाय) जोड़ कर सिर के ऊपर जो शक्ति है उसको धारण करावे।

इस प्रकार ब्राह्मणों में अनेकों स्थलों पर शरीर-विज्ञान-सम्बन्धी उन्नति की चरम सीमा पता चलती है।

इस मानस पुरुष को श.ब्रा. ७।५।२।१७ में कहा गया है कि 'सहस्रस्य प्रतिमाँ विश्वरूपमिति पुरुषो वै सहस्रस्य प्रतिमा" अर्थात् यह मानस पुरुष हजारों की प्रतिमारूप है न जाने इस मानस पुरुष पर कितनी प्रतिमाएं छपी हुई हैं। इसलिए इसे विश्वरूप भी कहा है।

अब आगे हम इन्द्रिय-सम्बन्धी मन्त्रों की श.ब्रा. के आधार पर व्याख्या करते हैं। मन्त्र इस प्रकार है—

अश्व = चक्षु—

वातस्य जूतिं वरुणस्य नाभिमश्वं जज्ञानं सरिरस्य मध्ये। शिशुं नदीनाँ हरिमद्रिबुध्नमग्ने मा हिंसीः परमे व्योमन्। श० ब्रा० ७।५।२।१८।

यजु० १३।४२॥

(वातस्य जूतिम्) यह दृष्टि वायु वेग वाली है अर्थात् अत्यन्त वेगवान् है।

(वरुणस्य नाभिम्) वरुण की नाभि हैं। वरुण जलाधिपति माना जाता है। इसलिए आँख को वरुण की नाभि कहने का भाव यह हुवा कि इसमें जल भरा हुआ है यह आँख जल के मध्य में हैं।

सरिरस्य मध्ये अश्वं जज्ञानम्—

सरिर के मध्य में यह अश्व अर्थात् दृष्टिशक्ति पैदा होती है। सरिर के लिये शतपथ ब्राह्मण में कहा कि 'आपो वै सरिरम्' अर्थात् सरिर भी जल है। परन्तु यह सरिर जल यह है जो सरण करता है अथवा दृष्टि जिसमें सरण करती है या चलती है।

सम्भवतः यह सरिरजल (Hyaline canal) हो क्योंकि यह भी चक्षु किरण के गुजरने का एक माध्यम है।

शिशुं नदीनाम्—

यह आँख नदियों का छोटा रूप है। आँख में अश्रु आदि रूपों में तथा अन्दर भी पानी बहता रहता है। यह आँख एक प्रकार से पानी से ही बनी हुई है। ब्राह्मणों में इसके लिये कहा है कि 'अप्सु योनि-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वार्यश्वः' अर्थात् वह अश्व जल से पैदा होता है। समुद्र के मध्य में 'बडवानल' यही अश्व है। दृष्टि शक्ति को शास्त्रों में अश्व कहा गया है और अग्नि भी यही है। दृष्टि शक्ति से ऋषि मुनि दूसरे को भस्म कर सकते थे। आजकल भी साधारण मनुष्य दृष्टि की क्रोधाग्नि से दूसरे के मन में आग लगा देते हैं। यह चक्षुरूपी अश्व पानी के माध्यम से उत्पन्न होने वाला है।

हरिम्;—मानस पुरुष का यह हरण करने वाला है। मनुष्य के अन्तरात्मा को बताने वाली आँख होती है। मनुष्य अपने को कितना ही छिपाए परन्तु आँख बता देती है।

अद्रिबुध्नम्—अद्रि अर्थात् पर्वत के मूल में है। मस्तिष्क को यहाँ पर्वत कहा गया है।

अग्ने मा हिंसी परमे व्योमन्—हे प्राणाग्नि! परमव्योम में विद्यमान इसकी तू हिंसा मत कर।

अगला मन्त्र नासिका के सम्बन्ध में है।

अथ दक्षिणतो गाम् (नासिका) श० ७।५।२।१९

अजस्रमिन्दुमरुषं भुरण्युमग्निमीडे पूर्वचित्तिं नमोभिः। स पर्वभिर्ऋतुशः कल्पमानो गाँ मा हिंसीरदितिं विराजन्॥ यजु० १३।४३।

'अजस्रं इन्दुम्' इस नाक में निरन्तर (इन्दुः) द्रव रहता है। श० ब्रा० में इन्दु को सोम कहा है। यह सोम द्रव है। इसलिए नाक में निरन्तर द्रव (Mucous) झरता रहता है।

अरुषम्—यह नाक अन्दर से कुछ २ लाल है। अथवा यह मर्मस्थल है। अरुष के ये दो अर्थ होते हैं। ये दोनों ही अर्थ इसमें घटते हैं। नाक में रक्त से भरी हुई छोटी २ रक्तवाहिनियाँ (Nasal Arteries) निरन्तर चल रही हैं। ये बाह्य प्राण वायु को शरीर के अनुकूल बनाती हैं। दूसरे यह नाक मर्मस्थान भी है,

भुरण्युम्—भरण पोषण करने वाली हैं। शरीर में जो प्राण है वह इसी नाक द्वारा जाता है और इसी द्वारा शरीर का भरण पोषण होता है।

पूर्वचित्तिं अग्निं नमोभिः ईडे—प्राण वायु (Oxygen) का पूर्व चयन या ज्ञान इसी नासिका को होता है। शरीर में सब से पहले प्राणवायु यहीं आती है।

स पर्वभिः ऋतुशः कल्पमानः—यह नासिका ऋतु अनुसार पर्वों द्वारा समर्थ होता है। अर्थात् प्राण वायु जो कि नाक द्वारा हम अपने अन्दर धारण करते हैं वह ऋतु अनुसार सदैव सम होती रहती है। इसको पर्वों सम्भवतः Inferior, Superiors Meatus आदि द्वारा यह नासिका वायु को शरीर के अनुकूल बनाती रहती है।

अदितिम्—यह नाक अदिति है। (अदिति—न दिति-'दो अवखण्डने' अर्थात् रात दिन कार्य करती हैं। और इन्द्रियाँ तो रात्रि को कार्य बन्द कर देती हैं, इसलिए उन्हें दिति, खण्डित कहा जा सकता है। परन्तु नासिका अदिति है। इसका कार्य कभी नहीं बन्द होता।

विराजम्—विशेष रूप से शोभायमान। मनुष्य का सौंदर्य नाक पर बहुत अवलम्बित है। अथवा इसी नाक के कारण हम इस पृथ्वी पर विराजमान हैं। सम्पूर्ण शरीर की स्थिति, शोभा आदि नाक से ग्रहण किये हुए प्राण-वायु पर अवलम्बित है। इसलिए वास्तव में नाक ही विराजमान है।

अगला मन्त्र श्रोत्र के सम्बन्ध में है।

अथोत्तरतोऽविम् (श्रोत्र) श० ७।५।२।२०

अवि—श्रोत्र—

वरूत्रीं त्वष्टुर्वरुणस्य नाभिमविं जज्ञानां रजसः परस्मात्।

महीं साहस्रीमसुरस्य मायामग्ने मा हिंसीः परमे व्योमन्। यजु० १३।४४

त्वष्टुः वरूत्रीम्—

श्रोत्र का यह आवरण त्वष्टा की वरूत्री है। वरूत्री का अर्थ है घेरने वाली जो कि वायु तरंगों को

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

घेरती हैं। श० प० ब्रा० ने वरूत्री का अर्थ स्वयं खोला है। श० ६।५।४।६ में आता है कि "अहोरात्राणि वै वरूत्रयः अहोरात्रैर्हीदं सर्वं वृतम्।" अर्थात् दिन रात भी वरूत्री हैं क्योंकि इन्होंने सब को घेरा हुआ है। अब विचारणीय यह है कि इसे त्वष्टा की वरूत्री क्यों कहा। त्वष्टा 'त्वक्ष तनूकरणे' से बनता है। अर्थात् जो सूक्ष्म करता है। वायु तरंगें (waves) आती हैं, कान के पर्दे पर पड़ कर अन्दर की ओर सूक्ष्म होती चली जाती हैं। त्वष्टा को रूप देने वाला भी बताया है। कर्ण स्थित यह त्वष्टा वायु तरंगों को रूप देता है जिससे कि हमें वही सुनाई देता है जो कि बोला जाता है।

वरुणस्य नाभिम्—यह कान वरुण की नाभि है अर्थात् इसमें भी जल भरा हुवा है।

अवि जज्ञानाँ रजसः परस्मात्—

'अवि' शब्द 'अव रक्षणे' से बनता है। जज्ञानाँ-अवि...उत्पन्नानाँ रक्षिका। अर्थात् यह उत्पन्न शब्दों की रक्षिका है। यह शब्द परमाणुओं (रजस्) का आश्रय ले दूर देश से आता है। रजस् के अर्थ लोक व दिशा भी होते हैं। श्रोत्र दिशाओं का ही एक रूप है।

महीम्—यह कर्णशक्ति दिशारूप होने से दूर २ तक फैली हुई है अतः महान् है। अथवा श्रोत्र का सम्बन्ध सीधा आत्मा से है (श्रोत्रं चात्मानं च विहरति) इस दृष्टि से भी यह महान् है।

साहस्रीम्— सहस्रों वायु तरंगों को समेटने वाली है।

असुरस्य मायाम्—असुर की माया है। आसुरी माया के सम्बन्ध में आता है कि "आसुरी माया स्वधया कृतासीति प्राणो वा असुस्तस्यैषा माया" शतपथ ६।६।२।६ अर्थात् प्राणवायु की तरंगें जब कान के पर्दे पर आकर पड़ती हैं तब वे अ. आ. क. ख. आदि वर्णों व शब्दों में निर्मित होजाती हैं।

अगला मन्त्र वाक् के सम्बन्ध में है—

अज=वाक्–(वाग् वा अजो वाचो वै प्रजा) श. प. ७।५।२।२१

यो अग्निरग्नेरध्यजायत शोकात्
पृथिव्या उत वा दिवस्परि।
येन प्रजा विश्वकर्मा जजान
तमग्ने हेडः परि ते वृणक्तु॥ यजु० १३।४५

यो अग्निः अग्नेः अध्यजायत—

यह वाक्रूपी अग्नि अग्नि से पैदा हुई है। (अग्निर्वाग्भूत्वा मुखं प्राविशत्)।

पृथिव्याः शोकात्–पृथिवी अर्थात् स्थूलशरीर के शोक, कामाग्नि से यह पैदा हुई है।

मनः कामाग्निमाहन्ति स प्रेरयति मारुतम्।
मारुतस्तूरसि चरन् मन्द्रं जनयति स्वरम्।
पा. शि.

दिवः शोकात्—द्युलोक अर्थात् मस्तिष्क का तेज, वाक्रूप है जो कि सप्तधाराओं में विभक्त होती हैं। इसकी प्रमुखधारा वाणी है।

येन प्रजा विश्वकर्मा जजान—

विश्वकर्मा मानस पुरुष इस वाक् (मुख) द्वारा सम्पूर्ण प्रजाएं बनाता है। शरीर की सम्पूर्ण प्रजायें भोजन से ही बनती हैं, और बाह्य सृष्टि में भी सारे कार्य वाणी द्वारा ही होते हैं।

तमग्ने हेडः परिते वृणक्तु—

हे अग्नि! जो तेरा अनादर करता है, उसको तू छिन्न-भिन्न कर देता है।

लार मुंह में न आवे तो भोजन सुचारू रूप से पच नहीं सकता। और दूसरे अपने वचनों का मान न कर सकें और दूसरों से करवा न सके वह छिन्न-भिन्न हो ही जाता है। अतः वाक् अग्नि प्रबल होनी चाहिये।

(क्रमशः)

—०—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सर्वाङ्गीण चिकित्सा-शास्त्र

आयुर्वेद का भावी विकास

डा० इन्द्रसेन

चिकित्सा-शास्त्र अनेक हैं, उनके आधार और सिद्धान्त भी अनेक हैं और सभी का छोटा-बड़ा इतिहास है, लौकिक-अलौकिक सफलताओं का विवरण है, सभी की कुछ न कुछ कठिनाइयाँ और कमजोरियाँ भी हैं। यदि इन अनेक शैलियों में अभी तक उचित समन्वय नहीं हो पाया और मानव के स्वास्थ्य-वर्द्धन तथा रोग-निवारण के लिए एक संगठित चिकित्सा-शास्त्र नहीं बन पाया है तो क्या इसका यह अर्थ नहीं कि हम अभी तक इस शास्त्र के उस वास्तविक आधार को उपलब्ध नहीं कर पाये हैं जो कि इन सब शैलियों को उचित रूप में समन्वित कर सके ?

श्री अरविंद के ग्रन्थों को पढ़ते हुए तथा विशेष रूप में अनेक मानव-विकास, अतिमानसिक अवतरण, रोग-मुक्त अवस्था तथा मानवीय व्यक्तित्व, उनके विकार, उनका निराकरण आदि विषयों पर विचारों को देखते-भालते हुए लेखक ने अनुभव किया कि इनमें चिकित्साशास्त्र के लिए एक विशालतर आधार मौजूद है और वह आधार शायद इस समय की विभिन्न शैलियों को समन्वित कर सकता है।

श्री अरविन्द भी विकास को मानते हैं। यद्यपि यह विकास, वास्तव में, एक व्यापक सार्वभौम चेतना की अभिव्यक्ति है और जड़-तत्व प्राण और मन उस अभिव्यक्ति के विभिन्न क्रमिक स्तर हैं। सारे विकास में एक दिशा और लक्ष्य है और वह है चेतना का उत्तरोत्तर बढ़ना, सुदृढ़ होना, जीवन को अधिकृत करना। परन्तु मानव-मन विकास का अन्तिम स्तर नहीं। यह तो वास्तव में संक्रमण की अवस्था का द्योतक है। यह ऐसी बहिर्मुखी चेतना है जो अन्तर्मुखी (स्वप्रेरित और स्वप्रचालित) हो सकती है और जिसमें यह प्रवृत्ति गति में आ चुकी है। मन अतिमन अर्थात् पूर्णतः स्वस्थित स्वाधिकृत, स्वचालित चेतना होने जा रहा है। आज हमारा व्यक्तित्व शरीर, प्राण और मन का बहिर्मुखी संगठन है। वह परिस्थिति के साथ क्रिया-प्रतिक्रिया के सम्बन्धों द्वारा बन्धा हुआ है। हमारे व्यक्तित्व की प्रकृति बाह्य प्रकृति से स्वतन्त्र नहीं। वह आत्मा-स्थित नहीं, आत्मा-प्रचालित नहीं। अतिमानसिक अवस्था में हमारे व्यक्तित्व को एक उच्च श्रेणी की आत्मिक चेतना अधिकृत करेगी और प्रचालित करेगी। तब शरीर, प्राण और मन रूपान्तरित हो जायेंगे और सारे व्यक्तित्व को अतिमानसिक चेतना पूर्णतः अधिकृत करेगी। तब मानव व्यक्तित्व का परिस्थिति से सम्बन्ध ही बदल जायेगा। वह उसके पराधीन न रहकर, स्वतन्त्र चेतन सत्ता के रूप में शरीर-प्राण-मन के साधन द्वारा उस पर कर्म करेगा। उस अवस्था में अतिमानस का पूर्ण आनंद सारे व्यक्तित्व में व्याप्त हो जायगा और शरीर वास्तव में रोगमुक्त हो जायगा।

रोगमुक्त शरीर सभी चिकित्सा-शास्त्रों का आदर्श है, परन्तु इसकी क्रियात्मक और निश्चयात्मक भावना लेखक को श्री अरविन्द में ही मिली है और यदि वह विचार चिकित्सा-शास्त्र के लिए आधारभूत है तो प्रत्यक्ष ही श्री अरविन्द के दर्शन पर जो चिकित्सा-शास्त्र स्थित होगा वह इस आदर्श की ओर विश्वासपूर्वक अग्रसर हो सकेगा।

श्री अरविंद का दर्शन विकास-क्रम में अतिमानसिक स्तर की ओर बढ़ने और उसे प्राप्त करने

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

की स्वाभाविक तथा अनिवार्य गति मानता है। जिस प्रकार जड़-तत्व में प्राण उद्भूत हुआ और प्राण में मन, वैसे ही मन में अतिमन उद्भूत होगा। परन्तु मन में अतिमन के विकास-क्रम को तथा इसकी अवस्थाओं को हमें अच्छी प्रकार समझना होगा। क्योंकि यदि यह क्रम विश्व की अनिवार्य गति है तो हमारे चिकित्सा-शास्त्र को इस शक्ति का प्रयोग करना चाहिए, न कि विरोधी दिशा लेकर इसके साथ संघर्ष करना। मन बहिर्मुखी चेतना है, यह प्रधान रूप में बाह्य जगत के साथ लेन-देन का कारण है। यह उसके रूप, रस, गंधादि द्वारा प्रचालित होता है और उस पर ही निर्भर रहता है। परन्तु मानव-अवस्था में इसमें चिन्तन मनन तथा किसी अंश में सजग स्वप्रचालन की शक्ति पैदा हो जाती है। यह प्रवृत्ति वास्तव में स्वयं सत् अन्तश्चेतना का संकेत देती है और श्री अरविंद निश्चित शब्दों में कहते हैं कि मानव-मन, विश्व-प्रकृति के स्वाभाविक कर्म द्वारा ही, उत्तरोत्तर पूर्ण अंतश्चेतना को, अतिमन को विकसित करता जा रहा है। दूसरे शब्दों में हम सहज ही परिस्थिति-निर्भरता तथा परतन्त्रता से आत्मनिर्भरता तथा स्वतन्त्रता की ओर विकसित हो रहे हैं। इसका अर्थ यह हुआ कि हममें अन्तश्चेतना की शक्ति बढ़ रही है और अन्त में वह हमारे शरीर के सारे व्यवहार को अधिकृत और प्रचालित करने लगेगी। यदि विकास-क्रम की यह गति सत्य है और यदि हम इससे सहायता लेना चाहते हैं तथा स्वयं भी इसके सहायक बनना चाहते हैं तो हमें अपनी चिकित्सा में बाह्य पराधीनता को कम करने पर अधिकाधिक बल देना चाहिए तथा अन्तश्चेतना से अपने शरीरादि के विकारों को दूर करने का यत्न बढ़ाना चाहिए।

इसकी व्याख्या वास्तव में आध्यात्मिक चिकित्सा-शैली का वर्णन चाहेगी। इसके कुछ एक मौलिक विचार श्री अरविंद और माताजी के अपने शब्दों में हम यहां देते हैं :--

"रोग इस बात का चिन्ह है कि शरीर में कहीं कुछ अपूर्णता या त्रुटि है अथवा भौतिक प्रकृति-विरोधी शक्तियों के स्पर्श के प्रति कहीं से खुली हुई हैं, अथवा जैसे कि अधिकतर होता है निम्न प्राण या भौतिक मन अथवा किसी प्रकार अन्य स्थान में किसी प्रकार का अंधकार या असामंजस्य है।

यदि कोई श्रद्धा और योग-शक्ति से या भागवत शक्ति को अन्दर में उतार कर रोग से पूरी तरह छुटकारा पा सके तो यह बहुत ही अच्छी बात है परन्तु एकबारगी ऐसा करना बहुत संभव नहीं होता। कारण समग्र प्रकृति शक्ति के प्रति उद्घाटित नहीं होती अथवा उसका साथ देने में असमर्थ होती है। हो सकता है कि मन श्रद्धालु हो और शक्ति का साथ दे, किन्तु निम्न प्राण और शरीर उसका अनुगमन न कर सकें। या, यदि मन और प्राण तैयार हों तो यह संभव है कि शरीर साथ न दे और यदि साथ दे भी तो केवल आंशिक रूप से। कारण, इसकी यह आदत है कि यह उन शक्तियों की जो एक विशिष्ट रोग को पैदा करती हैं, पुकार का उत्तर देता है और प्रकृति के जड़ भाग में जो आदत पड़ जाती है वह एक महा हठीली शक्ति होती है। ऐसी अवस्थाओं में भौतिक साधनों का आश्रय लिया जा सकता है--प्रधान साधन के तौर पर नहीं, बल्कि एक सहायता के तौर पर अथवा यह समझकर कि शक्ति की क्रिया के लिए यह एक तरह का स्थूल सहारा होगा। परन्तु तीव्र और उग्र औषधियों का नहीं बल्कि ऐसी औषधियों का जो शरीर में हलचल मचाये बिना लाभ पहुंचाएं।"

(योग के आधार, १९३९, पृष्ठ २५९-२६०)

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"रोग पर अन्दर से क्रिया की जा सकती है और उसे ठीक किया जा सकता है। परन्तु बात यह है कि यह कार्य सदा सहज नहीं होता। कारण, भौतिक प्रकृति बहुत अधिक प्रतिरोध किया करती है, जो कि जड़त्व वा प्रतिरोध होता है। अतः इसके अनर्थक अध्यवसाय की आवश्यकता होती है। आरम्भ में यह प्रयास सर्वथा असफल भी हो सकता है तथा रोग के लक्षण बढ़ सकते हैं, परन्तु क्रमशः शरीर पर तथा रोग-विशष पर अधिकार दृढ़तर हो जाता है। इसके अतिरिक्त, किसी रोग के आकस्मिक आक्रमण को आन्तरिक साधनों से रोक डालना अपेक्षाकृत सहज है, परन्तु शरीर को ऐसा बना डालना कि भविष्य में वह रोग इसमें हो ही न सके, अधिक कठिन है। किसी जीर्ण रोग का अन्तःक्रिया द्वारा उपचार करना और भी कठिन होता है। वह पूर्णरूप से हटने के लिए तैयार ही नहीं होता। इसकी अपेक्षा शरीर के कभी-कबार के विकार आसान होते हैं।"

(योग के आधार १९३६, पृष्ठ २६३-२६४)

"पूर्ण रोगमुक्तता तो अतिमानसिक रूपान्तर से ही उपलब्ध होगी। कारण, अतिमानसिक स्तर के नीचे की रोगमुक्तता तो अनेक शक्तियों पर एक शक्ति-विशेष की क्रिया का परिणाम होती है और यह संतुलन बिगड़ जाने से वह खंडित हो सकती है। अतिमानसिक स्थिति में वह प्रकृति का धर्म बन जाती है। अतिमानसीकृत शरीर की नई प्रकृति में रोग-मुक्तता स्वाभाविक तथा अन्तर्निहित होगी।"

माताजी के अनुसार भी रोग मन-प्राण-शरीर में किसी असंतुलन, किसी रोक, अन्धकार या दिव्य चेतना के प्रति उन्मुक्तता के अभाव का द्योतक है। ऐसी आन्तरिक स्थिति बाह्य विरोधी शक्तियों को भी निमंत्रित कर लेती हैं जो रोग पैदा कर देती हैं। श्री माताजी कहती हैं :

"तुम्हारी आंतरिक अवस्था रोग का कारण तब बनती है जब वहां पर कोई प्रतिरोध या विद्रोह होता है अथवा जब कि तुम्हारे अन्दर कोई ऐसा भाग होता है जो भागवत संरक्षण का प्रत्युत्तर नहीं देता अथवा वहाँ कुछ ऐसा तत्त्व भी हो सकता है जो इच्छापूर्वक और जान-बूझ कर विरोधी शक्तियों को अन्दर बुलाता हो।"

(मातृवाणी १९४३, पृष्ठ ११२-११३)

"तुम्हारे शरीर में और उसके आस-पास रोग की सम्भावनाएं सदा बनी रहती हैं। तुम्हारे अन्दर या तुम्हारे चारों ओर सब प्रकार की बीमारियों के कीटाणु या रोग-जीवाणु विद्यमान होते हैं अथवा ये तुम्हारे चारों ओर मंडराते रहते हैं। जो रोग तुमको वर्षों से नहीं हुआ, उसके तुम एकाएक शिकार क्यों हो जाते हो? तुम कहोगे कि इसका कारण 'प्राणशक्ति का सुस्त पड़ जाना है,' : परन्तु यह प्राणों में सुस्ती कहां से आती है? यह सत्ता में किसी प्रकार का असामंजस्य होने से, भागवत शक्तियों के प्रति ग्रहणशीलता का अभाव होने से आती है। जब तुम उस शक्ति और ज्योति से, जो तुम्हारा धारण-पोषण करती है, अपने आपको जुदा कर लेते हो, तब यह सुस्ती आती है, तब जिसको वैद्यक-शास्त्र रोग के लिए अनुकूल क्षेत्र कहता है वह तैयार हो जाता है और उस समय कोई ऐसा रोग ही उसका फायदा उठा लेता है। सन्देह, निरुत्साह, विश्वास का अभाव, निजी स्वार्थ के लिए भगवान से मुंह फेर कर अपनी ओर पलट आना--ये हैं जो ज्योति और दिव्य शक्ति से तुम्हें अलग कर देते हैं और रोग के आक्रमण को लाभ पहुंचाते हैं। यही है तुम्हारे बीमार पड़ने का कारण, न कि रोग के कीटाणु।"

(मातृवाणी, १९४३, पृष्ठ ११३)

"शांति और निश्चलता रोगों को दूर करने के लिए महान् औषध हैं। जब हम अपने शरीर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

क अणुओं में शांति ले आ सकेंगे, तभी हम रोग-मुक्त हो जायेंगे।"

(मातृवाणी, १९४३, पृष्ठ १८–१९)

"भगवान् के प्रति उन्मुक्त होना और सदा अधिकाधिक उन्मुक्त होते जाना, अपने अन्दर शांति और अचंचलता रखना और अपने रोम-रोम में सुख और शांति का अनुभव करना आध्यात्मिक दृष्टि से स्वस्थ जीवन की प्रधान शर्त है और वास्तव में भारतीय साँस्कृतिक जीवन इन गुणों पर बहुत बल देता रहा है और ये गुण किसी हद तक यहां जनता को प्राप्त भी थे।"

ऊपर श्री अरविंद और माताजी के वचनों में एक दृष्टिकोण काफी स्पष्ट आ गया है और लेखक के विचार में वह एक नए चिकित्सा-शास्त्र की, एक समन्वयपूर्ण, सर्वाङ्गीण चिकित्सा-शास्त्र की सम्भावना प्रस्तुत करता है। इस दृष्टिकोण की अपूर्व अनुभूति अतिमानस चेतना की है। उस चतना स्तर की जिसकी उपलब्धि पर पूर्णतया स्वस्थ शरीर प्राप्त हो सकता है। श्री अरविंद इसके लिए सामान्य मानव सम्भावना के रूप में यत्नशील थे और वे निश्चयात्मक भाव में कहते थे कि अतिमानस ध्रुव-सत्य है और वह मानव को प्राप्त होगा और उसकी प्राप्ति के अनेक फल होंगे और उनमें से एक होगा रोगमुक्त शरीर। रोगमुक्त शरीर की निश्चित भावना और इसकी प्राप्ति का आध्यात्मिक साधन चिकित्सा-शास्त्र की दिशा और धारा स्थिर कर देता है। बाह्य प्रयोग, दवाइयां अथवा अन्य साधन, व्यक्ति की किसी अवस्था की आंतरिक चेतन-शक्ति के अनिवार्य पूरक और सहायक के रूप ही माने जायेंगे। यदि ऐसे प्रयोगों से व्यक्ति की चेतन-शक्ति निर्बल होती है, उसका आत्म-विश्वास कम होता है, उसके अन्दर विवशता और पराधीनता बढ़ती है, तो वे प्रयोग उस समय उस व्यक्ति के लिए अनुचित कहे जायेंगे।

वर्तमान समय में चिकित्सा-शास्त्र के क्षेत्र में अनेकों सिद्धान्त तथा शैलियां हैं और औषधि-उपचार अत्यन्त बढ़ गया है, रोग नए नए पैदा हो रहे हैं, मानव प्रकृति की स्वास्थ्य-रक्षण की निजी शक्ति कम हो रही हैं और रोग मानसिक रूप धारण कर रहे हैं। इसमें सदेह नहीं कि अनेक पुराने निरुपाय रोगों के सफल उपाय भी निकल रहे हैं तथा गवेषणा द्वारा कई चमत्कारी उपलब्धियां भी प्राप्त हुई हैं। परन्तु सब मिलाकर स्थिति यह है कि मानव प्रकृति का स्वस्थ रहने का निजी बल कम हो रहा है, औषधि पर पराधीनता बढ़ रही है तथा मानसिक विकार जीवन के आनन्द को विशेष रूप में आक्रान्त कर रहे हैं।

इस स्थिति में श्री अरविंद का दर्शन, जो निश्चयात्मक योगानुभव में प्रतिष्ठित है तथा स्वास्थ-परक उनके निर्देश विशेष प्रेरणा प्रदान करते हैं और इससे चिकित्सा-शास्त्र के क्षेत्र में एक नई सम्भावना प्रकट हो जाती है।

इस सम्भावना को चारितार्थ करने का विशेष सामर्थ्य वास्तव में भारत के आयुर्वेद में दिखाई देता है। इस कारण कि यह देश की आध्यात्मिक संस्कृति की उपज है तथा इसके अपने स्वरूप में आध्यात्मिक भाव-भावना ओत-प्रोत है। इसके मूल सृजक ऋषि मुनि योगी, त्यागी व्यक्तित्व थे। इसका समग्र सत्तासम्बन्धी विचार आत्म-तत्व को मूल और प्रधान मानता है तथा मानव प्रकृति में प्रधान तत्व आत्मा को। जीवन के समग्र हित का यह पोषण करता है। इसकी अन्वेषण तथा सामान्य कार्य शैली में अन्तर्दृष्टि का महत्वपूर्ण स्थान है। औषधि-निर्माण में भावना एक आवश्यक तत्व है। आयुर्वेद के विद्यार्थी और इसके गुरु के गुण भी नैतिक आध्यात्मिक दृष्टि को प्रदर्शित करते हैं। ये सब के सब आध्यात्मिक दृष्टि तथा समग्र सत्ता,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समाज, मानव और जीवन के समग्र हित की भावना को स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं। चरक संहिता तथा सुश्रुत संहिता, जो आयुर्वेद के प्रधान स्रोत-ग्रंथ हैं, इस भावना का आनन्ददायक अनुभव लगभग प्रत्येक प्रसंग में देते हैं।

आयुर्वेद की स्वास्थ-विषयक मूल दृष्टि है वात, पित्त, कफ के साम्य तथा वैषम्य की। सारा निदान ही इस पर आधारित है। चिकित्सा के सब उपाय इसी से प्रेरित हैं। मानव प्रकृति के ये तीन मौलिक अंग हैं। इनके संतुलन से शरीर और मन का स्वास्थ-लाभ होता है और इन के असंतुलन से ही सब रोग पैदा होते हैं। फिर व्यक्ति-व्यक्ति में इन की स्थिति भिन्न-भिन्न होती है। इसी से अनेक प्रकृतियां बन जाती हैं। व्यक्ति की विशेष प्रकृति को देखकर अर्थात् सामान्यतया उसमें क्या प्रधान है और क्या गौण और फिर रुग्ण अवस्था में यह देख कर कि इन तीनों के वैषम्य का क्या स्वरूप है? निदान तथा उपयुक्त औषधि का निर्णय होता है।

यह विचार भारतीय दर्शन तथा योग के सत्व, रज, तम के विचार तथा अनुभूति से सम्बन्ध रखता है और इन की सत्यता का भागी है। यह 'वात पित्त कफ' की दृष्टि मानव के शारीरिक तथा मानसिक सब विकारों पर अद्भुत अधिकार प्रदान कर सकती है, परन्तु यह दृष्टि सक्रिय और वास्तविक रूप में प्राप्त होनी चाहिए। योग-साधना में मानव प्रकृति को शुद्ध करने, संगठित करने तथा अतिक्रांत करके द्वन्द्वातीत भाव को प्राप्त करने के लिए सत्व, रज, तम के स्वरूपों की पहचान से आश्चर्यजनक सहायता प्राप्त होती है। उपरितलीय गुण-दोषों की विविधता इतनी है कि साधक उनसे निपट नहीं पाता, परन्तु सत्व, रज, तम की तीन जड़ों को पकड़ कर वह सारे स्वभाव पर अधिकार अनुभव करने लगता है। ऐसे ही वात, पित्त, कफ सब विकारों पर आश्चर्यजनक अधिकार प्रदान कर सकते हैं।

परन्तु वैद्य को सामर्थ्य होना चाहिए प्रकृति के साम्य-वैषम्य को अन्तर्दृष्टि से साक्षात् अनुभव करनेका तथा ऐसा ही सामर्थ्य होना चाहिए औषधि-निर्वाचन का। बाह्य लक्षण से अन्दर के साम्य-वैषम्य का अनुमान-ज्ञान निश्चयात्मक नहीं हो सकता। ऐसे ही औषधि निर्वाचन भी जब तक बाह्य अनुमानों-प्रमाणों अथवा सामान्य अभ्यास की वस्तु होगी तो वह और चीज़ होगी। अन्तर्दृष्टि का निर्वाचन चमत्कारी हो सकता है।

अन्तर्दृष्टि का आदर्श आयुर्वेद में प्रत्यक्ष है। योग के अभ्यास से इसे निश्चयात्मक रूप से विकसित किया जा सकता है और वास्तव में इसके अनुशीलन पर बल दिया जाना चाहिए। इसके साथ साथ आयुर्वेद के चिर स्वीकृत आध्यात्मिक भाव भी यत्नपूर्वक विकसित करने चाहिएं। तब आयुर्वेद अपने सामान्य, सबल तथा संजीव स्वरूप को प्राप्त हो जायगा। यह सामान्य स्वरूप निश्चित ही बड़ा प्रभावशाली होगा।

परन्तु वर्तमान समय सृष्टि के इतिहास में एक अपूर्व घड़ी है। योग-दृष्टि में यह युगपरिवर्तन का समय है। वर्तमान समय का संकट वस्तुतः विकासात्मक संकट है, जिस में विकास मन की भूमि को अतिक्रांत कर अतिमानसिक भूमि में पदार्पण करने जा रहा है। यह तथ्य वस्तुतः सूक्ष्म दृष्टि का तथ्य है, परन्तु स्थूल दृष्टि से भी इतना तो पहचाना जा सकता है कि जीवन के सामान्य मान दण्ड सब अपूर्ण पड़ रहे हैं और मानव अभूतपूर्व रूप में नए मानदण्डों की ओर ताक रहा है। यह स्थिति अत्यन्त व्यापक बन भी रही है।

श्री अरविंद और माता जी चिरकाल के योगानुशीलन तथा निश्चयात्मक योगानुभूति के

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बल पर कह रहे हैं कि सृष्टि क्रम में अब अतिमन का सक्रिय प्रभाव विद्यमान है और वह सतत भाव में नए सृजन के लिए यत्नशील है। परिणाम-स्वरूप सारा जीवन ही नव-निर्मित हो रहा है। और सूक्ष्म भावना वाले व्यक्तियों को यह देख कर इससे लाभ उठाना चाहिए, तथा नए युग के आगमन में सहायक बनना चाहिए।

प्रश्न पैदा होता है कि ऐसी स्थिति में आयुर्वेद को कैसे नवनिर्मित होना चाहिए। इस नई स्थिति का प्रथम तथ्य पहले पहचानना होगा। वह यह कि अतिमानस अर्थात् पूर्णतया चेतन मन अर्थात् सत्यमय चेतन सत्ता हमारे पार्थिव जीवन में सक्रिय प्रभाव बनने जा रही है जहाँ अब तक अर्ध चेतन मन सक्रिय प्रधान था। इससे हमारी प्रकृति में अन्तर आयगा तथा जगत् के औषधि-द्रव्य के गुण-स्वभाव में भी एक सूक्ष्म अन्तर आ जायगा। यदि सारा सृष्टिक्रम एक नए स्तर को प्राप्त होता है तो स्वभावतः मानव की प्रकृति तथा सामान्य विश्व प्रकृति सब के सब एक स्तर को प्राप्त होते हैं। इस स्तर पर पूर्ण रोगमुक्त जीवन सम्भव आदर्श बन जायगा।

इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए हमें आयुर्वेद के विकास की दिशा सोचनी होगी। इस प्रभाव में लेखक के मन में जो विचार प्रस्तुत होते हैं वे यह हैं। प्रथम, कि भागवत शक्ति, भागवत प्रभाव, भावगत पथ प्रदर्शन जीवन का अधिकाधिक वर्तमान तथा सक्रिय सत्य बनेगा। अथवा यह कि जड़ तत्व अब उत्तरोत्तर कम प्रभावशाली होता जायगा। आयुर्वेद की प्राचीन धारणा भी है 'सत्यं महाभेषजम्' सत्य ही दिव्य सत्ता और शक्ति ही परम भेषज अथवा औषधि है। आगे को यह परम भेषज अधिक प्राप्य तत्व बनेगा। कैसा सौभाग्य है यह आयुर्वेद का तथा सभी चिकित्साशास्त्रों का। पूर्ण स्वस्थ लाभ की चरितार्थता इसके साथ सम्बद्ध है। यदि परम भेषज उपलब्ध होने जा रही है तो इसके साथ ही दूसरी नई सम्भावना यह है कि हमारे सामान्य भेषज, चिकित्सा के द्रव्य अधिक गुणशाली होने जा रहे हैं। तीसरे, मानव प्रकृति के वात, पित्त, कफ भी अपने अन्दर नया चेतनांश प्राप्त करेंगे और उनकी जड़ता कम होगी और उनके वैषम्य तथा उन वैषम्यों के प्रतिरोध कम होंगे।

इन तीनों तथ्यों को यदि हम थोड़ा बहुत कल्पित कर सकें तो आयुर्वेद के विकास के लिए हम अपने अन्दर सम्भवतः एक अत्यन्त विशाल तथा अदम्य भाव अनुभव करेंगे। इस भाव में फिर हम आयुर्वेद के आधारभूत आध्यात्मिक तत्वों को और सबल बनाना चाहेंगे भागवत शक्ति की सहायता से अधिक सजग हो जायेंगे और इस सहायता को उत्तरोत्तर अपने व्यवहार में लायेंगे। रोगों को इससे प्रेरित करेंगे तथा औषधि को इसका माध्यम बनायेंगे। विशाल आध्यात्मिक दृष्टिकोण के अधीन स्वास्थ-वर्धन तथा रोग-निवारण विषयक जितना मानवमात्र का आज तक का अनुभव है उसे उदीयमान नए भाव में समन्वित करेंगे। आयुर्वेद का रूढ़ि भाव, इसके बाह्य रूपों का मोह हम त्याग कर इसकी अंतरंग भावना को उत्तरोत्तर पूर्णता का स्वरूप देने का यत्न करेंगे।

क्या यह एक नए सर्वाङ्गीण आयुर्वेद के विकास की दिशा नहीं होगी? क्या इससे आज के आंशिक भाव वाली अनेक चिकित्सा-शैलियों और उनके अनेकविध प्रश्नों का सामाधान सम्भव नहीं हो पायगा?

मानव जीवन मात्र अनेक संकटों में से गुजरता हुआ एकत्व-भाव की ओर विकसित होता दिखाई देता है। यही वास्तव में अतिमन अथवा अध्यात्मिक भाव का उदय है, नए युग का आगमन है। यही एकत्व भाव आयुर्वेद चिकित्सा के क्षेत्र में उपलब्ध कर सकता है। इसकी मूल प्रेरणा इसे यह सामर्थ्य देती है और हमारा वर्तमान समय में यह सौभाग्य है कि हम इस दिशा में उत्साहपूर्वक यत्नशील हों तथा अग्रसर हों।

—०—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



श्री लक्ष्मीपत सिंहानिया
जिनकी स्मृति में गुरुकुल का ऐक्सरे
विभाग स्थापित किया गया



श्री चन्द्रदत्त शर्मा, ५म वर्ष

कानपुर विश्वविद्यालय की बी०ए०एम०एस० ४र्थ वर्ष की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले क्रिकेट तथा बैडमिण्टन दल के नायक

बेदी वनस्पति कोष

गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय के यशस्वी स्नातक, वनस्पति शास्त्र के प्रसिद्ध विद्वान् श्री रामेश बेदी द्वारा लिखे हुए बेदी वनस्पति कोष का प्रारम्भिक अंश हम अपने पाठकों को भेंट कर रहे हैं। श्री बेदी ने सारा जीवन वनस्पतियों के अनुसन्धान में लगाया है। उन्होंने दो दर्जन से अधिक प्रामाणिक पुस्तकें लिखी हैं। इस कोष में उन्होंने आयुर्वेद के अलावा काव्य ग्रन्थों में उल्लेख की गई वनस्पतियों का वर्णन भी किया है। वनस्पतियों के विविध भाषाओं के नामों को वर्णक्रम से दिया है। उन का स्वरूप, प्राप्तिस्थान तथा उन के उपयोग लिखे हैं। यह कोष संस्कृत पढ़ने वालों और आयुर्वेद के जिज्ञासुओं; जड़ी-बूटी के व्यापारियों, फार्मेसियों, वन-सेवा के छात्रों, वन-विभाग के कर्मचारियों, ग्रामसेवकों, अनुसन्धानकर्ताओं आदि के लिए विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण के लिए सामान्य रूप से उपयोगी है। इस की उपादेयता को देख कर हम इस के अगले अंश भी गुरुकुल-पत्रिका में प्रकाशित करना चाहते हैं।

कोष के बारे में पाठक अपनी सम्मति या सुझाव हमें या लेखक को भेजेंगे तो हम उस का स्वागत करेंगे। लेखक का पता है: श्री रामेश बेदी, डी २९ राजौरी गार्डन, नई दिल्ली २७।

——सम्पादक।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



लक्ष्मीपत सिंहानिया एक्सरे क्लिनिक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बेदी वनस्पति कोष

प्राक्कथन

श्री रामेश बेदी, डी २९ राजौरी गार्डन, नई दिल्ली–२७

१९३५ से मेरा सम्बन्ध वनस्पतियों के अध्ययन और उन की खोज से रहा है। तभी से मैं इन के बारे में खोजपूर्ण लेख लिखता रहा हूं; मैंने कुछ पुस्तकें भी लिखी हैं। १९६० से १९७३ तक मैं केन्द्रीय सरकार के स्वास्थ्य मन्त्रालय में अनुसन्धान अधिकारी एवं वरिष्ठ अनुसन्धान अधिकारी के रूप में कार्य करता रहा हूं। इन जिम्मेदार पदों पर कार्य करते हुए मुझ से वनस्पतियों के सम्बन्ध में अनेक प्रकार की बातें पूछी जाती रही हैं। वनस्पतियों के खोज के सिलसिले में मुझे गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडू, उड़ीसा, बंगाल आदि अनेक राज्यों में जा कर विशेषज्ञों से मिलने का मौका मिलता रहा है। मैंने अनुभव किया कि सभी जगह एक ऐसी पुस्तक की आवश्यकता महसूस की जाती थी जिसमें जड़ी-बूटियों के बारे में सामान्य जानकारी आसानी से मिल जाय। इस कोष का प्रणयन मैंने उसी अभाव की पूर्ति के लिए किया है।

अनुमान है कि भारत में वनस्पतियों की पच्चीस हजार जातियां (Species) मिलती हैं। इन में से लगभग पाँच हज़ार वनस्पतियाँ किसी-न-किसी रूप में मनुष्यों एवं पशु-पक्षियों के काम आती हैं। दवादारू और आहार में हम हज़ारों जड़ी-बूटियों को इस्तेमाल कर रहे हैं। हमारे उद्योग-धन्धों में काम आने वाली व्यापारिक महत्व की वनस्पतियों की संख्या वहुत ऊंची है। शोभा के लिए हम हजारों पेड़-पौदों को वाटिकाओं में उगा रहे हैं।

इस कोष में मैंने ऐसी सभी वनस्पतियों का परिचय देने की कोशिश की है। वनस्पतियों के संस्कृत, हिन्दी, अंग्रेजी, लैटिन तथा प्रदेशीय भाषाओं और बोलियों में नाम दिए हैं। आयुर्वेद और यूनानी चिकित्सा में काम आने वाले पौदों के अरबी और फ़ारसी नाम भी दिए हैं। भारतीय भाषाओं में संस्कृत नामों के महत्वपूर्ण स्थान को देखते हुए मैंने संस्कृत नाम को प्रमुखता दी है।

संस्कृत भाषा नामों की दृष्टि से बहुत समृद्ध है। गिलोय के संस्कृत में करीब तीस नाम हैं, बरगद के इकतालीस, हरड़ के अट्ठाईस, नीम और आँवला प्रत्येक के तेंतीस और भिलावे के तिरतालीस। यदि हम औसत दस नाम भी मान लें तो संस्कृत साहित्य और आयुर्वेद में वर्णित लगभग एक हज़ार पौदों के करीब दस हज़ार नाम व पर्याय संस्कृत में मिल जायेंगे।

संस्कृत के लेखकों में जो उदात्त दृष्टिकोण रहा है उस से संस्कृत साहित्य और संस्कृत का शब्द कोष खूब समृद्ध हुआ है। 'अर्क प्रकाश' के समय हमारे देश में मुस्लिम सभ्यता, मुस्लिम रहन-सहन, मुस्लिम खान-पान और मुस्लिम दवा-दारू का जनसाधारण के सामान्य जीवन पर प्रभाव पड़ चुका था। मुसलमान आक्रान्ताओं के साथ लाई गई कितनी ही रीतियां भारतीयों ने अपना ली थीं। वे हमारे जीवन का अंग बन गई थीं। अर्क प्रकाश के लेखक ने फ़ारसी और अरबी के गुलदावदी, गुलाब, चोपचीनी आदि कितने ही शब्दों को संस्कृत में ज्यों-का-त्यों या मामूली हेरफेर के साथ अपना लिया था। संस्कृत के कुछ लेखकों ने विदेशी मूल के ऐसे नामों के बदले संस्कृत में नए नाम घड़े भी हैं; जैसे गुलाब के लिए शतपत्री और चोपचीनी के लिए द्वीपान्तरवचा। मैं समझता हूं कि विदेशी नामों को उसी रूप में आत्मसात् करना स्वस्थ परम्परा है। शब्द के साथ प्रायः एक वातावरण, परम्परा और इतिहास का भी बोध होता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संस्कृत में अपनाये गए विदेशी शब्दों को मैंने मुख्य प्रविष्टि में दिया है। किसी वनस्पति के संस्कृत में अनेक नाम उपलब्ध हैं तो अधिक प्रचलित नाम को मुख्य प्रविष्टि बना कर उसके अन्तर्गत अभीष्ट जानकारी दी है।

संस्कृत में वनस्पति का नाम नहीं मिलता है तो हिन्दी, स्थानीय भाषा, लेटिन आदि किसी भी अधिक जाने-पहचाने नाम के नीचे जरूरी जानकारी दी है। मुख्य प्रविष्टि के अन्तर्गत प्रत्येक वनस्पति के सम्बन्ध में निम्नलिखित जानकारी देने का प्रयत्न किया है: १ मुख्य नाम; २ सन्दर्भ; ३ प्रतीक; ४ हिन्दी नाम; ५ बोटेनिकल नाम, देवनागरी में तथा रोमन लिपि में; ६ कुल (Family), देवनागरी में तथा रोमन लिपि में; ७ स्वरूप – क्या यह वृक्ष, लता या क्षुप है; ८ प्राप्ति स्थान; ९ उपयोग।

संस्कृत नामों के सन्दर्भ और प्रतीक निघण्टु ग्रन्थों से देना कम श्रमसाध्य था; क्योंकि उन में संस्कृत के नामों व पर्यायों का एक ही जगह संग्रह मिल जाता है। उन में वे श्लोकांश लेना आसान था जिन में संस्कृत नाम आये हैं। मैंने ऐसा प्रायः नहीं किया। इस का कारण यह है कि निघण्टुओं में नामों का समाहार तो है परन्तु उन के वास्तविक प्रयोग नहीं हैं। उदाहरण के लिए गुडूची को लीजिए। निघण्टुओं में इस के करीब तीस पर्याय संगृहीत हैं। इन सब का व्यवहार हमें आयुर्वेद के चिकित्सा-ग्रन्थों तथा भैषज-संहिताओं में प्राप्त नहीं होता। इस का कारण यह है कि बहुत से पर्याय निघण्टुकारों ने स्वयं घड़े थे। ऐसे पर्यायों से हमें उस वनस्पति के स्वरूप का ज्ञान प्राप्त होता है, उस के गुणों की जानकारी मिलती है और उस के उत्पत्ति-स्थान के बारे में कुछ पता चलता है। इस प्रकार के अनेक पर्याय निघण्टुओं की पंक्तियों से बाहर नहीं निकले। अन्य लेखकों ने अपनी विद्वत्ता-पूर्ण कृतियों में उन का व्यवहार नहीं किया। वे प्रायः जड़ पड़े रहे। इसलिए मैंने निघण्टु-ग्रन्थों में से उद्धरण देने की बजाय चिकित्सा-ग्रन्थों और भैषज-संहिताओं में से देने की कोशिश की है। इन में वनस्पतियों के जिन नामों का व्यवहार हुआ था वे जीवित शब्द थे और भाषा को सशक्त व समृद्ध बनाते थे।

एक ही वनस्पति को भारत के एक कोने में किसी नाम से पहिचानते हैं और दूसरे कोने में किसी और नाम से। काश्मीर से कन्याकुमारी तक पौदे के कई नाम बदल जाते हैं। मोटे तौर पर हमारे संविधान में स्वीकृत चौदह भाषाओं को लेकर हिसाब लगाएं तो प्रत्येक वनस्पति के चौदह नाम तो मुझे इस कोष में देने ही हैं। प्रदेशीय भाषाओं के अन्तर्गत स्थानीय बोली में भेद हो जाने से एक वनस्पति के कई-कई प्रादेशिक नाम बन गए हैं। मोटे तौर पर दो-दो नाम तो माने जा सकते हैं। जिस का मतलब यह हुआ कि प्रत्येक वनस्पति के मुझे लगभग अट्ठाईस प्रादेशिक तथा क्षेत्रीय नाम इस कोष में देने हैं।

पौदों के लेटिन नाम समय-समय पर बदलते रहते हैं। जब किसी पौदे को नया लेटिन नाम दे दिया जाता है तो उस का पुराना नाम छोड़ देना चाहिए। नामों में यह परिवर्तन इतना अधिक किया जा रहा है कि लेखक प्रायःकर उसे जान भी नहीं पाते; इसलिए वे पुराने नामों को ही प्रयोग में लाते रहते हैं। इस कोष में मैंने पुराने नामों को भी दिया है। नए और पुराने नाम में इस प्रकार भेद दिखाया है कि पुराने नाम के आगे कोष्ठ में ले (लेटिन) के साथ प (पर्यायवाची शब्द) लिख दिया है। पुराने नामों की प्रविष्टि सदा स्वतन्त्र है; में और वे देवनागरी तथा रोमन दोनों में लिखे गये हैं। उदाहरणार्थ–दतुरा फ़ास्टुओसा लिन. **Datura fastuosa** Linn.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ले, प) : धतूरा दे धत्तूरक । अब इसी का नया नाम देखिये । कोष में यह दो जगह आयेगा । एक तो पौदे के मुख्य संस्कृत नाम धतूर के अन्तर्गत, जहाँ इसे देवनागरी और रोमन दोनों लिपियों में इस प्रकार दिया है दतुरा मेटेल लिन. Datura fastuosa Linn. (ले) । इस के अलावा इस की जहाँ स्वतन्त्र प्रविष्टि होगी वहाँ इसे केवल देवनागरी लिपि में इस प्रकार दिया है : दतुरा मेटेल लिन. (ले) : धतूरा । दे धत्तूर ।

लेटिन नामों के देवनागरी रूपान्तर पाठकों को सामान्यतया अटपटे लगेंगे । इस का कारण यह है कि भारत में हम लोग इन का उच्चारण अंग्रेज़ी शब्दों के अनुरूप करने की चेष्टा किया करते हैं । वस्तुतः यह ठीक नहीं है । लेटिन भाषा बहुत कुछ संस्कृत या हिन्दी के समान है । इस में जैसा लिखा जाता है प्रायःकर वैसा ही उच्चारण किया जाता है । अंग्रेज़ी के समान नहीं कि कहीं e को ए और कहीं इ; u को कहीं उ (put) कहीं अ (cut) और कहीं यू (tube) । इसी तरह अन्य स्वर और व्यंजन दोनों प्रकार के अक्षरों के उच्चारण शब्द-शब्द में बदलते रहते हैं ।

लेटिन नामों के लिप्यन्तर में मैंने रोमन के अक्षरों का इस प्रकार अनुवाद किया है —

a	अ, आ (ा)	m	म्
b	ब्	n	न्
c	स्, क्	o	ओ (ो), औ (ौ)
ch	च्	p	प्
d	द्, ड्	ph	फ्, फ़्
dh	ध्, ढ्	q	क्
e	ए (े)	r	र्
f	फ़्	s	स्
g	ग्	sh	श् ष्
gh	घ्	t	ट्, त्
h	ह्	th	ठ्, थ्
i	इ (ि), ई (ी)	u	उ (ु), ऊ (ू)
j	ज्	v	व्, व्ह्
jh	झ्	w	व्
k	क्	x	क्स्
kh	ख्	y	इ (ि), ई (ी)
l	ल्	z	ज़

दो स्वर अक्षर एक साथ आये हैं तब भी उनके उच्चारण में अन्तर नहीं आता । उदाहरणार्थ (Vesiarius) व्हेसिकारिउस । (Euphorbia) एउफोर्बिआ ।

एक साथ आने वाले व्यंजन अक्षरों को भी देखिये जो देवनागरी के निम्नलिखित अक्षरों के समान ध्वनि देते हैं : (ph) फ् जैसे (phasiolus) फासिओलुस और (dh) ध् या ढ् जैसे (Adhatoda) आधाटोडा ।

लेटिन नामों में तीन खण्ड होते हैं । पहला पौदे के गण (genus) को बताता है और दूसरा उस की जाति (species) को । तीसरा उस व्यक्ति का नाम है जिस ने सर्वप्रथम उस पौदे का परिचय वर्तमान काल में वनस्पति शास्त्र के विद्वानों के सामने प्रस्तुत किया है । लेटिन नाम लिखने की एक पद्धति संसार में सर्वत्र स्वीकार की गई है । उस के अनुसार गणवाचक नाम का पहला अक्षर बड़ा होगा, जातिवाचक नाम का पहला अक्षर छोटा रहेगा, फिर व्यक्ति के नाम का पहला अक्षर बड़ा होगा । नाम के पहले दो खण्ड भिन्न टाइप में दिये जायेंगे । कोष में इसी पद्धति से रोमन लिपि में लेटिन नाम दिये गये हैं ।

१९७१ में मई मास के अन्त से नवम्बर मास के अन्त तक मैं भूटान में भारत सरकार के हर्बल एक्सपीडीशन के लीडर की हैसियत से जड़ी-बूटियों का सर्वेक्षण करता रहा हूं । मैंने वनस्पतियों के लगभग तेरह सौ संचय किए थे जिन में हर्बेरियम

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्पेसिमैनों की कुल संख्या लगभग दस हज़ार थी। ये अतिशय मूल्यवान् दुर्लभ नमूने भूटान के रौयल हर्बेरियम में; लण्डन के क्यू हर्बेरियम में; फ़ौरेस्ट रिसर्च इंस्टिट्यूट, देहरादून के हर्बेरियम में; बौटेनिकल सर्वे आफ़ इण्डिया के कलकत्ता व शिलौंग हर्बेरियम में; ड्रग रिसर्च लेबोरेटरी जम्मू के हर्बेरियम में; कौन्सिल फ़ौर रिसर्च इन इण्डियन मेडिसिन एण्ड होम्योपैथी नई दिल्ली के हर्बेरियम में सम्मिलित करने के लिए वितरित कर दिये गये थे।

भूटान में सर्वेक्षण के दौरान मैंने हिमालय के बर्फ़ानी इलाकों में करीब अठारह हज़ार फीट की ऊंचाई तक फैली हुई अपार वन-सम्पदा का प्रत्यक्ष ज्ञान किया था। मैं स्थानीय लोगों के सान्निध्य में रहता था। वे लोग अपने परम्परागत ज्ञान के आधार पर हिमालय की जड़ी-बूटियोंको सदियों से उपयोग करते आ रहे हैं। मैंने इन मूल्यवान् जड़ियों के ऐसे अद्भुत प्रयोग भी देखे थे जिन्हें शेष दुनियाँ अभी नहीं जानती। मुझे इस बात का गौरव है कि उन्हें सब से पहले मैंने लिपिबद्ध किया है। भूटान की अलग-अलग घाटियों में पेड़-पौधों के जो नाम प्रचलित हैं मैंने उन्हें भी रिकार्ड किया है।

इसी तरह गढ़वाल-हिमालय में भी मैंने जड़ी-बूटियों की तलाश में अनेक यात्रायें की हैं। भूटान, नेपाल और गढ़वाल-हिमालय जैसे दुर्गम प्रदेशों से प्राप्त वनस्पतिसम्बन्धी ज्ञान को मैंने इस कोष में समाविष्ट किया है।

वनस्पतियों का कोष बनाने का कार्य बहुत बड़ा है और इस में अपूर्णताएं भी रह जाना स्वाभाविक है। इन कमियों का कारण मेरा सीमित ज्ञान भी हो सकता है, परन्तु मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि मुझे यदि आवश्यकता साधन उपलब्ध होते तो यह कोष अपने वर्तमान रूप से कहीं अधिक पूर्ण, विस्तृत, प्रामाणिक और उपयोगी बनाया जा सकता था।

संस्कृत में एक प्रसिद्ध उक्ति है--

अनन्तपारं किल शब्दशास्त्रं
स्वल्पं तथायुर्बहवश्च विघ्नाः।

इस का अर्थ है कि शब्द शास्त्र का कोई अन्त नहीं, उसे जानने के लिए मनुष्य की उम्र बहुत कम है और उस में विघ्न-बाधाओं की भरमार है। यह उक्ति वनस्पतिशास्त्र के शब्दों के बारे में सौ फ़ी सदी ठीक बैठती है।

कोष का प्रथम संस्करण अभी आरम्भमात्र है। मुझे सदा नये-नये शब्द मिलते जाते हैं जिन्हें मैं स्लिपों पर लिख कर यथास्थान रखता जाता हूं। मुझे विश्वास है कि अगला संस्करण इस से दुगना बड़ा हो जायेगा। उत्तरोत्तर हर संस्करण में नई सामग्री जुड़ती जायगी।

इस कोष का उपयोग करने वाले बहुत भिन्न-भिन्न क्षेत्रों के लोग हो सकते हैं। यह संस्कृत पढ़ने वालों और आयुर्वेद के जिज्ञासुओं के लिए, जड़ी-बूटी के व्यापारियों, फार्मेसियों, वन-सेवा के छात्रों, वन-विभागों के कर्मचारियों, अनुसन्धानकर्त्ताओं, ग्रामसेवकों आदि के लिए विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण के लिए सामान्य रूप से उपयोगी होगा। वनस्पति जगत् में जिन की थोड़ी-बहुत भी रुचि है उन के लिए यह रेडी रेफ़रैन्स की पुस्तक का काम देगा। सभी प्रदेश के लोगों के लिए इस कोष का उपयोग करना आसान होगा, क्योंकि मैंने प्रदेशीय नामों को भी अकारादि क्रम में रखा है जिस से उन्हें झट तलाश किया जा सकता है।

पाठकों से निवेदन है कि इस कोष की कमियों के बारे में मुझे सूचित करें जिस से अगले संस्करण को अधिक उपयोगी बनाया जा सके। मैं उनका आभारी हूंगा।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संकेत

क. भाषा और प्रदेश

अ	असमिया
अफ़	अफ़गानिस्तानी
अर	अरबी
अव	अवधि
अं	अंग्रेजी
उ	उड़िया
क	कन्नड़
का	काश्मीरी
काँ	काँगड़ा
कु	कुमाऊंनी
के	केदार घाटी
ग	गढ़वाली
गु	गुजराती
ची	चीनी
जा	जावा
जौ	जौनसारी
त	तमिल
ति	तिब्बती
तु	तुर्की
ते	तेलुगु
दून	दून घाटी (दहरादून)
ने	नेपाली
पश्तो	पश्तो
पं	पंजाबी
पा	पाली
फ़	फ़ारसी
बं	बंगाली
बर्मी	बर्मी
बा	बाज़ार नाम
बि	बिहार
भि	भिलंगना घाटी
भू	भूटानी
म	मलयालम
म प्रा	मलय प्रायद्वीप
मरा	मराठी
मा	मारवाड़ी
मु	मुलतानी
मे	मेवाड़ी
मै	मैथिली
य	यमुना घाटी
यू	यूनानी
रा	राजस्थानी
रू	रूमी
ले	लेटिन
व्र	व्रज भाषा
सं	संस्कृत
सन्थाली	सन्थाली
सहा	सहारनपुर
सि	सिन्धी
सिं	सिंहाली
सिक्किम	सिक्किम
सु	सुरियानी
सुण्डा	सुण्डानीज़
सुमा	सुमात्रा
स्या	स्याम
ह	हरियाणी
हि	हिन्दी
हिमा	हिमाचल प्रदेश

ख ग्रन्थ

अ	अष्टाँग हृदय
अग	अगस्त्य संहिता
अग्नि	अग्नि पुराण
अनङ्ग	अनङ्ग रङ्ग
अनर्घ	अनर्घ राघव, मुरारि

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अ मा	अमर कोष, भानुजीदीक्षित टीका	चक्र	चक्रदत्त
अभि	अभिज्ञान शाकुन्तल	चम्पू	चम्पू रामायण
अमर	अमर कोष	छा	छान्दोग्योपनिषद्
अर्क	अर्क प्रकाश	ज्ञा	ज्ञानेश्वरी
अश्व	अश्व चिकित्सित	ज्ञान	ज्ञानकाण्ड
अ सं	अष्टाङ्ग संग्रह	तु	तुलसी रामायण
आ	आत्रेय संहिता	तु उ	तुलसी उपनिषद्
आ प्र	आयुर्वेद प्रकाश	तुका	तुकाराम गाथा
आयु	आयुर्वेद संग्रह	तै	तैत्तिरीय संहिता
उ	उत्तर रामचरित	दि	दिव्यावदान
उ वि	उपवन विनोद	देशी	देशी नाममाला
ऋ	ऋतुसंहार	ध	धन्वन्तरि निघण्टु
ऐ	ऐतरेय ब्राह्मण	धर्म	धर्मशास्त्र शंखलिखित
काद	कादम्बरी	न	नलचम्पू
का प्र	काव्य प्रकाश	नन्दि	नन्दि पुराण
काम	काम सूत्र, वात्स्यायन	ना	नावनीतकम्
का मा	कार्तिक माहात्म्य	नि	निघण्टु संग्रह
काय	कायस्थ धर्मप्रदीप	नि र	निघण्टु रत्नाकर
काव्य	काव्य मीमाँसा, राजशेखर	नी	नीति शतक, भर्तृहरि
काश्यप	काश्यप संहिता	नै	नैषधीय चरित
कि	किरातार्जुनीय	पञ्च	पञ्च तन्त्र
कु	कुमार सम्भव	पद्म	पद्म पुराण
कू	कूर्म्म पुराण	पू	पूरन भगत
कै	कैयदेव निघण्टु	पे	पेशव्याचा स्तुतिपर काव्य
क्षे	क्षेमकुतूहल	प्र	प्रयाग माहात्म्य
गद	गद निग्रह	प्रब	प्रबन्ध चिन्तामणि
गन्ध	गन्ध सार	प्रस	प्रसन्न राघव
गरुड	गरुड पुराण	बङ्ग	बङ्गसेन संहिता
ग वा	गन्ध वाद	बा	वाग विलास
गाथा	गाथा पञ्चक	बु	बुद्ध चरित, अश्वघोष
गीत	गीत गोविन्द	बृ	बृहत् संहिता, वराह मिहिर
गुरु	गुरुग्रन्थ साहिब	बे ला	बेला फूले आधी रात, देवेन्द्र सत्यार्थी, १९४८
गौ	गौरी तन्त्र	भ	भगवद् गीता
च	चरक संहिता		

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भा	भाव प्रकाश	राजव	राज वल्लभ
भाग	भागवत	राजव्य	राज व्यवहार कोष
भा भै	भारत भैषज्यरत्नाकर	राम	रामचरित मानस
भार	भारत मञ्जरी	रामा	रामायण
भेल	मेल संहिता	ली	लीला चरित्र
भै	भैषज्य रत्नावली	व	वराह पुराण
भोजन	भोजन कुतूहल	वस	वसवराजीय
म च	महावीर चरितम्, भवभूति	वि	विक्रमोर्वशीय
मत्स्य	मत्स्य पुराण	विद्या	विद्यापति के सौ गीत
मद	मदनपाल निघण्टु	विष्णु	विष्णु धर्मोत्तर पुराण
मध्य	मध्यम व्यायोग, भास	वेणी	वेणी संहार
मनु	मनुस्मृति	वै	वैद्य मनोरमा
महा	महाभारत	वै चि	वैद्य योग चिन्तामणि
महो	महोपनिषद्	वैज	वैजयन्ती कोष
मा	मालती माधव, भवभूति	वैद्य	वैद्य जीवन
मान	मानसोल्लास, सोमेश्वर	वैद्या	वैद्यावतंस
माल	मालविकाग्नि मित्र	वै यो	वैद्य योगरत्नावली
मृ	मृच्छकटिक	वैरा	वैराग्य शतक
मे	मेघ दूत	श	शतपथ ब्राह्मण
यो	योगरत्नाकर	शा	शार्ङ्गधर पद्धति
र	रसार्णव	शालि	शालिग्राम निघण्टु
र का	रस कामधेनु	शि	शिशुपाल वध
रघु	रघुवंश	शिव	शिवराज विजय
र चू	रसेन्द्र चूड़ामणि	शृ	शृङ्गार शतक, भर्तृहरि
र प्र	रस प्रकाश, सुधाकर	शो	शोढल
र यो	रस योग सागर	श्र	श्रवण कुमार
र र	रस रत्न समुच्चय	स	सहस्र योग
रस	रसरत्नाकर	सत	सतसई, बिहारी, १६०३-१६६३ ईस्वी पश्चात्
रसत	रसतरङ्गिणी		
रसा	रसार्णव	सिद्ध	सिद्ध भैषज्य मणिमाला
रसामृत	रसामृत	सि यो	सिद्ध योग रत्नावली
रसे	रसेन्द्र सार संग्रह	सी	सीता स्वयंवर
रा	राज निघण्टु	सु	सुश्रुत
राघ	राघवानुभव	सुभा	सुभाषित रत्न भाण्डागार

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सुभाषि	सुभाषितावलि
सौ	सौन्दरानन्द, अश्वघोष
स्त्री गी	स्त्रीगीतमाला
स्व	स्वप्नवासवदत्तम्
ह आ	हस्त्यायुर्वेद
हर्ष	हर्षचरित
हा	हारीत संहिता
हि	हितोपदेश

ग. अधिकार, अध्याय, वर्ग, स्थान आदि

अं	अङ्क
अ	अध्याय
अती	अतीसाराधिकार
अधि	अधिकरण
अप	अपस्माराधिकार
अभ	अभंग
अभय	अभयादि वर्ग
अम्ल	अम्लपित्त चिकित्सा
	अम्लपित्ताधिकार
अ मा	अग्निमाद्यादिरोगाधिकार
अयो	अयोध्या काण्ड
अरण्य	अरण्य काण्ड
अरो	अरोचक चिकित्सा
अर्श	अर्श चिकित्सा
	अर्श रोगाधिकार
अव	अवलेह कल्पना प्रकरण
अंशु	अंशुघाताधिकार
अश्म	अश्मरी चिकित्सा
	अश्मर्यधिकार
आम	आमवाताधिकार
आम्र	आम्रादि वर्ग
आर	आरण्यक पर्व
आस	आसवाधिकार
	आसवारिष्ट कल्पना प्रकरण
इ	इक्षु वर्ग
उ	उत्तर तन्त्र
[illegible]	उत्तर भाग
उ का	उत्तर काण्ड
उ ख	उत्तर खण्ड
[illegible]	उच्छ्वास
उदर	उदर चिकित्सा
	उदर रोगाधिकार
उन्माद	उन्माद चिकित्सा
	उन्मादाधिकार
उप	उपदंशफिरङ्ग रोगाधिकार
उपदेश	उपदेश
उरो	उरोग्रह निदान
ऊ	ऊरुस्तम्भाधिकार
ओ	ओषधि वर्ग
क	कल्प सिद्धि स्थान
	कल्प स्थान
कफ	कफरोगाधिकार
कर	करवीरादि वर्ग
कर्पू	कर्पूरादि वर्ग
कषा	कषाय प्रकरण
कास	कास चिकित्सा
	कासाधिकार
कि	किष्किन्धा काण्ड
कु	कुल
कुष्ठ	कुष्ठरोगाधिकार
	कुष्ठाधिकार
कृ	कृमि रोगाधिकार
कृता	कृतान्न वर्ग
	धान्यकृतान्न वर्ग
क्षय	क्षयरोग प्रकरण
क्षु	क्षुद्ररोग चिकित्सा
	क्षुद्र रोगाधिकार
ख	खण्ड

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

	खण्डिका	परि	परिच्छेद
गल	गलगण्डाधिकार	परिशि	परिशिष्ट
गा	गाथा	पाण्डु	पाण्डुरोगाधिकार
गी	गीत	पु	पुष्प वर्ग
गुटि	गुटिका प्रकरण	पू	पूर्व भाग
गुडू	गुडूच्यधिकार		पूर्व मेघ
गुल्म	गुल्म चिकित्सा	प्र	प्रपाठक
	गुल्म रोगाधिकार	प्रक	प्रकरण
ग्र	ग्रहणी रोगाधिकार	प्रदर	प्रदर रोग चिकित्सा
घृ	घृत प्रकरण	प्र पि	प्रमेह पिडिकाधिकार
चन्द	चन्दनादि वर्ग	प्र भ	प्रभद्रासि वर्ग
चि	चिकित्सा स्थान	प्रमे	प्रमेह चिकित्सा
चू	चूर्ण प्रकरण		प्रमेहाधिकार
	चूर्ण कल्पना प्रकरण	प्रयो	प्रयोग खण्ड
छ	छर्दिरोगाधिकार	प्ली	प्लीहायकृद्रोगाधिकार
ज्व	ज्वर चिकित्सा	फल	फलादि वर्ग
	ज्वर प्रकरण	बाल	बालरोगाधिकार
	ज्वराधिकार	भग	भगन्दर रोगाधिकार
ज्व अ	ज्वरातिसाराधिकार	भग्न	भग्नाधिकार
त	तरंग		भग्न चिकित्सा
तृ	तृष्णा चिकित्सा	भा	भाग
तु मा	तुलसी माहात्म्य	भू	भूमि काण्ड
तै	तैल प्रकरण	भो	भोग्य वर्ग
	तैल वर्ग	मध्य	मध्यम खण्ड
दे	देखिए	मदा	मदात्ययाधिकार
द्रो	द्रोण पर्व	मस्तिष्क	मस्तिष्करोगाधिकार
धातु	धातुशोधन मारण कल्पना	मि	मित्र लाभ
धान्य	धान्य वर्ग	मुख	मुखरोगप्रतिषेध चिकित्सा
नाडी	नाडीव्रणाधिकार		मुखरोगाधिकार
नासा	नासारोगाधिकार	मू	मूलकादि वर्ग
नेत्र	नेत्ररोगाधिकार	मूत्र	मूत्रकृच्छाधिकार
प	पर्याय		मूत्राधिकार
पट	पटल		मूत्राघाताधिकार
प भा	परिभाषा प्रकरण	मूर्च्छा	मूर्च्छाधिकार

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यकृ	यकृत्प्लीहरोगाधिकार
रक्त	रक्तपित्त चिकित्सा
	रक्त पित्ताधिकार
रसा	रसायनाधिकार
राज	राजयक्ष्म चिकित्सा
	राजयक्ष्माधिकार
ल	लशुन कल्प
ले	लेह प्रकरण
लो	लोक गीत
	लोक साहित्य
वटा	वटाधि वर्ग
वटी	वटीकल्पना प्रकरण
वना	वनाध्याय
वाजी	वाजीकरण प्रकरण
	वाजीकरणाध्याय
वात	वातव्याधि चिकित्सा
वादि	वादि खण्ड
वार	वातरक्ताधिकार
वि	विलास
वि ज्व	विषमज्वर चिकित्सा
विमा	विमान स्थान
विष	विष कल्प
	विषाधिकार
वीर्य	वीर्यस्तम्भाधिकार
व्र	व्रणप्रतिषेध
	व्रणशोधाधिकार
शतक	शतक
शाक	शाक वर्ग
शाल्म	शाल्मल्यादि वर्ग
शिर	शिरोरोगाधिकार
शीत	शीतपित्तोदर्दकोठाधिकार
शुक्र	शुक्रमेहाधिकार
शूल	शूलरोगाधिकार
शोथ	शोथरोगाधिकार
श्ली	श्लीपदाधिकार
श्वि	श्वित्रक्रिमि चिकित्सा
स	सर्ग
सद्य	सद्योव्रणाधिकार
सन्धान	सन्धान कल्पना
सु	सुवर्णादि वर्ग
सू	सूत्र स्थान
स्क	स्कन्ध
स्त्री	स्त्री रोगाधिकार
ह	हरीतक्यादि वर्ग
हिक्का	हिक्काश्वासाधिकार
हृ	हृद्रोगाधिकार
	हृद्रोग चिकित्सा

अ

अकत्ति (त) अगथिया । दे अगस्ति ।

अकरकरा (हि) दे आकल्लक ।

अकल्लक (सं) अकल्लकोष्णो वीर्येण बलकृत् कटुको मतः ।। भा, गुडू; ६४ । अकरकरा । दे आकल्लक ।

अकल्लकरा (मरा) अकरकरा । दे आकल्लक ।

अकल्लकरो (गु) अकरकरा । दे आकल्लक ।

अकवन (हि) आक दे अर्क ।

अकिल (त, म) अगर । दे अगुरु ।

अकोला (हि) दे अङ्कोल ।

अक्क (पं) आक । दे अर्क ।

अक्लारि (सं) अक्लारि च सरामच्चमब्जं पुलुगु नागवुम् । वै यो । समुद्री नारियल । दे सिन्धु नारिकेल ।

अक्ष (सं) वर्षं खादेत् प्राणदा प्रातरेकामश्नन्नात् पूर्वमक्षद्वयं च । अ सं, उ ४९; ३२ । बहेड़ा । दे बिभीतक ।

अक्षक (सं) कारवी यासममृता बृहती द्वयमक्षकम् । यो, कास । बहेड़ा । दे बिभीतक ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अक्ष तैल (सं) शावरकास्य।घंपलन्दश च पलानक्षतैलस्य। ना, प्रक २, अ १०; १२। बहेड़े (अक्ष) का तेल (तैल)। दे विभीतक।

अक्ष त्वक् (सं) पश्चादक्षत्वचः क्वाथे पाचयित्वा विशोषयेत्। सि यो, पृ २६६। बहेड़े (अक्ष) के फल का गूदा (त्वक्)। दे विभीतक।

अक्ष फल त्वक् (सं) तुल्या मरिचलवङ्गाक्षफलत्वचः स्युः। भै, कास; ४०। बहेड़े (अक्ष) के फल का छिलका (त्वक्)। दे विभीतक।

अक्ष बीज वलय (सं) अक्षबीजवलयेन निर्बभौ दक्षिणश्रवणसंस्थितेन यः। रघु, स ११; ६६। रुद्राक्ष (अक्ष) की गुठली (बीज) की माला (वलय)। दे रुद्राक्ष।

अक्ष माला (सं) एषोऽक्षमालावलयं मृगाणाँ कण्डूयितारं कुशसूचिलावम्। रघु, स १३; ४३ रुद्राक्ष (अक्ष) की माला। दे रुद्राक्ष।

अक्षय (सं) तस्मान्मुनिवरा यूयमेनं पूजयताक्षयम्। प्र, २१३, ७२; २७। नष्ट (क्षय) न (अ) होने वाला। बरगद। दे अक्षयवट (सं)।

अक्षय पादप (सं) प्रसन्नस्तीर्थराजे च यथास्त्वक्षयपादपे। प्र, ६२, ३२; ५५। नष्ट न होने वाला (अक्षय) वृक्ष (पादप)। बरगद। दे अक्षयवट (सं)।

अक्षय वट (सं) तत्राक्षयवटो नाम त्रिषु लोकेषु विश्रुतः। महा, आर; ७२। प्रयाग में किसी समय यमुना तट पर उगा हुआ बरगद का एक बड़ा वृक्ष। दे वट।

अक्षय वट (हि) छत्र अक्षयवट मुनिमन मोहा। राम। बरगद। दे अक्षयवट (सं)।

अक्षय्य पादप (सं) एवं त्रिनामा तत्राहं वसाम्यक्षय्यपादपे। प्र, २१३, ७२; १८। नष्ट न होने वाला (अक्षय्य) वृक्ष (पादप)। बरगद। दे अक्षयवट (सं)।

अक्षय्य वट (सं) तां चाक्षय्यवटोपेतां पितृसंतारिणीं गयाम्॥ भार, आर; ६५५। नष्ट न होने वाला (अक्षय्य) बरगद (वट)। दे अक्षयवट (सं)।

अक्षरा (सं) अक्षरेति समाख्याता रसस्यातिनिबन्धने। र चू, अ ६; ५३। पारे का बन्धन करने वाली दिव्यौषधि। पत्ते खीरे के पत्तों जैसे होते हैं तीन साल बाद फल लगते हैं। अज्ञात।

अक्ष वृक्ष वल्कल (सं) फल्वक्षवृक्षवल्कलनिर्यूहेणेन्दुराजिकाकल्कम्। अ, चि २०; ६। बहेड़े (अक्ष) के पेड़ (वृक्ष) की छाल (वल्कल)। दे विभीतक।

अक्षि पीडक (सं) शङ्खिनी तिक्तला चैव यवतिक्ताऽक्षिपीडकः। च, क ११; ३। दे कालमघ।

अक्षि भैषज्य (सं) बिल्वमुस्ताक्षिभैषज्यधातकीपुष्पनागरैः। अ, चि ६; २३। लोघ। दे लोघ्र।

अक्षीव (सं) शोभाञ्जनः शिग्रुतीक्ष्णगन्धकाक्षीवमोचकाः। भा, गुडू; ११। सुहाँजना दे शिग्रु।

अक्षोट (सं) गजालानपरिक्लिष्टैरक्षोटैः सार्धमानताः। रघु, स ४; ६९।

अखरोट (हि) जुग्लान्स रेगिआ लिन Juglans regia Lina. (ले)। जुग्लाण्डासी Juglandaceae (कु)। वृक्ष। समशीतोष्ण हिमालय में ३,०००-१०,००० फ़ीट तक जंगलों में स्वयं उग आता है तथा रोपा जाता है। गिरी खाई जाती है। पहाड़ों में गिरी का तेल रसोई में काम आता है। छाल से स्त्रियाँ दाँत साफ़ करती हैं। यह मुख, ओठ और जीभ को लाल रंग में रंग देती है। बाज़ार में यह दन्दासा के नाम से बिकती है। छाल और पत्ते उदर कृमियों को नष्ट करते हैं। लकड़ी बहुत मजबूत है। फ़र्नीचर बनाने और भवन निर्माण में काम आती है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अक्षोड (सं) वाताम।भिषुकांक्षोडमुकूलकनिकोचकम् ।। अ,सू ६; ११८। अखरोट । दे अक्षोट ।

अखरोट (हि) दे अक्षोट ।

अखोड (ग) अखरोट । दे अक्षोट ।

अंगजद (फ़) हींग । दे हिङ्गु ।

अगती सेस्बानिआ agati sesbania (अं) अगथिया । दे अगस्ति ।

अगथिया (हि) दे अगस्ति ।

अगथियो (गु) अगथिया । दे अगस्ति ।

अगबिथ (उ) अरणी । दे अग्निमन्थ ।

अगमकी (सि) विलारी । दे अहिलेखन ।

अगर (गु, मरा, हि) दे अगुरु ।

अगर वुड agar wood (अं) अगर लकड़ी । दे अगुरु ।

अगरु (क, बं, मरा) अगर । दे अगुरु ।

अगरु (सं) सारिवोशीरजलदकुष्ठागरु सुरद्रुमैः।। सि यो, पृ १८८ । अगर । दे अगुरु ।

अगरु युग्मक (सं) तक्कोलं नागकुसुमं पयस्यागरुयुग्मकम् । सि यो, पृ २०० । दो (युग्म) प्रकार का अगर (अगरु) । अगर और काला अगर । दे अगुरु और कृष्णागुरु ।

अगवृत्तिका (सं) दे शल्लकी ।

अगशि (म) अलसी । दे अतसी ।

अगशि एण्ण (म) अलसी (अगशि) का तेल (एण्ण) । दे अतसीतैल ।

अगसेयमरनु (क) अगथिया । दे अगस्ति ।

अगस्ता (मरा) अगथिया । दे अगस्ति ।

अगस्ति (सं) अगस्तिः पित्तकफजिच्चातुर्थिकहरो हिमः । भा, पु; ६१ । अगस्तिया (हि)। सेस्बानिआ ग्राण्डिफ्लोरा (लिन.) पर्स. Sesbania grandiflora (Linn.) Pers. (ले)। पापिलिओनासी Papilionaceae (कु) । बड़ी झाड़ी या छोटा वृक्ष । भारत में प्रायः सर्वत्र उग आता है । फूल की सब्जी बनाते हैं । प्रतिश्याय और सिर की पीड़ा में और कफवृद्धि में उपयोगी है ।

अगस्ति कुड्मल (सं) क्वचिदगस्तिकुड्मलैः केसरिण।मिव करजैः । काद, पू पैरा २१६ । अगथिया (अगस्ति) का फूल (कुड्मल) । दे अगस्ति ।

अगस्ति पत्र (सं) अगस्तिपत्रं मरिचं मूत्रेण परिवेषितम् । हा, चि १९ । अगस्तिया (अगस्ति) का पत्ता (पत्र) । दे अगस्ति ।

अगस्ति पुष्प (सं) अगस्तिपुष्पचूर्णेन माहिषं जनयेद् दधि । भा । अगस्तिया (अगस्ति) का फूल (पुष्प) । दे अगस्ति ।

अगस्तिया (हि) दे अगस्ति ।

अगस्ति रस (सं) ऊषणार्कोऽगस्तिरसैः कुतो नश्येच्च तन्द्रिकाम् ।। अर्क, शतक ५; ६० । अगथिया (अगस्ति) का स्वरस (रस) । दे अगस्ति ।

अगस्त्य (सं) निर्वापितमगस्त्यस्य रसे वारत्रयाच्छुचि ।। सि यो, पृ २६१ । अगथिया । दे अगस्ति ।

अगस्त्य पत्र (सं) अगस्त्यपत्रं कटुकं सतिक्तं गुरु कृमिघ्नं विशदं कफघ्नम्। कै। अगस्तिया (अगस्त्य) का पत्ता (पत्र) । दे अगस्ति ।

अगस्त्य पत्र तोय (सं) अगस्त्यपत्रतोये वा भाविता सप्तवारकम् । सि यो, पृ २६२ । अगथिये (अगस्त्य) के पत्ते (पत्र) का रस (तोय) । दे अगस्ति ।

अगिया घास (हि) दे कत्तृण ।

अगुरु (सं) अगुरुसुरभिधूपामोदितं कशपाशम् । ऋ, स ५; ११ । अगर (हि) । अकुइलारिआ आगाल्लोचा रौक्स्ब Aquilaria agallocha Roxb. ले । थीमेलीसी Thymelaeaceae (कु) सदा हरा बड़ा वृक्ष । पूर्वीय हिमालय, भूटान और बंगलादेश में असम के खसिया, गारो, नागा, कछार और सिलहट पर्वतों पर; बर्मा में, विशेषकर टेनास्सेरिम में, मिलता है । लकड़ी में से उड़नशील

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सुगन्धित तेल निकलता है जो पर्फ़्यूमरी में काम आता है। वायुमण्डल शुद्ध करने के लिए काष्ठ का धूपन देते हैं। अन्तःप्रयोग में काष्ठ पाचक, उद्दीपक, बल्य, वाजीकरण और संग्राही है। दस्तों और उलटियों में दी जाती है।

अगुरु काष्ठ (सं) अनभिज्ञो यथा जात्यं दहेद-गुरुकाष्ठवत्। सौ, स १५। अगर (अगुरु) की लकड़ी (काष्ठ)। दे अगुरु।

अगुरु द्वयं (सं) कालीयकं च रक्ताङ्गं पतङ्गम-गुरुद्वयम्। अर्क, शतक ४; १६। दो (द्वयं) प्रकार के अगर (अगुरु)। अगर और काला अगर। दे अगरु व कृष्णागुरु।

अगुरु वल्कल (सं) अगुरुवल्कलकल्पित सञ्च-यानि सुभाषितभांजि पुस्तकानि। हर्ष, पृ २१७। अगर (अगुरु) की छाल (वल्कल)। दे अगुरु।

अगुरुसार योनि (सं) सञ्चारितै चागुरुसारयोनौ धूपै समुत्सर्पति वैजयन्तीः। रघु, स ६; ८।

अंगुलिया थूहर (हि) दे अंगुलस्नुही।

अंगुलिया थोहर (हि) दे अंगुलस्नुहि।

अंगूर शफ़ा (हि) वैलाडोना। दे सूची।

अगेथू (हि) अरणी। दे अग्निमन्थ।

अगे राम चू (भू) दे गीदड़ तमाखू।

अंगोज (फ़) हींग। दे हिङ्गु।

अग्नि (सं) एला मधूकमग्निञ्च रजन्यौ द्वे फलत्रयम्। भै, मदा; १७। आग (अग्नि) के समान जलन पैदा करने वाला। चीता। दे चित्रक।

अग्निक (सं) जठराग्नि को बढ़ाने वाली। अजवायन। दे यमानी।

अग्निक (सं) जिससे यज्ञ में आग (अग्नि) पैदा की जाय। अरणी। दे अग्निमन्थ।

अग्निक (सं.) कलिङ्गकुष्ठक्रमुकप्रियंग्वतिविषा-ग्निकान्। म, प्रमे १२; २५। आग (अग्नि) के समान जलन पैदा करने वाला। चीता। दे चित्रक।

अग्नि (सं) जो आग के समान जलन पैदा करता है। भिलावा। दे भल्लातक।

अग्नि जिह्वा (सं) काकादनी नलिकाग्निजिह्वा वन्ध्याकर्कोटकी विशाला। अ सं उ ३५; २७। जिसके लाल पीले रंग के फूल ऐसे लगते हैं मानो आग (अग्नि) की लपटें (जिह्वा) हों। दे कलिहारी।

अग्निजिह्वा मूल (सं) काकादनी शुकबर्हाग्नि-जिह्वामूलदक्षकपोतगृध्रपुरीषकाशमूलैर्वा। अ सं उ ३५; १६। कलिहारी (अग्निजिह्वा) की जड़ (मूल)। दे कलिहारी।

अग्नि पत्र (सं) उरुबुकाग्निपत्रेण निर्गुण्डीतोय-मुत्तरैः। अर्क, शतक १०; ३३। चित्रक (अग्नि) का पत्ता (पत्र)। दे चित्रक।

अग्नि मन्थ (सं) अग्निमन्थकषायं तु बसामेहे प्रयोजयेत्। गद्, चि ३०; ५४।

(अरणी हि) क्लेरोडेण्ड्रम फ़्लोमिडिस लिन. फा. Clerodendrum phlomidis Linn.F. (ले)। वेर्बेनासी Verbenaceae (कु)। ऊंची झाड़ी। भारत के सूखे भागों में सर्वत्र और पाकिस्तान में बिलोचिस्तान में पाई जाती है। पुराने फिरंग में पत्तों का रस देते हैं। खसरे के आक्षेपों में जड़ दी जाती है। ढोरों के दस्तों और पेट के कीड़ों में उपयोगी है। इसकी लकड़ी को रगड़ (मन्थ) कर यज्ञ में आग (अग्नि) पैदा की जाती है।

अग्नि मन्थक (सं) पर्ण्यौ बृहत्यौ गोकण्टौ बिल्वो-ऽग्निमन्थकोऽरलुः ॥ शा, मध्य १०, ७७। जिस पौदे की लकड़ी को रगड़ (मन्थ) कर आग (अग्नि) पैदा की जाती है। अरणी। दे अग्नि-मन्थ।

अग्निमन्थ त्वक् (सं) पलाशवृन्ताग्निमन्थत्वक्-कल्केन मांसपिण्डैर्वा। अ सं, उ ३५; ५। अरणी (अग्निमन्थ) की छाल (त्वक्। दे अग्निमन्थ।

अग्निमन्थ द्वयं (सं) अग्निमन्थद्वयं शिगुद्वयं च

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बृहतीद्वयम् । भै, गुल्म; ३६ । दो (द्वय) प्रकार की अरणी (अग्निमन्थ) ।

अग्नि मुखी (सं) सुवहाकोरूलूकाग्निमुखीचित्रा-चित्रकचिरबिल्व । च, सू ४; ६ (४) । जिस के फूल आग (अग्नि) की लपटों से बने हुए मुख (मुखी) नज़र आते हों । दे कलिहारी ।

अग्नि मुख्य (सं) अग्निमुख्या अशोकाश्च सुरक्ता: पारिभद्रकाः । रामा ३, ७७३; ५ । जिस में जलाने (अग्नि) का प्रधान (मुख्य) गुण है । भिलावा । दे भल्लातक ।

अग्नि शिखा (सं) विशल्याग्निशिखानन्ता वन्हि-वक्त्रा च गर्भनुत् । भा; गुडू; ८० । जिस के फूले हुए शीर्ष (शिखा) आग की लपटों (अग्नि) सरीखे हों । दे कलिहारी ।

अग्न्यर्क (सं) अग्न्यर्कं तु समाकृष्य पिबेत्पश्चाद् भुजि चरेत् । अर्क, शतक ८; ७७ । चित्रक (अग्नि) का अरक (अर्क) । दे चित्रक ।

अग्रग्राहि (सं) अग्रग्राहि शताह्वायष्टी करयाँ-पूकवितोय रसप् । स, गुटि; ८ । अज्ञात ।

अग्रग्राही (सं) जातीफलं च तत्पत्री चाग्रग्राही निशाद्वयम् । सि यो, पृ २०५ ।

अग्र्यचन्दन (सं) क्षणे क्षणेऽग्र्यचन्द्रनप्रियङ्गु-कालीयमृणालशीतवातवारिभिः । च, विभा ६; १७ ।

अङ्कलोड्य (सं) भृङ्गाटकाङ्कलोडचं च गुरु-विष्टम्भि शीतलम् । च, सू २७; ११७ । छोटे कमल का कन्द, भसिंडा । दे कमल ।

अङ्कोट (सं) अङ्कोटो दीर्घकीलः स्यादङ्कोलश्च निकोचकः । भा, गुडू; १३५ । दे अङ्कोल ।

अङ्कोटक (सं) अङ्कोटकस्तु शूलामशोथग्रहवि-पापहः ।। अर्क, शतक ३; ६६ । दे अङ्कोल ।

अङ्कोट फल (सं) श्लेष्मलं गुरु विष्टम्भि चाङ्कोटफलमग्निजित् । च, सू २७; १५६ । दे अङ्कोल ।

अङ्कोट मूल (सं) अङ्कोटमूलकल्कश्च सक्षौद्रस्त-ण्डुलाम्बुना । शा, ख २, अ ५; २३ । अङ्कोल (अङ्कोट) की जड़ (मूल) । दे अङ्कोल ।

अङ्कोठ (सं) छर्दनं जालिनीक्वाथैः शुकाख्याङ्कोठयोरपि । सु, क ७; ३४ । दे अङ्कोल ।

अङ्कोठ मूल (सं) तण्डुलजलपिष्टाङ्कोठमूलकर्षार्द्धपानमपहरति । चक्र, अती; ५२ । अङ्कोल (अङ्कोठ) की जड़ (मूल) । दे अङ्कोल ।

अङ्कोल (सं) पाठाङ्कोलाश्वगन्धार्कमूलयष्ट्याह्व-पद्मकान् । च, चि २३; २४४ । अङ्कोल (हि) । आलान्जिउम सालिवफोलिउम (लिन. फ.) वाना Alangium salvifolium (Linn. F.) Wang. (ले) । आलन्गिआसी Alangiaceae (कु) झाड़ी या छोटा वृक्ष । शाखिकाएं काँटेदार । छाल धूसर वर्ण । पत्ते एकान्तर, तीन से छह इञ्च लम्बे, एक से दो इञ्च चौड़े । बाहरी सिराएं पाँच से आठ, सूक्ष्म । आधार गोल या नोकदार । पत्रवृन्त २ से ५ इञ्च लम्बा, रोमश । फूल ६-८ इञ्च लम्बे, सफेद, सुगन्धित, एकाकी या समूह में । पुष्पदल पाँच से दस तक, लगभग एक इञ्च लम्बे, बाहरी भाग रेशमी । परागदण्ड तीस तक, छोटे, रोमश; परागकोश बहुत लम्बे । फल ७ इञ्च लम्बा, चिकना, पकने पर बाहर से काला, अन्दर लाल गूदे से युक्त । बीज कठोर । नये पत्ते एप्रिल-मई में और फूल फरवरी से एप्रिल तक निकलते हैं । फल मई से अगस्त तक पकते हैं । भारत में शुष्क प्रदेशों में सर्वत्र और दक्षिण भारत के जंगलों में खूब उगता है । छाल में से ०.८ प्रतिशत अनाकार क्षाराभ एलन्गाइन (Alangine) पाया जाता है । स्वल्प मात्रा में यह रक्त के उच्च दबाव को अस्थायी रूप में कम करता है, हृदय को मन्द करता है और श्वसन को अनियमित करता है । आँतों की तरंगगति को बढ़ाता है । बीजों में ०.२ प्रतिशत क्षाराभ होते हैं । जड़ की कड़वी छाल में तीन क्षाराभ होते हैं । यह उदरकृमिहर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एवं विरेचक है; ज्वर और त्वचा के रोगों में उपयोगी है। गठिये के दर्दों में पत्तों की पुल्टिस बाँधते हैं। लकड़ी हल्की-भूरी, खूब मज़बूत, और पक्की होती है। प्रति घन फुट का भार पैंतालीस से छप्पन पौण्ड होता है। तेलघानियों के मूसलों, जूओं और वाद्ययन्त्रों को बनाने के काम आती है। फल खाये जाते हैं। बीजों से तेल निकाला जाता है जो जलाने तथा दवाओं के काम आता है।

अङ्कोल तैल (सं) नस्यं चाङ्कोलतैलेन कुर्यान्सृत्युजरापहम्। रस, रसा। अङ्कोल का तेल। दे अङ्कोल।

अङ्कोलम् (म) दे अङ्कोल।

अङ्कोल मूल (सं) अङ्कोलमूलमथवाऽर्कजटा प्रपिष्टा स्वच्छेन तण्डुलजलेन सुसंप्रयत्नात्। शो अङ्कोल की जड़ (मूल)। दे अङ्कोल।

अङ्कोल मूल वल्क (सं) अङ्कोलमूलवल्को वा बस्तमूत्रेण कल्कितः॥ अ सं, उ ४६; २९। अङ्कोल की जड़ (मूल) की छाल (वल्क)। दे अङ्कोल।

अङ्कोल वृक्ष दल (सं) अङ्कोलवृक्षदलधूपविधानयोगान्नाशं प्रयाति विषमाशु नरस्य मात्स्यम्। शो। अङ्कोल पेड़ (वृक्ष) का पत्ता (दल)। दे अङ्कोल।

अङ्कोलार्क (सं) अङ्कोलार्कोऽथ वंशार्कः श्वविषघ्नः पृथक् पृथक्। अर्क, शतक ७-६६। अङ्कोल का अरक (अर्क)। दे अङ्कोल।

अङ्कोल्ल (सं) दे अङ्कोल।

अङ्कोल्ल जटा (सं) जातीवृषाङ्कोल्लजटाँ सपत्रामादाय तद्वन्महिषाक्षभागम्। गद चि १०; ९७। अंकोल (अङ्कोल्ल) की जड़ (जटा)। दे अङ्कोल।

अङ्गजद (फ) हींग। दे हिङ्गु।

अङ्गा (ग) दे अङ्गाह।

अङ्गाह (हि) फ्राक्सिनुस मिक्रान्था लिन्गेल्श Fraxinus Miorantha Lingelsh (ले)। ओलेआसी Oleaeace (कु)। पतनशील पत्तों वाला बड़ा वृक्ष। प्रायः एप्रिल-मई में फूलता है और अगस्त-सितम्बर में फल पकते हैं। जौनसार और गढ़वाल में बोया जाता है और वन्य भी है। लकड़ी मज़बूत, सफ़ेद रंग की होती है जिस में हल्की लाल आभा रहती है; सारकाष्ठ नहीं होता। वार्षिक चक्र स्पष्ट होते हैं। सूखी लकड़ी का भार अड़तालीस पौण्ड प्रति घन फुट होता है। पतवार, हल खम्भे आदि बनाने के काम आती है। लकड़ी की चिलम बनती है।

अङ्गिरा (अर, फ़) गुड़हल। दे जपा।

अङ्गिरा हिन्दी (अर, फ़) गुड़हल। दे जपा।

अङ्गु (पं, हि) फ्राक्सिनुस् फ़्लोरिबुण्डा वाल. Fraxinus Floribunda Wall (ले)। ओलेआसी Oleaeace (कु)। वृक्ष। समशीतोष्ण हिमालय तथा हिमालय के निचले भागों में, ५,०००–११,००० फ़ीट तक, काश्मीर से भूटान, असम और खसिआ पहाड़ों पर पाया जाता है। लकड़ी बनाने के काम आती है। तने पर टक मारने से शर्करा (Manna) निकलती है। यह मीठी दस्तावर दवा के रूप में बरती जाती है।

अङ्गुल स्नुही (सं) अंगुलिया थूहर (हि)। एउफोर्बिआ टिरुकाल्लि लिन. Euphorbia tirucalli Linn. (ले)। एउफ़ोर्बिआसी Euphorbiaceae (कु)। काँटे रहित झाड़ी या १५–२० फ़ीट ऊंचा छोटा वृक्ष। शाखाएं सीधी, चिकनी, बेलनाकार और चमकीली। अफ्रीका का आदिवासी है। बंगाल, दक्षिण भारत, गुजरात, कोंकण और सिन्ध के सूखे भागों में पाया जाता है खेतों की बाड़ों के लिए अक्सर बोया जाता है। बरार में यह सूरज की सीधी धूप से बचाने के लिए आम के छोटे पौधों को छाया देने के निमित्त

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उगाया जाता है। ताजे दूध में से आइसोथूफोरोल (Isoeuphorol) पृथक् किया गया है। सूखे दूध में एक कीटोन यूफोरोन (Euphorone) होता है। दूध बहुत तेज़ होता है और जिस भाग पर लगता है छाला डाल देता है। मस्सों पर, आमवात, वातनाड़ियों की सोजों और दाँत के दर्द में इसे लगाते हैं। स्वल्प मात्रा में यह रेचक है और बड़ी मात्रा में उलटियां तथा तेज़ दस्त लाता है। मछलियों और चूहों के लिए यह विष है। लकड़ी के खिलौने बनते हैं। इस का कोयला बारूद के लिए उपयोगी है। पेण्ट्स और वार्निशों में दूध काम आ सकता है।

अङ्गुश्त गन्द (फ़) हींग। दे हिङ्गु:

अङ्गूर (हि) दे द्राक्षा।

अङ्गूर (पश्तो) जमौ जोए अङ्गूर द मोबो डक दे। बेला, पृ २८३। दे द्राक्षा।

अङ्गूरी शराब (हि) दे मार्द्वीक।

अङ्गूरे रूबाह (फ़) मकोय। दे काकमाची।

अङ्गूरे शिगम्ल (फ़) मकोय। दे काममाची।

अङ्गूरे शिफा (फ) मकोय। दे काकमाची।

अङ्गफोजह (फ़) हींग। दे हिङ्गु।

अचुवकैन्तिविकलङ्ग (म) असगन्ध। दे अश्वगन्धा।

अचोकु (त) : दे अशोक।

अच्छूक (सं) : मोरिण्डा टिंक्टोरिआ रौक्सब Morinda tinctoria Roxb (ले)। रुबिआसी Rubiaceae (कु)। बारह से पच्चीस फ़ीट ऊंचा वृक्ष। शाखाएं चौकोर और रक्ताभ। पत्ते बड़े, लट्वाकार, या अण्डाकार, एक इन्च लम्बे वृन्त से युक्त। फूल सफेद, एकाकी अथवा गुच्छों में। गुच्छ के सभी अण्डाशय परस्पर संयुक्त हो कर फल का निर्माण करते हैं। फल व्यास में एक इन्च और सफेदी लिए हरा होता है। बंगाल, बिहार, मध्य प्रदेश, दक्षिण, महाराष्ट्र, उत्तर कनारा, तामिलनाडु, कर्नाटक से त्रावनकोर तक, घाटों के पूर्वीय ढलानों पर पाया जाता है। लकड़ी से ग्लूकोसाइड मोरिण्डिन प्राप्त होता है। पत्ते ज्वरघ्न, बल्य, वेदनाहर, व्रणशोधक और व्रणरोपक होते हैं। फूल ग्राही, ज्वरघ्न और बल्य हैं। फल आर्तवजनन है।

अछय वट (हि) परसि अछयवट हरखहिं गाता॥ राम। दे अक्षयवट।

अजकर्ण (सं) अजकर्ण स्फूर्जकबिभीतककुम्भीपुष्करबीजम्। च, वि ८; १४४ सफेद डामर (हि) बाटेरिआ इण्डिका लिन Vateria indica Linn (ले)। डिप्टेरोकार्पासी Dipterocarpaceae (कु)। वृक्ष। पश्चिम भारत में उत्तर कनारा से त्रावनकोर तक ३,५०० या ४,००० फ़ीट की ऊंचाई तक, मुख्यतया सदा हरे जंगलों में, परन्तु कभी कबाह नदियों के साथ पर्णपाती वनों में पाया जाता है। कुर्ग में घाट के जंगलों में, और घाटों के पूर्व में ३,५०० फ़ीट तक पाया जाता है। तने से गोंद (डामर रेज़िन) प्राप्त होती है जो धूपन में और वार्निशों में पेंट के काम आती है। फल से निकाला हुआ स्निग्ध तेल पुराने गठिया में लेप करते हैं।

(क्रमशः)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



आश्रमाध्यक्ष जी के साथ विद्यार्थी हवन करते हुए

श्री डा० द्वारकानाथ जी आयुर्वेद सम्मेलन में भाषण करते हुए

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

क्या "आयुर्वेद" ससीम है ?

विद्यामार्तण्ड डा० धर्मानन्द केसरबानी, आयुर्वेदालंकार, एम०डी० तथा पी-एच० डी० (म्यूनिख वि०वि० जर्मनी) एम०डी० तथा टी० डी० डी० (रायल युनिवां रोम) जेड शिरुर (बर्लिन), जेड टी० (विएना) भू०पू० प्रिंसिपल, स्टेट आयुर्वेद कालेज (लखनऊ) और जामनगर, सम्प्रति उपाध्याय गुरुकुल कांगड़ी आयुर्वेद महाविद्यालय)

आयुर्वेद के स्वरूप के सम्बन्ध में, तथा आयुर्वेद शब्द की व्युत्पत्ति और परिभाषाओं को लेकर हमारे ऋषिगण, बहुत स्पष्टता के साथ विवेचन कर गये हैं। पिछले ७० वर्षों में अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलनों में उनके अध्यक्षों और अन्य विद्वानों ने संहिता ग्रन्थों और शास्त्रों से चुन चुन कर रम्य पदावलियों को अपने भाषणों में उद्धृत किया है। यहां उनके दोहराने की आवश्यकता नहीं।

परन्तु, भगवान् आत्रेय के निम्न वचनों को, जो एक वैद्य को स्फूर्त्ति और विकास के लिये संतत प्रेरित करते हैं, कभी न भूलना चाहिये:--

"न चैव हि अस्ति सुतरां आयुर्वेदस्य पारम्।
तस्माद् अप्रमत्तः शश्वद् अभियोगं अस्मिन् गच्छेत्।
कृत्स्नो हि लोको बुद्धिमताम् आचार्यः शत्रुश्च अबुद्धिमताम्।

अतश्चाभिसमीक्ष्य बुद्धिमता अमित्रस्य अपि धन्यं, यशस्यं, आयुष्यं, पौष्टिकं, लौकिकम्-अभ्युपदिशतो वचः श्रोतव्यं अनुविधातव्यं च इति।"

(चरक संहिता, विमानस्थान अ० ८।१२)

अर्थात् आयुर्वेद का कोई पार नहीं है–यह अनन्त है; अतः प्रमादरहित होकर चारों ओर इस शास्त्र में प्रगति करता जा। सारी दुनिया बुद्धिमानों की अनुयायी और मूर्खों की शत्रु होती है।

इस लिये पूर्ण समीक्षा कर, बुद्धिमान् वैद्य को शत्रु के द्वारा भी कहे गये– धन्य, यश को बढ़ाने वाले, आयु को दीर्घ करने वाले, पुष्टिकारक तथा लोकहितकारी वचन को सुनना चाहिये और उसका अनुकरण (अनुविधान) करना चाहिये।

यह ठीक है कि शास्त्र हमें अनुकरण की आज्ञा देता है। लेकिन वह अनुकरण "लंगूरीनकल" नहीं होना चाहिये। शत्रु के शब्द अथवा अनुभवों को सम्यक् "समीक्षा" (रिव्यू) के उपरान्त ही ग्रहण करना चाहिये। शास्त्र ने "समीक्षा" शब्द का प्रयोग किया है। यह शब्द "आँब्जेक्टिविटी" या 'इण्डक्टिव लाजिक' का बोध कराता है, जो वैज्ञानिक परीक्षणों और सांख्यिकी पर आधारित है। और एक चिकित्सक को शास्त्र इसी संदर्भ में आज्ञा देते हैं:--

'तदेव युक्तं भैषज्यं यदारोग्याय कल्पते।
स एव भिषजां श्रेष्ठः रोगेभ्यो यः प्रमोचयेत्॥'

वही औषध ठीक है, जो रोगी को आरोग्य प्रदान करे और वही चिकित्सक श्रेष्ठ है जो रोगियों को रोग से मुक्त कर दे। चिकित्सा की यही कसौटी निर्धारित की गई है। प्रभावकारी या उपयुक्त औषध को वह आकाश से, पृथिवी से, समुद्र से, देश से-विदेश से, जहां से भी मिले प्राप्त कर रोगी को चंगा करदे। शास्त्र आज्ञा देता है--

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"नदीषु शैलेषु सरःसु चापि,
पुण्येष्वरण्येषु तथाश्रमेषु ।
सर्वत्र सर्वाः परिमार्गितव्याः,
सर्वत्र भूमिर्हि वसूनि धत्ते ।।"

अर्थात् नदियों में, पहाड़ों में, तालाबों में, जंगलों तथा आश्रमों में सर्वत्र औषधियों को ढूंढना चाहिये, क्योंकि यह पृथिवी नाना प्रकार के रत्नों को धारण किये हुये है ।

इसी भावना और शास्त्रादेश को स्वीकार कर अपने समय के आयुर्वेद के महान् पंडित एवं प्रख्यात पीयूषपाणि तथा 'पुराणपन्थी' (कन्जरवेटिव) वैद्य जयपुर के श्री स्वामी लक्ष्मीराम जी ने अपने सन् १९१४ में कलकत्ता में दिये गये अध्यक्षीय भाषण में कहा था--

"केवलं आयुर्वेदः अस्मदीयो जीवति वर्धते च प्रभविष्णुः वर्धिष्णुश्च । न अत्र कापि विधिलेखा स्थापयन्तीं इयत्ताम् अस्य वृद्धौ । भारते समायातानां विदेशीयानां विज्ञाने यत् सारभूतं तदस्माभिः आत्मसात् अकारि ।"

अर्थात् हमारा आयुर्वेद 'प्रभविष्णु' (डाइनेमिक) और 'वर्धिष्णु' (प्रोग्रेसिव) के रूप में जीता और वृद्धि पाता रहा । इसकी प्रगति में कोई सीमा निर्धारित करती रेखा नहीं है । भारतवर्ष में सहस्रों वर्षों से आने वाले विदेशियों के विज्ञानों में जो सारवस्तु मिली--उसको हमने स्वीकार कर लिया । और क्या सुश्रुत ने नहीं कहा ?

'गोपालास्तापसा व्याधाः, ये चान्ये वनचारिणः ।
मूलाहाराश्च ये तेभ्यो भैषजव्यक्तिः इष्यते ।'

अर्थात् जंगलियों, ग्वालों, शिकारियों तथा कन्दों को खाने वाले लोगों से भी औषधियों का ज्ञान प्राप्त करे । और क्या यह कार्य गलत होगा कि पश्चिम (यूरोप, अमरीका आदि) या पूर्व (चीन, जापान) के विद्वानों द्वारा अन्वेषित जीवन-रक्षक औषधों (लाइफ सेविंग ड्रग्स) को व्यवहार में लाया जाय ? हाँ, यह ठीक है कि उसका सम्यक् ज्ञान हो या कराया जाय । 'लंगूरी नकल' नहीं ।

इसी प्रसंग में भारतीय आयुर्वेदिक साहित्य में प्राप्त काल तथा स्थान (टाइम एंड स्पेस) की दृष्टि से दो प्रवृत्तियां स्पष्ट जानी जाती हैं; प्रथम 'एकदेशिता' तथा द्वितीय 'सार्वभौमिकता' । ग्रंथों में वर्णित ७००-८०० औषधियाँ एकदेशिक हैं और आयुर्वेद के त्रिदोषप्रभृति सिद्धान्त सार्वभौमिक हैं। एक यह भी प्रश्न आयुर्वेद के विचारशील विद्वानों के मस्तिष्क में घूमता रहता है कि क्या आयुर्वेद की प्राप्त संहिताओं को 'वेद' मान लिया जाय-क्योंकि इन ग्रन्थों की भाषा अर्वाचीन प्रचलित संस्कृत है, न कि वैदिक संस्कृत । यदि इसे अथर्ववेद का 'उपवेद' मान लें और जैसा माना भी जाता है तो थोड़ा बहुत काम आगे चल जाता है। लेकिन चारों वेदों को धर्मप्रिय हिन्दु जनता जैसे ईश्वरीय ज्ञान मानती है--वैसा तो आयुर्वेद के साथ नहीं हो सकता । हाँ, चरक ने कहा है--

"आयुर्वेदोपदेशेषु विधेयः परमादरः ।"

इसका वास्तविक और स्वीकरणीय अर्थ यही है कि चिकित्सक चिकित्सा-सम्बन्धी जो निर्देश देवे उसे रोगी को आदर या धर्म की तरह पालन करना चाहिये और यही उपदेश सुकरात (हिप्पोक्राटेस) ने आज से अढ़ाई हजार वर्ष पहिले अपने रोगियों और शिष्यों को दिया था ।

आयुर्वेद में वर्णित जड़ी-बूटियों के व्यवहार को योंही टरका भी नहीं दिया जा सकता और

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

क्योंकि देववाणी के अनुप्रास-बहुल श्लोकों में इनकी प्रशंसा की गई है, अतः इन्हें सीधा गले से उतार लिया जाय, यह भी आज के वैज्ञानिक युग में संभव नहीं। आवश्यकता है औषधियों का पुनर्मूल्याङ्कन हो, पूर्णता और दक्षता के साथ और रोगियों पर प्रयोग कर सत्य पर आधारित सांख्यिकी तय्यार की जाय-राष्ट्रिय और मानवता के हित में।

खेद है-इस दिशा में भारतीय वैद्यों का सम्मान कम है। 'बाबावाक्यं प्रमाणम्' की मनोवृत्ति भारतीय आयुर्वेद को अगले वर्षों में कभी ले डूबे। आज का युवक पुरानी मान्यताओं को अंधविश्वासी होकर स्वीकार नहीं करता-वह तो पाता है कि युग-विज्ञान के द्वारा मानव चंद्रलोक में विहार कर आया है। उसे ठुकी-नपी-तर्क-सम्मत एवं विज्ञान के मूलसिद्धान्तों पर आश्रित विद्या की प्राप्ति हो। बम्बइया मुहावरे के अनुसार-'चाले छे-चालशे' अर्थात् चलता है और चलेगा-अब आयुर्वेद में अधिक देर नहीं चलेगा, विशेषकर, जब बहुत शीघ्रता से यहां औद्योगिकीकरण का युग आ रहा है, जिसमें प्रत्येक उद्यमी को नीरोग रखना होता है और रोगी को नीरोग रखना होता है और रोगी को अविलम्ब स्वस्थ करना होता है, नहीं तो उद्योग को बहुत क्षति पहुंचती है।

और यह सब तभी संभव है, जब हम आयुर्वेद को ससीम मान लें और उसके सब द्वार और खिड़कियां स्वच्छ वायु के प्रवेश के लिये खुले रखें।

उडिया भाषा में ऋग्वेदादिभाष्य भूमिका

कहीं भी स्थायी प्रचार करने के लिये उस क्षेत्र की भाषा में सस्ता एवं सुन्दर साहित्य का होना आवश्यक है। भारत के अहिन्दीभाषी प्रांतों में आर्यसमाज के प्रचार न होने का कारण उन प्रांतों की भाषा में साहित्य का अभाव है। उडीसा में आर्यसमाज का प्रचार स्थायी रूप से हो इसी उद्देश्य को लेकर गुरुकुल आमसेना ने उडिया भाषा में साहित्य-प्रकाशन शुरु कर दिया है। ऋषि के अमर ग्रन्थ सत्यार्थप्रकाश सहित छः पुस्तकें छप चुकी हैं। अब ऋषि दयानन्द का वेदज्ञानसम्बन्धी अमर ग्रन्थ "**ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका**" प्रकाशित किया जा रहा है। शताब्दी के पावन अवसर पर उडीसा की जनता वेदामृत पान कर सके इसी उच्च भावना को लेकर भयंकर अकाल में भी ऋषि के इस अमर ग्रन्थ को छापने का यत्न कर रहे हैं। इसके प्रकाशन पर ९-१० हजार रुपया खर्च आवेगा। वेद एवं ऋषि दयानन्द के अनन्य भक्त रायबहादुर चौधरी प्रतापसिह जी करनाल ने १०००,)०० देने का वचन दिया है। आशा है अन्य दानी सज्जन भी इस महत्कार्य में अधिक से अधिक सहयोग देकर उत्साहित करेंगे, जिससे अल्प मूल्य में जनता तक यह ग्रंथ शीघ्र ही पहुंच सकें। जो सज्जन ५०१)०० देंगे उनका फोटो पुस्तक में छापा जायेगा। जो १०१)०० देंगे उनका शुभनाम छापा जायेगा। आशा है वेदभक्त आर्यजन इस पुण्य अवसर पर वेद प्रचार में सहयोग देंगे ॥

निवेदक

धर्मदेव स्नातक

टेलीफोन नं०   **आचार्य**
बी०सी०ओ० २   महाविद्यालय गुरुकुल आमसेना
खरियार रोड, जि०कालाहांडी, उडीसा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आर्यसमाज की सफलता के सौ वर्ष

श्री प्रकाशवीर शास्त्री

आर्यसमाज यों तो एक समाजसुधारक संगठन के रूप में ही प्रसिद्ध है। समाज-सुधार के क्षेत्र में आर्यसमाज की उपलब्धियों का अपना विस्तृत इतिहास भी है। पर देश और समाज की दूसरी ज्वलन्त समस्याओं से आर्यसमाज सर्वथा पृथक रहा हो ऐसी बात भी नहीं। स्वामी दयानन्द सरस्वती जो आर्यसमाज के संस्थापक थे, बहुमुखी प्रतिभा के धनी संन्यासी थे। राष्ट्रीय जीवन का कोई अंग ऐसा नहीं था जिसकी कमजोरियों पर उनका ध्यान न गया हो। आर्यसमाज की स्थापना के समय देश पराधीन था। लम्बे अरसे से चली आ रही मुगलों और फिर अंग्रेजों की दासता ने समाज को निचोड़ कर रख दिया था। उधर अंग्रेज गुलामी के बन्धन कसता जा रहा था और इधर भारतवासी अपनी दुर्बलताओं से ऊपर नहीं उठ पा रहे थे। उन परिस्थितियों में आर्यसमाज का सन्देश बेसुध समाज के लिए संजीवनी बनकर आया।

आर्यसमाज की स्थापना चैत्र शुक्ला प्रतिपदा संवत् उन्नीस सौ बत्तीस को बम्बई नगर में हुई। अंग्रेजी तिथि के अनुसार ७ अप्रैल १८७५ का यह दिन था। सत्तरह साल पहले अंग्रेजी राज्य के विरुद्ध भारत में एक सशस्त्र क्रान्ति हो चुकी थी। १८५७ की उस क्रान्ति को प्रारम्भ में तो अंग्रेज सैनिक विद्रोहमात्र ही समझते रहे। क्रान्ति को कुचलने में अंग्रेजों ने अपनी पूरी शक्ति लगा दी। उसके बाद भी भय और आतंक का वातावरण बरसों बना रहा। इसी वातावरण में आर्यसमाज की नींव पड़ी। सैनिकों को विद्रोहपथ पर अग्रसर करने में उनकी सांस्कृतिक भावनाओं पर आघात भी एक बहुत बड़ा कारण था। महारानी विक्टोरिया को १८५७ की क्रान्ति के कुछ ही वर्षों बाद यह घोषणा करनी पड़ी-ब्रिटिश सरकार भारतवासियों के धार्मिक मामलों में कोई हस्तक्षेप नहीं करेगी।

देशी रियासतों ने यदि उस समय क्रान्ति का साथ दे दिया होता या फिर अंग्रेजों का ही साथ केवल न दिया होता तो भारत ९० वर्ष पहले ही स्वतंत्र हो जाता। लेकिन उस क्रान्ति का यह परिणाम तो जरूर हुआ कि देश में जागरण की एक नई लहर चल पड़ी। आर्यसमाज के दस साल बाद ही काँग्रेस का भी जन्म हुआ। स्वराज्य के जो सन्देश राष्ट्रीय मंचों से बड़ी दबी जबान में सन् १९०६ तक दिये जाते रहे स्वामी दयानन्द सरस्वती ने अपने ग्रन्थ "सत्यार्थ प्रकाश" में १८७५ से पूर्व ही बड़े स्पष्ट शब्दों में उसकी सम्पूर्ण रूपरेखा दे दी थी। स्वराज्य की व्याख्या करते हुए स्वामी जी ने 'सत्यार्थ प्रकाश' में यह भी लिख दिया था—यदि स्वराज्य मिल भी गया और वह सुराज न हुआ तो प्रजा को सुखी नहीं रख सकेगा।

स्वाधीनता-संग्राम में योगदान :—

भारतीय राजनीति में आर्यसमाज और उसके नेताओं का योगदान अपना विशेष ही स्थान रखता है। नरम दल हो चाहे गरम दल, दोनों में आर्यसमाजी अच्छी संख्या में आगे रहे। एक समय तो ऐसा भी लगने लगा था कि आर्यसमाज स्वाधीनता संग्राम की दूसरी रक्षा पंक्ति ही बन गया है। काँग्रेस के मंच पर जहाँ एक ओर स्वामी श्रद्धानन्द, लाला लाजपत राय, भाई परमानन्द, चौधरी रामभजदत्त आदि नेता दिन रात काम कर रहे थे, वहां क्रान्तिकारियों में श्यामजी कृष्ण वर्मा,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लाला हरदयाल, मदनलाल ढींगरा से लेकर सरदार भगतसिंह और रामप्रसाद बिस्मिल तक दूसरे भी कई प्रमुख क्रान्तिकारियों की प्रेरणा का स्रोत आर्यसमाज बन गया था। बिस्मिल ने तो अपनी आत्मकथा में लिखा है—शाहजहाँपुर आर्यसमा में जब एक पंजाबी संन्यासी के भाषण में मैंने यह सुना देवता-स्वरूप भाई परमानन्द को फाँसी दी जाने वाली है तो मेरा खून खौल उठा। मैंने उसी समय यह निर्णय कर लिया जब तक उनके बदले में दस अंग्रेजों को मैं भी अपनी हाथ से नहीं उड़ाऊंगा तब तक चैन से नहीं बैठूंगा। लाला लाजपतराय की गिरफ्तारी के बाद तो देश में और आर्यसमाज में भी एक तूफान सा आ गया। अंग्रेजों ने आर्यसमाज के साप्ताहिक सत्संगों में भी अपने गुप्तचर भेजने शुरु कर दिये। डी०ए०वी०कालेज लाहौर के रजिस्टरों की बारीकी से छानबीन कराई गई। उत्तर प्रदेश के गवर्नर ने तो गुरुकुल काँगड़ी की जमीन खुदवा कर देखी कि कहीं इसके नीचे तहखानों में बम तो नहीं बनाये जाते हैं।

शिक्षा-क्षेत्र में योगदान:—

लार्ड मेकाले ने भारत में अंग्रेजी शिक्षा द्वारा काले अंग्रेज तैयार करने की एक दूरगामी योजना बनाई थी। आर्यसमाज ने अपने गुरुकुल, डी. ए. वी. कालेज और कन्या विद्यालय खोल कर उसके मन-सूबों को असफल बनाने में कोई कसर उठा कर न रखी। शिक्षा तो पूरे देश में ही उन दिनों लगभग न के बराबर थी। जो कुछ थोड़ी बहुत थी भी उसका उद्देश्य सरकारी दफ्तरों में काम करने के लिए क्लर्क तयार करना था। कन्याओं को पढ़ाना तो समाज में उन दिनों अपराध समझा जाता था। मेकाले ने अपने एक संबंधी को भेजे पत्र में लिखा था—अंग्रेजी के माध्यम से भारत में ऐसी शिक्षा पद्धति का प्रारम्भ मैं करने लगा हूँ जिससे ब्रिटिश साम्राज्य की जड़ें बहुत गहरी चली जायेंगी। रंग-रूप से तो यह लोग जरूर भारतीय होंगे लेकिन हृदय और मस्तिष्क से अंग्रेज बन जायेंगे। पर उस बेचारे को यह क्या पता था भारत में ऐसे संगठनों का भी उदय हो चुका है, जो तेरे यह स्वप्न एक कोने में धरे रह जायेंगे। डी.ए.वी. कालेज और गुरुकुल दोनों पद्धतियों से चलने वाले इन शिक्षणसंस्थाओं में हिन्दी को अनिवार्य माध्यम रखा गया। हिन्दी उन दिनों देश को एकता के सूत्र में बाँधने की ही कड़ी केवल नहीं थी अपितु राष्ट्रीयता की संदेशवाहिका भी बन गई थी। प्रारम्भ में काँग्रेस के मंच पर भी लगभग चौथाई शताब्दी तक अंग्रेजी छाई रही। पहली बार स्वामी श्रद्धानन्द जी ने जब अमृतसर काँग्रेस में अपना स्वागत भाषण हिन्दी में पढ़ा तो सुनने वाले अवाक् रह गये। हिन्दी में भी इतना जानदार भाषण हो सकता है, यह कल्पना किसी को नहीं थी। क्योंकि उससे पहले तो राष्ट्रीय मंचों पर भी अंग्रेजी का ही बोलबाला था। हिन्दी को अछूत समझा जाता था। बाद में तो चक्रवर्त्ती राजगोपालाचार्य जैसे व्यक्ति ने दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा की स्थापना के समय गाँधी जी से कहा—क्यों न हिन्दी का नाम बदलकर स्वराज्य भाषा रख दिया जाय। राष्ट्रभाषा हिन्दी को जो स्थान और स्वरूप आज प्राप्त है उसमें ऋषि दयानन्द और आर्यसमाज का भी विशेष योगदान है।

समाज-सुधार के क्षेत्र में पहल—

जन्म की जात-पात, बाल विवाह, वृद्ध विवाह, छुआछूत और महिलाओं को शिक्षा से

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वंचित रखना आदि बहुत सी ऐसी बुराइयां उन दिनों थीं जो समाज को घुन की तरह खाये जा रही थी। विधवाओं का पुनर्विवाह और अन्तर्जातीय विवाह की आवाज जब आर्यसमाज ने उठाई तो सबसे पहले हिन्दुओं ने ही उसका विरोध प्रारम्भ किया। जब अपनों से किसी तरह छुटकारा मिला तो परायों ने आ घेरा। हरिजनों को बौद्ध बनाने की प्रक्रिया तो कहीं-कहीं अब प्रारम्भ हुई है। हिन्दू समाज की संकुचित सीमाओं से उन्हें उभारने के लिए डाक्टर अम्बेडकर ने यह मार्ग अपनाया। पर इससे पहले तो उन्हें लावारिस माल समझकर ईसाई, मुसलमान हड़पने की तैयारी कर रहे थे। एक बार तो अंग्रेजों ने बाकायदा यह प्रस्ताव भी पेश कर दिया कि हरिजनों का आधा-आधा हिन्दू मुसलमानों में बांट दिया जाय। लेकिन गांधी जी ने इसका खुलकर विरोध ही केवल नहीं किया किन्तु आमरण अनशन तक की धमकी भी दी। तब जाकर कहीं बात संभली। इतने पर भी रुढ़िग्रस्त हिन्दू समाज अपनी कमजोरियों का परित्याग नहीं कर सका। उसी का परिणाम है जो स्वाधीनता के सत्ताइस वर्ष बाद भी हरिजन समस्या एक प्रश्नवाचक चिन्ह बनकर खड़ी हुई है? आर्यसमाज ने अपनी शिक्षण संस्थाओं, छात्रावासों और संगठनों में लगभग इस भेद को समाप्त सा कर दिया था। पुरोहित का कार्य भी हरिजन और ब्राह्मण एक जैसा करने लगे थे। पर अब आकर राजनीति ने उसे फिर से नई हवा दे दी।

भारतीय इतिहास में कई ऐसे प्रकरण आते हैं जिनमें जन्मगत जात-पात, ने भारी हानि पहुंचाई है। पानीपत के तीसरे संग्राम में इसी संकुचित जात-पात के चक्कर में मात खानी पड़ी थी। लेकिन हिन्दू समाज उससे कोई शिक्षा ग्रहण नहीं कर सका। अब जात-पात के यह कीटाणु उप-जातियों और उनके भी दूसरे शाखाओं के रूप में फूल कर समाज के स्वरूप को विकृत कर रहे हैं। आर्य समाज ने इस प्रचलित जाति-प्रथा के विरुद्ध एक लम्बे समय तक अभियान जारी रखा। बहुत हद तक उसमें सफलता भी मिली पर हिन्दू समाज में जन्मगत जात-पात की जड़ें इतनी गहरी पहुंच चुकी हैं जिन्हें उखाड़ने में अभी बहुत समय लग जायगा। आज तो इन जातियों और उपजातियों के सूचक शब्दों को अपने नाम के साथ लगाने में भी गौरव अनुभव किया जाता है। समाज के अगुआ और देश के नेता ही जब किसी रोग से ग्रस्त हो जाएं तो फिर सामान्य जन कैसे उस बुराई से मुक्ति ले सकते हैं। आर्य समाज ने अन्तर्जातीय विवाहों को भी कई क्षेत्रों में अच्छा प्रोत्साहन दिया। हैदराबाद राज्य में तो एक समय ऐसा भी रहा, यदि कोई समाज का सदस्य अपनी जाति में विवाह कर ले तो उसे आर्य समाज की सदस्यता से भी हाथ धोना पड़ता था। छूआ-छूत और ऊंचनीच की जड़ में भी इस जन्मगत जात-पात का बहुत बड़ा हाथ रहा है। अन्तर्जातीय विवाहों की पद्धति इस प्रथा से छुटकारा दिखाने में सहायक हो सकती है।

हिन्दू समाज में बाल विवाह और वृद्ध विवाह का प्रचलन भी पीछे अच्छी संख्या में जारी था। सेन्ट्रल असेम्बली में आर्यसमाज के एक तत्कालीन नेता दीवान बहादुर हरविलास शारदा ने इसके लिए एक कानून भी बनवाया था। यद्यपि आज भी कहीं-कहीं बाल विवाह और वृद्ध विवाह के समाचार सुनने को मिल जाते हैं पर पहले से यह कुप्रथा बहुत कम हो गई है। इसी तरह पर्दा और दहेज की कुप्रथाएं हटाने में भी आर्य समाज ने गत शताब्दी में भरसक प्रयास किया। दक्षिण

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भारत में तो परदा की प्रथा पहले भी लगभग न के बराबर ही थी। उत्तर भारत में जहां देर तक मुगलों का शासन रहा वहां यह प्रथा अधिक थी। पर अब धीरे-धीरे परदा तो समाप्त हो रहा है, दहेज की घातक कुप्रथा अभी विद्यमान है। सरकार ने इसके लिए कानून भी बनाया है पर लगता है इसे मिटाने में अभी बहुत समय लग जायगा। अन्तर्राष्ट्रीय महिला वर्ष में यह एक कुप्रथा ही यदि भारत से समाप्त हो जाय तो उन घरों की महिलाओं को नारकीय जीवन से मुक्ति मिल सकती है जो दहेज के अभिशाप से ग्रस्त हैं।

हिन्दुओं के साथ-साथ मुसलमानों और ईसाइयों में भी यह कुप्रथा बढ़ रही है। आर्य समाज के अधिकारी और सदस्य पहले स्वयं इस रोग से ही मुक्त हो कर यदि इस ओर भी ध्यान दें तो समाज की बहुत बड़ी सेवा होगी।

कभी-कभी ऐसा भी लगने लगता है कि आर्य समाज केवल हिन्दुओं के सुधार के लिए ही बना है। इस देश के अधिकांश निवासियों की संख्या क्योंकि उसी विचारधारा को मानने वालों की है इस लिए भी यह मत बनना स्वाभाविक है। परन्तु आर्यसमाज के संस्थापक स्वामी दयानन्द जी की इच्छा थी कि भारत में रहने वाले हिन्दू, मुसलमान, ईसाई, पारसी चाहे जो हों उनकी धार्मिक और सामाजिक बुराइयों को समान रूप से दूर किया जाय। स्वामी जी ने अपने जीवन काल में इसी के लिए दो बार सब धर्मों के प्रमुख प्रतिनिधियों का सम्मेलन भी बुलाया। पहला सम्मेलन तो दिल्ली दरबार के समय ही हुआ और दूसरा उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में चांदापुर के मेले में स्वामी जी ने बुलाया था। इस सम्मेलन में सर सैय्यद अहमद खां, पादरी विलियम और ब्रह्म समाज के नेता श्री केशवचन्द्र सेन भी सम्मिलित हुए थे। धर्म का स्पष्ट और सही चित्र जन-साधारण तक पहुंचाने के लिए आर्य समाज ने शास्त्रार्थों की परम्परा का भी प्रारम्भ किया। यह शास्त्रार्थ ईसाइयों, मुसलमानों, पौराणिकों और हिन्दू समाज के दूसरे भी उन वर्गों से हुए जो धार्मिक सिद्धान्तों को संकुचित सीमाओं में बांध कर रखना चाहते थे। इन शास्त्रार्थों से देश भर में जहां आर्य समाज का जाल बिछता चला गया वहां अन्धविश्वासों की जड़ें हिलने में भी बड़ी मदद मिली। सर्वथा तो वह रुढ़ियां अभी तक भी नहीं हट पाईं पर उनमें कितनी वास्तविकता है यह सोचना समाज ने अवश्य प्रारम्भ कर दिया।

संघर्ष का इतिहास—

ब्रिटिश सरकार आर्य समाजियों की देश भक्ति, साहस और निष्ठा से भली भांति परिचित थी। उसे पता था इन्हें छेड़ने का परिणाम महंगा बैठेगा। इसी लिए वह चुप थी। पर कुछ देशी रियासतों ने अपने मजहबी जनून में आकर आर्य समाज से दो-तीन जगह छेड़छाड़ की। पटियाला, लोहारू और हैदराबाद की रियासतें उन्हीं में से थीं। १९३९ में हैदराबाद का सत्याग्रह तो भारत ही नहीं विदेशों में भी चर्चा का विषय बन गया था। लगातार नौ महीने तक देश भर से स्पेशल ट्रेनों में भरकर सत्याग्रही जाते रहे। निजाम हैदराबाद जो भी नई जेल बनवाता उससे अगले दिन फिर दुगुने सत्याग्रही पहुंच जाते। अन्त में थक कर उसने खुली कांटेदार जेलें तार लगाकर बनवाईं। धार्मिक स्वतंत्रता पर पाबन्दी लगाकर दूसरा औरंगजेब

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बनने का जो स्वप्न वह ले रहा था। इसकी वह हेकड़ी धरी रह गई। आर्य समाज के इस सत्याग्रह को देखकर गाँधी जी ने कहा था-जितना समय, अनुशासन और जनता के एक एक पैसे का सही हिसाब इस सत्याग्रह में मैंने देखा, उतना दूसरे किसी भी सत्याग्रह में मुझे देखने को नहीं मिला। स्वाधीनता के बाद पीछे हैदराबाद में तीन दिन में ही पुलिस कार्यवाही की सफलता पर सरदार पटेल ने भी कहा था-यदि आर्य समाज ने पहले से वहां भूमि तैयार न की होती तो हमें इतनी जल्दी सफलता मिलनी कठिन थी।

विदेशों में आर्यसमाज का प्रसार—

इस समय भारत से बाहर उन्नीस देशों में आर्य समाज की शाखायें हैं। फीजी, मारीशस, सुरीनाम, ट्रिनीडाड और ब्रिटिश गायना की तो सरकारों में भी आर्य समाज के कई कार्यकर्ता प्रमुख पदों पर हैं। मारीशस के प्रधानमंत्री सर शिवसागर रामगुलाम वहां की आर्य प्रतिनिधि सभा के वर्षों तक अध्यक्ष रहे हैं। जिन-जिन देशों में आर्य समाज की शाखायें हैं वहां हिन्दी और वैदिक संस्कृति दोनों के दर्शन आसानी से हो जायेंगे। भारत की ही तरह हिन्दी माध्यम के डी·ए·वी· स्कूल और कालेज भी वहां मिलेंगे। हिन्दी के समाचार पत्र भी इन देशों में निकलते हैं।

भारत में और बाहर भी कुछ लोग ऐसे हैं जिन्होंने निकट से आर्यसमाज को नहीं देखा। वे इसे कोई पन्थ या सम्प्रदाय ही समझते हैं। वैसे भारतवर्ष पन्थों और सम्प्रदायों के लिए बड़ी उपजाऊ भूमि है। जब दूसरों ने अपने नामों पर मत और सम्प्रदाय चला दिये तो स्वामी दयानन्द जैसे तेजस्वी और विद्वान् साधु के लिए तो यह बायें हाथ का खेल था। वह भी एक दयानन्द पन्थ चला सकते थे। पर वह तो पन्थ के नामों से चल रही पहली दुकानों को ही बन्द कराने आये थे। वह भला कोई नया पन्थ कैसे खड़ा कर सकते थे।

अब आर्य समाज जब अपने जीवन के सौ वर्ष पूर्ण करने जा रहा है। ऐसे में उसे सफलताओं के साथ अपनी असफलताओं और उसके कारणों पर भी निगाह मारना जरूरी है। स्वस्थ संगठनों का यह चिन्ह है कि वह अपने मूल से हटे बिना समय के साथ अपनी रीति-नीति में आवश्यक परिवर्तन करते रहते हैं। ऐसे परिवर्तनों से उन संगठनों की नींव और मजबूत ही होती है। पर जो लकीर के फकीर होते हैं, वह मक्खी पर मक्खी मारने में ही बहादुरी समझते हैं। धीरे-धीरे वह भी रुढ़िवाद की दलदल में धंसते जाते हैं। समाज की बुराई दूर करते-करते कहीं ऐसा न हो जाय जो उलटे वह बुराई उन में ही प्रवेश करने लगे।

आज भारत और भारत से बाहर भी नई पीढ़ी को एक नई दिशा की खोज है। उसे धर्म के उस स्वरूप की तलाश है जो युगधर्म बन सके। आर्यसमाज चाहे तो इस बीड़े को उठा सकता है। एक खुले और सुथरे मस्तिष्क वाले संन्यासी द्वारा स्थापित मिशन में वह सामर्थ्य भी है। सौ वर्ष की आयु किसी प्रगतिशील संगठन के जीवन में कम नहीं होती! अपनी शताब्दी के अवसर पर नया मोड़ लेने और देश को नया मोड़ देने के लिए कमर कस कर नये कार्यक्रमों के साथ आगे आने की तैयारी करनी चाहिए। देश ने पहले भी आर्यसमाज को हाथों हाथ उठाया वह इस लिए क्योंकि उस समय वह समय की आवाज बन गया था। आज भी यदि वह समय की आवाज बनेगा तो फिर उसी तरह पूजा जायगा।

—०—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्राण की स्थिति

श्री आचार्य मुंशीराम शर्मा, कानपुर

प्रकृति, पुरुष और परमात्मा नाम के तीन पदार्थ पण्डित-मण्डली में प्रायशः विख्यात हैं। इनके अतिरिक्त कुछ अन्य पदार्थ भी हैं, पर वे इन तीन से ही सम्बन्धित हैं। उनकी स्वतंत्र सत्ता है, ऐसा नहीं कहा जा सकता। उदाहरण के लिए दिशा और काल को लीजिए। दिशा प्राकृत आकाश का ही विभाग है। सूर्य की ओर मुख करो तो मुख के सामने की दिशा पूर्व और पीठ की ओर पश्चिम है। देश विशेष की दृष्टि से इसमें परिवर्तन भी हो जायेगा। भारत से ईरान पश्चिम में है, पर सीरिया से ईरान पूर्व में है। काल का तो प्रारम्भ ही रचना से होता है। जो व्यतीत हो गया वह भूत, जो चल रहा है वह वर्तमान और जो आगे आने वाला है वह भविष्य कहलता है। समयविशेष से इनकी स्थितियों में भी परिवर्तन हो जाता है। जो आज वर्तमान है वह कल भूत हो जायेगा! नियति, यदृच्छा, स्वभाव आदि पदार्थ भी इसी प्रकार पूर्व वर्णित तीन पदार्थों से ही सम्बन्ध रखते हैं। प्राण के सम्बन्ध में क्या कह सकते हैं? क्या वह भी इन तीन से सम्बन्धित है या अपना स्वतन्त्र अस्तित्व रखता है।

प्रकृति और परमात्मा दोनों के मध्य पुरुष या जीवात्मा है। इस आधार पर किसी-किसी आचार्य ने प्रकृति को जीवकी माता[1] और परमात्मा को उसका पिता भी कह दिया है। श्वेताश्वतर ऋषि ने तीनों को ब्रह्म संज्ञा भी दी है— 'भोक्ता भोग्यम् प्रेरितारं च मत्वा सर्वं प्रोक्तं त्रिविधं ब्रह्ममेतत्' तथा 'त्रयं यदा विन्दते ब्रह्ममेतत्' गीता के अनुसार 'मम योनि र्महद् ब्रह्म तस्मिन् गर्भं दधाम्यहम्'— ब्रह्म प्रकृतिवाचक है। ऐतरेय आरण्यक १-३-६ में भी 'यावद् ब्रह्म विष्ठितं तावती वाक्' शब्दों द्वारा ब्रह्म का जगत के अर्थ में प्रयोग हुआ है। विश्व के मूल में आकाश है, आकाश से ही वायु, अग्नि आदि पंचभूत प्रकट हुए हैं। आकाश का गुण शब्द है। कारण अपने कार्य में व्याप्त रहताहै। अतः शब्द या वाक् समस्त प्राकृत जगत में व्याप्त है। प्रकृति के लिए ब्रह्म के अतिरिक्त प्रधान, अव्यक्त, अदिति, माया, अव्याकृत, तम, पुष्प, क्षेत्र, अक्षर, क्षर, पृश्नि, शरीर, तनु, मात्रा वृक्ष, स्वधा, त्रिधातु, पिशङ्गिला आदि नाम भी आये हैं। श्वेताश्वतर ने ब्रह्म परमेश्वर को ज्ञ और अज, जीवात्मा को अज्ञ और अज तथा प्रकृति को अजा भी कहा है। ज्ञ का अर्थ ज्ञानमय या सर्वज्ञ या ज्ञानरूप और अज्ञ का अर्थ अल्पज्ञ है। अज अर्थात् जन्म-रहित तीनों हैं। इनका जन्म नही होता। तीनों अनादि हैं। आर्ष साहित्य में यही तीन सत्तायें वर्णित हुई हैं। इनमें प्राण का नाम नहीं आता।

ब्रह्म अविकारी है। जीव प्रकृति के सहयोग या सम्पर्क से विकारों में पड़ता है। अतः विकार प्रकृति-जात हैं। प्रकृति को इसी हेतु बीजधर्मिणी कहा जाता है। प्रकृति से ये विकार कैसे उत्पन्न होते हैं? इस प्रश्न का समाधान महर्षि कपिल ने अपने सांख्य दर्शन द्वारा प्रस्तुत किया है। वे अव्यक्त प्रकृति को सत्त्व, रज तथा तम लक्षण वाली और समस्त भूतों का कारण मानते

---

१. वेद भी प्रकृति को अदिति की माता का नाम देता है—येभ्यो माता मधुमत् पिन्वते पयःपीयूषं ऋ० १०-६३-३। वेद प्रकृति को ब्रह्म का तनु भी कहता है और उसे माता का विशेषण देता है:—परो मात्रया तन्वा वृधानः न ते महित्वमनु अश्नुवन्ति। ऋ० ७/९९/१। तथा अमर्त्यः तन्वा वर्धमानः। ६-९-४।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हैं। इस प्रकृति का कोई कारण नहीं है। इसमें सत्त्व, रज तथा तम तीनों गुण साम्यावस्था में रहते हैं। जब प्रकृति पर पुरुष की दृष्टि पड़ती है, तब साम्य भंग होता है और विषमता उत्पन्न होती है। यह विषमता ही इस विविध प्रकार की जगत-रचना के मूल में है और यही इसके विस्तार में है। तो क्या प्राण भी प्रकृति के इन गुणों के वैषम्य में कहीं स्थान पाता है ?

प्रकृति से सर्वप्रथम महत् या व्यापक बुद्धि-तत्त्व उत्पन्न होता है, जिसमें सत्त्व गुण की प्रधानता है, रज तथा तम स्वल्प मात्रा में हैं। इसी को लिंग भी कहा जाता है। महत्तत्व से अहंकार की उत्पत्ति होती है। अहंकार में रजोगुण की प्रधानता है। यह अहंकार तीन प्रकार का है—वैकारिक, तैजस और भूतादि (सांख्यकारिका-२५)। तीनों में तैजस मध्यवर्ती होने के कारण प्रथम और अन्तिम दोनों की सहायता करता है। वैकारिक अहंकार को सहायता देकर यह एकादश इन्द्रियों को उत्पन्न करता है और भूतादि को सहायता देकर पञ्चतन्मात्राओं को जन्म देता है। पञ्चतन्मात्राओं से पंच महाभूत अर्थात् समस्त अचेतन वर्ग उत्पन्न होता है। इस विवरण में प्राण का नाम तो नहीं आया पर जिस तैजस को सहायक कहा गया है वह प्राण के अतिरिक्त और कुछ नहीं हो सकता, ऐसा हमारा अभिमत है। कपिल ने 'सामान्य करणवृत्तिः प्राणाद्याः वायवः पञ्च' २-३१ सूत्र में प्राण को सामान्य और अन्यत्र इन्द्रियों को विशेष (असामान्य) करण कहा है। सामान्य करण वृत्ति वाला प्राण ही विशेष वृत्ति वाली इन्द्रियों की उत्पत्ति में सहायक बनता है। अतः तैजस को हम प्राण का स्थानीय सुगमता से कह सकते हैं। प्रश्नोपनिषद ४-६ तथा छान्दोग्य उपनिषद ८-६-३ में तेज का अर्थ उदान प्राण है। छान्दोग्य ६-८-६ में लयक्रम का वर्णन करते हुयें 'प्राणस्तेजसि' प्राण का लय तेज में होता है-ऐसा कहा है। कार्य का लय अपने कारण में होता है। प्राण तेज से उत्पन्न होता है, अतः सांख्य कारिका ने उसे तैजस नाम दिया है। तेज को मुख्य प्राण भी कहा जा सकता है। जिसे उदान संज्ञा प्राप्त है। छान्दोग्य के इसी स्थल पर वाणी का मन में और मन का प्राण में लीन होना वर्णित है। यह प्राण तैजस प्राण है जो मन सहित एकादश इन्द्रियों की उत्पत्ति में सहायक बनता है। तैजस प्राण तेज से उत्पन्न है। अतः उसका अपने जनक तेज में लय होना उपयुक्त कथन है। तेज या मुख्य प्राण लिंग, शरीर या मह-त्तत्व का एक भाग है, जिस ऋग्वेदीय अघमर्षण सूक्त ऋत कहता है। ऋत तथा सत्य अथवा प्राण तथा रयि दोनों मह-त्तत्व में सम्मिलित हैं। मह-त्तत्व या ज्योति को वेदान्त ने आदि अधिष्ठान माना है 'ज्योतिः आद्यधिष्ठानं तु तदामननात् १२।४।१४।

ज्योतिष्मान इन्हीं सामान्यकरण वृत्ति वाले प्राणों तथा विशेषकरण वृत्ति वाली इन्द्रियों को धारण करने के कारण जीवात्मा को प्राणभृत या प्राण-धारी कहा जाता है। मह-त्तत्व या लिंग शरीर में अहंकार की ये वृत्तियां लीन रहती हैं। यह मह-त्तत्व ही प्राण का जनक है। प्रश्नोपनिषद में जहाँ 'आत्मनः एष प्राणो जायते' लिखा है, वहाँ आत्मा यही महानात्मा है—मह-त्तत्व है। बृहदा० ३-७ में याज्ञवल्क्य ने उद्दालक के प्रश्न के उत्तर में सूत्रात्मा को भी वायु या प्राण कहा है। अथर्व ज्येष्ठ ब्रह्म सूक्त में 'यस्य वातः प्राणापानौ, पुरुषसूक्त में 'श्रोत्राद् वायुश्च प्राणश्च' मुण्डक उप० २-१-४ में 'वायुः प्राणो हृदयं विश्वमस्य' तथा ऐतरेय उप० १-२-४ में 'वायुः प्राणो भूत्वा' आदि शब्दों द्वारा वायु और प्राण का आधिदैविक एवं आध्यात्मिक क्षेत्रों में साम्य प्रकट किया गया है। प्रश्नो० ३-८ में आदित्य को बाह्य प्राण, पृथिवी को अपान,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अन्तरिक्ष को समान, वायु को व्यान और तेज को उदान प्राण लिखा है। यही साम्य छान्दोग्य ५-१८-२ में वायु को प्राण कह कर वर्णित हुआ है। कौषी० ३-४ में प्राण और प्रज्ञा (प्रकाश या चेतना) को शरीर में साथ-साथ रहने वाला और साथ-साथ ही निकलने वाला कहा है—'सह एतौ अस्मिन् शरीरे वसतः सह उत्क्रामतः' यह प्रज्ञा मह-तत्त्व या लिंग शरीर है, जिससे तैजस अहंकार या सामान्य करण वृत्ति वाला प्राण उत्पन्न होता है।

शरीर अयोध्यापुरी है। इसमें आठ चक्र और नौ द्वार हैं। नौ द्वार तो १ मुख का, २ नासिका के, २ आँखों के, २ कानों के, १ उपस्थ का और १ गुदा का मिलाकर बनते हैं। आठ चक्रों को हठयोगी मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपूरक, सूर्य, अनाहत, विशुद्धि, आज्ञा और सहस्रार का नाम देते हैं, जो नाभि के नीचे से लेकर ऊपर शिर तक हैं और मेरुदण्ड के समानान्तर चलती हुई सुषुम्ना नाड़ी में स्थित हैं। प्रश्नोपनिषद में सुषुम्ना नाड़ी को हृदय से निकलकर मूर्धा की ओर जाने वाली १०१ वीं नाड़ी माना गया है। उदान प्राण जो तेज से परिपूर्ण है इसी नाड़ी द्वारा आत्मा को इन्द्रियों के साथ निकालकर बाहर ले जाता है। 'अथ एकया ऊर्ध्वः उदानः पुण्येन पुण्यं लोकं नयति पापेन पापम्, उभाभ्यामेव मनुष्यलोकम्'। प्रश्नो० ३-७। कठ २-६-१६ में सुषुम्ना नाम की १०१वीं नाड़ी से ऊपर चलकर अमरत्व प्राप्ति का उल्लेख है। अन्य १०० नाड़ियों से निकल कर मर्त्य योनियों में जाना कहा गया है :—शतं चैका हृदयस्य नाड्यः तासां मूर्धानमभिनिः सृतैका। तया ऊर्ध्व-मायन् अमृतत्वमेति, विष्वगन्या उत्क्रमणे भवन्ति'। १०१ वीं नाड़ी मूर्धा की ओर गई है और विदृति नाम के द्वार से संबद्ध है। अन्य नाड़ियां चक्षु, मुख, नासिका आदि की ओर गई हैं। स्वप्न लेने वाले मन को यही तैजस उदान प्राण दबा देता है और जीवात्मा को सुषुप्ति के आनन्द में कुछ समय के लिये मग्न कर देता है।

सुषुप्ति का वर्णन करते हुए शतपथ १०-३-३-६ भी यही कहता है :—यदा 'वै पुरुषः स्वपिति प्राणं तर्हि वाक् अप्येति प्राणं चक्षुः प्राणं श्रोत्रं प्राणं मनः'। जब मनुष्य प्रगाढ़ निद्रा में होता है, तब उसकी वाणी, आँख, कान तथा मन सब प्राण में लीन हो जाते हैं। प्राण वाहन है, जो सदैव जीवात्मा के साथ रहता है। इसलिए इसे शरीर की छाया की भांति आत्मा की छाया भी कहा गया है। श्वेता० (५-८) में 'प्राणाधिपः संचरति स्वकर्मभिः' शब्दों द्वारा जीवात्मा को प्राणों का अधिपति भी कहा गया है।

ऊपर जिन नौ द्वारों का उल्लेख है, उनके अतिरिक्त मूर्धा में शिखा के नीचे विदृति नाम का दसवां द्वार भी है। मुक्तात्मा शरीर त्याग के समय इसी द्वार से निकलते हैं। आठ चक्रों को अष्ट पुरी भी कहा जाता है। ये पुरी हैं—पांच-भूत, इन्द्रियां, मन, बुद्धि, वासना, कर्म, वायु (प्राण) और अविद्या। इन्हीं आठ पुरियों को पांच कोशों—अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय और आनन्द-मय—के अतिरिक्त तीन शरीरों—स्थूल, सूक्ष्म तथा कारण—में भी विभक्त किया जाता है। कारण शरीर को लिंग शरीर भी कहा गया है। सूक्ष्म शरीर में प्राण, मन तथा इन्द्रिय-वृत्तियां आती हैं। स्थूल शरीर चर्म, अस्थि, मांस आदि का बना हुआ है।

श्रीराधाकृष्णमहाभागस्य जन्म मद्रासप्रदेशस्य चित्तूरमण्डलान्तर्गते तिरुत्तनीनामके ह्येकस्मिलल-घुनिग्रामे किलैकस्मिन्निर्धने किन्तु पवित्रे ब्राह्मण-परिवारे समभूत्। यथा स स्वयमेव स्वकीयाया-मात्मकथायामलेखीत् तस्य मातापितरौ धार्मिक-प्रवृत्तिकावास्ताम्। तयोः सविधेनाधिकं धनं सम्प-त्तिर्वाभूताम्। तद्गृहे सर्वेषामपि सदस्यानां न्यूना-धिकं संस्कृतभाषाया ज्ञानमासीत्। तस्य पिता खल्वे-कस्य भूस्वामिनोऽन्तिके मण्डलाधिकारिणः कार्यं सम्पादयति स्म। तस्य मासिकं वेतनं केवलमष्टौ रूप्यकाणामासीत्। एतावतैव द्रव्येण स कथमपि गृहव्ययं निर्वाहयति स्म। तस्यैवंविधा दयनीया-र्थिकी स्थितिः समभूत्तथापि धार्मिके वातावरणे राधाकृष्णमहाभागस्य लालनं, पालनं, पोषणं चा-भूत्।

अथ बालको राधाकृष्णस्तिरुत्तनीग्रामे दर्श-नार्थमागतान् यात्रिणः पश्यति स्म तदा मननशील-स्वभावाद्धेतोश्चिन्तयति स्म यदिमे यात्रिणो लोकाः किमर्थमेतावतो दूरात्तदिदं संकीर्णं स्थानमा-गच्छन्ति? दर्शनकरणात्तेभ्यः को नु बत लाभो भवति नाम? एवंविधा विभिन्नाः प्रश्नास्तस्य मस्तिष्के ननूहापोहाञ्जनयन्ति स्मं किन्तु तत्समा-धानं किमपि न भवति स्म। यदाप्यसौ बालो राधा-कृष्ण एकाकी तस्थौ तदा किमपि चिन्तनमकरोत्। निर्धनान् दरिद्रान् ग्रामीणान् दर्शं दर्शं तद्धृदये कापि व्यथा समुत्तस्थे, कश्चिदेकः प्रहाराघात इव भवति स्म। स तदा कथयति स्म, "वराका निर्ध-नाश्चापीमेऽत्रागमने कियद्द्रव्यव्ययं कुर्वते! किया-नात्मविश्वासोऽस्त्येषु! स्वस्य सर्वाण्यपि च कार्य-जातानि त्यक्त्वात्रागच्छन्तीमे! एतेषां पुरतोऽन्न-पानादिकमेव न हि धर्मोऽपि च वर्तते! ईश्वरोऽपि चास्ते!"

'सम्पत्स्यमानवृक्षस्य स्निग्धाः स्युर्ननु पल्लवाः।' इत्युक्त्यनुसारं प्रारम्भत एव राधाकृष्णः स्वात्मनो-ऽलौकिक्याः प्रतिभायाः परिचयं प्रददानोऽभूत्। विद्याभ्यसनमेव तस्यैकमात्रं व्यसनमभूत्। विद्या-लयजीवने सोऽतीव सरलतयाऽवर्तत। सेयं विवशता-सीत्। छात्रवृत्तिरुपलभ्यते स्म तथा किंचित् स्व-गृहत आनाय्य स कथमपि येन केन प्रकारेण स्व-निर्वाहं कुरुते स्म! कुशाग्रबुद्धित्वाददद्भुतस्मरण-शक्तेश्च हेतोस्तत्सहाध्यायिनस्तं चलविश्वकोषम-वदन्। केषांचिल्लोकानामियं धारणास्ते यद्धि छात्राः पाठशालासु, विश्वविद्यालयेषु वाध्ययने प्रथमश्रेणीका विद्यार्थिनो भवन्ति ते प्रायेण ग्रन्थ-कीटा भवन्ति तथा जीवनसङ्घर्षे पततामेव तेषां प्रतिभाछिन्नभिन्नासती प्रणश्यतीति। परन्तु नियम-स्यास्य सर्वतो महापवादरूपास्त एते खल्वाचार्या राधाकृष्णमहाभागा अभूवन्। अध्ययने कुशाग्रधिष-णाश्चापीमे व्यावहारिके जीवने कर्मठास्तथा च व्या-वहारिके जगति पदार्पणं कृतवतामेवैतेषां प्रतिभा यथापूर्वमकुण्ठिता बभासे वरञ्चानुभवात्सा भृशं दिदीपे।

प्रत्येकस्य मनुष्यस्य जीवने शिक्षाया महत्त्व-पूर्णं स्थानं भवति। राधाकृष्णमहोदयः स्वयं तस्यात्मकथायामलेखीत्—"ख्रिष्टीय धर्मसंस्थास्वहं पाठशालायां, विद्यालयोचितां च शिक्षामलभे। स्व-जीवनस्य महत्त्वपूर्णे काले मम 'न्यूटेस्टामेण्ट' इत्यस्य शिक्षाभिः परिचयेन साकमीषवीयधर्मप्रचारकाणां, तासामालोचनानामपि च ज्ञानमभूद्यास्ते भारतीय-धर्मस्य, संस्काररीति-प्रथादीनां चाकुर्वन्। स्वामिनो विवेकानन्दमहाभागस्य भाषणानां तस्य च साहसपू-र्णानां कार्याणां मयि भूयान् प्रभावः पपात। तथाह-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मात्मनो हिन्दुधर्मस्याभिमानं वोढुमारभे। परन्तु ख्रिष्टीयानां संस्थासु हिन्दुधर्मेण सह यो हि दुर्व्यवहारो भवति स्म तत्कारणान्मम हृदि महानाघातो भवति स्म। अस्माकं समग्रस्य ज्ञानस्य, कर्मणश्चाधारो भारतीया संस्कृतिर्वर्तते। ये हि तपस्विनः शिक्षकाश्च संसृतये किलैवंविधां महतीं संस्कृतिं प्रददुस्तथा तया सह संसारस्य सम्पर्कं स्थापयामासुस्ते वस्तुतो धर्मात्मानो नाभूवन्—सेयं वार्ता मम बुद्धिग्राह्या नैव भवति स्म। ख्रिष्टधर्मावलम्बिभिः कृता हिन्दुधर्मस्यालोचना मां हिन्दुधर्मस्याध्ययनाय विवशं चक्रुः। हिन्दुधर्मस्य जीवतां प्रणष्टानां च तत्त्वानामनुसन्धानाय ते प्रयत्नमाग्रहं चक्रिरे। समय-प्रवाहो मे तमिमं निश्चयं समधिकं सुदृढमकरोत्।"

राधाकृष्णमहाभागस्य सर्वप्रथमं 'वेदान्ते नीतिशास्त्रम्' इत्यस्य पुस्तकस्य प्रकाशनं विंशतिवर्षाणामायुषि समभूत्। पुस्तकस्यास्य मुखपृष्ठे स्वकीयं नाममुद्रिताक्षररूपं दृष्ट्वा सोऽतीव मुदमन्वभूत्। आलोचकानां कथनमस्ति यद्वेदान्ते नीतिशास्त्रस्याभावो विद्यत इति। तस्यायं ग्रन्थस्तथाविधाया आलोचनाया उत्तररूपः प्रासिद्ध्यत्। प्राध्यापक रा॰ जी॰ हौगमहाशयो, यो हि राधाकृष्णस्य दर्शनशास्त्रस्य प्राध्यापकोऽभूद्यश्च धार्मिकेषु विषयेष्वतीव सूक्ष्मेक्षिकया मार्मिको मीमांसकोऽभूत्, ग्रन्थस्यास्य सम्बन्धि तस्य प्रमाणपत्रं प्रादाद्यदद्यापि राधाकृष्णमहाभागस्य कर्गलसंहतौ सुरक्षितं स्यादवधृतम् — "स्नातकोत्तरोपाधिलाभाय स्वस्य शिक्षणकालस्य द्वितीये वर्षे स (राधाकृष्णः) यं हि महाप्रबन्धं (थीसिस) लिखितवान् तस्याध्ययनादेतत् प्रकटीभवति यत्तस्य दार्शनिकीनां समस्यानां प्रमुखानामङ्गानां च सविशेषं ज्ञानमास्ते। आंग्लभाषायाः साधीयसाधिकारेण सार्द्धं युक्तियुक्तानां तर्कोहापोहाणामवबोधस्यापि तस्य योग्यता वर्तते।"

सोऽयं श्रीराधाकृष्णमहाभागः स्वजीवने व्याख्यातृरूपेण पदार्पणं समकरोत्। स खलु षष्ठीरूप्यकाणां मासिकं वेतनं लभते स्म। सोऽतीव कुशलोऽथ सफलश्चाध्यापकः समभिद्ध्यत्। तद्विद्यार्थिनो दर्शनशास्त्रस्य कक्षायां तथैव रसास्वादनमकुर्वन् यथा साहित्यसंगीतकलादीनां छात्राः प्रायेण कुर्वन्ति। तस्यांग्लभाषाया ज्ञानमतीव प्रौढं सुन्दरं साधिकारं चासीत्। न केवलं स भाषाया अस्याः पण्डित एवापितु तत्साहित्यस्यापि च मर्मज्ञो महानासीत्। कक्षायां च स यथार्थनामा प्राध्यापक इव ज्ञानविस्तारमकरोत् किन्तु बहिः कक्षं स छात्रैः सह तथैकरसो भवति स्म यत्तस्य परिचितिरपि कठिना भवति स्म। स स्वान्तेवासिनः स्वात्मनः पृथङ् न मेने।

विश्वकवीन्द्रस्य रवीन्द्रनाथठाकुरमहोदयस्यानुपमानां कृतीनां राधाकृष्णोपरि गम्भीरः प्रभावो निपपात। स हि स्वात्मकथायामलिखत्—"हिन्दुनीतिशास्त्रेषु मायावादसिद्धान्ते चाहं श्रीरवीन्द्रनाथटागोरमहाभागस्य रचनाभ्यो महतीं हि प्रेरणामलभे। अहं तस्य रचनानामांग्लभाषानुवादानपठम् तथा तत्परिणामस्वरूपमेकं पुस्तकं चालिखम् यद्धि सन् १९१८ईसवीये वर्षे मेकमिलनेति लन्दननगरस्था प्रकाशनसंस्था प्राकाश्यं निन्ये। तरुणावस्थायामपरिपक्वविचाराणां कारणाद् ये ये दोषा भवितुं सम्भवन्ति, ते सर्वे पुस्तकेऽस्मिन्नवर्तन्त। सत्यप्येवं प्रजाजनैरेतस्य स्वागतमकारि। गुरुदेवायापि च पुस्तकमिदमतीव रुचिकरमाभात्। रवीन्द्रनाथो राधाकृष्णमहोदयं प्रति सन् १९१८ईसवीये वर्षे दिसम्बरमासे पत्रमेकमलेखीत् — "यस्य पुस्तकस्य मया सह सम्बन्धोऽस्ति तस्य समालोचनमुचितं न भवति तथाप्यहमेतावद्वक्तुं पारये यत्तदिदं पुस्तकमाशातोऽधिकं सुन्दरमस्ति। यद्भवानेतत् सुन्दरं पुस्तकमलिखत्, कदाचिदेवास्यापेक्षयान्यः कश्चिदतोऽधिकं सुन्दरतरं पुस्तकं लिखितुं सक्षमोऽभविष्यत्। पुस्तकलेखने भवान् यं परिश्रममकरोत्तथा च सूक्ष्मपर्यवेक्षणस्य परिचयं प्रादात्तस्मादहमा-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

श्चर्यमन्त्र भवम् । भवतां भाषायां साहित्यिकं सौन्दर्यमास्ते तथा सा व्यर्थालङ्कारैराडम्बरेण च मुक्तास्ति । एतत्कृतेऽहं भवद्भ्यो धन्यवादानर्पयामि ।" तदिदं पुस्तकं राधाकृष्णमहाभागमेकं चिन्तकं तथा लेखकनाम्ना निखिलेऽपि च विश्वस्मिन् सुप्रसिद्धं चक्रे ।

'जार्जपञ्चम – मानसिकाध्यात्मविद्या' इति पीठेऽस्याचार्यस्य राधाकृष्णमहाभागस्य प्राध्यापकत्वेन नियुक्तिस्तस्य जीवनस्यैका महत्त्वपूर्णा घटनास्ते । इदमेव पदमधितिष्ठता तेन स्वजीवनस्य सर्वोत्तमा कृतिः––'भारतीयदर्शनस्येतिहासो' भागद्वये व्यरच्यत । सा च कृतिरिङ्गलैण्डतः प्राकाश्यत । तस्येमं महाग्रन्थं विन्सेण्टश्मिथेनमहाशयः 'संस्कृतविद्वत्तायाः प्रकाशस्तम्भः' इत्यकथयत्, यस्य तुलनायां शर्मण्यदेशेऽपि च न कोऽपि ग्रन्थो विद्यते ।

अथास्य राधाकृष्णमहाभागस्य विदेशयात्रायाः प्रारम्भोऽष्टत्रिंशद्वर्षावस्थायामभूत् । ब्रिटिशसाम्राज्यान्तर्गतानां विश्वविद्यालयानां सम्मेलने कालिकाता विश्वविद्यालयस्य प्रतिनिधिरूपेण स इङ्गलैण्डमगच्छत् । तत एव चान्ताराष्ट्रियदर्शन–सम्मेलने भागं गृहीतुममेरिकादेशं ययौ । तत्रत्याः प्रजास्तमिमं राधाकृष्णमहाभागं 'द्वितीयो विवेकानन्दः' इति नाम्ना सम्बोध्य तत्सम्मानमकुर्वन् ।

श्रीपालब्रन्टनमहाशयस्य शब्देष्वाचार्यवर्यस्य राधाकृष्णमहाभागस्य–आक्सफोर्ड – विश्वविद्यालये पौर्वात्यधर्माणां तथा नीतिशास्त्रस्य च प्राध्यापकत्वेन नियुक्तिस्तस्य धार्मिकजीवनस्य तथा विश्वस्य सांस्कृतिकेतिहासे किलैकोल्लेखनीया घटनास्ते । अस्या नियुक्तेः परिणामस्वरूपं राधाकृष्णमहोदयो भारतीयसंस्कृतेश्चिरन्तनं सन्देशं यूरोपीयानां हृदयान्तःपर्यन्तं प्रापयितुं सक्षमोऽभूत् ।

अथाचार्यवर्यस्य राधाकृष्णमहाभागस्य मानवतायां सुदृढीयानविचलश्च विश्वासोऽभूत् । अथ चैकदा तस्मा एकोऽभिनन्दनग्रन्थः समर्पितो यस्मिंस्तस्य मानसिकीनां, धार्मिकीनां च विशिष्टतानां वर्णनप्रसङ्गे सः 'साधु पुरुषः' प्रोक्तः । तस्योत्तरं प्रददानेन तत्र तेनोक्तमभूत्––'नाहं साधुर्वा महात्मा वावर्ते, यतोऽहं जीवनोपभोग्यानां सामान्यसुखानां पारिवारिकस्य स्नेहस्य, प्रेम्णो, मित्रताया, विश्वासस्य, भक्तेश्चानन्दमुपभुञ्जे, यदा चैतेषां पवित्राणामात्मिकसम्बन्धानामपहरणं वाऽभावश्च भवति तदानेन मे मानसी व्यथा भवति । अहं हि साधुत्वापेक्षया मनुष्यत्वमेवोपभोक्तुं कामये ।'

राधाकृष्णमहाभागस्यैतत् कथनमस्ति, यन्मनुष्यजीवनस्योद्देश्यं भोगविलासादिकं नास्ति वरञ्चैकस्य महोद्देश्यस्य पूर्तिरास्ते । नायं संसारो मिथ्यास्ते, परन्त्वेकं नैतिकं क्षेत्रं तथा च मोक्षस्य मार्गो वर्तते । अथ च जीवनं नाम स्वप्नो नास्ति, प्रत्युत सत्यं विद्यते । राधाकृष्णमहोदयस्यायं विश्वासोऽस्ति यत् संसारे साफल्यापेक्षया सौजन्यं श्रेष्ठतरं हि वर्तते । मानवतैव राधाकृष्णस्य धर्मो विद्यते । स खल्वस्मद्युगीनो विदेहोऽभूद्यः संसारे निवसन्नपि मोहमायाभ्यामतीतोऽभूत् । स खलु 'वसुधैव कुटुम्बकम्' सममन्यत । वैदिककालीना महर्षय इव स तमिममादर्शं विश्वस्य कोणं प्रतिकोणं पर्यटन् सन् पर्यपालयत् तदेव प्रत्यपादयच्च ।

अथ राधाकृष्णमहाभागः परिचितैर्जनैः सह सविशेषमानन्दमनुभवति स्म । अपरिचितानां लोकानां मध्ये सविशेषं चेष्टमान एव हि स कार्यकलापत्रिवोढुं पारयते स्म । कामं कोऽपि वृद्धो वा, युवको वा, दीनो वा, सम्पन्नो वा भवतु, स सर्वैरपि समानं व्यवहरति स्म तथा च सर्वैरपि समरसं सौहृदमात्मीयतां च संस्थापयति स्म । तस्मै केनापि जनेन सहैकवारं क्षणमात्रमपि मिलनस्य, सम्भाषणस्य चावसरः प्रदत्तश्चेत्तदा स तं जनं सर्वदैव स्वकीये स्मृतिपथे समङ्कयति स्म । मिलनसमये सः शनैः शनैर्माधुर्येण नामधामादिकं परिचयं परिपृच्छति स्म । एकदा जातपरिचयो राधाकृष्णमहाभागोयदा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पुनर्मिलनावसरमाप्नोति स्म तदा साक्षात्कारे जात एव हि तन्नामग्राहमेव सम्बोधयति स्म ।

अथैतदपि च पुनर्निर्देशयोग्यं यद्धि गाम्भीर्यमेव हि राधाकृष्णमहाभागस्य सर्वस्वं नासीत् । यदा स छात्राणां किं वान्येषां जनानां समुदायमध्ये समभूत्तदा स खल्वेतदपि चावद्धयद् यत्स किलैको महादार्शनिकश्चिन्तकोऽभूदिति । स खल्वेवंविधान् हासपरिहासान् विनोदगर्भान् वार्तालापान् कर्त्तुं प्रारभते स्म येषामुत्तरमपि दातुं न कश्चन पारयते स्म । यदा कदा स खल्वेतावद्विनोदनिमग्नो भवति स्म यच्छ्रोतारो मुक्तकण्ठं साट्टहासं हसन्तः प्रोत्फुल्लचित्ता भवन्ति स्म । अथ पुनः कदाचित् स एतावत् गम्भीरमुद्रामग्नो भवति स्म यत्तस्य कक्षे शांर्तेनिस्तब्धतायाश्च साम्राज्यं परिव्याप्नुते स्म । स खलु हास्यविनोदादिप्रसङ्गेषु महात्मा गान्धिरिवासीत् । प्रत्युत्पन्नमतित्वे स जॉर्ज बर्नार्डशामहाशय इवाभूत् । तेन साकं वार्तालापे महानेवानन्दोऽनुभूयते स्म । कमपि विषयमधिकृत्य भाषमाणः स स्यात्, सदैव तद्भाषणं रुचिकरमेव प्रतिभाति स्म ।

अथ राधाकृष्णमहाभागः सन् १९५२ ई. वर्षे मईमासे स उपराष्ट्रपतिपदमधितष्ठौ । अस्मिन्नेव समयान्तराले सोऽनेकेषां देशानां यात्रामकरोत् । तस्य विदेशयात्राभिर्भारतदेशो द्विगुणं लाभं लेभे । अथ सन् १९५७ ई. वर्षे पुनरुपराष्ट्रपतिपदे निर्वाचितोऽभूत् । सन् १९६२ ई. वर्षे, स देशस्यास्य भारतवर्षस्य सर्वतो वरिष्ठं सम्मानितं राष्ट्रपतिपदप्रतिष्ठाया गौरवं प्राप । भारतराष्ट्रस्यास्य राष्ट्रपतिपदे विराजमानोऽयं राधाकृष्णमहोदयः सर्वाणि कार्यजातानि साधिकारं कौशलेन सम्पादयँस्तस्थौ । सर्वविधा जनास्तदन्तिके साहाय्यमाप्तुं, विचारविमर्शार्थं च व्रजन्ति स्म । सोऽन्येषां सहायतार्थं यथाशक्ति सदैव तत्परोऽस्थात् परन्तु नैतत्प्रदर्शनं तस्मा अरोचत यत् सः किं विधां सहायतां क्व नु कदा कर्तुं प्रभविष्यतीति । यदा कस्मैचित् साहाय्यस्यावश्यकता समभूत्तदा तेनोन्मुक्तहृदयं तद्विहितम् । तस्यैवंविधानां कार्याणां कृते बहवो जनास्तं सकृतज्ञताभारं स्मरन्ति, स्मरिष्यन्ति च । यदि च कदाचित् स कस्यचिज्जनस्य यावदपेक्षितां सहायतां विधातुमसमर्थो भवति स्म, तदा स तं विनम्रैः शब्दैस्तत् कथयति स्म अथैकदोत्तरप्रदेशस्य श्रीखैरमहोदयो राधाकृष्णमहाभागेन साकं वार्तालापप्रसङ्गमधिकृत्यावोचत् 'स हि परमस्नेहभावेन मिलति । स एष गुणोऽस्मिन्नेव रूपे नेतृवर्येषूपलभ्येत चेत्तदा प्रभूतं कार्यजातं विनैव निवेदनं स्वतः संसिध्येन्नाम नूनम् ।"

राधाकृष्णमहाभागस्य 'महात्मा गान्धिः' इत्यस्य पुस्तकस्य समालोचनां विदधानो दार्शनिकप्रवरो बरट्रेण्ड रसलमहाशयो वाक्यादस्मात्तदारम्भं कृतवान्––"महात्मनो गान्धेः सफलतासु तत्साफल्यस्यैकं मुख्यं कारणमिदमपि चास्ते यत्तस्मै प्राध्यापकराधाकृष्णसदृशस्य जनस्य श्रद्धासमुपलब्धुं सुशका बभूव ।"

विद्यावाचस्पते राधाकृष्णमहाभागस्य भाग्येऽविचलोऽस्ति विश्वासः । स्व जीवने साफल्यस्य कारणमपि च स भाग्यमेवामन्यत । स्वस्य न्यूनाधिकसफलतायाः कारणं विवृण्वानः स स्वात्मकथायां लिलेख––"भाग्यं हि ममानुकूलम् तच्चेदानीं यावन्मां रक्षद्विद्यते । इत्थं प्रतीयते, यद्येषु झंझावातेषु–अन्यान्यास्तरण्यः शिलासङ्घातैः प्रतिहताः खण्डशो विनाशं जग्मुस्तेष्वेव कश्चन कैवर्तको महत्या हि सावधानतया ममोडुपं नीयमानोऽस्ति तारयन् । मयैवमनुभूयते, यत् काप्यज्ञाता शक्तिः किमपि महदुद्देश्यमभिसन्धाय मम मार्गप्रदर्शनं कुर्वाणा तस्थौ । नाहमेतन्मन्ये यद् भगवान् मयि कृपां विधत्ते, परन्त्वेतन्मन्ये, यन्मम जीवने यां कामपि सफलतां न्यूनाधिकामहमलभे, तद् भाग्यस्य महद्योगदानमास्ते । परन्तु नाहमिदमिच्छामि यदहं ममासफलतानां दोषं भाग्यस्य, परिस्थितीनां वा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शिरस्यारोपयेयम् । असफलतानां कृते ममात्मनो दोषा एवोत्तरदायित्वमावहन्ति ।''

अथासौ राधाकृष्णमहाभागो न केवलं सदासर्वदव 'सरलं जीवनमुच्चविचारा:' इत्युक्ति मिमां चिन्तयामासापितु सिद्धान्तमिमं स्वजीवनेऽपि क्रियात्मनाऽन्वर्थतामनैषीत् । वैभवपूर्णं राष्ट्रपतिभवनमधिवसन्नपि नाश्रमाचार्यान्मनागपि च भिन्नधर्मास्ते तस्य वेषभूषान्नपानादिकं, जीवनपद्धतिर्दिनचर्याक्रम: सर्वमपि प्रायेण तथाविधमेवावर्तत यथा तत् पूर्वमभूत् । आसनोपस्करादिकं तत्समन्ततः साधारणमिवानाडम्बरं विततं पर्यस्तं च सन्तिष्ठते स्म । स स्वयमेकं पर्यङ्कमधिशयानोऽध्ययनपरोऽथवा लिखन् विलिखँस्तस्थौ । तस्य समीपे काष्ठमञ्चे हीतस्ततः पुस्तकसमूहः प्रसृतोऽविद्यत । पृष्ठभागे वाग्व्यवहारोपयिकमेकं ध्वनियन्त्रं (टैलीफौन) तथा दार्शनिकविषयाणां, धार्मिकानां च पुस्तकानां काष्ठकोषो निहितोऽभूत् । विदेशीया विद्वांसस्त्वाश्चर्यमावहन् यद्धि स तु सरलसरलं सर्वजनस मान्यस्तरं न्यवसत् परं विचारप्रौढ्यां यदा ते (विदेशीयाः) स्वात्मानं जनात्तस्मात्सरलादपेक्षयातीव हीनमिवोपालक्ष्यँस्तदा तेषां शिरः श्रद्धावनतं समभूत् ।

राधाकृष्णमहाभागो जातुचित् क्रोधावेशवशं नापागच्छत् । प्रथमदर्शन एव हि तस्य कोमलमधुर-मृदुल-स्वभावस्य परिचयो भवति स्म । स सर्वेषामेव कथनं शृणोति स्म, प्रश्नानामुत्तरं च सावहितं प्रयच्छति स्म । यदि वयमेतद्वदेम यत् सः स्वजीवने नैकमपि जनं स्वशत्रुं मेने, न च केनापि सह शत्रुताया व्यवहारं चक्रे, तदा नेयमतिशयोक्तिः स्यात् । इत्थं स खल्वजातशत्रुरासीत् । भारतदेशस्य राजधान्यां देहल्यां तस्य साक्षात्कारो मिलनं च सर्वतः सुलभमनायाससाध्यं च भवति स्म । तन्निवासस्थलं देहलीयात्रिणां तीर्थीभूतमिवासीत् । तद्भृत्याश्चैवमवदन्–'अस्माकं राष्ट्रपतिस्तु साधुर्महात्मा च वर्वर्त्ति, न स कदापि कस्मा अपि प्रकुपितः ।'

रूषदेशे भारतराष्ट्रस्य राजदूतरूपो राधाकृष्णमहोदयस्तस्थौ तदा तस्य सुमहानेव सम्मानः समभूत् । स्वर्गं गतो मार्शलस्तालिनमहाशयो वारद्वयं राधाकृष्णमहाभागेन सह साक्षात्कारं विदधे । स हि राधाकृष्णस्य विचारस्वातन्त्र्यस्य बह्वादरं कुरुते स्म । स किलैकदा श्रद्धाभावं समभिव्यञ्जयन् कथयामास–"द्राक्तरवर्यो राधाकृष्णो मानवतायाः कृते कष्टानि सहते तथा च सत्येन हृदयेन भाषते ।" अथ ब्रिटिशराष्ट्रस्य भूतपूर्वो मन्त्रिवर्यः श्रीचर्चिलमहोदयोऽपि चास्य श्लाघाशंसनं विना न तुतोष–"अहं हि प्राध्यापकं श्रीराधाकृष्णमहाशयं व्यक्तिगतरूपेण परिचिनोमि । स भावावेशबाह्यो नास्ते । यदा स मोलोतोवेन, स्तालिलेन च साक्षात्काराय सङ्गच्छते, तदा विश्वस्यास्य विभाजकानि कारणानि न कदापि विस्मरति । नाहं तदपेक्षयाधिकतरं श्रेष्ठमन्यं कमपि जनं जाने यो हि विश्वस्य कल्याणपक्षे सततं चिन्तयन् स्यात् ।" अथ च सेनापतिर्नजीब्रमहाशयो राधाकृष्णस्य व्यक्तित्वविषये प्रोक्तवान्–"द्रावतरवर्यो राधाकृष्णमहाभागो महामानवोऽस्त्येकः । स किलोच्चादर्शाणां शांतिप्रियो जनो वर्तते ।" राष्ट्रपिता महात्मा गान्धिः सन् १९४१ ई. वर्षे काशिहिन्दुविश्वविद्यालयस्य रजतजयन्तीमहोत्सवावसरे तस्यागाधगम्भीरामपारां च विद्वत्तां श्लाघमाण उन्मुक्तकण्ठमुवाच–"न हि सर्वे जना मालवीयसदृशा वा सरराधाकृष्णसमा वा भवितुमर्हन्ति ।"

मिश्रदेशस्य महादार्शनिकः प्लेटोनामा स्वकीये विश्वविख्याते "गणतन्त्रम्" इति ग्रन्थे लिलेख–"यावद्दार्शनिकाः शास्तारो न भवन्ति, यावच्च शासका दार्शनिका न भवन्ति, तावद् विश्वस्मिन् शाँतिः सुरक्षा च स्थापयितुं न शक्यते ।" यदि चाद्यत्वे प्लेटोमहाशयः संसारेऽस्मिञ्जीवन्नभविष्यद् यद्धि तस्य चिरस्वप्नानुसारमिदानीं यावद्घटिते

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विश्वस्येतिवृत्ते भारतीयदार्शनिकसार्वभौमस्य राधाकृष्णमहाभागस्य व्यक्तित्वे न्यूनान्न्यूनमपि चैकस्य दार्शनिकशासकस्य अभ्युदयस्तुवभूवैव । कियद्वर्षेभ्यः पूर्वं यदा राधाकृष्णमहोदयो विश्वसौहृदस्य सन्देशमादाय -अमरीकाँ जगाम तदा तत्रत्या नागरिकाः प्रजाजनास्तस्य तथाविधं स्वागतमकार्षुः– "सर्वपल्ली राधाकृष्णः प्लेटोमहाशयस्य स्वप्नानाँ प्रतीकमिवास्ते ।"

स एव राधाकृष्णमहाभाग एकस्य ग्रामीणस्य बालकस्य धरातलादभ्युत्थाय विश्वनेता विचारकसंसारस्य, भारतस्य राष्ट्रपतिस्तथा राष्ट्रसङ्घस्य शाँतिपरिषदोऽध्यक्षश्च बभूव । शिक्षितसमुदाये तन्नामग्रहणं मालवीयमहाभागस्य, महात्मनो गान्धेर्विश्वकवेर्गुरुवरस्य रवीन्द्रनाथस्य तथा जवाहरलालनेहरूमहोदयस्य पङ्क्तौ क्रियते । तदेतत् कथनं सत्यमेवास्ते–"यदा महात्मा गान्धिर्देशस्यास्य सद्विवेकस्य प्रतिनिधित्वं करोति, कवीन्द्रो रवीन्द्रः संस्कृतेः प्रतिनिधित्वं करोति तथाचार्यवर्यो राधाकृष्णमहाभागोऽत्युच्चतया भारतदेशस्य विचारसम्पदानाँ प्रातिनिध्यं कुरुते ।"

मामाह्वयति तटेऽलम्

किञ्चिद् वदति हसति लतया सह विहरति वनेऽमिताभः ।
कलयाश्लिष्टमनोकहसरणौ रचयति गृहं श्रिताभः ।
वासः किमपि वसानोऽजस्रं नृत्यति कोऽपि सहेलम् ॥१॥
मामाह्वयति तटेऽलम् ॥

मुखसौन्दर्यमपारमदभ्रं तनुते शुभं वितानम् ।
छटा नयनयोरविरलममलं किरति विभासन्तानम् ॥
लावण्यामृततृप्तमानसं मदयति जनं धृतेलम् ॥
मामाह्वयति तटेऽलम् ॥

गायति सरसभावनापेशलवेदगीतिसन्दोहम् ।
क्षपयति करुणास्निग्धदर्शनै राशीकृतप्रमोहम् ॥
छविधारयाप्याययति मधुरं जनयति रतिं महेलम् ॥३
मामाह्वयति तटेऽलम् ॥

चरितमनल्पं दिशति पुनानो जनं प्रमोदपरीतम् ।
उद्घाटयति रहस्यकपाटं कृन्तति कर्मातीतम् ॥
स्वान्ते सुवति कल्पनालोकं लोकबोधमतिवेलम् ॥४
मामाह्वयति तटेऽलम् ॥

सलिले क्रीडति नव्यविधाभी रमयति बालसमूहम् ।
क्वचित् प्रसूते नन्दकेलिगृहमचिरं ललितं व्यूहम् ॥
भङ्गया तिष्ठति मधुरवचोभिश्चित्तं हरति सुवेलम् ॥५
मामाह्वयति तटेऽलम् ॥

श्री डा. अमरनाथपाण्डेयः

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पूर्वतोऽनुवृत:---

भू-स्वर्गः

श्री जगन्नाथ रिव्यू काश्मीर

अर्हद्वने यच्च महत्सरो वै पापं सशोकं हरते जनानाम् ।
जलं च यस्माज्जलनालिकाभिर्विभज्यते श्रीनगराय स्वच्छम् ।.१५
राजा कनिष्कः स्वमहासभा यश्चकार बौद्धानुमतां तुरीयाम् ।
किं हीनयानशिवदो महान्नो यानो भवेद्वाभवदत्र वादः ।।१६
वने निशाते जलनासिकाभिः सुशोभिते पुष्पफलाढ्य स्वच्छे ।
नराश्च नार्यो विहरन्ति सङ्घं शवौ दिने प्रेमभरा सहस्राः ।।१७
पुष्पैः फलैश्शाद्वलवेदिकाभिर्जलप्रपातैश्च सुवाटिकेयम् ।
द्वारद्वयाभ्यां द्विपथानुगाम्याँ दूर्वामयैः सप्तपदैः स्वपत्युः ।।
गृहं प्रयान्तीव विवाहकाले सुगन्धियुक्तं श्वसनं श्वसन्ती ।
वेशं भजन्ती नयनाभिरामं सुलंकृता कश्यपनन्दिनीव ।।१८–१९
निशातसंज्ञा डलमूर्ध्निभागे सुवाटिकाभाग्यवतां सुभोग्या ।
काश्मीरदेशे स्वरति क्रमाय सोपानभूमिरिव निर्मिता सा ।।२०
जले स्थले वात्र नगे वने तथा श्रीराजलक्ष्मीश्चिरमत्र संस्थिता ।
श्रीसिद्धिपीठे मुनिवर्यसेविते श्रीशारदा चापि जने जने स्थिता ।।२१
प्रादुर्बभूवात्र मतं च शैवं योध्यात्मवादस्य पराविभूतिः ।
गंगावतारश्च बभूव पूर्वं सा चन्द्रमौलेश्च विहारभूमिः ।।२२
गंगात्र गुप्ता वसुगुप्तपादैर्विराजते पर्वतपादमूले ।
गुप्तोक्तशैवेन विभाति विश्वं शिवादभिन्नं तमसः परस्तात् ।।२३
वेदान्तशैवागमयोऽत्र वादो बभूव पूर्वं वसुगुप्तभूमौ ।
शिवोऽत्र शक्तौ प्रतिभासते वै मणौ यथा दीपशिखाविचित्रा ।।२४
आचार्यवर्यो वसुगुप्तभूमौ स्थितोऽधुना लक्ष्मणसन्तवर्यः
शैवागमस्यात्र करोति चर्चां शिष्यैः समन्ताद्बहुभिर्वृतो यः ।।२५
आखूनशाहोऽत्र महेन्द्रजाल विद्बभूव पूर्वं गिरि कुक्षि निर्मिते ।
गृहे वसन्यः प्रमदा जनावृते संकीर्त्यते पर्यमहल्लसंज्ञया ।।२६
उत्तुङ्गतालैः परितः समावृते तालीयमञ्जिल समाह्वये नगे ।
तत्कर्णसिंहस्य नु स्वास्थ्यमन्त्रिणो विराजते पर्वतकुक्षिगं गृहम् ।।२७
सुवाटिका मुग्चलनिर्मितात्र सुनिर्मलैः स्वादुजलैरुपेता ।
सुशोभिता राजगृहेण चश्माशाहीसमाख्या डलपूर्वभागे ।।२८

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१४-४-७५ दिनांके आर्यसमाजस्य शताब्दसमारोहे कविसम्मेलने निर्वाचितम्

गुरुपादोदकम्

श्री जगन्नाथ रिव्यू शास्त्री

(१)

दयानन्दाम्बोधेः समुदितवती ज्ञानलहरी
प्रविष्ठा वेदात्मप्रमदविपिने मार्गणपरा ।
प्रतिष्ठां संयाता विरज गुरुपादोदरुरसै-
र्विकासं संप्राप्ताभिनवशिवसंकल्पचयनात् ॥

(२)

स्मारं स्मारं गुणगणनिधिं ज्ञानविज्ञानमूर्तिं
ध्यायं ध्यायं शमदमपरं ध्वांतपाखण्डभानुम् ।
पायं पायं गुरुवरदयानन्दपादोदकं यौ
श्रद्धाहंसौ परहितपरौ ज्ञानमार्गे कृतार्थौ ॥

(३)

सोऽयं महावैदिक धर्मगोप्ता
स्वातन्त्र्य राज्यस्य पराविभूतिः ।
विद्यावतारो गुरुदेववर्य-
श्चकार सत्यार्थप्रकाशदीपम् ।

(४)

सुकुमारमतीञ्छिष्यान्प्रबोधयितुमञ्जसा ।
चकाराभिनवं शास्त्रं वेदभाष्यं दयानिधिः ॥

(५)

दयानन्दर्षिः संजातष्टंकारनगरे शुभे ।
चतुर्वेदवपुः साक्षात् त्रिदण्डी यतवाक्शुचिः ॥

(६)

विचचार महीमेतां स्वातन्त्र्यस्य विभावसुः ।
पाखण्डप्लावको येन हरिद्वारसमीपतः ॥

(७)

ध्वजः प्रसारितस्तत्र मूर्तिपूजापराङ्मुखाः ।
बभूवुः पण्डिताः सर्वे तस्य दिग्विजये तदा ॥

(८)

शोभामर्हति तेषां वै जन्मवृत्तं महात्मनाम् ।
सुकर्मभिश्शिवो मार्गः संचितो यैर्महात्मभिः ॥

(९)

दयानन्दाङ्घ्रिपद्मस्य मधुपौ मधुपाविव ।
श्रद्धाहंसौ गुरोर्भक्तिं समवायतुरादरात् ॥

(१०)

धन्यं यशस्यंमृषिवर्यजन्म-
नामाङ्कितं तद्धृदये जनानाम् ।
तत्पादपद्मभ्रमरा भवन्ति
जना भवेऽस्मिञ्छ्रद्धया सदैव ॥

(११)

क्वाहं मन्दमतिः क्व सा स्वाचार्यस्य विशालता
शोभामर्हति तस्यैव जीवितं यस्य निर्मलम् ॥

(१२)

अहो भाग्यमहो भाग्यमार्यावर्तनिवासिनाम्
यदनुग्रहेन संपूर्णश्शताब्दः प्रतिपद्दिने ॥

(१३)

पञ्चसप्ताधिकेऽप्यूनर्विंशे क्रिस्तोरशुभे दिने ।
आर्यसमाजस्य शताब्दोऽद्य समाप्तो नववत्सरे

(१४)

श्रद्धाञ्जलिं समाजस्य शताब्द्यां कविसंगमे
दयानन्दाङ्घ्रिपद्मेषु जगन्नाथः समर्पति ॥

—०—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मानव सौभ्रात्रम्

श्री तेलकपल्लि रामचन्द्र शास्त्री

(१)

सौभ्रात्रं यदि लभ्यते सुजनता साध्यं परं मानवै-
र्यैस्तैर्षां न भवंत्यकीर्तिनिलयाः कामादयो दुर्गुणाः।
दम्भाद्याश्च ततो भवंत्यनुपमंश्व श्रेयसं लघ्वत
स्सौभात्रं लभतार्थदं हितकरं भो! भारतीया जनाः॥

(२)

सौभ्रात्रेण समत्वधीस्सुमहिता तस्याः कृपा प्राणिषु
दातृत्वं तत आदरो जनकृतस्तस्माद्यशस्सुस्थिरम्
तस्मात्सौख्यमुदेत्यनन्य सुलभं पुंसामतो धीमतां
तत्सौभ्रात्रमलं लभध्वमतुलं भो! भारतीया जनाः॥

(३)

पार्थक्योपगतौ जनाहितकरौ सौभ्रात्रमाहात्म्यत
स्सायुज्यं समुपेत्य गन्धकरसौ शुद्धौ सुयोगान्वितौ
यल्लोकामयजालवञ्चनचणौ जातावतस्सुस्थिरम्
सौभ्रात्रं भजतार्थदं हितकरं भो! भारतीया जनाः॥

(४)

नाना शास्त्रकृतश्रमैः कुशलिभिर्नित्यैक पत्नीरतैः
कौन्तेयैरहिताः परस्परपतत्सौहार्दहीनाः खलाः
सौभ्रात्रेण रणे हि येन कुटिलास्सर्वेजिताः कौरवा
स्तत्सौभ्रात्रमलं लभध्व मधुना भो! भारतीया जनाः

(५)

रामस्सत्यपराक्रमोऽपिबलवान्शस्त्रास्त्रयुक्तोऽपि स-
न्सुग्रीवादिसमस्तवानरततेस्सौभ्रात्रमेकं विना।
सौमित्रेश्चदशाननंजितजगघ्घंतुंयतो नाऽशकत्
तत्सौभ्रात्रमलं लभध्वमतुलं भो! भारतीया जनाः॥

(६)

अस्मद्देशरसा समाक्रमण धीलब्धाऽनय प्राभव!
त्यक्तप्राणि भयान्हिया विरहितान्देशापहारोद्यतान्
सौभ्रात्रेण वयं जयाम सहितायेनद्विपास्सायुधान्
तत्सौभ्रात्रमलं लभध्व मधुना भो! भारतीया जनाः

(७)

अंभोजं रविणा जलेन च समं सौभ्रात्र मेत्यान्वहम्
स्वच्छंदंविकसल्लसज्जनशिरोधार्यं सुगंधान्वितम्
पूजार्हं मधुपातिथिप्रियकरं जातान्वतस्सुस्थिरम्
सौभ्रात्रं भजतार्थसिद्धिदमलं भो! भारतीया जनाः

(८)

सेनान्यांबुमुचायादेत्य कुशली सौभ्रात्रमेकं सिखी
ज्योतिश्को विबुधो यथा कृषिकृतां वृष्टिं मुदावेदयन्
सानंदं सह पूज्यते बुधजनैर्नित्यं कुमारेण तत्
सौभ्रात्रं लभतार्थदं हितकरं भो! भारतीया जनाः॥

(९)

ये सौभ्रात्रमुपार्जयंति कुशलास्ते धैर्यसंपद्युता-
स्तन्वानाबहुदुर्गुणा विषुरयाच्छार्दूलविक्रीडितम्
स्नाताश्शान्ति सप्तितौ सुख सुधालिप्ताश्च जीवंत्यत-
स्सौभ्रात्रं लभतार्थसिद्धिदमलं भो! भारतीया जनाः॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मई १९७५ से आगे--

महर्षि दयानन्द की विश्वदर्शन को देन

(Contribution of Dayananda to world philosophy)

जयदेव वेदालंकार

अष्टम अध्याय

महर्षि दयानन्द जी के अनुसार मुक्ति के अन्दर जीवात्मा आनन्द को प्राप्त करता है। मीमांसक का यह कहना कि मुक्ति के अन्दर जीवात्मा आनन्द का उपभोग नहीं करता यह ठीक नहीं। क्योंकि मीमांसक इस में हेतु यह देता है कि वहां इन्द्रियां नहीं होती। मोक्षानन्द इन्द्रियों के सुख से भिन्न है क्योंकि इन्द्रियों के सुख अस्थायी हैं और मोक्षानन्द जीवात्मा को जब तक प्राप्त होता है तब तक वह मुक्ति में रहता है। क्योंकि वेद और उपनिषदों में भी मुक्ति अवस्था में आनन्द को स्वीकार किया है। १

न्याय दर्शन के अनुसार मोक्ष दुःख के पूर्णाभाव की अवस्था है वे इसे अपवर्ग कहते हैं अपवर्ग का तात्पर्य यह है कि शरीर और इन्द्रियों के बंधनों से आत्मा का मुक्त होना। दुःख से मनुष्य तभी छूटता है जबकि वह ग्रहण किए हुए जन्म को मनुष्य छोड़ दे और दूसरे जन्म को न ग्रहण करे। कई दार्शनिकों का कहना है कि मोक्ष में आत्मा को नित्य सुख की प्राप्ति होती है किन्तु उन का कहना इनकी दृष्टि में तर्कयुक्त नहीं मालूम देता। परन्तु यह धारणा न्याय दर्शन के सूत्रकार की थी नहीं, ऐसा स्पष्ट प्रतीत नहीं होता। हाँ, न्यायदर्शन के भाष्यकारों का ऐसा ही निश्चितमत है। इनके अनुसार वहाँ नित्य सुख की प्राप्ति होती है इस विषय में कोई भी प्रमाण प्राप्त नहीं होता है।

नित्य सुख की अभिव्यक्ति में कोई हेतु होना चाहिए जिससे कि वह ज्ञान उत्पन्न हो सुख की तरह नित्य ही यदि ऐसा कहा जाये तो संसारी और मुक्त पुरुष में कोई भेद नहीं रह जाता है जिस प्रकार मुक्त पुरुष नित्य सुख तथा उस के ज्ञान से उत्पन्न है उसी तरह संसारी पुरुष में भी ठहरता है क्योंकि दोनों ही सुख नित्य हैं दोनों को नित्य मानने पर धर्माधर्म से उपपन्न सुख-दुःख के प्राप्ति काल में नित्य सुख तथा उसके नित्य ज्ञान का भोग पद्य में ही ग्रहण होना चाहिए।

सुख को नित्य और उसकी अभिव्यक्ति को अनित्य मानने में कोई हेतु बतलाना चाहिए इस प्रकार की अभिव्यक्ति में आत्मा और मन का संयोग तो कारण नहीं बन सकता है इस लिए कोई दूसरा कारण मानना पड़ेगा। अगर धर्म को नित्य सुख की अभिव्यक्ति की अनित्यता में अन्य निमित मानेंगे तो इस के लिए भी कोई हेतु होना आवश्यक है। जिससे यह धर्म निमित्त के रूप में पैदा हो सके। यदि योग सामाधिजन्य धर्म को हेतु माना जावे तो उस धर्म में कार्य व्यापार के अभाव से सर्वक्षय हो जाता है। सर्वक्षय होने पर सुख की अभिव्यक्ति की भी निवृत्ति हो जायेगी। यदि ऐसा कहो कि सुख तो है परन्तु धर्मक्षय से उसका अनुभव नहीं बन सकता। ऐसा मानने पर सुख है और सुख नहीं है इन दोनों में कोई अन्तर नहीं रह जावेगा।

१– यत्र आनन्दाश्च मोदाश्च – –

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उत्पत्ति धर्मक होने से वह धर्मक्षीण नहीं होता ऐसा अनुमान नहीं किया जा सकता क्योंकि ऐसा सर्वमान्य है कि जो जो उत्पत्ति धर्मक हैं वे अनित्य भी हैं१, संवेदन हेतु के नित्य मानने पर मुक्त तथा संसारी में कोई अन्तर ही न रह जावेगा ऐसा पहले हम बतला चुके हैं जिस प्रकार मुक्त पुरुष का सुख व सुख संवेदन हेतु की नित्यता से नित्य है क्योंकि वहाँ सुख संवेदन की समाप्ति नहीं होती । यही हालत संसारी पुरुष के सुख व सुख संवेदन की माननी पड़ेगी । इस प्रकार मानने पर धर्माधर्म से उत्पन्न सुख-दुःख की उपलब्धि-काल में नित्य सुख व नित्य संवेदन का यौगपद्य ही स्वीकार करना पड़ेगा ।

यदि उस संवेदन में देहादि सम्बन्ध प्रतिबन्धक हेतु हैं तो शरीर आदि के उपभोगार्थ होने से प्रतिबन्धक नहीं बन सकते तब मुक्त सुख की नित्यता की तरह देहादि के नित्यत्व का अनुमान करना होगा जो कि शास्त्र के विरुद्ध है। कई के मत में संसारी मुक्त पुरुष का शरीरादि सम्बन्ध नित्यसुख संवेदन हेतु का प्रतिबन्धक है । अतः संसारी और मुक्त पुरुष के सुख संवेदन में समानता नहीं परन्तु यह बात ठीक नहीं, क्योंकि उसी शरीर को पहले उपभोग साधन व फिर प्रतिबन्धक मानना ये दो बातें एक साथ नहीं बन सकतीं ।

यदि कोई आगम भी है कि मुक्त पुरुष को सुख होता है तो सुख शब्द वहाँ आत्यन्तिक दुःखाभाव में प्रयुक्त हुआ माना जावेगा । क्योंकि प्रायः लोक में दुःखाभाव में सुख शब्द का प्रयोग देखा जाता है जैसे कि एक मनुष्य धूप में भार उठाकर चलता हुआ किसी वृक्ष की छाया पाकर बैठ जाता है और बोझ नीचे रख देता है और कहता है कि मैं सुखी हो गया हूँ । इस उदाहरण में भी केवल दुःखाभाव ही है । क्योंकि वह व्यक्ति भार से दुःख अनुभव कर रहा था वृक्ष के नीचे आने से और भार उतारने से उक्त दुःख की निवृत्तिमात्र है न कि किसी नवीन सुख की प्राप्ति । इसके साथ ही नित्य सुख में राग के बने रहने पर मोक्ष की प्राप्ति नहीं होगी । क्योंकि राग से बन्धन होता है । इस विषय में सब एक मत हैं अर्थात् यदि कोई मनुष्य मोक्ष की इच्छा सुख की प्राप्ति के लिए करेगा तो सुख के प्रतिराग होने से उसको मोक्ष की प्राप्ति नहीं होगी ।

उपरोक्त हेतुओं से हमें ज्ञात होता है कि मोक्ष में दुःखाभाव के साथ साथ सुखाभाव भी होता है, मोक्ष में जो दुःखाभाव होता है उसका यह तात्पर्य नहीं कि कुछ काल के लिए दुःख दूर हो गया । जैसा कि अत्यधिक निद्रा के समय या किसी शारीरिक अथवा मानसिक रोग के कष्ट से मुक्त होने के पश्चात् होता है। इस अवस्था में तो दुःख का सब प्रकार से अन्त हो चुका होता है । इस दुःख विनाश के लिए आत्मा और शरीर का सम्बन्ध तोड़ना ही पड़ता है तभी तो प्रिय और अप्रिय वस्तुओं से सम्पर्क टूटेगा । इसी लिए गौतम मुनि ने कहा है दुःख जन्म आदि का अत्यन्त छूटना अपवर्ग है१ । यह नितान्त अनुभूति-हीन या बिल्कुल संसार से परे की अवस्था है । धर्म ग्रंथों में इसे अभय, अजर और मृत्यु से रहित पद की अवस्था कहा है२ ।

१– यत् यत् उत्पत्ति धर्मकं तत्तत् अनित्यम्

१– तदत्यन्त विमोक्षोऽपवर्ग १।१।२२ न्यायदर्शन।

२– अभयमजरमृत्युपदम् (धर्मशास्त्र) ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उपरोक्त कथनानुसार मुक्ति में दुःखाभाव होता है ऐसा कहा गया है । परन्तु यदि इस विवेचन का सूक्ष्म दृष्टि से अवलोकन किया जाये तो सुख की प्राप्ति अथवा दुःखाभाव, ये दोनों पद विरोधी नहीं प्रतीत होंगे, क्योंकि न्याय दर्शन ने मीमाँसक की तरह यह नहीं माना कि वहाँ इन्द्रियाँ नहीं हैं इस लिए सुख नहीं होगा अपितु जन्म व मरण रोग अपना व्याधि से छूट कर जीवात्मा परब्रह्म के आनन्द में विचरेगा। जब परब्रह्म के आनन्द में जीवात्मा विचरेगा तो वहाँ पर उसे मोक्षानन्द प्राप्त नहीं होगा ऐसा कहना कुछ उचित सा प्रतीत नहीं होता । किसी व्यक्ति के भार वाले दृष्टान्त से भी यह सिद्ध होता है कि उसके भार के उतारने पर उसे सुख और शीतल छाया की अनुभूति होती है चाहे वो दुःख का अभाव ही क्यों न हो । आनन्द की अनुभूति तो होती ही है। इन दोनों प्रकार के विवेचनों में हमें केवल कहने मात्र का अन्तर दिखाई देता है ।

वैशेषिक दर्शन में मुक्ति का वर्णन न्याय दर्शन की ही तरह है । अतः उसका यहाँ पर वर्णन करना प्रबन्ध के कलेवर को ही बढानामात्र होगा ।

साँख्य दर्शन के अनुसार जब तीनों दुःखों का अत्यन्त नाश हो जाता है तो आत्मा की कृतकृत्यता होती है[1] । आत्मा का प्रकृति के सम्पर्क में आना शरीरादि का धारण करना भोग और अपवर्ग के लिए होता है। भोगों को भोगता हुआ आत्मा आध्यात्म की ओर प्रवृत होने पर जब स्वरूप का साक्षात्कार कर लेता है तो कृतार्थ हो जाता है। अपने लक्ष्य को पहुँच जाता है। बहुत सारे दुःखों की निवृत्ति तो भोगकाल में ही हो जाती है किन्तु दूसरे दुःख आ घेरते हैं । आत्म साक्षात्कार हो जाने पर प्रकृति से आत्मा का सम्बन्ध छूट जाता है तब दुःखों का आना जाना हमेशा के लिए छूट जाता है। यही मुक्त अवस्था है यही पूर्ण पुरुषार्थ है ।

इसपर आक्षेप किया जा सकता है कि दुःख निवृत्ति के साथ सुख भी चला जाता है तब दुःख निवृत्ति को मुक्ति न मानकर सुख की प्राप्ति को मुक्ति क्यों न माना जाये ?

इस आक्षेप के उत्तर में कहते हैं कि जिस प्रकार मनुष्य को दुःख से द्वेष होता है उसी प्रकार की अभिलाषा सुख को पाने की नहीं होती[1] । संसार में चारों ओर दुःख ही दुःख पाते हैं अतः मनुष्य चाहता है कि दुःख दूर हो जायें। दुःख दूर होने पर आगे सुख मिले या न मिले परन्तु उस विषय में उसकी भावना नहीं होती । सांख्य में सुख शब्द विषय वासनाओं की ओर संकेत करता है। विषय वासनाओं का प्राप्त होना भोग पुरुषार्थ का मिलना है न कि मोक्ष पुरुषार्थ का । अतः सुख की अभिलाषा करना मोक्ष के पास से दूर जाना है। दूसरी बात यह है कि सुख की मात्रा बहुत ही थोड़ी है। किसी ने तो इसको नहीं के बराबर कहा है। सुख की इच्छा करना भोग की दृष्टि से धन सम्पत्ति की इच्छा करना है। धन एकत्रित करने के लिए लाखों प्रकार के क्लेश सामने आते हैं । अतएव मोक्ष की इच्छा वाले दुःख निवृत्ति की भावनाओं के साथ इस सुख को घृणास्पद दृष्टि से देखते हैं। कहीं पर यदि मामूली

१– अत्यन्तदुःख निवृत्या कृतकृत्यता (सांख्य दर्शन ६।५) ।

१–यथा दुःखात् क्लेशः पुरुषस्य न सुखादभिलाषाः (सांख्य ६।६)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सा सुख होता भी है तो वह दुःखों से घिरा होता है। इसके अनुसार दुःखों की निवृत्ति हो जाने पर ब्रह्मानन्द की प्राप्ति स्वतः हो जाती है। दुनियाँ के यदि सारे सुख भी इक्ट्ठे हो जायें तो भी उस मोक्षानन्दानुभव का मुकाबला नहीं कर सकते। इस पर यदि कोई कहे कि आत्मा तो निर्गुण है असंग है फिर उसका सुखी और दुखी होना कैसा१? जो स्वभाव से सुख दुःख से परे है उसके लिए दुःख की निवृत्ति का क्या तात्पर्य है। इस प्रश्न के उत्तर में कहते हैं कि सुख दुःख आदि सत्व रजस् आदि के विकार तो हैं ही किन्तु इनकी अनुभूति आत्मा को होती है। इस का कारण अविवेक है यह अविवेक तब तक बना रहता है जब तक पुरुष को यथार्थ स्वरूप का साक्षात्कार न हो जावे। यह भी पुरुषार्थ का एक रूप है। पर पुरुषार्थ की प्राप्ति के लिए अविवेक को हटाना होता है। अतएव परम पुरुषार्थ अवस्था दुःखरहित अवस्था है।

पुरुष को जब अपने स्वरूप का ज्ञान हो जाता है तो वह फिर प्रकृति के सम्पर्क में नहीं आता। यही अपवर्ग है। जो आत्मा मुक्त नहीं हुए प्रकृति उनसे उदासीन नहीं होती वह बराबर कार्य रूप में परिणत होती जाती है। विवेक ज्ञान हो जाने से जो आत्मा मुक्त हो जाता हैं उसके लिए प्रकृति की प्रवृत्ति का कोई प्रयोजन नहीं होता। अतः उनकी दृष्टि से कह दिया जाता है कि प्रकृति अपनी प्रवृत्ति से विरत हो गई। जिन को विवेक ज्ञान नहीं होता उसके लिए संसार इसी तरह चलता जाता है। मुक्तात्मा पर प्रकृति का प्रभाव उसी प्रकार नहीं पड़ता जैसे एक नर्तकी का तृप्त हुए सभासदों पर नहीं पड़ता। नर्तकी जब नृत्य करने के लिए रंगमंच पर आती है तो दर्शकगण बहुत उत्सुकता से उसके नृत्य की प्रतीक्षा करते हैं। किन्तु जो उसके नाच से तृप्त हो चुके होते हैं उन में उत्सुकता लेशमात्र भी नहीं होती। वे सभा स्थान को छोड़ कर चले जाते हैं और उस नृत्यप्रदर्शन से कोई सम्पर्क नहीं रखते यद्यपि अब भी नर्तकी नृत्य दिखाने में संलग्न है यह बराबर अपने काम में प्रवृत्त है। किन्तु जो उस की कला विशेषता को जान चुका है वह नर्तकी के लिए किसी प्रकार की रुचि नहीं रखता१।

उपरोक्त उदाहरण को सूत्रकार दूसरे रूप से समझाता है। जैसे एक कुल बधू अपने किसी बड़े दोष के प्रकट हो जाने पर लज्जाशील बन जाती है और अपने स्वामी के सामने तक नहीं आती ऐसे ही प्रकृति अपने दुःखात्मकता आदि दोषों को जान लिए जाने पर मुक्त आत्मा के सामने नहीं आती जब आत्मा मुक्त हो जाता है अथवा आत्मा को विवेक हो जाता है तो उसी समय शरीर नष्ट नहीं होता। विवेक ज्ञान इकट्ठे किए हुए कर्मों का तो नाश कर देता है किन्तु जो कर्म प्रारम्भ कर चुका होता है उसका नाश नहीं कर पाता। उनका नाश तो फल के बाद ही होता है। अतः जब शुरु किए हुए कर्मों से उत्पन्न भूख प्यास निन्द्रा आदि का क्रम चलते रहने से विवेक अवस्था में भी कुछ भोग की अवस्था चलती रहती है।

क्रमशः

१–असगोहि अयंपुरुषः साक्षीचेतः केवलो निर्गुणश्च (साँख्याकारिका)

१–नर्तकीवत् प्रवृत्तस्यापि निवृत्तिश्चारितार्थ्यात्। (३।६९ साँख्य दर्शन)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'निर्व्रणानि अगदानि च फलानि ग्राहयेत्

—चरक

फल देख-जाँचकर खाइये

आचार्य ब्रह्मदत्त शर्मा आयुर्वेदालंकार, २८५।१३।सी·४बी, जनकपुरी, नयी दिल्ली ५८

बात लगभग ४० वर्ष पुरानी है। इन पंक्तियों का लेखक तब गुरुकुल विश्वविद्यालय काँगड़ी (हरिद्वार) के आयुर्वेद महाविद्यालय का छात्र था। प्रिन्सिपल थे, श्री डाक्टर गोपाल रामचन्द्र ताम्बे—राजकीय सेवा से निवृत्ति प्राप्त कुशल सर्जन—शल्यशास्त्री। वय से 'साठा सो पाठा' के ज्वलन्त प्रतीक एवं कर्मठता में युवकों को भी लजा देने वाले। वयःज्ञान एवं प्रौढ अनुभव में वृद्ध, परन्तु आदर्शों एवं संस्थाविकास—मनोरथों में युवा। और इतने पर भी स्वप्नलोक-विहारी विहंगम नहीं, अपितु ठोस धरातल के पदचारी एवं सीमाओं—समस्याओं—कठिनाइयों के प्रति पूर्णतया सजग। धुन के धनी और बाधाओं से जूझने—जीतने की अजेय उमंग से पूर्ण। उनका कर्मकलाप एवं जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा एवं जीवनादर्श का स्रोत था। निपट भोर में उठने के बाद वे रात्रि तक, मध्याह्न भोजन एवं आध घण्टे के विश्राम के अतिरिक्त, खाली नहीं रहते थे और अपने साथ सभी को किसी न किसी काम में जुटाये ही रखते थे।

अत्यधिक सक्रिय, कर्मठ, कर्मदक्ष एवं क्रियात्मक व्यावहारिक (तथापि सहृदय) होने के साथ-साथ डा० ताम्बे आहार-विहार-व्यवहार की छोटी-छोटी बातों के प्रति भी पूर्ण सजग रहते थे। उन्हीं की एक छोटी सी, परन्तु शिक्षाप्रद, घटना नीचे की पंक्तियों में प्रस्तुत की जा रही है—

हाँ तो, बात लगभग ४० वर्ष पुरानी है। दिन यही शायद ग्रीष्म—ऋतु के थे। कालेज से सम्बद्ध 'श्रद्धानन्द सेवाश्रम' के 'शल्यक्रियाभवन' (आपरेशन—थियेटर) में आपरेशनों से निपटने के बाद तथा समीपवर्ती गंगनहर में तैरकर ताजगी प्राप्त करने के बाद लगभग २॥ बजे जब डा० ताम्बे भोजन की मेज पर बैठे तब उनके सामने अन्यान्य आहार के अतिरिक्त एक स्वस्थ-सुपुष्ट सुपक्व पपीता भी परोसा गया। उस पपीते को जब उन्होंने आधा काटा तो उसके मध्यवर्ती बीजावकाश में एक उभार पाया। उन्होंने उसे नहीं खाया और तत्काल दोनों गोलार्द्धों को यथाविधि एक मर्तबान में सुरक्षित करके समूचा विवरण लिख दिया। सम्भवतः अभी तक कालेज के 'विकृति'—संग्रहालय में वह नमूना विवरणसहित रखा होगा।

उस पपीते को न खाने का कारण? बिना खाये सुरक्षित रखने का प्रयोजन? और, सुरक्षा-मर्तबान पर लिखित विवरण?—यह सब क्या था?

डा० तांबे के अपने शब्दों में—'पपीते के भीतर का यह उभार 'अर्बुद' (ट्यूमर) है। अर्बुदग्रस्त यह पपीता विकृति-युक्त होने के कारण अखाद्य है और छात्रों को इस विकृति को दिखाने समझाने के लिए 'विकृति—संग्रहालय में पूर्ण विवरण के साथ रखा जा रहा है।

यह घटना तो बड़ी छोटी-सी है, परन्तु इससे मिलने वाली शिक्षा बड़ी महत्वपूर्ण एवं व्यापक है। शिक्षा का आधार यही है कि रोग एवं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विकृति से पूर्ण फल एवं अन्य भोजन शरीर में विकृति एवं व्याधि ही करेगा। अर्बुदयुक्त फल से शरीर में अर्बुद१, अतिवृद्धि (हाइपरट्रौफी)२ अतिभूति (हाइपरप्लाजिया)३, विषाणुसंक्रमण४, अनूर्जता (ऐलर्जी)५ आदि विकार होने की आशंका है। अतः ऐसे फल का सेवन नहीं करना चाहिये।

'अर्बुद' एक विकृति है, जिसकी उत्पत्ति किसी चिरस्थायी क्षोभ के कारण शोथ प्रवृद्धि रूप वैकृत प्रतिक्रिया के रूप में होती है। और अर्बुद-जनक क्षोभ के अनेक ज्ञात-अज्ञात-कारणों में से विषाणु एक प्रबल एवं महत्वपूर्ण कारण है। ये विषाणु अत्यन्त सूक्ष्म होते हैं; यहां तक कि सूई की नोक के क्षेत्र में जहाँ अनेकों—सैकड़ों कोशाणु समा सकते हैं, वहाँ प्रत्येक कोशाणु के गात्र में हजारों-लाखों विषाणु समा सकते हैं। इनके व्यास का मापन 'मिलिमाइक्रोन' (१माइक्रोन=१ मिलिमीटर का दस-लखवाँ भाग) की इकाई में होता है, इसीलिए इन्हें देख पाने के लिए बड़े शक्तिशाली 'इलैक्ट्रोन-माइक्रोस्कोप' की आवश्यकता पड़ती है यह विषाणु जहाँ इतना सूक्ष्म होता है वहाँ शक्तिशाली एवं धृष्ट भी बहुत होता है। प्रायः वायु-जल-दुग्ध-खाद्यपदार्थ धूल आदि के माध्यम से इसका प्रसार होता है। मक्खी- मच्छर- पिस्सू- खटमल- जूं आदि आदि वाहक कीटादिक भी इसके प्रसारमाध्यम का कार्य करते हैं,ऐसी भी कइयों की मान्यता है। तथा कई लोग स्वस्थ त्वचा में से भी इसका अन्तः प्रवेश सम्भव मानते हैं। विषाणु की एक अन्य विशेषता बहुत ही अद्भुत है। वह यह कि विषाणु की स्थिति सजीव निर्जीव तत्वों के सीमा-स्थल पर होती है, अर्थात् कुछ विषाणु तो ऐसे हैं जो सजीव होने के कारण सजीवता की इकाई 'अमीबा' के समान गति-सात्मीकरण-मलमेचन-प्रजनन-आदि जीवन-धर्मों से युक्त होते हैं तथा कुछ अन्य विषाणु रासायनिक द्रव्यों के स्फटिक बनाने की विशेषता रखते हैं। ऐसे सूक्ष्म-शक्ति-शाली-व्यापक-धृष्ट-विविधधर्मी-विचित्र विषाणुओं के कारण मानस शरीर में होने वाली व्याधियों के कुछ उदाहरण ये हैं——

---

१. **'अर्बुद'** (ट्यूमर) का अर्थ है, नये तन्तु का ऐसा पिण्ड जो अपनी परिवर्ती रचनाओं से स्वच्छन्द रूप में बढ़ता और बना रहता है और जो शरीर के लिए उपकारी नहीं होता।'

२. **'अतिवृद्धि'** (हाइपरट्रौफी) का अर्थ है, 'किसी अवयव या उसके किसी भाग के घटक कोशाणुओं के आकार-परिणाम में होने वाली अधिक वृद्धि या विकृत वृद्धि।'

३. **'अतिभूति'** (हाइपरप्लाजिया) का अर्थ है, किसी तन्तु के प्राकृत कोशाणुओं की प्राकृत व्यवस्था में रहते रहते वैकृत संख्यावृद्धि होना।' (Hyperplasia)।

४. **'विषाणु-संक्रमण'** (वाइरस-इन्फैक्शन, Virus-infection)

५. **'अनूर्जता'** (Allergy) एक प्रकार की अतिसांवेदनिकता है जिसके कारण अधिकांश व्यक्तियों के लिए हानिरहित सिद्ध होने वाले किसी द्रव्य के विपरीत किसी व्यक्ति में विशिष्ट प्रकार की अतिशयित एवं असामान्य प्रतिक्रिया होती है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वातकफज्वर (इन्फ्लूएंजा) १, शीतला २, रोमान्तिका ३ विस्फोटिका ४, कुक्कुरकास ५ पोलियो ६, अलर्करोग ७ या जलसन्त्रास ८, आदि। सज्वर कामला में पायी जाने वाली यकृच्छोथ ९, का मुख्य कारण विषाणु ही होता है। जहाँ अर्बुदजनक विषाणु की उपस्थिति या करतूत उस पपीते में स्थित अर्बुद से ही अनुमानित हो जाने के कारण हमने उस पपीते के त्याग द्वारा उस अर्बुद, के अतिरिक्त तज्जनक विशिष्ट विषाणु से अपना बचाव कर लिया, वहां अन्य प्रकार के विषाणुओं के भी कुछेक चिन्ह उपलब्ध होते हैं और उन्हें देखकर हमें तत्-तत् विषाणु से बचाव के लिए उस फल-सब्जी-आदि का त्याग कर देना चाहिए। उदाहरणार्थ–बहुधा हम देखते है कि भिण्डी या तम्बाकू के पत्ते साफ फैले रहने के बजाय किसी-किसी पौधे में मुड़े-तुड़े-मुचड़े हुए से होते हैं या उनके पृष्ठ पर एकसम फैली हरीतिमा के बजाय चितकबरापन उत्पन्न हो जाता है, यह एक विषाणुजनित व्याधि है जिसे 'चित्रकुट्टिम-व्याधि' (मोजेक-डिसीज) १०, कहते हैं। ऐसे व्याधित पत्ते में से हम विशेष विधि द्वारा उस विषाणु के स्फटिक भी प्राप्त कर सकते हैं। ऐसी भिण्डी या तम्बाकू के सेवन से उस विषाणु का संक्रमण हो जायगा। सेव--अमरूद–आम आदि फलों में इस व्याधि के कारण चितकबरापन या चित्रकुट्टिय (मोजक)-रचना देखते ही हमें उसे त्याग देना चाहिए।

फलों-सब्जियों में व्याधियां केवल विषाणु के कारण ही नहीं होती; अपितु कुछ विशिष्ट वैकृत फफूंदियों ११ के कारण भी होती हैं। उदाहरणार्थ आलू में हरापन एक विशिष्ट फफूंदी से होता है, ऐसे आलू को नहीं खाना चाहिए। गेहूं तथा जई आदि शूकधान्यों में फफूंदी के प्रभाव से ही अर्गट १२ सदृश प्रबल विष उत्पन्न हो जाता है। पिछले दिनों महाराष्ट्र में जो राशन-वाला बाजरा खाने से जो वमन-अतिसार-उदरशूल-मूर्च्छा एवं मृत्यु तक के लक्षण व्यापक रूप में पाये गये थे, उनका भी कारण फफूंदी-संक्रमण ही था। मकई आदि में भी फफूंदी–संक्रमण से मसूड़े–जीभ-तालु-महास्रोतस में शोथ-पाक-छाले-आदि के दुष्परिणाम होते पाये जाते हैं। गले-सड़े आम-अलूचे- आलू-बुखारे-सेव-अंगूर-अमरूद आदि में भी इसी कारण विकारजनकता आ जाती है। फलों या सब्जियों के पृष्ठों पर या भीतरी मज्जा में अथवा छिलकों के ठीक नीचे ये फफूंदियां हरे या सुनहले या पीले या श्यामल से वर्ण में स्थित होती हैं। अतः ऐसे वर्ण की अस्वाभाविक रूप में स्थिति को देख कर तथा गले-सड़े-पिलपिले स्वरूप को देखकर फफूंदी का अनुमान हो सकता है। सूक्ष्मदर्शक यन्त्र द्वारा परीक्षा करने पर निश्चय हो जाता है, स्वाद में बकबकापन, खटास, आदि के द्वारा भी इस विकृति का निश्चय हो सकता है। ऐसे पूति-

---

१. Influenza (वातकफज्वर)। २. शीतला=Small-pox। ३. रोमान्तिका=Measles
४. विस्फोटिका=Chicken-pox। ५. कुक्कुरकास=Whooping cough। ६. पोलियो=Anterior Poliomychitis। ७. अलर्क=Rabies। ८. जलसन्त्रास=Hydrophobia।
९. Virus Hepatitis=विषाणुजनित यकृच्छोथ।
१०. चित्रकुट्टिम–व्याधि=Mosaic-disease। ११. Pathogenic fungi। १२. Ergot।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मय फल आदि का सेवन नहीं करना चाहिये ।१ पर्युषित (बासी) भोजन में भी ऐसी ही फफूंदी के विकार के कारण बकबकापन-खटास-आदि की खराबी उत्पन्न हो जाती है, जिसके बढ़ने पर बुलबुले भी बनने लगते हैं जो विदग्ध होने के प्रतीक होते हैं; ऐसे विकृत पर्युषित अन्न को पुनः गरम करने पर विदग्धता बढ़ जाती है क्योंकि फफूंदी आदि को उस उष्णता के कारण और भी बढ़ने में सहायता मिलती है—इसलिए आयुर्वेद में पर्युषित एवं पुनरुष्णीकृत भोजन को निषिद्ध बताया गया है ।२

केवल विषाणु और फफूंदी ही नहीं, विविध जीवाणु-कीट-पतंग-आदि के कारण भी फल-सब्जी आदि में क्षोभ-शोथ-अर्बुद-गुल्म आदि विकार हो जाते हैं, ठीक वैसे ही जैसे हमारे शरीर में उत्पन्न होते हैं । गूलर या अंजीर का फल चीरकर देखने पर उसमें छोटे-छोटे कीट बहुधा पाये जाते हैं । ये उस फल के पौष्टिक अंश को खाकर पलते-पनपते हैं, फलतः इसकी अधिकता के साथ-साथ फल की उपयोगिता घटती जाती है । इन सपक्ष कीट-पतंगों से भिन्न कुछ सर्पिल (रेंगने वाले) कीट भी होते हैं जैसे अमरूद-भिण्डी-बैंगन-आदि में पाये जाते हैं और उन्हें विकृत-विरस-विगन्धी-विवर्ण-पूति-हानिकर बना देते हैं । इसीलिए आयुर्वेद में औषध-अन्न-फल-शाक-आदि द्रव्यों की ताजगी एवं उत्तमता-उपादेयता की अनेक पहचानों में से एक यह भी बतायी है कि जन्तु-कीट-पतंग-आदि द्वारा उनके गन्ध-वर्ण-रस-स्पर्श-प्रभाव आदि उपहत न हों ।३ (संक्लिष्टं क्रिमिव्यालहिमातपैः । क्लिन्नं यत् स्यात् फलमसाधु तत्' ।।

(च.सू.।२७।३१७)

सूक्ष्म क्रिमि-कीट-जन्तु-आदि सदा फल-सब्जी-आदि की भीतरी विकारी अवस्था के कारण पलते-बढ़ते-पनपते हैं, परन्तु होते वे 'आगन्तु' ही हैं, अर्थात् बाहर से आते हैं और फल आदि में नैर्बल्य-पाण्डुत्व-हरितत्व-आमत्व-ह्रस्वत्व-अरसत्व-विरसत्व-शुष्कत्व-क्लिन्नत्व आदि विकार४ या हीनताएं पाकर पनपते हैं । फल-आदि पर अभिघात-आदि के प्रभाववश तथा आतप-अग्नि-

---

१ (क) 'अपूतीनि निर्व्रणान्यगदानि च' (फलानि ग्राहयेत्)—चरक।चिकि०।१।१।४०।

(ख) 'पूति चान्नं विवर्जयेत् ।'—सुश्रुत।सूत्र । ४६।४७७।

२ (क) 'द्विष्टं व्युषितमस्वादु पूति चान्नं विवर्जयेत् शीतमन्नमुष्णीकृतं पुनः ।।' —सुश्रुत।सूत्र।४६।४७७

(ख) 'पुनरुष्णीकृतं न च ।' (अष्टांगहृदय।सूत्रस्थान)

३ (क) '..... जन्तुभिरनुपहत गन्धवर्णरसस्पर्श-प्रभावाणि प्रत्यग्राणि' (औषधानि)-चरक।क. १।१०

(ख) '..... कीटैरस्पृष्टम् (भेषजम्)— चरक।कल्प।१२।५३।

(ग) '...अक्रिमीणि अपूतीनि अजन्तुजग्धानि.. (मदनफलानि)—चरक।कल्प।१।१३।

(घ) 'सक्लिष्टक्रिमिव्यालहिमातपैः।..क्लिन्नं यत् स्यात् फलमसाधु तत् ।।'— चरक।सूत्र।२७।३१७।

(ङ) 'क्रिमिवातातपहतं....शाकं वर्ज्यम्.. च.।सू.।२७।३१६-आदि ।

४ (क) 'यानि...अहरितानि पाण्डूनि... अह्रस्वानि...(मदनफलानि)' --चरक-कल्प-१।१३

(ख) 'शुष्कं जीर्णमनार्तवम् । शाकं..वर्ज्यम् चरक।सूत्र।२७।३१६।

(ग) '..आमं..।..क्लिन्नं यत् स्यात् फलमसाधु तत् ।।' चरक।सूत्र।२७।३१७।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जल-वायु आदि के कारण२ भी क्रिमि-कीट आदि को फल में अपने पनपने की अनुकूलता मिलती है, इसीलिए इन सब अवस्थाओं वाले फल-सब्जी आदि का भी निषेध आयुर्वेद में किया गया है।

यद्यपि ये क्रिमि-कीट-आदि बाहर से ही फल में आते हैं, परन्तु इनके प्रवेशमार्ग इतने सूक्ष्म होते हैं कि बहुधा नेत्र से नहीं दीखते। तथापि अनेक बार ये प्रवेश मार्ग स्थूल होने के कारण छिद्रों के रूप में नेत्र से देखे जा सकते हैं। तब इस प्रकार के बिद्ध फल आदि को 'काण' (काणा) कहते हैं। सेव-अमरूद-खुमानी-आम-आलूबुखारा-भिण्डी-बैंगन-आदि में ऐसे 'काणत्व' के चिन्ह बहुधा पाये जाते हैं और भीतर सर्पिल कीट भी देखे जा सकते हैं। ऐसे 'काण' फल-आदि का भी सेवन नहीं करना चाहिये३। 'काणत्व' के सम्बन्ध में एक अवधेय तत्व यह है कि अनेक बार ये 'काण'-छिद्र वस्तुतः काँटे आदि की चुभन के कारण बने होते हैं। परन्तु तब भी सावधानी रखना आवश्यक है।

जिस प्रकार मानव-शरीर पर ऊष्मा-शैत्य-प्रवात-जलक्लेद-धूम्र-विकिरण-आदि के प्रभाववश सूर्यांशुघात४-प्लुष्ट५-ऊष्मघात६-दग्ध७-हिमदग्ध८-अशनिदग्ध ९-क्षकिरणदग्ध १०-विकिरणदग्ध ११-धूमोपहतत्व१२-क्लेद-कोथ१३ आदि विकार उत्पन्न होते हैं, इसी प्रकार इनके प्रभाव से फल सब्जी-वनस्पति-अनाज आदि भी विकृत-विरस एवं विकारी हो जाते हैं, बल्कि कभी-कभी तो विषोपम बन जाते हैं। बहुधा आम आदि फलों में कुछ अंश गूदे के भीतर ही श्वेत कठोर गुल्मोपम बना मिलता है जो खटीभवन१४ का परिणाम होता है। मानवशरीर की तरह आम्रतन्तु या आम्र-मज्जा का यह खटीभवन भी किसी पूर्ववर्ती अभिघातज व्रण या क्षति१५ के परिणामवश उत्पन्न होता है। स्पष्ट ही ऐसा फल त्याज्य समझना चाहिये। क्या पता उस खटीभवन के पीछे यक्ष्मा विषाणुसंक्रमण - जीवाणुसंक्रमण - व्रणीभवन का कितना इतिहास छिपा पड़ा हो। उसका पूर्ण निश्चय तो अणुवीक्षणयन्त्र आदि द्वारा सूक्ष्म-तन्तुविज्ञानीय परीक्षा१६ ही हो सकता है, परन्तु उस फल के त्याग द्वारा हम बड़े भारी आशंकित खतरे से बच अवश्य जाते हैं।

---

२. तत्र यानि कालजातान्युपागतसम्पूर्णप्रमाणरसवीर्यगन्धानि कालातपाग्निसलिलपवनजन्तुभिरनुपहतगन्धवर्णरसस्पर्शप्रभावाणि प्रत्यग्राणि (औषधानि)' —चरक।कल्प।१।१०।

३(क) 'यानि पक्वान्यकाणानि·· (मदनफलानि)'—चरक।कल्प।१।१३।

(ख) 'निर्व्रणान्यगदानि च।' (फलानि ग्राहयेत्)—चरक।चिकि०।अ०१।पाद१।सू०४०)।

४. सूर्यांशुघात=Sunstroke। ५. प्लुष्ट =Scorching। ६. ऊष्मघात=Heat-stroke ७. दग्ध=Burn। ८. हिमदग्ध=Frost-bite ९. अशनिदग्ध=Electrocuted। १०. क्षकिरणदग्ध=X Rays- Burn। ११. विकिरणदग्ध =Irradiated, Actinic-rays-burn। १२. धूमोपहत=Fumigation-choked। १३. कोथ=Gangrene। १४. खटीभवन = Calcification। १५. क्षति=Lesion। १६. Minute histological-morphological examination.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विकलांग फल भी त्याज्य माना जाता है। ऐसी धारणा प्रचलित है कि विकलांग फल के उपयोग से हम में अथवा हमारी सन्तति में विकलांगता का सूत्रपात होता है, विशेषतया यदि विकलांग फल का उपयोग सगर्भा स्त्री द्वारा हो सो भी खासकर दोहद काल में। इस धारणा की परीक्षा वैज्ञानिक पद्धति से करने के बाद ही पुष्टि की जा सकती है। आयुर्वेद ने गर्भकर भावों माता-पिता-आत्मा एवं सात्म्य के साथ-साथ रस को भी माना है।१ रस आहारज होता है तथा इस प्रकार गर्भ की सम्पत् या विपत् आहार भी कारण सिद्ध होता है। इसीलिए उत्तम-पौष्टिक-सात्विक-विशुद्ध आहार का विधान गर्भिणी के लिए किया गया है। अस्तु, चरक के 'बीजोपतप्तिसिद्धान्त'२ के समान 'रसजगर्भ सिद्धान्त' के आधार पर यह समझने में कठिनाई नहीं होनी चाहिये कि विकलांग फलादि का सेवन गर्भिणी को कराने पर सन्तति विकलांगता की आशंका रहेगी।

अधिकांश फल भी इसी कारण त्याज्य हैं। छंगापन अधिकांगता का उदाहरण है। जुड़वाँ सन्तति भी इसी का एक रूप है। बहुधा केला आदि फल जुड़वा-सन्तति के समान एक में दो इस प्रकार जुड़वाँ रूप में मिलते हैं। ऐसे जुडवाँ या अधिकांश फल नहीं खाने-खिलाने चाहिये।

आधुनिक यूरिया आदि की रासायनिक खादों की अतिमात्रा से भी फ़ल विकृत हो जाते हैं तथा पील रंग लाने के लिए दिये जाने वाले रासायनिक धूम्रों से भी फ़ल में विरसता एवं विषोपमता आ जाती है। इनका भी यथायुक्ति—यथासम्भव परिहार करना आवश्यक है।

उपसंहार :—

आयुर्वेद ने द्रव्य के चार गुणों में से एक गुण सम्पत्'१ या 'सम्पन्नता'२ बताया है। 'सम्पत्' का अर्थ है, क्रिमि-जल-क्लेद-आदि दोषों से रहित एवं उत्तम रस-गन्ध-वर्ण-स्पर्श-प्रभाव आदि से सम्पन्न'।३ उत्तम देश-क्षेत्र-काल आदि में उत्पन्न ऐसे द्रव्य में रस-वीर्य-विपाक-गन्ध-वर्ण-स्पर्श-प्रभाव आदि भी उत्तम होंगे जिससे वे चिकित्सा में भी कार्यकर एवं उपयोगी होंगे।४

---

१. 'रसजश्चायं गर्भः। न हि रसादृते मातुः प्राणयात्राऽपि स्यात्, किम्पुनर्गर्भजन्म। यानि तु खल्वस्य गर्भस्य रसजानि, यानि चास्य रसतः सम्भवतः संभवति, तान्यनुव्याख्यास्यामः; तद्यथा—शरीरस्याभिनिर्वृत्तिरभिवृद्धिः।'चरक।शरीर३।१२।

२. 'यस्य यस्य ह्यंगावयवस्य बीजे बीजभाग उपतप्तो भवति, तस्य तस्यांगावयवस्य विकृतिरुपजायते, नोपजायते चानुपतापात्।'
चरक।शरीर।३।१७।

---

१. 'सम्पच्चेति चतुष्कोऽयं द्रव्याणां गुण उच्यते ॥'—चरक।सूत्र।६।७।

२. 'सम्पन्नं योग्यमौषधम्।'—अष्टांगहृदय। सूत्र।१।२८।

३. 'सम्पदिति क्रिमिसलिलाद्यनुपहतत्वेन रसादिसम्पत्॥'—चक्रपाणि टीका चरक।सू. ६।७।

४. 'द्रव्याणि देशकालगुणभाजनसम्पद्वीर्यबलाधानात् क्रियासमर्थतमानि भवन्ति॥'
६—चरक।कल्प।१।७

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

फल भी द्रव्य हैं। आयुर्वेदोक्त 'सम्पत्' की परिभाषा फलों पर भी लागू होती है। अतः हमें चाहिये कि उत्तम देश-क्षेत्र-काल आदि में उत्तम खाद आदि के द्वारा उत्पन्न तथा क्रिमि-विष शस्त्र-आतप-वायु-अग्नि-जल-तृण-पाषाण-कंकर लोष्ठ-गुल्म-अर्बुद आदि से अदूषित पूतिरहित स्वच्छ ताजा फ़ल ही ग्रहण करें ५ गले सड़े-काणे-व्रणित-अर्बुदादिमय-गुल्ममय - खटीभूत - विकलांग-अधिकांग-विषजुष्ट-रासायनिकधूमोपहत फल यथा-सम्भव न लें।★

५(क) 'तत्र यानि कालजातान्युपागतसम्पूर्णप्रमाण-रसवीर्यगन्धानि कालातपाग्नि-सलिलपवनजन्तुभिर-नुपहतगन्धवर्णरसस्पर्शप्रभावाणि प्रत्यग्राणि' (औषधानि)–चरक।कल्प।१।१०।

(ख) 'क्रिमिविषशस्त्रातपपवनदहनतोयसम्बाध-मार्गैरनुपहतमेकरसं पुष्टं पृथ्ववगाढ-मूलं... औषधमाददीत।'–सुश्रुत।सूत्र ३६।३।

(ग) 'यान्यजग्धान्यपूतीनि निर्व्रणान्यगदानि च।' (फलानि ग्राहयेत्)।–चरक।चिकि०।१।पाद१।४०।

योगिनी वृत्त

हरियाणा प्रदेशान्तर्गत जिला रोहतक में एक ग्राम है लोहार हेडी। वहाँ एक देवी जिनका सन् ३–१२–७३ को सौ वर्ष की आयु पूर्ण करने पर स्वर्गवास हुआ था–एक योगिनी के समान जीवन वृत्त रहा है। इनका नाम था अन्नकौर। ये बचपन से ही परोपकारप्रिय, सत्यनिष्ठ, ईमानदार तथा मधुर-भाषिणी रही हैं। सन्तों, साधुओं तथा विद्वानों का आदर-सत्कार करना, उन्हें भोजन आदि से तृप्त करना इनका परम प्रिय कर्तव्य था। और इन्होंने अस्तेय का बड़ी दृढ़ता से पालन किया। इसी प्रकार अन्य कई सद्गुण इनमें विद्यमान थे। विशेषकर धर्मनिष्ठा तथा ईश्वरभक्ति इनमें अटूट थी।

योगाभ्यास–वृद्धावस्था का आक्रमण होने पर इनकी कमर झुक गई थी और क्षीणता भी काफी आ गई थी, पर जब इनमें यह दृढ़ संकल्प जाग्रत हुआ कि मुझे शरीर ठीक करना है तो प्राणायाम व आसनों द्वारा इन्होंने अपने शरीर को स्वस्थ बना लिया और कमर भी सीधी हो गई।

प्रारम्भ में ये 'ओ३म्' तथा गायत्री मन्त्र का माला द्वारा जप करती थीं। एक वर्ष के पश्चात् जब उनको अजपा जप सिद्ध हो गया तो उन्होंने माला का परित्याग कर दिया। रात्री में प्रतिदिन १, १॥ बजे उठकर नित्य कर्मों से निवृत्त हो अपने ध्यान व योगाभ्यास में बैठ जातीं और प्रातः ६ बजे उठती थीं। अभ्यास में दृढ़ता व निरन्तरता आने पर योगासन व प्राणायाम आदि स्वतः होने लगे थे। योगाभ्यास के दिनों में वे अल्पाहार ही लेती थीं और अभ्यास के खूब परिपक्व होने पर उन्हें सिद्धों के भी दर्शन होने लगे थे। उनसे वार्तालाप आदि के अवसर पर उन्हें कभी-कभी बड़ी अद्भुत हंसी आती थी। यह सब घटनाक्रम प्रायः स्वर्गीय पं० श्री भगवद्दत्त जी बी ए. रिसर्च स्कौलर की कोठी पर पंजाबी बाग दिल्ली में घटित हुआ था। इन माता जी के सुपुत्र श्री सदाराम जी हैं जो कि नैष्ठिक ब्रह्मचारी का व्रत धारण कर योगाभ्यास में रत हैं। ये ऋषिकेश के स्वामी श्री योगेश्वरानन्द (ब्र० वेद व्यास) जी महाराज के शिष्य हैं। यहाँ भी ये माता जी योगाभ्यास करती थीं। इन माता जी के संक्षिप्त वृत्त को पढ़कर हमें भी प्रोत्साहन मिलता है कि हम भी इस मार्ग पर चलकर अपना कल्याण साधें।

देवकरण वानप्रस्थी
आर्य समाज मन्दिर, लोहारहेड़ी, जि० रोहतक (हरियाणा)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नैषधीय चरित में दार्शनिक तत्त्व

कु० अर्चना भार्गव वाराणसी

संस्कृत साहित्य में श्रीहर्ष ही एक ऐसे अद्वितीय विद्वान् प्रतीत होते हैं जिन्होंने कवित्व और दार्शनिकत्व, प्रतिभा और पाणित्य का मनोरम समन्वय किया है। क्लिष्टता और गूढ़ता होते हुए भी श्री हर्ष के विचार हृदय को स्पर्श करने के साथ-साथ सहज ही मानसिक विचारों पर भी आधात प्रतिघात करने में विलम्ब नहीं करते हैं और इसका कारण उनकी अखण्ड तेजोमयी दार्शनिकता है। वैसे तो उनके पूरे ही नैषधीय चरित्र महाकाव्य को कवल एक बार पढ़ने से वास्तविक अर्थों की उपलब्धि नही होती है किन्तु दार्शनिक तत्वों को समझने में अतीव तीक्ष्ण बुद्धि की आवश्यकता होती है। यों भी भारतवर्ष में दार्शनिक तत्वों की कोटि चरमसीमा को प्राप्त कर रही है और करती रहेगी।

नैषधीय चरित के अतिरिक्त कवि की अन्य रचनायें भी हैं जिनमें से 'खण्डनखण्डखाद्य' नामक ग्रन्थ अद्वैत वेदान्त का प्रमुख ग्रन्थ है किन्तु इतना होने पर भी नैषधीय चरित ही कवि की एक ऐसी कृति है जिसमें विभिन्न दार्शनिक सिद्धान्तों का उल्लेख बड़े ही मार्मिक ढंग से किया गया है और नैषधीय चरित में नैषध का १७वाँ सर्ग दार्शनिक पाण्डित्य से भरा पड़ा है। इस सबको देखते हुए ऐसा आभास लगने लगता है कि शायद कवि अपने ग्रन्थ को दार्शनिक सिद्धान्तों का आधारग्रन्थ बनाना चाहते थे। यूं तो नैषध में दार्शनिक सिद्धान्तों पर विचार करने से बहुत कुछ कहा जा सकता है पर यहाँ संक्षिप्त में ही सारतत्वों की ओर दृष्टिपात किया गया है।

वेदान्त—

वेदान्तदर्शन के अनुसार जिस प्रकार यह आत्मा जाग्रत अवस्था में कार्यशील रहती है उसी प्रकार स्वप्नावस्था में भी गतिमान होकर पुनः स्थूल शरीर में चली जाती है। इसी स्वप्नविषयक सिद्धान्त का उपयोग श्रीहर्ष निम्न श्लोक में इस प्रकार करते हैं :-

"निमीलिता दक्षियुगाच्च निद्रया
हृदोऽपि, बाह्येन्द्रियमौनमुद्रितात्।
अदर्शि संगोप्य कदाप्यवीक्षितो
रहस्यमस्याः, स महन्महीपतिः॥" (नै०-१/४०)

अर्थात् निमीलित नेत्रों से तथा बाहर की इन्द्रियों के विषय ग्रहण न करने के कारण अशक्त हुए हृदय से भी छिपाकर कभी न देखे गये उस राजा नल को निद्रा के द्वारा बड़े रहस्य के रुप में दमयन्ती देखती थी।

उपर्युक्त श्लोक में श्रीहर्ष ने वेदान्त दर्शन का प्रयोग बड़े ही मार्मिक ढंग से किया है क्योंकि नेत्रों के बन्द होने पर भी स्वप्नावस्था में दमयन्ती प्रति रात्रि ही नल को देखती थी। स्थूल शरीर के अतिरिक्त लिंगशरीर का वर्णन भी कवि ने किया है।

आत्मज्ञान, ब्रह्मप्राप्ति आदि का वर्णन तो वेदान्त का प्रतिपाद्य विषय है अतः इसका उदाहरण भी श्रीहर्ष के नैषध में देख लेना उचित ही है। श्रीहर्ष ने ब्रह्मतत्व का उल्लेख तो अनेक बार नैषध में किया है।

तृतीय सर्ग में जब दमयन्ती के समीप स्वर्णिम हंस अचानक आकर जमीन पर गिरता है तो दमयन्ती की सखियों के नेत्र विस्मय से ब्रह्मसदृश अनुभूति प्राप्त करने लगे :-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"नेत्राणि वैदर्भसुतासखीनां,
विमुक्त-तत्तद्विषय-ग्रहाणि ।
प्रापुस्तमेकं निरुपाख्यरूपं,
ब्रह्मेव चेतांसि यतव्रतानाम् ।।" (नै०३।३)

मीमांसा :-

मीमांसकों का स्वतः प्रामाण्यवाद एक प्रमुख सिद्धान्त है अर्थात् मीमांसा की दृष्टि में ज्ञान स्वतः प्रमाण माना गया है उसके लिए यदि अन्य प्रमाण की उपयोगिता मानी जायेगी तो उसमें अनवस्था दोष आ जायेगा इसलिये ज्ञान स्वयं ही प्रमाण है इसी स्वतःप्रामाण्य सिद्धान्त का उल्लेख श्रीहर्ष इस प्रकार करते हैं ।

"अथवा भवतः प्रवर्तना,
न कथं पिष्टमियं पिनष्टि नः ।
स्वत एव सतां परार्थता,
ग्रहणानां हि यथा यथार्थता ।।
(नै०२।६१)

यहां पर दमयन्ती की तृष्णा से तृषित राजा नल हंस से कह रहे हैं कि यदि मैं तुमसे सहायता करने की विनती करूं तो यह पिष्टपेषण ही है । क्योंकि सज्जन तो ज्ञानों की प्रामाणिकता की तरह स्वयं ही परोपकारी होते हैं और इसी सज्जनता को दिखाकर श्रीहर्ष ने स्वतःप्रामाण्यवाद को स्पष्ट कर दिया है ।

दूसरी ओर श्रीहर्ष ने मीमांसा के दो भागों का उल्लेख भी बड़े ही सहज ढंग से किया है ।

"ब्रह्मार्थकर्मार्थकवेदभेदाद्,
द्विधा विधाय स्थितयाऽऽत्मदेहम् ।
चक्रे पराच्छादनचारु यस्या,
मीमांसया मांसलमूरुयुग्मम् ।
(नै १०।८०)

यहाँ पर कवि ने देह के ऊरु रूपी दो भागों के द्वारा मीमांसा के दोनों भागों को स्पष्ट किया है । वे दो भाग इस प्रकार हैं :-

१· ब्रह्मकाण्ड २· कर्मकाण्ड ·

इसके अतिरिक्त कवि ने मीमांसा के मन्त्र-रूप देवतावाद आदि का भी वर्णन किया है ।

न्याय वैशेषिक :-

न्याय वैशेषिक का उल्लेख तो नैषध में यत्र-तत्र हुआ है । न्याय दर्शन के अनुभवजन्य स्मरण, कार्य-कारण परमाणु मोक्षविषयक आदि सिद्धान्तों का नैषध में अनेक स्थलों पर प्रयोग हुआ है । अनुभवजन्य स्मरण का प्रतिपादन निम्न श्लोक में बड़े ही सुन्दर ढंग से किया गया है ।

"अनया तव रूपसीमया कृतसंस्कारविबोधनस्य मे ।
चिरमप्यवलोकिताद्य सा स्मृतिमारूढवती शुचिस्मिता
(नै०२।४३)

यहाँ पर नल के सौंदर्य को देखकर हंस के मन में पूर्वकालजन्य संस्कार भावना के कारण स्मृति हो आने से पुनः दमयन्ती की स्मृति लौट आई है ।

न्याय दर्शन के अनुसार कार्य की उत्पत्ति में तीन कारण होते हैं :- १-समवायि २-असमवायि ३-निमित्त कारण । समवायिकारण के गुण तो कार्य में समवेत रूप से प्राप्त होते हैं किन्तु असमवायि तथा निमित्त कारण के गुण समवेत नहीं होते हैं । परन्तु श्रीहर्ष ने न्याय के इस सिद्धान्त में कहीं पर थोड़ा अन्तर भी कर दिया है जैसे :-

"कलशे निजहेतुदण्डजः किमु चक्रभ्रमकारितागुणः ।
स तदुच्चकुचौ भवन्प्रभाझरचक्रमातनोति यत् ।।
(नै० २।३२)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यहाँ पर असमवायि कारण दण्ड के चक्रभ्रम-कारिता गुण को कुचकलश ने ग्रहण कर लिया है।

सांख्य योग :-

सांख्य का प्रसिद्ध सिद्धान्त सत्कार्यवाद है। जो कार्य कारण से सम्बन्धित है। तथा पतञ्जलि ने योगविभूति का वर्णन किया है। सांख्य के सत्कार्यवाद का प्रयोग नैषध में इस प्रकार है :-

"नास्ति जन्यजनकव्यतिभेदः,
सत्यमन्नजनितो जनदेहः।
वीक्ष्य वः खलु तनूममृतादं,
दृङ्निमज्जनमुपैति सुधायाम् ॥"
(नै० ५।९४)

यहाँ पर बताया गया है कि जन्य और जनक) (कार्य और कारण) में अन्तर नहीं होता है। जनदेह आतम से पैदा होता है और इन्द्र आदि को देखकर राजा नल इसलिए कह रहे हैं कि आपके अमृत-भक्षण करने वाले शरीरों को देखकर मेरी दृष्टि अमृत में निमज्जन कर रही है। योगदर्शन में समाधि दो प्रकार की होती है।

१. सम्प्रज्ञात २. असम्प्रज्ञात। इसी सम्प्रज्ञात समाधि का उल्लेख कवि ने इस प्रकार किया है।

"इत्युदीर्य स हरिं प्रति,
सम्प्रज्ञातवासिततमः समपादि।
भावनाबलविलोकितविष्णौ,
प्रीतिभक्तिसदृशानि चरिष्णुः ॥
(नै. २१।११८)

यहाँ पर भगवान् विष्णु का ध्यान करते हुए राजा नल ने सम्प्रज्ञात समाधि का आश्रय लिया है और इसी समाधि के बल से विष्णु का साक्षात्कार किया है।

दूसरी ओर योगविभूति का उदाहरण देखिये:-

"किं वा तनोति मयि नैषध एव काय-
व्यूहं विधाय परिहासमसौ विलासी॥
विज्ञानवैभवमृतः किमु तस्य विद्या।
सा विद्यते न तुरगाशयवेदितेव॥"
(नै० १३।४३)

योग विभूति के समय योगी का चित्त दूसरे में प्रविष्ट हो जाता है इसी प्रकार उपर्युक्त पंक्तियों में दमयन्ती का चित्त नल के अन्दर प्रविष्ट हो रहा है।

चार्वाक :-

नैषध में चार्वाक ने वेद की प्रामाणिकता पर आक्षेप इस प्रकार किया है :-

"ग्रावोन्मज्जनवद्यज्ञफलेऽपि श्रुतिसत्यता।
का श्रद्धा तत्र धीवृद्धाः। कामाध्वा यत्खिलीकृतः॥
(नै० १७।३७)

यहाँ पर कवि ने चार्वाक के सिद्धान्त को स्पष्ट करते हुए जल पर पत्थर तैरने के समान यज्ञों को फल में वेदों की सत्यता बताकर तुच्छता प्रकट की है।

नैषध में चार्वाक ने जातिशुद्धि श्राद्ध आदि को भी बड़े व्यंग्य के साथ कसा है जैसे :-

"मृतः स्मरति जन्मानि मृते कर्मफलोर्मयः।
अन्य भुक्तैर्मृते तृप्तिरित्यलं धूर्तवार्तया॥"

यहाँ पर चार्वाक ने श्राद्ध को एक धूर्तता कह कर सिद्ध किया है।

बौद्ध दर्शन :-

बौद्ध दर्शन के प्रधान सिद्धान्त शून्यवाद, साकारतावाद, क्षणिकवाद और विज्ञानवाद है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

क्षणिकवाद के अनुसार जगत् की वास्तव में कोई भी सत्ता नहीं है और इसी क्षणिकवाद का उल्लेख कवि ने इस प्रकार किया है।

"केनापि बोधिसत्वेन जातं सत्वेन हेतुना ।
यद्वेदमर्मभेदाय जगदे जगदस्थिरम् ।।
(नै० १७।३८)

यहाँ पर कवि ने जगत् को अस्थिर बतलाकर बौद्धों के क्षणिकवाद का प्रतिपादन किया है।

जैन दर्शन :-

जैन दर्शन के अनुसार तीन तत्त्व महत्वपूर्ण हैं :- १. सम्यक्ज्ञान २. सम्यक् चरित्र ३. सम्यक् दर्शन । इन तीनों को त्रिरत्न कहते हैं और इसी त्रिरत्न का उल्लेख कवि ने इस प्रकार किया है :-

"न्यवेशि रत्नत्रितये जिनेन,
यः स धर्मचिन्तामणिरुज्झितो यथा ।
कपालिकोपानलभस्मनः कृते,
तदेव भस्म स्वकुले स्तुतं तया ।।
(नै० ९।७१)

यहाँ कवि ने दमयन्ती के द्वारा जैनों के इसी त्रिरत्न का उल्लेख किया है क्योंकि दमयन्ती ने चरित्ररूपी धर्मचिन्तामणि को इसी त्रिरत्न (सम्यक् ज्ञान, सम्यक्दर्शन, सम्यक् चरित्र) के रूप में सुरक्षित रखा है।

गीता दर्शन :-

वैसे तो गीता दर्शन कोई स्वतंत्र दर्शन नहीं है क्योंकि उसमें सभी दर्शनों का मिश्रण है किन्तु फिर भी कुछ सिद्धान्त गीता में अपना विशेष महत्त्वपूर्ण स्थान रखते हैं। गीता में भगवान कृष्ण ने यज्ञ से बचे हुए भोजन को खाना अमृत बताया है और श्रीहर्ष ने इसी सिद्धान्त का उल्लेख नैषध में बड़ी सजीवता के साथ किया है :-

"राजा स यज्वा विबुधव्रजत्रा,
कृत्वाध्वराज्योपमयैव राज्यम् ।
भुङ्क्ते श्रितश्रोत्रियसात्कृतश्रीः,
पूर्वं त्वहो शेषमशेषमन्त्यम् ।।
(नै० ३।२४)

अर्थात् राजा नल यज्ञ करने के समान अपना राज्य देवताओं के अधीन करके ही राज्य का उपभोग करते हैं। अतः यहाँ पर गीता दर्शन की महिमा श्रीहर्ष ने व्यक्त की है।

भगवान् श्रीकृष्ण ने अर्जुन को योग समाधि का उपदेश भी गीता में दिया है इसी योगसमाधि का उपयोग श्रीहर्ष ने नैषध में कुण्डिनपुरी के वर्णन के समय इस प्रकार किया है:-

"क्षणनीरवया यया निशि
श्रित वप्रावलियोगपट्टया।
मणिवेश्ममयं रूपनिर्मलं,
किमपि ज्योतिरवाह्यभिज्यते ।।
(नै० २।७८)

यहाँ पर कवि ने बताया है कि वह कुण्डिनपुरी नगरी रात्रि में क्षणमात्र निःशब्द होकर ऐसी प्रतीत होती थी मानों समाधि लगा रही है।

इस प्रकार नैषध का अध्ययन करने पर उसमें विभिन्न दार्शनिक सिद्धान्त दृष्टिगोचर होते हैं। उन विभिन्न सिद्धान्तों का ही यहाँ संक्षेप में विवरण किया है अतः हम कह सकते हैं कि श्रीहर्ष ने दार्शनिक सिद्धान्तों का केवल ज्ञान ही प्राप्त नहीं किया अपितु श्रवण, मनन और निदिध्यासन के द्वारा दर्शन को मानों अपने जीवन में वास्तविक दर्शन के रूप में खरा उतारा है।

—००—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सोम-कलश (=द्रोणकलश)

पं० भगवद्दत्त वेदालंकार

लौकिक संस्कृत में कलश घट को कहते है। वैदिक कर्मकाण्ड की दृष्टि से यह एक पात्रविशेष है जिसमें सोम भरा जाता है। यह कलश दारु निर्मित होता है इसलिये इसे द्रोण व द्रोणकलश नामों से भी सम्बोधित किया गया है। द्रोणम्-द्रुममयं भवति निरु० ५।२६ अर्थात् यह द्रोण द्रुम का बना होता है। पर इस निरुक्ति से यह भी ध्वनित होता है कि द्रुम अर्थात् वृक्षादि के पुष्प फल भी कलश हैं जिनमें कि सोम-रस भरा हुआ है। इसी तथ्य को दृष्टि में रख भगवान् कृष्ण ने गीता में कहा है कि 'पुष्णामि चौषधीः सर्वाः सोमो भूत्वा रसात्मकः" अर्थात् मैं रसात्मक सोम रूप से समग्र औषधियों को परिपुष्ट करता हूं।

द्युलोक से यह सोम पृथिवी पर औषधि व वनस्पतियों में आता है और वहाँ शाखा-प्रशाखा व लताप्रतानों के माध्यम से पुष्प व फलरूपी कलशों में जा विराजता है। पुष्प फ़लों में यह सोम प्रकृति धर्मों व तन्नियमों के आधार पर पवित्र होता हुआ वहां फलरूपी कलशों में पहुंचता है। इसी तथ्य को वेदों में अनेकों स्थलों पर कहा गया है। यथा "सोमः पुनानः कलशेषु सीदति" ऋ· ९।६७।१४ वेदों में कलश के लिये द्रोण शब्द भी प्रयुक्त हुआ है ऋ· ९।३।१ में आता है कि "यह दिव्यरूप अमृत सोम द्रोण नामक कलश के अभिमुख दौड़कर जाता है।" यह पवमान सोम धारा रूप में स्यन्दन व प्रस्रवण करता है और द्रोण कलश में जा विराजता है। ९।१०।४

शरीर में कलश--

वैदिक साहित्य में शरीर में भी कलश व द्रोणकलश की सत्ता बतायी गई है। शरीर में वह स्थान मूर्धा है जहां द्रोणकलश की सत्ता है। यथा – "मूर्धा द्रोणकलशः" मै· सं० ४।५।९ मूर्धा अपने सामान्य रूप में द्रोणकलश नहीं है पर कुछ साधनाओं द्वारा मूर्धा में द्रोणकलश की उत्पत्ति की जाती है। इस सम्बन्ध में ताण्ड्य महाब्राह्मण का निम्न प्रकरण अवलोकनीय है, तां· ६।५ में आता है कि "प्रजापति ने कामना की कि मैं बहुत हो जाऊं, प्रजनन करूं। वह प्रदीप्त हुआ, गरमाया (अशोचन्)। इसका परिणाम यह हुआ कि उसकी मूर्धा से आदित्य उत्पन्न हुआ, उस आदित्य ने मूर्धा के ऊर्ध्व की ओर प्रहार किया, इससे मूर्धा का भेदन होकर ऊर्ध्व की ओर मुख का निर्माण हुआ। इस प्रकार इस आदित्य द्रोणकलश में देवों ने शुक्र (सोमरस) डाला। आदित्य के ऊर्ध्व की ओर प्रहार से शिरोभंग होकर जो आर्ति व कष्ट आदि पैदा हुआ था वह सोम-रस के आने से दूर हो गया।" १

उपर्युक्त कथन का सार यह है कि आदित्य की उत्पत्ति मस्तिष्क में होती है। जब साधक ऊर्ध्व की ओर ध्यान करता है, श्येन गति से ऊर्ध्व में जाता है तब मस्तिष्क में विद्यमान चेतना ऊर्ध्व की ओर गति करती है, इस प्रकार निरन्तर ऊर्ध्व ध्यान से शिरोभङ्ग होता है। यह शिरोभङ्ग स्थूल शिर का नहीं है सूक्ष्म शिर का है। इस शिरोभंग के पथ से ऊर्ध्वगत चेतना द्युलोक से आते

---

१. प्रजापतिरकामयत बहुस्यां प्रजायेयेति सोऽशोचत् तस्य शोचत आदित्यो मूर्ध्नोऽसृज्यत सोऽस्य मूर्धानमुदहन् स द्रोणकलशोऽभवत् तस्मिन् देवाः शुक्रमगृह्णत तां वै स आयुषाऽऽर्तिमत्यजीत्। तां·ब्रा. ६।५।१

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हुए सोम रस को खींच लाती है। और मस्तिष्क-स्थ द्रोणकलश में ला स्थापित करती है। यह विषय सोमाहरण लेख में भी हमने विस्तार से प्रदर्शित किया है।

उपर्युक्त तथ्य को निम्न चित्र में दर्शाने का प्रयत्न किया गया है :—

पवस्य धिषणाभ्य:
ऋ. ९।५९।२
हे पवमान सोम !
तू धिषणाओं (Brain centres) के प्रति पवन कर।

मूर्धामयस्य संसीव्याथर्वा हृदयं च यत्।
मस्तिष्कादूर्ध्वः प्रैरयत् पवमानोऽधिशीर्षतः ॥
अथर्व १०।२।२६

अर्थात् अथर्वा व्यक्ति सबसे पूर्व मूर्धा और हृदय को एक करता है और फिर शिरस्थ पवमान सोम मस्तिष्क के अन्दर विद्यमान चेतना को ऊर्ध्व की ओर अर्थात् द्युलोक की ओर प्रेरित करता है।



तै. सं. ६।५।९।१ में भी दूसरे शब्दों में इसी तथ्य को उजागर किया गया है। वहाँ आता है कि 'इन्द्रो वृत्रमहन् तस्य शीर्षकपालमुदौब्जत् स द्रोणकलशोऽभवत् तस्मात् सोमः समस्रवत् स हारियोजनोऽभवत्।" अर्थात् इन्द्र ने वृत्र (आवरण) पर प्रहार किया इससे शीर्ष कपाल का ऊर्ध्वभाग ऋजु अर्थात् सरल व कोमल हो गया और उसका ऊर्ध्व की ओर उद्घाटन (opening) हो गया यही द्रोणकलश नाम से कहा जाने लगा। अब इस द्रोणकलश से जो सोम स्रवित हुआ वह हारियोजन बना। हारियोजन का तात्पर्य यह है कि वह हरि अर्थात् इन्द्रियों को कार्य में व्यापृत व नियोजित करता है। वेद में भी आता है कि 'स मर्मृजान इन्द्रियाय धायसे' ऋ. ९।७०।५ अर्थात् वह सोम शुद्ध पवित्र हो इन्द्रिय को धारण करने के लिये सदा गतिशील रहता है। मर्जयन्त गमयन्त निरु. १३।४३ मृज धातु गति अर्थ में भी प्रयुक्त होती है।

सोम से परिपूर्ण यह ज्योतिर्मय दिव्य कलश है। अब इस दिव्य कलश को शरीरान्तर्गत

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चहुंदिशाओं में प्रेरित किया जाता है। प्रेरित करने को 'प्रोहण'-प्रोहति क्रिया से निर्देश किया है। इस द्रोणकलश को यदि पूर्व१ (मुख) की ओर प्रेरित करें तो मुख में तेज और ब्रह्मवर्चस की उत्पत्ति होती है। मनुष्य का मुखमण्डल ब्रह्मवर्चस् तेज से आभासित हो जाता है। यह द्रोणकलश चार प्रकार होता है। यथा-तं प्रोहेत्..... वानस्पत्योऽसि बार्हस्पत्योऽसि, प्राजापत्योऽसि, अत्यायुपात्रमसि' तां ब्रा ६।५।३

अर्थात् यह द्रोणकलश वानस्पत्य, बार्हस्पत्य, प्राजापत्य, तथा अत्यायुपात्र—इन चार रूपों वाला होता है। अब क्रमशः इन चारों पर संक्षिप्त टिप्पणी प्रस्तुत करते है।

वानस्पत्य—सत्येनैवैनं प्रोहति। तां. ब्रा. ६।५।४

कर्मकाण्ड में प्रयुक्त होने वाला यह द्रोणकलश लकड़ी का बनाया जाता है। पर शरीर में वनस्पति२ प्राणाग्नि को कहते हैं। जिससे कि यह मूर्धास्थित द्रोणकलश उत्पन्न होता है। यह वनस्पति=प्राणाग्नि शरीर की नस नाड़ियों से पैदा होती है। शरीर में ये नस नाड़ियां शाखा प्रशाखा लताकुञ्ज तथा लताप्रतानों के रूप में फैली हुई है। इन नस नाड़ियों के शोधन परिमार्जन के पश्चात् योगसाधना द्वारा इस वनस्पति अग्नि को उद्बुद्ध किया जाता है। इसी प्राणाग्नि द्वारा मूर्धा में ऊर्ध्व प्रहार से जो उद्घाटन (Opening) होता है वह आदित्यतुल्य तेजोमय होता है और इसे ही द्रोणकलश कहा जाता है। ऐ. ब्रा २।४ में कहा है "वनस्पतिं यजति प्राणो वै वनस्पतिः प्राणमेव तत् प्रीणाति प्राणं यजमाने दधाति" अर्थात् वनस्पति का यजन प्राण का प्रीणन करना होता है।

यह वानस्पत्य द्रोणकलश सत्य से प्रेरित होता है। इसका प्रभाव यह होता है कि सत्यवक्ता की प्राणशक्ति प्रबल होती है। वह महान् से महान् प्रलोभन क्रूर अत्याचार व अन्याय के समक्ष नहीं झुकता। वह सत्य पर अडिग रहता है।

बार्हस्पत्य—बृहस्पति वै देवानामुद्गाता तमेव तद् युनक्ति। तां. ब्रा. ६।४।५

बृहस्पति ज्ञान विज्ञान का अधिपति तथा देवों व दिव्यशक्तियों का गुरु होता है। अतः वह देवों का उद्गाता बनता है जिससे कि देवशक्तियां उद्बुद्ध होती हैं और ज्ञान विज्ञान विकसित होता है। अतः जिन व्यक्तियों में बार्हस्पत्य द्रोणकलश उद्बुद्ध होता है वे इस द्रोणकलश का उपयोग देवत्वप्राप्ति व ज्ञान विज्ञान के विकास में करते हैं।

प्राजापत्य—

प्राजापत्यो ह्येष देवताया यद् द्रोणकलशो यदाह प्रजापते मूर्धंति प्रजापते ह्येष मूर्ध्नं उदहन्यत। तां. ब्रा. ६।५।६

प्रजापति की मूर्धा से उत्पन्न होने के कारण इस द्रोणकलश को प्राजापत्य कहा जाता है। क्योंकि आदित्य ने प्रजापति की मूर्धा का उद्+हनन (ऊर्ध्वप्रहार) किया था, इससे द्रोणकलश की उत्पत्ति हुई थी। यहाँ यह तथ्य स्पष्ट करना आवश्यक है कि वेद में मूर्धा आदि शरीराङ्ग तथा सम्पूर्ण शरीर कभी प्रजापति का, कभी अग्नि का,

---

१. इदमहं प्राञ्चं प्रोहामि तेजसे ब्रह्मवर्चसायेति। तां. ब्रा. ६।५।३

२. अग्निर्वै वनस्पतिः। कौ० १०।६। प्राणो वनस्पतिः। कौ० १२।७। ऐ. ब्रा. २।४।१०

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कभी इन्द्र का एवं अन्य देवों का वर्णित होता है। इसका तात्पर्य यह है कि तत्काल में तत्सम्बन्धी देव का ही कार्य इससे होना है इसलिये उस समय उस देव का वह माना जाता है। यहाँ द्रोणकलश का प्रजनन होना है इसलिये स्वभावतः प्रजापति देवता की मूर्धा का ग्रहण किया गया है। अतः प्राजापत्य द्रोणकलश से दिव्य क्षेत्र में प्रजनन होना अभिप्रेत है। प्राजापत्य द्रोणकलश से नये २ क्षेत्रों में दिव्य व अदिव्य प्रजनन होते रहते हैं।

अत्यायुपात्रम्—

यदाहात्यायुपात्रमित्यति ह्येतदन्यानि पात्राणि ।
यद् द्रोणकलशो देवपात्रं द्रोणकलशः ।।

ता. ब्रा. ६।५।७

वेद में 'आयु' नाम मनुष्य का है। इस दृष्टि से आयुपात्र मनुष्यपात्र कहलाता है। द्रोणकलश देवपात्र है, मनुष्यपात्र नहीं है अतः यह अत्यायुपात्र कहा गया है। अर्थात् इसने सब प्रकार के मानवपात्रों का अतिक्रमण कर रक्खा है। मानव की परिधि से परे का यह पात्र है। इसी द्रोणकलश से देवता सोम का पान करते हैं अतः यह देवपात्र कहलाता है। इससे यह ध्वनित होता है कि देवों को सोमपान कराने के लिये, देवों से सब प्रकार का व्यवहार करने के लिये हमें मानव परिधि से ऊपर उठना चाहिये। श. प. ४।४।३

में भी इसीसे मिलता हुआ द्रोणकलश सम्बन्धी प्रकरण आता है।

यहाँ ताण्ड्य महाब्राह्मण के आधार पर द्रोणकलश का पिण्ड में स्वरूप प्रदर्शित किया गया। यही प्रकरण सौरमण्डल के आदित्य में भी घटाया जा सकता है। आकाशवाणी दिल्ली से कभी २ यह कविता सुनायी देती हैं।

"ज्योति कलश छलके" यह किसी कवि की कितनी उत्तम व दिव्य कल्पना है। आदित्यरूपी द्रोणकलश की ही यह भावाभिव्यक्ति है। द्रोणकलश भी एक ज्योतिःकलश है जिसमें से सोम स्रवित हो चहुंदिशाओं में ज्योति प्राण तथा विज्ञानरूप में बरसता है। यह वह कर्मकाण्ड नहीं है जिसको आधुनिक कर्मकाण्डी दर्शाते हैं या जिससे अन्य विद्वान् दूर भागते हैं। यह तो विज्ञानकाण्ड है, जिसकी कोई थाह नहीं। यह तो योग व अध्यात्म का उत्तर समुद्र है जिससे कि अन्य अनन्त योगधाराएं फूटती है। इसमें समग्र सृष्टि का समावेश है जिसमें ब्रह्म भी यज्ञ का रूप धारण कर उपस्थित हुआ है।

पवस्व देववीतय इन्दो धाराभिरोजसा ।
आकलशं मधुमान्त्सोम नः सदः ।।

ऋ ६।१०६।६

क्रमशः—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लक्ष्मीपूजा का पर्व–दीपावली

श्री शोभानाथ पाठक, एम. ए. (हिन्दी-संस्कृत)

दीपावली की पावनता में लक्ष्मीपूजा का विशिष्टतम स्थान है। इस रात्रि को सुखसमृद्धि की कामना से जन मन लक्ष्मी की आरती उतारते नहीं अघाता। यह प्रश्न बड़ा विचारणीय है कि लक्ष्मी की पूजा कब की जाय, क्योंकि वह कमलासन हैं और कमल रात्रि को बन्द हो जाते हैं, अतः लक्ष्मीपूजा के विषय में कहा गया है–
"प्रदोषसमये लक्ष्मीं पूजयित्वा यथाक्रमम्"

सभी लोग लक्ष्मीपूजा से समृद्ध हो जायेंगे तो फिर निर्धन कौन रहेगा। केवल एक दिन दीपावली पर ही पूजा से यदि समृद्धि उमड़ पड़े, तब तो साल भर परिश्रम न करना पड़े, किन्तु ऐसा नहीं लक्ष्मी तो उसी के पास आती है जिसके विषय में वे स्वयं कहती हैं कि–

वसामि नित्यं सुभगे प्रगल्भे,
दक्षे नरे कर्मणि सवर्तमाने ।
अक्रोधने देवपरे कृतज्ञे,
जितेन्द्रियनित्यमुदीर्णसत्वे ।।
स्वधर्मशीलेषु च धर्मवित्सु,
वृद्धोपसेवानिरते च दान्ते ।
कृतात्मनि क्षान्तिपरे समर्थे,
क्षान्तासु दान्तासु तथाऽबलासु ।।
वसामि नारीषु पतिव्रतासु,
कल्याणशीलासु विभूषितासु ।।

अर्थात् लक्ष्मी श्रमशील, अक्रोधी, जितेन्द्रिय, धर्मप्रिय, शीलवान, जनसेवी तथा पतिव्रता नारियों के पास सहर्ष जाती है, अतः लक्ष्मी (समृद्धि) की कामना वाले व्यक्ति को चरित्रवान, सत्पथी और उद्योगी होना चाहिए। लक्ष्मी उद्यमी को तो अत्यधिक समृद्ध करती है। यथा–

"उद्योगिनं पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मीः"

हाँ आलसी से तो वे बेहद घृणा करती है। दीपावली की रात भोर में स्त्रियां सूप बजाकर दारिद्र्य को बाहर कर समृद्धि (लक्ष्मी) का आह्वान करती हैं, उसका तात्पर्य भी यही है कि प्रातःकाल सबको उठ जाना चाहिए। ब्राह्ममुहूर्त में उठना सब प्रकार से कल्याणकारी है जबकि आलसी लोग सूर्योदय के बाद उठने में ही बड़प्पन समझते हैं। तथ्यतः–

सूर्योदये चास्तमिते शयानम् ।
विमुञ्चति श्रीर्यदि चक्रपाणिः ।।

विष्णु के समान भी क्यों न ऐश्वर्यशाली कोई हो–यदि वह सूर्योदय के बाद उठता है तो लक्ष्मी उसे छोड़ देती हैं। अतः ब्राह्ममुहूर्त में उठ कर श्रमशील होते हुए सच्चरित्रता का परिचय देना चाहिए, इसी में समृद्धि का उफान सम्भव है जबकि दीपावली के उत्सव का विधान ही यही है कि–

सत्यधारस्तपस्तैलं, दयावर्ति क्षमा शिखा ।
अन्धकारे प्रवेष्टव्ये दीपो यत्नेन वार्यताम् ।।

भारतीय संस्कृति में नैतिकता का अत्यधिक महत्व है। अतः नैतिकता के निखार से ही वास्तविक उन्नति सम्भव है। समृद्धि (लक्ष्मी) की प्राप्ति के लिए तो यह अति आवश्यक है।

लक्ष्मी भगवान् विष्णु की पत्नी सम्पदा की देवी हैं जो समुद्र मंथन से उद्भुत हुई है। जिसकी वरीयता निम्न पंक्तियों में परखिये। यथा––
"श्रीश्च ते लक्ष्मीश्च पत्न्यौ, अहोरात्रे पार्श्वे नक्षत्राणि रूपं, अश्विनौ व्यात्तम् इष्णन्निषाणामुं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इषाण सर्वलोकम् मइषाण" ।

यही नहीं वरन विश्व के प्राचीनतम ग्रन्थ ऋग्वेद में भी लक्ष्मी का यह रूप परखिये । यथा—

सक्तुमिव तितउना पुनन्तो,
यत्र धीरा मनसा वाचमक्रत ।
अत्रा सखायः सख्यानि जानते,
भद्रैषां 'लक्ष्मी' निहिताधि वाचि
(ऋ० १०।८१।२)

ऋग्वेद में ही उन्हें 'श्री' व 'पुरन्धी' नाम से सम्बोधित किया गया है जबकि ऐश्वर्य व सम्पदा की अधीष्ठात्री देवी लक्ष्मी की महत्ता अथर्ववेद में भी बखानी गई है। यथा—

ऋतं सत्यं तपो राष्ट्रं, श्रमो धर्मश्च कर्म च ।
भूतं भविष्यदुच्छिष्टे, वीर्यं लक्ष्मीर्बलं बले ।।
(अथर्व० ११।७।१७)

अर्थात् ऋत, सत्य, बल-वीर्य-पुण्य-सौभाग्य, आदि से समन्वित देवी लक्ष्मी की कृपा से समस्त उपलब्धियाँ सम्भव हैं। प्रत्येक व्यक्ति को सम्पन्नता प्रदान करके राष्ट्र को समृद्धिशाली बनावें। 'श्री' व 'लक्ष्मी' से समलंकृत होने की ललक प्रत्येक अंतस् में रहती है। यजुर्वेद ३१।२२ में इसका विशद विवेचन है।

तैत्तिरीय आरण्यक में लक्ष्मी की गरिमा इस प्रकार है :—

"ह्रीश्च ते लक्ष्मीश्च पत्न्यौ"

जबकि मार्कण्डेय पुराण में कहा गया है :—

'इन्दिरा कमला लक्ष्मी'
सा श्री रुक्माम्बुजासना।

यही नहीं वरन वाजसनेय संहिता में लक्ष्मी को आदित्य से सम्बद्ध किया गया है जबकि विष्णु पुराण में बताया गया है कि वे समुद्र में १४ रत्नों के साथ निकलीं, जिसे भगवान् विष्णु ने प्राप्त किया। संभवतः इसी कारण मत्स्यपुराण में स्पष्ट निर्देश है कि जहाँ कहीं भी विष्णु की प्रतिमा प्रतिष्ठित की जाय, वहाँ लक्ष्मी की भी होनी चाहिए। विष्णु स्मृति में तो वे स्वयं कहती है कि वे सदैव ही विष्णु के साथ रहना पसन्द करती हैं। विष्णु पुराण में लक्ष्मी की स्तुति ऐश्वर्यप्राप्ति के लिए की गई है। मत्स्यपुराण में द्वादशी व्रत के वर्णन द्वारा विष्णु-लक्ष्मी की पूजा को प्रधानता दी गई है। पद्मपुराण के उत्तराखण्ड और स्कन्दपुराण के कार्तिकमास माहात्म्य में लक्ष्मी पूजा का विशद वर्णन है।

वाल्मीकि रामायण में भी लक्ष्मी की प्राप्ति विषयक उल्लेख विचारणीय है। यथा—

भूमिः कीर्ति यंशो लक्ष्मी
पुरुषं प्रार्थयन्ति हि ।
सत्यं समनुवर्तन्ते,
सत्यं समनुवर्तन्ते ।।

कहने का तात्पर्य है कि लक्ष्मी की प्राप्ति सत्पथ से ही सम्भव है; जिससे मनुष्य का बहुमुखी विकास होता है।

लक्ष्मी की वरीयता की एक झलक जैन ग्रन्थों में भी देखें। जैनागमों में लक्ष्मी की गरिमा का खूब बखान है। 'कल्पसूत्र' में तो रानी त्रिशला के स्वप्नों में लक्ष्मीदर्शन का उल्लेख है। इसके अतिरिक्त जम्बूद्वीप- पण्णत्ति, प्राकृत लक्ष्मीपीठ स्रोत, जिन रत्नकोश, आदि में लक्ष्मी की महत्ता का प्रतिपादन है।

हिन्दूधर्मग्रंथों में तो लक्ष्मी का इतना अधिक वर्णन है कि जिसकी वरीयता को आंकना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आसान नहीं। ब्रह्मवैवर्त-पुराण, गरुड़पुराण-स्कन्दपुराण, मार्कण्डेयपुराण, पद्मपुराण, विष्णु-धर्मोत्तरपुराण, देवीभागवत्, शिवपुराण, कथा-सरित्सागर, कालिदाससाहित्य, आदि में इनकी वरीयता बखानी गई है।

अपने इस पावन पर्व पर दीपावली पर हमें लक्ष्मी की पूजा श्रम-सीकरो, व सत्यशील के सम्वल से करके स्वयं व राष्ट्र को समृद्धशाली बनाने का है इस पर्व के सुख-स्रोत में सभी को सुख प्राप्त हो, इसी कामना के साथ

अमावस्या यदा रात्री दिवाभागे चतुर्दशी।
पूजनीया तदा लक्ष्मीर्जिया सुखरात्रिका॥

--०:०--

स्वामी श्रद्धानन्द जी द्वारा

स्नातकों को कुछ उपदेश

पुत्रों! परमात्मा सत्य-स्वरूप है। उसके प्यारे बनने के लिए अपने जीवन को सत्य-स्वरूप बनाओ। तुम्हारे मन में, तुम्हारी वाणी में और तुम्हारी क्रिया में सत्य हो, धर्म मर्यादा का उल्लंघन मत करो। इस मर्यादा का साक्षी अन्तःकरण है। अपने आत्मा की वाणी को सुनो और उसके अनुसार चलो। स्वाध्याय से कभी मुख न मोड़ो। वह तुम्हें प्रमाद से बचाएगा। ••• मैं तुम्हारे से केवल एक दक्षिणा मांगता हूं। मैं चाहता हूँ कि तुम्हारा ऐसा कोई काम न हो जिससे तुम्हें अपने आत्मा और परमात्मा के सामने लज्जित होना पड़े। पञ्च महायज्ञों के करने में कभी प्रमाद न करना•••जो तुम्हारे पास है उसे उदारता से फैलाओ। हाथ खुला रखो। मुट्ठी को बन्द न होने दो। जिस मिट्टी की भूमि से तुम्हारा देह बना है, जिसकी गङ्गा का तुमने निर्मल जल पिया है और जिसके गौरव के सामने संसार का कोई देश ठहर नहीं सकता, उस पवित्र भारत भूमि में रहते हुए तुम उसके यश को उज्ज्वल करोगे यह मुझे पूर्ण आशा है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

छात्र असन्तोष

श्री विजयकुमार एम· ए· (मनोविज्ञान)

आज हमारे देश में अराजकता, भ्रष्टाचार एवं असन्तोष का वातावरण छाया हुआ है। भविष्य में भी कुछ ऐसे आसार नजर नहीं आ रहे हैं जिससे इस वातावरण में सुधार हो सके। सबसे अधिक असन्तोष युवा वर्ग में है। इस युवा-छात्र वर्ग पर ही हमारे देश का भविष्य टिका है। जब इसी वर्ग में इतना असन्तोष है तो किसी अन्य क्षेत्र में और निकट भविष्य में हम शान्ति व सन्तोष की आशा कर ही नहीं सकते।

पिछले तीस वर्षों में नवयुवकों एवं नयी पीढ़ी को ऐसी शिक्षा दी जा रही है जिसके कारण छात्रों में व्यापक असन्तोष छाया हुआ है। इस असन्तोष की अभिव्यक्ति के भिन्न, भिन्न रूप अनशन, आन्दोलन, हड़ताल घेराव, धरना व तोड़-फोड़ आदि के रूप में देखने को मिल रहे हैं। कभी यह असन्तोष विद्यालयों, विश्वविद्यालयों के अधिकारियों के विरुद्ध होता है, कभी वर्तमान शिक्षा पद्धति के विरुद्ध तथा कभी बेकारी पक्षपात व भ्रष्टाचार आदि के विरुद्ध होता है। छात्र असन्तोष के मूल में निहित कौन २ से कारण प्रमुख रूप से विद्यमान है यह जानने के लिये स्नातक छात्रों पर एक अध्ययन किया गया।

कुछ लोगों ने शिक्षकों, विद्यालय के अधिकारियों तथा छात्रों के मध्य आपसी समझ के अभाव को छात्र असन्तोष का कारण बताया तो कुछ ने शिक्षण संस्थाओं में बाह्य राजनीतिक हस्तक्षेप को, तो कुछ लोगों ने बेकारी, भ्रष्टाचार आदि को। आजकल अधिकांश लोग प्रचलित शिक्षा पद्धति को ही छात्र असन्तोष का कारण बताते है। उपर्युक्त तथा इससे सम्बन्धित अन्य कारणों का पता लगाने के लिये तीस प्रश्नों की मिश्रित प्रश्नावली का निर्माण किया गया।

जब छात्रों से पूछा गया कि क्या वे आज के शैक्षिकी वातावरण से सन्तुष्ट हैं तो पता चला कि सम्पूर्ण छात्रों का १७.७% सन्तुष्ट, ३८.५% असन्तुष्ट तथा ४४.२% कुछ सन्तुष्ट कुछ असन्तुष्ट है। लड़के लड़कियों की अपेक्षा अधिक असन्तुष्ट हैं। २० वर्ष से अधिक आयु के छात्र २० वर्ष से कम आयु वाले छात्रों से अधिक असन्तुष्ट है।

इस प्रश्न के उत्तर में कि क्या विद्यालयों, विश्व विद्यालयों में छात्र संघों का होना आवश्यक है। ६६.९% छात्रों ने इसका समर्थन किया छात्र संघ की आवश्यकता लड़कियों की अपेक्षा लड़के अधिक समझते हैं। कुल ७६.३% लड़कों ने इसका समर्थन किया जबकि लड़कियों का प्रतिशत ५४.२% रहा। लेकिन इसके साथ ही साथ यह भी उल्लेखनीय है कि अधिकांश छात्र आजकल के छात्र संघ के कार्यों से असन्तुष्ट है। ६३.२% छात्रों ने बताया कि आज का छात्र संघ छात्रों के हितों का ध्यान नहीं रखता है। इसमें लड़के ५६.९% तथा लड़कियाँ ७१.४% है। इसका प्रमुख कारण यह है कि जो छात्र संघ के अधिकारी होते है वे प्रायः किसी न किसी राजनीतिक दल से सम्बन्धित होते हैं। उनका ध्यान छात्रों के हितों की तरफ कम तथा सम्बन्धित दल की तरफ अधिक रहता है। जब छात्रों से पूछा गया कि वे कौन २ से तीन कारण हैं जो छात्र संघों को ठीक से कार्य नहीं करने देते हैं। तो उनका उत्तर निम्न रहा—५०.३% ने बाह्य राजनीतिक हस्तक्षेप, ३७.४% ने शिक्षकों तथा कालेज के अधिकारियों का असहयोग, ५५.२% ने आपसी मतभेद, १६.६%

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ने सही नेतृत्व का अभाव, ४१·७% ने दलबन्दी व ३४.६% ने स्वार्थपरता व पदलोलुपता को इसका प्रमुख कारण बताया।

छात्रों व कालेज के अधिकारियों के बीच आपसी समझ का अभाव, प्रबन्धकों का असहानुभूति पूर्ण व्यवहार भी छात्रों में असन्तोष उत्पन्न करता है। ७१·८% छात्र इस बात से सहमत है। शिक्षण संस्थाओं में अनुपयुक्त प्रबन्ध, सफाई, पुस्तकालय व प्रयोगशालाओं में आवश्यक सामग्रियों का अभाव आदि अधिकारियों के विरुद्ध छात्रों को भड़काने के लिये पर्याप्त होता है। ७६·२% छात्रों ने बताया कि शिक्षण संस्थाओं में अनुपयुक्त प्रबन्ध रहता है। जिससे कि छात्रों में रोष उत्पन्न होता है। प्रायः यह देखा जाता है कि व्यक्तिगत शिक्षण संस्थाओं में स्वतंन्त्रता पूर्वक प्रवेश दिया जाता है। जिसके परिणाम स्वरुप कक्षा में अच्छी खासी भीड़ इकट्ठी हो जाती हैं। कक्षायें कई विभागों में बाँटकर चलायी जाती है। छात्रों की भीड़ के साथ २ बैठने का उपयुक्त स्थान पुस्तकालय, प्रयोगशाला, आदि में वृद्धि नहीं हो पाती है। छात्रोंवासों की हालत दयनीय हो जाती है। फलतः इसके उपयुक्त प्रबन्ध की माँग को लेकर छात्र आन्दोलन करते हैं।

अध्ययन से पता चलता है कि छात्रों व शिक्षकों में मतभेद की भावना छात्रों में असन्तोष उत्पन्न करती है। शिक्षकों का चरित्र उनकी योग्यता, उनके पढ़ाने का ढ़ंग आदि छात्रों के व्यक्तित्व को प्रभावित करता हे। यदि इन्हीं के विचारों को सोचने समझने के ढंगों में असमानता रही तो इनके अच्छे सम्बन्ध होने का प्रश्न ही नहीं उठता। ७६·७% छात्रों का कहना है कि आज का अध्यापक व्यापारी अधिक व शिक्षक कम है। शिक्षक भी अपनी ड्यूटी पूरी करने के लिये दस बजे से चार बजे तक विद्यालय में जाता है। इसके पश्चात अपना कोई दायित्व नहीं समझता है। पढ़ाने में रुचि कम लेता है। इससे छात्र भी उससे किसी प्रकार के निर्देशन, सलाह व सुझाव आदि की आशा नहीं करते हैं। शिक्षक अपनी राजनीति में ही इतने व्यस्त रहते हैं कि उन्हें छात्रों की तरफ ध्यान देने उनकी समस्याओं को सुलझाने का मौका ही नहीं मिलता है। दोनों एक दूसरे के पूरक होते हुए भी एक दूसरे से दूर रहते हैं। ५६.५% छात्रों ने कहा कि शिक्षक में सम्बन्धित विषय ज्ञान की कमी से भी छात्र असन्तुष्ट होते हैं। प्रायः यह देखा जाता है कि एक शिक्षक जो ५ या १० वर्ष पूर्व कुछ चुने हुए प्रश्नों के उत्तर लिखाये थे उन्हीं को अब भी कक्षा में ज्यों का त्यों बोल देता है। उसमें न तो किसी प्रकार के नये अध्ययनों का समावेश करता है, न ही किसी प्रकार के संशोधन की आवश्यकता समझता है। ४६·१% छात्रों के अनुसार शिक्षकों में चारित्रिक कमी के कारण छात्रों में असन्तोष होता है। क्योंकि जिस प्रकार की शिक्षा वह उन्हें देता है उससे वह स्वयं ही दूर रहता है। इससे उस शिक्षक की शिक्षा का उन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

सबसे अधिक जो वात छात्रों को परेशान करती है वह है उनका अंधकारमय भविष्य। शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात वे क्या करेंगे यह उनके सामने एक समस्या होती है। स्पष्ट लक्ष्य के अभाव में वे इधर उधर भटकते हैं। अंत में निराश हो जाते हैं. उनमें कुण्ठा उत्पन्न हो जाती है। वर्तमान शिक्षा पद्धति के प्रति घृणा उत्पन्न होती है और वे इस पद्धति में आमूल चूल परिवर्तन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

की मांग करता है। सच पूछा जाय तो पिछले २५ वर्षों से इस शिक्षा पद्धति में परिवर्तन की माँग उच्चतम अधिकारी से लेकर निम्नतम ग्राम वर्ग के लोग कर रहे हैं। लेकिन दुःख है कि अब तक इसमें किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं हो सका शिक्षा समाप्त करने के बाद वह क्या करेगा यह प्रश्न उसके सम्मुख होता है। जब छात्र लाखों करोड़ों शिक्षितों को बेकार सड़क पर घूमते हुए देखता है तो उसको अपने भविष्य की चिन्ता सताने लगती है। इसका परिणाम यह होता है कि पढ़ने में उसका मन नही लगता है। वह कक्षा छोड़कर भागता है फिर इधर उधर बैठकर गप्पें मारा करता है। ६९.९% छात्रों का कहना है कि बेकारी की आशंका छात्र असन्तोष का कारण है। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि इस सम्बन्ध में लड़कियाँ लड़कों की अपेक्षा कम आशंकित हैं।

प्रायः छात्रों को उनकी रुचि के अनुसार विषय पढ़ने को नहीं मिलते हैं। इसके विपरीत अन्य विषय पढ़ने के लिए मजबूर होते है। और उसमें पूरा २ ध्यान नहीं लगा पाते हैं। ५४.७% छात्रों ने यह स्वीकार किया है कि वे अपनी रुचि का विषय नहीं पढ़ रहे है। परिणाम से यह भी ज्ञात हुआ है कि लड़कियाँ लड़कों की अपेक्षा अधिक सहमत है कि उनके द्वारा लिये गये विषयों में रुचि का अभाव है।

जब छात्रों से आधुनिक शिक्षा पद्धति के प्रमुख दोषों को बताने को कहा गया तो ९०.९% ने शिक्षा पद्धति का व्यवसायपरक न होना, ४६.१% ने अव्यावहारिक, ३९.८% ने बहुमुखी विकास का अभाव तथा ८५% ने मंहगी शिक्षा को आधुनिक शिक्षा पद्धति के दोषों के रूप में बताया। छात्रों से एक सीधा प्रश्न पूछा गया कि आज का छात्र नकल क्यों करता है? इस प्रश्न के उत्तर में ३३.१% छात्रों ने बताया डिग्री प्राप्त करने के लिए २०.४% ने स्वीकार किया कि अयोग्यता के कारण तथा ४२.५% ने बताया बिना परिश्रम उत्तीर्ण होने की इच्छा के कारण। व्यक्तिगत रूप से कुछ छात्रों से बात किया गया तो उन्होने बताया कि आजकल ज्ञान की अपेक्षा डिग्री व डिविजन को ही अधिक महत्व दिया जाता है। इसलिये हमारा प्रमुख उद्देश्य ज्ञान अर्जन करना नहीं अपितु किसी न किसी प्रकार से अधिकतम अंक प्राप्त करना होता है। क्योंकि जब हम नौकरी की खोज में निकलते हैं तो लोग यह पूछते है कि कौन सी डिवियन आयी है। ज्ञान की बात कोई नहीं पूछता है। कुछ छात्रों ने बताया कि जिस विषय को एक अध्यापक आठ महीने में पढ़ाता है और वह भी तब जबकि घर पढ़-पढ़कर आता है व उसके नोट्स बनाकर लाता है और हमसे यह अपेक्षा की जाती है कि हम मात्र तीन घंटे में ही अपने सम्पूर्ण ज्ञान का प्रदर्शन कर दें। यह कैसे संभव हो सकता है? इसे संभव बनाने के लिये हम नकल करते हैं।

आज इस बात से कोई इन्कार नहीं कर सकता है कि हमारी वर्तमान शिक्षा प्रणाली अव्यावहारिक है। कई दशक पूर्व जो पाठ्यक्रम बने थे आज भी उसी को दोहराया जा रहा है। बिना रुचि व व अभियोग्यता परीक्षण के ही छात्रों की मनमाने ढंग से विषय लेने की छूट दे दी जाती है, निर्देशन का सर्वथा अभाव है। प्रायः देखने में आता है कोई विज्ञान का छात्र है वह क्लर्क पद के लिये आवेदन कर रहा है। उसके विज्ञान की पढ़ाई का क्या लाभ? कोई विद्यार्थी आर्ट्स के विषय को पढ़ रहा है और जब व्यावसायिक रुचि परीक्षण किया गया तो पता चलता है कि वह वायुयान चालक बनना चाहता है। इस प्रकार

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

की अव्यावहारिक व अरुचिकर शिक्षा से भी छात्रों में असन्तोष उत्पन्न होता है। ऐसा होने का एक कारण यह भी है कि छात्रों को उचित निर्देशन नहीं मिलता है।

जब छात्र अपना जीवन लक्ष्य निर्धारित करता है, कुछ उच्च आकांक्षायें बनाता है और वह लक्ष्य किसी कारण वश नहीं मिल पाता है तथा उसकी उच्च आकाक्षायें पूर्ण नहीं हो पाती हैं तो उनमें कुण्ठा उत्पन्न होती है। इस शोध कार्य में प्राप्त आकड़ों से पता चलता है कि ५४·६% की उच्च आकांक्षायें पूर्ण नहीं हो पाती है। परिणाम से यह भी ज्ञात होता है कि इसमें लड़कों का प्रनिशत ६०·१ हैं तथा लड़कियों का प्रतिशत ४७·१ है।

पक्षपात भ्रष्टाचार, मंहगाई आदि भी छात्रों में असन्तोष उत्पन्न करती है। पक्षपात व भष्टाचार समाज के प्रत्येक क्षेत्र में व्याप्त है। विद्यालय में प्रवेश प्राप्त करने केलिए नौकरी प्राप्त करने तक पग २ पर पक्षपात, भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ता है। इन सबसे छात्रों में असन्तोष उत्पन्न होता है। और वे प्रचलित व्यवस्था के प्रति विद्रोह करते हैं। प्राप्त आँकड़े भी इस बात की पुष्टी करते हैं। ८९·६% छात्रों का कहना है कि विभिन्न क्षेत्रों में व्याप्त भ्रष्टाचार छात्रों में असन्तोष बढाता है। ८४·५% का कहना है कि आजकल स्कूल, कालिज में प्रवेश देने के मामले में पक्षपात होता है। ६६·९% का कहना है कि नौकरियों में प्रत्याशियों के चुनाव में पक्षपात होता है। ३७·४% के अनुसार सामाजिक भेदभाव छात्र असन्तोष का कारण है। ३५.६% का कहना कि आजकल विद्यालयों में जातिवाद, भेदभाव छूआछूत की भावना पायी जाती है।

६७·१% छात्रों का कहना है कि अधिका छात्र विद्यालय में असमायोजित रहते हैं। ४१·७% के अनुसार छात्रों का एक ही कक्षा में एक अधिक बार अनुत्तीर्ण होना तथा ८५·५% अनुसार उनकी वर्तमान आर्थिक स्थिति छा असन्तोष का कारण है।

इस अध्ययन में लिंगभेद, आयु, जाति छात्रों की सामाजिक आर्थिक दशा आदि के प्रभा को भी जानने का प्रयास किया गया। मध्य आय वर्ग के छात्र उच्चतम व निम्नतम की अपेक्षा अधिक असन्तुष्ट है। क्षत्रियों में अन्य जाति की अपेक्षा अधिक असन्तोष है। बीस वर्ष अधिक आयु के छात्र बीस वर्ष से कम आयु वा छात्रों की अपेक्षा अधिक असन्तुष्ट है।

आज का छात्र हमारे देश का भावी कर्णधा है। यदि उसी में असन्तोष रहा तो उसका व्यक्ति त्व विकृत रहा तो हम, स्वस्थ समाज व देश व्यवस्था की आशा कर ही नहीं सकते। अ समाज मनोवैज्ञानिक व शिक्षा शास्त्रियों को चाहि कि इस क्षेत्र में अधिकाधिक शोध कार्य क छात्र असन्तोष के अन्य कारणों का भी पता कर उसके निराकरण के उपाय सुझायें। हम सरकार को भी इस कार्य की ओर विशेष ध्या देना चाहिये।

---००---

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

न्तरिक्ष उड़ान का इतिहास--

उड़ान कल्पना-लोक से वास्तविकता की ओर

श्री विजय शंकर, अध्यक्ष, वनस्पति विज्ञान, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय

इस पृथिवी पर समुपलब्ध साहित्य के सबसे प्राचीन ग्रन्थ वेदों में नभ, जल और थल तीनों स्थानों में अव्याहत गति से विचरने वाले वायुयान, जलयान तथा स्थलयान का बहुत विस्तृत वर्णन मिलता है। इसी भांति भारद्वाज ऋषिकृत 'बृहद्-विमान शास्त्र' पुराणों तथा महाकाव्यों में भी बहुत वर्णन मिलता है।

हमारे पूर्वजों ने और हममें से अनेकों ने पक्षियों की स्वतन्त्र उड़ान की ईर्ष्या की है। मनुष्य की अपने उड़ने की कल्पना इतिहास में बराबर चलती है। भारत से इतर देशों के साहित्य में राक्षस राजाओं, भगवान और फरिश्तों एवं उड़ने वाले गलीचों, रथों और नौकाओं का जिक्र आता है। जैसे-जैसे मनुष्य की जानकारी विस्तृत संसार के बारे में बढ़ने लगी, उसकी उड़ने की कल्पना एवं विचार केवल पृथ्वी पर उड़ने या पक्षियों के उड़ान की नकल करने तक ही सीमित नहीं रहे। वह चाँद और उसके परे तक उड़कर पहुंचने के स्वप्न देखने लगा।

इतिहास से पता चलता है कि **मनुष्य सर्व-प्रथम २०० वर्ष पूर्व वायु के गुब्बारों की सहायता से उड़ा ७० वर्ष पूर्व वह सुरक्षा के साथ हवा से अधिक भारी एयरक्रेफ्ट (air craft) में, जिसे वायुयान कहते हैं उड़ा।** तत्पश्चात् वह वायुयान में संसार के ऊंचे से ऊंचे पर्वतों की दुगनी ऊंचाई तक उड़ने लगा। **आज से लगभग ९६ वर्ष पूर्व वह राकेट-चलित केप्सूल से, जिसे अन्तरिक्षयान (space craft) कहते हैं, पृथ्वी के वायुमण्डल और गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव के परे उड़ान भरने लगा।** और फिर वह चाँद और उसके परे तक उड़ान भरने के लिये अग्रसर हुआ।

उड़ान में वास्तविक सफलता प्राप्त करने से पूर्व मनुष्य की उड़ान के बारे में कतिपय कल्पनाएं अत्यन्त रोचक हैं।

पुराने समय में--

सर्वप्रथम शिल्प तथ्यों में से एक जो मनुष्य द्वारा उड़ान को दिखाती हैं, ईसा से ३५०० वर्ष की एक बेबीलोनियन सील है। इस सील पर गड़रिया **एटना** गरुड़ की पीठ पर बैठकर स्वर्ग जाता हुआ दिखाया गया है।

१५०० ई. पू. में फारिस (persia) के राजा **काऊ काऊस** (Kou Kou's) ने अपने तख्त से गरूड़ (eagle) बाँधकर उड़ने का प्रयास किया। काऊ काऊस एक खगोलशास्त्री थे। और उन्हें बेबल की मीनार (Tower of babel) बनाने का श्रेय है।

१५०० ई. पू. के आस पास इकारस (Icarus) और डेइडेलस (Daedalus) ने पक्षियों के परों को मोम द्वारा जोड़कर पङ्ख बनाये और उनकी सहायता से उड़े। कहते हैं कि इकारस सूर्य के इतने निकट तक उड़ गया कि सूर्य की गरमी से पङ्खों का मोम पिघल गया और फलस्वरूप वह पृथ्वी पर गिर कर मर गया। बाल्मीकि रामायण में भी जटायु के बड़े भाई सम्पाति का सूर्य के निकट पहुंचने का वर्णन है।

९०० ई. पू. में ब्रिटेन के राजा **ब्लाडुड** (Bladud) ने भी इसी प्रकार पङ्खों की सहायता से साहसिक किन्तु प्राणघातक उड़ान भरी।

७५० ई. पू. के चीनी आख्यान (legend) में **उड़नगाड़ी के देश** (Land of the flygin

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

cart) का जिक्र आता है जिसमें सपक्ष सवारी गाड़ी एक हाथ में झंडा हिलाते हुए मनुष्यों द्वारा उड़ाई जाती है। कहने का तात्पर्य यह है कि यह सब साहित्यिक वर्णन प्रागैतिहासिक काल का है। इसकी तथ्यता में सन्देह की गुञ्जाइश है। उपर्युक्त साहित्य तथा कल्पनाओं के परवर्ती काल ऐतिहासिक युग में सर्वप्रथम गेलिलियो द्वारा आकाश के निरीक्षण ने १६१० में चाँद की उड़ान के बारे में अनेक कल्पनाओं और अटकलों को जन्म दिया। यह सोचा जाने लगा कि चाँद पर जीवन है।

१६३४ में मुद्रित **केपलर की सोमनियम** (Somnium) अपने समय की अन्तरिक्ष उड़ान की सबसे विख्यात वैज्ञानिक गल्प थी। इसमें लेखक ने एक सोते हुए आदमी को दानवों की सहायता से चाँद के धरातल पर पहुचाया है। ग्रन्थ में उनका वैज्ञानिक दृष्टिकोण बराबर बना रहता है। उन्होंने गुरुत्वाकर्षण के लोप होने के प्रभाव और वायु मण्डल के विरलित होने से सांस लेने पर प्रभाव का वर्णन किया है। चाँद पर पहुंचकर केपलर वैज्ञानिक संरचना का भू-दृश्य रात तथा दिन की अवधि, जलवायु, और सर्पेन्ट इन जन्तुओं का जो वहाँ रहते हैं—वर्णन करते हैं।

सोमनियम के मुद्रित होने के ४ वर्ष पश्चात् १६३८ में एक अंग्रेज पादरी फ्रांसिस गाडविन की **चांद में मनुष्य** (Man in the moon) मुद्रित हुई। इसमें उड़ान के लिये प्रशिक्षित जंगली गीज (गैन्जास) का प्रयोग किया गया है जो चाँद पर रहती है और पृथ्वी को प्रवास करती है। पुस्तक का नायक **डोमिन्गो गोन्सेल्स** है। २५ गैन्सास एक यन्त्राधार (रिग) से बाँध दी जाती है ताकि डोमिन्गो उनके साथ, जब वे चाँद को वापस प्रवास करें, चाँद पर पहुंच सके। चाँद को जाते हुए डोमिन्गो सापेक्ष भारहीनता (Relative weightlessness) के बारे में वर्णन करता है और कहता है कि—"न तो मैं और न इंजन (गीज) बिल्कुल हिले और ऐसा लगा जैसे हम में किसी प्रकार का भार न हो।" गाडविन की कहानी बाद में अनेक वैज्ञानिक गल्पों का आधार बनी।

एक अन्य अंग्रेज पादरी **जान विल्किन्स** ने भी १६३८ में **चांद में एक नई दुनिया की खोज** (Discovery of a new world inthe moon) नामक पुस्तक मुद्रित की। विल्किन्स ने चाँद तक पहुंचने के लिये चार विधियाँ बताई हैं -- (१) फरिश्तों या प्रेतात्माओं (spirits) द्वारा। (२) पक्षियों की सहायता से। (३) शरीर से पङ्ख बाँध कर। (४) उड़न रथ द्वारा। विल्किन्स की शादी इंगलैण्ड के शासक क्रामवेल की बहन से हुई थी। लेकिन इस बात का कोई प्रमाण नहीं मिलता कि विल्किन्स ने क्रामवेल को उड़ने की तकनीक विकसित करने की सलाह दी हो जिससे अंग्रेज चाँद पर सर्वप्रथम पहुंच सकते। फिर भी विल्किन्स के इस विश्वास ने कि मनुष्य अन्ततोगत्वा उड़न रथ बना लेगा, रायल सोसाइटी को उड़ने वाली मशीन बनाने पर विचार करने की प्रेरणा दी।

१६४६ में साइरेनो डी बुर्जीरेक (Cyrano de burgerak) ने **चांद की यात्रा** (Voyage to moon) नामक उपन्यास लिखा। इसमें चाँद तक उड़कर पहुंचने के अनेक प्रयास किये गये हैं। सर्वप्रथम साइरेनो अपने शरीर से ओस से भरी हुई बोतलें बाँधता है जिससे जब सूर्य की गर्मी से ओस का वाष्पीकरण हो, वह चाँद पर पहुंच सके। यह प्रयास असफल रहा और वह केवल कनाडा तक पहुंचा। एक अन्य प्रयास में साइरेनो एक ऊंची पहाड़ी से शक्तिशाली स्प्रिंग द्वारा एक यान (craft) छोड़ता है। किन्तु उसका यान घाटी में गिर जाता है। अब उसके सिपाही पटाखों (firecrackers) को यान से अलग करते हैं तब

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

श्री गंगाराम गर्ग, श्री सतीशचन्द्र को अभिनन्दन-पत्र भेंट करते हुए

मान्य अतिथि जलपान करते हुए
चित्र में श्री डा० अनन्तानन्द, श्री प्रो० सुरेशचन्द्र त्यागी, एवं श्री बासुदेव जी आदि विद्यमान हैं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Central Library
76009
Gurukula Kangri (Deemed to be University) Haridwar

सम्पादक : भगवद्दत्त वेदालंकार।
प्रकाशक : डा० गंगाराम, कुलसचिव : गुरुकुल कांगडी विश्वविद्यालय।
मुद्रक : सुरेशचन्द्र वैष्णव, मैनेजर : गुरुकुल कांगड़ी प्रिन्टिंग प्रेस, हरिद्वार।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Gurukul Kangri Library
Checked
Any Other

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Central Library
Gurukula Kangri (Deemed to be University)
Haridwar-249 404 (Uttarakhand)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar